हुइ है सोई (जो) राम रचि राखा,
को करि तरक बढा वहि साषा।

—गोस्वामी तुलसीदासजी

सत्यमेव जयते

उप शिक्षा मंत्री
भारत
DEPUTY EDUCATION MINISTER
INDIA

नई दिल्ली
जनवरी ६, १९६७ ई०

सन्देश

हमारे अपने देश मे, जिसे हिन्दी भाषा कहते है, उसके अन्तर्गत अनेक उपभाषाये सम्मिलित है, जिनमे राजस्थानी का अपना विशेष महत्व है। मैरा सदैव से यह विश्वास रहा है कि हिदी की उपभाषाओ को शक्तिशाली बनाने से अन्त्वतोगत्वा हिंदी को ही बल मिलेगा और उसके शब्द-भण्डार मे वृद्धि होगी। अतः राजस्थानी भाषा के विकास के लिये जो कुछ भी किया जा रहा है, अथवा आगे किया जायेगा, वह समर्थन के योग्य होगा।

मुझे यह जानकर बडी प्रसन्नता हुई कि राजस्थान सरकार के तत्वावधान मे श्री सीताराम लालसजी जिस राजस्थानी शब्द कोश का सकलन तथा सम्पादन कर रहे है, उसका द्वितीय खण्ड प्रकाशित होने जा रहा है। मुझे उसके प्रथम खण्ड को देखने का अवसर मिला था और मुझे यह अकित करते हुये प्रसन्नता है कि उसके सकलन तथा सम्पादन मे बडे परिश्रम तथा अध्यवसाय का परिचय दिया गया है। मुझे विश्वास है कि राजस्थानी शब्द कोश का यह द्वितीय खण्ड पहले से भी अधिक उच्चस्तर का होगा और इसके प्रकाशन से राजस्थानी के विकास मे विशेष सहयोग मिलेगा।

अत इस अवसर पर मैं अपनी हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ। मै परम पिता परमात्मा से यह प्रार्थना करता हूँ कि इस शब्द कोश का शेष कार्य शीघ्र ही सम्पूर्ण हो और उन सब खण्डो के प्रकाशन के फलस्वरूप राजस्थानी तथा हिन्दी की अतुलनीय सेवा हो सके।

भक्त दर्शन

अपनी बात

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि 'राजस्थानी सबद कोस' का द्वितीय खंड हम दो जिल्दों में जिज्ञासु पाठको के समक्ष प्रस्तुत करने में समर्थ हो सके हैं इस 'कोस' का प्रथम खड आज से चार वर्ष पूर्व प्रकाशित हुआ था और उसके पश्चात निरतर आर्थिक कठिनाइयों और विषम परिस्थितियो के बीच में कोश के परिवर्धन, संशोधन एवं संपादन का कार्य तो चलता रहा -- लेकिन प्रकाशन की गति अत्यन्त धीमी हो गई। परिणाम स्वरूप चार वर्ष का दीर्घ व्यवधान आ गया -- जो हमारी पूर्ण विवशता का प्रतिफलन है। हम आज भी यह कहने की स्थिति मे नही हैं कि आने वाले तृतीय एव चतुर्थ खड यथा समय पाठको की सेवा में पहुँचा सकेंगे -- लेकिन यह अदम्य विश्वास अवश्य है कि जिज्ञासु एव विद्वान पाठको के आशीर्वाद से यह कार्य अवश्य पूर्ण होगा और कार्य की गति में तीव्रता आयेगी।

हम द्वितीय खड को दो विभिन्न जिल्दो में प्रस्तुत कर रहे हैं। इसके पूर्व हमने प्रथम खड में यह इच्छा जाहिर की थी कि द्वितीय खड की एक जिल्द में 'च', 'ट' तथा 'त' वर्ग तक पहुच जायेगे किन्तु अब शीघ्रातिशीघ्र पाठको तक पहुँचने की दृष्टि से यह निर्णय लेने पर विवश हुए हैं कि प्रत्येक खंड को दो दो उप - खडो में विभाजित कर दें — ताकि बहुत बडे समय तक हम नये कार्य से पाठको को वचित न रखें।

द्वितीय खड की संपूर्ति ने हमारे मन में जहाँ एक ओर आत्म विश्वास को दृढ बनाया है — अर्थाभाव की कठिनाइयो के कारण चार वर्षों मे प्रत्येक क्षण ने मन को झकझोर भी दिया। कितने ही ऐसे अवसर भी आये — जब यह विश्वास ही टूटने लगा कि कोश का वृहद एवं पवित्र कार्य कही अधूरा ही नही रह जाय — लेकिन कोशकर्ता एव सपादक श्री सीताराम लालस के अपार धैर्य, आश्वस्त निष्ठा और अनवरत साधना के कारण कार्य चलता ही रहा और ऐन - केन सफलता भी मिली ही। हमारे लिये यह अत्यन्त कठिन निर्णय था कि आने वाले भागों के वृहद खडो को उपखडो में विभाजित करें या न करें। उससे पाठक लाभान्वित होगे या नही। कहीं कोश की योजना को आघात तो नही पहुँचेगा। किन्तु कोश की सपूर्ण आत्मा को सशक्त एव सजीव बनाये रखने का अमित विश्वास हमें यह शक्ति प्रदान कर सका कि उपखंडो का विभाजन मात्र बाह्य-आकार का ही परिवर्तन है — इससे न सर्वांगीणता मे अन्तर आयेगा और न शब्द-विवेचना की गभीरता मे ही फर्क आने वाला है। मुख्य योजना को भी बदलने का प्रयास नही है — यह उपखडीय विभाजन तो व्यवस्थागत कठिनाइयो का व्यावहारिक प्रतिपालन मात्र है। कोशकार्ता एव सपादक श्री सीताराम लालस की एकनिष्ठ साधना एव शब्दगत तन्मयता को ही हमने अपने सामने रखना उचित समझा।

कोश ॰ प्रकाशन की आर्थिक कठिनाइयो का विगतवार हवाला स्वय कोशकर्ता एव सपादक ने अपने सपादकीय निवेदन में व्यक्त किया है। किन्तु उन कठिनाइयों के दौरान में स्वजनो के सद्भाव उनकी सत्प्रेरणा और विश्वास दिलाने की कनुकपा ही हमारे लिए सौभाग्य की बात थी। इस काल में डा० लक्ष्मीमल सिंघवी ससद सदस्य, ठाकुर श्री भैरूंसिंहजी खेजडला, ठाकुर श्री केसरीसिंहजी जोजावर, ठाकुर श्री गोवर्धनसिंहजी मेडतिया आई ए.एस एव ठाकुर श्री ओंकारसिंहजी जोधा आई.ए एस जैसे प्रवर उदारमना महानुभावो का स्नेहपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही साथ राज्य एवं केन्द्रीय सरकार से सहायता प्राप्त करने एव सही मार्ग बताने की दृष्टि से केन्द्रीय उपशिक्षा मत्री श्री भक्तदर्शन, राजस्थान के शिक्षा मत्री श्री वृजसुन्दर शर्मा एव राज्य के शिक्षा सचिव श्री विष्णुदत्तजी शर्मा आई.ए एस. का पूर्ण सहयोग एव समर्थन प्राप्त हुआ। सहयोगी बन्धु ठा० श्री नारायणसिंह भाटी एव कठिनाइयो मे भी साथ रहने वाले कोश - कार्यालय के कार्यकर्ताओं को भी धन्यवाद देना हमारा कर्तव्य है। उपर्युक्त सभी कृपालु महानुभावो के प्रति हम अपना आभार प्रकट करना चाहते हैं।

इस कोश के प्रकाशन के लिये राजस्थान सरकार एव भारत सरकार के शिक्षा मन्त्रालय द्वारा प्रादेशिक भाषाओं के विकास की योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहयोग मिलता रहा है और उसी योजना एव सहायता के कारण कोश का कार्य भी चल रहा है — अतः दोनो सरकारो के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं।

उपरोक्त सहायता के अतिरिक्त द्वितीय खंड के लिये एक मात्र स्वय प्रेरित अनुदाता श्रीमान महाराजा राजबहादुर श्री मयूरध्वजसिंहजी ध्रांगधरा के प्रति भी कोश उप-समिति अपना आभार प्रकट करती है -- जिनकी इस कोश एव साहित्य मे अदम्य रुचि रही है।

अन्त में मैं उन सब महानुभावो एवं साहित्य प्रेमियों को भी उपसमिति की ओर से धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने समय समय पर यथा शक्य सहायता एव सहयोग प्रदान किया है और इस कार्य को पूर्ण करने में अपना आशीर्वाद प्रदान किया है। श्री सीताराम लालस को साधुवाद है कि उनका परिश्रम, उनकी लगन और तपस्या द्वितीय खंड के रूप में अवतरित हो सकी है।

शुभाभिलाषियों की प्रेरणा और श्री लालस की एकान्तिक साधना के बल पर अब हम कोश के तृतीय खंड की ओर अग्रसर हो रहे हैं — सफलता के अमिट विश्वास के साथ।

विनीत

(कर्नल) ठा० श्यामसिंह

सचिव

उपसमिति, राजस्थानी सबद कोस, जोधपुर.

संपादकीय

"निवेदन"

"राजस्थानी सवद कोस" के इस द्वितीय खण्ड को आपके हाथो मे रखते हुए प्रसन्नता का अनुभव होना तो स्वाभाविक ही है परन्तु इस प्रसन्नता के पीछे अन्तर्वेदना और स्वानुभूति की जो दीर्घ रेखायें है उन्हे भी इसी अवसर पर प्रकट करने के लिए यह बोझिल हृदय आतुर सा हो रहा है। न चाहते हुए भी इस द्वितीय खण्ड के प्रकाशन कार्य मे तीन वर्ष की दीर्घावधि व्यतीत हो गई। यद्यपि इस भाग की सभी सामग्री तैयार थी और प्रकाशन हेतु मैं निरन्तर प्रयत्नशील था फिर भी अर्थाभाव की जो विकट घाटी उपस्थित हुई उसे पार करना सहज न हो सका। तीन वर्ष का यह काल इस कोश रचना कार्य मे विकट आर्थिक विवशता और विषम परिस्थितियो का काल रहा है। यह तो सत्य है कि इस बढती हुई महगाई के युग मे इस आकार मे कोश रचना करना व्यय साध्य तो है ही फिर भी यथा समय क्वचित बाधाओ के बाद भी यदि अर्थ व्यवस्था का सहयोग प्राप्त हो जाता है तो कार्य सम्पादित हो सकता है। इस द्वितीय खण्ड के प्रकाशन का काल जिन परिस्थितियो के मध्य गुजरा है उससे तो यही स्पष्ट है कि हमारे लिए लक्ष्मी ने सरस्वती के प्रति अपनी चिर वैमनस्यता का ही पालन किया। ऐसी स्थिति मे दृढ चित्त व्यक्ति भी विचलित हो सकता है तो फिर मुझ अकिंचन का तो सामर्थ्य ही क्या! इसी अवधि मे यह सत्य प्रतीत हुआ कि आर्थिक सहयोग ही सब कुछ नही है, इससे भी प्रबल है सहृदयजनो की सद्भावनायें, सुसहयोग एव सत्प्रेरणायें। इसी सम्बल के सहारे व्यक्ति अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सकता है।

इन विगत तीन वर्षो की विषम आर्थिक विवशताओ के बीच मैं जिन सत्प्रेरणाओ के सम्बल को प्राप्त कर खडा रह सका हूँ उन्हें कैसे भुलाया जा सकता है। साहित्य सवर्द्धक श्रद्धेय श्रीमान् रोडला ठाकुर साहब कर्नल श्री श्यामसिंह जी एव उदारमना सज्जन प्रवर श्रीमान् ठाकुर साहब श्री गोरधन सिंह जी I A S. तथा जनगण मान्य डॉ० लक्ष्मीमल जी सिंघवी ससद सदस्य की परम उदारता एव महत्ती कृपा का ही यह फल है कि कोश का द्वितीय खण्ड आपके हाथ मे है। यह व्यक्त करने मे मुझे किसी प्रकार का सकोच नही होता कि इस विकट अर्थ द्व द के बीच उक्त महानुभावो ने जिस अनुपम उदारता एव सद्भावना के साथ तन मन धन से सहयोग दिया है वह आपकी निस्वार्थ सेवा का उच्चादर्श है। राजस्थानी कोश ही नही अपितु समस्त साहित्य जगत आप जैसे हित चिन्तको का चिर ऋणी है।

"राजस्थानी सवद कोस" को चार खण्डो मे सम्पूर्ण रूप से प्रकाशित करने की निश्चित योजना थी जिसका उल्लेख कोश के प्रथम खण्ड की भूमिका मे किया जा चुका है। इसी योजना के अनुसार ही प्रथम खण्ड जिसमे "अ" से "घ" वर्ण तक के शब्दो का सकलन है, प्रकाशित किया गया। द्वितीय खण्ड मे "च" से "न" वर्ण तक के शब्दो को सम्मिलित करने की ही निश्चित योजना थी। जैसा कि कोश के प्रथम खण्ड की भूमिका मे स्पष्ट किया जा चुका है कि वर्णमाला के सभी वर्णो के प्राप्य शब्दो का अकारादि क्रम से रजिस्ट्रो मे सग्रह किया जा चुका है उसी के अनुसार "न" वर्ण के शब्दो की प्रेस कॉपी भी तैयार की गई। परन्तु अर्थाभाव का जो सघर्ष रहा उसी के कारण प्रकाशन कार्य योजनानुसार सम्पन्न न हो सका। ऐसी स्थिति मे इस द्वितीय खण्ड को जिल्दो मे विभक्त करने की विवशता आ गई। इस बात के लिए मुझे हार्दिक दुःख है कि चाहते हुए और सभी सामग्री तैयार रहते हुए भी मैं कोश के द्वितीय खण्ड को योजनानुसार "न" वर्ण तक के शब्दो सहित आपके समक्ष प्रस्तुत नही कर सका। इस जिल्द विभाजन से उत्पन्न होने वाली सभी असुविधाओ के लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूँ।

इस द्वितीय खण्ड के प्रकाशन कार्य को आरम्भ हुए अभी कुछ भी अधिक समय व्यतीत नहीं हुआ था कि धीरे धीरे आर्थिक सहयोग के सभी द्वार बंद हो गए। अनेक संकटों के मध्य भी कार्य में कुछ काल तक निरन्तरता अवश्य रही परन्तु वह निर्वाह कब तक संभव था। मझधार डूबने की स्थिति आ ही गई। ऐसी स्थिति में कोश के दृढ़ स्तम्भ श्रीयुत् ठाकुर साहब श्री गोरधनसिंह जी ने कोश नैया को पार लगाने हेतु रोड्डू ठाकुर साहब से आर्थिक ऋण के लिए निवेदन किया। इस पर रोड्डू ठाकुर साहब श्री शम्भूसिंहजी ने कोश कार्य को यथा विधि निरन्तर रखने के लिए धनराशि ऋण के रूप में देकर अपना सहयोग दिया। आपका यह सामयिक सहयोग मेरे लिए एक बड़ा सहारा सिद्ध हुआ। आपके इस सहयोग के लिए मैं कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

इस खण्ड के प्रकाशन कार्य की अवधि में उपस्थित होने वाली आर्थिक विवशताओं को शिथिल एवं पराजित करने में हमें संसद सदस्य डॉ० लक्ष्मीमल सिंघवी का अपरिमित सहयोग प्राप्त हुआ। आपने अपने अत्यधिक व्यस्त जीवन काल में से कुछ अमूल्य क्षण हमें प्रदान कर इस कोश के लिये केन्द्रीय सरकार से दस हजार रुपये की धनराशि का अनुदान प्राप्त करवाया। यह आर्थिक सहयोग प्रथम खण्ड के प्रकाशन के बाद अप्राप्य सा ही हो गया था परन्तु डॉ० सिंघवी साहब के सद्प्रयत्नों के फलस्वरूप ही उक्त धन राशि केन्द्रीय सरकार से अनुदान के रूप में प्राप्त कर सके। प्रकाशित कोश का प्रथम खण्ड, कोश की समस्त सामग्री एवं कोश के लिए प्राप्त सम्मतियाँ देखकर आप अत्यधिक प्रभावित हुए और आपने राजस्थानी के इस वृहद कोश को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व० श्री लालबहादुर शास्त्रीजी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने की जिज्ञासा प्रकट की। इस पावन कार्य के लिए मैं सहर्ष सहमत हुआ। तब आपने शीघ्र ही मान्यवर प्रधानमंत्री से साक्षात्कार कराने की व्यवस्था कर दी। यह आप ही का प्रयास था कि मैं अकिंचन सम्माननीय पूज्यवर स्व० श्री लालबहादुर शास्त्रीजी से साक्षात्कार कर उनके दर्शन लाभ करता हुआ अपने इस कोश की सम्पूर्णता की हार्दिक चाहना उनके सामने प्रकट कर सका। डॉ० सिंघवी साहब के इस अतुल सहयोग के लिए मैं सदैव सदैव के लिए आभारी हूँ।

केन्द्रीय सरकार से प्राप्त होने वाले अनुदान के लिए जब जब भी दिल्ली जाने का अवसर मिला तो वहाँ पर मुझे श्रीमान् ठा० समदरसिंह जी शेखावत, (मैनेजर) राजस्थान भवन दिल्ली से पर्याप्त सहयोग प्राप्त होता रहा। अपनी निजी असुविधाओं के बीच भी आपने इस कोश तथा मेरे प्रति जिस आत्मीयता को प्रकट किया उसे किसी क्षण भुलाया नहीं जा सकता।

सरकार द्वारा प्राप्त होने वाले आर्थिक सहयोग की कड़ी में इस कोश के प्रथम खण्ड के प्रकाशन काल में केन्द्रीय अनुदान के साथ राज्य सरकार से भी कुछ आर्थिक अनुदान आरम्भ हुआ था परन्तु इस विगत अवधि में आर्थिक सहयोग के अन्य श्रोतों के अवरुद्ध होते ही विवशताओं को और विकट बनाने के लिए यह द्वार भी प्राय बन्द सा हो गया और केन्द्रीय सरकार से स्वीकृत कराये गये अनुदान को राज्य सरकार से प्राप्त करने में भी बाधायें उपस्थित होने लगी। इस कोश के शुभचिन्तकों को किसी भी स्थिति में यह स्वीकार नहीं था। अत ऐसी स्थिति में उक्त स्वीकृत धनराशि को प्राप्त करवाने में श्रद्धेय श्री लक्ष्मीलालजी जोशी, भूतपूर्व अध्यक्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग व परमादरणीय श्रीयुत् विष्णुदत्तजी शर्मा शिक्षा सचिव राजस्थान ने जिस सौजन्यता एवं सौहाद्र का परिचय दिया उसे शब्दों में सीमित नहीं किया जा सकता। आपकी असीम कृपा एवं सद्प्रयासों के फलस्वरूप ही केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वीकृत अनुदान वित्तीय बजट की समाप्ति के अन्तिम क्षणों में प्राप्त करने में सफल हुआ।

राज्य सरकार की ओर से पर्याप्त आर्थिक सहयोग के अभाव में कोश कार्य को निरन्तर रखने के लिए ऋण का सहारा लेना अनिवार्य हो गया। ऋण की व्यवस्था करना भी उतना ही विकट हो गया जितना आर्थिक अनुदान प्राप्त करना। ऐसी स्थिति में "उपसमिति राजस्थानी सबद कोस" ने जो श्रीमान् ठाकुर केशरीसिंहजी सदस्य विधान सभा की अध्यक्षता में कार्य कर रही है अपने कर्तव्य का निर्वाह किया। उक्त समिति ने श्री जवर बोर्डिंग हाउस, जोधपुर की निधि में से २०,०००) रुपये का ऋण कोस के लिए प्राप्त किया। इस ऋण को प्राप्त कराने में कर्नल श्रीमान् मोहनसिंहजी भाटी ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। श्री जवर बोर्डिंग हाउस की प्रबंधक समिति तथा कर्नल मोहनसिंह जी भाटी एवं श्रीमान् ठाकुर केशरीसिंह जी के सहानुभूति पूर्ण सुसहयोग के लिए मैं अपना हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ।

कोश पर वढता हुआ ऋण भार घोर चिन्ता का विषय बना हुआ था परन्तु इसी समय दूसरे वर्ष पुन केन्द्रीय सरकार से २३,७,५०) के आर्थिक अनुदान की स्वीकृति प्राप्त हुई। इस स्वीकृति अनुदान को राज्य सरकार के कोष से प्राप्त कराने मे मान्यवर श्री बृजसुन्दर जी शर्मा, शिक्षा मत्री राजस्थान व उनके निजी सचिव श्री कोमल कोठारी का प्रशंसनीय सहयोग प्राप्त हुआ। आपने समय समय पर मेरे प्रति जो उपकार किए हैं उनके लिए मैं पूर्ण उपकृत हूँ और इसके साथ ही आपने जिस सद्भावनाओ के साथ मेरा मार्ग प्रदर्शन किया है उसके लिए मै हृदय से आभार स्वीकार करता हूँ।

यद्यपि मेरे परम हितेषियो के अनुपम सहयोग से (राजकीय) सहयोग प्राप्त अवश्य हुआ परन्तु इस कार्य के लिये यह आशिक मात्र था। इस अनुदान से कोश का पूर्व का ऋण मात्र ही कुछ हल्का हो पाया। कार्य को आगे वढाने की समस्या तो सामने खडी ही थी। यह अभाव सभी वैतनिक कार्य कर्त्ताओ को हताश कर ही चुका था। आर्थिक अभाव के इन भीषण थपेडो मे कोश कार्य को आगे वढाना असम्भव ही था। परन्तु सदैव की भाति इस कोश के मूल कर्णाधार रोडला ठाकुर साहव कर्नल श्री श्यामसिंहजी ने अपनी पूर्ण उदारता का परिचय दिया। जब जब भी मैं आपके पास पहुचा तो आपने हृदय से मेरी विवशताओ को समझा और अपूर्व आत्मीयता प्रकट की। कोश के प्रति आपकी सच्ची निष्ठा देखकर यह व्यक्त करने मे किसी भी प्रकार की अत्योक्ति नही कि कोश प्रकाशन के गुरुतर भार को आपने अपने वलिष्ठ कधो पर वहन नही किया होता तो यह कार्य कृति के रूप मे प्रकट ही नही हो सकता था। ठाकुर साहव कर्नल श्री श्यामसिंहजी की उदारता यहाँ शब्दो मे सीमिल नही की जा सकती परन्तु हृदय के भाव भी प्रकट हुए विना रह नही पा रहे है। अर्थाभाव मे जव भी कार्य रुका आपने अपनी ओर से सहयोग दे कर कार्य को निरन्तर रखा। निस्सन्देह आपका सच्चा स्नेह जो मुझ पर प्रकट हुआ है उसे किसी भी स्थिति मे विस्मृत नही किया जा सकता।

वृहद् आकार मे कोश के सम्पादन कार्य मे आर्थिक अभाव तो एक विकट विवशता है ही इसमे दो राय नही हो सकती परन्तु अनेकानेक उदारमना साहित्य सेवी सहृदजन अर्थ सम्पन्न सज्जनो का यहाँ अभाव नही है। उन्हे किसी भी स्थिति में ऐसे सत्कार्य का अवरोध स्वीकार्य नही होता। वे किसी भी प्रकार आर्थिक सहयोग जुटाकर इस विवशता को शिथिल कर ही देते है। राष्ट्र को राष्ट्र के साहित्य सेवियो पर महान् गर्व है। आर्थिक सहयोग के साथ साथ इस कार्य की सार्थकता एव उपादेयता के लिए अत्यन्त आवश्यक होती है, सदभावनाओ, सत्प्रेरणाओ एव सन्नमार्ग दर्शन की। यह प्रकट करते हुए अतीव प्रसन्नता होती है कि मेरे आत्मीय स्वजनो विद्धदवर, गुरुजनो और साहित्य मनीषियो की ओर से सदैव मुझ पर असीम कृपा रही और इसी के फलस्वरूप मुझे निरन्तर प्रोत्साहन प्राप्त होता रहा।

अपने इन सभी परम हितेपियो मे परमादरणीय समालोचक प्रवर श्रीयुत भगवत शरण उपाध्याय, सपादक 'हिन्दी विश्व कोष'' के प्रति मैं हृदय से कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होने केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित होने वाली ''भापा'' नामक पत्रिका मे **''राजस्थान सवद कोस''** का सही सही मूल्याकन करते हुए मेरा पथ निर्देश किया और कोश कार्य के लिए नवीन दिशा भी दी। इनके साथ ही मै मान्यवर पद्मविभूषण श्री हरिभाऊ उपाध्याय भूतपूर्व शिक्षा मत्री राजस्थान, के प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होने इस कोश का अध्ययन कर इसके लिये अपनी सुसम्मति प्रदान कर मुझे प्रोत्साहित किया।

इस कोश मे सग्रहित जैन ग्रथो के अनेकानेक शब्दो के अर्थ एव उनकी व्युत्पत्ति आदि स्पष्ट करने मे पूज्यवर पद्मश्री पुरातत्वाचार्य मुनि श्री जिन विजय जी, सचालक प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान एव **श्री गोपाल नारायण जी बहुरा** उपाध्यक्ष प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान जोधपुर का निरन्तर रूप से सौहाद्र पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। आपके सहयोग से जैन शब्दो की अर्थ व्याख्या एव अनेक शब्दो की अर्थ पुष्टि के लिए वशभाप्कर से उदाहरणो की प्राप्ति मे पूर्ण सुगमता रही। शब्दो की व्युत्पत्ति एव अर्थ व्याख्या के लिए आपसे किए गए विचार विमर्ष से शब्दो के मूल रूप तक पहुचाने में सुविधा रही जिससे राजस्थानी मे वहुत जैन शब्दो को कोश मे उपयुक्त स्थान मिल सका। इसके लिए मैं आप दोनो ही महानुभावो का हृदय से आभार मानता हूँ। इसी प्रसग मे श्री वहुरा जी के सहायक श्री लक्ष्मीनारायण जी गोस्वामी ने भी समय समय पर अपना हार्दिक सहयोग प्रदान किया है इसके लिये निश्चय ही आप घन्यवाद के पात्र हैं।

इसी शृ खला में मैं वयोवृद्ध श्रीयुत बालाराम जी कवि किंकर को सौजन्यता एव सहयोग को विस्मृत नहीं कर सकता जिन्होने अनेक जैन पारिभाषिक शब्दो के स्पष्टीकरण के लिए मुझे अपना समय दिया और ऐसे ही अनेक शब्दो के लिए उपयुक्त उदाहरणो की व्यवस्था भी की । इस कोश कार्य के लिए आपका सहयोग मुझे निरन्तर रूप से प्राप्त होता रहा इसके लिए मैं हृदय से आपका धन्यवाद करता हू ।

राजस्थानी साहित्य मे ज्योतिष सम्बन्धी शब्दो एव नक्षत्रो का भी व्यापक प्रयोग हुआ है । इसी उद्देश्य से कोश मे ऐसे शब्दो को उपयुक्त स्थान देकर उनकी उचित व्याख्या की गई है इसके लिए मैं श्री माँगीलालजी दवे अध्यापक सस्कृत महा विद्यालय, जोधपुर को हार्दिक धन्यवाद अर्पित करता हूँ, जिन्होने मुझे अधिक समय देकर ज्योतिष सम्बन्धी शब्दो की सही अर्थ व्याख्या करने एव विभिन्न नक्षत्रो की उपयुक्त परिभाषा बनाने मे सुगमता प्रदान की । रात्रि में नक्षत्रो की स्थिति को दिखाकर तदनुकूल परिभाषा बनाने मे आपने सराहनीय सहयोग प्रदान किया वस्तुत आप धन्यवाद के पात्र हैं ।

कोश सम्पादन कार्य मे शब्द सग्रह एव शब्दार्थ व्याख्या का महत्त्व विद्वद्जनो से छिपा नही है । शब्द सग्रह कार्य मे मुझे श्री मोहनलाल पुरोहित एम ए, बी एड, साहित्यरत्न द्वारा सुसहयोग सदैव ही प्राप्त होता रहा है । आपने कोश के प्रथम खण्ड के प्रकाशन मे मेरे साथ अनुलेखक के रूप मे कार्य करते हुए प्रथम खण्ड के स्वरूप को सुन्दर एव उपयुक्त बनाने मे पूरा पूरा सहयोग दिया है । इस अवधि मे आपने गोडवाड क्षेत्र मे व्यापक रूप मे व्यवहृत होने वाले शब्दो का उनकी अर्थ व्याख्या सहित अच्छा सग्रह दिया । शब्द की आत्मा को पहिचान उसके मूल अर्थ तक पहुचने की आप की सूझ वस्तुत सराहनीय है । आपने जिन सद्भावनाओ से प्रेरित हो कोश सम्पादन मे मुझे सहयोग दिया है उसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद करता हूँ ।

अपने सहृदय सहयोगियो की स्मृति जब भी मुझे होती है तो मेरा हृदय राजस्थान के भूतपूर्व उपशिक्षा मत्री श्रीयुत् पूनमचदजी विश्नोई के प्रति अपना आभार प्रकट किए बिना नही रहता । आपने इस कोश के प्रथम खण्ड के प्रकाशन के समय जिस अपूर्व सहयोग एवं सत्प्रेरणाओ द्वारा समय समय पर मुझे उत्साहित किया था वही सहयोग प्रत्येक परिस्थिति मे सदैव प्राप्त होता रहा है । आपकी इन सद्भावनाओ के प्रति मैं अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ ।

कोश कार्य मे प्रारम्भ से ही निरन्तर सद्भाव के साथ सहयोग देने वालो मे मुझे श्री कोमल कोठारी और श्री विजयदान देथा की स्मृति सदैव हो आती है । आप दोनो ही ने सच्ची लगन के साथ मेरे कोश को देखा और सच्चे स्नेहीजन के रूप मे प्रत्येक स्थिति मे मुझे प्रोत्साहित किया । साहित्य के प्रति आप पूर्ण निष्ठावान हैं और लोक साहित्य मे आपकी विशिष्ट रूचि है । अत भाषा विकास के वर्तमान काल मे इस "राजस्थानी सबद कोस" की पूर्ण उपयोगिता के प्रति आपने अपना पूर्ण विश्वास प्रकट किया । सरकारी अनुदान प्राप्त कराने मे श्री कोमल कोठारी जी का विशेष सहयोग रहा है । आपने निजी सुविधाओ और असुविधाओ का ध्यान न रखते हुए सदैव मेरे कार्य को प्राथमिकता दी । आप दोनो ही सज्जनो के स्नेहपूर्ण व्यवहार एव सहयोग के प्रति, जो मुझे सदैव प्राप्त होता रहा है, मैं हृदय से धन्यवाद अर्पित करता हूँ ।

साहित्य शोध एव कोश कार्य मे रूचि रखने वाले कतिपय सुहृद साहित्य मर्मज्ञ, भाषा विशेषज्ञ एव विद्वद्जन ने समय समय पर कोश कार्यालय मे पधार कर कोश रचना प्रणाली और कोश का निकट से अध्ययन किया और उस अवसर पर अपनी सद्भावनाओ मे मुझे प्रोत्साहित किया । ऐसे साहित्य मनीषियो मे उदारमना श्रीमान् महाराजा साहिब राजबहादुर श्रीमयूरध्वजसिंहजी ध्रागधडा का नाम सर्वोपरि है जिन्होने इस "राजस्थानी सबद कोस" की आधुनिक समय मे उपयोगिता एव उपादेयता का मूल्याकन किया उसके साथ ही आपने १००१) रुपये का नगद आर्थिक अनुदान देकर अपनी साहित्य सेवा भावना का भी परिचय दिया । आपकी सहृदयता एव सद्भावनाओं के लिए मैं पूर्ण कृतज्ञ हूँ । आपके अतिरिक्त जापानी भाषा विशेषज्ञ श्री के० दोई, डॉ० नगेन्द्र, दिल्ली विश्व विद्यालय, डॉ० रसिकलाल तिवारी, भोगीलाल साडेसरा, श्री उदयनारायण तिवारी, श्री नारायण चतुर्वेदी, सम्पादक सरस्वती समालोचना, एव श्री केशवराम शास्त्री ने भी यहाँ पधार कर मुझे पूर्ण अनुग्रहीत किया । आप सभी ने कोश रचना के कार्य को देखा, अनेक विषयो पर विचार विमर्श भी

किया और अपनी सत्प्रेरणाओ द्वारा मुझे प्रोत्साहित भी किया। मेरे कार्य के प्रति आप सज्जनो ने जो सद्भावनायें प्रकट की उनके लिए मै आप सभी का आभार स्वीकार करता हूँ।

इस कोश कार्य के माध्यम से ही मुझे इस अवधि मे अनेक सज्जन वृ द के निकट सम्पर्क मे आनेका सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिन्होने समय समय पर मुझे प्रोत्साहित ही नही किया अपितु इस कोश को सुगम एव सफल वनाने के लिए भी अपना हार्दिक सहयोग प्रकट किया। महाराजा श्री हरिश्चद्रजी झालावाड, ठा० श्री भैरुंसिहजी खेजडला, ठा० केसरीसिंहजी राखी, ठा० श्रीमनोहरसिहजी वामली, ठा० श्री ओकारसिहजी जोधा वावरा I A S., श्रीमती राणीजी श्रीलक्ष्मीकुमारी चुडावत सदस्य विधान सभा ठा० श्री अक्षयसिहजी रतनू, कुं० श्रीजालमसिहजी मेडतिया खानपुर तथा श्रीरैवतदानजी कल्पित आदि आदि सज्जनो के नामविशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। मुझे कोश कार्य करते हुए जहा जिस क्षेत्र मे आवश्यकता प्रतीत हुई आप महानुभावो ने सच्चे हृदय से अपना सहयोग देकर मेरे प्रति अपनी सद्भावनाये प्रकट की। आप सभी के इस सहयोग के प्रति कृतज्ञता का भाव अनुभव करता हूँ।

कोश के इस खड के यथा विधि प्रकाशन मे स्थानीय साधना प्रेस के व्यवस्थापक श्री हरिप्रसादजी पारीक का समुचित सहयोग प्राप्त हुआ है। कोश सामग्री मे निरतर रूप से परिवर्द्धन होने के कारण उन्हे अवश्य ही अनेक असुविधाए हुई हैं, फिर भी आपने कोश कार्य के लिए प्राथमिकता देकर जो सहयोग दिया है उसके लिए मैं आपको हार्दिक धन्यवाद अर्पित करता हूँ।

अन्त मे मै उन सभी उदार महानुभावो एव सहयोगी बन्धुओ के प्रति साभार कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिन्होने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुझे कोश सामग्री सग्रह करने तथा इसके सम्पादन के लिए समय समय पर यथा विधि सहयोग प्रदान किया है। मानवीय भूल प्रवृति के प्रभाव से ही यदि किन्ही महानुभावो के प्रति नामोल्लेख द्वारा आभार प्रदर्शित न कर पाया हूँ तो उनसे विनम्र भाव से क्षमा याचना करता हूँ।

—सीताराम लाळस

॥ श्री ॥

* निवेदन *

— दूहा सोरठा —

नारायण भूले नही, अपणी मायाईश । रोग पैल आखद रचै, जगवाला जगदीश ॥१॥
साच न वूढो होय, साच अमर संसार मे । कैतो धोवो कोय, ओ सेवट प्रकटै 'उदय' ॥२॥
सेवा देश समाज, धरती मे साचो धरम । इण सू पूरै आज, सकल मनोरथ सांवरो ॥३॥
साहित री सेवाह, सेवा देश समाज री । आवे इण एवाह, ईश्वर कीरपा सू उदय ॥४॥
सत ऊजल सदेश, उदयराज ऊजल अखे । दीपै वारा देश, ज्यारा साहित जगमगे ॥५॥

भारत ससद मे सन् १९५० रे करीव देशरी दूसरी सगला प्रान्ता री भासावा मानी गई उणा रे सामल राजस्थानी भाषा ने नही मानो तो कुदरती तौर सू राजस्थान मे अपणी भासा राजस्थानी ने मान्यता दिरावण सारु आन्दोलन पत्रो मे शुरू हुवो ।

राजस्थानी रो विरोध मे अकसर आ बात कही जाती के इण रो कोई आधुनिक कोश नही हो । ओ घाटो मिटावण सारु में श्री सीतारामजी लालस ने क्यो क्योकि हूँ जाणता हो के डिंगल रा शब्द सग्रह रो उणा ने काफी अनुभव है । श्री सीतारामजी इणा काम सारु तैयार हो गया ने म्हे दोनु सामिल होय ने पूरा सहयोग से मैनत सूं कोश रो काम शुरू कियो ने इण में खर्च रोमदत रो जरुरत हुई तो उसा बावत म्हे स्वर्गीय ठाकुर श्री भवानीसिंहजी साहब वारा एटला पोकरण ने अरज करी । इणा कृपा करने मजूर करी ने तारीख १-५-५१ सू रुपीया री मदद देणो चालू कर दीवो । सीतारामजी मथाणिया मे लेखक राख ने काम शब्द सग्रह री स्लिप कोपिया लिखावण रो चालू कर दियो ओर म्हे दोनू तारीख १-५-५१ सू सन् १९५२ रा आखिर तक सामिल कोम कियो जिण सू कुल शब्द ११३००० स्लिप कोपिया में लिखीजीया फ़ेर समय रा हेरफेर सूं श्री पोकरण ठाकुर साहब री सहायता वद हो गई । इण सू सन् १९५३ लगायत सन् १९५६ तक ४ साल तक कोश रो काम बन्द रेयो ।

इण कोश ने पूरो करण री म्हा दोनू री पूरी लगन ही । म्हे करनल श्री सोमसिंहजी रोडला ने जून सन् १९५६ में कोश में सहायता देण सारु कागद लिखियो उण रो जवाब उणा तारीख २९-६-५६ रा कागद मे म्हने लिखियो के कोश सारु मावार रु० ५०), ३ या ४ साल तक या काश पूरो होंवे जठा तक दे सकूला । परन्तु उणारा पिता करनल श्री अनोपसिंहजी वीमार हो गया इण वास्ते सहायता चालू मे देरो हुई । उणा रे स्वर्गवास होणे रे बाद में मास नवम्बर रा अन्त मे ने दिसम्बर रा सरु में जोधपुर में ही जद कर्नल श्री सामसिंहजी कोश री मदत बाबत बातचीत करणने दोयवार म्हारे मकान पर आया ओर फिर सहायता देणी चालू कर दीवी ।

कोश रो काम उणा री सहायता सू सन् १९५७ री जनवरी सू सीतारामजी जोधपुर मे चालू कर दिया क्योकि जद उणा रो तबादला जोधपुर मे हो गयो हो । जो एक लाख तेरह हजार शब्दों री स्लिप कोपिया पेलो बणी हुई ही । उणारी स्लिपा काट काटकर अक्षरवार अलग अलग कर दी गई ने नवा शब्द भी जो मिलिया के शामिल कर दिया गया । इणतरे सब शब्द अक्षरवार किया जाय ने उणा ने अक्षरवार रजिस्टरो मे लिख लिया गया । इणतरे कोश सन् १९५८ री माह मई तक पूरो हो गयो । म्हे पैली री तरे सीतारामजी रे साथ हर तरह रो सहयोग ने मदत राखो ने काम कियो ओ कोष करनल श्री सामसिंहजी री रुपीया री सहायता सू पूरी हुवो ।

इणरे बाद प्रेस कापी वणाइण रो काम चालू हुवे । उणरे खरचे रो प्रबन्ध ठाकुर श्री गोरधनसिंहजी मेडतिया खानपुर वाला श्री झालावाड दरबार सू श्री नीवाज ठाकुर साहब सू रुपिया री सहायता लेने करायो ने करे छपण री प्रवन्ध राजस्थानी सोध संस्थान चोपासणो जोधपुर सू हुवो ने तारीख ११-३-१९५६ ने सीतारामजी ने इण साध सस्थान शिक्षा विभाग सू लोन पर ले लिया जद सू वे इण संस्थान में काम करण लागा ।

इण कोश ने तैयार करावण मे व्युत्पति विभाग पूरो करावण में स्वर्गीय प० नित्यानन्दजी शास्त्री जोधपुर की घणी मदत ही इण वास्ते बैकुंठवासी विदवान ने घणा धन्यवाद देवा हा । तारीख २२-५-५७ ने लिख दय्या नोचे मुजब हो .—

चांद वावडी
ता० २२-५-५७

सीतारामजी लालस ने राजस्थानी कोश की रचना की है। यह भारी कठिन कार्य का यन्त्र श्री उदयराजजी उज्जवल यन्त्री (मेकेनिक) के बल सचालित हुवा है। मैंने इसे देखा इन्होने प्रत्येक शब्द और धातु को जाचकर उनके प्रयोज्य सब प्रकार के प्रयोगो को प्रदर्शित किया है क्योकि इन्होने सस्कृत, प्राकृत अपभ्रश विविध भाषाओ के बल पर यह कार्य भार उठाया है। बीच बीच मे हर समय मेरे साथ विचार विमर्श करते हुए आपने पूर्ण परिश्रम करके इसे रचा है। ऐसे कठिन कार्य को पार करने मे श्री सीतारामजी की ही पूर्ण कृपा ने सहायता की है। आशा है राजस्थान की जनता इससे लाभ उठाकर इस कोश की त्रुटी की पूर्ती से पूर्ण सतुष्ट होगी और श्रम की समझने वाले विद्वान कार्य प्रशसा करेगे। फक्त नित्यानद शास्त्री।

इणी तरे ननण विश्वविद्यालय मू डा० डब्लू० एस० एलन जो ससार री करीब चालीस भाषाओ रो जाणकार है ने अन्तरराष्ट्रीय ख्याती रा भाषा शास्त्री है वे राजस्थानी भाषा रे ध्वनी विज्ञान सबंधी जांच वो शोध रो काम सारु सन् १६५२ में राजस्थान मे आया हा ने जोधपुर मे दोय मास ठहरिया हा, ने भाषा रे सिलसिले में म्हारे कने घणा आता उणाने म्हे ने सीतारामजी दोनू कोश वाली स्लिप कोपिया राय रे वास्ते म्हारा मकान पर दिखाई ही उणा म्हारो उत्साह वधायो उणा री सम्मति नीचे मुजब है —

TRINITY COLLEGE, CAMBRIDGE 26 Feb, 1960.

It is excellent news for Indo-Aryan Linguistics that the Rajastani Dictionary of Shri Udayraj Ujjwal and Shri Sitaram Lalas is now to be published Rajasthani has long presented a serious gap in the comparative Study of the vaca-bulary of the Indo-Aryan Languages and now at last it is filled by the devoted work of two Rajasthani Scholars and the support of their distinguished Sponsors, I know well and difficulties that have beset the under taking of this task and its Completion is therefore all the more a menument to the courage of these who conceived the project and brought it to fruition. With this work added to the grammer by Shri Sitaramji, the status of the Rajasthani language can no longer be denied.

Sd W. S. Allen M A PH D.
Professor of Comprative Philology
In the University of Cambridge

कोश-दोय, दातार राजपूत सरदारो री रुपीया रो मदत सू शुरु होय ने पूरो वणियो इण वास्ते पुरानी प्रथा रे माफक महे ता० २६-६-५७ ने इण बाबत काव्य गीत, कवित, रचियो ने सीतारामजी कने भेजीया वा अठे दिया जावे है इणा ने दोनू सरदारो रो धन्यवाद रे तौर पर वणने है। इण गीत री सीतारामजी पत्रो मे तारीफ की है।

"गीत" राजस्थानी मे

कोम मरु वाणरो सुणे वण्यो नह किणी सू, लाख नव्दो तणे बडो लेखो गया भूपात कवराज गुणा गावता, दियो नह ध्यान इण हेत देखो ॥१॥
खूटगा खजाना नरेसो देखता, गया तजमाल ठकरेत गाढा। सेव साहित्य री वणी न किणी सू, लागता पथ धन छोड लाडा ॥२॥
सेव साहित्य ही रहे ससार मे, सुजसफल लागवे घणी सरसे। मिले सुखलाव हितकर चित समाजा, दिनो दिन किता सनमान दरसे ॥३॥
पाण मरु वान है प्रात रो परपर वेग परताप राजस्थान ऊचो। रसी नह पढण मे भायला प्रातरी, निरंगता जाय है प्रात नीचो ॥४॥
वणाई चारणा व्याकरण विधोविध, वणेगी कोश ही लाख सवदों। सीत रो परिश्रम प्रवग फलिगो सिरे, रेटियो 'उदय' मिल सकल नवदो ॥५॥
पोकरण भवानीसीह चापे प्रथम कोश रे हेत धन खर्च कीयो। पटता लाच उणा समेरा फेर सू, स्यामसी रोडले काम सीधो ॥६॥
रोडले स्यामसी सपूतो सिरोमणा, कमवज आज अगियाज कीधी। वार विपरीत में हजारो खरचवे, दाद ऊजल 'उदे' देस दीधी ॥७॥
चारणा दोय मिल व्याकरण कोश रचि, वण्या नह वडो कवराज मिलियो। कमवा दो ज मिलकियो सुभकामजो, महीयो किणो नह बीस मिलियो ॥८॥

कवित

सूर्यमल मिश्रण ने बनाया वम भास्कर बूदी नृपराम ने खजाना खोल करके।
सावल कविराज ने लिखाया इतिहास त्योही उदियापुर रान के कोष वल धरके।
सीताराम लालस ने कीन राजस्थानी कोश, उदयराज उज्जवल ने योग शक्ति भरके।
पोकरण भवानीसिह स्यामसिह रोडला के कोश हित कोष वने दानी धनवंधर के।
प्रान्त की प्रबल भाषा प्रतिष्ठित परपरा त्रिभुवन दीनमाल वीरपद वाला है।
शिक्षा को माध्यम निज प्रान्त है मैं रही नहीं होय कोटि जनता को दाम गति टाला है।
उन्नत है मात्र भाषा वीर राजस्थान केरी, प्रान्त का भविष्य याते दर्शित विदाजा है।
जीवित रहेगी प्रीय राजस्थानी आशामात्र, व्याकरण कोश याके वनेगे शिवाला है।

Compared by
Sd Bhawar Singh
Sd. लक्ष्मीप्रकाश गुप्ता

Sd ह० उदयराज उज्वल
Sd Nemi chand Jain
Civil Judge, Jodhpur.

संकेताक्षरों का विवरण

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचियता का नाम
अं०	अंग्रेजी	
अ०	अरबी	
अक०	अकर्मक	
अक० रू०	अकर्मक रूप	
अनु०	अनुकरण	
अनेक०, अनेका०	अनेकार्थी कोश	श्री उदयराम बारहट (गूंगा)
अप०	अपभ्रंश	
अमरत	अमरत सागर	श्री महाराजा प्रतापसिंह (जयपुर)
अ०मा०	अवधान माला	श्री उदयराम बारहट (गूंगा)
अ०रू०	अकर्मक रूप	
अल्प० अल्पा०	अल्पार्थ रूप	
अ० वचनिका	अचलदास खीची री वचनिका	सिवदास गाडण
अव्य०	अव्यय	
इब०	इबरानी	
उ०	उदाहरण	
उप०	उपसर्ग	
उभ०लि०	उभयलिंग	
ऊ०र०	ऊक्ति रत्नाकर	
ऊ०का०	ऊमर काव्य	श्री ऊमरदान लालस
एका०	एकाक्षरी नाम माला	श्री वीरभाण रतनू, श्री उदयराम बारहट (गूंगा)
ऐ०जै०का०स०	ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह	संपादक-अगरचंद जी नाहटा
क०कु०बो०	कविकुल बोध	श्री उदयराम बारहट
क०च०	करणी चरित्र	ठा० किशोरसिंह बार्हस्पत्य
कर्म०वा०, कर्म०वा०रू०	कर्म वाच्य रूप	
कहा०	कहावत	
का०दे०प्र०	कान्हड दे प्रबंध	श्री पद्मनाभ
क्रि०	क्रिया	
क्रि०अ०	क्रिया अकर्मक	
क्रि०प्र०	क्रिया प्रयोग	
क्रि०प्रे०	क्रिया प्रेरणार्थक	
क्रि०वि०	क्रिया विशेषण	
क्रि०स०	क्रिया सकर्मक	
क्व०क्व०प्र०	क्वचित् प्रयोग	
क्षेत्र	क्षेत्रीय प्रयोग	
ग०मो०	गज मोख	हरसूर बारहठ
गी०रा०	गीत रामायण	श्री अमृतलाल माथुर
गु०	गुजराती	(कुचेरा निवासी)

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
गु०रू०ब०	गुण रूपक बंध	श्री केसोदास गाडण
गो०र०	गोरादि	
गो०रू०	गोगादे रूपक	श्री पहाड़ खां आढ़ो
ची०	चीनी	
चेत मानखा	चेतमानखा	श्री रेवतदान कल्पित
चौबोली	चौबोली	सम्पादक डॉ० कन्हैयालाल सहल
ज०खि०	जगा खिड़िया रा कवित्त	श्री जगो खिड़ियो
जा०	जापानी	
ज्यो०	ज्योतिष	
डि०	डिंगल	
डि०को०	डिंगल कोश	कविराजा मुरारिदान जी (बूंदी)
डि०नां०मा०	डिंगल नाम माला	श्री हरराज (कवि)
ढो०मा०	ढोला मारू [1]	सम्पादक श्री रामसिंह श्री सूर्य करण पारीक श्री नरोत्तमदास स्वामी
तु०	तुर्की	
द०दा०	दयालदास री ख्यात	श्री दयालदास सिंढायच
दसदेव	दस देव	नानूराम संस्कर्ता
द०वि०	दलपत विलास	सम्पादक श्री रावत सारस्वत
दे०	देशी	
देवि, देवी	श्री देवियांण	श्री ईसरदास बारहठ
द्रो०पु०	द्रोपदी पुकार	श्री रामनाथ कवियो
ध०व०ग्र०	धर्म वर्धन ग्रंथावली	संपादक अगरचंद नाहटा
ना०मा०	नाम माला	अज्ञात
ना०डिं०को०	नागराज डिंगल कोस	श्री नागराज पिंगल
ना०द०	नाग दमण	श्री सांइयां झूला
नी०प्र०	नीति प्रकास	श्री सगरांम सिंह मुहणोत
नैणसी	मुहणोत नैणसी री ख्यात	प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
पं०	पंजाबी	
पं०पं०चौ०	पंच पंडव चरित्र	शालिभद्र सूरि
प०च०चौ०	पद्मिनी चरित्र चोपाई	कविलब्धोदय
पर्याय	पर्यायवाची शब्द	
पा०	पाली	
पा०प्र०	पाबू प्रकास	कवि श्री मोडजी आसियो
पिं०प्र०	पिंगल प्रकास	श्री हमीरदान रतनू
पी०ग्रं०	पीरदान ग्रंथावली	पीरदान लालस

[1] इसके अतिरिक्त हमने "ढोला मारू" की भिन्न २ लेखकों द्वारा लिखित हस्तलिखित वार्तों की प्रतियों में से भी शब्द लिए हैं, उनका भी संकेत चिन्ह ढो मा. ही रखा गया है।

संकेताक्षरों का विवरण

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
पु०	पुलिंग	
पुर्त०	पुर्तगाली	
पृष०	पृषोदरादि	
पे०रू०	पेमसिंह रूपक	श्री प्रतापदान गाडण
प्र०	प्रत्यय	
प्रा०	प्राकृत	
प्रा०प्र०	प्राचीन प्रयोग	
प्रा०रू०	प्राचीन रूप	
प्रे०	प्रेरणार्थक	
प्रे० रू०	प्रेरणार्थक रूप	
फा०	फारसी	
फ्रां०	फ्रांसिसी	
बहु०	बहु वचन	
बां०दा०	बांकीदास ग्रंथावली भाग १,२,३,	श्री बांकीदास
बां०दा०ख्या०	बांकीदास री ख्यात	श्री बांकीदास
बी०दे०	बीसल दे रासौ	बीसल दे
भ०मा०	भक्तमाल	श्री ब्रह्मदास जी दादूपंथी
भाव०	भाव वाचक	
भाव वा भाव वा०रू	भाव वाच्य रूप	
भिक्खु	भिक्खु दृष्टान्त	
भि०द्र०	" "	
भू०	भूतकाल	
भू०का०क्रि०	भूत कालिक क्रिया	
भू०का०कृ०	भूतकालिक कृदन्त	
भू०का०प्र०	भूत कालिक प्रयोग	
भ्रं०पु०	भ्रंगी पुराण	श्री हरदास
म०	मराठी	
मह०महत्व०	महत्ववाची शब्द	
मा०	मागधी	
मा०का०प्र०	माधवानल काम कंदला प्रबंध	कवि गणपति
मा०म०	मारवाड़ मृर्दुमशुमारी रिपोर्ट	मुंशी श्री देवी प्रसाद
मि०	मिलाओ	
मीरा	मीरां बाई	
मु०मुहा०	मुहावरा	
मेघ०	मेघदूत	श्री नारायणसिंह भाटी
मे०म०	मेहाई महिमा	श्री हिंगलाजदान कवियो
यू०	यूनानी	
यौ०	यौगिक	
र०ज०प्र०	रघुवरजस प्रकास	श्री किसनो आढ़ो

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
र०रू०	रघुनाथ रूपक गीतां रो	श्री मछाराम, मछकवि
र० वचनिका	रतनसिंह महेशदासोत री वचनिका	जग्गो खिड़ियो
र० हमीर	रतना हमीर री वारता	महाराजा मानसिंह जोधपुर
रा०	राजस्थानी	
रा०ज०रासौ	राव जैतसी रो रासौ	अज्ञात
रा०जै०सी०	राउ जैतसी रो छंद	श्री बीठू सूजो नगराजोत
रात वासौ	राजस्थानी कहाणी संग्रह	नृसिंह राजपुरोहित
रा०दू०	राजस्थानी दूहा	सम्पादक नरोत्तमदास स्वामी
रा०प्र०	राजस्थानी प्रत्यय	
रा०रा० / राम रासौ	राम रासौ	श्री माधोदास दधवाड़ियो
रा०रू०	राज रूपक	श्री वीरभाण रतनू
रा०वं०वि०	राठौड़वंस री विगत	अज्ञात
रा०सा०सं०	राजस्थानी साहित्य संग्रह भाग १	सम्पादक नरोत्तमदास स्वामी
ल०पि०	लखपति पिंगळ	श्री हमीरदान रतनू
ला०रा०	लावा रासौ	श्री गोपालदान कवियो
लू०	लू	ठा० चन्द्रसिंह बीको
लै०	लैटिन	
लो०गी०	राजस्थानी लोक गीत	
वं०भा०	वंश भास्कर	श्री सूर्यमल मीसण
व०	वर्तमान काल	
व०का०कृ०	वर्तमान कालिक कृदन्त	
वचनिका	वचनिका रतनसिंह महेशदासोत री	श्री जग्गो खिड़ियो
दरसाठ		श्री मुरलीधर व्यास
व०स०	वर्णक समुच्चय	सम्पादक भोगीलाल सांडेसरा आदि
वाणी	संत वाणी	
वादळी	वादळी	ठा० चन्द्रसिंह बीको
वि०	विशेषण	
वि०कु०	विनय कुमार कुसुमांजली	
विलो०	विलोम	
वि०वि०	विजय विवरण	
वि०सि०	विरद सिणगार	कविराजा करणीदान कवियो
वी०दे०	वीसल दे रासौ	
वी०मा०	वीरमायण	बहादुर ढाढी
वी०स०	वीर सतसई	सूर्यमल मीसण
वी०स०टी०	वीर सतसई टीका	श्री किसोरदान बारहट
वेलि०	वेलि किसन रुकमणी री	महाराजा प्रिथीराज राठौड़
वेलि०टी०	वेलि क्रिसन रुकमणी री टीका	अज्ञात

सकेताक्षरों का विवरण

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
व्या०	व्याकरण	
शक०	शकदादि	
शा०हो०	शालि होत्र	
शि०वं०	शिखर वंशोत्पत्ति	श्री गोपाल कवियो
शि०सु०रू०	शिववान सुजस रूपक	श्री लालदान बारहट
सं०	संस्कृत	
सं०उ०	संज्ञा उभय लिंग	
सं०पु०	संज्ञा पुल्लिंग	
सं०स्त्री	संज्ञा स्त्री लिंग	
स०	सकर्मक	
स०कु०	समय सुन्दर कृति कुसुमांजली	महाकवि समय सुन्दर
स०रू०	सकर्मक रूप	
सर्व०	सर्वनाम	
सू०प्र०	सूरज प्रकाश	कविराज करणीदान कवियो
स्त्री०	स्त्री लिंग	
स्पे०	स्पेनिश	
श्री हरि पु०	श्री हरि पुरुषजी	
ह०ना० ह०ना०मा०	हमीर नाम माला	हमीरदान रतनू
ह०पु०वा०	श्री हरि पुरुषजी की वांणी	
हं०प्र०	हंस प्रबोध	श्री हमीरसिंहजी राठौड
ह०र०	हरि रस	श्री ईसरदास बारहठ
हा०झा	हाला झाला रा कुण्डलिया	श्री ईसरदास बारहठ

* [यह संकेत इस बात को सूचित करता है कि यह शब्द केवल कविता मे ही प्रयोग होता हैं ।

लालबहादुर जसलियो, नितहित हिंद निभार ।
तन छोटे मोटे मते, (थारी) बावन ज्यू बलिहार ।।

स्व० प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री, कोशकर्त्ता व संपादक श्री सीताराम लाळस,
डॉ० लक्ष्मीमलजी सिंघवी (संसद सदस्य)
के साथ "राजस्थांनी सबद कोष' का अवलोकन करते हुए ।

राजस्थांनी सबद कोस

[राजस्थानी हिन्दी वृहत् कोश]

[द्वितीय खण्ड]

(प्रथम जिल्द)

च

च–सस्कृत, देवनागरी तथा राजस्थानी वर्ण-माला का छठा व्यञ्जन। यह स्पर्श वर्ण है। इसका उच्चारण-स्थान तालु है।

चऊ—देखो 'चऊ' (रू भे)

चग–स०पु० [फा०] १ भेड या बकरे के चमडे से मढा हुआ लकडी का बना गोल वाद्य जो फाल्गुन मास मे ग्रामीण लोगो द्वारा बजाया जाता है। उ०—बजि म्रदग चग रग उपग बारग। अनग छवि चग उमग अग-अग। (सू प्र)

अल्पा०—चगडी, चगडो। मह०—चगड।

[स० च=चद्रमा] २ पतग, गुड्डी। उ०—उड्डत चग मघि आसमाण। बरजाण अमर सोभित विमाण। (सू प्र)

[स०] ३ पवित्रता, उत्तमता।

[रा०] ४ घोडे की एक जाति या इस जाति का घोडा (शा हो)

५ मुसलमान, यवन. ६ सितार का चढा हुआ सुर (सगीत) ७ गजीफे का एक रग ८ स्वस्थ एव तदुरुस्त व्यक्ति ९ राजस्थानी मे प्रयुक्त होने वाला एक (गीत) छद जिसके प्रथम चरण मे १६ मात्रायें, द्वितीय चरण मे ११ मात्रायें तथा तृतीय व चतुर्थ चरण मे प्रथम छ भगण एव अत मे एक गुरु लघु होते हैं।

वि०—मोटाताजा, हृष्ट-पुष्ट। उ०—१ पाणी पथऊ पवग, खग्ग चगऊ खुरसाणी। विग्या नगरी वस्त्र एक, विण गुर सिरवाणी। —ढो मा उ०—२ किधौ म्रिग जुत्थन पै म्रिगराज, किधौ लखि चग कुलगनि बाज।—ला रा.

चगडी, चगडो—देखो 'चग' (१) (अल्पा रू भे)

चगाण–स०पु०—चक्कर।

उ०—मारू हुदा नयण दोउ, जेहा अरजन बाण। जिहि दिस देखे निजर भर, त्या दिस पडै चगाण।—ढो मा.

क्रि०प्र०—खाणौ।

चगाटी—देखो 'चगाण' (अल्पा रू भे)

चगास–स०पु०—[स०] गोमूत्र।

चगासणौ, चगासबौ–क्रि०अ०—गाय का पेशाब करना।

चगी–स०स्त्री०—[स०] १ कीर्ति, यश। २ श्रेष्ठता। उ०—पगी उबारकौ चगी चौढाडै जोधाण पाणी।—हुकमीचद खिडियौ

वि०—देखो 'चगौ' का स्त्री०। उ०—उत्तर आज स बज्जियउ, सीय पडेसी पूर। दहिसी गात निरध्धणा, धण चगी घर दूर।—ढो मा

चगुल–स०पु० [फा०] १ जाल, फदा। २ षडयत्र। ३ चार अगुलियो के मोड मे फँसने का भाव या फँसाने के समय अँगुलियो की स्थिति।

मुहा०—चगुल में पडणौ—चगुल मे फसना, वश मे आना।

चगेडी–स०स्त्री० [स० चग+पेटा=(भा०) चग वेडी] मिठाई आदि रखने का पात्र, करडिया।

चगेर, चगेरी–स०स्त्री०—'चूका' नाम की एक जडी (वैद्यक)

चगौ–वि०—[स० चङ्ग] (स्त्री० चगी) १ निरोग, स्वस्थ, तदुरुस्त।

उ०—१ पूरव कमाइ पाइये कुण चगा कुण मदा।—केसोदास गाडण

उ०—२ पती भगडा करनै तीन वार नीव रा पाटा बाध चगौ हुवौ। इण स्त्री पाटा सारू घर मे नीव बाय दूध पाय बडी कियो सो कहै।—वी स टी

२ साफ पवित्र, निर्मल। उ०—मन भावणी माधुरी मोहणी, चद वदन चित चगी। अतकाळ में अरथ न आवत, कामणि नैण कुरगी।—ऊ का.

कहा०—मन चगा तौ कठौती मे गगा—अगर मन पवित्र है तो पवित्रता के बाह्य आडबरो की आवश्यकता नही होती।

३ दृढ, मजबूत, जबरदस्त। उ०—सिर माडव गुजरात सिर, दळ सभ कीधी दौड। उण 'सागा' री बैसणी, चगौ गढ चीतौड।—बा दा

४ सुहावना, सुदर। उ०—धवळा सू राजै धणी, चगौ दीसै ग्वाड। नारायण मत नाखजै, धवळा ऊपर धाड।—बा दा

५ उत्तम, श्रेष्ठ। उ०—१ आपण मभ आपसू, ग्रह ग्यान खडग्गा। जुध करता रात दिन, सौ रावत चग्गा।—केसोदास गाडण

उ०—२ चहू भ्रात चौरी चढै नेह चगा। उचारै दुजा देव वाणी उमगा।—सू प्र

स०पु०—१ एक प्रकार का घोडा। उ०—चढ ऊभा चगा भिडै, अगा आचे खग्गा ऊनगा।—रा रू

(मि० चग–४)

२ डफ के आकार का एक वाद्य, देखो 'चग' (१) (रू.भे)

चच–स०स्त्री [स० चञ्चु] १ चोच। उ०—१ चच चच जिण अगनि चमकै। दामणि जाणि अनेक दमकै।—सू.प्र

उ०—२ बाबहिया बग चंचडी, बोल्यौ मक्करि बाण। काइ बोलती मुस्ट करै, कै परदेसी पिव आण।—ढो.मा

अल्पा०—चचडी।

[रा०] २ पार्वती ३ दुर्गा।

चचत्पुट–स०पु० [स०] सगीत का एक ताल जिसमे पहले दो गुरु, तब एक लघु, फिर एक प्लुत मात्रा होती है (सगीत)

चचन, चचनु—देखो 'चच' (रू भे) २ गिरिजा, पार्वती। (क कु. बो)

चचरी–स०स्त्री० [स० चचरीक] १ भ्रमर, भौंरा (ह ना) २ एक प्रकार की चिडिया जो भारत मे स्थायी रूप से रहती है ३ एक मात्रिक छद विशेष जिसके प्रत्येक चरण मे १२, १२, १२, १० के विराम से ४६ मात्रायें होती हैं। अत मे गुरु होता है। इसका दूसरा

नाम हरिप्रिया भी है. ४ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे क्रमश रगण, मगण जगण, जगण, भगण एव रगण सहित १८ वर्ण होते है। (पिंगळ प्रकास) ५ एक मात्रिक छद जिसके प्रत्येक चरण मे २६ मात्रायें होती हैं।

चचरीक—स०पु० [स०] भौंरा, भ्रमर (ह ना)

चचळ—वि० [स० चचल] १ अस्थिर, चल, चलायमान, गतिशील। उ०—वग रिरा गजान गु पावसि बैठा, नुर गूता चित्र मोर सर। चातक रटै वळाहकि चचळ, हरि सिणगारै अवर।—वेलि

२ नटखट, चुलबुला, चपल।

कहा०—चचळ नार' बारली भाकी, घर को काम' सूझे ताको—चचल या चपल स्त्री को अपने घर के कार्य की परवाह नहीं, उसकी निगाह बाहर ही रहती है। चचल स्त्री सुलक्षणा नही होती।

३ फुर्तीला। उ०—दुसमणा री वत बीद नै घर मे पग पैंगतां वहता गुणीजियो उण हीज वेळा अचळ कपडा रै गाठ ही तिका छुडाय नै चचळ घोटा नै दुसमणा री फौज ऊपरै सजाहयी।—वी स टी

४ उद्विग्न, विव्हल। उ०—देखण लागी यक्ष आगळी आंसू भरिया, चीतै मन कुरळाय आज आ किसडी जिलिया। निरख्या ऐडा मेघ सजोगी चचळ होवै, तारा काई हवाल कामणी कठ न होवै।—मेघ

स०पु०—१ पवन (ह ना)

२ घोडा (अ मा) उ०—अतरीख मग उरस चचळ सातहमुख चालै। तुरग पग सारथी हेक चक्र रथ हालै।—सू प्र.

३ मन, चित्त, हृदय (अ मा) ४ चद्रमा (ना मा) ५ पारा। उ०—करि सिनान अस्टम दिन काढै। चचळ सोळ मास मझि नाढै।—सू प्र

स०स्त्री० [स० चचला] ५ लक्ष्मी, माया। उ०—चवा चरत करती चचळ, थारा किया ससारह सवळ। मारू राव दीवाण निरमळ, पूर्ण 'मुजउत' तो जागू छळ।—फमा विहारी रो गीत

६ नर्तकी। उ०—चचळ केक करै नृत चाळा। 'थार' तेरै वरसा गनि जाळा।—सू प्र

७ मछली (ह भा) उ०—जोत वाग मळकी मिळ नदि जळ। चमकै मगर ऊछळे चचळ।—सू प्र.

८ बिजली।

क्रि०वि०—शीघ्र, जल्दी (ह ना)

चचळता, चचळताई—स०स्त्री० [स० चचलता] १ अस्थिरता, गतिशीलता २ नटखटपन, चुलबुलापन।

चचळ रूप—स०पु०—एक प्रकार का घोडा (शा हो)

चचळा—स०स्त्री० [स० चचला] १ बिजली, विद्युत (ह ना) उ०—अर'मत्री रा चक्र रै समान मही रै मायं प्रतिबिंब पाडता। मेदुरता मेघमाळा मैं चचळा रा चपळ भाव मै चूक पाडता पटझाग मलाया।—व भा

२ लक्ष्मी, माया ३ घोडी ४ पिप्पली (अ मा.) ५ मछली (अ मा) ६ प्रथम गुरु फिर लघु इस क्रम से १६ वर्ण का एक वर्ण वृत्त।

वि०स्त्री०—अस्थिर, चलायमान, चपल।

चचळाई, चचळाट, चचळाहट—देखो 'चचलता' (रू भे)। उ०—वैरी फुरती चचळाई तथा उमग, नित नित री रमझट-री झट झाल नही सकणै रै कारण काया कोटडी नै खाली करण लागी।—वरसगांठ

चचळी—देखो 'चचल'। उ०—चित्रउड धणी चचळि चडेय, खग्गह लेय आयउ खडेय। मेवाड राण परभोमि माहि, सीकरी सैन आयउ सनाहि।—रा ज सी.

चचाळ—१ पक्षी. २ देखो 'चचळ' (२) (रू भे.) उ०—चेवह वाटी चेभटा, एकल दाग्रटियाळ। कानां सुण बूडै कमद, चाहकाया चचाळ। —पा प्र

चचाळी—स०स्त्री०—मासाहारी पक्षी। उ०—चरियो अगन नको चचाळी, भव चै काम न आयो भाळ। मारू राव असमरा मुंहडै, तिल तिल हुये पडियो रिणताळ।—गोरधन कूंपावत री गीत

चचु—स०स्त्री [स०] १ चोच, तुड २ अरट का पेड. ३ मृग, हिरण.

चचुका, चचुपुट—स०स्त्री [स०] चोच, तुट।

चचुभ्रत—स०पु० [स० चञ्चुभृत] पक्षी।

चचुमान—स०पु० [स० चञ्चुमान्] पक्षी।

चचुराय—स०पु०—सूर्यवशी एक राजा का नाम। इसका दूसरा नाम चाप भी मिलता है। यह रोहिताश्व उनका पौत्र था (सू प्र)

चचू—देखो 'चचु' (रू भे)

चचेडण, चचेड, चचेंडण—स०पु०—मक्खन को गर्म करने के बाद उसे छानने पर छलनी मे बचा हुआ अवशिष्ट अश जो छाछयुक्त होता है।

चचेडणो, चचेटवो—क्रि०स०—१ छेडना, तग करना २ हिलाना, डुलाना, झकझोरना।

चट, चटैल—चतुर, होशियार, चालाक, धूर्त।

चट—स०पु० [स०] १ ताप, गर्मी २ एक दैत्य जो दुर्गा के हाथों मारा गया था ३ एक शिव-गण ४ एक भैरव. ५ राम की सेना का एक बन्दर ६ सम्राट पृथ्वीराज की सेना का एक सामत ७ कुबेर के आठ पुत्रो मे से एक (पौराणिक) ८ कार्तिकेय।

स०स्त्री०—९ चडी, देखो 'चडिका'। उ०—१ ऊडड पासरा भडा भुज डट ब्रह्मड अडै, तुज चट सिहायक झल असुळा, राव ऊथपणा थपण ग्रद रडमला, करां थारा आज वणी 'कुसळा'। —हटोजी खिडियो

वि०—१ तेज, तीक्ष्ण, प्रखर २ कठोर, कठिन, विकट ३ घोर, भयकर। उ०—१ चितड चड दड दें उदट छूटते वहे।—ऊ.का. उ०—२ अलावुद्दीन रा अनीक नू चट चद्रहास चखावण री चहै। —व भा.

४ बलवान, प्रबल।

चडकर—स०पु० [स०] तीक्ष्ण किरण वाला, सूर्य, भानु।

चडका–स०स्त्री० [स० चडिका] १ देवी, दुर्गा (क कु वो) २ पार्वती (ह ना) ३ कलहप्रिय या झगडालू स्त्री।

चडकोसिय, चडकौसिक–स पु० [स० चण्डकौशिक] १ एक सर्प जिसने भगवान महावीर को सताया था (जैन) २ एक मुनि का नाम।

चडघटा–स०स्त्री० [स० चण्डघण्टा] चौसठ योगिनियो मे से ग्यारहवी योगिनी।

चडता–स०स्त्री० [स०] तीक्ष्णता, उग्रता, प्रवलता।

चडनयर—देखो 'चडीनगर' (रू भे) उ०—अवरग असपति हुवौ विखम चडनयर विचाळै।—सू प्र

चडनायिका–स०स्त्री० [स०] १ दुर्गा २ दुर्गा की सखी मानी जाने वाली अष्टनायिकाओ मे से एक (तान्त्रिक)

चडमुड–स०स्त्री०—देवी के हाथो से मारे जाने वाले दो राक्षस।

चडमुडा–स०पु०—१ देखो 'चडमुड'।

स०स्त्री०—२ इन दो राक्षसो को मारने वाली देवी, चामुण्डा।

चडमुडी—१ देखो 'चडनायिका' (रू भे.) २ देखो 'चडमुडा' (रू भे)

चडरुद्रिका–स०स्त्री० [स०] अष्टनायिकाओ को पूजने से प्राप्त होने वाली एक सिद्धि (तान्त्रिक)

चडवती–स०स्त्री० [स] १ दुर्गा २ अष्टनायिकाओ मे से एक (तान्त्रिक)

चडवारण–स०पु० [स०] ४६ क्षेत्रपालो मे से २२वा क्षेत्रपाल।

चडासु–स०पु० [स० चण्डाशु] सूय, भानु (डिं को)

चडा–स०स्त्री०—१ अष्टनायिकाओ मे से एक (तान्त्रिक) २ कर्कशा, तेज स्वभाव की स्त्री।

वि०—भयकर। उ०—चखा झाळ तूटै मुखा झाळ चडा। परस्सी फरस्सी भ्रमावै प्रचडा।—सू प्र

चडाई–स०स्त्री—१ शीघ्रता, जल्दी २ प्रवलता, उग्रता ३ ऊधम, अत्याचार।

चडातक–स०पु० [स०] लहगा, घघरी।

उ०—जावक पावक जिम रडातक जीवै, साता ठोडा मू चडातक सीवै।—ऊ का

चडाळ–स०पु० [स० चडाल] (स्त्री० चडाळण) अत्यन्त नीच मानी जाने वाली जाति विशेप या इस जाति का व्यक्ति। डोम, श्वपच।

वि०—पतित, दुष्ट, दुरात्मा, क्रूर, निष्ठुर।

यौ०—चडाळ-चोकडी।

चडाळ-चोकडी–स०स्त्री०यौ०—उपद्रवी मनुष्यो का गुट या समूह (जो चार पाच व्यक्तियो से अधिक न हो) पडयन्त्रकारी मण्डली।

चडाळणी–स०स्त्री०—१ दोहा छद का भेद विशेप जिसमे विषम चरण मे जगण आता हो। ऐसा दोहा अशुभ समझा जाता है 'चडालिनी'। २ चाडाल जाति की स्त्री, देखो 'चडाल'।

चडाळता–स०स्त्री० [स० चडालता] १ नीचता, अधमता २ चडाल होने का भाव।

चडाळ-पक्षी–स०पु० [स० चडाल पक्षी] कौआ।

चडाळ-वाळ–स०पु०—किसी के सिर मे निकल आने वाला मोटा व कडा वाल (अशुभ)

चडाळि—देखो 'चडाळी' (रू भे) उ०—ससार सुपहु करता ग्रह सग्रह, तिणि हिज पचमी गाळि। मदिरा रीस हिंसा निंदा मति, च्यारे करि मूकिया चडाळि।—वेलि

चडाळिका–स०स्त्री० [स० चडालिका] १ दुर्गा, भवानी २ एक प्रकार की वीणा।

चडाळिणी—देखो 'चडाळणी' (रू भे.)

चडाळी–स०स्त्री०—१ देखो 'चडाळिणी' (रू भे) २ क्रोध, कोप गुस्सा। उ०—किणी नै आपरा रूप रै सिवाय दूजी की चीज निजर नी आई। हाथी नै वेसुमार चडाळी छूटी। वौ रीस रै पाण चिंघाडियो।—कोमल कोठारी

क्रि०प्र०—छूटणी।

चडाळीक–स०पु०—चौहान वश की चित्रावा शाखा की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति (व भा)

चडाळीमन्त्र–स०पु०यौ०—वाममार्गीय मत्र। उ०—अर त्रयी रा तिरस्कार करि किसडो नीच चडाळीमन्त्र रो साधन करै।—व.भा. (मि०—मैला मतर)

चडावळ—देखो 'चदावळ' (रू भे)

चडासि–स०पु०—चौहान वश का राजपूत (व भा)

चडिक, चडिका–स०स्त्री० स० चडिका] १ दुर्गा, देवी, शक्ति। उ०—घमक सेलक ववक घकधक। तदि उवकि पत्र चडिका त्रपतक।—सू प्र

२ लडाकी स्त्री, कर्कशा।

वि०—लडाकू, कर्कशा।

चडी–स०स्त्री० [स०] १ दुर्गा देवी का वह शक्ति रूप जो महिषासुर नामक राक्षस के वध के लिये धारण किया गया था २ दुर्गा, भवानी ३ देखो 'चडी नगर' (रू भे)

चडी नगर–स०पु०—दिल्ली शहर का एक नाम। उ०—चवै चडी नगर 'अमर' ढुळता चमर, राज कर छतर धर आव राजा।

—आणदराम दधवाडियो

चडीपति–स०पु०यौ० [स०] १ शिव, महादेव २ वादशाह।

चडीपुर–स०स्त्री०—दिल्ली।

चडीपुरौ–स०पु०—१ दिल्ली का वादशाह २ दिल्ली नगर का रहने वाला व्यक्ति ३ यवन, मुसलमान ४ चौहान वश का राजपूत।

चडीस–स०पु० [स० चडीश] शिव, महादेव। उ०—जोमगी भडीस जाग आयो जिऊ चडीस जायो। राजपत्री आयो ज्यू थडीस वाळै रेस।—हुकमीचद खिडियो

चडीसा–स०पु०—भाटो की एक शाखा।

चडीसुर–स०पु० [स० चडीश्वर] १ एक तीर्थ-स्थान. २ महादेव ३ वादशाह।

चडू-सं०पु०—अफीम का शहद के समान बनाया हुआ गाढा अवलेह, जिसका धुआं नशे के लिये एक नली द्वारा पीया जाता है।

वि०वि०—धातु के बने चाडू (एक प्रकार के चम्मच) पर अफीम का अवलेह लपेटा जाता है या इस अवलेह से सनी हुई रुई की बत्ती उस पर रखी जाती है। चाडू का सम्बन्ध एक लकड़ी की नली से होता है। फिर चाडू को जलते हुए दीपक की लौ पर रखा जाता है। पीने वाला अफीम का धुआं बिस्तर पर लेट कर या बैठ कर नली द्वारा पीता है और नशे से बेहोश हो जाता है।

क्रि०प्र०—पीणी।

यौ०—चडूखानो, चडूबाज।

चडूखानो-सं०पु०—वह स्थान या घर जहां चडू पीने वाले व्यक्ति चडू पीने के लिए एकत्रित होते हैं।

चडूबाज-सं०पु०—चडू पीने का व्यसनी।

चडूळ-सं०स्त्री०—खाकी रंग की एक प्रकार की छोटी चिड़िया जो वृक्षों पर बहुत सुन्दर घोंसला बनाती है और बहुत ही मधुर बोलती है।

उ०—जिकै जिण समझ चडूळ पखी जिहो जे न रघुनाथ चो नाम जाणै।—र ज प्र

मि०—१ मूर्ख २ बहुत झगड़ालू।

चडेस्वर-सं०पु० [सं० चंडेश्वर] शिव का एक गण जिसका वर्ण रक्त के समान गहरा लाल होता है।

चडेस्वरी-सं०स्त्री०—एक देवी का नाम।

चडोदरी-सं०स्त्री० [सं०] सीता को रावण के पक्ष में करने के लिये समझाने हेतु स्वयं रावण द्वारा नियुक्त की गई एक राक्षसी।

चडोल, चडोळ-सं०पु०यौ० [सं० चंद्र+दोल] १ हाथी के हौदे या अंबारी की आकृति की चार मनुष्यों द्वारा उठायी जाने वाली एक प्रकार की पालकी २ मिट्टी का एक खिलौना ३ देखो 'चदोल' (रू भे.)

चडोळी—देखो 'चदावळ' (रू भे)   उ०—सु जिण दिन हरौळी आगरे रा राजा जैसिंघजी है। फौज लाख तीन सू वा पछाड़ी चडोळी पर जगपतसिंहजी है फौज हजार अगी सू।—द दा

चडोर-सं०पु०—वह वृक्ष जिसके ऊपर सिंचाई के अभाव में पत्ते न हों।

चतामण, चनामणि—देखो 'चिंतामणि' (रू भे)

चद-सं०पु० [सं० चंद्र] १ देखो 'चद्र' (रू भे) (ना.डि को.) २ नाक का बाया छिद्र (योग) ३ पृथ्वीराज चौहान के दरबार का एक प्रसिद्ध कवि ४ चद्र नामिनी (संगीत), ध्रुपद का एक भेद।

उ०—प्रागलि अह निरख इग्य अति विस्रति, मस्त चक्र करि स्यदन मग। प्रसमर्थ सुनर्थ नारी रह, सूया माठा चद सग।

—वेलि.

५ डिंगल का वेलिया सांणोर छंद का भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में ३२ लघु १६ गुरु, कुल ६४ मात्रायें हों तथा इसी क्रम से अन्य द्वालों में ३२ लघु १५ गुरु कुल ६२ मात्रायें हों (पि.प्र.) ६ राजा हरिश्चद्र (रू भे)   उ०—सतव्रत सुत हरिचद मन जिहाज। रोहिताम चद सुत महाराज।—सू.प्र.

७ देखो 'चदौळ' (रू भे) उ०—डाक तबल मुरसला, हाक छतमाम जसोला। चद गोळ बाजुवा, हुवै रगराग हरौळा।—सू प्र

वि०—१ श्वेत, सफेद* (डि को) २ काला* (डि को)

[फा०] ३ अल्प, थोड़ा, किंचित।

चदक-सं०पु० [सं०] १ चद्रमा, चाद २ चादनी, चद्रिका।

चदकात—देखो 'चद्रकात' (रू भे)

चदगी-स स्त्री०यौ० [सं० चद्रक+रा प्र. ई] १ धन दौलत, सपत्ति।

महा०—करोला बदगी तो पाओला चदगी—किसी की सेवा करने से कुछ लाभ अवश्य मिलता है।

(मि०—करोगे सेवा तो पावोगे मेवा)

२ आर्थिक सहायता।

उ०—लोग पण घणा दिन तिणसू तह खरच हुइ रहियो छै, सो उहरी पण चदगी करणी।—ठाकुर जैतसी री बात

चदण-सं०पु० [सं० चदन] १ एक प्रकार का वृक्ष विशेष जिसकी लकड़ी बहुत ही सुगन्धित होती है। यह वृक्ष अधिकतर मैसूर, कुर्ग, हैदराबाद, नीलगिरी, पश्चिमी घाट आदि स्थानों में बहुत होता है।

उ०—ग्रिह ग्रिह प्रति भीति सुगारि, हीगळू ईंट फिटक मैं चुणी अचभ। चदण पाट कपाट ई चदण, खुभी पना प्रवाळी खभ।

—वेलि.

पर्याय०—अहिप्रिय, अहिभखक, अहिमन, उत्तमतर, गधअपार, गधगात, गधसार, चीलप्यार, पनगपाळ, मळयज, मळयातर, मळियागरी रूखासिणगार, रूखासिरै, रूपवन, रोहण, रोहणीद्रुम, वल्लवसिवा, वामसुद्रुम, व्याळपाळ, सार, सीतरूख, सुगधक, सुझाड, सुनग, सुरभी, गोरभमूळ, स्रीखड।

मुहा०—१ चदण उतारणौ—चदन को पानी के साथ घिसना। बेवकूफ बना कर माल हड़पना। २ चदण चढाणौ—घिसा हुआ चदन लगाना, मूर्ख बनाना। ३ चदण लगाणौ—खर्चा करवाना।

रू०भे०—चदण, चदन।

यौ०—चदणगिरि, चदणगोह, चदणजोत, चदणधेनु, चदणहार।

२ उस वृक्ष की लकड़ी ३ इसकी लकड़ी के टुकड़ों को घिस कर बनाया जाने वाला लेप।

कहा०—चावळ, चदण, घण, त्रिया, तुरी, राग अर तार—ए दस पतळा ही भला, सिंह, सरप, सरदार—चावल, चदन, घास, स्त्री, राग, तार, सिंह, सर्प और योद्धा इन सबका पतला होना ही अच्छा है (पतलेपन की प्रशंसा)

४ छप्पय छद के तेरहवें भेद का नाम जिसमें ५८ गुरु ३६ लघु सहित ९४ वर्ण या १५२ मात्रायें होती हैं (र ज प्र) ५ डिंगल भाषा का एक गीत (छद) विशेष जिसके प्रथम चरण में चार सगण तथा २ लघु तथा द्वितीय चरण में दो भगण एक रगण व एक गुरु होता है।

६ डिंगल के 'वेलिया साणोर' छद का एक भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में ३६ लघु १४ गुरु कुल ६४ मात्रायें हो तथा इसी क्रम से शेष द्वालो मे ३६ लघु १३ गुरु सहित कुल ६२ मात्रायें हो (पिं प्र)
७ केसर (ह ना)
वि०—श्वेत, सफेद॰ (डिं को)
चदणगिरि—देखो 'चदन-गिरि' (रू भे)
चदणगोह—स०स्त्री०—एक प्रकार की विषैली गोह जो आकार मे छोटी और रग मे कुछ सफेदी लिये होती है।
चदणजोत, चदणज्योत, चदणज्योति—स०पु०—एक प्रकार का घोडा (शा हो)
चदणता—स०स्त्री०—चदनत्व। उ०—कुकव हू त आछो कुतर, ऊगे चदण पास। लहि चदण सौरभ लहै चादणता गुण रास।—बा दा
चदणधेनु—स०स्त्री०—[स० चदनधेनु] सौभाग्यवती मृत माता के पीछे पुत्र द्वारा चदन अकित कर दान मे दी जाने वाली गाय।
चदनहार—स०पु०यौ० [स० चदन+हार] गले मे धारण करने का एक मूल्यवान हार, चद्रहार।
चदणो—देखो 'चादणो' (रू भे) उ०—बाहर भीतर चदणा अनवध अवाह।—केसोदास गाडण
चदन—देखो 'चदण' (रू. भे)
चदनगिरि—स०पु०—[स०] मलयागिरि पर्वत।
चदनगोह—देखो 'चदणगोह' (रू भे)
चदनाम, चदनामो—स०पु०—१ यश, कीर्ति। उ०—१ रिण रमाइण जिसो रचावा, लडे मरा चदनाम लिखावा।—वचनिका
उ०—२ सरण वखाणै जगत, चित वखाणै जेम सिघ। मौज किव वखाणै चदनामो।—र ज प्र
२ उज्ज्वलता।
चदनादितेल—स०पु०यौ०[स०] आयुर्वेद मे एक प्रसिद्ध तेल जो लाल चदन के योग से बनता है।
चदपहास, चदप्रहास—स०स्त्री० [स० चद्रहास] चद्रहास, तलवार।
—ह ना
उ०—केहरि कहियौ पैज करि, ग्रहिया चद्रपहास। गोइद गिणिया मारियौ, पख इकणी काइ मास।—सू प्र
चदवाण—स०पु० [स० चद्रहास] एक प्रकार का बाण।
चदभागा—देखो 'चद्रभागा' (रू भे) उ०—पुकारा करै ऊभी घरे पोतरी, पाण पूजै न क्यू रहै पाली। मद भागा खोर लयण तसकर मिळै, चदभागा नीर तू पियण चाली।—गोपीनाथ गाडण
चदमा—देखो 'चद्रमा' (रू भे)
वि०—२ श्वेत, सफेद॰ (डिं को)
चदमारी—स०स्त्री०—१ घोडे के होने वाला एक प्रकार का रोग जिसके कारण घोडा अधिक सास लेता है और मुह बध रखता है।
२ देखो 'चांदमारी' (रू भे)

चदमुखी—स०स्त्री० [स० चन्द्रमुखी] चन्द्रमा के सामान मुख वाली, सुदर स्त्री। उ०—चदमुखी हमा गमणि, कोमळ दीरघ केस। कचन वरणी कामणी, वेगउ आवि मिळेस।—ढो मा
चदरगढ—स०पु०—चित्तौडगढ का एक नाम।—र हमीर
चदरमणि—स०स्त्री०यौ० [स० चन्द्रकान्त मणि] चन्द्रकान्त मणि।
उ०—चदर मणिया जडी जाळिया गोख सुहावै, मेघ न आडा आय सुधाकर किरण मिळावै।—मेघ०
चदरायण—देखो 'चाद्रायण' (रू भे)
चदरेवो—स०स्त्री०—चदोवा, वितान।
चदरोळियो—देखो 'चद्रमा' (अल्पा रू भे)
चदळ—स०पु०—[स० चदिल] चद्रमा, चाद (ना डिं को)
चदळई, चदळाई—स०स्त्री०—छोटा पौधा विशेष जिसकी पत्तियो का शाक बनाया जाता है।
चदळियो, चदळेवो—स०पु०—देखो 'चदळाई' (रू भे)
चदवदण, चदवदणी, चदवदनी, चदवयणि, चदवयणी—देखो 'चद्रवयणी' (रू भे) उ०—१ तूठा कुमेर वूठा वरुण, अणखूटा घण आविया। कव कहो चदवदनी कहै, (कन) राजा पदम रिझाविया।—द दा.
उ०—२ तणी वधावण नेत वध धरण सोढा तणी, तरण चदवदण कज वरण तावू। अमर कथ करण प्रथमाद सिर ऊपरा, परणवा पधारे राव पावू।—गिरवरदान सादू
उ०—३ चदवयणि चपक वरणि, अहर अलत्ता रगि। खजर नयणी खीण कटि, चदण परिमळ चगि।—ढो मा
चदवाळ—देखो 'चदावळ' (रू भे) उ०—१ गाहट हरवळ गोळ चोळ चदवळ करि चुख मुख।—सू प्र उ०—२ दानयार दहलियो, हुतो सझि हफतहजारी। तजि हरवळ ताण्हूँ, मिळे चदवळ दळ भारी।—सू प्र
चदवो—स०पु०—[स० चन्द्रापत] १ राजा-महाराजा या देवी-देवताओ के सिंहासन या गद्दी के ऊपर ताना जाने वाला छोटा मडप जो प्राय बढिया वस्त्र का बनाया जाता है और उसमे जरी तार आदि का कार्य किया जाता है। वितान।
पर्याय०—उच्चोळ, कदक, चदेरवो, चद्रोदय, वितान २ मोर के पख पर का चद्राकृति भाग।
चदाण, चदाणा—स०स्त्री०—चौहान वश की एक शाखा।
चदाणणि—वि०स्त्री० [स० चद्रानन+रा०प्र०ड] चद्रवदनी, चद्रमुखी।
उ०—चदाणणि चीर चमीर न चचळ, कुवर भडार न चित करिया। माहव समा खगार मरण दिन, सोयण सुणिजी सभरिया।
—खगार सोढा रो गीत
चदावत—स०पु०—सीसोदिया वश की शाखा, या इस शाखा का व्यक्ति।
चदावळ—स०स्त्री०—सेना के पीछे का भाग। (विलो० 'हरावळ')
रू०भे०—चडावळ, चडोळ, चडौळ, चदवळ, चदोळ, चदौळ, चदौळी।
चदिका— देखो 'चद्रिका' (रू भे)

चदिर, चदिळ–स०पु० [स० चादिर] चन्द्रमा, चाद (ना डि को)

चदूबाई–म०स्त्री०—चारण उदयराम सिंढायच की पुत्री जो देवी के रूप मे प्रसिद्ध हुई।

चदेरवो—देखो 'चदवो' (रू भे)

चदेरी–स०स्त्री०—ग्वालियर राज्य का एक प्राचीन नगर।

चदेरीपति–स०पु०यौ० [स०] चदेरी नगरी का राजा शिशुपाल। (महाभारत)

चदेल–स०पु०—राठौड वश की १२ प्रमुख शाखाओ मे से एक अथवा इस शाखा का व्यक्ति।

चदेळी—देखो 'चदळाई' (रू भे) उ०—तीजे रथावा वीरा खीचडी, चौथे चदेळै री साग, मेहा झड माडियो।—लो गी

चदोउ—देखो 'चदोवो' (रू भे)—उ र

चदोळ—देखो 'चदावळ' (रू भे) उ०—१ वाजू गोळ चदोळ महावळ, दळ गळ वीच घर्म धुवि दमगळ।—सू प्र उ०—२ तद कूच कियो। सो पदमसिंहजी सनुसाळ रतनोत हरवळ किया। चदोळ, जगाळ वगाळ वणाय नै कूच कियो सो गनीम आय हरवळ सू राड जे खाधी।
—पदमसिंह री वात

चदोळी—१ देखो 'चदावळ' (रू भे) उ०—तद नवाव महाराज नू बुलाय कही—चदोळी तुम सभाळो।—पदमसिंह री वात
क्रि०वि०—२ पृष्ठ भाग मे, पीछे। उ०—तीरथ जात समस्त सवळ साथा मिळ सगा, रास तमासा रमे हुलस नाचे हुडदगा। माजी-मेळा साग देव राखी चदोळी, मिंदर मडी मसाण होळिका फाग हरोळी।—ऊ का

चदोवो—देखो 'चदवो' (रू भे)

चदो–स०पु० [स० चद्र] १ चद्रमा, चदा। उ०—साजन ऐसी प्रीत कर, निस अर चदे हेत। चदे विन निस सांवळी, निस विन चदो सेत।
—अज्ञात
[फा० चद] २ किसी कार्य के लिए पूरे व्यय का व्यक्तिगत या समूह मे इच्छानुसार दिया गया कुछ अश ३ किसी पत्र या पत्रिका का वार्षिक शुल्क ४ किसी सभा, सोसायटी या क्लब का मासिक या निश्चित अवधि पर दिये जाने वाला शुल्क या धन-राशि।

चदौळ—देखो 'चदोळ' (रू भे) उ०—हरणं खग झाट अमीर हरोळ, चुरै गळ गोळ अनेक चदोळ।—सू प्र

चद्दर–स०पु० [स० चदिर] चद्रमा, चाद (ना मा)

चद्धा–स०स्त्री०—छोटी गोटी। उ०—चद्धा दे मुत ! चाकरिन, पेट स्याण पाळ त। चाकरि प्रदेस वळ चढ़चा, झडभड कगळ जत।
—रैवतसिंह भाटी

चद्र–स०पु० [स०] १ चंद्रमा, चाद (अ मा) २ एक की सख्या* (हिं को) ३ कपूर ४ १८ उपद्वीपो मे से एक (पौराणिक) ५ पिंगल मे टगण के दसवें भेद का नाम ॥ऽ॥ (र ज प्र) ६ मृगशिरा नक्षत्र।

चद्रई–स०पु० [स० चद्र] चद्रमा, चाद। उ०—चद्रई ग्यारमो देव है, तीसरी चद्र छह खोडीला जोगी। काल जोगण भद्रा नही पुख नछत्र नई कातिक मास।—वी दे

चद्रक–स०पु० [सं०] १ चद्रमा, चाद २ देखो 'चद्रिका' (रू भे) ३ मालकोश राग का एक पुत्र (सगीत)

चद्रकन्यका–स०स्त्री०—इलायची (अ मा)

चद्रकळा–स०स्त्री० [स० चद्रकला] १ चद्रमा की किरण. २ चादनी, चद्रिका ३ एक प्रकार की बहुमूल्य स्त्रियो के ओढने की साडी। उ०—गुजरात मे चद्रकळा साडी उमदा हुवै।—वा दा ख्यात ४ सोलह की सख्या*।

चद्रकळाधर–स०पु०यौ० [स० चद्रकलाधर] महादेव, शिव।

चद्रकात–स०पु० [स०] १ एक प्राचीन काल्पनिक रत्न या मणि जिसके विषय मे यह प्रचलित है कि वह चद्रमा के सामने करने पर पसीजता है और बूद-बूद कर टपकता है। २ एक राग (सगीत)

चद्रकांतमणि—देखो 'चद्रकात' (१)

चद्रकाता–स०स्त्री० [स०] १ चंद्रमा की पत्नी २ रात्रि, रात।

चद्रका—देखो 'चद्रिका' (रू भे) उ०—१ चद्र हूत चद्रका द्रस्ट वीछडी न देखी, घण निवास वीजळी पासि तजि टळी न पेखी।
—रा रू.
उ०—२ इम निसि सुकळ वाग न्रप आए। विमळ चद्रका साज वणाए।—सू प्र.

चद्रकार–स०पु०—एक प्रकार का वाण।

चद्रकीरति–स०पु० [स० चद्रकीर्ति] १ वह घोडा जिसके ललाट पर दो भौंरी हो। यह शुभ माना जाता है (शा हो)

चद्रकुळ्या–स०स्त्री० [स० चद्रकुल्या] काश्मीर की एक नदी का नाम (प्राचीन)

चद्रकूट–स०पु० [स०] कामरूप प्रदेश मे स्थित एक पर्वत (पौराणिक)

चद्रकूप–स०पु०—काशी मे स्थित एक कूप जो तीर्थस्थान माना जाता है।

चद्रगच्छ—जैनियो का एक कुल।

चद्रगुप्त–स०पु०—१ चित्रगुप्त का एक नाम. २ मगध देश का प्रथम मौर्य्य वशी राजा (ऐतिहासिक)

चद्रगोळ–स०पु० [स० चद्रगोल] चद्रमडल।

चद्रग्रहण–स०पु०यौ० [स०] चद्रमा का ग्रहण।
वि०वि०—देखो 'ग्रहण'।

चद्रघटका, चद्रघटा–सं०स्त्री० [सं० चद्रघटिका] नव दुर्गाओ के अतर्गत एक दुर्गा। उ०—देवी चद्रघटा महम्माय चडी, देवी वीहळा अग्रळा वडु-वडी।—देवि.

चद्रचूड–स०पु०—अपने शिर पर चंद्रमा को धारण करने वाला, शिव, महादेव।

चद्रचूडामणि–स०पु० [स०] १ फलित ज्योतिष के अनुसार ग्रहों का एक योग।

चद्रज–स०पु०—चद्रमा का पुत्र, बुध।

चद्रतहास—देखो 'चद्रहास' (रू भे)

चद्रदास-सं०स्त्री० [स०] चद्रमा को व्याही गई दक्ष की २७ कन्यायें जो २७ नक्षत्र स्वरूप हैं (पौराणिक)

चद्रदुरग-स०पु०—चित्तौडगढ का एक नाम। उ०—तुरगा मे ज्यूं सूरज री तुरग, दुरगा मे इण भात चद्रदुरग।—र हमीर

चद्रद्युति-स०स्त्री० [स०] १ चंद्रमा का प्रकाश या किरण. २ चादनी।

चद्रधर, चद्रपीड-स०पु०—शिव, महादेव।

चाद्रपुरिया-स०पु०—रामावत साधुओ का एक भेद।

चाद्रप्रभा-स०स्त्री [स०] १ चद्रमा की रोशनी. २ अर्श, भगदर और प्रमेहादिक रोगो पर दी जाने वाली एक गुटिका (वैद्यक)

चद्रप्रभु—जैनियो के आठवें तीर्थंकर का नाम।

चाद्रप्रहास—देखो 'चद्रहास' (रू भे) उ०—ऊगा सूर समौ ऊदावत, बढै वसू वोळ विरोळ। चळग्रळ अरी तणौ चीतौडा, चाद्रप्रहास नित रहे चोळ।—प्रथ्वीराज राठौड

चाद्रबधूटी-स०स्त्री०—वीरवहूटी।

चद्रबाळा-स०स्त्री० [स०] १ चद्रमा की स्त्री २ चद्रमा की किरण ३ स्त्रियो के शिर पर धारण करने का आभूषण विशेष।

चद्रबिंदु-स०पु० [स०] अर्द्ध चद्राकार या अनुस्वार की बिंदी जो सानुनासिक वर्ण पर लगती है।

चद्रभाणु-स०पु० [स०चद्रभानु] श्री कृष्ण की रानी सत्यभामा का एक पुत्र।

चद्रभाग-सं०पु० [सं०] १ चद्रमा की कला २ हिमालय पर्वत श्रेणी के अतर्गत एक पर्वत शिखर ३ सोलह की संख्या।

चद्रभागा-स०स्त्री० [स०] हिमालय के शिखर चद्रभाग से निकलने वाली एक नदी जिसे चिनाव भी कहते हैं। उ०—आगळि वहै प्रवाह अधागा, भळहळ सुजळ नदी चद्रभागा।—सू प्र

चद्रभाळ-स०पु० [स०चद्रभाल] मस्तक पर चद्रमा धारण करने वाला, शिव, महादेव। उ०—देख गरुड अग्रेज दळ वणिया नृप अन व्याळ। जठे मान 'जोधा' हरौ भूप हुवौ चद्रभाळ।—बाकीदास

चद्रमण, चद्रमणि, चद्रमणी [स० चन्द्रमणि]—चद्रकात मणि।

चद्रमानो-स०पु०—एक प्रकार का शुभ रग का घोडा।

चद्रमा-स०पु० [स० चद्रमस्] पृथ्वी की परिक्रमा करने वाला एक उपग्रह जो सूर्य से प्रकाश लेकर आकाश मे चमकता है।
पर्याय०—अब, अपघातस, अपध्यान, अम्रतभव, इदु, उडपति, उडराज, एणपताका, ओखधीस, कजारी, कमोदी, कळानिधि, किरणउजळ, कुमदवधु, गुणयळ, गुणरासि, गोधर, ग्रहि, ग्लौ, चचळ, चक्रवाकवियोग, छदनाच, छपाकर, छायावाळ, जगवदक, जटाअमीझर, जरण, तपस, तारापत, दधिसुत, दरपणजगत, दुजपत, दुजराज, नखत्रेस, नभगामी, नरजपुर, निसकर, निसचरण, निसनेत्र, निसमडण, निसाकर, पदमणीपती, बुधजामी, भ्रातालछी, मधुकर, मयक, अगक, अगवाह, रजनीपति, रतन, राकेस, रोहणीधव, विधु, विसदसरीर, ससहर, ससि, सारग, सिंधुसुवण, सिवभाळी, सीतसु, सीतहर, सुखमादसद, सुधासु, सुधाकर, सुधाधर, सुधारसम, सुधास्रव, सुभरासि, सुभ्रकर, सुभ्रकरण, सेतकरण, सोम।
मुहा०—चद्रमा बळवान होणौ—अच्छा समय होना।
रू०भे०—चद, चद्दर, चद्र, चाद, चादौ।
अल्पा०— चद्रोळियौ, चद्रियौ, चादडौ।

चंद्रमाललाट-स०पु०यौ० [स० चद्रमा+ललाट] शिव, महादेव।

चद्रमाळा-स०पु० [स०चद्रमाला] १ प्रत्येक चरण मे प्रथम दस लघु फिर एक गुरु अत मे आठ लघु, इस प्रकार कुल १९ वर्णों का वर्णिक छद २ २८ मात्राओ का छद विशेष ३ चद्रहार।

चद्रमिणि—१ देखो 'चद्रमणि' (रू भे) २ एक प्रकार का नग विशेष (अ भा)

चद्रमौळी-स०पु० [स० चद्रमौली] शिव, महादेव।

चद्ररूप-स०पु०यौ०—एक प्रकार का घोडा (शा हो)

चद्रलोक-स०पु०यौ० [स०] चन्द्रमा का लोक।

चद्रवस-स०पु० [स० चद्रवंश] क्षत्रियों का एक प्रसिद्ध वश।

चद्रवसी-वि० [स० चद्रवशिन्] चद्रवश मे उत्पन्न व्यक्ति।

चद्रवधू-स०स्त्री—वीरबहूटी।

चद्रवयणि, चद्रवयणी-स०स्त्री यौ० [स०चद्रवदनी] चद्रमा के समान सुन्दर मुख वाली, चद्रमुखी।

चद्रवौ—देखो 'चदवौ' (रू भे) उ०—आभा चित्र रचित तेणि रगि, अनि अनि मणि दीपक करि सूध मणि। माडी रहे चद्रवा तणं मिसि, फण सहसेई सहसफणि।—वेलि

चद्रव्रत—देखो 'चाद्रायण' (रू भे)

चद्रसरोवर-स०पु०—व्रज मे एक तीर्थ-स्थान।

चद्रसार-स०पु०—डिंगल भाषा मे प्रयुक्त एक गीत (छद) विशेष।

चद्रसाळ-स०पु० [स० चद्रशाला] १ छत पर खुला भाग जो किसी कमरे के सामने हो। अटारी। उ०—गवाक्ष तै अगाक्ष की कटाक्ष तै निगै नही। थिराभ चद्रसाळ चद्रसाळ पै थिगै नही।—ऊ का २ चादनी, चद्रिका।

चद्रसिखर—देखो 'चंद्रसेखर' (रू भे)

चद्रसूरिए-स०पु०—घोडे के ललाट पर होने वाली दो भवरिया या चक्र (शुभ) (शा हो)

चद्रसेखर-स०पु० [स० चद्रशेखर] १ शिव, महादेव (ह ना) २ एक पर्वत ३ सगीत का एक ताल।

चद्रस्वारथी-स०पु०—वह घोडा जिसका वर्ण श्वेतमिश्रित लाल हो व श्वेत नेत्र हों। (शा हो)

चद्रहार-स०पु०—गले मे धारण किया जाने वाला मणियों का एक अर्द्धचद्राकार हार विशेष।

चद्रहास-स०स्त्री०—१ तलवार, खग (ह ना अ मा) उ०—१ सिंह

री वार होता ही इणरा कुभी रै कलावै चामुडराज री चद्रहास झडियो ।—व भा
उ०—चद्रहास झट धके चहोडे, तेर हजार दुसह भड तोडे ।—सू प्र
रू०भे०—चद्रतहास, चद्रपहास, चद्रप्रहास ।
चद्राणी–स०स्त्री०—दुर्गा का एक नाम । उ०—देवी वैस्णवी ब्रह्माणी, देवी इद्राणी चद्राणी खराणी ।—देवि
चद्राणण–स०स्त्री—१ चद्रमुखी, सुन्दरी । उ०—मिळिया बहु साजण उच्छव मेळा । चद्राणण राग करत मचेळा ।—सू प्र
२ देखो 'चाद्रायण' (रू भे)
चद्राणणि, चद्राणणी—देखो 'चाद्राणण' (१)
उ०—चद्राणणी कहता चादवदनी रुखमणी जी ।—वेलि टी
चद्रापीड–स०पु० [स०] १ शिव, महादेव. २ पाडुपुत्र अर्जुन के मित्र का नाम ।
चद्रायण, चद्रायणी–स०पु०—१ देखो 'चाद्रायण' (रू भे)
२ २१ मात्राओ का एक मात्रिक छद विशेष जिसके प्रत्येक चरण मे ११ और १० पर यति हो । प्रथम विराम पर जगण तथा दूसरे विराम पर रगण होता है ।—ल पि
३ गौरी-पूजन के समय गाया जाने वाला एक प्रकार का लोक गीत ।
चद्रालोक–स०पु० [स०] १ चद्रमा का प्रकाश, चादनी ।
२ देखो 'चद्रलोक' (रू भे)
चद्रावत–स०पु०—सीसोदिया क्षत्रियो की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति ।
चद्रावळ–स०पु०—चाद्रायण व्रत ।
चद्रावळी–स०स्त्री० [स० चाद्रावली] श्री कृष्ण पर अनुरक्त एक गोपी का नाम ।
चद्रासक—देखो 'चद्रहास' (रू भे) उ०—हरी सुत ऊदल भाण हठाळ, चद्रासक आस हणै चमराळ ।—सू प्र
चद्रिका–स०स्त्री० [स०] १ चद्रमा का प्रकाश, चाँदनी, ज्योत्स्ना ।
२ मयूरपख के ऊपर का अर्द्ध चद्राकार भाग जो सुनहले मडल के मध्य चमकता है ३ पंजाब की चिनाब नदी का नाम ४ जूही ५ चमेली ६ सस्कृत का व्याकरण का एक ग्रथ ।
चद्रूग्रो—देखो 'चदोवो' (रू भे) उ०—पट्ट कूल मेधवन्ना करथा, कोठह कोठह विमणा धरथा । रत्नजडित चद्रूग्रा थिका, दीसइ मोती ना भूब्रखा ।—का दे प्र
चद्रूयउ, चद्रोदय–स०पु० [स० चद्रोदय] १ चद्रमा का उदय २ गधक, पारा और सोने की भस्म के योग से बनाया जाने वाला एक रस (वैद्यक) ३ चदोवा, वितान ।
चनण—१ देखो 'चदण' (रू भे) २ प्रकाश, उजाला ।
चप–स०पु०—१ राठौड वश की चापावत शाखा या इस शाखा का व्यक्ति २ भय, डर, शका ३ चपा नामक वृक्ष या इस वृक्ष का पुष्प । उ०—महकीय रभ गळै चप माळ ।—गो रू
४ मार, प्रहार, चोट । उ०—ताहरा पठाणा सेती लडाई की सु मुगळा री फौज मुही । वामा पठाणे चप की तीरा री । ताहरा मुगळ विचळते हौज मार की ।—दळपत विलास
चपई—देखो 'चपाई' (रू भे.)
चपउ–स०पु०—देखो 'चपो' (रू भे) उ०—थळ भूरा वन झखरा, नही सु चपउ जाइ । गुणे सुगधी मारवी, महकी सहु वणराइ ।
—ढो मा
चपक–स०पु०—१ चपा । उ०—पुहपा मिसि एक एक मिमि, पाता लाछिया द्रव माडिया उसेलि । दीपक चपक लाखे दीधा, कोडिधजा फहराणी केळि ।—वेलि
२ सपूर्ण जाति का एक राग (सगीत)
३ पीला, पीत वर्ण का, चपे के रग का (डि को)
चपककळी–स०स्त्री०यौ०—स्त्रियों द्वारा गले मे धारण किया जाने वाला आभूषण ।
चपकमाळा–स०स्त्री०यौ० [स०] १ चपा के फूलों की माला, हार ।
उ०—सोहे नीलावर सहत, प्रमुदा प्रीत प्रमाण । चपक माळा हरत चित, जुत भमरावळि जाण ।—बा दा
२ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक पाद मे क्रमश भगण, मगण, सगण और अन्त में एक गुरु होता है ।
चपकळी–स०स्त्री०—१ चपा के फूल की कली । उ०—चपकळी चकचूर टळी चित चाह सू । नख कमळा दळ नीरक हीर निबाह जू ।
—बा दा
२ चपा के समान नेत्र ३ एक प्रकार का घोडा (शा हो)
चपकवरणी–स०स्त्री०—१ चपा के समान रग वाली स्त्री, गौर वर्ण वाली स्त्री । उ०—सुदर गोरी ग्रोळू थारी परी रे निवार, चपक-वरणी, बावोसा री ग्रोळू सुसरोजी भागसी ।—लो गी
रू०भे०—चपकवरणी, चपावरणी ।
चपणो–वि०—१ भयभीत होने वाला २ दबने वाला ३ छिपने वाला ४ लज्जित होने वाला ।
चपणो, चपबो–क्रि०अ०—१ भयभीत होना । उ०—चपै सीचाणू मग असमाणू पुळत न जाणू पखांणू । तळ खचे बाणू दुसटी पाणू रहे नराणू रखिमाणू ।—भगतमाळ
२ छिपना । उ०—या सुणता ही लोहद्धक होय पडिये थके ही मलय लेर चालुक्यराज हमीर कैमास री काख मे चपिया, आपरा स्वामी नू झाटकियो ।—व भा
३ पैर रखना, कदम रखना । उ०—प्रस्थान रै प्रथम वारहठ लोहठ नरेस नू कहियो—मडोवर रै अधीस हम्मीर पडिहार आपणा चरण चपै जतरी जमी द्विजा नू देण कही ।—व भा
४ दवाना, दावना । उ०—रद चपै होठ डसै रढ रावण अग खडा रोमच अभावण ।—र रू.
५ पकडना । उ०—आगळै प्रिया प्री चौथे आरंभि, फेरा त्रिण्हि

इए भाति फिरि। कर सागुस्ट ग्रहण कर सूं करि, करो कमळ चपियो किरि।—वेलि

६ चौंकना ७ लज्जित होना।

चपणहार, हारौ (हारी) चपणियौ—वि०।

चपवाडणौ, चपवाडबौ, चपवाणौ, चपवाबौ, चपवावणौ, चपवावबौ —प्रे०रू०

चपाडणौ, चपाडबौ; चपाणौ, चपाबौ, चपावणौ, चपावबौ —क्रि०स०प्रे०रू०

चपिग्रोडौ, चपियोडौ, चप्योड़ौ—भू०का० कृ०।

चपीजणौ, चपीजबौ—क्रि० भाव वा०, कर्म वा०।

चपत-वि०—गायब, अंतर्धान, चलता।

क्रि०प्र०—वरणरणौ, होणौ।

चपलौ—देखो 'चपौ' (अल्पा रू भे) उ०—म्हारी धीयड चोळी पान की, जवाई चपलै री फूल, आज म्हारी अमली फळ रही।—लो गी

चपहरी-स०पु०—एक विशेष प्रकार के रग का घोडा (शा हो)

चपा-स०स्त्री०—१ प्राचीन काल के अग देश की राजधानी (महाभारत) २ घोडो की एक जाति विशेष।

चपाई-वि०—चपा वृक्ष के फूल के रग के समान, पीले रग का।

चपाकळी-स०स्त्री०—१ स्त्रियो का गले मे पहिनने का एक आभूषण विशेष जिसमे चपा की कली के आकार के सोने के दाने जजीर या रेशम के धागो मे गुंथे रहते है २ चपा वृक्ष की कली या फूल।

चपाणौ, चपाबौ-क्रि०स०—१ भयभीत करना। उ०—नारद कौ देवा निगळि अग्गै उफणाया, इत नर उर न्रिप के सचिव चाळुक चपाया।—व भा

२ लज्जित कराना ३ चौंकाना ४ छिपाना ५ दबाना।

चपाधप, चपाधिप-स०पु०यौ० [स० चम्पाधिप] कर्ण का एक नाम (अ मा)

वि०वि०—महाभारत मे एक स्थान पर लिखा है कि दुर्योधन ने कर्ण को अग देश का राज्य दे दिया था। अग देश की राजधानी चपापुर थी, अत कर्ण 'चपाधिप' कहलाने लगे।

चपानयरी, चपानरी-स०स्त्री०—१ एक प्रकार की तलवार २ चपानगरी।

चपापुर—देखो 'चपा' (रू भे)

चपायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ डराया हुआ, भयभीत किया हुआ २ चौंकाया हुआ ३ लज्जित किया हुआ ४ दबवाया हुआ। (स्त्री० चपायोडी)

चपारण्य, चपारन-स०पु० [स० चपारण्य] प्राचीन काल का एक जगल, चम्पारन।

चपावणौ, चपावबौ—देखो 'चपाणौ' (रू भे)

चपावरनी, चपावरणी—देखो 'चपकवरणी' (रू भे)

चपावियोडौ—देखो 'चपायोडौ' (रू भे) (स्त्री० चपावियोडी)

चपियोडौ-भू०का०कृ०—१ छुपा हुआ २ भयभीत ३ लज्जित, शकित (स्त्री०—चपियोडी)

चपी-स०पु०—१ चापना या दबाना क्रिया का भाव। उ०—पगचपी मे करू आपरी, हाजर खडी हजूर। घूणी ऊपर पडयो रहूँला, नही आपसू दूर।—अज्ञात

२ शिर मे तेल डाल कर मालिश करने की क्रिया।

क्रि०प्र०—करणी, कराणी।

चपू-स०पु० [स०] वह काव्य ग्रथ जिसमे गद्य के साथ पद्य भी हो। गद्य-पद्यमय काव्य।

चपेल-स०पु०—चमेली का तेल। उ०—बाघू बड री छाहडी, नीरू नागर वेल। डाम सभाळू हाथ सू, चोपड़ सू चपेल।—ढो मा

चपेली—१ देखो 'चमेली' (रू भे) उ०—म्हारी धीयज हाथ री मू दडी, जवाई म्हारै चपेली री फूल, सहेल्या ए आवौ मोरियौ। —लो गी.

२ देखो 'चापेल' (रू भे)

चपेलू—देखो 'चापेल' (रू भे)

चपोराव-स०पु०—एक प्रकार का घोडा (शा हो)

चपौ-स०पु० [स०चपक] १ हल्के पीले रग के सुगधित फूलो वाला एक वृक्ष तथा इसका फूल। उ०—चपौ चीतोडाह, पोरस तणौ 'प्रतापसी'। सौरभ अकबर साह, अलियळ आभडियौ नही।—सूरायच टापरियौ

२ एक प्रकार का बडा सदाबहार पेड जो दक्षिण भारत मे बहुतायत से पाया जाता है।

३ चपा जाति का एक रग विशेष का घोडा।

रू०भे०—चापौ।

अल्पा०—चपलौ।

चबल-स०स्त्री [स०चर्मण्यवती] राजस्थान की दक्षिणी पूर्वी सीमा पर बहने वाली एक नदी जो विंध्याचल पर्वत से निकल कर यमुना मे मिलती है।

चबुक-स०पु० [स० चुंबक] १ एक प्रकार का कडा पत्थर जिस पर लोहे की चोट पडने से आग निकलती है। चकमक।

२ देखो 'चुबक' (रू भे)

चबेली—देखो 'चमेली' (रू भे)

चमर—देखो 'चावर' (रू भे)

चमाट-स०स्त्री—चिमटी। उ०—हरी वाळ चमाट जेही चहोडै। तमासा ज्यूही खाचि धानख तोडै।—सू प्र

चमाळीस—देखो 'चमाळीस' (रू भे)

चम्मर—देखो 'चवर' (रू भे) उ०—दळा गहमह कीध डवर, चौसरा सिर हुवा चम्मर। गाजता गज मेघ गाजा, वाजता मगळीक वाजा। —सू प्र

चयाळीस—देखो 'छयालीस' (रू भे)

चवटौ—देखो 'चौवटौ' (रू भे) उ०—चवटै ऊतरिया हालरिया रा बाप, ओरा मे उतरी सीतळा।—लो गी

चवर–स०पु० [स० चामर] १ राजाओ या देव-मूर्तियों के सिर पर पीछे या बगल से डुलाया जाने वाला सुरा गाय की पूछ के वालो का गुच्छा जो काष्ठ, चादी या सोने के डडे मे लगा रहता है।
क्रि०प्र०—करणौ, डुलाणौ, ढुळाणौ।
पर्याय०—वाळव्यजण, रोमगुच्छ।
रू०भे०—चम्मर, चामर।
यौ०—चवरदार।
२ देखो 'चवरी' (२) (रू भे) उ०—पडवै नह पौंढीह, उर कोडी विलखै अखा। चवर वीच छोडीह, किम कर सोढी कामणी—पा प्र
वि०—श्वेत, सफेद* (डि को)

चवर गाय–स०स्त्री०—वह गाय जिसके पूंछ के वाल सफेद हो तथा गुच्छेदार हो।

चवरदार–स०पु०—चंवर डुलाने वाला सेवक।

चवरियौ—देखो 'चावरी' (अल्पा)

चवरी–स०स्त्री—१ काठ की डडी मे घोडे की पूछ के वालो का लगाया हुआ गुच्छा जो प्राय मक्खिया आदि उडाने के काम मे लिया जाता है।
[स० चतुरिका, चत्वर, प्रा० चउरी] २ विवाह-मडप, वेदी।
उ०—१ चाल करि कुनणपुर एम चवरी चढे। 'जगा' री किसनगढ जोध जेही।—कमो नाई
उ०—२ परणीजता मगळीक वाजतौ हो, उण ढोल रा ही वाजा सू मूछ मुहारा सू मिळी ही सो म्हैं तौ चवरी मे ही परख लीधौ—कत सूरवीर जुद्ध मे मरणवाळौ है।—वी स टी
मुहा०—चवरी चढणौ (वैठणौ)—विवाह के लिये वर या वधू का विवाह-मडप मे प्रवेश करना।
रू०भे०—चमरी, चम्मरी, चउरी।
यौ०—चावरी-दापौ।
३ विवाह के अवसर पर लिया जाने वाला प्राचीन समय का सरकारी कर।
४ विवाह-मडप मे पाणिग्रहण सस्कार हेतु दूल्हे के आगमन पर गाया जाने वाला एक मारवाडी लोकगीत ५ वह गाय जिसके पूंछ के वाल सफेद व गुच्छेदार हो।
रू०भे०—चवर गाय।
६ जागीरदारो द्वारा प्रजा से विवाह के अवसर पर कन्या के पिता या सरक्षक से लिया जाने वाला कर।

चवरीदापौ–स०पु०यौ०—विवाह-मडप में भांवरी सस्कार होने के वाद उसी समय कुल-गुरु को नेग के रूप मे दिया जाने वाला द्रव्य।

चवरौ–स०पु०—१ एक प्रकार का वृषभ जिसके पूछ व आखो दोनो के वाल सफेद होते हैं। यह अशुभ माना जाता है. २ जमीन के काष्ठ के मोटे व मजवूत डडे गाड कर उस पर छाजन आदि डाल कर वनाई जाने वाली झोपडी। लकडियों के सहारे वना कच्चा मकान
३ शरीर के अंगो पर से मैल उतारने का उभरे हुए दानों का एक उपकरण विशेष ४ काष्ठ का डडी मे घोडे की पूछ के वालो का लगाया हुआ गुच्छा जो प्राय. मक्खिया आदि उडाने के काम मे लिया जाता है।

चवळाई—१ देखो 'चादळाई' (रू.भे) २ देखो 'चवळेरी' (रू.भे)

चवळेरी, चवळोडी–स०स्त्री०—चौंला नामक द्विदलीय अनाज की फली।

चवळौ–स०पु०—एक प्रकार का द्विदलीय अनाज जिसकी दाल वनाई जाती है, चौला।

चवार–स०स्त्री०—मूग, मोठ, चौंला आदि अनाज के पौधो के पुष्प।

चवाळियौ–स०पु०—भारी पत्थर उठाने की मजदूरी करने वाला मजदूर (इमारत)

च–स०पु०— १ आलिंगन २ ज्वाला ३ अग्नि. ४ चद्रमा. ५ समूह ६ मुख ७ ग्रह ८ मनोहर. ९ सपत्ति १० मूर्ख. ११ चोर. १२ दुर्जन. १३ कच्छप (एका०)
अव्य०—और। उ०—दीसइ विव्रहचरियं जाणिज्जइ सयण दुज्जण सहावो अघ्पण च कलिज्जइ, हुडिज्जइ तेण पुहवीए।—ढो मा

चइ–स०स्त्री० [अनु०] हाथी को घुमाने आदि के समय महावतो द्वारा वोला जाने वाला शब्द।
अव्य०—के। उ०—पूगळ देस दुकाळ थियु, किणही पाळ विमेसि। पिंगळ ऊचाळउ कियउ, नळ नरवर चइ देसि।—ढो मा

चइलौ, चईलौ–स०पु०— १ माग, राह, रास्ता २ गाडियों के पहियो के निशानो से वना हुआ रास्ता।
२ लोहे की वनी रेल की पटरी ४ परिपाटी, रूढि।
रू०भे०—चहिलौ, चहीलौ, चीलौ, चील्लौ, चील्हौ।

चउर—देखो 'चवर' (रू भे)
उ०—मारू अउ राउ सहदेइ मत्ति ताणावि छत्र वइठउ तखत्ति। ऊजला चउर ढळकइ अवीह, सिरि छत्र अविच्चळ जइतमीह।
—रा ज सी

चउ–वि० [स०चतुर] चार। उ० — १ केसव कुळ सुरसिंह उचित कहि धुर भट ए चउ गेह घरे—व भा। उ०—२ कीधा इण खेतल कवर आगै चउ उपयाम—व भा।
अव्य०—सवधसूचक, का। उ०—ढोलउ मारू परणिया, वरदळ हुवउ उछाह। आ पूगळ चो पदमिणी, अउ नरवर चउ नाह।—ढो मा

चउक—देखो 'चौक' (रू भे) उ०—मोती चउक पुराविया। वाजीत्र वाजै धुरइ निसाण।—वी दे
देखो—'चोकी' (रू भे) उ०—ढोलउ मारू पउढिया, रस मइ चतुर सुजाण। च्यारे दिसि चउकी फिरइ, सोहइ भूप जुवाण।
—ढो मा

चउकीवट्ट–स०पु० [स० चतुष्कपट्ट] काष्ठ की चौकी।

चउगठि, चउगट्टि—देखो 'चौवट' (रू भे) (उ र)

चउगणउ, चउगणौ, चउगिणउ, चउगुणउ, चउगुणौ—देखो 'चौगुणौ'

(रू भे) (उ र) उ०—१ घन विहाडउ आज कउ, देव उठि दीयो चउगिणउ मान।—वी दे उ०— २ पाडघा परधान तेडावीयो आणि। देसू जब लगि चउगणो मान—वी दे

चउघडयउ, चाउघडिउ—देखो 'चौघडियौ' (रू भे) (उ र) उ०—माघ पडित बोलइ तिणि ठाई। उचघडयउ बाजइ सीह दुवारि।—वी दे

चउचाळक–स०पु०—कछुआ। उ०—गज ठणिया घण ग्राह, बाह जणिया बादाळक। तणिया करभ तिमीस, चरम भणिया चउचाळक।
—व भा

चउडोत्तरसउ—देखो 'चौडोतरसौ' (रू भे) (उ र)

चउतरौ—देखो 'चबूतरौ' (रू भे) उ०—घडी-घडी घडियाळे सान, राति दिवस नु लाभइ मान। चहुटा चउक चउतरा घणा, ठामि ठामि माडई पेखणा।—का दे प्र

चउत्थ—१ देखो 'चौथौ' (रू भे) उ०—पहर चउत्थै पौढियौ, गिणतौ फौज गरीव। दोय घडी जक जीभ नू बैरी आण नकीव।
—वी स

स्त्री०—चउत्थी।

२ देखो 'चौथ' (रू भे) ३ एक प्रकार का व्रत जिसमे तीन समय छोड कर चौथे समय भोजन किया जाता है (जैन)

चउत्थौ—देखो 'चौथौ' (रू भे) उ०—सुमिरि सु चउत्थि हड्डिय सतिय काय हाय रक्खहि किलन।—व भा.

स्त्री०—चउत्थी।

चउत्रीस—देखो 'चौतीस' (रू भे) (उ र)

चउथ, चउथउ, चउथि, चउथी—देखो 'चउत्थ' (रू भे) (उ र) उ०—१ चउथ अधारी (दि) नई मगळवार, चद उजाळउ घरि घरि वारि।—वी दे उ०— २ विढयउ जउत चउथि सिनिवारे।
—रा ज सी

उ०— ३ त्रीजीइ अणतउ सीसोदीउ, जइत वाघेळउ चउथी रहिउ।—का दे प्र

चउथौ—देखो 'चउत्थौ' (रू भे) उ०—पदमनाभ पडित मति कही, चउथा खड समाप्ति हुई।—का दे प्र (स्त्री० चउथी)

चउदती–स०पु० [स० चतुर्दन्ती] इन्द्र का एरावत हाथी जिसके चार दात माने जाते हैं। उ०—चउदतौ चउ पासी रूप मणोहर।—स कु

चउदतौ–स०पु०—एक प्रकार का घोडा (शा हो)

चउद—१ देखो 'चवदै' (रू भे) २ देखो 'चवदस (रू भे)

चउदसी—देखो 'चवदस' (रू भे) (उ र)

चउदह, चउद्दह— देखो 'चवदै' (रू भे) उ०—करण अरथ चउदह विद्या वे उर व्याकरण भला गुण जाणगर।—ल पिं

चउदमउ, चउदमौ—देखो चबदमौ' (रू भे)

चउपट–क्रि०वि०—खुलेग्राम। उ०—हुई वेढि सरोवर तिणि वार, राउति भला किया हथियार चउपट। धाइ एक मना भिडया, लखणउ नइ साल्हउ रिण पडया।—का दे प्र

स०पु०—देखो 'चौपट' (रू भे)

चउपन—देखो 'चौपन' (रू भे) (उ र)

चउफळा–क्रि०वि०—देखो 'चौफेर' (रू भे) उ०—रचीइ चंद्रूआ चउफळा ए माहि मोतीयडे जाळ।—का दे प्र

चउरसउ–वि० [स० चतुस्र] चार (उ र)

चउराणू, चउरांणू—देखो 'चौराणू' (रू भे) (उ र)

चउरासियौ–स०पु०—१ वह राजपूत जिनके अधिकार मे भूमि न हो। २ देखो 'चौरासियौ' (रू भे)

चउमाळीस—देखो 'चौमाळीस' (रू भे) (उ र)

चउरासी—१ देखो 'चौरासी' (रू भे) उ०—कु कु चदन पाका पान, कर जोडे राजा कहई। चालउ चउरासी राव की की जान।
—वी दे

चउरी—देखो 'चवरी' (रू भे) उ०—गढ अजमेरा गम करउ, चउरी बइसी पखाळज्यो पाव।—वी दे

चउवाण—देखो 'चौहान' (रू भे)

चउवीस—देखो 'चौवीस' (रू भे) (उ र)

चउसट्ठि, चउसठि—देखो 'चौसठ' (रू भे) उ०—१ देवडी नामि उमा घरणि, मारुवणी तसु धू कुमरि। चउसठि कळा सुदरी चतुर, कथा तास कहिसु सुपरि।—ढो मा

उ०— २ घूम्मै खेतरपाळ ले घन रत्त घुटक्कै। चाहै रत्त चटट्ठिके चउसट्ठि चहक्कै।—व भा

चउसाळउ—देखो 'चौसाळा' (रू भे) (उ र)

चउहट्ट, चउहट्टइ—देखो 'चौहटौ' (रू भे) उ०—लाखीक मिळइ माडही लोक, चउहट्ट हाट माणिक्क चौक।—रा ज सी

चउहूगमाह–क्रि०वि०—चारो ओर। उ०—रउद्रगढ़ फेरियउ चकराह, गाजिया गोण चउहूगमाह।—रा ज सी (मि चौफेर)

चउहत्तरी—देखो 'चौहोतर' (रू भे)

चऊ–स०स्त्री०—हल मे फाल (हळवाणी) के नीचे लगाया जाने वाला काष्ठ का नुकीला व सम्मुख से चपटा उपकरण। उ०—कूमठ रौ हळ चऊ सुरगी, नाई बीजणी सोवै। काढ ऊमरा धरती थारी, आभै नै काई जोवै।—रेवतदान

चउआण—देखो 'चौहान' (रू भे)

चऊदह, चऊदै—देखो 'चवदै' (रू भे) उ०—रहित चऊदह खट सौ रूप, अठरह मात्रा छद अनूप।—ल पिं

चऊपट—देखो 'चउपट' (रू भे) उ०—आवी पाद्रि सइफळउ माडघउ, लीधा चउपट घाउ। सोरठिया राउत सपराणा, न दीइ पाछा पाउ।—का दे प्र

चऊरस–स०पु०—प्रथम चार लघु फिर दो गुरु सहित कुल ६ वर्णो का एक वरण वृत्त।—र ज प्र

क्रि०वि०—चारों ओर।

चक–स०पु० [स० चक्र, प्रा० चक्क] १ जमी

२ किसी बात के लिये निरन्तर किया जाने वाला हठ ३ दांतों से काटने का भाव या क्रिया। उ०—म्हारै चक बोडलो म्हाराज। ग्रौर तौ म्हारै कुई न काई।—वरसगाठ।

४ दातो से कटा हुआ शरीर का कोई स्थान या कटे हुए स्थान पर दातो का चिन्ह, दतक्षत। (मि० 'चकारी' २)

५ दिशा। उ०—चक ग्रचळाचळ चळचळे, गह्ण गुघळै गरद्दा।—भगवानजी रतनू

६ पृथ्वी, जमीन ७ देखो 'चक्र' (रू भे)

क्रि०वि०—१ ग्रोर, तरफ। उ०—चहक पावक वभक चहु चक। तद ग्ररक रथ थरक कौतिक।—सू प्र

चकई-स०स्त्री० [स० चक्रवाक+रा प्र ई] मादा चकवा पक्षी।

चकडीकम-वि०—चकित, स्तभित, विस्मित, प्रज्ञाशून्य।

मुहा०—चकडीकम होणौ—ग्राश्चर्य मे पडना, किंकर्तव्यविमूढ होना।

चकटीटोप-स०पु०—शिरस्त्राण, लोहे का टोप।

चकचक, चकचकाहट-स०स्त्री० [ग्रनु०] १ पक्षियो का कलरव, चहचहाहट २ जनरव, बकवास ३ लोकोपवाद। उ०—मिनख रखे मुख माय, गुपत बात जब तक गिणै। जब मुख सू कढ जाय, चकचक होवै चकरिया।—मोहनलाल साह

४ गहरे घी मे बना पदार्थ, जिसमे से घी चूता हो।

चकचकाणौ-स०पु०—चकचक या चहचहाहट होने की क्रिया।

चकचकाणौ, चकचकावौ-क्रि०ग्र०—चकचक करना, चहचहाना।

चकचकी-स०स्त्री०—एक प्रकार की छुरी। उ०—पेसकबज चकचकी रूमी विलायती म्याना माहा काढजै छै।—रा सा स

चकचक्क—देखो 'चकचक' (रू भे)

चकचाळ-स०स्त्री०—१ चर्चा, वार्ता ग्रादि प्रारम्भ करने की क्रिया या भाव २ छेडछाड।

चकचाळौ-स०पु०—१ उपद्रव, उत्पात।

मुहा०—चकचाळौ छेडणौ—उपद्रव करना, उत्पात ग्रारभ करना।

२ युद्ध, लडाई। उ०—'धापा' करण मुदै चकचाळौ। ऊदा वाळा वस उजाळौ।—रा रू

चकचूंदियौ, चकचूंध, चकचूंधियौ-स०पु०यौ० [स० चक्षु+रा प्र ऊंदियौ] १ ग्रधिक तेज प्रकाश के कारण ग्राखो की झपक ग्रथवा दृष्टि की ग्रस्थिरता, तिलमिलाहट २ सध्याकाल का वह समय जब न पूर्ण ग्रधेरा हो ग्रौर न पूरा प्रकाश ही हो ३ काष्ठ के नुकीले डडे पर चद्राकार लकडी रख कर उसके दोनो सिरो पर बैठ कर गोल चक्कर मे झूने खाने का एक यत्र विशेष ४ बाह्य प्रदर्शन, दिखावा।

वि०—ग्राकर्षक, मोहक, मनोहर।

चकचूर, चकचूरण-स०पु० [स० चक्र+चूर्ण] १ नाश, ध्वस।

उ०—समोभ्रम 'नाहर' जूटत सूर। चद्रासक मेछ करै चकचूर।

—सू प्र

२ मर्दन।

वि०—१ चकनाचूर, खट-खट। उ०—१ नच्यौ तन तेगन तें चकचूर, पुकारत मेक मसूर मसूर।—ला रा

उ०—२ हठ नाळ पेठ बाजार हाट, प्राजळै महल ग्रम्ण रुपाट। चाचरे गयण चकचूर चोट, कागरा ग्रथारथ बुरज कोट।—वि स

(मि०—चकनाचूर)

२ मदोन्मत्त, नशे मे चूर। उ०—चिपि नसा माय चकचूर हुय, सरधा दूर सिधावसी। गिरत गाडि समै किय गम्रिया, वाड गेत नै खायसी।—उ का

३ तन्मय, मग्न, तल्लीन, चूरचूर। उ०—इतरै यवन री फेट सू रतना री गाडी री पलनी पिण दूर हुवौ जदे कवर रो चित घणौ चकचूर हुग्रो।—र हमीर

चकचोळ-वि०—१ क्रुद्ध, कुपित २ लाल ३ मादक, मदयुक्त।

स०स्त्री०—१ क्रीडा। उ०—नभ मरणी रै बात फुहारा गात सुहावै, ठाडो छाह मदार विसाणी लैण लुभावै। चळ करता चकचोळ सुरा उर हाम जगाती, रमै घिवडिया कोड हेम-रज रतन लुकाती।—मेघ

२ लाल नेत्र, ग्रारक्त नेत्र ३ चपलता, चचलता।

उ०—ग्रधर विच पौढी मास भुलाय, सायत जग भर की ग्रणचेत। चचळ ग्रगा री चकचोळ, लेयगी नभ पथ किसी कुमेत।—साफ

चकचौंध, चकचौंह—देखो 'चकाचूध' (१) (रू भे)

चकडोळ, चकडौळ-स०स्त्री० [स० चक्र+दोल] १ नशे की खुमारी, मादकता २ पालकी, डोली। उ०—१ साह बेगम री चकडोळ माथै छै। कोस दोय रै ग्रातरै डेरा किया।—वीरमदे सोनगरा री वात

उ०—२ तिसै चावडी वीरमती सहेल्या रा साथ सू चकडौळ बैस नै ग्राप री बाग छै तठै ग्राई।—जगदेव पंवार री वात

चकत—१ देखो 'चगताई' (रू भे) २ देखो 'चकित' (रू भे)

उ०—समार्था सामरथ्य प्रबळ बळ ब्यरथ प्रभु बिना, त्रिसुद्धी न्ह्वीगी चकत मय बुद्धि विभु बिना।—ऊ का

चकताई—१ देखो 'चगताई' (रू भे)

चकती, चकत्ती, चकत्थौ—१ देखो 'चगताई' (रू भे) उ०—१ चखाडे कूत चकता घणी चापडे, रौद घड पछाडे ग्रचळ राणी। जीवता सिंभ महाराज वणियौ 'जसौ', समर चा करै रवि चद साखी।

—राठौड महाराजा जसवतसिंह गजसिंगोत री गीत

उ०—२ वळट्ट दुग्रट्ट हठाळ बगाळ, चकत्या इसा चालिया काळ चाळ।—वचनिका

२ दातो से काटने पर होने वाला चिन्ह, दतक्षत।

क्रि०प्र०—नाकणौ, भरणौ, माडणौ।

४ खड, टुकडा ५ रक्त-विकार से ग्रथवा खुजलाने से शरीर पर होने वाली चकती की तरह गोल चपटी व बराबर सूजन।

चकनचूर, चकनाचूर-वि०—१ जिसके टूट-फूट कर बहुत से छोटे-छोटे टुकडे हो गये हो, खड-खड। उ०—केते कुठार वाहत करूर, परिघन कितेक सिर चकनचूर। वके छछोह करि बोह सेल, नट जेम तेहरीय चोट सेल।—ला रा

२ पूर्ण थका हुआ, क्लांत।
क्रि०प्र०—करणौ, होणौ।
३ देखो 'चकचूर' (रू भे)

चकपत्त-स०पु०यौ० [चक = दिशा+पति] दिक्पाल। उ०—चले चकपत्त चळद्दळ भाति, तळातळ ज्यों अतळा विचळाति। ससत्रनि तेज हुतासन धुक्ख, प्रळै रवि की मनु तुट्टि मयुक्ख।—ला रा

चकवदी-स०स्त्री—भूमि को भागो मे विभाजित कर सीमाबदी करने की क्रिया।

चकवध-स०पु० [स० चक्रवधु] सूर्य (ना मा)

चकवस्त-स०पु० [फा०] भूमि का विभाजन कर उसमे सीमावदी करने की क्रिया, हदवदी।

चकवी-स०स्त्री—चकवी (जल-पक्षी विशेष) उ०—ज्यू चकवी मनि रहै उदास, ऐसे आत्म फूलि ले सुवास।—ह पु वा

चकमक-स०स्त्री० [तु० चकमक] १ एक प्रकार का कडा पत्थर जिस पर चोट पडने व घर्षण होने से आग की चिनगारिया उत्पन्न होती हो। २ चमक, दमक। उ०—चाचा तेरी चकमक रात, जी कोई नणद भोजाई पाणी नीसरी।—लो गी
३ आग, अग्नि। उ०—कहर झडै चकमक चखा चापिया नाग कळ।
—रावत अरजुणसिंह चूडावत री गीत

चकमार—देखो 'चूकमार' (रू भे) उ०—गुरजा चकमारा, अग अपारा डावै पहा जमडड्ढ।—गु रु व

चकमाळा—स०स्त्री०—छेडछाड। उ०—मन मे आ धारणा थी सो औरगजेब सू इर भात चकमाळौ कर अडा लडा तो कैतो सुरग नु खडा कै खड-विहड होय खेत मे पडा।
—प्रतापसिंह म्होकमसिंह री वात।

चकमौ-स०पु० [स० चक्र = भ्रात] १ भुलावा, धोखा।
मुहा०—१ चकमौ उठाणौ—किसी के धोखे मे आ जाना। २ चकमौ खाणौ—धोखा खाना, भुलावे मे आना। ३ चकमौ देणौ—धोखा देना। ४ चकमा मे आणौ—धोखा खाना।
२ हानि, नुकसान।
मुहा०—चकमौ उठाणौ—हानि सहना।
[रा०] ३ एक प्रकार का ऊनी वस्त्र। उ०—१ तद्द सीसोदणी कयौ 'जी चकमा ओढ डेरै जावौ, अठे थानू कुण जीमासी'।—द दा उ०—२ भरमल माटी रौ ऊचौ मोटौ चौक कगयौ तिण ऊपर खडी छै। घूघीदार चकमौ ओढिया छै।—कुवरसी साखला री वारता

चकर—१ देखो 'चक्र' (रू भे., अ मा) उ०—तूगा चकर तूजीहा, कूत भूयाण हवाई।—वखतौ खिडियौ
२ वलिदान किये जाने वाले पशु पर किया जाने वाला तलवार का प्रहार। (मि०—वरको) ३ देखो 'चक्कर' (रू भे)

चकरअणदीठ, चकरअदीठ, चकरअदीठौ-स०पु०—१ अदृश्य या दैवी आपत्ति, सहसा उपस्थित होने वाली आपत्ति २ अदृश्य रूप से प्रहार होने वाला अस्त्र। उ०—चकरअदीठ चक्रवत रा वैरहरा ऊपर वहै।—उमेदजी साढू

चकरडी—१ देखो 'चकरी' (अल्पा, रू भे)। उ०—फेरइ चकरडी माता प्रेरइ। वाळूडा वळिहारी तेरइ।—ऐ जै का स
२ देखो 'चक्री' (अल्पा रू भे)

चकरणौ, चकरबौ—देखो 'चकराणौ' १,२,३ (रू भे)

चकरधर, चकरधरण—देखो 'चक्रधर' (रू भे)। उ०—गुरडधज तरण गज अमर पति, अगम गति चकरधरण ओळगै।—पि.प्र

चकरवरती—देखो 'चक्रवरती' (रू भे) उ०—वणसी अमल चकरवरती री, तदि आवसी कि पर धरत्री री।—सू प्र

चकराक्त-वि०—१ विस्मित, आश्चर्यान्वित, किंकर्तव्यविमूढ
२ भयभीत, आतंकित।

चकराणौ, चकराबौ-क्रि०अ० [स० चक्र] १ अचम्भित होना, चकित होना, चकराना २ (शिर का) चक्कर खाना, घूमना ३ भ्रम में पडना, भूलना।
रू०भे०—चकरणौ, चकरबौ।
क्रि०स०—४ अचम्भित करना, चकित करना, चकराना ५ भ्रम मे डालना, भुलाना।
चकराणहार, हारौ (हारी), चकराणियौ—वि०।
चकरवाडणौ, चकरवाडबौ, चकरवाणौ, चकरवाबौ, चकरवावणौ, चकरवावबौ, चकराडणौ, चकराडबौ, चकरावणौ, चकरावबौ
—प्रे०रू०
चकरायोडौ—भू०का०कृ०।
चकराईजणौ चकराईजबौ—भाव वा०, कर्म वा०।
चकरणौ, चकरबौ—अक० रू०।

चकरायत-स०पु० [स० चक्र+रा०प्र० आयत] योद्धा, शूरवीर।
उ०—गडगडै नगारा नाद गहरायता। चौगणा जोस मुख चढै चकरायता।—महादान महडू

चकरायोडौ-भू०का०कृ०—१ चकराया हुआ, विस्मित,चकित २ (शिर) चक्कर खाया हुआ ३ भ्रम मे पडा हुआ, भूला हुआ ४ विस्मित किया हुआ, चकित किया हुआ ५ भ्रम मे डाला हुआ, भुलाया हुआ।
स्त्री०—चकरायोडी।

चकरावणौ, चकरावबौ—देखो 'चकराणौ' (रू भे)

चकरावियोडौ—देखो 'चकरायोडौ' (रू भे)
स्त्री०—चकरावियोडी।

चकरियोडौ-भू०का०कृ०—१ अचम्भित, चकित २ भूला हुआ, भ्रमित।
स्त्री०—चकरियोडी।

चकरियौ-स०पु०—१ कपडा वुनने का एक जुलाहो का औजार।
२ देखो 'चक्र' (अल्पा रू भे) उ०—व्यावा घर दोगणा दिपणा, मुरधर मे माटी तणा। चाद चकरिया रेल कोरण, सिर सूणा खदा खिणा।—दसदेव

चकरी–म०स्त्री० [स० चक्रिका] १ चक्की का पाट, चक्की २ गोल वृत्ताकार अपनी धुरी पर घूमन वाला कोई पदार्थ, गिर्री, फिरकनी।
उ०—अजा नमो तप तेज जसराज रा अगजी, रूक अणरेह् दाखे दुहूं राह। पैल दिल्ली तखत चढावै पेरवै, समर चकरी जेम फेरवै साह।
—अनोपसिंह सादू

क्रि०प्र०—घुमाणी, चलाणी, फेरणी।

३ पतग की डोर लपेटने की चरखी। उ०—मन वारतो नवि रहै, सो घण टोलग साथ। मो मन चकरी डोर ज्यू, गह्यो डोगी तव हाथ।—टो मा

४ एक प्रकार की आतिशबाजी जो जलने के साथ तेजी से चक्कर खाने लगती है। उ०—परभाव छटा उलट पलट, जाव आव चकरी जिसा। कमि कध विरथ लाला करै, अस्व छदगाळा इसा।
—मे म

क्रि०प्र०—घुमाणी, चलाणी, फेरणी।

५ देखो 'चक्री' (रू भे)। उ०—चकरी लख नागण चकित, सैस फणा सिमकार। सूदाळम री खग री, धर धमके लग धार।
—रेवतसिंह भाटी

६ ढेर, समूह।

वि०—१ भ्रमित २ अस्थिर, चचल।

चकरीजणी, चकरीजबौ–क्रि०अ० ['चकरणौ' का भाव वा०] १ चकरा जाना, चकित हो जाना २ (सिर का) चक्कर खाना या घूमना ३ भ्रम मे पड जाना, भूल जाना।

चकळ–वि०—भ्रमित। उ०—चकळ डळतळ वितळ चळचळ। मगळ भळ चड धमळ मगळ।—सू.प्र

चकळी—देखो 'चकळौ' (अल्पा रू.भे)

चकळोटी, चकळौ–स०पु० [स० चक्रलोट] लकडी या पत्थर का वह गोल पाटा जिस पर प्राय रोटी बेली जाती है। चकला।
उ०—बना वह गया चकळौ वेलण सीरा मे फुलको रह गयो जी, ठडो लागै नहर को पाणी।—लो गी
अल्पा०—चकळी, चकळोटी।

चकवड–स०पु० [स० चक्रमर्द] लगभग डेढ दो हाथ ऊचा एक पौधा जिसमे लम्बी-लम्बी पतली फलियाँ लगती हैं। उनके अन्दर के बीज खाने मे बहुत कडुवे होते हैं।

चकव—देखो 'चकवौ' (रू भे) उ०—वाणिजा वधू गो वाछ अमइ विट, चोर, चकव विप्र तीरथ वेळ। सूर प्रगटि एतला समपिया, मिळिया विरह विरहिया मेळ।—वेलि.

चकवत, चकवती, चकवत्ती—देखो 'चक्रवरती' (रू भे)
उ०—१ गहपूर अवाळ मिधु गटटै, चकवत मीमाणिय पीठ चडै।
—गो रू
उ०—२ चकवती आण जिम आण चकम्म, हिंदवाण सरव ऊपर हुकम्म।—वि स उ०—३ तो पूठं वरजाग साम्र जैसाण सुभत्ती, पह चौरी परणता चढै नह को चकवत्ती।—रा रू

चकवन—देखो 'चगताई' (रू भे) उ०—चकवन किये चौळ वाजिये चौरगि, राउ राठौट विसम गति रूप। 'ईसर' नमो तुहाळी आसत, गैण दिसा नाखै गज-रूप।—ईसरदास मेडतिया री गीत

चकवाविरह–स०पु०यौ० [स० चक्रवाक+विरह] चक्रवाक पक्षी को विरह-प्रधान करने वाला, चन्द्रमा (ना मा)
वि०वि०—ऐसा कथन है कि रात्रि को नर एव मादा चक्रवाक पक्षी एक साथ एक घोसले मे नही रहते। दिन निकलने पर ही उनका सयोग होता है।

चकवाह—देखो 'चकवौ' (रू भे)

चकवीय–स०पु०—एक प्रकार का घोडा।

चकवीर—देखो 'चक्रवीर' (रू भे)

चकवीविजोग, चकवीवियोग—देखो 'चकवा-विरह' (ना डि को)

चकवे, चकवै—१ देखो 'चक्रवरती'। उ०—१ मानधाता बडो राजा हुवो, चकवे हुओ।—रा व वि
उ०—२ नाम मांनधाता दई वटी चकवै हुसी, इतरो रिखीस्वर कह्यो।—चौबोली
यौ०—चकवैराज।
२ देखो 'चकवन' (रू भे)
४ छ की सख्या*(डि को)

चकवौ–स०पु० [स०चक्रवाक] (स्त्री० चकवी, चकई) १ एक पक्षी विशेष जो प्राय शीत-काल मे भारत मे आता है और ग्रीष्म ऋतु के आरम्भ मे चला जाता है। इसके विषय मे यह बात प्रसिद्ध है कि यह अपने जोडे से बहुत प्रेम करता है और रात्रि मे इनके जोडे का सयोग नही होता।
उ०—जोडी जुग मे दोय, चकवै नै सारस तणी। तीजी मिळै न कोय, जो जो हारी जेठवा।—जेठवा
पर्याय०—कोक, रथाग, सुरगाव।
रू०भे०—चकव, चकवह, चकवाह, चक्रवाक।
२ एक प्रकार का घोडा (रा सा स)

चकस्या–स०स्त्री० [स० चिकित्सा] १ उपचार, चिकित्सा २ समाधान, सतोषप्रद उत्तर।

चका—देखो 'चक्र' (८) (रू भे)। उ०—१ चका चमराळ करै खग चूर। सुत 'सवळेस' 'उरज्जण' सूर।—सू प्र
उ०—२ कढे खगवाह करत कराळ। चका सळ टूक हुवै धखचाळ।
—सू प्र

चकाचक–वि०—१ जिसमें खूब घी पडा हो (खाद्य पदार्थ) २ तर, सराबोर, लथपथ।
२ देखो 'चकचक' (रू भे)

चकाचूध, चकाचौंध, चकाचौंधी—देखो 'चकचूध' (रू भे)
उ०—१ वीसे नाग चमू जोम हुए तोम चकाचूध, धमे कोम भमै गोम पडै सार धोम।—हुकमीचद खिडियो

उ०—२ वीनू आवती नू देख कुवरसी नू चकाचौंध लागी।

—कुवरसी साखला री वारता

उ०—३ सो किवाड इसाही जे निसरिया जे मिया री फौज चमक खडी रही, चकाचौंधी सी लाग गई।—अमरसिंह री बात

चकावध—स०पु० [स० चक्रवध] सेना, फौज। उ०—हल कटका खुरां मेदनी हल हल, सूर गरिंद रज गयण चढं। खेत खडै चकावध राणी, पतसाहा ओदका पडै।—चडीदान दधवाडियो

चकावळ—देखो 'चकावळ' (रू भे) (शा हो)

चकाबोह, चकावो, चकावोह—स०पु० [स० चक्रव्यूह] १ युद्ध, समर।

उ०—१ भाण हिंदवाण असमाण तोलै भुजा, मान मारू चकाबोह माडै।—जवानजी आढो

उ०—२ खडै आरहटा रूपी अच्छरा विवाण खाथा, सारझटा माथा पडै वज्रसोह। तेगा धार हटा तामो कमधा हुचकै, ता तो वामीवदा मारहटा मातो चकावोह।—महेसदास कूपावत रो गीत

२ कोलाहल, हल्ला ३ आक्रमण, हमला ४ समूह, झुड।

चकार—स०पु०—१ वर्णमाला का 'च' वर्ण २ गोलाकृति, वृत्त, चक्र ३ चारणो को प्रदान की गई जागीरी। उ०—जिम्रा जूहर जाळिया, चढ चूथिया चकार। राजा न किम्रा सूमरा, तिम्रा दे परवार।

—प्राचीन

४ जमघट, भीड, समूह ५ योनि।

उ०—चच्चे मामू की घी चकार, विसमल्ला करै न बार बार।

—ऊ का

चकारो—स०पु० [स० चक्र] १ फेरा, घेरा, चक्र, परिधि।

उ०—जोमगी अफारा तेज करारा कजाक जोध। दळा रा चकारा केण ऊपरै दुराह।—पहाडखा आढो

२ दातो से काटने पर बना गोल निशान, दन्तक्षत। उ०—वेसर वळ खायो, जिण मे वळै-जुलफा रो आटो आयो, पलका पीक पडिया, अलका मोती अडिया, गाला चकारा इण भात घिरिया जाणै मदन रा घोडा कूडियै फिरिया।—र हमीर

३ समूह, ढेर। उ०—तठा उपराति करिनै राजान सिलामति वरछिया रो चकारो उतरियो छै।—रा सा स

४ समूह, दल। उ०—'अमरेस' वाळै पाट हेट अैतवार, भडा रा चकारा पोतकारे आपवीर। पाणी चाढ मेडते मीरखा डडि रूका पाण, धाड रे माटीपणो जीतो राड 'वीर'।—नवलजी लाळस

५ वध, वधन, गाठ ६ शस्त्रो के म्यान पर चढाया जाने वाला वस्त्र का आवरण अथवा भाले आदि के फल पर का कपडे का आवरण।

उ०—फळा ऊपर वनात रा मुखमल रा चकारा लगायजै छै।

—रा सा स

चकावळ—स०स्त्री०—घोडे के पैरो मे होने वाला एक रोग या गामचे की हड्डी का उभार (शा हो) (रू भे 'चकावळ')

चकास—वि० [स० चकासृ दीप्तौ] चमकने वाला, प्रकाशयुक्त।

उ०—चख मछी रध्र छेदे चकास, उडता विहंग वेधे अकास।

—वि स

चकासो—स०पु०—झगडा, लडाई।

उ०—धीरजसिंह रामसिंहोत साथे सारो भाइपो लिया मुहै आगे खडो थो सो इणसू आय टक्कर खाधी सो भलो सो चकासो हुवो।

—मारवाड रा अमरावा री वारता

चकित—वि० [स०] १ विस्मित, आश्चर्यान्वित। उ०—भय भ्रम सोच चकित चित भारी। निकटवर्ती कहु ईसव-नारी।—स प्र

२ भयभीत, डरा हुआ।

चकिवान—स०पु० [स० चक्रीवन्त] गधा (ह ना)

चकी—देखो 'चक्की' (रू भे) उ०—सू आगरा ही अमल री चकी बक्या छुरघा सू मिरीवढ कीजै छै।—रा सा स

चकीय—स०स्त्री०—मादा चकवा पक्षी, चकवी।

चकीलो—वि० [स्त्री० चकीली] १ सुदर, छवीला (र हमीर) देखो 'छवीलो' (रू भे) २ चकमा देने वाला

चकू—देखो 'चाकू' (रू भे)

चकोट—स०पु०—चद्रमा (ना डि को)

चकोतरो—स०पु०—एक प्रकार का वडा नीबू जो प्राय नारंगी के आकार से वडा होता है और उसका स्वाद खट्टापन लिये मीठा होता है।

चकोर, चकोरडो—स०पु० [स० चकोर+रा प्र डो] (स्त्री० चकोरी, चकोरडी) १ एक प्रकार का वडा तीतर जो पहाडी स्थानो मे पाया जाता है। इसकी चोच और आंखें वहुत लाल होती हैं। इसके लिये भारत मे वहुत प्राचीन समय से यह वात प्रसिद्ध है कि यह चद्रमा का अत्यधिक प्रेमी है और आग की चिनगारियो को चद्रमा की किरणो के भ्रम मे खा जाता है।

उ०—१ वाग अनेक वावडी अदभुत फूल अपार, कोयल मोर चकोर पिक जपत भवर गुजार।—वगसीरामजी प्रोहित री वात

उ०—२ तुम दरसण हो मुझ आणद पूर कि, जिम जगि चद चकोरडा। तुम दरसण हो मुझ मन उछरग कि, मेह आगम जिम मोरडा।—स कु

मुहा०—चकोर होणो—प्रेमी होना, चद्रमुख का प्रेमी होना।

अल्पा०—चकोरडो, चकोरियो।

यौ०—चकोरवधु।

२ एक वर्ण वृत्त जिसके प्रत्येक चरण मे सात भगण, एक गुरु और एक लघु होता है।

वि०—१ सचेत, होशियार, सावधान, सतर्क। उ०—तू रावळ रो घर धणीआ विगोवै छै। नै तू माणस छै तो म्हारो नाम मत लेई। आ चकोर थकी रहै छै।—नैणसी

मुहा०—चकोर होणो—सतर्क व सावधान होना।

चकोरवधु—स०पु०यौ० [स०] चद्रमा।

चक्क—१ देखो 'चक' (रू भे) उ०—दरस्यउ सरि सुरिताण दळ, चळचळ च्यारे चक्क।—रा ज सी

२ देखो 'चक्र' (रू भे) उ०—१ उम्मेद भूपति अग मे, रसवीर मकुरि रग मे। वरवीर बारह से प्रवीरन, चक्क ले चहुवाण।

—व भा

उ०—२ विछोह चक्क चक्कय, अनेक वीर वक्कय।—ला रा

चक्कडीटोप—देखो 'चकडीटोप' (रू भे)

चक्कधरी—स०पु० [स०चक्र = राज्य+धारिन्] चक्रवर्ती राजा, राजा। उ०—जिम अमराउगी इदु, भूमडळि जिम चक्कधरी। सयह माहि मुणिंदु, तिम सोहइ 'जिणउदय' गुरी।—ऐ जै का स

चक्कय—स०स्त्री०—मादा चकवा पक्षी। उ०—विछोह चक्क चक्कय अनेक वीर वक्कय।—ला रा

चक्कर—स०पु०—१ देखो 'चक्र' (रू भे.) उ०—१ चढ ऊतर धाय चलाय सु चक्कर, राख लियौ अपणाय'र रे। अहिया व्रिद लाज उवारण प्रायक काज इसा महाराज करै।—भक्तमाळ

उ०—२ दरसण देहरे हुवौ मातु वाक्य स्री मुख री। काठी हुवै निसक चक्कर वहसी करणी री।—ठाकर जैतसी री वारता

२ गोल या मडलाकार घेरा, वृत्ताकार परिधि, मडल।

मुहा०—१ चक्कर काटणौ—वृत्ताकार परिधि मे घूमना, परिक्रमा करना, इधर-उधर घूमना २ चक्कर खाणौ—भटकना, भ्रात होना, हैरान होना ३ चक्कर मारणौ—चारो ओर घूमना, इधर-उधर फिरना, भटकना ४ चक्कर मे आणौ—चकित होना, अचभे मे आना. ५ चक्कर मे नाखणौ—चकित करना, हैरान करना, परेशान कर देना ६ चक्कर लगाणौ—चारो ओर घूमना, इधर-उधर फिरना, फेरा लगाना, घूमना-फिरना।

३ मडलाकार, मार्ग, घुमाव का रास्ता।

मुहा०—१ चक्कर खाणौ—घुमाव फिराव के साथ जाना, सीधे न जाकर टेढे मेढे जाना २ चक्कर पडणौ—जाने के लिये सीधा न पडना, घुमाव या फेर पटना।

४ पहिये का अक्ष पर घूमना।

मुहा०—१ चक्कर खाणौ—पहिये की तरह घूमना, अक्ष पर घूमना. २ चक्कर देणौ—मडल बाध कर घूमना, प्रदक्षिणा करना, मडराना। ३ चक्कर लगाणौ—परिक्रमा करना, मडराना।

५ घुमाव, जटिलता, दुरूहता, फेर-फार।

मुहा०—१ चक्कर मे आणौ—धोखे मे आना। २ चक्कर मे नाखणौ—असमजस मे छोडना, धोखे में डालना। ३ चक्कर मे पडणौ—असमजस या दुविधा मे पडना। ४ चक्कर मे फसणौ—धोखे मे आना, वश, अधिकार या चगुल मे आना।

६ सिर घूमना, घुमटा, मूर्च्छा।

मुहा०—चक्कर आणौ—सर चकराना, घुमटा आना।

७ पानी का भवर. ८ जजाल।

मुहा०—चक्कर आणौ—विपत्ति आना, आफत आना।

चक्करजीवन—स०पु०—कुभकार, कुम्हार।

चक्करदार—वि०यौ०—जिसमे चक्कर हो। उ०—गुरडी तेरी राग-रगीली, तकळी चक्करदार। चोखौ वण्यो दमकडो तेणौ, कूकडिये री लार।—लो गी

चक्करवरती, चक्कवई, चक्कवट्टि, चक्कवत, चक्कवै, चक्कवत्ति—१ देखो 'चक्रवरती' (रू भे)

उ०—१ चकतौ अकवर चक्कवै, पतसाहा पतसाह। चतुरगी फौजा चढै, दिये दुरगा दाह।—वा दा

उ०—२ जगहत्थ जगत सिर जळहळे, दस दिगपाळ दहवकवै। महि 'माल' छहा जिहा, चौथे पहोरे चक्कवै।—सू प्र

उ०—३ जुग पाणिग्रहण हुई वार जिण सोम चक्कवै, दुलही सजोड लीधा दुलह च्यारु फेरा चक्कवै।—रा रू

उ०—४ तिणि परि हुउ सति जिणेसरु, सगह सति करउ परमेसरु चक्कवट्टि किरि पचमउ।—प प च

उ०—५ जाणे तीह नइ छइ चक्कवत्ति रिद्धि चऊद रयण छइ अन नव विधि।—चि चउपई

चक्की—स०स्त्री० [स० चक्री] १ पत्थर के दो गोल पाटो को एक दूसरे पर रख कर आटा पीसने या दाना दलने के लिये बनाया जाने वाला एक यत्र।

मुहा०—१ चक्की पीसणी—लगातार काम करना, चक्की चलाना २ चक्की मे जुतणौ—काम मे लगना। ३ चक्की टाचणी—चक्की को टांकी से खोद-खोद कर खुरदरा करना जिससे दाना अच्छी तरह पीसा जावे।

२ जमा कर चौकोर काटा हुआ किसी खाद्य पदार्थ का टुकडा अथवा इसी प्रकार की कोई अन्य वस्तु ३ एक प्रकार की मिठाई।

४ दातो को काटने का भाव या दातो से काटने पर होने वाला चिन्ह, दतक्षत ५ तलवार (ना डि को) ६ आर्या या गाहा छद का भेद विशेष जिसके चारो चरणो मे मिला कर ६ गुरु और ४५ लघु वर्ण सहित ५७ मात्रायें हों (ल पि)

चक्कू—देखो 'चाकू' (रू भे)

चक्कौ—स०पु० [स० चक्र, प्रा० चक्क] १ पहिया २ पहिये के आकार के समान कोई गोल वस्तु ३ जमा हुआ कतरा, अथरी, थक्का—ज्यूं दही रौ चक्कौ।

चक्ख—देखो 'चख' (रू भे) उ०—हुई दौड हैमरा, नरा ऊधरा करारा। सेख ज्वाळ सल्लकी, कना सिव चक्ख विकारा।—रा रू.

चक्खी—देखो 'चक्की' (रू भे) उ०—सौ रोगांनी रौसनी केसरिया चक्खी, भाति भाति की मिठाई। मेवे की पुलाव अनेक आई।

—सू प्र.

चक्खेव—देखो 'चख' (रू.भे) उ०—साळीग्राम चक्खेव अक्खे सरोम, गिर्ण कान वे सारिखा सीहगोस।—वचनिका

चक्यउ-वि० [सं० चकित] चकित, अचंभित। (उ.र)

चक्रअग, चक्रग—देखो 'चक्राग' (रू भे) (ना मा)

चक्रगी—देखो 'चक्राग' (रू भे) २ हंसी, मादा हंस।

चक्र-स०पु० [स०] १ वायु, पवन (अ मा) २ राजा, नृप ३ एक प्रकार का पाखंड ४ पहिये के आकार का बना लोहे का एक अस्त्र विशेष जिसकी परिधि की धार बडी तीक्ष्ण होती है। ५ विष्णु भगवान का एक विशेष अस्त्र, सुदर्शन चक्र।

यौ०—चक्रधर, चक्रधरण, चक्रधारी, चक्रपाण, चक्रपाणी, चक्रभ्रत, चक्रमुद्रा।

६ शस्त्र, हथियारा। उ०—आवत्त हुआै एकै घडी, हुआ सुभट्टा सत्थरा। सग्राम चक्र वूहा सत्रा, सूरसिंघ चक्रव्रत्त रा।—गु रू ब

७ देवी का एक शस्त्र विशेष। उ०—१ कर ढोवौ निसक रौ, चक्र वहसी चारण रौ।—द दा उ०—२ और वी फौज माही माताजी री करणी जी रा चक्र वूहा सो सारी साथ आपस रै माही कट कर मुवौ।—ठाकर जैतसी री वात

८ सेना, फौज, दल (अ मा, ह ना) उ०—१ 'सतौ' हालियौ आगरै चक्र सज्जै, वजे बब भेंगी घुरै त्रब बज्जै।—व भा

उ०—२ मखी अर्माणो साहिवो, गिणै पराई देह। सर वरसै पर चक्र सिर, ज्यू भादवडै मेह।—वा दा.

९ योग या तन्त्र के अनुसार राजस्थानी मे माने जाने वाले छ चक्र या आठ कमल। देखो 'कमल' (११)

१० समूह, झुण्ड (अ मा) ११ देव-पूजन का यत्र १२ पुस्तक का भाग १३ वातचक्र, बवडर १४ युद्ध के लिये बनाई जाने वाली सेना की स्थिति।

यौ०—चक्रकुंड, चक्रव्यूह।

१५ गावो या नगरो का समूह, मडल, प्रदेश।

यौ०—चक्रपाळ।

१६ राज्य।

यौ०—चक्रवत, चक्रवति, चक्रवती।

१७ घुमाव, चक्कर, फेरा। उ०—न लाभत सावत सीस नत्रीठ, देतौ चक्र दड फिरै अणदीठ।—मे म.

१८ पहिया। उ०—वद 'किसन' रकार मकार विहु, सत रथ चक्र समाथ का। भव जन तमाम कारक अभय, नाम अक रघुनाथ का।

—र ज प्र

क्रि०प्र०—चलणो, चलाणो, फेरणो।

यौ०—चक्रणधुर, चक्रपाद।

१९ घेरा, आवेष्टन। उ०—तिण समय चद्रमा रै चारौं तरफ परिवेस रै प्रमाण झाले सिंहदेव साठि हजार सेना सू स्वकीय स्वामी रा सिविर रै छवीना रौ चक्र चलायौ।—व भा

क्रि०प्र०—डालणो, देणो, नाखणो।

२० क्रोध, गुस्सा. २१ सर्प (मि० 'चक्री' ११, रू भे)

२२ तेल पेरने का कोल्हू।

यौ०—चक्रचर।

२३ कुम्हार का चाक।

यौ०—चक्रचर, चक्रजीवक।

२४ चक्रवाक पक्षी चकवा पक्षी।

यौ०—चक्रबधु, चक्रविजोग, चक्रवियोग, चक्रवीर।

२५ विस्मय, आश्चर्य २६ भ्रम, भूल २७ हाथ की अगुलियों और पैर के तलुवे पर गोलाकार बनी बारीक रेखाओ के चिन्ह (सामुद्रिक) २८ तीर्थ स्थान पर पहुचने पर वहा शरीर के किसी अग पर अकित कराये जाने वाले देव-मूर्तियों के चिन्ह। उ०—पवित्र सभा वे करिस एण पर, अक दिवाड सख चक्र ऊपर।—ह र.

२९ वृत्त, गोलाकार आकृति।

यौ०—चक्रभ्रमर, चक्रमडळ, चक्रमडळी।

रू०भे०—चक, चकर, चक्क, चक्कर, चक्करी।

३० एक छद विशेष जिसके प्रथम चरण मे क्रमश एक भगण, तीन नगण तथा लघु-गुरु होता है। (र ज प्र) ३१ युद्ध मे वीरगति प्राप्त करने की अभिलाषा रखने वाले राजपूतो के शरीर पर लगाया जाने वाला एक चिन्ह विशेष। उ०—ताहरा आप रामसिंघजी चक्र आप रै हाथ दिया।—द वि

३२ कुत्ता (अ मा, डि को) (मि० 'मडळ' ५)

३३ जल का भँवर, चक्कर ३४ एक प्रकार की काव्य-रचना.

३५ नदी की गूंज ३६ सभा। उ०—अढ प्रताप आठू दिसा पसरै हितु कमळ फूलै विहद भात चक्र हण भर।—र रू

३७ आटा पीसने का यत्र, चक्की ३८ विष्णु की पूजा करते समय शरीर पर लगाया जाने वाला चिन्ह। उ०—परभात हुयौ ताहरा हिंदू ठाकुर सहू को सेवा करि करि अर चक्र सख दे अर मरणे सू होइ होइ अर डेरै वैठा छै।—द वि

३९ दौर, फरा। उ०—धीर वीर धनवान, कई हुयग्या कई होवसी। समय चक्र असमान, चलतौ रहसी 'चकरिया'।

—मोहनलाल साह

चक्रअग—देखो 'चक्राक' (रू भे)

चक्रकुड-स०पु०यौ० [स०] चक्रव्यूह का मध्य भाग। उ०—किता अग्र पाछै किता चक्रकुडे, तरक्कै किता साहता वाह तुडे।—रा रू

चक्रचर-स०पु०यौ० [स०] १ तेली २ कुम्हार।

चक्रजीवक-स०पु०यौ० [स०] कुम्हार।

चक्रणधुर-स०पु०यौ० [स० चक्रधुरीण] रथ (डि ना मा)

चक्रत-वि०—चकित, विस्मित, आश्चर्यान्वित। उ०—आडवर असवाव अपाळा, थटै रसाला गज थूआ। देखै 'गुमान' तणा रा दूथी, हव चक्रवत चक्रत हुआ।—महाराजा मानसिंह (जोधपुर) री गीत

चक्रताळ-स०पु०यौ० [स० चक्रताल] एक प्रकार का चौताला ताल (सगीत)

चक्रति-वि० [सं० चकित] चकित, विस्मित। उ०—चक्रदिस जाइ न मक्रै चक्रति, निजर काळ देखै नयण। म्रिग जीव सरण मारीजतो, राम राम राधारमण।—ज गि

चक्रतीरथ-सं०पु०यौ० [सं० चक्र+तीर्थ] तुगभद्रा नदी के किनारे स्थित एक तीर्थ-स्थान।

चक्रदड-सं०पु०यौ० [सं०] एक प्रकार का व्यायाम।

चक्रदस्टू-सं०पु०यौ० [सं० चक्रदष्ट्र] सूग्रर।

चक्रधर, चक्रधरण चक्रधारि चक्रधारी-वि०—चक्र धारण करने वाला। उ०—जावरी पत्र दिस दिस जुवा, वासी वळे वमावसी। चिता चेत समर हरि चक्रधर, एक तिको दिन ग्रावसी।—ज खि

सं०पु०—१ विष्णु भगवान। उ०—करे सिनान वदन करि ध्यान चित धरे चक्रधर।—सू प्र

२ श्री कृष्ण। उ०—चखं फणधर चक्रधर, पाळी जिण निज पैज। मो मूरा मिर सेहरो, नर पुगव सुरनैज।—बा दा

३ बाजीगर ४ सर्प, साप ५ सूर्य, भानु (ना मा)

६ एक राग विशेष (सगीत)

चक्रपाण, चक्रपाणि, चक्रपाणी-सं०पु०यौ० [सं० चक्रपाणि] १ हाथ मे चक्र धारण करने वाले विष्णु, ईश्वर। उ०—चक्रपाणि उर चित एम 'चहुवाण' उचारै। वडम बोल विस्तरै बोल सोई कुळ मा(ता)रै।—रा रू

२ श्री कृष्ण। उ०—जिमाडे जिके भावता भोग जाणी, पर्से जसोदा जमो चक्रपाणी।—ना द

चक्रपाद-सं०पु०यौ० [सं०] १ गाडी २ रथ।

चक्रपाळ-सं०पु०यौ० [सं०] १ किसी प्रदेश का शासक, सूबेदार २ चक्र धारण करने वाला, विष्णु।

चक्रपूजा-सं०स्त्री०यौ० [सं०] तान्त्रिको की एक पूजा-विधि।

चक्रफळ-सं०पु०यौ० [सं० चक्रफल] गोल फल लगा हुग्रा एक ग्रस्त्र विशेष।

चक्रबध-सं०पु०यौ०—एक विशेष प्रकार का चित्र काव्य जिसके ग्रक्षर चक्र के भीतर बैठाये जाते हैं।

चक्रबधु, चक्रबाधव-सं०पु०यौ० [सं० चक्रबधु] चकवा पक्षी के नर मादा के जोडे को मिलाने वाला सूर्य।

चक्रभ्रत-सं०पु०यौ [सं० चक्रभृत] चक्रधारी, विष्णु भगवान।

चक्रभेदिनी-सं०स्त्री०यौ० [सं०] चकवा पक्षी के युगल ग्रर्थात नर व मादा को पृथक करने वाली रात्रि, रजनी।

चक्रभोग-सं०पु०यौ० [सं०] ग्रहो की वह गति जिसमे वे एक स्थान से चल कर पुन उसी स्थान को प्राप्त होते हैं (ज्योतिष)

चक्रभ्रमर-सं०पु०यौ० [सं०] एक प्रकार का नाच।

चक्रमडळ-सं०पु०यौ० [सं० चक्रमडल] चक्र की भाति घूम कर नाचने का एक नृत्य।

चक्रमडळी-सं०पु०यौ० [सं० चक्रमडली] ग्रजगर सर्प।

चक्रमीमामा-सं०स्त्री०यौ० [सं०] वैष्णवो की एक चक्रमुद्रा धारण करने की विधि।

चक्रमुख-सं०पु०यौ० [सं०] शूकर, शूग्रर।

चक्रमुद्रा-सं०स्त्री०यौ० [सं०] विष्णु के ग्रायुध यथा चक्रादि के चिन्ह जो वैष्णवो द्वारा ग्रपने शरीर के अगो पर चित्रित या ग्रकित कराये जाते हैं। (मि० 'चक्र' २८, २९ व ३८)

चक्रयत्र-सं०पु०यौ० [सं०] ज्योतिष का एक यत्र।

चक्रवत, चक्रवति, चक्रवती-सं०पु०—१ एक वर्णिक छद जिसके प्रत्येक चरण से प्रथम ग्रौर ग्रत मे दो गुरु ग्रौर ग्रन्य १२ लघु वर्ण सहित कुल १४ वर्ण होते हैं।

२ देखो 'चक्रवरती' (रू भे) उ०—१ जूनै गढ गढपत जागळवै, सामै चक्रवत 'कला' सुजाव।—द दा

उ०—२ चक्रवत होसी ग्रभनमो 'चूडो', घणू सराहू कसू घणो।

—तेजसी खिडियो

उ०—३ चक्रवत तो पीढी लग चवदा। रवदा खय करसी खैरवदा।

—सू प्र

उ०—४ ग्रारभै समर चक्रवती उभै, चमर ढुळता चालिया।—सू प्र

उ०—५ धज चमर छत्र कर रेख धन्न। चक्रवती तणा साचा चहन्न।

—सू प्र

उ०—६ करि वप सनाह ग्रावध कसे, लिये सकति जप जय लभो। चक्रवती झपट हूता चमर, ग्राय गयद चढियो 'ग्रभो'।—सू प्र

चक्रवरत, चक्रवरती-वि०—ग्रासमुद्रात भूमि का स्वामी, एक समुद्र से दूसरे समुद्र तक की भूमि पर राज्य करने वाला।

सं०पु० [सं० चक्रवर्तिन्] १ वह राजा जिसका राज्य एक समुद्र से लेकर दूसरे समुद्र तक फैला हुग्रा हो २ कोई महान राजा या सम्राट। उ०—१ जगि करत राज चक्रवरत जेम।—सू प्र

उ०—२ हरखत सहर उछाह। चक्रवरत दरसण चाह।—सू प्र

३ एक प्रकार का घोडा जिसके बायें पार्श्व मे भौरी होती है (शा हो)

रू०भे०—चकवत, चक्वती, चकवै, चक्करवटि, चक्कधरी, चक्करवरती, चक्रवत, चक्रव्रत, चक्रवती, चक्रव्रत, चक्रव्रति।

चक्रवान-सं०पु० [सं० चक्रवान्] चौथे समुद्र मे स्थित एक पर्वत।

(पौराणिक)

चक्रवाक-सं०पु० [सं०] १ चकवा पक्षी। उ०—१ विधि पाठक सुक मारस रस वदक, कोविद खजरीट गतिकार। प्रगळभ लाग दाट पारेवा, विदुर वेस चक्रवाक विहार।—वेलि उ०—२ सहस किरण परकास, पकज चक्रवाक ग्रति प्रीतम। इळ नव खड उजास, सूरजदव नमो कासिव सुत।—सू प

यौ०—चक्रवाक वधू।

२ वह घोडा जिसके चारो पैर सफेद हो, शरीर पीला हो व नेत्र श्याम वर्ण के हो।—(सुभ, शा हो)

वि०—पीला, पीत वर्ण (डि को)

चक्रवाकवियोग–स०पु०यौ० [स० चक्रवाक+वियोग] चद्रमा, चाद। (ह ना)

वि०वि०—देखो 'चकवौ' (१)

चक्रवाळ–स०पु० [स० चक्रवाल] १ एक प्रसिद्ध पौराणिक पर्वत। २ घेरा। उ०—जिकौ सुणि साखलै वीरमदेव आपरा स्वामी नू पयादौ जाणि चामुडराज सिंहदेव प्रमुख सामता री समूह रोकरण रै काज आडा आय वाजी रा वेग री चक्रवाळ ताणियौ।—व भा ३ मडल, आवृत।

चक्रवाहविजोग—देखो 'चक्रवाकवियोग' (रू भे.)

चक्रवीर–स०पु० [स० चक्र+रा वीर) सूर्य। (अ मा) (मि० 'चक्रवधु')

चक्रव्यूह, चक्रव्यूहू, चक्रवूह–स०पु०यौ० [स० चक्रव्यूह] प्राचीन काल मे युद्ध के समय किसी वस्तु या व्यक्ति की रक्षा हेतु उसके चारो ओर सेना को घेरे मे खडा करने की स्थिति विशेष। उ०—१ दिणि आथमतई हणिउ हाथि हरि पडव हरखीया, दिणि तेरमइ चक्रव्यूहु तउ कउ रवि माडीया।—प प च उ०—२ धारूजळ मुग्गळ तूटत ध्रूह, विढे अभमुन्य ज्यूही चक्रवूह।—सू प्र

चक्रव्रत—देखो चक्रवरती' (रू भे) उ०—आव्रत हुओ एकै घडी हुआ सुभट्टा सत्थरा। सग्राम चक्र वूहा सआ सूरसिंघ चकव्रत रा। —गु रु ब

चक्रसुद्रसण—देखो 'सुदरसणचक्र' (रू भे) उ०—वप तप इम दीसै उण वेळा। भाण वार चक्र सुद्रसण भेळा।—सू प्र

चक्राक–स०पु० [स०] वैष्णवो द्वारा अपने बाहु आदि पर दगवाया हुआ चक्र का चिन्ह।

चक्राकित–वि०यौ० [स०] जिसने अपने शरीर के किसी अग पर विष्णु के आयुधो का चिन्ह अकित कराया हो।

स०पु०—वैष्णवो का एक सप्रदाय भेद।

चक्राग–स०पु० [स० चक्राङ्गी] (स्त्री० चक्रागी) १ चकवा पक्षी २ हस (अ मा) ३ रथ या गाडी ४ कुटकी नामक ओषधि।

चक्रास–स०पु० [स० चक्राश] राशि चक्र का ३६०वा अश।

चक्रा–स०पु० [स० चक्रिन्] सर्प, साप (अ मा)

चक्राअग—देखो 'चक्राग' (रू भे)

चक्राकार–वि० [स०] वृत्तालुकार, मडलाकार, गोल।

चक्राकी–स०स्त्री० [स०] हसिनी, मादा हस।

चक्राक्रत–स०पु०—चक्र, चक्रव्यूह। उ०—सुत आणद महेस, खगे पडवेस धडच्छे। पिंड वाजै पडिहार, व्यूह चक्राक्रत अच्छे।—रा रू

चक्राजुध—देखो 'चक्रायुध' (रू भे)

चक्राथ–स०पु० [स०] कौरव पक्ष का एक योद्धा (महाभारत)

चक्रायुध–स०पु०यौ [स०] विष्णु भगवान।

चक्राळ–स०पु०—रथ (डि ना मा)

चक्रावळ–स०पु० [स० चक्रावलि] घोडे के पैरो मे होने वाला एक रोग जिसके कारण उसके पैरो मे घाव हो जाता है।

चक्रासन–स०पु०—योग के चौरासी आसनो के अतर्गत एक आसन विशेष जिसमे दोनो हाथो की अगुलियो से दोनो पाव की अगुलियो को पकड कर सोया जाता है। कुछ लोगो के अनुसार इसका नाम वर्तुलासन भी है।

चक्रिक–स०पु० [स०] चक्र धारण करने वाला।

चक्रित–वि० [स० चकित] १ विस्मित, दग, भौंचक्का, चकित। उ०—हुवे रथ चक्रित देव निहग, खहाव्रत मेघ कि वेग खसग। —रा रू

२ सशकित, भयभीत, कायर।

चक्रिन–स०पु० [स०] सर्प, साप। उ०—धारण तूझ धडै न्रप धूकै चक्रिन भ्रम छळहू त अचूकै।—सू प्र.

चक्रियवत–स०पु०यौ० [स० चक्रीवत] गधा। उ०—बदनवत बसत विभावर चदन चक्रियवत चढायौ।—ऊ का.

चक्रियाण–स०पु०—चक्र धारण करने वाला यथा विष्णु, श्रीकृष्ण आदि उ०—किले 'रैण' वाऊै माया आसुरा न लागै, कजी ऐवजी फाटका था पहरी चक्रियाण।—बाकीदास

चक्रिवा—देखो 'चक्रियवत' (रू भे)

चक्री–स०पु० [स० चक्रिन्] १ चक्र धारण करने वाला व्यक्ति यथा विष्णु, श्रीकृष्ण आदि। उ०—चक्री रा चक्र रै समान मही रै माथै प्रतिबब पाडता चतुरग चक्र मेघमाळा मे चचळा रा चपळ भाव मे चूक पाडता चद्रहास चलाया।—व भा

२ चक्र नामक अस्त्र (मि० 'चक्र' ४, ५)

३ सर्प, साप। उ०—करी सिंह वाराह रै तुड केती, लसै ग्राह चक्री मुखी वाह लेती।—व भा

४ चक्रवाक पक्षी, चकवा।

वि०वि०—देखो 'चकवौ'

५ कुभकार, कुम्हार. ६ जासूस, खुफिया व्यक्ति ७ तेली ८ चक्रवर्ती सम्राट।

स०स्त्री०—९ तेल पेरने का कोल्हू १० चक्राकार या गोल घेर मे घुमाने की क्रिया (घोडे को)। उ०—पिले रान लागा तिणै ठेक पेरै। फरे बाज चक्री रसी वाल फेरै।—व भा.

११ एक प्रकार का आर्य छद का २२ वा भेद जिसमे ६ गुरु और ४५ लघु होते है।

देखो 'चकरी' (२) (रू भे) उ०—पवन का परवाह, गुलाब की मूठ, सधराज कौ गोटका, तारे की तूट, आतस को भभको, चक्री की चाल, छाती की ढाल।—दरजी मयाराम री वात

१३ सभा। उ०—चक्री विचाळ रघुवर विसाळ, जपे जरूर सुण भरथ सूर।—र रू (मि० 'चक्र' ३६)

१४ आटा पीसने या दाल दलने का यत्र, चक्की. १५ मडली, टोली। १६ देवी, दुर्गा।

वि०—१ अमित २ अस्थिर।
चक्रीवान—म०पु० [स० चक्रीवन्त] गधा (ह ना)
जेलड–स०पु०—स्त्रियो का एक आभूषण । उ०—ग्यान अगूठी कान जुगति का झूठणा । जेलड़ सील सतोख नरत का घूघरा ।—मीरा

जेळणौ, जेळबौ–क्रि०स०—भेजना । उ०—सुण सेस सिया चो सोधा नू, जेळै दिस चारू जोधा नू ।—र.रू.

२ बराबर करना । उ०—जेळै कइ जब्बर बब्बर जोर । दिखावत वायु बरब्बर दोर ।—मे म.

जेळदडी–स०स्त्री०—हॉकी की तरह का एक प्रकार का देशी खेल ।

जेलर–स०पु० [अ०] बदीगृह का अफसर ।

जेळियोडौ–भू०का०कृ०—१ भेजा हुआ २ बराबर किया हुआ । (स्त्री० जेळियोड़ी)

जेळियौ–स०पु०—१ हॉकी खेलने के बल्ले के आकार का आगे से मुडा हुआ गेद खेलने का डडा २ खेल मे सीमा-स्थान का रक्षक, गोल-कीपर ।

यौ०—जेळियौ-दोटौ ।

जेळियौ-दोटौ–स०पु०यौ०—हॉकी की तरह गेंद के देशी खेल मे गेंद के लगाई जाने वाली वह चोट जिससे गेंद लक्ष्य-स्थान (गोल) के भीतर से पार हो जाय ।

जेळी–स०स्त्री०—एक लम्बे लट्ठ के आगे दो नुकीले डडे लगा हुआ काँटे, कटीली झाडियां आदि हटाने का उपकरण जिसे किसान, चर-वाहे आदि प्राय अपने पास रखते हैं । उ०—हाथ ज कसियो, काधे जेळी, सिर धर चाल्नी जो जुवारमल को पालणू ।—लो गी.

मि०—वेई ।

रू०भे०—जेई, जैई, जैळी ।

अल्पा०—जैयली ।

जेवडी–स०स्त्री०—देखो 'जेवडौ' (अल्पा., रू भे.) उ०—रावतजी सलामत श्री भीलडौ हरामखोर, प्रथी रौ चोर, काळ रौ खादौ, मौत री जेवडी रौ बाधौ, श्री आवै ।—प्रतापसिंघ म्होकमसिघ री वात

आस। अहि काळै मुख अगुळी, वाळै फिर विसवास।—रा रू

जेहडो—देखो 'जै'डो' (रू भे) उ०—१ जसै फतै जेहडा, घडा थभण पतसाही। जोडै गिरधार रा, हरि सम च्यारू भाई।—रा रू

उ०—२ पित मोहिरि 'गजण' प्रचड, जग चख जेहडौ तपवत लडै सतेज, अरिजण एहडो।—सू प्र.

(स्त्री० जेहडि, जेहडी)

जेहनउ, जेहनउ—वि०—जिसका (उ.र) उ०—मनहु मोह्य रे माहरू, गुरु ऊपरि गुणराग। जिनसागर सूरि गुरु भला, साचउ जेहनउ सोभाग।—स कु

जेहर—स०स्त्री०—१ पैर मे पहनने का एक प्रकार का आभूषण।

उ०—कल कदमू के लगर भारी कनक की हूस। जवाहर के जेहर दीपमाळा की रूस।—र रू

रू०भे०—जेहरि, जेहरी।

२ देखो 'जेहड' (रू भे, बा दा ख्यात)

जेहरान—स०पु०—जेवरात, जेवर, आभूषण, गहना।

उ०—सुरग रग भोमि मे तरग है न तान की। ढमक ढोलकी न त्यू घमक घुग्घरान की। छमक बिच्छवान की दमक ना दरीन की। झमक जेहरान की चमक ना चुरीन की।—ऊ का

जेहरि, जेहरी—देखो 'जेहर' १ (रू भे) उ०—जेहरि घूघरमाळ पगा झुणकै जिया। कुजै वारिज पुडू बचा कळहसिया।—बा.दा.

वि०स्त्री०—जैसी। उ०—कुळ री बार मे भडा भली अछेह री कीधी, दीधी भ्राट जगा ज्यो केहरी गजा दोट। गाढै मत्तै खाग दडा भुदडा जेहरी कीधी, चाळागारा खेलियो तेहरी की सी चोट।

—डूगजी री गीत

जेहरौ, जेहवउ, जेहवौ—वि० (स्त्री० जेहरी, जेहवी) जैसा।

उ०—१ बावन चदन अगई परिमळ धूरत तपई निसभ। उर जेहवउ दीसइ उरवसी रूप विसेखइ रभ।—रुकमणी मगळ

उ०—२ लखण बतीसे मारुवी, निधि चद्रमा निलाट। काया कूकू जेहवी, कटि केहरि सैं घाट।—ढो मा

उ०—३ राणु रणथभ तणाह जउहर जउहर जेहवा। कीधा भोजा-कइ कवरि वधता वीस गुणाह।—अ. वचनिका

जेहाण, जेहान—देखो 'जहाण, जहान' (रू भे.) उ०—थापै सोजत थान, पाणा वागै छात्रपती। जाणै सरब जेहान, आरोपी भारी उठै।

—पा.प्र.

जेहा—१ देखो 'जैसा' (रू भे) स०स्त्री० [स० जिह्वा] २ जीभ।

उ०—ताता दोय धोरी जोतरिया, भवर उजळ दोहू पाख भलाह। वाजै जेहा पाटली विध विध, इण रा खेडू आप अलाह।—ओपो आढो

जेहाज—देखो 'जा'ज' (रू भे) (ह ना.)

उ०—माया जळ अति विमळ, तास कोइ पार न पावै। लहर लोभ ऊठत, मन्न जेहाज चलावै।—ज.खि.

जेंहि, जेहि—देखो 'जेही' (रू भे) (उ र)

जेहिर—देखो 'जेवर' (रू भे)

जेहिल—स०पु० [स०] वशिष्ठ गोत्रोत्पन्न आर्यनाग का शिष्य, थिवर मुनि (जैन)

जेही—सर्व०—जिस। उ०—१ ताहरा नायण राजा पास खरची ले नै आदमी दस वीस ले नै एक डूबो कराय नै नदी नदी चाली। तठै जेही सहर माहे नदी आवै सहर माह जाय साहूकार रा घर देखै। वेरा रा गहणा वेस पहरीया तेठै दखै तद पाछी आय डूडै वैसै, आघी चालै। इयै भात केही सहर दीठा।—चौ.गोली

उ०—२ महि मडळ पदम पै ओपिया मडळी, ओळगू अतरै जिमी असमाण। रिख तणा ओण पाहार जेही रिदै, जवर जगदीस चै 'दलौ' जम-राण।—राठौड महाराजा दळपतसिंह रायसिघोत री गीत

क्रि०वि०—जैसे, ज्यो। उ०—हसा गति तणी आतुर थ्या हरि सू, बाधाऊआ जेही वहै। सूधावास अनै नेउर सद, क्रमि आगै आगमन कहै।—वेलि

वि०स्त्री०—देखो 'जेहौ' (रू.भे) उ०—पर मन-रजन कारणइ, भरम म दाखिस कोइ। जेही दीठी मारुवी, तेही आखं मोइ।

—ढो मा

जेहु—वि०—जैसा। उ०—साहेली हे जिणचद सूरि कह्यु जेहु तु, साहेली हे सामल सिरदार। साहेली हे तेह वचन तिमहिज थयु, साहेली हे पुज्य थया पटधार।—स कु.

जेहो—वि० (स्त्री० जेही) १ जैसा। उ०—१ जेहा सज्जण काल्ह था, तेहा नाही अज्ज। माथि निसूळउ नाक सळ, कोइ विणट्ठा कज्ज।

—ढो.मा.

२ समान, तुल्य, सदृश। उ०—१ धरती जेहा भरखमा, नमणा जेही केळि। मज्जीठा जिम रच्चणा, दई सु सज्जण मेळि।—ढो मा

उ०—२ कहि जिण सुतण वीर नृप केहो। जग जस प्रगट भगीरथ जेहो।—सू प्र

३ जिस रूप-रग, आकृति या गुण का, जिस प्रकार का।

उ०—ऊमर दीठी मारुई, डीभू जेही लक्कि। जाणै हर-सिरि फूलडा, डाकै चढी डहक्कि।—ढो मा.

स०पु०—भाटी वश की जैसा शाखा का व्यक्ति।

रू०भे०—जैहो।

जै—देखो 'जे' (रू भे.) उ०—१ श्री लिखमी अवतार सरब लिखमी सारीखो। जै जायो जगत ना अनत इहडी विधि ईखो।—पी ग्र.

उ०—२ जै चढ़ सूत्यो नणद बाई री वीर, गीत कुण्या घर गावै, जी राज।—लो गी

जैगडो—स०पु०—बछडा (मेवात)

जैट—स०पु०—१ शमी वृक्ष (रू भे 'जाट)

२ देखो 'जेट' (रू भे. जट)

जै—स०पु०—१ वृहस्पति २ पुष्य नक्षत्र ३ सूर्य. ४ ब्रह्मा. ५ पतगा. ६ अग्नि (एका) ७ देखो 'जय' (रू.भे)

उ०—३ पछै स० १६६३ लवेरा रै पटै ऊपर आसोप री पटी। पातसाही माहे हेट री जैतवार हुवौ।—नैणसी

रू०भे०—जैतवार।

जैतसी–स०पु०—भाटी वश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति। (वा दा.ख्यात)

जैतस्री–स०स्त्री० [स० जयश्री] एक रागिनी (सगीत)

जैतहत्य, जैतहथ, जैतहथौ–वि० [स० जैत्र+हस्त] विजय जिसके हाथ मे हो, विजयी। उ०—१ सेन मेल सिवपुरी, फौज घेरै घासोहर। जैतहत्थ कळिमत्थ साथि भाटी रिण घोयर।—गु.रू व

उ०—२ जैत कळोधर जैतहथ, मडण गोवरधन्न।—रा.रू

उ०—३ जैतहथा जैताहरा, जैतखभ जुधवार। तैसोई मडण वीक तण, खळ खडण खग धार।—रा रू

रू०भे०—जैत्रहथ, जैत्रहथौ, जैथहथ, जैथहथौ।

जैता–स०स्त्री०—एक पतिव्रता राजपूत रमणी जिसका आख्यान राजस्थान के अन्तर्गत 'रातिजोगा' के गीतो मे अवश्य गाया जाता है।

रू०भे०—जैतळ।

जैता–स०स्त्री०—राठौडो की एक शाखा, जैतावत।

जैताई–वि०—[स० जैत्र +रा०प्र०ई] विजयी। उ०—जैसावत सुरतो जैताई, साम तणौ छळि राम मवाई। भाण तणौ साहिवौ भुजाळौ, चक्रवति दळा खळा कळि-चाळौ।—रा रू

वि०—जितने।

जैतार–वि० [स० जैत्र] जीत कर उद्धार करने वाला, जीतने वाला, विजयी। उ०—आजान भुज वळ अग री, जैतार दससिर जग री।
—र ज प्र

जैतारणियौ–स०पु०—१ राठौडो की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति, सीधल राठौड (वा दा ख्यात) २ मारवाड के अन्तर्गत जैतारण कस्बे का निवासी।

जैतावत–स०पु० [स० जैत+पुत्र] राठौडो की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

जैतावार—देखो 'जैतवार' (रू भे)

जैतुग–स०पु०—भाटी वश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति। (वा दा ख्यात)

जैतून–स०पु० [अ०] अरब, शाम और यूरोप के दक्षिणी भागो मे सर्वत्र मिलने वाला एक सदावहार वृक्ष। इसके फल और बीज दोनो काम आते है। इसके बीजो का तेल औषधि मे काम आता है।

जैतौ–स०पु०—राठौडो की जैतावत शाखा का राजपूत।

जैत्र–स०स्त्री० [स० जैत्र] जय, विजय। उ०— प्रहसमि गुरुजी पत्तणि अविया, वाज्या जैत्र निसाण। ठाम-ठाम ना सघ मिळ्या घणा, आपै दान सुजाण।—ऐ जै.का.स

जैत्रवादी, जैत्रवार–वि० [स० जैत्र+वादिन्, जैत्र+वार] विजयी। उ०—१ माझी मेघ हरौ मछराळ हूँ, तल्ल मल्ल हाथाळ। जैत्रवादी जमजाळ केविया री काळ सूरवीर सप्पखाळ।—ल पि

उ०—२ धरती पछिमी सूरधीर, भगता-वछ्ल जास भीर। जिहडो गहड जैत्रवार, कुअरा तिलिक जाणकार।—ल पि

जैत्रसाद–स०पु० [स० जैत्र+शब्द] विजय का शब्द।

जैत्रहथ, जैत्रहथौ—देखो 'जैतहथ, जैतहथौ' (रू भे)

उ०—वडा ही वडा आचार दीपै विसवि, वहै सबळा खळा खेति वागै। जगहथै वधिये गजण री जैत्रहथ, जगहथा वध गया विरद जागै।—अमरसिंह राठौड री गीत

जैत्राई–स०स्त्री० [स० जैत्र+रा.प्र आई] जीत, विजय, जय।

वि० [स०जैत्र +रा प्र ई] विजयी। उ०—विजपाळी चाळै विरदाई, जोगीदास तणौ जैत्राई।—रा रू

वि०—जितने ही।

रू०भे०—जेत्राई।

जैथहथ, जैथहथौ—देखो 'जैतहथ, जैतहथौ' (रू भे)

उ०—कर कर क्रामतीजी खोपै जैथहथ जम खभ। नागर नोवती जी घर घर घुरत द्वार असभ।—रा.रू

जैथे—देखो 'जेथ' (रू भे)

जैदरथ, जैदरथौ, जैदरथ्थौ—देखो 'जयद्रथ' (रू भे)

उ०—जैदरथौ माथौ जुई, अई झुकाओ आण। आयौ 'मंदर' ऊपरै, पावू इण परमाण।—पा.प्र

जैदेव–स०पु० [स० जयदेव] गौड के महाराज लक्ष्मणसेन की राजसभा मे रहने वाले एक प्रसिद्ध वैष्णव कवि जो सस्कृत के प्रसिद्ध काव्य 'गीत गोविंद' के रचयिता थे। इनका जन्म आज से प्राय. आठ-नौ सौ वर्ष पहले बगाल के वर्तमान वीरभूम जिले के अतर्गत केंदुविल्व नामक ग्राम मे हुआ था।—(पी ग्र)

जैद्रथ—देखो 'जयद्रथ' (रू भे)

जैन–स०पु० [स०] १ भारत का एक प्रसिद्ध सप्रदाय जिसका अहिंसा परम धर्म माना जाता है २ इस धर्म का अनुयायी, जैनी।

रू०भे०—ज्यान।

जैनगर, जैनेर—देखो 'जयनेर' (रू भे) उ०—नरपति रहियौ जैनगर, परम रिदै घर प्रीत। रीधौ भूप विलास रस, कीधौ चैत वितीत।
—रा रू.

जैपरियौ–वि०—जयपुर से सम्बन्धित, जयपुर का।

स०पु०—जयपुर निवासी।

रू०भे०—जैपुरियौ, जैपुरी।

जैपाळ–स०पु०—१ पँवार वश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति (वा दा ख्यात) २ अजयपाळ नामक औपधि।

जैपुर–स०पु०—राजस्थान का एक प्रसिद्ध नगर जो राजस्थान की राजधानी है।

जैपुरियौ, जैपुरी—देखो 'जैपरियौ' (रू भे)

जैपैलैदिन–स०पु०—वर्तमान समय से गत या आने वाला पाँचवाँ या छठा दिन।

जैवहौ, जैवौ—देखो 'जेहवौ' (रू भे) (स्त्री० जैवही, जैवी)

जैसळ—स०पु०—भाटी वश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति।
वि०—जैसलमेर का, जैसलमेर सम्बन्धी।

जैसळगर—देखो 'जैसलमेर' (रू भे)

जैसळगरौ—देखो 'जैसलमेरौ' (रू भे)

जैसळगिर—देखो 'जैसलमेर' (रू भे) उ०—तोडै रगि तुरकाण, रिण पडि ऊपडिग्रौ 'रघौ'। भाटी भला भवाडिया, जैसळगिर जोधाण।

जैसळगिरौ—देखो 'जैसलमेरौ' (रू भे) उ०—'गोइद' पेखि जैसळगिरौ, वाघ वीसमौ वीरवर। रिण वार राण 'ग्रमरेस' रा, कुरगा जिम भागा कुग्रर।—गु.रू व.

जैसळमेर—स०पु० [स० जयसल+नगर] जयसल नामक भाटी वश के राजा ने विक्रमी सवत् १२१२ श्रावण शुक्ला १२ को किले की नीव डाली ग्रौर उसके पास एक नगर बसाया जिसका नाम जैसलमेर पडा ग्रौर इसी नगर के कारण समूचे राज्य का नाम जैसलमेर पडा।
रू०भे०—जेजळमेर, जैसलगर, जैसलगिर, जेसाण, जेसाणौ, जैसाण, जैसाणौ।

जैसळमेरौ—वि०—जसलमेर का, जैसलमेर सम्बन्धी।
उ०—सिभूनाथ कह्यौ सौ वेरा, भला हुवै तेरा ग्रणभग। मिळियौ माल सुमेरा माफिक, यौ जैसळमेरौ उतमग।
—दुरजनसाळ भाटी री गीत
रू०भे०—जैसलगरौ, जैसलगिरौ।

जैसाण, जैसाणौ—देखो 'जैसलमेर' (रू भे) उ०—१ जैसाण लूटियौ दे जुहार, वीकाण लूटियौ पाच वार। रूपाण भरै डड खिमे रेस, नागाण करै सेवा नरेस।—वि स
उ०—२ माड-घर वीचमै महोछिव मडाणा, दान सू ग्रदेवा हिया दहता। 'चूड' हर ग्रनड जैसाण चवरी चढै, वीदगा चढाया गजा वहता।—द दा
उ०—३ गढ जैसाणै वीकपुर, कै सीरोही पार। जग मै भूपत थान रौ, वुध ग्रनुमान विचार।—रा रू

जैसा—स०स्त्री०—भाटी वश की एक शाखा।
रू०भे०—जेसा, जेहा, जैहा।

जैसौ—वि० (स्त्री० जैसी) जैसा। उ०—ग्ररु जोधपुर जैसौ राज वडेरा रौ वाधियौ पातसाही खालसै रहतौ दीसै है।—द.दा.
स०पु०—भाटी वश की जैसा शाखा का व्यक्ति।
रू०भे०—जेसौ।

जैसौ-राणौ—स०पु०—एक मारवाडी लोकगीत।

जैहर—१ देखो 'जै'र' (रू भे) (ग्र मा)
स०पु०—२ साँप (ग्र मा)

जैहरी—देखो 'जै'री' (रू भे)

जैहा—देखो 'जैसा' (रू भे)

जैहौ—देखो 'जेहौ' (रू भे)

जो—वि०—ज्यो, समान।

जोईडौ—स०स्त्री०—यूका का बच्चा।

जोज, जोट—स०पु०—शमी वृक्ष या इसका पका फलीनुमा फल।
(रू.भे जाट) (मि० सोग्रो)

जो—स०पु०—जौ।
सर्व० [स० य] यह सम्बन्ध वाचक सर्वनाम जिसके द्वारा कही हुई सज्ञा के वर्णन मे कुछ ग्रौर वर्णन की योजना की जाय।
क्रि०वि [स० यत, प्रा० जग्रो, ग्रप० जग्रो] यदि, ग्रगर।
उ०—१ वळिवधण मूझ स्याळ सिघ वळि, ग्रासै जो वीजो परणै। कपिल धेनु दिन पात्र कसाई, तुळसी करि चाडाळ तणौ।—वेलि.
उ०—२ ग्राज ग्रागन्या ग्रापौ जो, मुह्नै हस्तनापोर जाऊ धाई। गदा तणै प्रहार, मारू साथे सोए भाई।—नळाख्यान
रू०भे०—जु।

जोग्र—देखो 'जोग' (जैन)

जोग्रण—देखो 'जोजन' (रू भे) उ०—सिधु परइ सत जोग्रणे, खिविया नीजळियाह। सुरहउ लोद्र महक्कियाै, भीनी ठावडियाह।—ढो मा.

जोग्रणौ, जोग्रवौ—देखो 'जोवणौ, जोववौ' (रू.भे)

जोइ—स०स्त्री० [स० ज्योति] १ ग्रग्नि (जैन) २ ज्योति, प्रकाश। (जैन)
[स० जोपित] ३ स्त्री, महिला ४ देखो 'जो' (रू भे)
उ०—जोइ जळद पटळ दळ सांवळ ऊजळ, धूरै नीसाण सोइ घण-घोर। प्रोळि-प्रोळि तोरण परठीजै, मडै किरि तडव गिरि मोर।
—वेलि.
रू०भे०—जोई।

जोइजणौ, जोइजवौ—क्रि०ग्र०—ग्रावश्यक होना, जरूरी होना।
उ०—पातसाह सीख दी तरै राठोड प्रिथीराज नु महेसजी मिळिया ही नही जाणियौ खेरवौ दियौ जोइजसी।—राव चद्रसेन री वात

जोइजै—देखो 'जोईजै' (रू भे.)

जोइठाण—स०पु० [स० ज्योति स्थान] ग्रग्नि-स्थान, ग्रग्नि-कुण्ड (जैन)
रू०भे०—जोईठाण।

जोइण—स०स्त्री०—१ जोशी की स्त्री. २ देखो 'जोजन' (रू भे)
उ०—१ काछौ करह वियूभिया, घडियउ जोइण जाइ। हरणाखी जउ हसि कहइ, ग्राणिसि एथि चिसाइ।—ढो मा
उ०—२ लावउ पिहुतउ इक लख जोइण नै विस्तार।—ध व ग्र
रू०भे०—जोइन।

जोइणि, जोइणी—देखो 'जोगणी' (रू भे) उ०—उज्जेणि ववकु जोइणि तणउ, जिणि पडि वोहउ भाण वलि। जिणदत्त सूरि पहु सुरगुरवि, हुयउ न होइ सइ इत्थु कलि।—ऐ जै का.सं.

जोइणौ, जोइवौ—क्रि०स०—देखो 'जोवणौ, जोववौ' (रू भे.)
उ०—तठा उपराति करि नै राजान सिलामति गढ कोट चौफेर कागुरा लागा थका विराजै छै। जाणै ग्राकास लोग गिलण नू दात

१४ भय, डर। उ०—पूज्या देव पयाण सिद्ध-गण सामा मिळसी, वीणा भीजण जोख निचकता दूर विचरसी। नमजो चवळ हेत हिये मे आदर आणो। रतीदं भूकत जिगन री कीरत जाणो।—मेघ

रू०भे०—जउख, जौख।

जोखणी, जोखबी—क्रि०स०—१ वजन करना, तौलना।

उ०—१ वाणियं टकै रो गुळ जोख्यो।—वाणी

उ०—२ जगपुड 'जगा' पाखरा जगम, रमहर माथै घात रहै। रुकमा जोख जोखिया राणा, पडिया जोखै दिली पहै।

—महाराणा स्री जगतसिंह (वडा) री गीत

२ भयभीत करना, आतकित करना। उ०—वारण घड हेक तणी वधूसै, वारण हेके ले विमळ वमळ। जोखिया भला राण जग जेठी, वहु पतसाहा तणा वळ।—महाराणा सागा री गीत

जोखणहार, हारो (हारी), जोखणियो—वि०।

जोखवाडणी, जोखवाडबो, जोखवाणी, जोखवाबो, जोखवावणी, जोख़-वावबो, जोखाडणी, जोखाडबो, जोखाणी, जोखाबो, जोखावणी, जोखावबो—प्रे०रू०।

जोखिग्रोडो, जोखियोडो, जोख्योडो—भू०का०कृ०।

जोखीजणी, जोखीजबो—कर्म वा०।

जोख़त, जोखता—स०स्त्री० [स० योषित्, योषिता] १ औरत, स्त्री। उ०—तुरियं भव तारिया, छान छीपं घर छाई। जोखता जंदेव री, जगत जाणं जीवाई।—अलूनाथ

२ वेश्या, गणिका। उ०—साध सराहै सो सती, जती जोखता जाण। रज्जव सच्चे सूर का, वैरी करत वखाण।—रज्जव

जोखम—स०स्त्री०—१ वह मूल्यवान पदार्थ या धन-दौलत जिसके कारण चोर-डाकुओं द्वारा भारी विपत्ति आने की सम्भावना हो।

मुहा०—१ जोखम उठाणी, जोखम सहणी—ऐसा कार्य जिसमे भारी नुकसान या खतरे की आशका हो २ जोखम मे पडणी—किसी आपत्ति मे फँसना। सकट मे उलझ जाना।

२ आपत्ति, सकट। उ०—१ अरजण वाण जिसो आखाडै, गज खग झाडै गीत गवाडै। 'अखो' 'रिदावत' रावत एहो, जोखम विरिया भीसम जेहो।—रा.रू उ०—२ हरखीयो रिख मन माह आणद हुओ। जीव जामण मरण कीध जोखम जुओ।—रुकमणी हरण

३ खतरा, भय, डर। उ०—१ तद मा भीतर बुलाय कही वेटा इण घर विवाह क्यू करो जिण मे जीव नू जोखम हुवै सो क्यू करै।

—कुवरसी साखला री वारता

उ०—२ खावै जहर अमल पण खावै, करक मसाणा मढी करै। जीवै नर जतरै नह जोखम, मरण तणं दिन अवस मरै।—अज्ञात

४ उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी। उ०—लाखा नै हजारा तणी रे। जोखम लेले तो मोल। तेहिज निरधन हो गया रे। प्राणी फिरता डावाडोल।—जयवाणी

जोखमणी, जोखमबो—क्रि०अ०—वीर गति को प्राप्त होना, मृत्यु को प्राप्त होना, मरना। उ०—भिडिया तिकै मुवा काइ अमिया। जट लोहाण खत्री जोखमिया। जुडि गज खेत पडै वौह जिसडा। इकसठ समर जीपिया इसडा।—सू प्र.

जोखमिणो, जोखमिबो—क्रि०अ०—१ टूटना. २ भागना. ३. मरना।

जोखमियोडो—भू०का०कृ०—१ मरा हुआ. २ टूटा हुआ. ३ भागा हुआ। (स्त्री० जोखमियोडी)

जोखमी—वि० वह पदार्थ जिसके कारण किसी आपत्ति के आने की सम्भावना हो।

जोखसोख—स०पु०—१ वैभव, ऐश्वर्य. २ धन-दौलत. ३ विषय-विलास।

जोखहारी, जोखर—स०पु०—१ आमोद-प्रमोद का कार्य करने वाला २ अपनी वेश-भूषा और विशेष बनावट से दूसरो को हँसाने वाला. ३ योद्धा। उ०—कायर जमि जोखर कडक, लाभ जुडचाँ विण लेह। अज रीमा थाव र अहर, दिक कतरा टाळैह।—रेवतसिंह भाटी

४ हानि पहुँचाने वाला, शत्रु।

रू०भे०—जोकर, जोखाहर।

जोखा—स०स्त्री० [स० योषा]-स्त्री, नारी, महिला (ह.ना.म.मा)

जोखाई—स०स्त्री०—तोलने जोखने का कार्य या इस कार्य की मजदूरी।

जोखारा—स०स्त्री०—चूसने वाली स्त्री, वेश्या।

जोखाहर—देखो 'जोखहारी' (रू.भे.)

जोखित, जोखिता—देखो 'जोखत, जोखता' (रू.भे) (ह ना, अ मा.)

जोखिया—स०पु० (अ व) आनन्द, मौज। उ०—हमे थे वैठा जोखिया करो।—जलाल बूबना री बात

जोखियोडो—भू०का०कृ०—१ वजन किया हुआ २ भयभीत किया हुआ, आतकित किया हुआ। (स्त्री० जोखियोडी)

जोखो—स०पु०—१ हानि, क्षति। उ०—१ जोखो दाता तणो न जाणं। दाता भिडणाणा देसोत।—द दा

उ०—२ अर कारी की सु इम चीतवि अर की हुती जु जीव रं जोखं लग अटकळी हुती, का घर वार हुती रहै। पणि केसवराय जे मारं नही तो किम ही ज मारीजं नही।—द वि

२ खतरा, भय। उ०—कुहाडां मार जिहाज वटका करै, धरि सारा घरै मेट धोखो। करा खग तोल मुख वोल कहियो 'करण', जितै ऊभो इतै नही जोखो।—द दा.

क्रि०प्र०—आणी, पडणी।

३ जिम्मेदारी, उत्तरदायित्व। उ०—दूद-कुळ-आभरण घुहडहर दाखवै, घीर मड डरै मत करै धोखो। प्रिथी पर माहरो सीस पडिया पछै, जाणजै ताहरै सीस जोखो।

—राठौड जैमल वीरमदेवोत रो गीत

क्रि०प्र०—होणी।

४ क्षत, पीडा। उ०—पऊँ आख्या कची पड गई, ओखध घणी कीधो तिण सू आख्या मे जोखो थयो।—भि द्र

५ कष्ट, दुख, सताप। उ०—हाय रे हाय फूटो हियो, जतन न दीसै

२३ गद, २४ मातग, २५ राक्षस, २६ चर, २७ स्थिर और २८ वर्द्धमान ।

इनके अतिरिक्त निम्न ६ भेद और हैं—१ अमृतसिद्धि, २ सर्वार्थ सिद्धि, ३ दग्ध, ४ यमघट, ५ यमदष्ट्रा और ६ वज्रमूसला ।

(ग) तिथि व नक्षत्र सम्बन्धी—इसके तीन भेद होते है— १ काल-मुखी, २ ज्वालामुखी और ३ तिथि नक्षत्र दोष ।

(घ) तिथि, वार व नक्षत्र सम्बन्धी—इसके चार भेद होते हैं— १ राज योग, २ कुमार योग, ३ स्थिर योग और ४ हलाहल, (विष योग) ।

स०स्त्री० [स० योगिनी] ३१ पँवारवशोत्पन्न एक देवी ।

वि०—१ योग्य, काबिल, लायक । उ०—जीव दान देवहु इन्हें, मरण जोग ये नाहि । सकर भोळानाथ मैं, करू विनय तुम पाहि ।
—जलाल बूबना री वात

२ उचित, योग्य । उ०—सू मोयला वदळे तै म्हा ऊपर तरवार बाधी, सु आ वात तनै जोग नही ।—द दा

रू०भे०—जोगि ।

जोग-अठग—देखो 'अस्टाग जोग' (रू भे) उ०—कोटिक जोग-अठग सधी, अरु कोटि तपी तप नेम बराबर । ये 'किसना' सुपने न कहू, यक स्री रघुनायक नाम बराबर ।—र ज प्र

जोगअधीस–स०पु० [स० योग+अधीश] योगाधीश, ब्रह्मा ।

उ०—उदोत-तपोनिध त्रैगुण-ईस, अजीत-जरा-म्रत जोग-अधीस । विसन्न विमोह-विसव्व विग्यान, रती-पति-तात प्रकत्त-राजान ।—ह र

जोगखेम–स०पु० [स० योगक्षेम] अप्राप्त की प्राप्ति और प्राप्त की रक्षा (जैन)

जोगजोगी–स०पु० [स० योगयोगिन्] योगासन पर बैठा हुआ योगी ।

जोगटी—देखो 'जोगणी' (अल्पा , रू भे)

जोगडो, जोगटो —देखो 'जोगी' (अल्पा , रू भे)

उ०—१ जटाजूट जोगी जवर है, जूनो जिणरो जोगडो । इळा पिंगळा जडापियाळा, भल मरु फरजन फोगडो ।—दसदेव

उ०—२ जटा कनफटा जोगटा, खाखी पर-धन खावणा । मरुधर मे कोडा मिनख, करसा एक कमावणा ।—ऊ का

उ०—३ दुख थारै 'पेमा' उरै, मन री भ्रम मोटोह । जाण्यो तोनूं जोगटा, 'बूडा' री बेटोह ।—पा प्र

(स्त्री० जोगडी, जोगटी)

जोगण—१ देखो 'जोगणी' (रू भे , डिं को) उ०—१ जमला मैं जोगण भई, पैरै अग की खाल । वन वन सारो ढूढियो, करत जमाल जमाल ।—रसराज उ० —२ वीर नाच रहिया छै । जोगण ढाक बजावै छै । खप्पर भरै छै ।—सूरै खीवै काधळोत री वात

उ०—३ घर अवर रज डवर अवारा । जोगण करि चवसठि जैकारा ।—सू प्र उ०—४ यो गहणी यो वेस अब, कीजै धारण कत । हूं जोगण किण काम री, चूडा खरच मिटत ।—वी स.

उ०—५ भूरै रे म्रिगनैणी भूलर, मेह तणी परि मोरा । जोगण पीठ दिया सहजादी, घूमरि ऊपरि घोरा ।—अमरसिंह राठौड री गीत

२ ज्वार की फसल का एक रोग विशेष जिससे ज्वार के भुट्टो पर जटा के समान बाल वाला पदार्थ निकलता है और दानों के स्थान पर राख निकलती है ।

जोगणपुर, जोगणपुरी–स०स्त्री० [स० योगिनीपुर, पुरी] दिल्ली का नाम ।

उ०—१ तातळिया तुरगम खड खग लीना, जुडवा रथ जोगणपुर जाय । असपत राव तणा दळ आया, तिलोकसी न वीसरै ताय ।
—नैणसी

उ०—२ जोगणपुर लाहौर थटो, भक्खर मुळताणह ।—गु रू ब

उ०—३ जोगणपुरी मयण तण जोवण । वर प्रागत गहि पूरत वेस । परणै जिकी चढी तै परणण । नव खड हिंदू तुरक नरेस ।
—राठौड रतनसिंह ऊदावत री वेलि

उ०—४ धुकै आराण असमाण नीसाण घुबै, ढहे मोहताण मुगळाण ढेरी । जोडिया पाण सज डाण जोगणपुरी, फौज दखणाण पछमाण फेरी ।—जोगीदास चापावत री गीत

रू०भे०—जोगणिपुर, जोगणीनगर, जोगणीनग्गर, जोगणीपीठ, जोगणीपुर, जोगिणपुर, जोगिणिपुर, जोगिणीपीठ, जोगिणीपीठि, जोगिणीपुर ।

अल्पा०—जोगणपुरो, जोगिणीपुरी ।

जोगणपुरी–स०पु०—१ बादशाह । उ०—महादुरग अजमेर, सूर जीतो रिण चाचर । जळियो जोगणपुरो, वाइ जाणै वैसन्नर ।—गु रू ब

२ दिल्ली का निवासी ३ मुसलमान, यवन ।

उ०—१ गाजै बाण आरहट गोळा, धोळै दन सावळा धमोड । गोपाळोत ऊपरै गुडिया, जोगणपुरा तणा गळजोड ।
—वीठळ गोपाळदासोत री गीत

उ०—२ पेखण कळह कमध परणावण, लिखिया रुद्र नारद लगन । जोगणपुरा माडही जानी, जोगणपुर मडियौ जगन ।—किसनो आढो

४ चौहान राजपूत ५ देखो 'जोगणपुर' (अल्पा , रू भे)

रू०भे०—जोगिणपुरो, जोगिणीपुरो ।

जोगणि—देखो 'जोगणी' (रू भे.)

जोगणिपुर—देखो 'जोगणपुर' (रू भे.) उ०—केक दीह मझि कमध, 'अभौ' जोगणिपुर आए । दळ बगसी र दिवाण, जाय अरजा गुजराए ।—सू प्र

जोगणिपुरो—देखो 'जोगणपुरो' (रू भे.) उ०—फुरमास सुपारिस मोकळी, दिढ राजा दळ थभ तूं । जागीर दीध जोगणिपुरै, कणियागिर साचोर सू ।—गु रू ब.

जोगणी–स०स्त्री० [स० योगिनी] १ देवी, शक्ति, योगमाया ।

उ०—१ देवी माळणी जोगणी मत्त मेधा, देवी वेधणी सूर असुरा उवेधा । देवी कामही लोचना हाम कामा, देवी वामनी मेर माहेस वामा ।—देवि उ०—२ हरी अभिलाख कव अमर री हमरकै,

जोगतत–स०पु० [स० योगतत्व] योगत्व, योग रहस्य। उ०—क्रिस्ण जी का जुदाजुदा रूप देखण लागा। कामिनो कहइ काम आयो। सत्रु कहण लागा काळ आयो और जिकेई विरोधी न था त्याह स्त्री नारायण को सरूप जाण्यो। वेद का अरथी था, त्याह कह्यो मूरत्तवत वेद आयो। योगीस्वरा जाण्यो जोगतत यो ही।—वेलि टी
रू०भे०—जोगतत, जोगतत्त।

जोगत–स०स्त्री० [स० योगतत्व] योगविद्या। उ०—इतरी विद्या हूं जाणू छूं—अगम निगम, जोगत सुगन, सुरभेद, कायाकळप।
—पचदडी री वारता

जोगतत, जोगतत्त—देखो 'जोगतत' (रू भे)
उ०—कामिणि कहि काम, काळ कहि केवी, नारायण कहि अवर नर। वेदारथ इम कहै वेदवत, जोगतत्त जोगेसर।—वेलि

जोगता–स०स्त्री०—योग्यता। उ०—सीळवती नै हो जोगता, धरमपणं द्रढ थाय।—वि च कुस

जोगती–वि०—योग्य। उ०—स्रीपत री वेटी तू परण, वे कह्यो हू व्रिद्ध हुवो म्हारै जोगती बात नही।—पचदडी री वारता

जोगतीजोत— देखो 'जागतीजोत' (रू भे)

जोगदोस–स०पु० [स० योगदोष] पैर के ऊपर लेप करने से जो सिद्धि होती है उससे आहार आदि लेना (जैन)

जोगधाता–स०पु० [स० योग+धाता] महादेव, शिव। उ०—देवी सावित्री रूप व्रम्मा सोहाणी, देवी व्रम्म रै रूप तू निगम वाणी। देवी गोरजा रूप तू रुद्र राता, देवी रुद्र रै रूप त जोगधाता।—देवि

जोगनद्रा, जोगनिद्रा–स०स्त्री० [स० योगनिद्रा] १ योगनिद्रा २ निर्विकल्प समाधि ३ युगान्त मे विष्णु की नींद ४ निद्रा के कारण आने वाली झपकी ५ देवी, दुर्गा, शक्ति। उ०—१ देवी आद अनाद ओकार वाणी, देवी हेक हुकार ह्लीकार जाणी। देवी आप ही आपा उपाया, देवी जोगनिद्रा भव तीन जाया।—देवि
उ०—२ भवानी नमो दच्छ लोकेस छोनी। भवानी नमो जोगनिद्रा अजोनी।—मे म

जोगनिद्राळु, जोगनिद्राळु–स०पु० [स० योगनिद्रालु] प्रलय के समय योग निद्रा लेने वाले भगवान विष्णु।

जोगनिधान–स०पु०—योगनिधान, योग का खजाना, योगपरिपूर्ण, योगस्थान। उ०—नमो अनत नित्य अन्नत निखात, बडा कवि-इद व्रहम्म बिख्यात। नमो गुरु नारद व्रह्म-गिनान, नारायण जोगिय जोग-निधान।—ह र

जोगपथ–स०पु० [स० योग पथ] योगियो द्वारा अवलम्बन की जाने वाली राह, योग का रास्ता।

जोगपत, जोगपति, जोगपती–स०पु० [स० योगपति] १ महादेव, शिव २ विष्णु।

जोग-परिणाम–स०पु० [स० योगपरिणाम] जीव के परिणाम का एक प्रकार (जैन)

जोग-परिव्वाइया–स०स्त्री० [स० योगपरिव्राजिका] समाधि वाली परिव्राजिका सन्यासिनी (जैन)

जोगपारग, जोगपारगत–स०पु० [स० योगपारग] शिव।
वि०—जो योग मे प्रवीण हो, पूर्ण योगी।

जोगपीठ–स०पु० [स० योगपीठ] देवताओ का योगासन।

जोगबळ–स०पु० [स० योगबल] योग की साधना से प्राप्त होने वाली शक्ति, योगबल, तपोबल।

जोगभ्रस्ट–वि० [स० योगभ्रष्ट] चित्त विक्षेप या अन्य कारणो से जिसकी योग-साधना पूरी नही हुई हो, जो योगमार्ग से गिर गया हो।

जोगमाता–स०स्त्री० [स० योगमातृ] देवी, शक्ति, दुर्गा।

जोगमाय, जोगमाया–स०स्त्री० [स० योगमातृ] १ दुर्गा, महामाया, योगमाया, देवी, शक्ति। उ०—महारुद्र डेरू वजै जोगमाया। इसा थाट ले तीर सामद्र आया।—सू प्र
२ दिल्ली नगर। उ०—दिल्ली सहर जोगमाया जिसके दरम्यान बावन वीर चौसठ जोगणी का वास।—सू.प्र.
३ [स० योगमाया] यसोदा के गर्भ से उत्पन्न कन्या जिसको कस ने मारा था ४ विष्णु की माया, भगवती।
५ पारवती (डि को) ६ श्री करनी देवी।
उ०—धावता जगळधर हू त मोटा धणी, 'जैत' कज पधारचा जोगमाया।—बालावक्स वारहठ

जोगमुद्रा–स०स्त्री० [स० योगमुद्रा] हाथ की उगलियो को परस्पर अन्तरित कर के मपुट बना कर तथा कोहनियो का भाग उदर के समीप स्थित कर के वदना पाठ का उच्चारण करते समय शरीर के पाच अग २ घुठना २ हाथ और मस्तक नमाने की क्रिया या ढग। (जैन)

जोगरभ—देखो 'जोगारभ' (रू भे) उ०—नऊ नाथ ले साथि, मेर चढि आसण धारचा। जोगरभ विण जोग, भोग विण भोग विचारचा।
—ह पु वा

जोगराणी–स०स्त्री० [स० योगराज्ञी] पार्वती, देवी, शक्ति, दुर्गा, रणचडी।
उ०—१ रमै काळी अताळी हालरै जमै जोगराणी, भडा रोस जा लोपै अचाळ रै भारात। वाह रे अणी रा छैल कोयणा लालरै वाळा, हुआ थेट जाता गेढ़ाल रै माथै हात।—जवानजी आढो
उ०—२ रूका वेग झालरा घू हालरा दे जोगराणी, घुरै राग काळ रा वडाणी बब घोर। असा वीर ख्याल रा मडाणी आप ताप उठै, तठै रिमा सालरा 'सदाणी' वाळो तोर।—फतहराम आसियौ

जोगराज–स०पु० [स० योगराज] महादेव, शिव।

जोगराजगुगळ, जोगराजगूगळ—देखो 'योगराजगुगुल' (रू भे, अमरत)

जोगराया–स०स्त्री०—देवी, शक्ति, दुर्गा।

जोगल–स०पु०—राठौड वश की एक उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति।

जोगव–वि० [स० योगवान्] योग वाला, स्वाध्यायी (जैन)

घणा। ऊधा पत्र वुदवुद जळ प्राकृति, तरि चालै जोगिणी तणा।
—वेलि.

जोगिणीपीठ, जोगिणीपीठि, जोगिणीपुर—स०पु० [स० योगिनी-पीठ' योगिनीपुर] देखो 'जोगणपुर' (रू भे)
उ०—जोगिणीपीठि वीकइ जुडेय, काढ़िया नाळि करवइ फरेय। पाधरइ खेति 'दूदइ' पचारि, सूडाळ लिया सिरियउ सघारि।
—रा ज सी

जोगिणीपुरी—देखो 'जोगणपुरी' (रू भे) उ०—हुसियार मीर साथी हजार, वनिगह वहुत कोठी वजार। जोगिणीपुरा जे जग जीत, दिसि वडी तणा वड्डा दईत।—रा.ज सी.

जोगिय—देखो 'जोगी' (रू.भे) उ०—नमो अनत नित्य अग्रत निखात, वडा कवि-इद्र ब्रहम्म विख्यात। नमो गुरु नारद ब्रह्म-गिनान, नारायण जोगिय जोग निधान।—ह र.

जोगिया—स०स्त्री०—सगीत की एक रागिनी विशेष (मीरा)

जोगिया-भाटघा—स०पु०—पक्षी विशेष, इसका मास वडा स्वादिष्ट होता है।

जोगियौ—वि०—१ जोगी सम्वन्धी, जोगी का २ गेरू के रग मे रगा हुआ, गैरिक ३ मटमैलापन लिए हुए लाल रग, गेरू के रंग का. ४ देखो 'जोगी' अल्पा० (रू भे) उ०—जोगिया जी आज्यो जी इण देस। नैणज देखू नाथ नै धाइ करू आदेस।—मीरा

जोगींद्र—देखो 'जोगिंद' (रू भे) उ०—१ निराकार निरजन निरुपम, ज्योतिरूप निरखत जी। तेरा सरूप तु ही प्रभु जाणइ, के जोगींद्र लहत जी।—स कु
उ०—२ उणि वेळा कोई जोगींद्र, आयउ तिहा करतउ आणद। यत्र जत्र जांणइ अति घणा, ओखध नागा पीणा-तणा।
—दो मा.

जोगी—स०पु० [स० योगिन्] (स्त्री० जोगण, जोगणी) १ वह जो सासारिक भोग-विलासो से सम्वन्ध नही रखे। वह जिनका न तो किसी के प्रति अनुराग हो और न विराग हो, सुख व दुखो को समान समझने वाला, आत्मज्ञानी, जितेन्द्रिय। उ०—ज्योतिखी वैद पौराणिख जोगी, सगीती तारकिक सहि। चारण भाट सुकवि भाखा चित्र, करि एकठा तौ अरथ कहि।—वेलि
२ योगाभ्यास द्वारा सिद्धि प्राप्त करने वाला, वह जो योग करता हो, योगी। उ०—देवी जक्खणी भक्खणी देव जोगी, देवी नूमळा भोज भोगी निरोगी। देवी मात जानेसुरी व्रन्न मेहा, देवी देव चामुड सख्याति देहा।—देवि
३ महादेव, शिव। उ०—जळावोळ प्रळै कोह वागी.वीरा हाक जेती, कचा आकवाका चिता सचा कटा धार। छाजै करै उधरै फिलक्का भैरू छाक लेती, जोगी फिरै डेरू डाक देतौ जठाधार—नदौ सादू
४ ईश्वर। उ०—जोगी आद जुगाद ही दीहुदा डडा।
—केसोदास गाडण
५ मदारी।
६ नाथ सम्प्रदाय का एक भेद जो अपना सम्बन्ध कनीपाव (कृष्ण पाद) से जोडते हैं। इस सम्प्रदाय के कई लोग मेहनत मजदूरी कर के पेट भरते हैं जैसे इंधन के लिये लकडिया फाडना, पत्थर की चकिया वना कर वेचना आदि तथा कई भिक्षा मागते हैं। कई सपेरे होते हैं जो पूगी वजा कर और साप का तमाशा दिखा कर जीवन निर्वाह करते हैं।
वि०—योग्य।
रू०भे०—जोगिय।
अल्पा०—जोगटौ, जोगियौ, जोगीडौ, जोगोटौ।
मह०—जोगींद्र, जोगीस, जोगीस्वर, जोगेंद्र, जोगेस, जोगेसर।

जोगीकुड—देखो 'योगीकुड' (रू.भे)

जोगीडौ—देखो 'जोगी' (अल्पा, रू भे.) उ०—जोगीडै नू मार कर, थानूं करू दिवाण। जे अहडी नाही करू, तौ परमेस्वर री आण।
—नापा साखला री वारता

जोगीनाथ—देखो 'योगीनाथ' (रू भे)

जोगीराज—देखो 'योगीराज' (रू भे)

जोगीस, जोगीसर, जोगीस्वर, जोगेंद्र, जोगेस, जोगेसर—स०पु० [स० योगीश, योगीश्वर, योगेन्द्र, योगेश, योगेश्वर] महादेव, शिव।
उ०—१ समरेस होम जोगेस सुत, सेव पेस कवि साधिये। गावण नरेस 'अभमाल' गुण, श्री गणेस आराधिये।—सू प्र
उ०—२ यू कमधज घरै घू अवर। ज्यूं गगा मेलै जोगेसर।—रा रू
उ०—३ जोगीपर नेमीसर सिव सुख विलसै सार। स्री धरमसिंह कहै ध्यान धरचा सुख हे स्रीकार।—ध व ग.
उ०—४ दत उकती मत मती, जती जोगेसर। गणपती छत्ती गुणा, प्रभती जग ऊपर।—जूझारसिंह मेडतियो
२ योगेश्वर, श्रीकृष्ण ३ याज्ञवल्क्य मुनि का नाम ४ योगियो के स्वामी. ५ वहुत वडा योगी, महायोगी, योगीश्वर।
उ०—१ अहोनिस कागा भुसुड आराध, पढै तौ नाम सदा प्रहळाद। जपै सुकदेव जिसा जोगेस, आदेस आदेस आदेस आदेस।—ह र.
उ०—२ इम सूरौ पति धरम इरादा जोगेसरा सिधा हूं जादा। लडै नचित लोह नह लागै, जिकौ सूर तपसी सम जागै।—सू प्र.
उ०—३ रूप रेख वहु रग, ध्यान जोगेसर ध्यावै। अमर कोड तेतीस, प्रभु तौ पार न पावै।—ह.र.
६ योग के द्वारा सिद्धि प्राप्त किया हुआ योगी, वडा सिद्ध
७ सन्यासी. ८ देखो 'जोगी' (मह रू.भे)
रू०भे०—जोगेसवर, जोगेसुर, जोगेस्वर।

जोगेसरी—देखो 'योगेस्वरी' (रू भे)

जोगेसवर, जोगसुर, जोगेस्वर—देखो 'जोगेसर' (रू.भे)
उ०—१ वडा जोगेसवर सकज मदर वसु, वदन सुकाळीण ससहर

रू०भे०—जोडगर।

जोडगर–देखो 'जोडग' (रू भे.) उ०—कहै प्रमदास आदेस निस दिन करू, जोडगर सेस माहेस जेहा। बाप हो बाप बळवद तै बदावण, आप विन करै कुण काम ग्रेहा।—ब्रह्मदास दादूपथी

वि०—बराबरी का। उ०—कटै 'ग्रभमाल' छळ 'किसन' 'माहव' 'करण', लोप थट कुसळ 'सगतेस' लडिया। सदामद वगा खग अनै दन साकुरा, जोडगर ठाकरा नगा जडिया।—चापावता री गीत

जोडण–स०स्त्री०—१ जोडने या सचित करने की क्रिया २ योग, जोड।

जोडणौ, जोडवौ–क्रि०स० [स० जुड बधने] १ दो वस्तुओ को किसी प्रकार से एक करना, मिलाना २ किसी टूटी हुई वस्तु के टुकडो को जोड कर एक करना, मिलाना। उ०—रण करि फतै ग्रवक डड रोडै। जोए कुवर सीस धड जोडै।—सू प्र.

३ समूह रूप मे इकट्ठा करना। उ०—थभ जगा वोम वाट जोडतौ रातगा थाट। तोडतौ मातगा घाट रोडतौ ग्रावाट।

—हुकमीचद खिडियौ

४ सग्रह करना, एकत्रित करना, जमा करना।

उ०—जिका भला धन जोडियौ, ऊघमियौ निज ग्राच। कीरत पोहरै करन रै, वीदग ऊठै वाच।—बा दा

५ रचना करना, रचना, कविता करना। उ०—१ ग्रासै डाभी री ग्रगै, वारठ ग्रासै वात। जगजाणी जोडी जका, पढै ग्रजै लग पात।

—दरजी मयाराम री वात

उ०—२ सो दूहा तेईस सुज, नाम सहत निरधार। जोड देखाऊं जूजुवा, सुणै राम जससार।—र ज प्र उ०—३ दादू पद जोडै साखी कहै, विसय न छाडै जीव। पाणी घाल विलोइये, क्यो कर निकसै घीव।—दादू वाणी

६ किसी वस्तु, सामग्री या द्रव्य को क्रम से रखना। यथा-स्थान स्थापित करना ७ कई सख्याओ का योगफल निकालना ८ प्रार्थना, विनय, स्तुति और अभिवादन के समय हाथो के पजो को परस्पर सटाना, हाथ जोडना। उ०—कर वे पवित्र करिस साझणकर, जोडै तो ग्रागळी जगत गुर। पवित्र सभा वे करिस एण पर, ग्रक दिवाड सख चक्र ऊपर।—ह र

९ सयुक्त करना, सश्लिष्ट करना, सम्बद्ध करना।

उ०—कुवरसी हथळेवौ जोडियौ तरै भरमल नू ग्राखै सूझण लागौ।

—कुवरसी साखला री वारता

१० बनाना, रचना। उ०—हिवै बीजी कन्या तणौ, जोडैवा वीवाह है। तेडावी सिव भूति नै, इम भाखै नरनाह।—स्रीपाळ रास

११ जोतना। उ०—बाई का दादोजी चाल्या रथ जोड, बाई रथ थाम लियौ। बाई ए, मागण होय सो माग, ए रथ म्हारौ हाकण द्यौ—लो.गी.

१२ सभा के रूप मे एकत्रित करना। उ०—एथ वीजाणद जाइ पहुतौ। ग्रागै परधान दरवार जोडियै वैठौ छौ। इयै जाइ ग्रासीस दीधी।—सयणी री वात

१३ दीपक जलाना. १४ सम्बन्ध स्थापित करना। उ०—ग्रव तुम प्रीत ग्रौर से जोडी, हमसे करी क्यू पहेली। बहु दिन वीते ग्रजहु नही आये, लग रही ताळा वेली।—मीरा

१५ अनुरक्त करना, लीन करना। उ०—मद मच्छर छोडी जी, जिन सूं मन जोडी।—ध.व.ग्र

जोडणहार, हारौ (हारी), जोडणियौ—वि०।

जोडाडणौ, जोड़ाडवौ, जोडाणौ, जोड़ावौ, जोडावणौ, जोडावबौ प्रे०रू०।

जोडिग्रोडो, जोडियोडो, जोडयोडो—भू०का०कृ०।

जोडीजणौ, जोडीजवौ—कर्म वा०।

जुडणौ, जुडवौ—ग्रक० रू०।

जोडली—देखो 'जोडी' (अल्पा रू भे) उ०—गुरु आचारज जोडली, 'ईडरगढ़' चउमासि। राय 'कल्याणइ' राखीया, पहुँचाडी मन आसि।

—ऐ.जै का स

वि०—१ पास की, समीप की २ वरावर की।

जोडलौ–वि० (स्त्री० जोडली) १ एक ही समय मे एक ही गर्भ से उत्पन्न दो वच्चे, यमज. २ पास का, साथ का ३ वरावरी का, साथ का. ४ देखो 'जोडो' (अल्पा रू भे)

जोडवा–स०स्त्री०—रवी की फसल की अतिम जुतवाई, जिसके पश्चात् गेहूँ बोते हैं।

जोडवाई—देखो 'जोडाई' (रू भे)

जोडवाणौ, जोडवावौ—देखो 'जोडाणौ, जोडावौ (रू भे)

जोडवाळ, जोडवाळौ–वि०—वरावर का, जोड का, समान।

उ०—हाका लिया केहरी गुमान वाळा वगा हाका, रारिया भभका क्रोध डका ववी रोड। गजा काळा मोड वाळा रखै तू दूसरा, 'गजा' जोडवाळा पौहा रिमा रोड जाडी जोड।

—गोपाळदास दधवाडियौ

जोडा–स०स्त्री०—१ मिरासियो की एक शाखा (मा.म)

२ सारगी मे सबसे पहले के मुख्य दो तार।

जोडाग्रत, जोडाइत—देखो 'जोडायत' (रू भे) उ०—पढ पढ ठीक सीख पडवा मा, कडवा वचनां दगध करै। जीमै घी गेहूँ जोडाइत, मा तोडायत भूख मरै।—हिंगळाजदान कवियौ

जोडाई–स०स्त्री०—१ दीवार मे पत्थर या ईंटो के टुकडे रख कर उन्हें चूने आदि से जोडने की क्रिया २ दो या दो से अधिक वस्तुओ को जोडने की क्रिया या भाव ३ जोडने की मजदूरी।

रू०भे०—जुडवाई, जुडाई, जोडवाई।

जोडाऊ–वि०—सग्रहकर्त्ता, जोडने वाला, जमा करने वाला।

उ०—ग्राप तौ सकर उणियार, पारवती जोवै वाट। पधारौ हीरा पना रा जोडाऊ, ऊभी सज सणगार।—लो गी.

यौ०—जोडीवाळ, जोडीवाळौ ।
६ समान धर्म या गुण आदि वाला । वह जो बराबरी का हो ।
अल्पा०—जोडली ।
जोडीक-वि०—१ बराबर का, समान, तुल्य ।
उ०—ग्रोयण चपा ग्राम ज्यू, जळ गगा जोडीक । देसाणै मढ देखिया, काबा नग कोडीक ।—चौथौ बीठू
२ सग्रह करने वाला ३ रचने वाला ।
जोड़ीगर-स०पु०— मोचियो का एक भेद जो केवल जूते ही बनाते है ।
जोडीदार-स०पु०—१ समान कार्य करने वालो मे से एक २ साथ कार्य करने वालो मे से एक ३ पति-पत्नी मे से एक. ४ वह व्यक्ति जो केवल झाझ और मजीरा बजाने का ही कार्य करे. ५ समान ग्रायु वाला, समवयस्क, जोड का ।
रू०भे०—जोडीवाळ, जोडीवाळौ ।
जोडी री बैंठक-स०स्त्री०—मुगदरो की जोडी पर हाथ टेक कर की जाने वाली बैठक (व्यायाम)
जोडी रौ-वि०—समान ग्रायु का, बराबर का, समवयस्क ।
उ०—जानी तौ श्रपणी जोडी रा ल्याज्योजी, पातर थे भल ल्याज्योजी वना ।—लो गी
जोडी रौ जालम-स०पु०—पति (?) । उ०—हे ग्रायौ परदेसी सूवटौ हे, वागा मायलो सूवटौ, म्हैं तौ रमती सहेल्या रै साथ, जोडी रौ जालम ले चाल्यौ ।—लो गी
जोडीवाळ, जोडीवाळौ—देखो 'जोडीदार' (रू भे)
उ०—जोडीवाळ जकै जळ जीवै, पसरै चहु पासा सुख पाय । कीरत वना न चाखू कोई, कारण श्रण रहियौ कुमळाय ।
—रुघनाथ भाऊसिघोत रौ गीत
जोडै-वि०—बराबर, समान, तुल्य । उ०—१ जोधाणौ वगडी विहूं जोडै, 'जोध' 'श्रखा' वेहूं भड जोड । दीना पटा भोगवै दूजा, रावा रा सारा राठोड ।—श्रज्ञात उ०—२ फबै ललाई बिब फळ, परतख श्रधर प्रवाळ । जपा कुसम जोडै जिया, भाखै सहिया भाळ ।—बा दा
उ०—३ श्रति ऊचा तिय रै उरज, बणिया विसवा बीस । जोडै लागै जगत मे, गिर गज कुभ गिरीस ।—बा दा
क्रि०वि०—समीप, निकट, पास । उ०—१ श्रपच्छर सूर जोड़ै हिज श्राय । जई रथ बैठि वसै सुगि जाय ।—सू प्र
उ०—२ पछै सिंघजी रा समाचार सुण्या ऊ तौ राली श्रोढ़ नै धरटी रै जोडै सूती ।—भि द्र
जोडौ-स०पु० [स० जुड = बधने] १ दो समान वस्तुएँ । एक ही प्रकार की दो वस्तुएं । ज्यू-धोती जोडौ, जूतिया रौ जोडौ ।
उ०—तद राणी बीजी मोजडी पग सू चलाय पहाड की गुफा माहै राखी । श्राप पाणी ले घरै श्राई श्रर मोजडियौ बीजौ जोडौ करायौ ।
—चौबोली
२ वे दो वस्तुएँ जो एक दूसरे की पूरक हो । उ०—जोखमी स्त्री-नाथ हाथा श्रनोखौ वणायौ जोडौ, जुगा कोडा श्रासवार घोडौ चिरजीव ।—रामकरण महडू
३ समानता, बराबरी, तुल्य । उ०—तिहूँ लोका मही जोड 'सागा' तणौ, हेक रिव दुवौ जटधर श्ररोडौ । निलज नवरोज मेल्है तिकै नारिया, जिकै छत्रधारिया किसौ जोडौ ।—कविराजा करणीदान
४ पाव मे पहनने की जूते की जोडी । उ०—प्रथीराज श्राय ढोलियै सूतौ, परभात हुवौ, सु गूदळराव रै पगा रौ जोडौ उठै रह्यौ सु प्रथीराज दीठौ ।—नैणसी
५ स्त्री-पुरुष, पति-पत्नी, वर-वधू, दम्पती ।
उ०—१ ढोलणौ नै चौवारै चढाय, ढोलौ मारूणी दोन्यू पोढसी । खातीडा रे श्रसल गवार, जोडौ जोरावर ढोल्यौ साकडौ ।—लो गी.
उ०—२ सो भी श्राततादनू उवारि बापरौ बचावणहार वादियौ तौ भी श्रद्वितीय वार हुवा सुणि किताक कवि लोका तिकण रा ही प्रहार रौ प्रकरखण भणियौ । जूडा, जोडा, परयक, पेखणी, पात्र, पुज, कटि, करवाल पुहवी मे पैठौ तौ भी मतु विहूणा जनक रौ मित्र मारण मे म्हारौ तौ मन श्राघात रौ उत्करस न मानै ।—व भा
६ नर श्रौर मादा (या इन दोनो मे से एक) ७ पुनर्वसु नक्षत्र का एक नाम (पुरुष, प्रकृति)
मुहा०—महा जोडा कटै न घोडा—माघ महिने की रात्रि का ज्ञान पुनर्वसु नक्षत्र से होता है जो बहुत लम्बी होती है ।
वि०वि०—देखो 'नक्षत्र' ।
८ वे दो घटिया जो हाथी की झूल के दोनो श्रोर बाधी जाती है.
९ देखो 'जोडो' (रू भे) उ०—मोटी-मोटी छाटा श्रोसरियौ श्रे बदळी श्रोसरियौ । कोई जोडा ठेलम-ठेल सुरगी रुत श्राई म्हारै देस ।
रू०भे०—जूडौ । —लो गी
श्रल्पा०—जोडलौ ।
जोज-स०पु०—चाकर, सेवक (श्र मा)
जोजण—देखो 'जोजन' (रू भे) उ०—साकुर खडै पक्खर सेरि । फौजा वहै जोजण फेरि ।—गु रू व.
जोजदान-स०पु०—एक प्रकार की पेटी या बक्स (?)
उ०—इतरै एक चितेरा 'रूपा' री बेटी हीरा श्राई, तिण जोजदान खोल तसवीरा दिखाई । तिण मे एक तसवीर इण रै मन मानी, श्रा बार बार देखै उण कानी ।—र हमीर
जोजन-स०पु० [स० योजन] १ दूरी की एक माप जो चार कोस की होती है, योजन । मतान्तर से यह दो कोस श्रथवा श्राठ कोस की भी होती है । जैनियो के श्रनुसार एक योजन मे १०,००० कोस होते है । उ०—१ श्ररसी सुत कीरत दन ऊगै, परसण घण जोजन पारभ । श्रेक खड की हुश्रै श्रमावड, श्रन खडा मावणौ श्रसंभ ।
—जोधपुर नरेस महाराजा मानसिंह
उ०—२ दसा जोजना डागा गै नाम दाखे । यता हूंत दूणा गवाखेस श्राखै ।—सू प्र.

जोणग-स०पु०—एक प्राचीन देश का नाम (?)।

उ०—सगवरण गज्जरण सवर बरबरकाय चिलाय तुरड गुड उडगुड पक्कण चुक्कण कुडक्क तोसल सिंहल दमिल अज्जल विल्लल पारस खस लउस हारोसमोसहिम (?) रोम मरुग पल्लव मालव महुलिय सउलिय जोणग चीरा हूरा मरहट्टय कोकय डुंविलय कुलखय खरमुख तुरगमुख मिंढमुख हयकरण गजकरण प्रभिति अनार्यदेस मनुस्य।
—व स.

जोणि, जोणि—१ देखो 'योनि' (रू भे)

२ पन्नवण सूत्र के नवा पद का नाम (जैन)

३ पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र (जैन)

जोणिपव-स०पु० [स० योनिपद] पन्नवण सूत्र का एक पद (जैन)

जोणिय-वि०—जन्म लेने वाले प्राणी।

जोणिविहाण-स०पु० [स० योनिविधान] उत्पत्ति शास्त्र (जैन)

जोणिसूल-स०पु०यौ० [स० योनिशूल] योनि का एक रोग (जैन)

जोणींद-स०पु० [स० योगेन्द्र] १ श्रीकृष्ण २ महादेव।

जोणौ, जोवौ, जो'णौ जो'वौ—१ देखो 'जोवणौ, जोवबौ' (रू भे)

उ०—१ सौ आदमी इहा रा काम आया छै। पण पडियोडा साम्हा जोयो नही।—सूरे खीवे कांधळोत री वात

उ० —२ जिकै वार स्रीराम री जान जोई। कहै ओपमा पार पावै न कोई।—सू.प्र

उ०—३ ईसानू दे अकडे कत्थे न करदा। जित्थे जित्थे जोइये तिथि दरसदा।—सू प्र

उ० —४ रूनी रडी चडेहि, जोई दिसि जाता-तणी। ऊभी हाथ मलेहि, विलखी हुई वल्लहा।—ढो मा

उ०—५ घोय घोय तन चख जळ धारा, रोय रोय नर नारी। जोय जोय थाका जगजामी, कोय न लागी कारी।—ऊ का

उ०—६ सपना मे ओ मारूजी दीपक जो देख्यो। कुवळा री केळ रळावणी जी।—लो गी

उ०—७ आख्यां उणियारोह, निपट नही न्यारो हुवै। प्रीतम मो प्यारोह, जोती फिरू रे जेठवा।—जेठवा

उ०—८ तेल सिंदूर से चरचि धमळू के जूट जोय। टल्लू सू दोजडे गजपीठ होय।—सू प्र.

जोत-स०स्त्री० [स० ज्योतिस] १ प्रकाश, उजाला, ज्योति।

उ०—१ अनग अस वरतै चक्र आए, जिण ची जोत तिमर उडि जाए। वज्र देवळ अण हाथ वणावै, जिण मझि धरि वज्र सिला जडावै।
—सू प्र

उ०—२ जगाजोत आदीत री जोत ओपै, उभै हीर चामीर मे स्रग ओपै। सिया देख दाखै प्रभू काज सारो त्रिगो नोख रूपी अहो काय मारो।—सू प्र

उ०—३ नही तौ जोत नही तौ जाण। नही तौ पिंड नही तौ प्राण। नही तौ सार नही तौ सुद्धि। नही तौ खोट नही तौ वुद्धि।—ह र.

उ०—४ घर मझळ घर दीप मे, घट घर घर मय होत। कारतवर जेहो कुवर, जाजेचा घर जोत।—बां.दा.

उ०—५ मन, प्रवीण, कुदन मुद्दर, प्रेम प्रगासे जोत। विरह-अगिन ज्यू-ज्यू तपै, त्यू-त्यू कीमत होत।—अज्ञात

उ०—६ तुम्हो जोगत काकळै ओत-प्रोत जोत हू तो, जोत हू ता रही नहो भराका जुहार। सरै यहां मही पुरी सातमी तवरा सार, अन समै रहो पुरी अतका उदार।—बख्तीराम सिढ़ियो

२ दीपशिखा, लौ। उ०—प्रति पोळि गूढ प्रप्रीत, गावति सुदर गीत। जगमगत दीपक जोत, प्रति जोति पति उद्योत।—रा रू.

३ अग्निशिखा, लपट ४ अग्नि, आग. ५ दीपक (अ.मा)

६ दीपक मे प्रयुक्त होने वाली बत्ती ७ देवी या देवता के आगे या उनके निमित्त जलाया जाने वाला घी का दीपक ८ आंख। (ह ना.) ९ दृष्टि, नजर. १० किरण (अ मा.) ११ तारा (अ मा.) १२ कान्ति, दीप्ति, द्युति।

उ०—जवाहर परखत जोत, के जवाहरी करै। अनोप रग तोल भाव, सग ढग नभरै। घर घर मघम, फल फूल पे भळ। तर तर करत ताम-कील वाणि कोकिल।—सू प्र

१३ सगीत मे अष्ट ताल का एक भेद १४ घी नारियल आदि के सयोग से किसी देवी या देवता के सम्मुख या उनके नाम पर प्रज्व-लित की जाने वाली अग्निशिखा जो यज्ञ का ही एक रूप होती है।

स०पु०—१५ सूर्य (ह ना.)

१६ नक्षत्र। उ०—रव मायमता पदम घटै रुच, मिळै उड निस जोत मुख। कमध 'प्रताप' सुपो निस दिन किय, दोयण दाझै उघट दुख।—महाराजा मानसिंह जोधपुर रो गीत

१७ विष्णु १८ ईश्वर, परमेश्वर, परब्रह्म। उ०—स्याम धरम पतिव्रत अति साधइ, अग आरांण आसगइ आग। सुजि मिळि जाय जोत हू ता सुग, लोहा भडा लाकडा लाग।—अज्ञात

१९ परब्रह्म (मोक्ष मुक्ति)

उ०—'सूज्या' जही प्रभनमो 'मूजो', पळहण गजा रुळैगो। घड घज-वडा मिळैगो धारा, मनसा जोत मिळैगो।
—राजा उम्मेदसिंह सीसोदिया रो गीत

रू०भे०—जोति, जोती, ज्योत।

स०पु० [स० योत्र या योक्त, प्रा० जोत्तर] २० वह चमडे की पट्टी या तसमा या रस्सी जो घोडे बैल आदि जोते जाने वाले जानवरों के गले के नीचे से होती हुई उस वस्तु मे बाध दी जाती है जिसमे जानवर जोते जाते हैं।

उ०—कठै तो पडियो मायड गाडूलो, कठै म्हारा धोळा रा जोत।
—लो.गी.

रू०भे०—जोतर, जोतरु, जोतरू, जोत्र।

अल्पा० —जोतरियौ, जोतरौ।

वि०—सुन्दर (अ.मा)

रू०भे०—जोतसरूप, जोतसरूपी, जोतिसरूप, जोतिसरूपी, जोतीसरूप, जोतीसरूपी, ज्योतिस्वरूप।

जोताई-स०स्त्री—जोतने का कार्य या इस कार्य की मजदूरी।

रू०भे०—जुताई।

जोताडणौ, जोताडवौ—देखो 'जोताणौ, जोतावौ' (रू भे)

जोताडणहार, हारौ (हारी), जोताडणियौ—वि०।

जोताडिग्रोडौ, जोताडियोडौ, जोताड्योडौ—भू०का०कृ०।

जोताडीजणौ, जोताडीजवौ—कर्म वा०।

जोताडियोडौ—देखो 'जोतायोडौ' (रू भे)

स्त्री०—जोताडियोडी।

जोताणौ, जोतावौ-क्रि०स० ('जोतणौ' क्रिया का प्रे०रू०) १ घोडे, बैल आदि को रथ, गाडी, कोल्हू आदि मे बधाना २ घोडे, बैल आदि से चलने वाली गाडी, हल आदि मे जानवर जोत कर चलने के लिये तैयार कराना। ज्यू—रथ जोताणौ ३ भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिये हल द्वारा खुदवाना ४ किसी को बलपूर्वक किसी कार्य मे लगवाना।

जोताणहार, हारौ (हारी), जोताणियौ—वि०।

जोतायोडौ—भू०का०कृ०।

जोताईजणौ, जोताईजवौ।—कर्म वा०।

जोताडणौ, जोताडवौ, जोतावणौ, जोतावबौ, जोग्राडणौ, जोग्राडवौ, जोत्राणौ, जोत्रावौ, जोत्रावणौ, जोत्राववौ—रू०भे०।

जोतात—स०स्त्री०—खेत की मिट्टी की ऊपरी तह (कुम्हार)

जोतायोडौ—भू०का०कृ०—(घोडे, बैल आदि को रथ, गाडी, हल आदि मे) बधाया हुआ २ (रथ, हल, कोल्हू आदि मे जानवर जोत कर) चलने के लिये तैयार किया हुआ. ३ (भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिये) हल द्वारा खुदवाया हुआ ४ (किसी को बलपूर्वक) किसी कार्य मे लगवाया हुआ। (स्त्री० जोतायोडी)

जोतावणौ, जोतावबौ—देखो 'जोताणौ, जोतावौ' (रू भे.)

जोतावणहार, हारौ (हारी), जोतावणियौ—वि०।

जोताविग्रोडौ, जोतावियोडौ, जोताव्योडौ—भू०का०कृ०।

जोतावीजणौ, जोतावीजवौ—कर्म वा०।

जोतावियोडौ—देखो जोतायोडौ' (रू भे) (स्त्री० जोतावियोडी)

जोति—देखो 'जोत' (रू.भे) (ह ना, ना मा.)

उ०—१ विप्र ग्रहण मोखयण रमण आराण विचि, मारको माझिया वचै मिळियौ। खळा करि खेगरण ग्रत साखी ग्ररण, भाजि जामण-मरण जोति भिळियौ।

—राठौड रामदास मेडतिया (चादावत) रौ गीत

उ०—२ पिड पिड दस दस सिर परठि सिर सिर छत्र धारै, जगमग हीर जडाव जोति आदित आभारै।—सू प्र

जोतिक—देखो 'ज्योतिस' (रू भे.) उ०—घडी मडि घडियाळ। जोइ जोतिक जोइसी।—गु रू.व

जोतिकसास्त्र—स०पु०यौ० [स० ज्योतिष शास्त्र] ज्योतिष शास्त्र।

उ०—आयुरवेद धनुरवेद सामवेद अथरवणवेद विद्या अलकार छद जोतिकसास्त्र नाद वीणा पुस्तक।—व.व

जोतिकी—देखो 'ज्योतिसी' (रू भे) उ०—वियास भट्ट के महत जोतिकी ब्रहामण।—गु रू व

जोतिख—देखो 'ज्योतिस' (रू भे.) उ०—जु लगन नीकौ देखि देउ जोतिख ग्रथ देखि विचार कह्यौ।—वेलि टी

जोतिखी—देखो 'ज्योतिसी' (रू भे) उ०—विध राहू करकरी फळ वखाणि। जोतिखी ग्रथ रौ पथ जाणि।—सू.प्र

जोतिग—देखो 'ज्योतिस' (रू भे)

जोतिगी—देखो 'ज्योतिसी' (रू भे) उ०—समस्त जोतिगी बुलाया वसुदेव देवकी मुहडा आए बुलाय बूझ्या।—वेलि.टी

जोतिप्रकास, जोतिप्रकासी—स०पु० [स० ज्योतिप्रकाश] ईश्वर (ना मा.)

रू०भे०—ज्योतिप्रकासी।

जोतियोडौ—भू०का०कृ०—१ (घोडे, बैल आदि का रथ आदि मे) बधा हुआ, जुता हुआ २ (गाडी, हल, कोल्हू आदि मे जोते जाने वाले जानवरो को बाध कर) चलने के लिये तैयार किया हुआ ३ (भूमि को कृषि योग्य बनाने के लिये) हल द्वारा खोदा हुआ ४ (किसी को बलपूर्वक) किसी कार्य मे लगाया हुआ।

(स्त्री० जोतियोडी)

जोतिलिंग—देखो 'जोतलिंग' (रू भे.)

जोतिवत—देखो 'जोतवत' (रू.भे.) उ०—दिअण दान मान दातार, अमर नाम-दार ऊदार। सगह सूर धीर सामत, विमळ जोतिवत जैवत।—ल पि.

जोतिव्रक्ष, जोतिव्रिक्ष—स०पु०यौ० [स० ज्योतिवृक्ष] एक प्रकार का वृक्ष जो रात्रि मे सूर्य के समान प्रकाश करता है (जैन)

जोतिस—देखो 'ज्योतिस' (रू भे.) उ०—१ जोतिस सगुन विहू विध जाणै। पोह ज्या वरजै लेख प्रमाणै।—सू.प्र.

उ०—२ मुख जोतिस काज, कवि ग्रहराज जान सुभाज खगराज।

—र ज प्र

उ०—३ त्रिकाळग्य तत जाण वाणि जोतिस ततवेता। आचारिज रिख उग्र जिके इक्खज गुण जेता।—रा रू.

जोतिसप्रकासी—देखो 'जोतिप्रकासी' (रू भे.)

जोतिसरूप, जोतिसरूपी—देखो 'जोतस्वरूप' (रू भे, ह.ना)

उ०—परखि हो परखि प्रीतम पाथ, निरखि हो निरखि घट माहि नाथ। रामचद नमो हो नमो रूप, पिड पिड माहि जोतिसरूप।

—पी ग्र.

उ०—२ दहूँ गुणा सू न्यारा रहै। सो जोतिसरूपी दरसण लहै।

—ह.पु.वा

जोतिसिखा—स०पु० [स० ज्योतिशिखा] दीपक (ह ना)

रू०भे०—जोतसिखा।

उ०—२ जोधाण नग्र राजत 'विजेस', सुज विभौ देख लाजत सुरेस। मद छकै द्वार घूमै मतग, रित छहूँ पटाभर साम रग।—शि.सु रू.

रू०भे०—जुधाण, जोधाणौ।

जोवाणा—स०स्त्री०—एक प्रकार की तलवार।

जोधाणौ, जोधानेर—स०पु०—जोधपुर नगर। उ०—१ चग बीकाणै वाजै, चग जोधाणै वाजै, कोई, वाजै-वाजै चग अजमेर, ए रगीलो चग वाजणू।—लो गी उ०—२ जला रे, सहरा मायलो सहर भलो जोधांणो रे, म्हारी जोडी रा जला, पिया थारी रा जला। —लो गी.

जोधा—स०स्त्री०—राव जोधा के वशज, राठौडो की एक उपशाखा।

रू०भे०—जोदा, जोध।

जोधापुरी—देखो 'जोधपुरी' (रू भे) उ०—दुरवेस विकट करिवा दुरस, पुरस रूप जोधापुरी। मम हुकम लाज राखण मुदै, महाराज मडोवरी। —रा रू

जोधारभ—स०पु०—युद्ध, सग्राम।

जोधार, जोधाळो—स०पु० [स० योद्धा+आलुच्] योद्धा, शूरवीर (डि ना.मा)

उ०—१ प्रळै साघवा फूटियो सिंघ वारध के लोप पाजा, करी धू पर्टत हकै छूटियो भोधार। काळै पाख महा वेग तूटियो नखत्र किना, 'जालमो' उताळै रोस जूटियो जोधार।—हुकमीचद खिड़ियो

उ०—२ कीजै रग रोळा, भाभा मेहल्या सोना रूपा ना कचोळा। किसी नही कुरम, तिहा वइठा वत्तीसलक्षणा पुरुस। फादाळा, फुदाळा, दुदाळा, भाकभमाळा, सुहाळा, आखि अणीआळा, केसपास काळा, केई जमाई, केई साळा, केई जोधाळा, चालती हाल्ती भाळा, इस्या पाति वइठा वाळगोपाळा।—व स.

जोधो—स०पु०—१ योद्धा, सुभट, वीर (डि ना मा.)

उ०—उवरै सकर सकति अरोधा। जाजुळमान महा भड जोधा। —सू प्र

२ जोधा उपशाखा का राठौड। उ०—मह जोधा सलखा रिडमाला, कमधा कुळ ऊजळो कियो।—हटीसीग रौ गीत

रू०भे०—जोदो, जोध।

जोन—देखो 'जूण' १, २, ३ (रू भे)

जोनकपीट—स०स्त्री० [स० कूपीट योनि] अग्नि (डि को)

जोनळ—स०स्त्री०—ज्वार।

जोनि, जोनी—देखो 'जूण' १, २, ३ (रू भे.) उ०—१ रोम तणी रुघनाथ पार सिव सकति न प्रामै। नरहर रै नाभ मै जोनि ब्रहमा विप्र जामै।—पी ग्र. उ०—२ आदेस करू उण पुरुस नै, जो जोनी सकट हरै। आदेस अहो निस अलख नै, कर जोडै 'ईसर' करै।—ह र

जोनिकद—स०पु०—योनि का एक रोग। (अमरत)

जोनै—जिमको ? उ०—अव्वनी तणो भार ले कथ आयो।जोनै नागणी ते हुतो घन जायो।—ना द

जोन्ह—देखो 'जूण' (रू भे)

जोपणी— ?

उ०—माळीए माळीए हीर हाटक मणी। जाळीए जाळीए नगर री जोपणी।—रुखमणी हरण

जोपणौ, जोपवौ—क्रि०अ०—१ जोश मे आना। २ उत्साहित होना. ३ शोभित होना। उ०—१ आभूसण नर नारि इसी विध वोपिया। जाण क सुरपुर लोक इधक छवि जोपिया।—वगसीराम प्रोहित री वात

उ०—२ जरद जोसण कडी टोप हाथळ जडी। जोपती राग मे लोहमी मोजडी।—रुखमणी हरण

उ०—३ जोपती भावती जीण-साला जडे। भालडे वाधीये नेत भूल भडे।—रुखमणी हरण

४ देखो 'जोतणौ, जोतवौ' (रू भे)

उ०—१ असि धुर जोपि तेज ऊडाणै। आगळि सहस रहकळा आणै। —सू प्र.

उ०—२ तो नापो कही—यै ही गाडा जोप उरा आवो घोडा याहरा छै।—नापा सांखला री वारता

जोपणहार, हारो (हारी) जोपणियो—वि०।

जोपिओडो, जोपियोडो, जोप्योडो—भू०का०कृ०।

जोपिजणो, जोपीजवो—भाव वा०, कर्म वा०।

जोपियोडो—भू०का०कृ०—१ जोश मे आया हुआ २ उत्साहित हुवा हुआ ३ शोभित हुवा हुआ ४ देखो 'जोतियोडो' (रू भे)

स्त्री०—जोपियोडी।

जोपै—अव्य० [स० यद्यपि] यदि, अगर, अगरचे, यद्यपि।

जोवण—देखो 'जोवन' (रू भे)

उ०—पही भमता जइ मिळइ, तउ प्री आखै भाय। जोवण वधण तोडसइ, वधण घातउ आय।—ढो.मा.

जोवणेरी—स०स्त्री०—एक देवी का नाम।

जोवन—स०पु० [स० यौवन] युवा होने का भाव, यौवन, जवानी, तारुण्य। उ०—१ पावस आयउ साहिबा, वोलण लागा मोर। कता तू घरि आव नवि, जोवन कीधउ जोर।—ढो मा.

उ०—२ छक छोह रूप जोवना छाका। पुहपा तणी वणी पोसाका। —सू प्र

मुहा०—१ जोवन आणौ—युवावस्था आना, जवानी आना २ जोवन ऊठणौ—यौवन उभरना, जवानी आना ३ जोवन उतरणौ—जवानी समाप्त होना ४ जोवन गमाणौ—यौवन खोना। देखो 'जोवन ढळणौ'. ५ जोवन गाळणौ—युवावस्था व्यतीत करना, यौवन गुजारना ६ जोवन चवणौ—देखो 'जोवन टपकणौ'। ७ जोवन चढणौ—युवावस्था आना, जवानी भरना. ८ जोवन छळकणौ—यौवन छलकना, जवानी आना ९ जोवन छाणौ—युवा होना, पूर्ण जवान होना १० जोवन जाणौ—युवावस्था का चला जाना। वृद्ध होना।

उ०—२ जेसळ आप वडइ असवार, कोस बधरइ वारावार। जोयण एक घडी मइ जाइ, हारइ नही न थाका थाइ।—ढो मा

३ दर्शन (?) उ०—सरसति सामणि, तू जग जीण। हुस चढी लटकावै वीण। उरि कमळा भमरा भमइ। कासमीरा मुख मडणी माइ। तो तूठा वर प्राविजइ। पाप छयासी जोयण जाइ।
—वी दे

जोयणु—देखो 'जोजन' (रू भे), उ०—गग तडातडि अछइ ग्रोयणु। वित्थरि दीरघि बारह जोयणु। पास हरा वागुरीय वहूय। पइठा वणि कोळाहळ हूय।—प प च.

जोयणौ, जोयबौ—देखो 'जोवणौ, जोववौ' (रू भे)

उ०—हार ग्रोडती, वलक मोडती, ग्राभरण भाजती, वस्त्र गाजती, किंकिणीकळापू च्छोडती, माथउ फोडती, वक्ष स्थळ ताडती, कुतळ कळाप रोळती, प्रिथवीतळि लोळती, एकज्जळ बास्पजळि कचक सीचती, दीन बोलती, सखीजन ग्रपमानती, पुन-पुन रोयती, ग्रपरापर दिगमडळ जोयती, पाणीयरहितमत्स्य जिम घोळती।—व स

जोयल—स०स्त्री०—१ दृष्टि, निगाह, नजर। २ देखो 'जुयळ' (रू भे.)

जोयसी—देखो 'ज्योतिसी' (रू भे)

जोयाण, जोयावाटी—देखो 'जोयावटी' (रू भे.)

जोयीजै—देखो 'जोईजै' (रू भे.) उ०—ताहरा रावजी कह्यौ—'दूदा' 'मेघौ', सीघळ मारियौ जोयीजै।—दूदै जोधावत री वात

जोयिणौ, जोयिबौ—देखो 'जोवणौ, जोववौ' (रू भे)

जोयियोडौ—देखो 'जोवियोडौ' (रू भे)
(स्त्री० जोयियोडी)

जोर—स०पु० [फा० जोर] १ शक्ति, वल। उ०—१ दौलत सू दौलत वधै, दौलत ग्रावै दोर। जस होवै सब जगत में, जोवन ग्रावै जोर।
—ग्रज्ञात

उ०—२ ग्रोळगै राम ज ग्रापौ ग्राप। विखै त्या पच सकै नह व्याप। रटै तौ नाम कटै दुख रोर। जराऽऽमय पाप न लागै जोर।
—ह.र.

क्रि०प्र०—ग्रजमाणौ, लगाणौ।

मुहा०—१ जोर करणौ—ताकत लगाना, प्रयत्न करना, वल का प्रयोग करना. २ जोर टूटणौ—वल का क्षीण होना, प्रभाव कम होना, निराश होना. ३ जोर डालणौ—वोझा देना, देखो 'जोर देणौ'. ४ जोर देणौ—ताकत लगाना। वोझा लादना। दवाव डालना। किसी बात को बहुत ग्रावश्यक या महत्व की वतलाना ५ जोर दे नै कै'णौ—किसी वात को बहुत या दृढता से कहना ६ जोर मारणौ—ताकत लगाना, बहुत प्रयत्न करना ७ जोर लगाणौ—देखो 'जोर मारणौ'।

यौ०—जोर-जुलम।

२ ग्रधिकार, वश, कावू। ज्यू—वरावरी रै वेटै माथै हमै ग्रापाणौ जोर नी चालै।

क्रि०प्र०—चलणौ, चलाणौ, जताणौ, होणौ।

मुहा०—१ जोर डालणौ—किसी पर ग्रधिकार जतलाते हुए विशेष ग्राग्रह करना। दवाव डालना २ जोर दे नै कै'णौ—देखो 'जोर डालणौ' ३ जोर देणौ—देखो 'जोर डालणौ'।

३ मेहनत, परिश्रम, दवाव। ज्यू—सूता सूता पढण सू ग्रांख्या माथै जोर पडै। ४ तेजी, प्रवलता। ज्यू—ताव रौ जोर। उ०—सभ घोर ग्रधकार कळिराज छायौ ग्रसत, जोर सत कियौ ग्रवछन गवन जास।—उमेदसिंह सिसोदिया रौ गीत

मुहा०—१ जोर करणौ—तेजी दिखलाना, प्रवलता दिखलाना २ जोर पकडणौ—तीव्र होना, तेज होना, प्रवल होना. ३ जोर मारणौ—देखो 'जोर करणौ' ४ जोर मे ग्राणौ—ग्रनायास ही प्रवल हो जाना। ग्रनायास ही उन्नति की ग्रोर वढना।

५ ग्रावेश, वेग। ज्यू—मगरे मे वरसात होणे सू नदी री जोर वधियौ है। ६ ग्रासरा, सहारा, भरोसा। ज्यू—१ ये किण रै जोर माथै राजा सू ग्रडिया हौ २ थे किण रै जोर माथै कूदो हौ।

वि०—प्रवल, तेज। उ०—खीची दिन दिन वधता गया, तद वडी ठाकुराई, पातसाह ग्रकवर गै पातसाही लाइ तौ निपट जोर साहिवी थी।—नैणसी

यौ०—जोर-सोर।

जोरजट—स०पु०—एक प्रकार का वढिया रेशमी कपडा।
उ०—जरी, रेसम नै जोरजट री घेम सो लाग्योडौ।—रातवासौ

जोरजुलम—स०पु०यौ०—ग्रत्याचार, ज्यादती।

जोर-तळव—स०पु०यौ०—ग्रासानी से ग्राज्ञा न मानने वाला।
उ०—तद पूनिया रै थाणायत ग्ररज कीवी, परगनौ नयौ दवियौ छै, लोग जोर-तळव छै, तिणसू कासू ग्राग्या। तद महाराज फरमाई तू कहै तिण माफक पीठ राखा तद उण ग्ररज कीवी इतरी ग्रासामी राखजे।—मारवाड रा ग्रमरावा री वारता

जोरवार—[फा० जोरदार] शक्तिशाली, वलवान।

जोरवत, जोरवर, जोरवान—देखो 'जोरावर' (रू भे)
उ०—१ 'जग्गी' ग्रवसाणौं जोरवत। सुत 'साम' खेत गाजो ग्ररत।
—रा रू.

उ०—२ जुदवार मडै पतसाह जोरवर, ताता भडा उतारण ताप। वाप लडै हलकारै वेटौ, वेटौ लडै ऊससै वाप।—ग्रज्ञात

उ०—३ ग्रठी राम रा सुभड नै सुभड रावण उठी, लक रै जोरवर खेत लडवा। तीर सेला छुरा भीक तरवारिया, वाजिया विनै ही रभ वरवा।—र रू. उ०—४ कीरतसिंघ, उमेदसिंघ, पाली-रा चापावता रा भाणेज सेखावत सिवसिंघ रा कवर वडा जोरवान ज्या नू सिवसिंघ मराया समरथसिंघ रै हाथ।—वा दा ख्यात

जोरवा—स०स्त्री०—पँवार वश की एक शाखा।

जोरसिंह—स०पु०—एक मारवाडी लोक गीत।

जोरसोर—स०पु०यौ० [फा० जोर-शोर] वहुत ग्रधिक प्रवलता या प्रचण्डता।

सास विण, मोटी मेल्हइ धाह ।—ढो मा

२ राह देखना, इन्तजार करना. ४ प्रज्वलित करना, जलाना । (दीपक)

५ देखो 'जोतणो, जोतवो' (रू भे)

जोवणहार, हारो (हारी), जोवणियो—वि० ।

जोवाडणो, जोवाडवो, जोवाणो, जोवावो, जोवावणो, जोवाववो—प्रे०रू० ।

जोविश्रोडो, जोवियोडो, जोव्योडो—भू०का०कृ० ।

जोवीजणो, जोवीजवो—कर्म वा० ।

जुवणो, जुववो, जोश्रणो, जोश्रवो, जोइणो, जोइवो, जोइयणो, जोइयवो, जोणो, जोवो, जोयणो, जोयवो, जोहणो, जोहवो—रू०भे० ।

जोवन—देखो 'जोवन' (रू भे) उ०—१ पथी एक सदेसउउ, लग ढोलइ पैहुच्याइ । जोवन खीर समुद्र हुइ, रतन ज काढइ आइ ।
—ढो मा.

उ०—२ दउढ वरस री मारुवी, त्रिहुँ वरसारिउ कत । उणरउ जोवन वहि गयउ, तू किउ जोवनवत ।—ढो मा.

जोवनवत—देखो 'जोवनवत' (रू.भे.) (स्त्री० जोवनवती)

जोवनराय—देखो 'जोवन' (मह ,रू भे)

उ०—काना माडघा रूसणा, नैणा दीसै नाय । दात बतीसू खिर गया, गया जद जोवन राय ।—अज्ञात

जोवनियो—देखो 'जोवन' (अल्पा., रू.भे.) उ०—ढोलाजी रै थाळिया गाये परणाविया, ढोलाजी रै भर जोवनिया माय, ढोलाजी रै कागदिया नो टोटो, ढोलाजी रै मू मारूणी भर जोवनिया माइ ।
—लो गी.

जोवन्न—देखो 'जोवन' (रू भे) उ०—तिला तेल पोहप फुलेल उज्झेलत सायर । अगनी काठ, जोवन्न घट, भगवट्ट सु कायर ।—ह र

जोवरळो—देखो 'जेवरळो' (रू.भे) उ०— तो जिसडा त्यागीह, भगवत रा छाना भगत । ईसर अनुरागीह, जोवरळा लाधै 'जसा' ।
—उदैराज ऊजळ

जोवराज—देखो 'युवराज' (रू भे)

जोवाडणो, जोवाडवो—क्रि०स० ('जोवणो' क्रिया का प्रे०रू०) १ दिखलाना, जताना, बतलाना । उ०—१ म्हे तो आसीपणो फिटो नही करा, जु आसिया छा सु आसीपणो करी जोवाडिस्या ।
—द वि

उ०—२ वीरत वीर अनै ससवदनी, पुणै 'सुज' उत साच पचाण । मार खळा पर पुरखा मुहडो, जोवाडै ताय लाछण जाण ।
—तेजसी खिडियो

उ०—३ पछै भलो मोहरत जोवाड कूभै नू प्रोहित नाळेर दियो ।
—नैणसी

२ तलाश कराना, ढूढाना. ३ इन्तजार कराना, राह दिखाना. ४ प्रज्वलित कराना, जलाना (दीपक) ५ देखो 'जोताणो, जोताबो' । (रू.भे.)

जोवाडणहार, हारो (हारी), जोवाडणियो—वि० ।

जोवाडिश्रोडो, जोवाडियोडो, जोवाडयोडो—भू०का०कृ० ।

जोवाडीजणो, जोवाडीजवो—कर्म वा० ।

जोवाणो, जोवावो, जोवावणो, जोवाववो—रू०भे० ।

जोवाडियोडो—भू०का०कृ०—१ दिखलाया हुआ, जताया हुआ, बतलाया हुआ २ तलाश कराया हुआ, ढूढाया हुआ. ३ इन्तजार कराया हुआ. ४ प्रज्वलित कराया हुआ (दीपक) ५ देखो 'जोतायोडो', (रू भे) (स्त्री० जोवाडियोडी)

जोवाणो, जोवावो—देखो 'जोवाडणो, जोवाडवो' (रू.भे.)

जोवाणहार, हारो (हारी), जोवाणियो—वि० ।

जोवायोडो—भू०का०कृ० ।

जोवाईजणो, जोवाईजवो—कर्म वा० ।

जोवायोडो—देखो 'जोवावियोडो' (रू.भे.) (स्त्री० जोवायोडी)

जोवावणो, जोवाववो—देखो 'जोवाडणो, जोवाडवो' (रू.भे)

जोवावणहार, हारो (हारी), जोवावणियो—वि० ।

जोवाविश्रोडो, जोवावियोडो, जोवाव्योडो—भू०का०कृ०।

जोवावीजणो, जोवावीजवो—कर्म वा० ।

जोवावियोडो—देखो 'जोवाडियोडो' (रू भे) (स्त्री० जोवावियोडी)

जोवियोडो—भू०का०कृ०—१ तलाश किया हुआ, ढूढा हुआ. २ देखा हुआ, ताका हुआ ३ इन्तजार किया हुआ, राह देखा हुआ. ४ प्रज्वलित किया हुआ, जलाया हुआ (दीपक) ५ देखो 'जोतियोडो'। (रू भे.) (स्त्री० जोवियोडी)

जोव्वण, जोव्वन—देखो 'जोवन' (रू.भे., जैन) उ०—जिम जळ तिम जोव्वण तणा, पन्न दिहाडा प्राण । सेव्या रिण सूकीजसइ, जाण करू छउ जाण ।—माधवानळ कामकदळा प्रबध

जोव्वाणिया—स०स्त्री० [स० यौवनिका] युवावस्था (जैन)

जोसगी—स०पु०—शूरवीर, योद्धा ।

झालो-स०पु०—सकेत, इशारा। उ०—१ सागरिया सह पाकिया, लूआ री लपटाह। खोखा लाग्या खिरण नै, दे झाला हिरणाह।—लू
उ०—२ अछर झाला दिये, लडै परला लेवता। किरवार धार जोधार कटि, उड अकास पाछो पडै।
—प्रतापसिघ म्होकमसिघ री वात
उ०—३ दारू री प्यालो भलो, दुपट्टे रा झालो। मरवण तो पतळी भली, मारू मतवाळो।—लो गी
उ०—४ आ रमकीली सूरती, चित देखण रो चाव। अलवेलो वालो सखी, झालो द घर लाव।—अज्ञात

झावलियो, झावल्यो—देखो 'झाग्रोलियो, झाग्रोलो' (रू भे)

झावी-स०स्त्री०—स्त्रियो के पहनने का एक आभूपण।
उ०—चूडो थारो चिलकै, झावी थारी झवकै।—लो.गी

झावू—देखो 'झाऊ' (रू भे)

झावोलियो, झावोलो—देखो 'झाग्रोलियो, झाग्रोलो' (रू भे)

झावो-स०पु०—१ एक जड़ विशेष जो नदी के किनारे मिलती है (ग्रमरत)
२ एक प्रकार का मिट्टी का पात्र जो मिठाई परोसने के काम आता है। (शेखावाटी)

झिगर, झिगार-स०स्त्री०—१ वृक्षो की लताग्रो का झुरमुट, घनी झाडी।
उ०—१ कह पय सोग्रन कडो, लिया पग सोग्रन लगर। वसै दिवस जिदरो जठै जाडा तर झिगर।—पा.प्र.
२ देखो—'झिगोर' (रू भे)
उ०—जळ थळ थळ जळ हुइ रहेउ, वोलइ मोर झिगार। सावण दूभर हे सखी, किहा मुझ प्राण आधार।—लो गी

झिगोर-स०पु०—१ प्राय खेतो, मैदानो और अधेरे स्थानो मे पाया जाने वाला एक प्रसिद्ध छोटा कीडा जो कई रगो का होता है। यह तेज आवाज मे झीझी की ध्वनि निकालता है जो वरसात मे अधिक सुनाई देती है, झीगुर, झिल्ली. २ झीगुर या झिल्ली की आवाज।
उ०—गहरो गहकै है, डेडरा डहकै है, मोरा री सोर, झिल्ली री झिगोर, वळै बोलै चातक, विरही जना का घातक।—र हमीर
३ मस्ती मे झूमने अथवा किलोल करने का भाव, मस्ती।
उ०—१ जठै राज हसा कळ हसा री केळ है, वतक सर खिरट हजा तरै है, सारसा रा टोळा झिगोर करै है, छोटा मीन जिकै एक-एक रै लारै धावै है।—र. हमीर
उ०—२ दादरा डरराट करै छै, मोरिया झिगोर खायनै रह्या छै।
—जखडा मुखडा भाटी री वात
उ०—३ भवरा ऊपर गुजार कर रहिया छै। सारसा बोल रही छै। मयूर झिगोर करै छै।—डाढ़ाळा सूर री वात
रू०भे०—झिगोर, झिगोर, झीगर, झीगोर, झीगोर, झीगोर, झोगोर।

झिगोरणो, झिगोरवो-क्रि०स०—मस्ती को अभिव्यक्त करना।
उ०—१ डूगरिया हरिया हुया, वणे झिगोरचा मोर। इणि रिति तीनइ नीसरइ, जाचक, चाकर, चोर।—ढो मा
उ०—२ पपइया, तू वोल रे, जित म्हारै आलीजे भवर रो मुकाम। सावण आयो सायवा, वने झिगोरत मोर, काळिगडो कू कू करै, करत कोयलडी सोर।—लो गी

झिगोर—देखो झिगोर' (रू.भे)

झिझोटी-स०स्त्री०—सम्पूर्ण जाति की सब शुद्ध स्वरो वाली एक रागिनी (सगीत)

झिडो—देखो 'झडो' (रू भे) उ०—तोर वहे छै। जिसै दखणी झिडै ताई आय वागा।—द दा.

झिकाडणो, झिकाडबो—देखो 'झैकाणो, झैकावो' (रू.भे.)
झिकाडणहार, हारो (हारी), झिकाडणियो—वि०।

झिकाड़िग्रोडौ, झिकाडियोड़ौ, झिकाडयोड़ौ—भू०का०कृ० ।
झिकाडीजणौ, झिकाडीजबौ—कर्म वा० ।
झिकाडियोडौ—देखो 'झंकायोडौ' (रू.भे)
(स्त्री० झिकाडियोडी)
झिकाणौ, झिकाबौ—देखो 'झंकाणौ, झंकावौ' (रू.भे)
झिकाणहार, हारौ (हारी), झिकाणियौ—वि० ।
झिकायोड़ौ—भू०का०कृ० ।
झिकाईजणौ, झिकाईजबौ—कर्म वा० ।
झिकायोडौ—देखो 'झंकायोड़ौ' (रू भे)
(स्त्री० झिकायोडी)
झिकाळ—देखो 'झकाळ' (रू भे) उ०—झूठी मत करौ झिकाळ ।
—जयवाणी
झिकावणौ, झिकावबौ—देखो 'झंकाणौ, झंकावौ' (रू.भे.)
उ०—कोहर पाणी काढिजै, कोळाहळ कोकाय । ढोलै करह झिका-वियौ, कोहर पुहता आय ।—ढो मा.
झिकावणहार, हारौ (हारी), झिकावणियौ—वि० ।
झिकाविग्रोडौ, झिकावियोडौ, झिकाव्योडौ—भू०का०कृ० ।
झिकावीजणौ, झिकावीजबौ—कर्म वा० ।
झिकावियोडौ—देखो 'झंकायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झिकावियोडी)
झिकोळणौ, झिकोळबौ—देखो 'झकोळणौ, झकोळवौ' (रू भे)
उ०—घुड़ला रुघिर झिकोळिया, ढीला हुआ सनाह । रावतिया मुख झाखणा, सहीक मिळियौ नाह ।—हा.झा
झिकोळणहार, हारौ (हारी), झिकोळणियौ—वि० ।
झिकोळिग्रोडौ, झिकोळियोड़ौ, झिकोळयोडौ—भू०का०कृ० ।
झिकोळीजणौ, झिकोळीजबौ—कर्म वा० ।
झिकोळियोडौ—देखो 'झकोळियोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झिकोळियोडी)
झिखणौ, झिखबौ—क्रि०अ०—१ प्रकाशित होना । उ०—झाझडा तणे उरि झाझ नामौ झिखै, वडौ जाण निरखिसै दुलभ दरिसण त्रिखै ।
—पी ग्र
२ शोभा देना । उ०— तिलक बीच विंदी झिखनै रही छै ।
—रा सा स
३ क्रोधित होना, कुपित होना ४ टिमटिमाना, चमकना
उ०—करै घात बोलै पारसी, वगतर तवा झिखै जाणै आरसी ।
५ वक-झक करना, वकना ।
झिखणहार, हारौ (हारी), झिखणियौ—वि० ।
झिखिग्रोडौ, झिखियोडौ, झिख्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
झिखीजणौ, झिखीजबौ— भाव वा० ।
झिखियोडौ—भू०का०कृ०—१ प्रकाशित हुवा हुआ २ शोभा दिया हुआ. ३ टिमटिमाया हुआ, चमका हुआ ४ वकझक किया हुआ, वका हुआ. ५ क्रोधित हुवा हुआ, कुपित ।
(स्त्री० झिखियोडी)
—अ वचनिका
झिगझिग, झिगझिगा'ट, झिगझिगाहट—स०स्त्री०—१ चमक-दमक, चमचमाहट, जगमगाहट । उ०—जठै आगरा खीरा बुझनै राख रह गई है उठै भलाई मन री चाह पूरण करिजै । प्रयोजन जिण धरती रा धणी खीरा होवै जैडा झिगझिगाट करता है ।
—वी स.टी.
२ व्यर्थ की वकवाद, वक-झक । उ०—१ मनजी माराज गोमुखी मे हाथ घाल्या वैठा जप करता हा अर सागे-सागे खघी सू झिगझिग ई करता जावता हा ।—वरसगाठ
क्रि०प्र०—करणी ।
झिगणौ, झिगबौ—क्रि०अ०स०—१ प्रकाशित होना, जगमगाना, चमकना, दमकना । उ०—आ तौ किसा नगर सू आई है भाग, रग भर दिवलौ झिग रह्यौ । आ तौ नवानगर सू आई है भाग, रग भर दिवलौ झिग रह्यौ ।—लो.गी.
२ (दही, मट्ठा आदि द्रव पदार्थ) विलोडित करना, मथना
३ किसी वस्तु पर एकाएक ऐसी मार या दाव पहुँचना जिससे वह वहुत दव जाय और विकृत हो जाय, कुचलना, मसलना ।
झिगणहार, हारौ (हारी), झिगणियौ—वि० ।
झिगवाडणौ, झिगवाडवौ, झिगवाणौ, झिगवावौ, झिगवावणौ, झिगवावबौ, झिगाडणौ, झिगाडवौ, झिगाणौ, झिगावौ, झिगावणौ, झिगावबौ—प्रे०रू० ।
झिगिग्रोडौ, झिगियोड़ौ, झिग्योडौ—भू०का०कृ०
झिगीजणौ, झिगीजबौ—भाव वा०, कर्म वा० ।
झिगमिग—देखो 'झिगमिगा'ट, झिगमिगाहट' (रू भे)
उ०—सिर ऊपर मुकट सुहामणौ हौ, कुडळ दोनू कान । झिगमि(ग) तेजे झळकता हो, सूरिज तेज समान ।—ध व ग्र
झिगमिगणौ, झिगमिगवौ—क्रि०अ०—१ जगमगाना, चमकना, दमकना. २ मद-मद प्रकाशित होना, झिलमिलाना ।
झिगमिगा'ट, झिगमिगाहट—स०स्त्री०—जगमगाहट, चमचमाहट ।
उ०—आयौ है अब देस बना जिनकपुरी, झिगमिगा'ट हेम थाळ मोतिया भरी, जिनक नार वार वार आरती करी ।—समानवाई
रू०भे०—झिगमिग, झिगामिग ।
झिगमिगियोडौ—भू०का०कृ०—१ जगमगाया हुआ, चमका हुआ
२ मद मद प्रकाशित हुवा हुआ, झिलमिलाया हुआ ।
(स्त्री० झिगमिगियोडी)
झिगामिग—देखो 'झिगमिगा'ट, झिगमिगाहट' (रू भे)
उ०—जिणेसर विंव झिगामिग ज्योति, अहोरति आठू जाम उदोत ।
विजोडी देहरी बावन वेव, दीयै सुख वछित रिखभदेव ।—ध व ग्र
झिगियोड़ौ—भू०का०कृ०—१ जगमगाया हुआ, प्रकाशित ।

२ (दही, मट्ठा आदि द्रव पदार्थ) विलोडित किया हुआ, मथा हुआ
३ कुचला हुआ, मसला हुआ ।
(स्त्री० झिगियोडी)

झिगोर—देखो 'झिगोर' (रू भे)
उ०—श्रो दूहो जलाल सुण नै बोलियो—रे माळी, के कहै छै ? माळी कही—महरबान मोर बैठ्या झिगोर करै छै तिणनूं कहूं छू ।
—जलाल बूबना री वात

झिडकणो, झिडकबो-क्रि०स०—उपेक्षा के भाव से अथवा तिरस्कार-पूर्वक विगड कर कोई वात कहना ।
झिडकणहार, हारो (हारी), झिडकणियो—वि० ।
झिड़कवाडणो, झिडकवाडबो, झिड़कवाणो, झिडकवाबो, झिडकवावणो, झिडकवावबो, झिडकाडणो, झिड़काड़बो, झिड़काणो, झिडकाबो, झिड़कावणो, झिडकावबो—प्रे०रू० ।
झिडकिग्रोडो, झिडकियोड़ो, झिडक्योडो—भू०का०कृ० ।
झिडकीजणो, झिडकीजबो—कर्म वा० ।

झिडकियोडो-भू०का०कृ०—अवज्ञा अथवा तिरस्कारपूर्वक विगड कर कोई वात कहा हुआ, झिडका हुआ ।
(स्त्री० झिडकियोडी)

झिडकी-स०स्त्री०—१ विगड कर अथवा झिडक कर कही हुई बात, डाँट, फटकार । उ०—रमेस पैलाई सू अमूजियोडो वैठो हो । तडक'र बोलियो—था-नै था-री-ई पडी है, बीजो कोई मरो'र जीवो । म्हारो तो देवाळो पिटीज रयो है अर थारी फरमास आगै-ई खडी है । कमळा-री मा झिडकी सै' को सकी नी । आख्या माय-सू आसू नाखती बोली—दो पूर तो म्हे-ई मागा, गैणा-गाठा, तीरथ-वरत तो था-रा भर पाया ।—वरसगाठ

झिझक-स०स्त्री०—१ किसी प्रकार की भय की आशका से सहसा चमकने अथवा रुकने की क्रिया, झझकने की क्रिया या भाव ।
मुहा०—१ झिझक भागणी-भय का नष्ट होना ।' झझक दूर होना ।
२ झिझक भागणी-भय या झझक का निवारण करना, भय दूर करना ।
२ झिडक कर अथवा कुछ क्रोध से बोलने की क्रिया या भाव ।
३ कभी-कभी होने वाली सनक, रह-रह कर होने वाला पागलपन, हल्का दौरा ।
रू०भे०—जजक, जझक, झझक ।

झिझकणो, झिझकबो-क्रि०अ०—१ भय की आशका से सहसा डर कर चमकना, भडकना, ठिठकना, बिदकना ।
उ०—चमकत बीज अचाणचक, झिझकत उठत जगात । हीरा डर-पत महल मैं, थरर थरर थररात ।—बगसीराम प्रोहित री वात
२ क्रोधित होना, कुपित होना, खिजलाना, झुझलाना ।
३ सहसा चौक पडना ।
झिझकणहार, हारो (हारी), झिझकणियो—वि० ।
झिझकवाडणो, झिझकवाडबो झिझकवाणो, झिझकवाबो, झिझकवावणो, झिझकवावबो—प्रे०रू० ।
झिझकाडणो, झिझकाड्बो, झिझकाणो, झिझकाबो, झिझकावणो, झिझकावबो—क्रि०स० ।
झिझकिग्रोडो, झिझकियोडो, झिझक्योड़ो—भू०का०कृ० ।
झिझकीजणो, झिझकीजबो—भाव वा० ।
जजकणो जजकबो, जझकणो, जझकबो, झझकणो, झझकबो, झझपकणो, झझपकबो—रू०भे० ।
झिझकाडणो, झिझकाडबो—देखो 'झिझकाणो, झिझकाबो' (रू भे)
झिझकाडणहार, हारो (हारी), झिझकाडणियो—वि० ।
झिझकाडिग्रोडो, झिझकाडियोडो, झिझकाड्योडो—भू०का०कृ० ।
झिझकाडीजणो, झिझकाडीजबो—कर्म वा० ।

झिझकाडियोडो—देखो 'झझकायोडो' (रू भे)
(स्त्री० झिझकाडियोडी)

झिझकाणो, झिझकाबो-क्रि०स०—१ चमकाना, भडकाना, ठिठकाना, बिदकाना २ क्रोधित करना, खिजाना ३ सहसा चौंका देना ।
झिझकाणहार, हारो (हारी), झिझकाणियो—वि० ।
झिझकायोडो—भू०का०कृ० ।
झिझकाईजणो, झिझकाईजबो—कर्म वा० ।
झझकाडणो, झझकाडबो, झझकाणो, झझकाबो, झझकावणो, झझकावबो, झिझकाडणो, झिझकाडबो, झिझकावणो, झिझकावबो
—रू०भे० ।
झझकणो, झझकबो, झिझकणो, झिझकबो—अक० रू० ।

झिझकायोडो-भू०का०कृ०—१ चमकाया हुआ, भडकाया हुआ, ठिठकाया हुआ, बिदकाया हुआ २ क्रोधित किया हुआ, खिजाया हुआ.
३ चौंकाया हुआ ।
(स्त्री० झिझकायोडी)

झिझकार—देखो 'झिझिकार' (रू०भे०)

झिझकारणो, झिझकारबो-क्रि०स०—१ किसी को दुत्कारना, दुरदुराना.
२ डाटना, डपटना, फटकारना ३ अभिमान करना, अपने से आगे किसी को नही गिनना, अपने सामने दूसरे को हीन समझना
४ चौंकाना या भडकाना ।
झिझकारणहार हारो (हारी), झिझकारणियो—वि० ।
झिझकारिग्रोडो, झिझकारियोडो, झिझकारयोड़ो—भू०का०कृ० ।
झिझकारीजणो, झिझकारीजबो—कर्म वा० ।
झिझिकारणो, झिझिकारबो—रू०भे० ।

झिझकारियोडो-भू०का०कृ०—१ दुत्कारा हुआ, दुरदुराया हुआ ।
२ डाँटा हुआ, फटकारा हुआ ३ अभिमान किया हुआ, अहकारी.
४ चौंकाया हुआ, भडकाया हुआ ।
(स्त्री० झिझकारियोडी)

झिझकावणो, झिझकावबो—देखो 'झिझकाणो, झिझकाबो' (रू भे)

झिझकावणहार, हारौ (हारी), झिझकावणियौ—वि० ।
झिझकाविश्रोडौ, झिझकावियोडौ, झिझकाव्योडौ—भू०का०कृ० ।
झिझकावीजणौ, झिझकावीजवौ—कर्म वा० ।

झिझकावियोडौ—देखो 'झिझकायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झिझकावियोडी)

झिझकियोडौ–भू०का०कृ०—१ चमका हुआ, भडका हुआ, ठिठका हुआ, विदका हुआ. २ क्रोधित हुवा हुआ, कुपित हुवा हुआ, खिजला हुआ, भुभलाया हुआ ३ चौंका हुआ ।
(स्त्री० झिझकियोडी)

झिझिकार–स०स्त्री०—१ डांटने या फटकारने की क्रिया या भाव । २ दुत्कारने या दुरदुराने की क्रिया या भाव । उ०—हाथ झटक झिझिकार हेंस, नाथ'म लेऊं नाम जी । मव भाड इसै भरतार सू, रांड भली ओ रामजी ।—ऊ का.
३ चौंकाने या भडकाने की क्रिया या भाव. ४ अभिमान, घमण्ड ।
रू०भे०—झझकार, झिझकार ।

झिझिकारणौ, झिझिकारवौ—देखो 'झिझकारणौ, झिझकारवौ' (रू भे.)
झिझिकारणहार, हारौ (हारी), झिझिकारणियौ—वि० ।
झिझिकारिश्रोडौ, झिझिकारियोडौ, झिझिकारयोडौ—भू०का०कृ० ।
झिझिकारीजणौ, झिझिकारीजवौ—कर्म वा० ।
झिझिकारियोडौ—देखो 'झिझकारियोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झिझिकारियोडी)

झिझिम–स०स्त्री० (अनु०) ऊपर के वोल से सम्वन्धित वाद्य का वोल विशेप । उ०—रिमि झिमि रिमि झिमि झिझिम कसाळ, कररि करिर करि घट पट ताळ । भरर भरर सिरि भेरिम्र साद, पायडीउ आलवीउ नाद ।—विद्याविलास पवाडउ

झिझोटी–स०स्त्री०—एक राग विशेप (मीरा)

झिण–स०पु०—१ दलिया या अन्य इसी प्रकार के खाद्य को दूध, पानी आदि के सयोग से वनाया हुआ पतला व्यञ्जन ।
२ पतला मट्ठा, छाछ । उ०—विलळी वाला री वाणी वधरावै । पतळी झिण मे पाणी पधरावै ।—ऊ का

झिणकार–स०स्त्री०—१ एक प्रकार का वर्तन विशेप ?
उ०—मदनौ कुवरजी रा हुकम पखौ ही ज भूजाई रा चरू, थाळी, भूजाई री झिणकार, घोडौ चहुवाण रामदास री पेस रौ, परणिया तदि पेसकस कियौ हुतौ, वीजौ ही भूजाई रो समदाव सहु मदनौ ले गयौ ।—द वि
२ झकार ।

झिणकारणौ, झिणकारवौ–क्रि०अ०—ध्वनि करना ।
उ०—ऐलडी चपेलडी, आभा मायली वीजळी, म्हारा बाळक वनजी, भीण पडै झणकारिया तोरण वादियौ ।—लो गी

झिणकारियोडौ–भू०का०कृ०—ध्वनि किया हुआ ।
(स्त्री० झिणकारियोडी)

झिणौ—देखो 'झीणौ' (रू भे) उ०—चलै सर वेधि सिलै घट चोळ । झिणै पट जाणि समीर झकोळ ।—सू प्र
(स्त्री० झिणी)

झिवझिव—देखो 'झव-झव' (रू भे) उ०—तेज करइ झिवझिव, फटिक रतन विंव, माडचौ है...... दिगवर धाम मे । समयसुदर इम तीरथ कहइ उत्तम, चद्रप्रभ भेटचौ हम, चदवारि गाम मे ।—स कु.

झिवळ, झिवळक—देखो 'झवळक' (रू भे)

झिवळकणौ, झिवळकवौ—१ देखो 'झवळकणौ, झवळकवौ' (रू.भे.)
२ देखो 'झवोळणौ, झवोळवौ' (रू भे)
झिवळकणहार, हारौ (हारी), झिवळकणियौ—वि० ।
झिवळकिश्रोड़ौ, झिवळकियोडौ, झिवळक्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
झिवळकीजणौ, झिवळकीजवौ—कर्म वा० ।

झिवळकियोडौ—१ देखो 'झवळकियोडौ' (रू भे.)
२ देखो 'झवोळियोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झिवळकियोडी)

झिवळणौ, झिवळवौ—१ देखो 'झवळकणौ, झवळकवौ' (रू भे)
२ देखो 'झवोळणौ, झवोळवौ' (रू भे)
झिवळणहार, हारौ (हारी), झिवळणियौ—वि० ।
झिवळिश्रोडौ, झिवळियोडौ, झिवळयोडौ—भू०का०कृ० ।
झिवळीजणौ, झिवळीजवौ—कर्म वा० ।

झिवळियोडौ—१ देखो 'झवळकियोडौ' (रू भे.)
२ देखो 'झवोळियोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झिवळियोडी)

झिमझिम–स०स्त्री०—आभूषणो की ध्वनि ।
उ०—धुनि अदग धुधकटस, धुकट धुधुकटस धुकट धुर । झणण-णणणण जत्र झणकि, प्रगट झिमझिम धुनि नूपर ।—सू प्र.

झिरझिरौ–वि० [स० जीर्ण] गला हुआ, जीर्ण (कपडा)

झिरणौ, झिरवौ—देखो 'झरणौ, झरवौ' (रू.भे.)
उ०—इणि वचनइ रिखि उद्धसिउ, हीयडइ हरख न माइ । गदगद जळ नयणा झिरइ, कारण कहिउ न जाइ ।—का मा प्र.
झिरणहार, हारौ (हारी), झिरणियौ—वि० ।
झिरिश्रोडौ, झिरियोडौ, झिरयोडौ—भू०का०कृ० ।
झिरीजणौ, झिरीजवौ—कर्म वा० ।

झिरमट, झिरमटियौ–स०पु०—१ वालिकाओ द्वारा नृत्य के रूप मे खेला जाने वाला एक प्रकार का खेल ।
उ०—म्हा गिरधर रग राती, सैया म्हा । पचरग चोळा पहरचा सखी म्हा झिरमट खेलण जाती ।—मीरा
२ वृक्षो का समूह, कुज । उ०—पचरग चोळा पहरचा सखी म्हा, झिरमट खेलण जाती । वा झिरमट मा मिळयौ सावरो, देख्या तन मन राती ।—मीरा
३ एक लोक गीत का नाम. ४ एक प्रकार की घास विशेप ।

अल्पा०—झिरमटियौ ।

झिरमटियौ—देखो 'झिरमट' (अल्पा., रू भे)

उ०—होळी आयी ऐ फूला री झोळी झिरमटियौ अक लै । औ कुण खेलै ऐ केसरिये वागा झिरमटियौ अक लै । औ कुण खेलै ऐ ऊघाडै डीला झिरमटियौ अक लै ।—लो गी

झिरमिर-स०स्त्री०—महीन-महीन बूदो के रूप मे धीरे-धीरे वर्षा होने की क्रिया या इस प्रकार वर्षा होने से उत्पन्न ध्वनि ।

उ०—झिरमिर झिरमिर मेहुडो वरसै, वादळियो घररावै ऐ। जेठजी तौ म्हारा वूजा काटै, परण्यौ हळियो वावै ऐ ।—लो गी.

रू०भे०—छिरमिर, झरमर

झिरियोडौ—देखो 'झरियोडौ' (रू.भे)

(स्त्री० झिरियोडी)

झिरी—देखो 'झरी' (रू.भे.)

झिलव—देखो 'झिलम' (रू भे.) उ०—चिलते झिलव आयुध चढ़ाय। असवार हुआै गजपीठ आय। गहकिया गीध टोळा गरूर। अहकिया अव ऐराक तूर ।—वि स

झिल-वि०—परिपूर्ण, पूर्ण। उ०—चडियो रे कोडीलो मारू आघोडी झिल रात, आयो म्हारी गोरा दे रै पास, कुरजा ए थूं म्हानै भवर मिळायो ए ।—लो गी

झिळकणौ, झिळकवौ—देखो 'झळकणौ, झळकवौ' (रू भे)

उ०—१ धोरा ढिगं ढळाख, धूप घाभो सोनलियो, झिळकै झोळ धुवाख, चादणी रूपै रळियो। प्रक्रिति सुख उपभोग, करण ईमीरो आगर। सौ साला सिग्ग करै, अमर ओसाथ नटनागर।—दसदेव

उ०—२ ठाणै पुरा केतला ठाकर, भूटा लक रहिया झिळक। 'सेवा' वाण कवळ सोवियो, तू माणक मुरधर तिलक।

—सिवनाथसिंघ रो गीत

झिळकणहार, हारौ (हारी), झिळकणियौ—वि० ।

झिळकवाडणौ, झिळकवाडवौ, झिळकवाणौ, झिळकवावौ, झिळकवावणौ, झिळकवाववौ—प्रे०रू० ।

झिळकाडणौ, झिळकाडवौ, झिळकाणौ, झिळकावौ, झिळकावणौ, झिळकाववौ—क्रि०स० ।

झिळकिओडौ, झिळकियोडौ, झिळक्योडौ—भू०का०कृ० ।

झिळकीजणौ, झिळकीजवौ—भाव वा० ।

झिळकाडणौ, झिळकाडवौ—देखो 'झळकाणौ, झळकावौ' (रू.भे.)

झिळकाडणहार, हारौ (हारी), झिळकाडणियौ—वि० ।

झिळकाडिओडौ, झिळकाडियोडौ, झिळकाड्योडौ—भू०का०कृ० ।

झिळकाडीजणौ, झिळकाडीजवौ—कर्म वा० ।

झिळकणौ, झिळकवौ—अक० रू० ।

झिळकाडियोडौ —देखो 'झळकायोडौ' (रू भे.)

(स्त्री० झिळकाडियोडी)

झिळकाणौ, झिळकावौ—देखो 'झळकाणौ, झळकावौ' (रू भे)

झिळकाणहार, हारौ (हारी), झिळकाणियौ—वि० ।

झिळकायोडौ—भू०का०कृ० ।

झिळकाईजणौ, झिळकाईजवौ—कर्म वा० ।

झिळकणौ, झिळकवौ—अक० रू० ।

झिळकायोडौ—देखो 'झळकायोडौ' (रू भे)

(स्त्री० झिळकायोडी)

झिळकावणौ, झिळकाववौ—देखो 'झळकाणौ, झळकावौ' (रू भे)

झिळकावणहार, हारौ (हारी), झिळकावणियौ—वि० ।

झिळकाविओडौ, झिळकावियोडौ, झिळकाव्योडौ—भू०का०कृ० ।

झिळकावीजणौ, झिळकावीजवौ—कर्म वा० ।

झिळकणौ, झिळकवौ—अक०रू० ।

झिळकावियोडौ—देखो 'झळकायोडौ' (रू भे)

(स्त्री० झिळकावियोडी)

झिळकियोडौ—देखो 'झळकियोडौ' (रू भे)

(स्त्री० झिळकियोडी)

झिळकौ—देखो 'झळकौ' (रू भे)

उ०—हेली रा नैण निजर भर निरखो। सिय वर वीद वण्यो जोवा सिरखो। केसरिया पाग कसूवल जामो। तुररा किलगी रौ झिळकौ।

—समानबाई

झिलणौ, झिलवौ-क्रि०अ०—१ देदीप्यमान होना, चमकना, दमकना।

उ०—विलम तबल वाजिया, डका सिधव दहुवै दळ। साकति पमग सझै, झिलै पाखर झाळाहळ ।—सू प्र

२ ऐश्वर्य प्रकट करना, तपना। उ०—अकळ भूळ आवळा, झिलै 'गजवध' झळाहळ। पित अजसै भूपाळ, 'सूर' झळहळ दळ सब्बळ।

—सू प्र.

३ परिपूर्ण होना, पूर्ण होना। उ०—वाडी रा वड रळियामणा ए, सियळी वड री जी छाव। नागादडी नाडै भरी ए, झिलती झालरवाव ।—लो गी.

४ शोभा देना, शोभित होना। उ०—पणिहारया परवार, जाय सरवर जळ ल्यावण। फूलरियै झणकार, लसकरा लै'रो गावण। मधुर मोवणी राग, रीझवै आभो राजा। झीणी छाटा झिलै, सोळवै साळू गाजा ।—दसदेव उ०—२ चुडलो जोवन झिल रह्यो।

—स्री पाळरास

५ समृद्ध होना, वैभवयुक्त होना। उ०—वावेली ए घोय घोय किया रे विणाव, मनडो ऊमायो झिलतै सासरै ।—लो.गी.

६ देखो 'झलणौ, झलवौ' (रू.भे)

उ०—प्रथम दुतिय चवथै पढै, मोहरा वहिस मिळ त। रह अमेळ पद तीसरो, जो झडलुपत झिलत ।—र रू

८ मस्त होना। उ०—झिलै वीर भैरवा भार किलकिलै भवानी। गिरै तुरा ऊपरा खगा वाढिया खवानी ।—वखतो खिडियो

उ०—२ सह्यो परीसो थोडी वार, करमा रो कियो अपहार। सुकोमळ साघ अविचळ सुखमा झिल रह्या ए ।—जयवांणी

झिलणहार, हारो (हारी), झिलणियो—वि० ।
झिलवाडणो, झिलवाडवो, झिलवाणो, झिलवावो, झिलवावणो, झिलवाववो—प्रे०रू० ।
झिलाडणो, झिलाडवो, झिलाणो, झिलावो, झिलावणो, झिलाववो —क्रि०स० ।
झिलिग्रोडो, झिलियोडो, झिल्योडो—भू०का०कृ० ।
झिलीजणो, झिलीजवो—भाव वा० ।
झलणो, झलवो, झिल्लणो, झिल्लवो—रू०भे० ।

झिलम-स०पु०—युद्ध के समय शिर पर धारण करने का लोहे या कुछ दूसरी धातुग्रो के मिश्रण से बना टोप, शिरत्राण ।
उ०—१ झूसण ग्राभूखण झिलै, पूसण झिलम प्रकास । जुग्रळ निमासी जरमनी, 'पातल' चद्रप्रहास ।—किसोरदान बारहठ
उ०—२ चित्तौड ऊपर ग्रकवर रै झिलम रै गोळा री फेट लागी ।
—वा दा ख्यात
उ०—पमग भाण पसाव, पमग पखरैता पाडै । मुगळा खगि 'ग्रभमाल' झिलम सहिता सिर झाडै ।—सू प्र
रू०भे०—झलव, झलम, झिलव ।
यौ०—झिलमटोप ।

झिलमटोप-यौ०—देखो 'झिलम' ।
उ०—झिलमटोप सूधो सिर झडियो । पटझर हूँ चूडामणि पडियो ।
—सू प्र
रू०भे०—झलमटोप ।

झिळमिळ-स०स्त्री०—१ ग्रस्थिर ज्योति, झिलमिलाहट ।
उ०—१ यहु सब माया मिरग जळ, झूठा झिळमिळ होइ । दादू चिळका देख कर, सत कर जाणा सोइ ।—दादू वाणी
उ०—२ दादू जरै सु ज्योति स्वरूप है, जरै सु तेज ग्रनत । जरै सु झिळमिळ नूर है, जरै सु पुज रहत ।—दादू वाणी
२ टिमटिमाहट ।
उ०—सूरज नही तहँ सूरज देखे, चद नही तहँ चदा । तारे नही तहँ झिळमिळ देख्या, दादू ग्रति ग्रानदा ।—दादू वाणी
३ चमक-दमक ४ युद्ध मे पहिनने का लोहे का कवच ।
वि०—रह रह कर चमकने वाला ।
रू०भे०—झिळमिळ, झिळोमिळ ।

झिळमिळाणो, झिळमिळावो-क्रि०ग्र०स०—१ प्रकाश का हिलना, ज्योति का ग्रस्थिर होना २ रह रह कर चमकना. ३ हिलाना, कपाना ।

झिळमिळायोडो-भू०का०कृ०—१ ग्रस्थिर हुवा हुग्रा (प्रकाश, ज्योति) २ रह रह कर चमका हुग्रा ३ हिलाया हुग्रा, कपाया हुग्रा ।
(स्त्री० झिळमिळायोडी)

झिळमिळाहट-स०स्त्री०—झिलमिलाने की क्रिया या भाव ।

झिळमिल्ल—देखो 'झिळमिळ' ।
उ०—झडै खग थाट लोहा झिळमिल्ल । तेगा मुह घाट हुवो तिलतिल्ल
—सू प्र.

झिलम्म—देखो 'झिलम' (रू.भे.) ।
उ०—झडै खग ग्रातस रूप झिलम्म । कटै विहरार ग्रपार क्रिलम्म ।
—सू प्र

झिलाडणो, झिलाडवो—देखो 'झिलाणो, झिलावो' (रू भे)
झिलाडणहार, हारो (हारी), झिलाडणियो—वि० ।
झिलाडिग्रोडो, झिलाडियोडो, झिलाड्योडो—भू०का०कृ० ।
झिलाडीजणो, झिलाडीजवो—कर्म वा० ।

झिलाडियोडो—देखो 'झिलायोडो' (रू भे)
(स्त्री० झिलाडियोडी)

झिलाणो, झिलावो-क्रि०स०—१ स्नान करना २ मग्न करना, लीन करना ३ देखो, 'झलाणो, झलावो' (रू.भे.)
उ०—इसडो सम्मत करि काळ रा खेचिया प्रेत पति री पुरी रा पाहुणा होइ हुकम रै प्रमाण तत्काळ ही लेख करि झिलाइ दीधो ।
—व भा.
('झिलणो' क्रिया का प्रे०रू०) ४ देखो 'झिलणो, झिलवो'
('झेलणो' क्रिया का प्रे०रू०) ५ देखो 'झेलणो, झेलवो'
उ०—झेलू लोह ग्रनेक झिलाऊँ । ग्ररण होय मुजरा कजि ग्राऊ । रैवत सहित होय रातवर । करू सिलाम रगियै किरमर ।—सू प्र.
झिलाणहार, हारो (हारी), झिलाणियो—वि० ।
झिलायोडो—भू०का०कृ० ।
झिलाईजणो, झिलाईजवो—कर्म वा० ।
झिलणो, झिलवो, —ग्रक० रू० ।
झिलाडणो, झिलाडवो, झिलावणो, झिलाववो—रू०भे० ।

झिलायोडो-भू०का०कृ०—१ स्नान कराया हुग्रा. २ मग्न किया हुग्रा, लीन किया हुग्रा ३ देखो 'झलायोडो' (रू.भे)
('झिनियोडो' का प्रे०रू०) ४ देखो 'झिलियोडो'
('झेलियोडो' का प्रे०रू०) ५ देखो 'झेलियोडो'
(स्त्री० झिलायोडी)

झिलावणो, झिलाववो—देखो 'झिलाणो, झिलावो' (रू भे)
उ०—ए मिळताईं ग्रेंठ झूठ परसाद झिलावै, कुळ मे घालै काळह माजनो धूड मिळावै ।—ऊ का.
झिलावणहार, हारो (हारी) झिलावणियो—वि० ।
झिलाविग्रोडो झिलावियोडो, झिलाव्योडो—भू०का०कृ० ।
झिलावीजणो, झिलावीजवो—कर्म वा० ।

झिलावियोडो—देखो 'झिलायोडो' (रू भे)
(स्त्री० झिलावियोडी)

झिळिमिळि-स०स्त्री—१ मद-मद वर्षा होने की क्रिया या ध्वनि ।
उ०—सुन सुधारस पीजिये, पति प्राण ग्रधार । झिळिमिळि झिळिमिळि होत है, वरिखा बहो धारा ।—ह पु वा
२ देखो 'झिळमिळ' (रू भे)

झिलियोडो-भू०का०कृ०—१ देदीप्यमान हुवा हुग्रा, चमका हुग्रा, दमका

हुआ २ ऐश्वर्य प्रकट किया हुआ, तपा हुआ. ३ परिपूर्ण हुवा हुआ, पूर्ण हुवा हुआ ४ शोभित हुवा हुआ. ५ समृद्ध, वैभवयुक्त हुवा हुआ. ६ मस्त हुवा हुआ।

७ देखो 'झलियोडौ' (रू.भे)

(स्त्री० झिलियोडी)

झिली—देखो 'झिल्ली' (रू भे.)

उ०—मोरिया महकसी, डेडरा डहकसी, झिलीगन झणकसी, भमरा भणकसी।—दरजी मयाराम री वात

झिलोझिल—देखो 'झलोझल' (रू भे)

झिळोमिळ—देखो 'झिळमिळ' (रू भे)

उ०—इसौ समइयौ वण रह्यौ छै। वरखा मड नै रही छै। विजळी झिळोमिळ कर नै रही छै, वादळा झड लायौ छै।—रा सा स.

झिलोळौ—स०पु०—हिलोर, तरग, लहर।

उ०—जोडौ खुदा दै ओ, हा ओ म्हारा जळवळ जांमी वाप। आई रे सावणिया री तीजा, वाई झीलसी। खुदौ अे खुदायौ अे, हा अे वाई थारौ भरचौ अे झिलोळा खाय, झीलण वाळी वाई गवरा सासरे।
—लो गी.

क्रि०प्र०—ऊठणौ, खाणौ।

झिल्लणौ, झिल्लवौ—देखो 'झिलणौ, झिलवौ' (रू भे.)

उ०—वरण कजि अपछरा वाट जोवै खडी। ज्या भडा तणी झिल्लै उरसा झूपडी।—हा झा.

झिल्लियोडौ—देखो 'झिलियोडौ' (रू.भे)

(स्त्री० झिलियोडी)

झिल्ली—स०स्त्री० [स०] १ किसी वस्तु के ऊपर की वह पतली तह जो पारदर्शक अथवा अल्प पारदर्शक होती है. २ आंख का जाला. ३ बहुत पतला छिलका ४ झींगुर। उ०—ओर ही झूळा रा झूळा लमभम करता फूलवाग नूं आवै है, लहरिया गावै हैं, गहरौ गहकै है, डेडरा डहकै है, मोरा री सोर, झिल्ली री भिंगोर, वळै बोलै चातक, विरही जना का घातक।—र. हमीर

रू०भे०—झिली।

झिल्लीदार—वि०—जिसके ऊपर बहुत पतली तह लगी हो।

झींक—देखो 'झीक' (रू.भे.) उ०—१ बरसात मे भलेई सारी रात मेह झींक दौ पण मायनै छाट ई नही पडै। माय नै सूतोडा तौ परभातै वारै आवै जरै ईज ठा, पडै कै रात रा वरसात हुई ही।
—रातवासौ

उ०—२ वाजिया रोसेल वका, घमै आवध धार धका। असतरां वेदै असका, भिडै लका भूर। झींक अगा हुवै झका, प्रथी माचै रुधर पका। कहर थापै ग्रीध कका, प्रवळ सका पूर।—र रू

झींकणौ—देखो 'झीकणौ, झीकवौ' (रू भे.)

झींकणौ, झींकवौ—देखो 'झीकणौ, झीकवौ' (रू.भे.)

उ०—वीणा जतर तार, थै छेडया उण राग रा। गुण नै रोऊ गवार, जात न झींकू जेठवा।—जेठवा

झींकणहार, हारौ (हारी), झींकणियौ—वि०।

झींकिओडौ, झींकियोडौ, झींक्योडौ —भू०का०कृ०।

झींकीजणौ, झींकीजवौ—कर्म वा०।

झींकरौ—स०पु०—कूए को गहरा करने के हेतु काटा हुआ पत्थर।

रू०भे०—झीकरौ।

झींका—देखो 'जीका' (रू.भे)

झींकियोडौ—देखो 'झीकियोडौ' (रू.भे.)

(स्त्री० झीकियोडी)

झींखणौ—देखो 'झीकणौ' (रू भे.)

झींखणौ, झींखवौ—देखो 'झीकणौ, झीकवौ' (रू भे)

झींखणहार, हारौ (हारी), झींखणियौ—वि०।

झींखिओडौ, झींखियोडौ, झींख्योडौ—भू०का०कृ०।

झींखीजणौ, झींखीजवौ—भाव वा०, कर्म वा०।

झींखा—देखो 'जीका' (रू भे.)

झींखाळी—देखो 'जीका' (रू.भे)

झींखियोडौ—देखो 'झीकियोडौ' (रू.भे)

(स्त्री० झीखियोडी)

झींगडि, झींगडी—स०स्त्री०—१ नौवत की ध्वनि. २ किसी वस्तु पर (नौवत आदि पर) ध्वन्यार्थ किया जाने वाला किसी दूसरी वस्तु (डके आदि) का प्रहार या इस प्रहार से उत्पन्न ध्वनि।

उ०—१ पाखती अरटा री झींगडि चीगडि पडि नै रही छै।
—रा सा स.

उ०—२ नौवत रा टकोरा लागै छै। नौवत झींगडी पडि नै रही छै।—रा सा स

झींगर—स०पु० [स० धीवर] १ प्राय मछली पकडने और वेचने वाली एक जाति या इस जाति का व्यक्ति, धीवर।

उ०—वाही राण प्रतापसी, वगतर मे वरछीह। जाणक झींगर जाळ मे, मुह काढचो मच्छीह।—पृथ्वीराज राठौड

२ देखो 'झिंगोर' (रू भे)

झींगरनिसाणी—स०स्त्री०—वह 'निसाणी छद' जिसमे प्रथम १८ मात्रायें फिर १४ मात्रायें और तुकात मे मगण (SSS) हो।

झींगोर, झींगोर—देखो 'झिंगोर' (रू भे) उ०—फेर केळि रै गिरद-वाइ माहे सारसा रा टोळा झींगोर करि नै रहिआ छै।—रा.सा.स.

झींझणियाळ, झींझळियाळ—देखो 'जीजणियाळ' (रू भे)

उ०—वटपाडा घरपाडा वाळी, आभ जडा नाखै ऊपाड। कोय न गाज सकै किनियाणी, झींझणियाळ तुहाळा झाड।

—कविराजा बाकीदास

झींझौ—स०पु०—१ पहाडो मे उत्पन्न होने वाला एक वृक्ष विशेष। (वहु व० झीझा) २ देखो 'जीजौ' (रू भे.)

झींट—देखो 'झीत, झीथ' (रू भे)

झींटझींटाळो—वि० (अनु०) (स्त्री० झीटझीटाळी) घने बालो वाला।

उ०—फोगल पछै घिटाळ, जगळा भींटभिंटाळी। सूरज ऊगरा वेळ, फडमला छवी निराळी।—दसदेव

भींण—देखो 'झीणो' (मह, रू भे)

भींणउ, भींणो—देखो 'झीणो' (रू.भे) उ०—१ गाया गोसाळा गूदा गळगळती, ढाळा द्रग ढळती वूदा वळवळता। डाई डेडर सी धाई घुर घीणें, झीणी झेडर झुर गाई सुर झीणें।—ऊ.का.

उ०—२ वैरी नथडी री मोती उतर नहिं जाय, भींणो झीणो रै वायरिया, झोलो सह्यो न जाय।—चेत मानखा

(स्त्री० झीणी)

भींणोडो, भींणोडो—देखो 'झीणो' (अल्पा, रू भे)

(स्त्री० झीणोडी, झीणोडी)

भींत, भींथ-स०स्त्री०—१ कपडे मे अनाज भर कर उसके चारो कोनो को पकड कर पीठ पर लाद कर ले जाने वाली खुली गठरी.

२ कपडे का बनाया हुआ वह झोला जिसमे कपडे के एक ओर के दोनो छोरो को मिला कर गाँठ लगा कर गरदन मे डाल ली जाती है और दूसरी ओर के दोनों छोर पृथक-पृथक दोनो हाथो में रहते हैं।

रू०भे०—झीट।

भींपरो, भींफरो-वि० (स्त्री० झीपरी, झीफरी) जिसके शरीर पर बहुत बडे-बडे बाल हो, घने बालो वाला।

भींवर-स०पु० [स० धीवर] मछली पकडने और बेचने वाली एक जाति या इस जाति का व्यक्ति। उ०—१ धोय नीर उडप पग धरजे, रज सिल उठी किसू वनदार। उज्जळ उदक धुवाया ओयरा, लघे पार सरिता म्रिदु लोयरा, प्रभु भींवर कीधो भव पार।—र रू

उ०—२ अगम तहा पहुता नही, गुरा इद्री प्रतिपाळ। गुरु भींवर वर सिख माछळी, तकि तकि मेल्है जाळ।—ह पु वा

भीक-स०स्त्री०—१ झीखने की क्रिया या भाव २ शस्त्र प्रहार।

उ०—१ वीच फरक्कै झडा प्रचडा कोडडा भराकै चिला- माळ रु डा काज सडा खेडिया महेस। खडा भीक देते सूडाडडा धू भेरिया काथा, जाडा थडा ओरिया वितुडा 'जालमेस'।

—जालमसिंघ चापावत री गीत

उ०—वहै गोळा हुळा कूत झटका वहै, अनत रुधर वहै नीक अझडा। घणू घमसारा दळ हीक चाडे घरा, दियै 'सारग' तराौ भीक दुजडा।—वसराम रावळ

३ शस्त्र प्रहार की ध्वनि ४ ध्वस, सहार।

उ०—राजा करि हाक खित्री भ्रम राहि, मघाउत खेग धरै रिरा माहि। हिलोळै फौज चढ़ावै हीक, भिडा गज वाजि हुअै भड भीक।—वचनिका

५ युद्ध। उ०—अरावा तराौ असबाव अपरााविया, भट किलकता तराौ भागो। आड रोपी वज्र द्र भीक वागो असभ, 'लीक' टोप पटक पथ लागो।—कविराजा वाकीदास

६ वर्षा की झडी।

रू०भे०—झीक।

मि०—रीठ।

झीकणो-स०पु०—१ दु ख का वर्णन, दुखडा रोना. २ झीखने की क्रिया या भाव।

रू०भे०—भीकणो, झीखणो, झीखणो।

झीकणो, झीकवौ-क्रि०अ०स०—१ लालायित होना, इच्छा करना, तरसना। उ०—नानग सरवर भरियो नीको, झुकै लोग पीवरा दे झीको। ठगवाजी गादी रो ठीको, फेर सिखा कर दीनो फीको।

—ऊ.का.

२ दुखी हो कर पछताना ३ खीजना ४ कुढना ५ अपने दु.ख का हाल सुनाना, दुखडा रोना. ६ शस्त्र प्रहार करना. ७ युद्ध करना।

झीकणहार, हारो (हारी), झीकणियो—वि०।

झीकवाड़णो, झीकवाडवो, झीकवाणो, झीकवावो, झीकवावणो, झीकवाववो—प्रे०रू०।

झीकाडणो, झीकाडवो, झीकाणो, झीकावो, झीकावणो, झीकाववो

—क्रि०स०।

झीकिओडो, झीकियोडो, झीक्योडो—भू०का०कृ०।

झीकीजणो, झीकीजवो—भाव वा०, कर्म वा०।

भींकणो, भींकवो, भींखणो, भींखवो, झीखणो, झीखवो—रू०भे०।

झीकरो—देखो 'झीकरो' (रू भे)

झीकियोडो-भू०का०कृ०—१ लालायित हुवा हुआ, इच्छा किया हुवा, तरसा हुआ २ दुखी हो कर पछताया हुआ ३ खीजा हुआ ४ कुढा हुआ. ५ अपने दुःख का हाल सुनाया हुआ, दुखडा रोया हुआ ६ शस्त्र प्रहार किया हुआ ७ युद्ध किया हुआ।

(स्त्री० झीकियोडी)

झीकोळणो, झीकोळवो - देखो 'झकोळणो, झकोळवो' (रू भे.)

उ०—आई तेरी मा की जाई भैनडी जी राज! ओ वीरा रोय रोय नू क समद झीकोळ। वीरा ऊपर चढ हेलो दियो जी राज! ये वाई रूसडी नरणद जाणूं छोय।—लो गी

झीकोळणहार, हारो (हारी), झीकोळणियो—वि०।

झीकोळिओडो, झीकोळियोडो, झीकोळयोडो—भू०का०कृ०।

झीकोळीजणो, झीकोळीजवो—कर्म वा०।

झीकोळियोडो—देखो 'झकोळियोडो' (रू.भे.)

(स्त्री० झीकोळियोडी)

झीख—देखो 'झीक' (रू.भे)

उ०—तरै राठोडा तो टाळो कियो। तरै घोडा री खुरी कराय नै मुगळा री फौज माहै घोडो नाखियो, ऊपर लोह री घरणी झीख पडी —राव मालदे री वात

झीखणो—देखो 'झीकणो' (रू भे.)

झीखणो, झीखवो—देखो 'झीकणो, झीकवो' (रू.भे)

झीखणहार, हारौ (हारी), झीखणियौ—वि० ।

झीखियोडौ, झीखियोडौ, झीख्योडौ—भू०का०कृ० ।

झीखीजणौ, झीखीजबौ—भाव वा०, कर्म वा० ।

झीखा—देखो 'जीका' (रू भे)

उ०—झीखा झीखाळं, पौसाळं पढियौ नही । ऊभौ आफाळेह, हळिया सू माथौ हमैं ।—अज्ञात

झीखाळणौ, झीखाळबौ—क्रि०स०—१ खपरैलों को परस्पर रगड कर महीनतम चूर्ण बनाना । उ०—झीखा झीखाळं, पौसाळं पढियौ नही । ऊभौ आफाळेह, हळिया सू माथौ हमैं ।—अज्ञात

२ सफेदे से पुती हुई पढ़ने की तख्ती पर खपरैल को परस्पर घिस कर बनाया हुआ महीनतम चूर्ण छितराना ।

झीखाळियोडौ—भू०का०कृ०—१ खपरैलो से महीनतम चूर्ण बनाया हुआ. २ पढने की लकडे की तख्ती पर खपरैलो का महीनतम चूर्ण डाला हुआ, (छितराया हुआ)

(स्त्री० झीखाळियोडी)

झीखियोडौ—देखो 'झीकियोडौ' (रू भे.)

(स्त्री० झीखियोडी)

झीगोर, झींगोर—देखो 'झिंगोर' (रू भे)

झीण—स०स्त्री०—[स० ध्वनि] १ ध्वनि, आवाज । उ०—झणक नूपुरास झीण, ओपतास एहडा । बदत तोतळीस बाणि, जाणि पुत्र जेहडा ।—सू प्र.

२ देखो 'जीण' (रू भे)

उ०—रग रग री पौसाखा इनायत करै छै नै माता घोडा उडणा ताजी ऊपर झीण करावं छै ।—पना वीरमदे री वात

३ देखो 'झीणौ' (मह रू भे)

उ०—१ भिदि वज्र सिखर चकर इम भळकै, झीण वदळ माझळ रवि झळकं । ईख सिला वज्र दूर करावै । उणहिज तरह लियण नृप आवै ।—सू प्र

उ०—२ विविधि वजत्री वीण वजावै, सुघड झीण सुर सार । बोळी कहै खीण हूं वचक, हीण वजावण हार ।—ऊ.का

झीणउ—देखो 'झीणौ' (रू भे) (उ र)

झीणोडौ—देखो 'झीणौ' (अल्पा, रू भे)

(स्त्री० झीणोडी)

झीणौ—वि० [स० क्षीण] (स्त्री० झीणी) १ जो मोटाई और घेरे मे इतना कम हो कि छूने से हाथ मे क्षीण आभास हो, महीन, पतला । उ०—तिल हिक अमख कपाट सतूटै । छेदै तास गयण मग छूटै । झीणै तत जिम नाद झणकै । भमर गुजारउ सबद भणकै ।—सू प्र

२ तह के आकार की वह वस्तु जिसका दल मोटा न हो, (जो प्राय: पारदर्शक अथवा अल्प-पारदर्शक होता है), पतला, हलका ।

उ०—१ आदीता हूं ऊजळो, मारवणी-मुख-ब्रन्न । झीणा कप्पड पहिरणइ, जांणी झंखइ सोब्रन्न ।—ढो मा.

उ०—२ सुदर सकुळीणी झीणी साडी मे, जुलफा सपणी जिम अपणी आडी मे । सूनी ढाणी मे सेठाणी सोती, रैंणी विणियाणी पाणी नै रोती ।—ऊ का

३ मधुर, सुरीला । उ०—१ गोरियां उंच्यो माथै बोझ, गीतडा गावै झीणी राग । गोद मे झुरै हठीला बाळ, रमै जद खांखळ नैणां फाग ।—साझ

उ०—२ धापूडी नै झंपावण नै उण री साथणिया एक तरकीब सोची अर साथै गावती-गावती एकदम चुप रैयगी । एकली धापू री ईज झीणी सुर गूज ऊठघो ।—रातवासौ

उ०—३ वाह रे वाह ! क्या झीणो कठ है, सुण नै कळी-कळी खिलगी ।—रातवासौ

उ०—४ गाया गोसाळा गूदा गळगळती । ढाळा द्रग ढळती बूदा बळबळती । डाई डेडरसी धाई धुर धीणै । झीणी झेडर झुर गाई सुर झीणै ।—ऊ का

४ जो सुनने मे कर्कश, वेगयुक्त, तीव्र अथवा अप्रिय न हो, मृदु । उ०—तठा उपरात करि नै राजान सिलामति सिकार पाखती जिनावर चालिआ जाअै छै । सेत सूआ, सवज सूआ, सारा, मैना, कोइल, तीतुर, कागा-कउआ, सेत काग, सेत कवूतर, उडण गिरहबाज, लख जातिरा पखी, भाति भाति री झीणी भाखा बोलता, पढ़ता कठपिंजरै घातिआ वहै छै ।—रा सा स

५ जिसकी देह का घेरा कम हो, जिसके शरीर के इधर-उधर का विस्तार कम हो, जो स्थूल या मोटा न हो, छरहरा ।

उ०—जध सुपत्तळ, करि कुअळ, झीणी लब-प्रलब । ढोला एही मारुई, जाणि क कणियर-कब ।—ढो मा

६ कृश, पतला (कमर) उ०—१ चमकै हीड मचोळता, लचकै झीणी लक । तन दमकै दामणी तिही, मुखडो जाण मयक ।

—र. हमीर

उ०—२ झीणी मध्यप्रदेस कटि, पीन प्रचड नितव । कनक वरण चढती कळा, नाभि कुड प्रतिबिंब ।—वैताळ पच्चीसी

७ सुकुमार, सुकोमल, लचीला । उ०—ढोला, सायधण मांण नै, झीणी पासळियाह । कइ लाभै हर पूजियां, हेमाळै गळियाह ।

—ढो मा

८ जो छूने मे कडा न हो, कोमल, मुलायम, नरम, मृदुल ।

उ०—जाघा गरभ ज केळकी, पीडी पुहुरीयाह । गिरिया गोळ सुपारिगा, झीणो मास ळियाह ।—कुवरसी साखला री वारता

९ जो धधकता हुआ न हो, मद, क्षीण ।

उ०—आसालुध्धी हूं न मुइय, सज्जन-जजाळेइ । मारू सेकइ हथ्थडा, झीणै अगारेइ ।—ढो मा

१० मद, धीमा, हलका । (प्रकाश)

११ छितराया हुआ, क्षीण । उ०—धम्मधमतइ घाघरइ, उळटघउ जाण गयद । मारू चाली मदिरे, झीणै वादळ चद ।—ढो.मा.

१२ जो वेग युक्त न हो, मद-मद । उ०—कर ठाली प्याल्या सबै,

फूला पुरसी जेम । झीणी मसती झूमती, वहकी लूआ केम ।—लू
१३ जो स्थूल या अधिक भारी न हो, वजन मे हल्का । उ०—झीणी गाडी रा झीणा वैलिया, झीणी घूघरमाळ । जिण पर चढ आयो पाचियो, लारै घोडा री घमसाण ।—लो गी
१४ जिसकी रचना मे दृष्टि की सूक्ष्मता और कला की निपुणता प्रकट हो । उ०—कोई चूनड तो साळूडा, झीणा सळ भरया ए, मोरी सइया ।—लो गी
१५ जो विना अच्छी तरह ध्यान से सोचे समझ मे न आए, जिसे समझने के लिये सूक्ष्म बुद्धि आवश्यक हो । उ०—ज्यू जीव खवाया में पाप ते पिण थें न जाणो तो पडिमाधारी नें अव्रत सेवाया पाप थारै किम बैसे । आ चरचा तो घणी झीणी है ।—भि द्र.
१६ दुर्गम, कठिन । अदर दीपक नै ओळखो आदू हसा री ठौड, भाय थोडी नै झीणो पथ । पाचैला विरला कोय ।—सतवाणी
१७ सँकरा, तग । उ०—ऊँचा नीचा महल माळिया, हमसे चढ़या न जाय । पिया दूर पथ म्हारो झीणो, सूरत झकोळा खाय ।—मीरा
१८ जिसमे सूक्ष्म बुद्धि न पहुँचे, वुद्धि से बाहर, न जानने योग्य, दुर्वोध, अगम्य, (जो केवल आभासित हो) । उ०—वै तो सुखम झीणा भारी, कोण लखै गत थारी । सतगरु से गम पाई, दरियावा लहर समाई ।—श्री हरिरामजी महाराज
१९ बहुत ही छोटा, सूक्ष्म उ०—पणिहारया परवार जाय, सरवर जळ ल्यावण । झूलरियै झणकार, लसकरा लै'री गावण । मधुर मोवणी राग, रीझवै आभो राजा । झीणी छाटा झिलै, सीळवै साळू गाजा ।—दसदेव
२० जिसके अणु बहुत ही छोटे या सूक्ष्म हो ।
उ०—वाई ए मन मै धीरज राख, वीरो दीसै म्हनै आवतो । वाई ए झीणी झीणी उडै है गुलाल, धोळा रा जाजण वाजिया ।—लो.गी.
उ०—२ ढोल वळाव्यउ हे सखी, झीणी ऊडइ खेह । हियडउ वादळ छाइयउ, नयण टवूकइ मेह ।—ढो मा
२१ वह जिसमे प्रचडता व उग्रता न हो. २२ धुधला २३ जिसमे जलाश अधिक हो, अधिक तरल ।
विलो०—गाढो ।
२४ आगे से छितराया हुआ, फैला हुआ (घूघट) ।
उ०—१ भवरजी हथाया वैठा हेलो कीकर पाडू ओ, ए झीणो काढू घूघटियो सनकारी देऊ ओ, क घर मे आवो तो । हा रे घर मे आवो तो, मनडै री वाता थानै कैऊ ओ, क घर मे आवो तो ।—लो गी.
उ०—२ झीणं घूघटियै मोतीडा पोवती, मैं'ला वैठी वीरोसा री वाटां जोवती, क वीरो आवै तो ।—लो गी.
उ०—३ तिरछा कटाक्ष रा नेतर झमकै छै, झीणा घूघटा मे जडाव री टीक्या चपळा सी चमकै छै ।—पना वीरमदे री वात
वि०वि०—घूघट का वह ढग जिसमें घूघट निकालने वाली स्त्री अपने आस-पास चारो ओर देख सकती है और अगर दूसरा भी चाहे तो उस स्त्री के मुह की झाकी देख सकता है ? क्योकि घूघट मुँह के ऊपर सीधा न होकर इधर-उधर कधो तक छितराया हुआ या फैला हुआ होता है ।
स०पु०—महीन वस्त्र । उ०—हा ए राज गोरी झीणो ही ओढो हो, हा ए गोरी झीणो ओढो हो, म्हारी सदा रे सवागण सुदर नार, मानेतण गोरी, झीणो ओढो हो ।—लो गी
रू०भे०—झीणउ, झीणौ, झीणउ ।
अल्पा०—झीणोडो, झीणोडौ, झीणोडो, झीणोडो ।
मह०—झीण, झीण ।
झीणोडो—देखो 'झीणो' (अल्पा, रू.भे) उ०—डीगोडा डूगर धोरा माझ, वरसतो झीणोडो विसराम । जिकण मे भीजै वा इकलाण, विराजी सायत वण जजमान ।—साझ
(स्त्री० झीणोडी)
झीणोमोरियो—स०पु०—लडकियो द्वारा गाया जाने वाला एक लोकगीत ।
झीथरो—स०पु०—एक प्रकार का घोडा (शा हो)
झीनातिझीन—वि०—अत्यन्त बारीक, महीन से महीन ।
उ०—सूक्ष्म सरीर, व्याकृत्ति वहीर । झीनातिझीन, चित विदित चीन ।—ऊ का.
झीमर—स०पु० [स० धीवर] १ कहार जाति का एक भेद २ मछली पकडने और वेचने का कार्य करने वाली एक जाति या इस जाति का व्यक्ति ।
झीरा-लूणवासियो घोळ, झीरा-लूणवासीयो घोळ—स०पु०—जीरे के सयोग से वना नमकीन पेय पदार्थ । उ०—करवा आणिया रग रोळ, झीणा लूणवासियो घोळ, दहीवडा बणाविया घोळ, नाखियो राई तणो झोळ ।—व स
झीरोको—देखो झरोको' (रू भे)
झीरोख—देखो 'झरोको' (मह, रू भे) उ०—जावै सुख पावै जठै, झुकिया गोख झीरोख । काच जडै तगता किता, सरस चित्रामा सोख ।
—महादान महडू
झीरोखो—देखो 'झरोको' (रू भे)
झीरोहर—स०पु०—चूर-चूर । उ०—भाख सत्रा खटतीस भाखीजै । घरपुड घाय निहाइ ध्रुवै । झीरोहर कर झाट जूवरिक । हुळ हाथळ जिहिं भगति हुवै ।—दूदो
झील—स०स्त्री०—१ चारो ओर जमीन से घिरा हुआ वहुत वडा जलाशय, ताल, सर ।
अल्पा०—झीलडी ।
स०पु०—२ एक छोटा पौधा विशेष जिसकी रहट की माल वनाई जाती है और दाँतुन करने के काम मे भी लिया जाता है ।
अल्पा०—झीलडी ।
झीलडी, झीलड़ी—देखो 'झील' (अल्पा, रू भे.)

उ०—खडचा नीचै वड खूटोडा, लिपै चिपै लुक सीलडी। तळै हरचो भागरो ऊगै, जावक सूकी झीलडी।—दसदेव

झीलणौ, झीलबौ-क्रि०अ०—१ स्नान करना, नहाना।
उ०—ढोला, हूँ तुझ वाहिरी, झीलण गइय तळाइ। ऊजळ काळा नाग जिउँ, लहिरी ले ले खाइ।—ढो०मा
२ मग्न होना, लीन होना। उ०—दोय मुनी अणसण उच्चरइ जी, झीलइ ध्यान मझार।—स कु
रू०भे०—'झूलणौ झूलबौ'।
झीलणहार, हारौ (हारी), झीलणियौ—वि०।
झीलवाडणौ, झीलवाड़बौ, झीलवाणौ, झीलवावौ, झीलवावणौ, झीलवावबौ—प्रे०रू०।
झीलाडणौ, झीलाड़बौ, झीलाणौ, झीलावौ, झीलावणौ, झीलावबौ—क्रि०स०।
झीलिग्रोडौ, झीलियोडौ, झील्योड़ौ—भू०का०कृ०।
झीलीजणौ, झीलीजबौ—भाव वा०।

झीलाडणौ, झीलाडबौ—देखो 'झीलाणौ, झीलाबौ' (रू भे)
झीलाडणहार, हारौ (हारी), झीलाडणियौ—वि०।
झीलाडिग्रोडौ, झीलाडियोडौ, झीलाडचोडौ—भू०का०कृ०।
झीलाडीजणौ, झीलाडीजबौ—कर्म वा०।
झीलणौ, झीलबौ—अक०रू०।

झीलाडियोडौ—देखो 'झीलायोडौ' (रू भे.)
(स्त्री० झीलाडियोडी)

झीलाणौ, झीलाबौ-क्रि०स०—स्नान कराना, नहलाना।
झीलाणहार, हारौ (हारी), झीलाणियौ—वि०।
झीलायोडौ—भू०का०कृ०।
झीलाईजणौ, झीलाईजबौ—भाव वा०।
झीलणौ, झीलबौ—अक०रू०।
झीलाडणौ, झीलाडबौ, झीलावणौ, झीलावबौ—रू०भे०।

झीलायोडौ-भू०का०कृ०—स्नान कराया हुआ।
(स्त्री० झीलायोडी)

झीलावणौ, झीलावबौ—देखो 'झीलाणौ, झीलाबौ' (रू.भे)
झीलावणहार, हारौ (हारी), झीलावणियौ—वि०।
झीलाविग्रोडौ, झीलावियोडौ, झीलाव्योडौ—भू०का०कृ०।
झीलावीजणौ, झीलावीजबौ—कर्म वा०।
झीलणौ, झीलबौ—अक० रू०।

झीलावियोडौ—देखो 'झीलायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झीलावियोडी)

झीलियोडौ-भू०का०कृ०—१ स्नान किया हुआ, नहाया हुआ।
२ मग्न, लीन।
(स्त्री० झीलियोडी)

झीवर-स०पु० [स० धीवर] मछली पकडने तथा बेचने वाली एक जाति या इस जाति का व्यक्ति, मछुआ। उ०—१ नदी जळनील सुफील निसाण, उझेळत छीलर ढील न आण। वगतर झीवर जाळ बहत, आवै नँह माळ-रगत्तर अंत।—मे.म.
उ०—२ सिल उधरती सारि, नाठो झीवर नाव ले। महिमा चलण मुरारि, देखे दसरथ रावउत।—प्रिथ्वीराज राठौड

झुकार-स०स्त्री०—ध्वनि, हुंकार।

झुजार—देखो 'जूझार' (रू.भे.)
उ०—राव रामा रै वडो वेटो करण थो नै छोटो वेटो कलो थो, सु करण ही निपट लायक थो। दातार, झुंजार वडो रजपूत थो।
—राव चद्रसेन री वात

झुझळाणौ, झुझळावौ-क्रि०अ०—दुख और क्रोध के कारण वहकना, चिडचिडाना, खिजलाना।

झुझळायोडौ-भू०का०कृ०—चिडचिडाया हुआ, खिजलाया हुआ।
(स्त्री० झुझळायोडी)

झुझाऊ—देखो 'जूझाऊ' (रू भे.)
उ०—ऊनै खडपुर का ईस ऊनै राव राजा। वागा फौज किल्ला मे झुझाऊ बीर बाजा।—शि व

झुझार, झुझारि—देखो 'जूझार' (रू भे)
उ०—१ झुकै घर हैमर सूर झुझार। भमै किर साख तिडा दळ भार।
—सू प्र
उ०—२ दळ-थभ तुझ दुवारि झुझारि धवळ तणा। घणा विरदा लहण आविया अरि घणा।—हा.झा

झुंड-सं०पु०—प्राणियो का समुदाय, गिरोह। उ०—मड घमड जुध थड विहड रुड मुड। झुड अकुड चड त्रिपत ग्रध झुड।—सू प्र
रू०भे०—झड।

झुणकार—देखो 'झकार' (रू भे)
उ०—मगळ गावै कामनी, पच सवद तणउ झुणकार। मेघाडबर छत्र सिर दियउ, आज सफळ राजा जनम ससार।—वी दे

झुपडी—देखो 'झूपडी' (रू.भे)
उ०—झडी पडी झुपडी, किया दर उदर कोळै। गघीला गूदडा, खाट पिण वधण खोलै।—ध व ग्र.

झुब—देखो 'झब' (रू भे)
उ०—लुळि लुव झुब कदब होवत, अव के चिहुँ फेर। तरू डार घूजत मधुर कूजत, कोकिला तिहिं वेर।—वि कु

झुबणौ, झुबबौ—देखो 'झूबणौ, झूबबौ' (रू भे.)
उ०—हस्ती थे लाइजो कजळी देस रो, हस्तिया रै हलक पधारजो रे तोरै आवजो, जिसडो सावणिया रो मेह लुब्या झुब्या आवजो।
—लो.गी.

झुबाडणौ, झुबाडबौ—देखो 'झूबाणौ, झूबाबौ' (रू भे)

उ०—कमध ग्रगंजी विमन्ने कहियो, वड दाता कीरत चो वीद। वाक तुम्राळी करडी वाळी, काळो झुवाड कासीद।—ग्रोपो ग्राढो

झुबाडियोडौ—देखो 'झूवायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झुवाडियोडी)

झुवाणौ, झुवावौ—देखो 'झूवाणौ, झूवावौ' (रू भे)

झुवायोडौ—देखो 'झूवायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झुवायोडी)

झुवावणौ, झुवाववौ—देखो 'झूवाणौ, झूवावौ' (रू भे)

झुवावियोडौ—देखो 'झूवायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झुवावियोडी)

झुविखौ—देखो 'झूवौ' (ग्रल्पा रू भे)

उ०—तठा उपराति करि नै राजान सिलामति उवै चतुरगी रायजादी क्तिीया री झुविखौ मोतीग्रा री लडी हुवै तिणि भाति री ऊजळी गोरगीग्रा।—रा सा स

झुग्राफ—देखो 'जाफ' (रू भे)

झुकणौ, झुकवौ—क्रि०ग्र० [स० युज्] १ किसी खडी वस्तु का नीचे की ग्रोर लटकना, निहुरना, नवना। उ०—मरद गरद हुय जाय, देख घूघट को ग्रोलौ। झुक पीछोळा तीर, दीयै पणियारचा झोलौ।
—महादान महडू

२ किसी पदार्थ का एक ग्रोर या दोनो ग्रोर ग्रपनी सही ग्रवस्था या उसी स्थिति मे प्रवृत्त होना, लवमान होना। उ०—चादडलौ भँवरजी गयो गढ गिरनार, ग्रोजी रसीला भँवरजी, कोई किरत्या झुक ग्राई गढ रै कागरै, हो राज।—लो गी

३ किसी खडे या सीधे पदार्थ का किसी ग्रोर प्रवृत्त होना.

४ मजवूर होना, हारना। उ०—मा रै जीव नै एक गिरै सी व्हैगी। रोज वदूगा ग्रर तलवारा वाळी का'णी कठा सू लावणी। मा वोली वेटा, दिन रा काणी कै'वा तो मारग वैवता वटाउडा मारग भूल जावै। जवाव मे वेटी गळगळी व्हैग्यो, ग्राख्या डव डव व्हैगी, मा नै झुकणौ पडचो।—रातवासो

५ प्रवृत्त होना, मुखातिव होना, रजू होना।

उ०—नानग सरवर भरियौ नीको, झुकै लोग पीवण दे झीको। ठगवाजी गादी रौ ठीको, फेर सिखा कर दीनौ फीको।—ऊ का

६ तल्लीन होना, दत्तचित्त होना, लगना।

उ०—कमधाण केकाण उडाण कळा। झुकिया घमसाण उफाण झळा।—सू प्र

७ ढीला होना, शिथिल होना। उ०—कविता टुक सुण सुख ग्रविक, स्री मुख हुकम सहत। पै जस ग्रस वग झुक 'पता', रुक पग नीठ रहत।
—जैतदान वारहठ

८ ग्राच्छादित होना, फैलना। उ०—झुकै घर हैमर सूर झुझार। भमै फिर साख तिडा दळ भार।—सू.प्र

९ पूर्ण रूप से तैयारी पर होना, सज-धज पर होना, ऐसी ग्रवस्था मे होना कि उसकी तैयारी प्रतीत हो (जैसे घटा का ऐसी ग्रवस्था मे होना कि वह वरसने ही वाली हो)

उ०—भादू वरखा झुक रही, घटा चढी नभ जोर। कोयल कूक सुणावती, वोलै दादुर मोर।—लो गी

१० (मेघ या घन-घटा का) मडराना। उ०—झड लागौ वादळ झुकै, ऊठै हुवै ग्रमवार। पीसाका इक रग पहर, साईणा सिरदार।
—महादान महडू

११ (समृद्धि या विशालता युक्त) शोभित होना।

ज्यू—१ सहर मे सेठा री वडी-वडी हवेलिया झुकयोडी छै।

ज्यू—२ जवाना रै मौळिया सागेडा झुक्योडा छै।

१२ दवना १३ व्यापक होना, चारो ग्रोर फैलना।

उ०—ग्रर नदिया पूर वहै छै। रात ग्रधारी झुक रही छै।
—पना वीरमदे री वात

१४ सघनता युक्त होना, हरा-भरा होना (वृक्ष, फसल ग्रादि)

१५ ग्रभिमान या उग्रता छोडना, विनम्र होना, विनीत होना.

१६ मोहित होना १७ दवना, नीचे झुकना।

झुकणहार, हारो (हारी), झुकणियौ—वि०।

झुकवाडणौ, झुकवाड़वौ, झुकवाणौ, झुकवावौ, झुकवावणौ, झुकवाववौ—प्रे०रू०।

झुकाडणौ, झुकाड़वौ, झुकाणौ, झुकावौ, झुकावणौ, झुकाववौ—क्रि०स०।

झुकीजणौ, झुकीजवौ—भाव वा०।

झुकवाई—स०स्त्री०—झुकने या झुकाने की क्रिया का भाव या इस कार्य की मजदूरी।

रू०भे०—झुकाई।

झुकाई—देखो 'झुकवाई' (रू भे)

झुकाडणौ, झुकाडवौ—देखो 'झुकाणौ, झुकावौ' (रू भे)

झुकाडणहार, हारो (हारी), झुकाडणियौ—वि०।

झुकाडिग्रोडो, झुकाडियोडौ, झुकाडचोडौ—भू०का०कृ०।

झुकाडीजणौ, झुकाडीजवौ—कर्म वा०।

झुकणौ, झुकवौ—ग्रक०रू०।

झुकाडियोडौ—देखो 'झुकायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० झुकाडियोडी)

झुकाणौ, झुकावौ—क्रि०स०—१ किसी खडी वस्तु को नीचे की ग्रोर लटकाना, नवाना, निहुराना २ मजवूर करना, हराना।

उ०—रागिया रुदन छद वोहौ रचातौ, झुकातौ वागिया जवा झूटौ। उसासा घडस नद ग्रागिया उडातौ, जागिया जिंद जिम ग्राण जूटौ।
—भैरूदान वारहठ

३ प्रवृत करना, मुखातिव करना, रजू करना ४ तल्लीन करना, लीन करना, दत्तचित्त करना, लगाना। उ०—दूजा गज रौ पौगर ग्ररिसिंह री पाघ पर ग्रायौ। जाणै पूग्या रा पुज पर नागराज भोग

झुकायो ।—व.भा
५ ढीला करना, शिथिल करना ६ किसी पदार्थ को एक ओर या दोनो ओर अपनी सही अवस्था या उसी स्थिति मे प्रवृत्त करना लवमान करना. ७ आच्छादित करना, फैलाना ८ पूर्ण रूप से तैयारी पर करना, सजधज करना । उ०—कचन कोटि महल मालिया झुकाऊ रे । मालिया मे सूवा मोतीडा वधाऊ रे ।—मीरा
९ किसी के ऊपर घुमाना, मडल बाध कर चारो ओर घुमाना
१० (समृद्धि या विशालतायुक्त) शोभित करना. ११ दबाना, नीचे झुकाना. १२ व्यापक करना, चारो ओर फैलाना १३ सघनतायुक्त करना, हराभरा करना (वृक्ष, फसलादि). १४ अभिमान या उग्रता छुडाना, विनम्र करना, विनीत करना. १५ मोहित करना
झुकाणहार, हारो (हारी), झुकाणियो—वि० ।
झुकायोडो—भू०का०कृ० ।
झुकाईजणो, झुकाईजवो—कर्म वा० ।
झुकणो, झुकवो—अक०रू० ।
झुकाडणो, झुकाडवो, झुकावणो, झुकाववो—रू०भे० ।

झुकायोडो–भू०का०कृ०—१ किसी खडी वस्तु को नीचे की ओर लटकाया हुआ. २ मजबूर किया हुआ, हराया हुआ. ३ प्रवृत्त किया हुआ, मुखातिब किया हुआ, रजू किया हुआ. ४ तल्लीन किया हुआ, लीन किया हुआ, दत्तचित्त किया हुआ, लगाया हुआ.
५ ढीला किया हुआ, शिथिल किया हुआ. ६ किसी पदार्थ को एक ओर या दोनो ओर अपनी सही अवस्था या उसी स्थिति मे प्रवृत्त किया हुआ, लवमान किया हुआ ७ आच्छादित किया हुआ, फैलाया हुआ. ८ पूर्ण रूप से तैयारी पर किया हुआ, सजा धजा हुआ.
९ किसी के ऊपर घुमाया हुआ, मडल बाध कर चारो ओर घुमाया हुआ १० (समृद्धि या विशालता युक्त) शोभित किया हुआ.
११ दबाया हुआ, नमाया हुआ १२ व्यापक किया हुआ, चारो ओर फैलाया हुआ १३ सघनता युक्त किया हुआ, हराभरा किया हुआ (वृक्ष, फसल आदि) १४ अभिमान या उग्रता छुडाया किया हुआ, विनम्र किया हुआ १५ मोहित किया हुआ ।
(स्त्री० झुकायोडी)

झुकाव–स०पु०—१ किसी ओर झुकने, प्रवृत्त होने या लटकने की क्रिया। २ किसी ओर मन के आकृष्ट होने या लगने की क्रिया. ३ वह भाग जो किसी ओर झुक गया हो ।
क्रि०प्र०—आणो, करणो, दणो, होणो ।
४ ढाल, उतार ।
विलो०—चढाव ।

झुकावट–स०स्त्री०—१ झुकने की क्रिया या भाव ।
२ इच्छा, चाह, प्रवृत्ति ।

झुकावणो, झुकाववो—देखो 'झुकाणो, झुकावो' (रू.भे)
उ०—१ सीस झुकावै अे राजा पातस्या ।—लो.गी.
उ०—२ तो भी तत्काळ ही ऊठि वाहण विहूणो भी नाक री नारिया रा झुड झुकावतो निसक जूटियो ।—व भा.
उ०—३ मेर मीणा नै सिकस्त लेतां ही पाछै सू प्रतिहार नाहर राज पखरैता रा भार सू प्रिथ्वी रा पुड झुकावतो वडै वेग आयो ।
—व.भा.
झुकावणहार, हारो (हारी), झुकावणियो—वि० ।
झुकाविओडो, झुकावियोडो, झुकाव्योडो—भ०का०कृ० ।
झुकावीजणो, झुकावीजवो—कर्म वा० ।
झुकणो, झुकवो—अक रू० ।

झुकावियोडो—देखो 'झुकायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० झुकावियोडी)

झुकियोडो–भू०का०कृ०—१ किसी खडी वस्तु का नीचे की ओर लटका हुआ, निहुरा हुआ, नवा हुआ २ मजबूर हुवा हुआ, हारा हुआ ३ प्रवृत्त हुवा हुआ, मुखातिब हुवा हुआ, रजू हुवा हुआ. ४ तल्लीन हुवा हुआ, दत्तचित्त हुवा हुआ, रजू हुवा हुआ ५ ढीला हुवा हुआ, शिथिल हुवा हुआ ६ कोई पदार्थ एक ओर या दोनो ओर अपनी सही अवस्था या उसी स्थिति मे प्रवृत्त हुवा हुआ, लवमान हुवा हुआ. ७ आच्छादित हुवा हुआ, फैला हुआ. ८ पूर्ण रूप से तैयारी पर हुवा हुआ, सज धज हुवा हुआ ९ मडराया हुआ. १० (समृद्धि या विशालतायुक्त), शोभित हुवा हुआ. ११ दबा हुआ. १२ व्यापक हुवा हुआ, चारो ओर फैला हुआ. १३ सघनतायुक्त हुवा हुआ, हरा भरा हुवा हुआ (वृक्ष, फसल आदि). १४ कोई खड़ा या सीधा पदार्थ किसी ओर झुका हुआ, प्रवृत्त हुवा हुआ १५ अभिमान या उग्रता छोडा हुआ, विनम्र हुवा हुआ, विनीत हुवा हुआ. १६ मोहित हुवा हुआ, १७ दबा हुआ, नीचे झुका हुआ ।
(स्त्री० झुकियोडी)

झुकेड़ो–स०पु०—धक्का । उ०—दादू मरबो एक जुबार, अमर झुकेडै मारिये । तो तरिये ससार, आत्मा कारज सारिये ।—दादू वाणी

झुक्कणो, झुक्कवो—देखो 'झुकणो, झुकवो' (रू भे.)
उ०—प्रवाहे खडग्ग झडै हत्थ पग्ग, लहै जाण आरा घर काठ लग्ग।
मुडै सालळै सालळै पै मुडक्कै, झडा ओझडा साड ज्यों माड झुक्कै ।
—रा रू.

झुक्कियोडो—देखो 'झुकियोडो' (रू.भे)
(स्त्री० झुक्कियोडी)

झुखण–स०पु०—झडबेरी आदि के काटो का समूह ।

झुज्झ—देखो 'जुध' (रू भे)

झुज्झमल, झुज्झमल्ल–स०पु० [स० युद्धमल्ल] वीर, योद्धा ।
उ०—भुयाण कवाण जुआण सभल्ल, मिळै मीरजादा इसा झुज्झमल्ल । जिन्हे फौज फौजा धणी चत्रवाह, सझै सार आवद्ध लीधा सनाह ।—वचनिका

झुझणो, झुझवो—देखो 'जूझणो, जूझवो' (रू भे.)

उ०—झिपण पुरिखि केतउ दीजइ, गरदभ केतउ वूझइ, कातर केतुं झुझइ, वाझि गाय केतइ दुझइ ।—व स.

झुझियोडो—देखो 'जूझियोडो' (रू.भे.)

झुझु—देखो 'जुध' (रू भे.) उ०—वेटउ रुडु करतउ जाणी, ताखणि ग्रावी गगाराणी। वेउ पखि झुझु करता राखइ, नियप्रिय ग्रागळि नदणु दाखइ ।—प.प च.

झुटपटियो—देखो 'झुटपटो' (ग्रल्पा., रू भे.)

झुटपटी—देखो 'झुटपुटी' (रू.भे)

झुटपटो—देखो 'झुटपुटो' (रू भे)

झुटपुटियो—देखो 'झुटपुटो' (ग्रल्पा, रू भे) उ०—झवरा झुटपुटियं री वेळ, खुलं वा ग्रधारं री ग्राख। वेल पड लचकाणी लख जाय, लजाळू सिरकं पल्लो नाख।—साझ

झुटपुटी-स०स्त्री०—ऐसा ग्रवेग समय जव किसी वस्तु को देखने ग्रथवा किसी व्यक्ति व वस्तु को पहचानने मे कठिनता हो।
रू०भे०—झुटपटी ।

झुटपुटो-स०पु०—प्रात: ग्रथवा सन्ध्या का वह समय जव न तो पूर्ण रूप से ग्रधेरा हो ग्रोर न प्रकाश, ऐसा समय जिसमे किसी वस्तु ग्रथवा व्यक्ति को पहिचानना कठिन हो।
रू०भे०—झुटपटो ।
ग्रल्पा०—झुटपटियो, झुटपुटियो ।

झुटाळक-वि०—उत्पादी, उपद्रवी ।

झुठाई-स०स्त्री०—१ ग्रसत्यता। उ०—झूठा विप्र सास्त्र सव झूठा, झूठा जगत झुठाई। कोप विवस्था करम-काड री, एकण साथ उडाई ।—ऊ का
२ शरारत, वदमाशी, उत्पात ।

झुठामूठी—देखो 'झूठमूठ' (रू भे)

झुणकणो, झुणकवो—देखो 'झणकणो, झणकवो' (रू भे)
उ०—जेहरि घूघर माळ पगा झुणकं जिया, कुजं वारिज पुडू वचा कळहसिया ।—वा.दा.

झुणकाणो, झुणकावो—देखो 'झणकाणो, झणकावो' (रू भे)

झुणकायोडो—देखो 'झणकायोडो' (रू भे)
(स्त्री० झुणकायोडी)

झुणकारणो, झुणकारबो-क्रि०ग्र०स०—१ (रूई ग्रादि धुनते समय) ध्वनि उत्पन्न होना २ देखो 'झणकणो, झणकवो' (रू भे)
३ (रूई ग्रादि) धुनना ४ देखो 'झणकाणो, झणकावो' (रू भे.)
झुणकारणहार, हारो (हारी), झुणकारणियो—वि० ।
झुणकारिग्रोड़ो, झुणकारियोडो, झुणकारयोडो—भू०का०कृ० ।
झुणकारीजणो, झुणकारीजवो—भाव वा०, कर्म वा० ।

झुणकारियोडो-भू०का०कृ०—१ ध्वनि उत्पन्न हुवा हुग्रा, ध्वनित.
२ देखो 'झणकियोडो' (रू भे) ३ धुना हुग्रा
४ देखो 'झुणकायोडो' (रू.भे)
(स्त्री० झुणकारियोडी)

झुणकियोड़ो—देखो 'झणकियोडो' (रू भे)
(स्त्री० झुणकियोडी)

झुणझुण-स०पु०—नूपुर ग्रादि के वजने से उत्पन्न झुन-झुन शब्द ।

झुणि-स०स्त्री० [स० ध्वनि] ग्रावाज, ध्वनि ।
उ०—१ भाजिवा लागा धनुरदड, वाजिवा लागी खाडा तणी झुणि, सुभट तणी कड-कड वाजिवा लागी ।—व.स
उ०—२ साच वचन ऊगाढ़ीग्रा, काढ़िया निज मुख सीम। नेउर झुणि पग लागता, लाग लाख्या लहइ कीम ।
—प्राचीन फागु सग्रह

झुवझुव-सं०पु०—१ स्त्रियो की भुजाग्रो पर धारण करने का ग्राभूषण विशेष. २ देखो 'झवझव' (रू भे.)

झुवी-स०स्त्री०—प्राय' पिछडी हुई जातियो की स्त्रियो के काम मे धारण करने का एक ग्राभूषण विशेष ।

झुमाड़णो, झुमाड़वो—देखो 'झुमाणो, झुमावो' (रू.भे)
झुमाडणहार, हारो (हारी), झुमाडणियो—वि० ।
झुमाडिग्रोडो, झुमाडियोडो, झुमाडयोडो—भू०का०कृ० ।
झुमाड़ीजणो, झुमाड़ीजवो—कर्म वा० ।
झूमणो, झूमवो—ग्रक० रू० ।

झुमाडियोड़ो—देखो 'झुमायोडो' (रू भे)
(स्त्री० झुमाडियोडी)

झुमाणो झुमावो-क्रि०स० ('झूमणो' क्रिया का प्रे०रू०) झूमने मे प्रवृत्त करना ।
झुमाणहार, हारो (हारी), झुमाणियो—वि० ।
झुमायोडो—भू०का०कृ० ।
झुमाईजणो, झुमाईजवो—कर्म वा० ।
झूमणो, झूमवो—ग्रक० रू० ।
झुमाडणो, झुमाडवो, झुमावणो, झुमाववो—रू०भे० ।

झुमायोडो-भू०का०कृ०—झूमने मे प्रवृत्त किया हुग्रा ।
(स्त्री० झुमायोडी)

झुमावणो, झुमाववो—देखो 'झुमाणो, झुमावो' (रू.भे.)
झुमावणहार, हारो (हारी), झुमावणियो—वि० ।
झुमाविग्रोडो, झुमावियोडो, झुमाव्योडो—भू०का०कृ० ।
झुमावीजणो, झुमावीजवो—कर्म वा० ।
झूमणो, झूमवो—ग्रक० रू० ।

झुमावियोडो—देखो 'झुमायोडो' (रू भे)

झुरट-स०स्त्री०—नखक्षत, खरोच ।

झुरडणो, झुरडबो—देखो 'झुरडणो, झुरडवो' (रू भे)

झुरडियोडो—देखो 'झुरडियोडो' (रू भे)
(स्त्री० झुरडियोडी)

झुरकण-स०स्त्री०—१ काटो का समूह (झडवेरी ग्रादि के)

२ ईंधन के काम आने वाली सूखी हुई पतली-पतली व छोटी-छोटी कांटेदार टहनियां या टहनियों का समूह ।

झुरकौ-स०पु०—ऊंट की चाल विशेष । उ०—वटाऊ बैठा आड पिलाण, ऊंठडा मारग झुरकै जाय । सुणीजै फुरणी मूरी ढील, मोद सू मूमल-रूप सराय ।—साफ

झुरटियौ-स०पु०—नखक्षत, खरोंच (अल्पा.)

झुरडणौ, झुरडबौ क्रि०स०—१ नाखूनों से खुजली मिटाने के लिये हाथ को बार-बार शरीर पर फेरना २ खरोंचना, कुरेदना. ३ वृक्ष की टहनी को हाथ में पकड कर उसके पत्ते सूत लेना, हाथ की रगड से पत्तियां दूर करना. ४ किसी को तंग करना, कष्ट पहुँचाना ।

झुरडणहार, हारौ (हारी), झुरडणियौ—वि० ।

झुरडिओडौ, झुरडियोडौ, झुरडयोडौ—भू०का०कृ० ।

झुरडीजणौ, झुरडीजबौ—कर्म वा० ।

झुरडियोडौ-भू०का०कृ०—१ नाखूनों से खुजली मिटाने के लिये हाथ को बार-बार शरीर पर फेरा हुआ २ खरोंचा हुआ, कुरेदा हुआ. ३ हाथ की रगड से टहनी की पत्तियां दूर किया हुआ. ४ किसी को तंग किया हुआ, कष्ट पहुँचाया हुआ ।

(स्त्री० झुरडियोडी)

झुरणी—देखो 'झुरनी' (रू भे)

झुरणौ-स०पु०—वियोगजनित दुःख, विलाप, रुदन ।

उ०—इसडा तो झुरणा ये जीण सगती झुरती, गई गई कोस दोय च्यार ।—लो गी

झुरणौ, झुरबौ-क्रि०अ०स०—१ बहुत दुखी होना, शोक करना ।

उ०—१ झुरै इम रगरेजणी, कूडा ठाकुर काय। वसन सती घण रगता, दीधी आस छुडाय ।—वी स

उ०—२ मारू जाता चाकरी, करग्या कोल करार । सावण सुरंगी तीज नै, आवागा घर-नार । सावण सुरंगो बीतग्यो, गयी रे नुहेली तीज, पिव विन झुर झुर मै मरू, उफळै म्हारौ हीव ।—लो गी.

२ बेचैन होना, विकल होना । उ०—जिणि दीहे पाळउ पडइ, टापर तुरी सहाइ । तिणि रिति बूढी ही झुरइ, तरुणी केम रहाइ ।

—ढो.मा

३ बिलखना, सुबकना । उ०—इहि जोडा उणिहार, जणणी फिर जाया नही । निकमी नाजुक नार, झुरती रैंगी जेठवा ।—जेठवा

४ रुदन करना, विलाप करना, प्रलाप करना ।

उ०—१ निरखै मिळै झुरै रघुनायक, सुण सुण वायक सारा । जोवा अमर विया जड जगम, व्याकुळ हुआ विचारा ।—र रू.

उ०—२ पडी चाकरी चूक घणी जद घणी रिसायी । झुरती कामण छोड रामगिरि यक्ष सिधायी । जनक सुता रै स्नान जेथ री निरमळ पाणी । गहरी विरछा-छाह जाय न कदै बखाणी ।—मेघ.

उ०—३ झुरै म्रिगनयणी झुरै, मेह तणी रुत मोरा । जोगण पूठ दिया सायजादी, घूमर ऊपर घोरा ।—अमरसिंह राठौड री वात

५ कलपना, आंसू बहाना ।

६ रोग, अधिक परिश्रम या बहुत अधिक चिन्ता के कारण कृश होना, दुर्बल होना, घुलना । उ०—१ छट्टुं सहेली साहिवो, छाय रह्यौ परदेस । झुर-झुर नै पीजर हुई, बाळा जोवन वेस ।—र रा.

उ०—२ ईंयै गोरवधियै रै कारणै म्हैं तो झुर-झुर पीजर व्है गई रे, म्हारो गोरवध लूवाळो ।—लो गी.

७ झूमना, लटकना । उ०—सावण आयो, सायवा, वेला झुर रहि वाड । चातक झुर रह्यौ मेघ नै, पिव नै झुर रहि नार ।—लो गी

८ याद करना, स्मरण करना । उ०—१ झुरसी निरधन नूबळ हजारा, रीझ दियण सिरै दोय राह । पडतै 'पदम' कमध पटोधर, पाड लियो दिराण्या पतसाह ।—महाराजा पदमसिंह रो गीत

उ०—२ वीणा जंतर तार, थै छेडया उण राग रा । गुण नै झुरू गवार, जात न झीकू जेठवा ।—जेठवा

उ०—३ ना घर आवै पीवजी, बीत गई वरसात । अगहन झुरै कामणी, जाडौ जहर लखात ।—लो गी.

झुरणहार, हारौ (हारी), झुरणियौ—वि० ।

झुरवाडणौ, झुरवाडबौ, झुरवाणौ, झुरवावौ, झुरवावणौ, झुरवावबौ, झुराडणौ, झुराडबौ, झुराणौ, झुरावौ, झुरावणौ, झुरावबौ

—प्रे०रू० ।

झुरिओडौ, झुरियोडौ, झुरयोडौ—भू०का०कृ० ।

झुरीजणौ, झुरीजबौ—भाव वा०, कर्म वा० ।

झूरणौ, झूरबौ—रू०भे० ।

झुरनी-स०स्त्री०—१ प्रायः किशोरावस्था के बालकों द्वारा वृक्ष की टहनियों से झूम-झूम कर पृथ्वी पर आने व बार-बार चढ कर खेला जाने वाला एक खेल २ इस खेल मे प्रयोग किया जाने वाला लकडी का एक डडा ।

क्रि०प्र०—आणी, खेलणी, देणी, रमणी ।

रू०भे०—झुरणी ।

झुरमट—देखो 'झुरमुट' (रू भे.)

झुरमटियौ—देखो 'झुरमुट' (अल्पा, रू भे)

झुरमुट-स०पु०—१ झाड, पत्ते, लताओ अथवा वृक्षों का ऐसा समूह जिससे कोई स्थान ढक जाय किन्तु नीचे या बीच मे कुछ स्थान रिक्त रहे २ झुंड, समूह (मा म) ३ चादर या अन्य किसी वस्त्र से शरीर को चारों ओर से ढक या छिपा लेने की क्रिया ।

रू०भे०—झुरमट ।

अल्पा०—झुरमटियौ, झुरमुटियौ ।

झुरमुटियौ—देखो 'झुरमुट' (अल्पा रू.भे)

झुररी-स०स्त्री०—किसी वस्तु पर पडने वाली सिकुडन, सिलवट, शिकन ।

झुरगौ-स०पु०—नेत्रों के आंसू ।

उ०—थारी धीव जवाग्रीडा ले जासी, थारै नैणा मे रहसी झुररी रे। ढाळया ढळ कर चालै ढेलणी, मळया मळ कर चालै मोरडी।—लो गी.

झुराडणो, झुराडवो—देखो 'झुराणो; झुरावो' (रू.भे)

झुराडणहार, हारो (हारी), झुराडणियो—वि०।

झुराडिग्रोडो, झुराड़ियोडो, झुराड्योडो—भू०का०कृ०।

झुराडीजणो, झुराडीजबो—कर्म वा०।

झुरणो, झुरवो—ग्रक०रू०।

झुराडियोडो—देखो 'झुरायोडो' (रू.भे.)

(स्त्री० झुराडियोडी)

झुराणो, झुरावो-क्रि०स०—१ वहुत दुखी करना २ वेचैन करना, विकल करना ३ सुवकाना, विलखाना ४ विलाप कराना, रुदन कराना, प्रलाप कराना. ५ ग्रांसू वहाना, कलपाना।

उ०—मारवणी मन मोहियो, मनह न मेलो न जाय। जिम जिम हियडै साभरै, तिम तिम नयण झुराय।—ढो मा.

६ कृश करना, दुर्वल करना, घुलाना. ७ याद कराना, स्मरण कराना. ८ लटकाना

झुराणहार, हारो (हारी), झुराणियो—वि०।

झुरायोड़ो—भू०का०कृ०।

झुराईजणो, झुराईजवो—कर्म वा०।

झुरणो, झुरवो—ग्रक०रू०।

झुराडणो, झुराड़वो, झुरावणो, झुराववो—रू०भे०।

झुरापो-स०पु०—१ वियोगजनित दुख का प्रलाप २ वियोगजनित दुख का रुदन. ३ प्रिय के वियोग मे गाया जाने वाला लोक गीत विशेष।

क्रि०प्र०—करणो, गाणो, होणो।

रू०भे०—झुरावो, झूरापो, झूरावो, झेरापो, झेरावो।

३ नगारे आदि का ध्वनि करना ४ कम्पायमान होना, कापना (आख आदि का)

टमकाडणो, टमकाड़बो—देखो 'टमकाणौ, टमकावौ' (रू.भे)

टमकाडियोडो—देखो 'टमकायोडो' (रू.भे.)

(स्त्री० टमकाडियोडी)

टमकाणो, टमकावो–क्रि०स०—१ चमकाना, झलकाना २ प्रकट करना, मालूम करना. ३ नगारे आदि की ध्वनि करना. ४ कम्पायमान करना, कपित करना (आख आदि का)

टमकायोडो–भू०का०कृ०—१ चमकाया हुआ, झलकाया हुआ २ प्रकट किया हुआ, मालूम किया हुआ ३ ध्वनित किया हुआ. ४ कपित किया हुआ।

(स्त्री० टमकायोडी)

टमकार—देखो 'टमकारो' (रू भे)

उ०—भेरी भुगळ भरहरइ, करइ भाट जयकार। तूर तिविल वाजा सुणइ, तति तणा टमकार।—मा का प्र

टमकारणो, टमकारबो—देखो 'टमकाणौ, टमकावौ' (रू.भे)

टमकारियोडो—देखो 'टमकायोडो' (रू भे)

(स्त्री० टमकारियोडी)

टमकारो–स०पु०—१ घटे या घडियाल के बजने का शब्द, ध्वनि।

उ०—दळ दस देस तणा मिळि चाल्या, घडियालइ टमकारो। सळक्यो मेर समुद्र झळहळीयो, अहि डोल्यो महि भारो। —रुकमणी मगळ

रू०भे०—टमकार।

२ देखो 'टमोरो' (रू भे)

टमकावणो, टमकावबो—देखो 'टमकाणौ, टमकावौ' (रू भे)

टमकावियोडो—देखो 'टमकायोडो' (रू भे)

टमकियोडो—भू०का०कृ०—१ चमका हुआ, झलका हुआ, प्रकट २ ध्वनि किया हुआ, ध्वनित ३ कपित, कपायमान हुवा हुआ।

(स्त्री० टमकियोडी)

टमकीलो–वि० (स्त्री० टमकीली) बनावटी साज-शृगार किया हुआ, नखरा किया हुआ।

टमको–स०पु० (वि० टमकीलो) बनावटी साज-शृगार, नखरा।

टमचरो–स०पु०—मस्तक, शिर, खोपडी (अल्पा)

टमटम–स०पु० (अनु०) १ बडे-बडे पहियो वाली एक प्रकार की घोडा गाडी जिसमे केवल एक घोडा ही जोता जाता है. २ ध्वनि विशेष।

टमटमाणो, टमटमावो—देखो 'टिमटिमाणौ, टिमटिमावौ' (रू भे)

टमरकटू–स०पु० (अनु०) फाख्ता नामक पक्षी के बोलने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि। उ०—आदळवाई री दिन। मघरो मघरो आथूण वायरो चालै। खेजडी परा बैठी कमेडी बोली—'टमरकटू'।

टमरियो–स०पु०—वृक्ष विशेष। उ०—वीयो टमरियो व्रदावन वासी, वणराय भार अढार सख्या, विस्णुवाणी एह, जेतलु जाण्यु तेतलु वखाण्यउँ, भणइ पदम विसेख।—रुकमणी मगळ

टमरु–स०पु०—एक प्रकार का वस्त्र। उ०—नीलुहुरा जरजरी मलवारी लाछरी अघोतरी अमरी। गगापारी मोतीचूरि टमरु मसरु रत्नकवळ छाइल।—व स

टमाटर–स०पु०—एक प्रकार का पौधा व उसका फल जो पकने पर गहरे लाल रंग का होता है और स्वाद मे कुछ खट्टा होता है ।

टमोरौ–स०पु०—आंख मटकाने की क्रिया या भाव, इशारा ।
क्रि०प्र०—दैणौ ।
रू०भे०—टमकारौ ।

टर–स०स्त्री०—१ अप्रिय शब्द, कटु वाक्य, बक-झक ।
मुहा०—टरटर करणौ—व्यर्थ का बक-झक करना ।
कहा०—अठै टर वठै टर, तेरै खातर छोडवूं घर—इस स्थान पर टर टर करता है, उस स्थान पर टर टर करता है तो क्या तेरे लिए घर त्याग दू अर्थात् व्यर्थ बक-झक से परेशान होने पर कही जाती है ।
यौ०—टर टर ।
२ देखो 'डर' (४) (रू भे)
यौ०—टर टर ।
३ ऐंठ से भरी बात, अकड, घमड ।
क्रि०प्र०—राखणौ ।
मुहा०—टर राखणी—घमड रखना, गर्व रखना ।
४ महत्व रहित बात, तुच्छ बात ।

टरकणौ,टरकबौ—क्रि०अ०—खिसकना, टल जाना, टरकना ।
टरकणहार, हारौ (हारी), टरकणियौ—वि० ।
टरकवाणौ, टरकवाबौ—प्रे०रू० ।
टरकाडणौ, टरकाडबौ, टरकाणौ, टरकाबौ, टरकावणौ, टरकावबौ—क्रि०स० ।
टरकिग्रोडौ, टरकियोडौ, टरक्योडौ—भू०का०कृ० ।
टरकीजणौ, टरकीजबौ—भाव वा० ।
टळकणौ, टळकबौ, टळक्कणौ, टळक्कबौ—रू०भे० ।

टरकाडणौ, टरकाडबौ—देखो 'टरकाणौ, टरकाबौ' (रू भे.)

टरकाडियोडौ—देखो 'टरकायोडौ' (रू भे.)
(स्त्री० टरकाडियोडी)

टरकाणौ, टरकाबौ–क्रि०स०—कार्यार्थ आये हुए का कार्य पूरा किये विना ही किसी बहाने द्वारा वापिस भेज देना, टाल देना ।
मुहा०—टरका दैणौ—किसी काय से आये हुए का कार्य किये विना ही बहाने से उसे चलता कर देना ।
टरकाणहार, हारौ (हारी), टरकाणियौ—वि० ।
टरकवाडणौ, टरकवाडबौ, टरकवाणौ, टरकवाबौ, टरकवावणौ, टरकवावबौ—प्रे०रू० ।
टरकायोडौ—भू०का०कृ० ।
टरकाईजणौ, टरकाईजबौ—कर्म वा० ।
टरकणौ, टरकबौ—अक०रू० ।
टरकाडणौ, टरकाडबौ, टरकावणौ, टरकावबौ—रू०भे० ।

टरकायोडौ–भू०का०कृ०—खिसकाया हुआ, टरकाया हुआ, टाला हुआ ।
(स्त्री० टरकायोडी)

टरकावणौ, टरकावबौ—देखो 'टरकाणौ' (रू.भे)

टरकावियोडौ— देखो 'टरकायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० टरकावियोडी)

टरकियोडौ–भू०का०कृ०—खिसका हुआ, टरका हुआ ।
(स्त्री० टरकियोडी)

टरड–स०स्त्री०—१ घमड, ऐंठ २ भेड

टरडकौ–स०पु०—१ क्रोध करने का भाव, नाराज होने का भाव ।
क्रि०प्र०—करणौ, मारणौ ।
२ दर्द से कराहने का भाव, पीडा के कारण स्वयमेव निकलने वाली आवाज ।
क्रि०प्र०—करणौ ।
३ घोडे की एक दौड ४ अधो वायु निकलने से उत्पन्न शब्द ।
क्रि०प्र०—करणौ, धरणौ, मेलणौ ।
रू०भे०—डरडकौ ।

टरडपच–वि०—विना नियुक्त किये या विना आग्रह किये ही पच बनने वाला ।

टरटराणौ, टरटराबौ, टरराणौ, टरराबौ–क्रि०अ० (अनु०) १ मेढक का बोलना २ टर टर करना, बक बक करना ।

टळकणौ, टळकबौ—देखो 'टळक्कणौ, टळक्कबौ' (रू भे)
उ०—वीर भाला झळकइ तेतइ कायर ना मन टळकइ ।—व स.

टळकाणौ, टळकाबौ–क्रि०स०—१ कपायमान करना, डिगाना
२ देखो 'टरकाणौ, टरकाबौ' (रू.भे)

टळकायोडौ–भू०का०कृ०—१ कपायमान किया हुआ, डिगाया हुआ ।
२ देखो 'टरकायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० टळकायोडी)

टळकियोडौ—देखो 'टळक्कियोडौ' (रू भे.)
(स्त्री० टळकियोडी)

टळक्कणौ, टळक्कबौ–क्रि०अ०—१ कपायमान होना, डिगना ।
उ०—खड पूगळ खळभळै कोट, मरवटा टळक्कै । देरावर डिगमगै लसेवरि हा ही सकै ।—नैणसी
२ देखो 'टरकणौ, टरकबौ' (रू भे.) ३ स्थान से दूर होना, लुढकना, खिसकना । उ०—सख मुखिइ जिणि पूरिय भूरिय हरि मनि जपु । टोळ टळक्कइ रैवत दैघत मनि आकपु ।—नेमिनाथ फागु

टळक्कियोडौ–भू०का०कृ०—१ कपित, विचलित ।
२ देखो 'टरकियोडौ' (रू भे) ३ स्थान से दूर हुवा हुआ, लुढका हुआ ।
(स्त्री० टळक्कियोडी)

टळटळणौ, टळटळबौ, टळट्टळणौ, टळट्टळबौ–क्रि०अ०—खिसकना, डिगना, हिलना-डुलना, कपायमान होना । उ०—१ नव नाथ न मेलै वासना, टिकियौ मेरज टळटळै । सेवगा तणा मेहा सदू, साद न करनी सभळै ।—चौथौ बीठू

उ०—२ कसमस्सै कोरभ, सेस नागिंद्र सळसळि। सात समद्र गिर आठ, ताम घर मेर टळटुळि।—वचनिका

उ०—३ अहनहते त्रवक तणे अहनहाटि त्रिभुवन टळटळिउ।—व स

टळणो, टळवो–क्रि०अ० [स० टल] १ स्थान से अलग होना, खिसकना, हटना। उ०—टळै ढोल लागा घणा फौल टल्ला। हुठं नीठि पाइक्क हल्ला हमल्ला।—व भा

मुहा०—बात सू टळणो—प्रतिज्ञा पूरी नही करना, कही हुई बात के अनुसार कार्य न करना।

१ पृथक होना, अलग होना। उ०—तीन वेळा उपाड उपाड लगार रै साथ मे नाखिया, साहिब नू झटको वाह्यो सु टोप लाग टळियो। —नैणसी

३ दूर होना, निवारण होना, मिटना। उ०—१ वसइ जे जिनमदिरि, सीयळइ। विहु परे तीह तापु सही टळइ।—अर्बुदाचलवीनती

उ०—२ बिन भुगत्या न टळ त।—जयवाणी

उ०—३ दैवइ लिखिउ ते नवि टळइ, वाडच रहिउ विचारि। धीर धरीधर अडिगु, हईडा। हुवइ म हारि।—मा का प्र.

४ मर्यादा से हटना, कर्तव्य से विमुख होना।

उ०—टळै नह 'राम' खत्रीवट टेक। उडावत लोह अमीर अनेक। —सू.प्र

५ कापना, थर्राना, डोलना ६ स्थिरता छोडना, अस्थिर होना।

उ०—मेर टळइ मरजाद, जाय नव खड रसातळह। सेस भार जु तजइ चलइ रविचद दिखणाध।—प प चो

७ दूर होना, आपत्ति टलना। उ०—जोवन गयो स भल हुई, सिर री टळी बलाय। जणं जणं री रूसणो, ग्रो दुख सह्यो न जाय। —अज्ञात

उ०—२ देवी वैद्य सुग्रव रा दीह वळिया, देवी तत्र तोरा किया सोक टळिया।—देवि

८ नाश होना, मिटना, क्षय होना। उ०—इसा पग तूझ तणा उद्धार, सेवता पाप टळै ससार।—ह र.

९ बचना, सुरक्षित होना। उ०—चिलमिया करण चित चाह सूं, टळणहार नहि टाळणा। अमलिया तणा सिघात ए, बळै जठा तक बाळणा।—ऊ का

१० व्यतीत होना, समाप्त होना। उ०—चाली परवा पून, बादळी गळ गई। मिरिया मिरिया घाल सगी, वा मौसम तो टळ गई। —लो गी

११ अनुपस्थित होना, चलना, हटना। ज्यू—काम री वगत तो यू अठू रोज टळ जावै है. १२ स्थगित होना, आगे स्थिर होना। उ०—कह्यो, मोहरत री वेळा टळी जाय छै, ग्रोळ खोलो, सेजवाळा बारणै ऊभा छै।—नैणसी

१३ उलघित होना, न माना जाना। ज्यू—राजाजी रो हुकम टळै नी १४ ऊँट का रोग विशेष से पीडित होना. १५ गाय, भैंस व बकरी का दूध देना बन्द होना।

टळणहार, हारो (हारी), टळणियो,—वि०।

टळवाडणो, टळवाडवो, टळवाणो, टळवावो, टळवावणो, टळवाववो, टळाडणो, टळाडवो, टळाणो, टळावो, टळावणो, टळाववो—प्रे०रू०।

टळिग्रोडो, टळियोडो, टळ्योडो—भू०का०कृ०।

टळीजणो, टळीजवो—भाव वा०।

टल्लन–स०स्त्री०—आघात, टक्कर। उ०—पिली गज टलन तोप प्रचड। झिली जनु मीच वची मिळ झुड।—ला रा

टळवळणो, टळवळवो–क्रि०अ०—१ हिलना-डुलना, अस्थिर होना, अचल न रहना २ छटपटाना, तडफना। उ०—१ माता देवी टळवळइ जी, माछनडी विनु नीर। नारी सगळी पाय पडो जो, मत छडो साहस धीर।—स कु.

उ०—२ जिम-जिम जाव जामिनी, आवि ऊसा काळि। तिम-तिम तरुणी टळवळइ, मच्छि पडि जिम जालि।—मा का.प्र

३ परेशान होना, बेचैन होना, व्याकुल होना। उ०—आघेरु जईनि चीतवि, लोचन माहारू डावू लवि। जोऊ रही हुसि टळवळी, पुनरपि आव्यु पाछु वळी।—नळाख्यान

४ लालायित होना, इच्छुक होना। उ०—मुहडइ घाल्या तरत गळइ, घणु स्यु ? स्वरग ना देव देवी पणि स्वादनइ टळवळइ। —व स.

टळवळा'ट–स०स्त्री०—१ बेचैन, घबराहट २ हिलने-डुलने की क्रिया, धीरे धीरे रेंगने की क्रिया।

टळवळाडणो, टळवळाडवो—देखो 'टळवळाणो, टळवळावो' (रू भे)

टळवळाडियोडो—देखो 'टळवळायोडो' (रू भे)
(स्त्री० टळवळाडियोडी)

टळवळाणो, टळवळावो–क्रि०स०—कपायमान करना, हिलाना, डुलाना।

टळवळायोडो–भू०का०कृ०—कपायमान किया हुआ, हिलाया हुआ।
(स्त्री० टळवळायोडी)

टळवळावणो, टळवळाववो—देखो 'टळवळाणो, टळवळावो' (रू भे)
उ०—वरउ पाडतउ, माणस मारतउ, राउत रसाडतउ, अटाळ टळवळावइ, हाटु हळवळावइ।—व स

टळवळावियोडो—देखो 'टळवळायोडो' (रू भे)

टळवळियोडो–भू०का०कृ०—१ हिला-डुला हुआ, अस्थिर
२ छटपटाया हुआ, तडफडाया हुआ ३ परेशान हुवा हुआ, बेचैन, व्याकुल. ४ लालायित हुवा हुआ, इच्छुक हुवा हुआ।
(स्त्री० टळवळियोडी)

टळवाडणो, टळवाडवो–क्रि०स०—खीच कर निकालना ?
उ०—एकि अगि बाई, ऊपरि गुल रेखलाई, जिसा अम्रत तणा, पुणि टळवाडइ घणा रूप्पोज्वळ, काविलउ घाट।—व.स.

टळियोडी–भू०का०कृ०—वह गाय, भैंस या बकरी जिसने दूध देना बन्द कर दिया हो।

टळियोडो–भू०का०कृ०—१ खिसका हुआ, हटा हुआ २ अलग, स्थिति में पृथक. ३ निवारण हुवा हुआ ४ कर्तव्य से हटा हुआ. ५ आपत्ति टला हुआ, निकट नहीं रहा हुआ ६ कापा हुआ, धर्राया हुआ. ७ मिटा हुआ. ८ स्थिरता छोडा हुआ, अस्थिर हुवा हुआ ९ बचा हुआ, सुरक्षित बना हुआ १० जो व्यतीत हो गया हो, समाप्त ११ अनुपस्थित बना हुआ, हटा हुआ, चला हुआ. १२ स्थगित रहा हुआ, आगे स्थिर रहा हुआ १३ न माना हुआ, उलंघित १४ रोग विशेष से पीडित ऊँट।
(स्त्री० टळियोडी)

टलो, टल्लो–स०पु०—धक्का, टक्कर। उ०—१ टळि गयो परो जमराउ वाळो टलो।—पीरदान लाळस
उ० –२ रिणखेत रै विखै रगिअै बाणासि मतवाळा ज्यू घूमता थका हाथिया सू टल्ला खाइया।—वचनिका
उ०—३ टळै ढील लागा घणा फील टल्ला। हुठै नीठि पाइक्क हल्ला हमल्ला।—व भा
मुहा०—टल्लो देणो—टक्कर देना, आगे खिसका देना, उकसाना, प्रेरित करना।

टवरग–स०पु० [स० टवर्ग] ट ठ ड ढ ण—इन पांच वर्णों का समूह।

टवाळी–स०स्त्री०—१ खेत की फसल की रखवाली २ चौकीदारी, रखवाली।
रू०भे०—टोवाळी।

टवौ–स०पु०—भाले का अग्र भाग।

टस–स०स्त्री०—भारी वस्तु के खिसकने का शब्द, टसकने का शब्द।
मुहा०—टस सू मस नी होणी—जरा सा भी नहीं खिसकना, किसी बात का बिल्कुल प्रभाव न पडना।

टसक–स०स्त्री० (वि० टसकीलो) १ गर्व, अभिमान, दर्प।
उ०—कीजै कुण मोड न पूगै कोई, धरपत झूटी टसक धरै। तो जिम 'भीम' दीयै तावापत्रा, कवी अजाची भला करै।—किसनो आढ़ो
क्रि०प्र० —राखणी।
कहा०—टसक री टारडी नै गारा मंइ घच—घमड से सिर ऊँचा कर के चलने वाला निर्बल व्यक्ति कीचड आने पर फँस जाता है अर्थात् अभिमानी का सिर नीचे झुकता ही है।
२ नखरा, बनावटी साज-शृंगार. ३ शेखी, गल्ल.
रू०भे०—टसकाई।
अल्पा०—टसको।
४ ठहर-ठहर कर उठने वाला दर्द, टीस, कसक।

टसकणो, टसकबो–क्रि०अ०—१ दर्दभरी आवाज करना, करहाना. २ खिसकना, हिलना ३ मल त्यागते वक्त विबध के कारण आवाज करना।
टसकणहार, हारो (हारी), टसकणियो—वि०।
टसकवाडणो, टसकवाडबो, टसकवाणो, टसकवाबो, टसकवावणो, टसकवावबो—प्रे०रू०।
टसकाडणो, टसकाडबो, टसकाणो, टसकाबो, टसकावणो, टसकावबो—क्रि०स०।
टसकिओडो, टसकियोडो, टसक्योडो—भू०का०कृ०।
टसकीजणो, टसकीजबो—भाव वा०।

टसकाई—देखो 'टसक' (रू भे)

टसकिओडो–भू०का०कृ०—१ दर्दभरी आवाज किया हुआ, करहाया हुआ २ खिसका हुआ, हिला हुआ।
(स्त्री० टसकियोडी)

टसकीलो–वि० (स्त्री० टसकीली) १ अभिमानी, घमडी. २ बनावटी साज-शृगार करने वाला, नखरा करने वाला. ३ शेखी मारने वाला. ४ जिसके टीस उठती हो, जो दर्द के कारण टसकता हो।

टसको—देखो 'टसक' (अल्पा, रू भे) उ०—एकीका की डील को जी, टसको कदे न जाय।—जयवाणी

टसर–स०पु० [स० तसर, त्रसर] एक प्रकार का कडा व मोटा कपडा।

टसरियो, टसरीओ, टसरीयो, टसरयो–स०पु०—१ ऊँट की एक चाल विशेष. २ काष्ट, हाथीदांत अथवा धातु का बना अफीम रखने का पात्र।
मि०—हुडियो।
३ एक प्रकार का वस्त्र (व स)
रू०भे०—टं'रियो, टहरियो।

टहकणो, टहकबो–क्रि०अ०—१ टिटहरी या कोयल का बोलना।
उ०—ऊपर कुजा, सारसा गहकनै रही छै। डेडरा डहकनै रह्या छै। टीटोडी टहकनै रही छै।—रा.सा स.
२ रह रह कर दर्द करना, टीस मारना. ३ आघात या झटके के कारण किसी पदार्थ का ध्वनि करना।

टहकाणो, टहकाबो–क्रि०स०—१ जाचने के हेतु बजाना. २ ध्वनि करना।

टहको–स०पु०—नगारे अथवा ढोलक आदि वाद्य पर प्रहार करने से उत्पन्न ध्वनि। उ०—धोगऊग थोऊग तत्ता धत्ता धत्ता थग थग टहका गहका करै भेळा खेळा टोळी। खे खट्ट वि नट्ट नट्ट जालिम तालिम खाना झाझा देसलाणी आगै राग रा झकोळ।—ल पि.
क्रि०प्र०—देणो।

टहटह–स०स्त्री०—१ खिलखिला कर हँसने की ध्वनि।
क्रि०प्र०—करणी।
२ अट्टहास। उ०—कतियाणी क्रह क्रह नारद डह डह हेका टहटह वीर हसै।—गु.रू व
३ ध्वनि विशेष।
रू०भे०—टहटहाट, टहट्टह।

टहटहणो, टहटहबो–क्रि०अ०—१ किसी वाद्य का ध्वनि करना, नगारा बजना। उ०—पथी हेक सदेसडो, बाबल नै कहियाह। जायां

बाळ न वज्जिया, टामक टहटहियाह ।—सती चरित्र

२ खिलखिला कर हंसना ।

टहटहाट, टहट्टह—देखो 'टहटह' (रू भे.)

उ०—टहट्टह रभ अहव्वह वीर । मिळें रणताळि कमध्वज मीर ।

—राजरासो

टहणो—देखो 'टॅ'णो' (रू भे)

टहरको—देखो 'टॅरको' (रू भे)

टहरियो—देखो 'टॅ'रियो' (रू भे)

टहल-स०स्त्री०—१ सेवा, खिदमत, चाकरी ।

उ०—राणी स्री जगराज री, मात वधायो मोड । दोनू महल हजूर में, राज टहल राठोड ।—रा रू

क्रि०प्र०—करणी ।

रू०भे०—टॅ'ल

यौ०—टहल बदगी ।

स०पु०—२ सोलकी वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति ।

टहलणो, टहलवो—देखो 'टॅ'लणो. टॅ'लवो' (रू.भे)

टहलदार-वि०—टहल करने वाला, खिदमत करने वाला ।

रू०भे०—टॅ'लदार ।

टहलियोडो—देखो 'टॅ'लियोडो' (रू भे)

(स्त्री० टहलियोडी)

टहिटी-स०स्त्री०—एक प्रकार का वाद्य । उ०—टीडुरी नइ टीडसी, टहिटी टोकरि टूट । टबकावनी टाउरी, टोकरि टोळा ऊट ।

—मा का प्र

टहुकडो—१ देखो 'टहुको' (अल्पा, रू भे.)

उ०—कोयल दीये टहुकडा, पपइयो करै पुकार । पाणी परनाळा पडै, घर अबर इक धार ।—महादान महडू

२ देखो 'टहूकडो' (१) (रू भे)

टहुकणो, टहुकवो-क्रि०अ०—१ कोयल, मोर आदि पक्षियों का आवाज करना, बोलना ।

उ०—काळी कोयलि आब वइठी टहुकइ ।—स कु

२ ध्वनि करना. ३ तेज आवाज करना ।

टहूकणो, टहूकवो—रू०भे० ।

टहुकियोडो-भू०का०कृ०—१ (कोयल, मोर आदि पक्षियों का) आवाज किया हुआ, बोला हुआ २ ध्वनिमय हुवा हुआ, ध्वनि किया हुआ, ध्वनित. ३ तेज आवाज किया हुआ ।

(स्त्री० टहुकियोडी)

टहुको-स०पु०—१ मोर, कोयल आदि पक्षियों की आवाज ।

उ०—सूखा हुआ जु अबुआ, (ज्यारी) वासा गई वळेह । कोयलड़ी टहुका दहै, अगळूणें ज गुणेह ।—लो गी

क्रि०प्र०—देणी ।

रू०भे०—टहूको ।

अल्पा०—टहुकडो, टहूकडो ।

२ आवाज देने का भाव ।

क्रि०प्र०—देणी ।

३ कोई चुभती बात, ताना, व्यग्य ।

टहूकडो-स०पु०—१ ऊट का बोलना । उ०—घाली टापर वाग मुखि, झेरयउ राज दुआरि । करहइ किया टहूकडा, निद्रा जागी नारि ।

—ढो मा.

रू०भे०—टहुकडो ।

२ देखो 'टहुको' (अल्पा, रू भे.)

उ०—१ बागां बागा बावडया, फुलवाडा चहु फेर । कोयल करै टहूकडा, अइयो घर आवेर ।—अज्ञात

उ०—२ कोयल करइ टहूकडा म्हाकी सहिय ।—स कु.

टहूकणो, टहूकवो—देखो 'टहुकणो, टहुकवो' (रू भे.)

उ०—कोइल कुरळइ अब की डाळ । मोर टहूकइ तीवर थी ।

—वी दे

टहूकियोडो—देखो 'टहुकियोडो' (रू भे)

(स्त्री० टहूकियोडी)

टहूको—देखो 'टहुको' (रू भे)

टहोलो—देखो 'ठोलो' (रू भे)

टाक-स०स्त्री०—१ धनुष । उ०—टकणेत टाक सज झिलम टोप । कर सिलह आप सब भरय कोप ।—पे रू.

२ देखो 'टक' (६) (रू भे)

उ०—बीझो पूछै सोरठी, प्रीत किता मण होय । लागतडी लाखा मणा, तूटी टाक न होय ।—बीझा सोरठ री वात

३ देखो 'टक' (१३)

उ०—सवासेर रो भालो अेक तीर इसडो राखै छै, अेक कवाण दस टाक रै चिलै इसडी कमाण राखै छै, कोई पखी ही फिरण पावै नही ।—वात सयणी चारणी री

४ देखो 'टाको' (रू भे)

टाकडो—देखो 'टाकणो' (रू भे)

उ०—ए क्रोध व्यापण रा टाकडा ।—जयवाणी

टाकणी-स०स्त्री०—देखो 'टकाणी' (रू भे)

रू०भे०—टिकाणी ।

टाकणो-स०पु०—१ घरेलू होने वाला शुभाशुभ अवसर, अवसर विशेष, कोई विशेष दिन, मुहूर्त ।

मुहा०—टाकणो साजणो—अवसर पर पहुँच जाना ।

२ समय ३ स्त्री के रजस्वला होने का भाव ।

क्रि०प्र०—आणो ।

४ पत्थर गढने का औजार विशेष । उ०—गढ गिरूउ जिसउ कैळास, पुण्यवतनउ ऊपरि वास । जिसउ त्रिकूट टाकणे घडिउ, सपत धात कोसीसे जडिउ ।—का दे प्र

५ ऊपर लटकाया हुआ मास । उ०—भीमा घना नै खबर लागी तद आय टाकणो ले हाडीया फोड वहीर हुआ ।—वी स टी

रू०भे०—टकणो, टाकडो, टाकलउ, टाकलो, टागणो ।

टाकणो, टाकवो—क्रि०स०—१ किसी वस्तु को दीवार मे लगी कील या खूटी मे अटकाना, लटकाना २ सिलाई करना, सीना ३ बटन या मोती आदि को किसी वस्तु पर इस प्रकार चिपकाना ताकि वह निकल न सके ।

टाकणहार, हारो (हारी), टाकणियो—वि० ।

टाकवाडणो, टाकवाडवो, टांकवाणो, टाकवावो, टाकवावणो, टाकवाववो, टाकाडणो, टाकाडवो, टाकाणो, टाकावो, टाकावणो, टाकाववो—प्रे०रू० ।

टाकिओडो, टाकियोडो, टाक्योडो—भू०का०कृ० ।

टाकीजणो, टाकीजवो—कर्म वा० ।

टकणो, टकवो—अक०रू० ।

टागणो, टागवो—रू०भे० ।

टाकमों—वि०—लटकाया हुआ, टाका हुआ । उ०—मडै रिणथट मेलवै, काटा काढ़णहा'र । कल सिर उपरा टाकमो, आटा लेय उधार ।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

टाकरो—स०पु०—एक तोले का वजन ।

टाकल—वि०—कुपुत्र ।

टाकलउ, टांकलो—१ देखो 'टाकणो' (३) (रू भे)
२ देखो 'टक' (रू भे) (उ र)

टाकियोडो—भू०का०कृ०—१ लटकाया हुआ २ सिला हुआ ३ चिपका हुआ (बटन, मोती आदि)
(स्त्री० टाकियोडी)

टाकी—स०स्त्री०—१ लोहे का बना पत्थर गढ़ने का औजार । उ०—कृपण सतोस करै नही, सौ मण जाणै सेर । कर टाकी ले काट ही, सुपना माही सुमेर ।—बा दा.

पर्या०—चीरणी, छैणी, पत्थरफाडी ।

मुहा०—टाकी बाजणी—इमारत बनने सम्बन्धी कार्य का चलता रहना ।

२ देखो 'टाकी' (रू भे)

३ सोना, चादी, जवाहिरात आदि तोलने का छोटा तराजू ।

टाकीबद—स०पु०—इमारत मे लगे पत्थर के टुकडो या आमने-सामने की कीलो की मजबूत जुडाई ।

वि०—वह मकान जिसमे पत्थर के टुकडो या आमने-सामने की कीलो की मजबूत जुडाई की हुई हो ।

टाकोली—स०स्त्री०—पुनर्वसु नक्षत्र का एक नाम ।

टांको—स०पु० [स० टकि-बधने] १ भूमि खोद कर अथवा बाहिर दीवार उठा कर दीर्घकाल तक पानी इकट्ठा रखने हेतु बनाया हुआ जलकुण्ड । उ०—तिसोता जिसो नीर गभीर टाको, बिलूमै बिचै जाळ भुज्जाळ वाको । जिका कोट नू देवता हाथ जोडै चहू, कूट रै बीच वैकूट चोडै ।—मे म.

२ सोने या चादी के आभूषणो मे डाला जाने वाला विजातीय द्रव्य, जोड ३ चोर के पद-चिन्हो को खोजने निमित्त चक्कर लगाने का भाव. ४ सिलाई का पृथक-पृथक अश, सीवन ।

क्रि०प्र०—दैणो, लगाणो ।

५ शरीर पर लगे घाव या कटे हुए स्थान की सिलाई ।

क्रि०प्र०—दैणो, लगाणो ।

रू०भे०—टेको ।

६ भोमियो (राजपूतो) से भूमि सम्बन्धी लिया जाने वाला कर विशेष (मेवाड)

वि०वि०—देखो 'भोमियो' ।

टांग—स०स्त्री० [स० टक्, टगा] शरीर का निचला भाग जिससे प्राणी चलते फिरते हैं । इनकी सख्या भिन्न-भिन्न प्राणियो मे भिन्न भिन्न होती है । मनुष्य की जाघ से एडी तक का अग ।

मुहा०—१ टाग अडाणी—व्यर्थ दखल देना, उलझन या बाधा पैदा करना, बिना ज्ञान के विचार प्रकट करना २ टाग ऊपर दैणी—पराजित करना, हरा देना ३ टाग ऊपर राखणी—अपनी बात रखना, अपने विचारो को प्राथमिकता देना ४ टाग नीचू निकळणी—हार मानना, पराजित होना ५ टाग फमाणी—देखो 'टाग अडाणी' ६ टाग बराबर—बहुत छोटा, तुच्छ ७ टागा तोडणी—बहुत प्रयत्न करना, दण्ड देना ८ टागा रह जाणी—बहुत अधिक थक जाना ९ टागा री पिणियारी गाणी—देखो 'टागा रह जाणी' १० टागा रो बळ काडणो—पैरो के बल पर बहुत अधिक दौड-धूप करना, किसी को इधर-उधर भगाना या भटकाना ११ टागा लैणी (उठाणी)—सभोग करने हेतु स्त्री की टागें उठाना ।

१ रहट मे कूए के भीतर की ओर लगाई हुई लकडी जो माला को ठीक स्थान पर रखती है ।

अल्पा०—टगडी, टागडी, टागडो ।

मह०—टग ।

टागडी—स०पु०—देखो 'टाग' (अल्पा , रू भे) उ०—मगर पचीसी माय डोकरो बणगो डाकी, डागडिया नित डिगै थिगै टागडिया थाकी ।
—ऊ का

टागडो—स०पु०—देखो 'टाग' (अल्पा , रू भे) उ०—१ टागडो फेर लागै टळै, पडै खिसकनै पागडो । नागडो तोई देखो निलज, अमल न छोडै आघडो ।—ऊ का.

उ०—२ ऊपर सू एक जमाई लात पेट पर सो हाजरसिंह धडाम करता धरती पर अर टागडा ऊपर ।—रातवासो

टागण—देखो 'टाघण' (रू भे)

टागणो—देखो 'टाकणो' (रू.भे)

टागणो, टागवो—देखो 'टाकणो, टाकवो' (रू.भ)

टागर—स०स्त्री०—भैंस (शेखावाटी) (अल्पा)

टागरियो, टागरो–स०पु०—फेरी लगा कर सौदा वेचने वाला व्यापारी।

टागा-टोळी—देखो 'टींगा-टोळी' (रू भे)

टागियोडो—देखो 'टाकियोडो' (रू भे)
(स्त्री० टागियोडी)

टाघण–स०पु०—प्रदेश विशेष का घोडा।
उ०—सु घोडा कुण जातरा छै, कुण रग भातरा छै ?—अँराकी, आरवी, तुरकी, ताजी, त्रघारी, सिकारपुरी, घाटी, काछी, माळवी, पूरवी, टाघण, पहाडी, विन्हाई और ही अनेक जात रा घोडा तयार कीजै छै।—रा सा स
रू०भे०—टागण।

टाच—देखो 'टूच' (रू.भे)

टाचणो, टाचबो–क्रि०स०—१ चक्की के पाटों को टाकी आदि से खुरदरा कर के अनाज पीसने योग्य वनाना २ धोखे से किसी की वस्तु हडप लेना।
३ चचु से प्रहार करना (पक्षियों द्वारा) ४ तीक्ष्ण शस्त्र से प्रहार करना।
टाचणहार, हारो (हारी), टाचणियो—वि०।
टाचवाडणो, टाचवाडवो, टाचवाणो, टाचवाबो, टाचवावणो, टाचवावबो, टाचाडणो, टाचाडवो, टाचाणो, टाचाबो, टाचावणो, टाचाववो—प्रे०रू०।
टाचिग्रोडो, टाचियोडो, टाच्योडो—भू०का०कृ०।
टाचीजणो, टाचीजवो—कर्म वा०।
टचणो, टचबो—अक०रू०।
टूचणो, टूचबो—रू०भे०।

टाचियोडो–भू०का०कृ०—१ टाकी आदि से खुरदरा कर के पीसने योग्य बनाया हुआ (चक्की का पाट) २ धोके से हडपी हुई वस्तु ३ चचु से प्रहार किया हुआ ४ तीक्ष्ण शस्त्र से प्रहार किया हुआ।
(स्त्री० टाचियोडी)

टाचो, टाजो–स०स्त्री०—आमदनी का धधा, रोजी।

टाट–स०स्त्री०—पैर, टाग।
वि०—१ दुबला-पतला २ अशक्त ३ अयोग्य।
अल्पा०—टाटळियो, टाटियो।

टाटणो–स०पु०—मास (अल्पा)

टाटळ–स०पु०—एक राजपूत वश या इस वश का व्यक्ति (नैणसी)

टाटळियो–स०पु०—देखो 'टाट' (अल्पा., रू भे)
उ०—पट भाला वट पिंड वर, निरखे दुरद्द न्हाय। पीव टाटळियो पीठ दे, भाला बीह भगाय।—रेवतसिंह भाटी

टाटियो–स०पु०—१ पाट और पलग के पायो को मजबूती मे जकडने के लिए लगाई जाने वाली लोहे की खलाव २ वर्र नामक डक मारने वाला पतग ३ मुह मुडा हुआ व्यक्ति, जिसका मुह टेढ़ा हो।
वि०—दुवला-पतला, अशक्त।

टाटो, टाटो–वि०—हाथ-पैरो से लाचार, अपाहिज।

टाड–स०स्त्री०—१ मकान मे सामान रखने के लिए दीवार के समानान्तर लगाया जाने वाला लम्बोतरा पत्थर. २ मकान के बीच का शहतीर। उ०—हरि डाळिया चयन, पान समूह कर ऊपर। टेर आसरा टाड, ऊजरा डासरिया डर।—दमदेव
३ देखो 'टाडो' (मह, रू भे) ४ खेत की रखवाली के लिए बनाया गया मचान ५ शोभा (नळ-दवदती रास)

टाडणो, टाडवो—देखो 'टाडूकणो, टाडूकवो' (रू भे.)
उ०—अटकै सार घर वेध डगिया असत, सार फाटै गयण मेळ साधो। घणी दाखै धमळ टाड कज इळा धुर, 'केहरी' तणा हव माड काधो।—रावत अरजुनसिंह चूडावत री गीत

टाडो–वि० [स० तुण्डकम्] शोभायुक्त, सौभाग्ययुक्त।
उ०—किसीइ वातिइ नवि आडी, ए दुग्ध कहू जु हुइ माडी। फूल विना नवि सोभइ वाडी, पति विना न हुइ नारी टाडी।
—नळ-दवदती रास

टाडो–स०पु०—१ अगारा, अग्नि-कण. २ बैलो का समूह जो प्राय बनजारे रखते है। उ०—भोळी मो पिव भाळजै, अराण अडचो उदड। गुर टाडै जण गुणत्या, मह पडिया रुड मुड।
—रेवतसिंह भाटी
मि०—बाळद।
३ गाव के बाहर का वह स्थान जहा मृत पशुओ का चर्म निकाला जाता है (किसनगढ) उ०—लपपथ सोणित लोथडा, पडिया रण अणपार। जण ढाडा टाडा जचै, चमडो लिया चमार।
—रेवतसिंह भाटी
मह०—टाड।
अल्पा०—टाडियो।

टाण, टाणो–स०पु०—१ विशेष समय जिसमे बहुत अधिक धन खर्च होता है (विवाह आदि पर) उ०—अवता टाणा ऊपरै, नाणो खरचै नाहि। हाथ घसै निरधन हुआ, माखी ज्यों जग माहि।—बा दा
२ विशेष खुशी का दिन, उत्सव का दिन, त्यौहार ३ समय, वक्त। उ०—पछै कितराहेक दिने राठौड तेजसी राणा उदयसिंघ रै वास वसियो। तिण टाणै राठौड प्रिथीराज जैतावत मेडतै काम आया।
—रावत मालदे री वात
४ अवसर, मौका। उ०—१ ऐसो काळ जोरावर जाणी, मन मे समता आणी रे। ऐसी सीख दै रिखि 'जयमलजी', पायो नर भव टाणो रे।—जयवाणी
उ०—२ क्षमा करी सुख लो खरो, आछो मिळियो टाणो रे।
—जयवाणी

टानर-टनर— देखो 'टामण-टूमण' (रू भे) उ०—चारण आ जाणै मत्र चाव, वळ टानर-टूनर जत्र भाव।—रामदान लाळस

टापी–स०स्त्री०—१ छोटा समी वृक्ष, छोटा वृक्ष. २ झोपडी।

टामक, टामक्क–स०पु०—नगाडा । उ०—१ चणणके भड चिहुर छोजि कातर छणणके । टणणके टामक भ्रमर फीला भणणके ।—व भा
उ०—२ सू ऊठ किण भात रा छै ? थाप वी तळी रा . . . .. कसतूरिया पटा रा, कोरवै कान रा, टामक सै माथै रा, लोकवै नाक रा, तजियै होठ रा ।—रा सा स
टामकी–स०स्त्री०—ढोलक (शखावटी)
टामण-कामण, टामण-टूमण–स०पु०यौ०—वशीकरण मत्र, जादू, टोना ।
उ०—टामण-कामण टोटका, कर देखो सै कोय । छदे चालै पीव रै, आपै ही वस होय ।—अज्ञात
रू०भे०—टानर-टूनर, टूमर-टामण ।
टामेर–स०पु०—१ एक प्राचीन राजपूत वश या इस वश का व्यक्ति ।
टाय टाय–स०स्त्री० [अनु०] १ कर्कश आवाज, अप्रिय शब्द ।
२ बक-झक, बकवाद ।
क्रि०प्र०—करणी ।
मुहा०—टाय टाय फिस—कार्यारभ तो बडी तत्परता से करना किन्तु अन्त मे शिथिल पड जाना अथवा कुछ नही होना ।
३ टिट्टिभ पक्षी के बोलने की आवाज ।
टास–वि०—तृप्त । उ०—१ जद म्हैं मोडी, माय मोरी, खेळ नै अे, वै तो पी पाणी भइ टास, जद म्हारौ मन माय मोरी हरखियौ ।—लो.गी.
उ०—२ खाय रोट जद टास हो गया, दीना पलग ढळाय । कुरड कुरड हुक्को ठळळावै, गूदड दिया पकडाय ।—लो.गी
टासणौ–वि०—मजबूत, ताकतवर, शक्तिशाली, बलवान ।
रू०भे०—ठासणौ ।
टासणौ, टासबौ—देखो 'ठासणौ, ठासबौ' (रू भे.)
टासियोडौ—देखो 'ठासियोडौ' (रू भे)
(स्त्री० टासियोडी)
टा–स०स्त्री०—१ बडवानल २ मच्छी
स०पु०—३ देवता ४ वस्त्र. ५ तोता ६ भजन. ७ सिद्ध. ८ यश (एका)
टाइम–स०स्त्री० [अ०] समय, वक्त ।
टाक–स०पु०—१ नागवश की एक क्षत्रिय शाखा या इस शाखा का क्षत्रिय
२ चौहान वश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति ।
[स० टक्क] ३ सिंधु और व्यास नदियो के बीच का प्रदेश (नळ-दवदती रास)
उ०—टोकर टीटू टीबरू, टाहुलिआ नइ टोट । टहि टटिवटणि टहिकला, टाक टपालो सोट ।—मा का प्र
टाकर–स०स्त्री०—१ टक्कर, झपट । उ०—कान-कटा कागा कधर, ऊपरि इम सु थाइ । टाकर मारी टीलूज, मेहलइ मयण सीदाइ । —मा.का प्र.
क्रि०प्र०—लगणी, लागणी, देणी ।
२ घाव, चोट । उ०—१ वणक खतारा काम नै, श्री दरसावै खैर । नाई नू दीधी मुहर, वाळण टाकर वैर ।—वा दा
उ०—२ नाहर सर टाकर कुण न्हाखै, चालै कुण वाक रजम चाह । राण 'सरूप' आण रा आखर, मेटै कुण ठाकर जग माह ।
—जसजी महियारियौ
३ जख्म ठीक होने पर ऊपर आने वाला कडा भाग, खरूट ।
क्रि०प्र०—आणी, उखेलणी ।
४ किसी पदार्थ से निरन्तर रगड खाने के कारण शरीर पर होने वाली कठोर गाठ जो सुन्न हो जाती है ५ धूलि, रेणु ।
उ०—साकर टाकर सम गिणै जी, राम गिणै धातु पाखाण ।
—जयवाणी
टाकरु–स०पु०—बिलोचिस्तान के एक प्रदेश के छोटे कद के ऊटो की एक जाति विशेष या इस जाति का ऊट ।
टाकरौ–स०पु०—१ ऊसर भूमि (शेखावाटी)
२ आस-पास की जमीन से ऊँचा उठा हुआ भू-भाग (शेखावाटी)
टाकसिया–स०स्त्री०—परिहार वश की एक शाखा ।
टाकाणी—देखो 'टकाणी' (रू भे.)
टाकी–स०स्त्री०—१ जख्म, घाव, क्षत. २ तरबूज, खरबूजे आदि पर छोटा सा चौखूटा कटाव जिससे उसके अदर से कच्चा पक्का या सडा हुआ होने का मालूम पडता है (शेखावाटी)
रू०भे०—टाकी ।
टाचकणौ, टाचकबौ–क्रि०अ०—१ आक्रमण करना, हमला करना
२ आक्रमण करने के लिए उद्यत होना. ३ उछल कर आना, उछलना ।
मुहा०—टाचक नै आणौ—उछल कर आना, जोश या क्रोध से उछल कर आना ।
टाचकियोडौ–भू०का०कृ०—आक्रमण किया हुआ, हमला किया हुआ ।
(स्त्री० टाचकियोडी)
टाचरकौ–स०पु०—विशेष अवसर, समय ।
टाचरणौ, टाचरबौ–क्रि०स०—दूर करना, पृथक करना ।
टाचरियोडौ–भू०का०कृ०—दूर किया हुआ, पृथक किया हुआ ।
(स्त्री० टाचरियोडी)
टाचरौ–स०पु०—शिर, मस्तक ।
वि०—शक्तिशाली (किशनगढ)
टाट–स०स्त्री०—१ बकरी, अजा ।
उ०—समझ तमाकू सूगली, कुत्तो न खावै काग । ऊँट टाट खावै न आ, अपणौ जाण अभाग ।—ऊ का.
अल्पा०—टाटी ।
२ खोपडी, कपाल, शिर । उ०—१ कथा तू काई करै, हाय तमाखु हेत । टका एक री टाट मे, दिन ऊगाई देत ।—ऊ का
उ०—२ मूड मुडाया तीन गुण, मिटी टाट की खाज । बाबा बाज्या जगत मे, मिळ्यो पेट भर नाज ।—अज्ञात
मुहा०—१ टाट गजी करणी—देखो 'टाट रा बाळ उडाणा ।'

२ टाट गजी होणी—देखो 'टाट रा वाळ उडणा'।
३ टाट मे खाज हालणी—मार खाने की इच्छा करना, ऐसा कार्य करना जिससे मार खानी पडे, सजा पाने का कार्य करना. ४ टाट मे खाणी—मस्तक पर ग्राघात होना, बहुत व्यय होना, ग्रनावश्यक व्यय हो जाना, धोखा खाना, नुकसान उठाना ५ टाट रा वाळ उडणा—खूब मार पडना, पास मे कुछ नहीं रहना, बीमारी के कारण शिर के वाल झड जाना ६ टाट रा वाळ उडाणा—मारते-मारते सिर मे वाल न रहने देना, खूब पीटना।
कहा०—टाट जीकै ठाट—जिसके सिर पर वाल नहीं होते ग्रर्थात् टाट होती है उसका ठाट रहता है, गजापन धनवान होने का चिन्ह माना जाता है।
यौ०—धन-टाट।
३ सिर का एक रोग जिसमे वाल उड जाते हैं, कई लोगो के इस रोग मे फुसिया भी हो जाती है. ४ सन या पटुए का बना हुग्रा मोटा कपडा।
वि०—१ डरपोक, कायर २ मूर्ख, ग्रयोग्य।
उ०—राम भजन बिन खोदिया, ग्रक्ल विहूणी टाट। ग्रट सासा की एक पल, घडी एक पल साठ।—सगरामदास

टाटर-स०स्त्री०—घोडे की झूल। उ०—१ टाटर पाखर सजति कियौ राव. धार नगरी राजा परणवा जाइ।—बी.दे
उ०—२ जादव जान करइ ग्रति ग्रोपम, छपन कोड़ि कुछ साख। टाटर टोप जरद जीणमाला, साढ़ि भरी साट्ठी लाख।
—रुकमणी मगळ

टाटलो, टाटियो-वि०पु० (स्त्री० टाटली) जिसके शिर मे टाट हो, जिसके शिर के वाल उड गये हो, गजा (ग्रल्पा)
उ०—ग्राभो सफाचट टाटिया रा माथा ह्वै जिसो।—रातवासो

टाटी-स०स्त्री०—१ वास की फट्टियां ग्रादि को जोड कर बनाई हुई ग्राड, रक्षा के लिए बनाया हुग्रा ढाचा २ पत्थर की वह टाट्टी जो छज्जे, रोक या सहारे के लिए लगाई जाती है।
रू०भे०—टट्टी।

टाटो-स०पु०—१ ठडी हवा के लिए खस, काटे ग्रादि की बनाई जाने वाली टट्टी। उ०—खस रा टाटा घेरिया, मूडा ग्रोरा जाय। भागी मिनख न भेटिया, लूग्रा विरथा लाय।—लू
२ बकरा, बकरी।
रू०भे०—टेटो।
३ देखो 'टाटी' (१ मह., रू भे) उ०—वाडे फोग खेतडा काढ़े, सीवा वाड वणावता। टापी टाटा टेर वाती, फळसा छान छवावता।
—दसदेव

टाड-स०पु०—ग्राभूषण विशेष (शेखावाटी)

टाडूकणो, टाडूकवो—देखो 'ताडूकणो, ताडूकवो' (रू भे)

टाडूकियोडो—देखो 'ताडूकियोडो' (रू भे)
(स्त्री० ताडूकियोडी)

टाढ़ो—देखो 'ठाडो' (रू भे) उ०—१ हेमत रा बरफ ऊगडिग्रा, टाढो टमकियो, ग्राळो पडण लागो।—रा सा स
उ०—२ तुम्हे करउ टाढ़ी छाह रे।—म कु
(स्त्री० टाढी)

टाप-स०स्त्री०—१ घोडे की टाग का सबसे नीचे का हिस्सा, नीचे का नाखून, सुम, पादतल २ घोडे के पैर के नीचे के भाग (पादतल) का जमीन पर बना चिन्ह ३ घोडे के पैरो का जमीन पर पडने का शब्द ४ घोडे के ग्रगले पैर का प्रहार, ग्राघात।
उ०—धणी री रुड सीस बिना री धड जुद्ध करती ही नै पडियो नही हो उण पैली यू बैरिया रा झुड नै टापा सू मार चिगद टूक-टूक होय धणी कबध हुवो लडना धणी रा धड पहली पडियो।—वी.स टी.
५ छान, छप्पर। उ०—सूका केळा काट टाप घर गाया भैसा, खेत झूपडी लेत खमित ग्राणद सदेसा।—दसदेव
६ खस, काटे ग्रादि की बनाई टट्टी जिसको पानी से भिगोने पर ठडी हवा ग्राती है।

टापटीप—देखो 'टीपटाप' (रू भे)

टापदार-वि०—टाप के ग्राकार का, टाप सम्बन्धी।

टापर-स०स्त्री०—१ घोडे की झूल २ घोडे की जीण का एक उपकरण जो काठी के नीचे लगाया जाता है ३ पशुग्रो की सर्दी से रक्षा करने हेतु ग्रोढ़ाने का एक मोटा वस्त्र। उ०—जिणि दीहे पाळउ पडइ, टापर तुरी सहाइ। तिणि रिति वूढ़ी ही झुरइ, तरुणी केम रहाइ।—ढो मा
४ देखो 'टापो' (मह, रू.भे)

टापरणो, टापरवो—देखो 'टपणो, टपवो' (रू भे)

टापरियोडो—देखो 'टपियोडो' (रू भे)
(स्त्री० टापरियोडी)

टापरियो—देखो 'टापरो' (ग्रल्पा, रू भे) उ०—कठै सू भाइपै वाळा जीमसी। जमा-जत मे तौ ग्रेक टापरियो है जिको भलाई ग्रडाणै धर दो।—वरसगाठ

टापरी-स०स्त्री०—देखो 'टापरो' (ग्रल्पा, रू भे)
कहा०—टपकण लागी टापरी, भीजण लागी खाट—वर्षा से गरीब की झोपडी मे पानी टपकने लगा जिससे खाट भी भीगने लगी ग्रर्थात् निर्धनता मे दु खो की वृद्धि होती जाती है।

टापरो-स०पु०—१ घास-फूस का मकान, कच्चा मकान, झोपड़ा।
उ०—ग्रौर बीकेजी की उमेदसर कोट माडियौ, चेजी हुवै छै, लोग टापरा बाधिया।—नाप साखलै री वारता
मुहा०—टोटा री टापरी है—निर्धन, कगाल, दरिद्र।
ग्रल्पा०—टापरियो, टापरी।
मह०—टापर।
वि०—छोटा ग्रौर ग्रागे की ग्रोर मुडा हुग्रा (कान)
उ०—पग छापरो, कान टापरो, ग्राखि उड़ि, निलाडि भूडि।—व.स.
रू०भे०—टापो, टेपो।

टापी–सं०स्त्री०—१ पतली, सीधी तथा कोमल लकडी जो वाति (देखो 'वाती') के काम मे आती है। उ०—वाडे फोग खेतडा काढे, मीवा वाड वणावता। टापी टाटा टेर वातों, फळसा छान छवावता।
—दसदेव

२ खेत मे बना छप्पर या झोपडी।

टापू–सं०पु०—चारो ओर जल से घिरा हुआ भू-खण्ड, द्वीप।

टापो–सं०पु०—१ टक्कर, आघात।

मुहा०—टापा मारणा—टक्करें खाना, व्यर्थ घूमना, आवारा घूमना, ऐसा घूमना जिससे कोई फल नही निकले. २ देखो टापरो (रू भे)

टाबर–सं०पु० [सं० तर्पं तृप्ति (प्रसन्नता) राति ददाति तर्परः, प्रा० टप्पर, टव्वर, टाबर] बालक, लडका। उ०—कूवो व्है तो ढाक लू, समद न ढाक्यो जाय। टाबर व्है तो राखलू, जोवन(न) राख्यो जाय।
—लो गी.

मुहा०—१ टाबर रुळणा—बच्चो का अनाथ होना. २ टाबर री आख मे घाल्यो ही नही खटकणो (रडकणो)—सयाना बालक जिसका आचरण किसी को नही अखरे।

कहा०—१ टाबरा घर बसतो व्है तो बावो बूढी क्यू लावै—मा के न होने पर घर का कार्य-भार यदि बालक सम्भाल ले तो पिता को दूसरी पत्नी लाने की क्या आवश्यकता होती अर्थात् यदि नौसिखियो स काम चलता होता तो अनुभवी लोगो को कौन पूछता २ टाबरा री टोळी बुरी, घर मे नार बोळी बुरी—घर मे बहुत ज्यादा सन्तान होना ठीक नही, इसी प्रकार घर मे बधिर स्त्री का होना भी अच्छा नही होता है।

यौ०—टाबर-छोरू, टाबर-टीगर, टाबर-टीकर, टाबर-टूबर, टाबर-टोळी, टाबर-दार, टाबरीदार।

अल्पा०—टाबरियो।

टाबर-टींगर–सं०पु०यौ०—बाल-बच्चे। उ०—लारै फुर'र देखियो तो आगै लुगाया, टाबर-टींगर, मिनख, सै मिळा'र कोई १५ जणा ऊभा।
—वरसगाठ

रू०भे०—टीगर-टोळी।

टाबरदार—देखो 'टाबरीदार' (रू भे)

टाबरपण–सं०पु०—१ बाल्यावस्था, बचपन। उ०—झमकू अर भीमजी टाबरपण मे घणा साथै रम्या हा।—रातवासो

२ बच्चा होने का भाव, बाल्यावस्था का गुण।

टाबरियो—देखो 'टाबर' (अल्पा, रू भे)

उ०—घोडा रोवै घास नै, टाबरिया रोवै दाणा नै। बुरजा मे ठुकराण्या रोवै, जामण जाया नै, हा रै, रोळो वापरियो, क देस मे अगरेज आयो रे, क रोळो वापरियो।—लो गी.

टाबरीदार–वि०—अधिक सन्तान वाला, जिसके अधिक बच्चे हो।

टार–उभ०लिं० [सं० टार] दुबला-पतला घोडा या घोडी, साधारण घोडा या घोडी। उ०—अबै हू सी कद सूरज अस्त, मिळ कद पिव सू होसू मस्त। महनत मोटी टोटी टार, पगां पागळो हाकणहार।
—र हमीर

कहा०—१ टार मारिया केकाण कापै—दुबले-पतले घोडे को पीटने मे पास मे खडा जबरदस्त घोडा भी भयभीत हो जाता है अर्थात् निर्बल को अपनी शक्ति से दबा कर शक्तिशाली को भी भयभीत किया जा सकता है।

टारड़ी–सं०स्त्री०—देखो 'टार' (अल्पा, रू.भे)

टारडो–सं०पु०—देखो 'टार' (अल्पा, रू भे)

टाळ–सं०स्त्री०—१ बालो के बीच की वह रेखा जो शिर के बालो को दोनो ओर विभक्त करती है, माग।

उ०—नथ रै मोती लाग गुलाल, टाळ मे सूती रेख सिंदूर। जगावै ओळू हीयै अलख, आखडी आसूडा भरपूर।—साफ

क्रि०प्र०—काडणी, निकाळणी।

२ गहराई। उ०—असा राण 'राजेस' कमठाण कीधा अकळ, कोड जुगा लग नह जाय कळिया। पाळ जोय 'हेम' रा गरव गळिया पहल, टाळ जोय समद रा गरभ टळिया।—जोगीदास कवारियो

३ बैल के गले मे बाधी जाने वाली छोटी घटी।

उ०—झीणी-झीणी रे वीरा उडै छै खेह, बादळ दीसे बूथळा जे, बळदा री, रे वीरा, बाजी छै टाळ, गाड चरखता म्हे सुण्या जे।
—लो गी

४ पृथक करने की क्रिया या भाव।

यौ०—टाळ-टूळ, टाळ-मटूळ, टाळ-मटोळ।

क्रि०वि०—१ बिना, रहित। ज्यू—थारै टाळ म्हारो काम को चलै नी २ सिवाय, अतिरिक्त। ज्यू—इणरै टाळ बीजा सैंग चोखा है।

टाल–सं०स्त्री०—१ जलाने की लकडी बेचने की बडी दुकान.

२ बूढी गाय।

टाळउ—देखो 'टाळो' (रू भे)

उ०— तू तउ मोसू रहई निराळउ, माया गाळउ। इम टाळउ किम कीजइ रे लो।—वि कु

टाळको—देखो 'टाळमो' (रू भे)

(स्त्री० टाळकी)

टाळटूळ—देखो 'टाळमटूळ' (रू भे)

क्रि०प्र०—करणी।

टाळणी, टाळबो–क्रि०स०—पृथक करना, अलग करना।

उ०—रावळ रै भाई हरधवळ असवार १००० टाळ नै पेला ऊपर तूट पडियो।—नैणसी

२ दूर करना, निवारण करना। उ०—पीडति हेमत सिसिर रितु पहिलो, दुख टाळ्यो वसत हित दाखि। व्याए वेली तणी तरुवरा, साखा विसतरिया वैसाखि।—वेलि

३ मिटाना, दूर करना, नाश करना। उ०—१ ऊगारि अबळा स्वामि सबळा, कान्ह टाळि कळक। केतला रिण भाजस्यइ, केसरी नर वर सख।—रुक्मणी मगळ

उ०—२ जिणेसर सासो टाळै एम ।—जयवाणी

४ बचाना, छिपाना । उ०—लोका हुँती पगि बीहतै, लोक री नदर टालि अर गोवळजी कुवरजी सेती अरज की ।—द वि

५ रक्षा करना, सुरक्षित करना, बचाना ।

उ०—१ ताहरा इयू गोवळजी कहियो थे रामसिघजी रो मरण टाळो आज रो काको काढो—द वि

उ०—२ चिलमिया करण चित चाह सू, टळणहार नहि टाळणा । अमलिया तणा सिधात ए, वळै जठा तक वाळणा ।—ऊ का

६ चुनना, छाटना. ७ किसी कार्य को नियत समय पर न कर के आगे का समय निश्चित कर देना । ज्यू—वे तो ब्याव टाळ दियो पण थे कद करो ।

८ उल्लघन करना, नही मानना । ज्यू—वै म्हारो कै'णो नही टाळसी ।

९ अनुपस्थित करना, दूर करना । ज्यू—इण नीच नै अवै अठू टाळ देणो चाइजै ।

टाळणहार, हारो (हारी), टाळणियो—वि० ।

टळवाडणो, टळवाडवो, टळवाणो, टळवाबो, टळवावणो, टळवाववो, टळाडणो, टळाड़वो, टळाणो, टळाबो, टळावणो, टळाववो, टाळाडणो, टाळाडवो, टाळाणो, टाळाबो, टाळावणो, टाळाववो—प्रे०रू० ।

टाळिओडो, टाळियोडो, टाळयोडो—भू०का०कृ० ।

टाळीजणो, टाळीजबो—कर्म वा० ।

टळणो, टळबो—अक०रू० ।

टाळमटूल, टाळमटोळ—स०स्त्री०—हीला-हवाला, बहाना ।

क्रि०प्र०—करणो ।

रू०भे०—टाळटूल, टाळाटोळी ।

टाळमो—वि० (स्त्री० टाळमी) चुनिंदा ।

रू०भे०—टाळको, टाळवो, टाळिमो ।

टाळवो—वि० (स्त्री० टाळवी) १ दूर करने वाला, मिटाने वाला, निवारण करने वाला, टालने वाला । उ०—सावळा रहै साथै सदा, कहू चढण नै काळवी । यण रीत म्हनै कीजै अमर, आप महू दुख टाळवी ।—पा प्र

देखो 'टाळमो' (रू भे)

टाळाटोळी—देखो 'टाळमटोळ' (रू भे) उ०—तरै सुहवदे नू प्रथीराज कह्यो—'ओ जूतो किणरो छै ? अठै कुण मरद आवै छै ? तरै सुहवदे वेळा दोय च्यार तो टाळाटोळी री कही, तरै प्रथीराज री आख भूठी देखी ।—नैणसी

क्रि०प्र०—करणो ।

टाळिमो—देखो 'टाळमो' (रू भे.) उ०—घरि वइठा ही आविसयइ. लाखे लिया लडग । तिणिमइ लेस्या टाळिमा, वाकड मुहा विडग ।

—ढो मा

टाळियोडो—भू०का०कृ०—१ पृथक किया हुआ, अलग किया हुआ २ आपत्ति टाला हुआ, दुख दूर किया हुआ. ३ मिटाया हुआ, दूर किया हुआ, नाश किया हुआ ४ बचाया हुआ, छिपाया हुआ ५ रक्षा किया हुआ, सुरक्षित किया हुआ. ६ चुना हुआ, छाटा हुआ ७ आगे स्थिर किया हुआ (कार्य या समय) ८ उल्लघन किया हुआ, नही माना हुआ ९ अनुपस्थित किया हुआ, दूर किया हुआ ।

(स्त्री० टाळियोडी)

टाळी—स०स्त्री०—१ पशुओ के गले मे बाधी जाने वाली घटी

२ देखो 'टाळी' (१) (अल्पा , रू भे)

टाली—स०स्त्री०—१ गिलहरी (मेवाड) २ वृद्ध गाय।

टाळो—स०पु०—१ वृक्ष के तने से निकलने वाली बडी और मोटी शाखा ।.

अल्पा०—टाळी ।

२ निवारण करने की क्रिया या भाव । उ०—भीव तो अठै जाण टाळो करै । नाथ वार दोय तीन कह्यो ।—नैणसी

यौ०—आग्य-टाळो ।

३ व्यतीत करने की क्रिया या भाव । उ०—कध जोड उभै महि खाण किया । दन टाळांय सोळह पौ'र दिया ।—पा प्र

४ बहाना करने की क्रिया या भाव । उ०—ताहरा आमै बारहट नू वाधेजो कह्यो—भरमल मोनू दीजै । आसै घणो ही टाळो कियो। दीठो—वाघै रया रजपूताण्या ओळभो देसी । पण वाघो छाडै नही। ताहरा आसै भरमल दीन्ही ।—ऊमादे भटियाणी री वात

५ रुकावट या बचाव करने की क्रिया या भाव ।

उ०—दळ गयद टाळा दियै, वाघ तणी वधवाह । हौल पडै प्रसणा हियै, गहन 'पतो' गजगाह ।—किसोरदान बारहठ

६ दूर रहने या बचने की क्रिया या भाव । उ०—आ तो इसडा ई बलाय, जिका सू जम ही टाळो दे जाय ।

—प्रतापसिघ म्होकमसिघ री वात

रू०भे०—टाळउ ।

टालो—स०पु०—१ वृद्ध या निर्बल बैल २ ऊंट पर लादा जाने वाला ईंधन या घास का गट्ठर ।

टावळ—स०स्त्री०—घोडी ।

टावाटेवो—स०पु० (अनु०) विशेष अवसर ।

टावो—स०पु०—१ विशेष अवसर २ समय ३ मृत्यु भोज ।

टाहुली—स०स्त्री०—टहल करने वाली, नौकरानी । उ०—यान समारो टाहुली । चोवा चदन अग सुहाई ।—बी दे

टिंचर—स०स्त्री०—१ लोहे का बना हुआ पत्थर घडने का औजार विशेष (अ० टिंकचर) २ स्पिरिट के योग से तरल रूप में बनाया जाने वाला किसी औषध का सार ।

टि—स०स्त्री०—१.पैदा. २ देवता ३.हथिनी. ४ पुतलीधर.

५ पृथ्वी ६ क्षमा (एका)

वि०—१ जिद्दी. २ बहुत ।

टिकडियो—देखो 'टिक्कड' (रू भे) (शेखावाटी)

टिकडी-स०स्त्री०—१ हुक्के की चिलम के ककड पर तम्बाकू के नीचे रक्खी जाने वाली मिट्टी की बनी गोल व चपटी वस्तु (अमरत)
२ छोटी गोलाकार व चपटी वस्तु ।
रू०भे०—टिकली, टीकडी।

टिकडौ-स०पु०—१ आभूषण विशेष २ देखो 'टिकडी' (मह, रू भे)
रू०भे०—टिकलौ ।

टिकट—देखो 'टिगट' (रू भे)

टिकटिक-स०स्त्री० (अनु०) घडी के बोलने का शब्द ।

टिकटिकी—देखो 'टकटकी' (रू भे)

टिकणौ, टिकबौ-क्रि०अ०—१ निवास करना, रहना, बसना ।
उ०—था अठै टिकौ, जोख आवै तौ जायगा लेवौ जे भावै तौ नकदी लेवौ ।—गौड गोपाळदास री वारता
२ ठहरना, रहना । उ०—कन्हीराम रामसिंहोत कूपावत नू अभैसिंहजी मेडतै बखतसिंहजी कन्है मेल्हिया । महीना दोय टिक वाता कर मेडतौ छुडाइयौ ।—मारवाड रा अमरावा री वारता
३ बना रहना, स्थाई रहना । ज्यू—औ नवौ कुड तौ किताक दिन टीकी । ४ आधार पर स्थिर होना, सहारे पर रहना । ज्यू—हेटौ पडता ही म्हारा हाथ टिक गया । ५ थमना, रुकना ।
उ०—किणैई रैबारिया रै बाडा री सरण लीवी, किणैई भीला रा झूपा सभाळिया तौ कोई रा पग ठेठ खेता री बाजरिया मे जावता टिकिया ।—रातवासौ
६ रुकना, ठहरना । उ०—मिळतौ मगण नू कहै, मुदौ करू मालूम । मारग लागौ मत टिकौ, हाजर नाजर सूम ।—बा.दा.
७ किसी घुली हुई वस्तु का पैदे मे जमना. ८ (अपनी) स्थिति बनाये रखना । ज्यू—वीर रै साम्ही कायर नही टिक सकै ।
टिकणहार, हारौ (हारी), टिकणियौ—वि० ।
टिकवाडणौ, टिकवाडबौ, टिकवाणौ, टिकवाबौ, टिकवावणौ, टिकवावबौ—प्रे०रू० ।
टिकाडणौ, टिकाडबौ, टिकाणौ, टिकाबौ, टिकावणौ, टिकावबौ —क्रि०स० ।
टिकिओडौ, टिकियोडौ, टिक्योडौ—भू०का०कृ० ।
टिकीजणौ, टिकीजबौ—भाव वा० ।
टकणौ, टिकबौ, टिगणौ, टिगबौ—रू०भे० ।

टिकली—देखो 'टिकडी' (रू भे)

टिकलौ—देखो 'टिकडौ' (रू भे)

टिकाणी—देखो 'टकाणी' (रू भे)

टिकाई-स०स्त्री०—१ टिकाने की मजदूरी या वेतन ।
२ देखो 'टीकायत' (रू भे)

टिकाउ, टिकाऊ-वि०—कई दिनो तक काम देने वाला, मजबूत, दृढ, टिकने वाला ।

टिकाणौ, टिकाबौ-क्रि०स०—१ ठहराना. उ०—वीरमजी भीमराजजी नू मेड़तै नीठ टिकाया, पछै साखत रा घोडा चार और बागा देय विदा किया ।—ठाकर जैतसिंह री वारता
२ थामना. ३ रोकना. ४ निवास कराना, रखना, बसाना ।
५ सहारे पर रखना, आधार पर रखना ६ मारना, पीटना.
७ स्थिति पर कायम रखना ।
टिकाणहार, हारौ (हारी), टिकाणियौ—वि० ।
टिकायोडौ—भू०का०कृ० ।
टिकाईजणौ, टिकाईजबौ—कर्म वा० ।
टिकणौ, टिकबौ—अक० रू० ।
टिकाणौ, टिकाबौ, टिकाडणौ, टिकाडबौ, टिकावणौ, टिकावबौ —प्रे०रू० ।

टिकायोडौ-भू०का०कृ०—१ ठहराया हुआ, रोका हुआ २ मारा हुआ, पीटा हुआ ३ निवास कराया हुआ, बसाया हुआ, रखा हुआ
४ सहारे पर रखा हुआ, जमाया हुआ. ५ थामा हुआ ६ रोका हुआ ७ स्थिति पर कायम रखा हुआ ।
(स्त्री० टिकायोडी)

टिकाव-स०पु०—१ धैर्य २ यात्रियो के ठहरने का स्थान, पडाव.
३ स्थायित्व, ठहराव. ४ छूने की क्रिया या भाव, स्पर्श करने की क्रिया या भाव ।

टिकियोडौ-भू०का०कृ०—१ बसा हुआ, निवास किया हुआ, रहा हुआ
२ ठहरा हुआ, रहा हुआ ३ स्थाई रहा हुआ. ४ आधार पर स्थिर हुवा हुआ. ५ थमा हुआ. ६ रुका हुआ ७ पैदे मे जमा हुवा हुआ ८ स्थिति बनाया हुआ ।
(स्त्री० टिकियोडी)

टिकैत—देखो 'टीकायत' (रू भे.)

टिकोर-स०पु०—१ (ढोलक, मृदग आदि) वाद्य की ध्वनि ।
उ०—देवतु के मन भूलतै डोलतै है, म्रदगू के परन और ढोलकू के टिकोर और सुरबीणू के झणहणा और तबूरन की घोर ।—सू.प्र.
२ देखो 'टकोरौ' (मह, रू भे)

टिकोरियौ—देखो 'टकोरौ' (अल्पा, रू भे)

टिकोरी-स०स्त्री०—बढ़ई के आरे को तेज करने का एक औजार ।
२ देखो 'टकोरौ' (अल्पा, रू भे)

टिकोरौ—देखो 'टकोरौ' (रू भे)

टिक्कड़-स०पु०—मोटी रोटी (मह)
उ०—घर मे मामी दमोदम हो । मामो-भाणजो हाथै-ई टिक्कड पोवता जणै भोजन मिळतौ ।—वरसगाठ
अल्प०—टिकडियो ।

टिगट-स०पु० [अं० टिकट] १ वह प्रमाण पत्र जो किसी प्रकार का कर, किराया, महसूल आदि के भुगतान के रूप मे प्राप्त किया जाय २ कोई काम करने या प्रवेश व प्रस्थान के लिए अधिकार-पत्र ।
वि०वि०—कई स्थानो पर यह कागज के अतिरिक्त धातु का भी बनाया जाता है ।
रू०भे०—टिकट, टिगस ।

टिगटी-स०स्त्री०—जल आदि का पात्र रखने की तिपाई (शेखावाटी)

टिगणो, टिगबो—देखो 'टिकणो, टिकबो' (रू भे)
उ०—जो कू ललो-पतो कीजै तो टिग मगीजै ।—नैणसी

टिगस—देखो 'टिगट' (रू भे)
उ०—चौवरी दौडता भागता टिगस कराय नै गाडी तो पकडली पण डिब्बा मे गरमी इसी ही कै उगरो दम घुटण लागग्यो ।
—रातवासो

टिचकारणो, टिचकारबो—देखो 'टुचकारणो, टुचकारबो' (रू भे)

टिचकारी-स०स्त्री०—देखो 'टिचकारो' (अल्पा, रू.भे)
उ०—१ ठाकर जोर सूं खंखारो कियो अर ऊठा नै टिचकारी दीवी ।
—रातवासो
उ०—२ तद गाव चौवरी टिचकारी देवतो तिपडा री गोळ नाळ साम्ही इसारो कर'र कह्यो—'गजब रा घर कर दिया, मोटी खोड राखदी ?'—वाणी

टिचकारो-स०पु०—१ पशुओ को हाकने का शब्द ।
क्रि०प्र०—करणो, देणो ।
२ इनकार करने के लिए किया जाने वाला शब्द ।
क्रि०प्र०—करणो, देणो ।
३ घूघट निकालने वाली अथवा पर्दानशीन औरत के सकेत का शब्द
क्रि०प्र०—करणो, देणो ।
४ विस्मित हो कर किया जाने वाला शब्द ।
क्रि०प्र०—करणो, देणो ।
अल्पा०—टिचकारी ।

टिचटिच-स०स्त्री०—१ ध्वनि विशेष ।
क्रि०प्र०—करणो ।
२ पशुओ को हाकने की, इनकार करने की, पर्दानशीन औरत के सकेत करने की तथा विस्मित होने पर मुंह से निकलने वाली ध्वनि ।
क्रि०प्र०—करणो ।

टिटिभ, टिटिहो, टिट्टिभ—देखो 'टीटोडी' (रू भे, डि को)

टिड्डी—देखो 'तीड' (रू भे, शेखावाटी)

टिणण-स०स्त्री०—चिंता । उ०—मियाजी दूबळा क्यू कै साता घरा री टिणण है ।—अज्ञात

टिप—देखो 'टप' (रू भे)

टिपको—देखो 'टपको' (रू.भे)

टिपटिप-स०स्त्री०—१ बूद-बूद गिरने या टपकने की क्रिया २ ध्वनि विशेष ।
रू०भे०—टपटप ।

टिपण, टिपणी-स०स्त्री०—वह विवरण जिससे किसी प्रसग या वाक्य का अर्थ मालूम हो, टीका ।
रू०भे०—टिप्पण, टिप्पणी, टीपणी ।

टिपली-स०स्त्री—देखो 'टिपलो' (अल्पा, रू भे)

टिपलो-स०पु०—मस्तक, शिर ।
क्रि०प्र०—कूटणो, घडणो ।
अल्पा०—टिपली ।

टिपस-उ०लिं०—उपाय, युक्ति । उ०—टिपस करै लेवा टका, नही मन माहे नेह । राग करै इण सू रसै, गणिका अवगुण गेह ।—घ.व ग्र.
क्रि०प्र०—करणो, जमाणो, बैठणो, भिडाणो, लागणो ।
रू०भे०—टिप्पस ।

टिपूडो-वि०पु० (स्त्री० टिपूडी) छोटे बच्चों के लिये प्रयोग किया जाने वाला (प्यार सूचक) शब्द ।

टिपो-स०पु०—१ गायन । उ०—कळावता कळावा कनै आपरा कीया ख्याल टिपा गवावै है —र हमीर
२ देखो 'टिप्पो' (रू भे)

टिप्पण, टिप्पणी—देखो 'टिपणी' (रू भे)

टिप्पस—देखो 'टिपस' (रू भे)

टिप्पो-स०पु०—१ उछल-उछल कर जाती हुई वस्तु का बीच-बीच मे टिकान, फेंकी हुई वस्तु का जाते हुए बीच-बीच मे भूमि का स्पर्श ।
क्रि०प्र०—खाणो, देणो ।
मुहा०—१ टिप्पा खाणा—आवारा घूमना, बेकार फिरना, भरे हुए जलाशय मे उठने वाली लहरो का तट से टकराना २ टिप्पा देणा—मस्ती मे झूमते हुए फिरना ।
२ एक रागिनी विशेष ।
मुहा०—टिप्पा देणो—मधुर ध्वनि मे गायन करना ।
३ सकेत मात्र ।
मुहा०—टिप्पो धरणो, नाकणो—याद आने के लिये थोडा सा लिख लेना, सकेत देना ।
४ बूंद, कतरा. ५ इधर से उधर झुकने या हिलन-डोलने की क्रिया, झोका । उ०—तठा उपराति करि नै राजान सिलामति दारू री तूगा लागी सू ओछाछिआ घणं'ठंडे पाणी सू छाटि-छाटि नै वडा री साखा सू नागळी थकी झूलै छै । पवन री हवा सू टिप्पा खाइनै रही छै ।—रा सा स
रू०भे०—टपो, टप्पो, टिपो ।

टिबको—देखो 'टपको' (रू भे)

टिमकी-स०स्त्री०—बिन्दी । उ०—खोळा टगियोडा गळ मे खूगाळी । जळजुत ठोडी पर टिमकी जघाळी ।—ऊ का

टिमची-स०स्त्री०—तिपाई ।
रू०भे०—टिबचो ।

टिमटिमाणौ, टिमटिमावौ–क्रि०अ०—रह रह कर चमकना, मन्द-मन्द प्रकाश देना, झिलमिलाना।

टमटमाणौ, टमटमावौ (रू भे)

टिरड—देखो 'टरड' (रू भे)

टिरडी–वि०—१ घमडी, अभिमानी, २ सिनकी।

स०स्त्री०—घमड, अभिमान। उ०—खळ भाति सिरडी मन मे खिटै, मिटै न टिरडी कुमाणसा।—ऊ का

टिरणौ, टिरवौ–क्रि०अ०—ऊँचे आधार से नीचे की ओर अधर मे रहना, लटकना।

टिरयोडौ, टिरियोडौ–भू०का०कृ०—लटका हुआ।

(स्त्री० टिरयोडी, टिरियोडी)

टिलायत—देखो 'टीकायत'। उ०—गिण आत उभै राढ एक गिर। किण हूत टिलायत राव कर।—चिमनजी कवियौ

टिलौ, टिल्लौ–स०पु०—धक्का, टक्कर, आघात।

उ०—१ हुले टिला हाथिया, जूट हम्मला हजारा। सभे चाढि बळ सवळ, इसी नाळिया अपारा।—सू प्र.

उ०—२ करे पाव टिल्ला पछै चूर कीधौ। दिसा लक आकास मे डाण दीधौ।—सू प्र

मुहा०—टिल्ला देणा—उकसाना, प्रेरित करना।

रू०भे०—ठिलौ, ठिल्लौ।

टिवची—देखो 'टिमची' (रू भे) उ०—खाड रा कापा भेळा कर वेकी कर राखी, मैदौ, घिरत सारौ काढ तयार कर राखियौ, टिवची, गळणी सरब तयार कर गुमासता च्यार-पाच था तिका नै कह्यौ सारी सरवरा करी छै।—राजाभोज अर खाफरै चोर री वात

टींगण — देखो टेंगणौ' (मह, रू भे)

टींगणियौ—देखो 'टेंगणौ' (अल्पा, रू भे)

टींगणौ—देखो 'टेंगणौ' (रू भे)

(स्त्री० टींगणी)

टींगणौ, टींगवौ–क्रि०अ०—किसी पदार्थ की प्राप्ति के लिए तकना, लालायित होना, दीन होना।

टीवणौ, टीववौ, टीवणौ, टीयवौ, टूगणौ, टूगवौ—रू०भे०।

टींगर–उ०लि०—बाल-बच्चे।

यौ०—टाबर-टींगर, टींगर-टोळी।

अल्पा०—टींगरियौ।

टींगर-टोळी—देखो 'टाबर-टींगर' (रू भे) उ०—टींगर-टोळी ले चटपट घण टोळी। चहुधा चीधणसी दुवधा घट दोळी।—ऊ का

टींगरियौ—देखो 'टींगर' (अल्पा., रू भे) उ०—ढाढा ताभाडै केरडिया ढीकै। रोटी पाणी नै टींगरिया रीकै।—ऊ का

टींगा-टोळी–स०स्त्री०यौ०—१ हाथ-पाव पकड कर जबरन ले जाने की क्रिया।

वि०वि०—इसमे किसी मनुष्य या बच्चे को ज़बरन ले जाने के लिए एक व्यक्ति उसके हाथ व दूसरा पैर पकड़ता है, फिर उसे उठा कर ले जाया जाता है।

क्रि०प्र०—करणी।

२ खीचातान।

क्रि०प्र०—करणी, होणी।

रू०भे०—टागा-टोळी, ठीगा-ठोळी।

टींगाणौ, टींगावौ–क्रि०स०—लालायित करना, तकाना।

रू०भे०—टीवाणौ, टीवावौ, टीवाणौ, टीवावौ, टूगाणौ, टूगावौ।

टींगायोडौ–भू०का०कृ०—लालायित किया हुआ।

(स्त्री० टींगायोडी)

टींगियोडौ–भू०का०कृ०—लालायित हुवा हुआ, तका हुआ।

(स्त्री० टींगियोडी)

टींच–स०स्त्री०—लडाई, युद्ध। उ०—अवै अठै जसवतजी सवार रा हौज सेवा पूजा कर जीम कर नै जीनसाल पहर नै घाटा रै मुहडै आवै। उठी या पातसाही फौज चढ नै आवै। अठै पोहर ३ टींच हुवै।

—राव मालदे री वात

टींचणौ–स०पु०—पशु के पिछले पैर का सधिस्थान।

अल्पा०—टींचणी।

टींचियौ—देखो 'टीचियौ' (रू भे)

टींट–स०स्त्री०— पक्षी का विष्ठा, बीट।

टींटोळी, टींटोडी, टींटोहडी–स०स्त्री० [स० टिट्टिभ] जल के निकट रहने वाली बडी चिडिया, टिटहरी।

रू०भे०—टिटिभ, टिटिडी, टिटिभ, टीटोळी, टीटोडी, टीटभ, टीटी, टींटूडी।

टींडरौ—देखो 'टींडसी'।

उ०—तदनतर मुग वडी, उडद वडी, छमका वडी, पलेह वडी, साउतली वडी, माहिन नु चीर छमकावी, डोडी खाइया टळटळता टींडरा भली वालहुलि।—व स

टींडसी–स०स्त्री०—१ टिंड नामक एक लता व उसके लगने वाला फल जिसकी तरकारी बनती है। उ०—नारेळा वरगी गुडैक टींडस्यू रामूडौ अव राजी ह्वै गयौ।—लो गी.

रू०भे०—टींडी।

मह०—टींडसी, टींडौ।

टींडसौ—देखो 'टींडसी' (मह रू भे) उ०—मीठा हुवै मतीर, खूब खाटोडा फोगा। काचर काकडिया, टींडसा सागा जोगा।—दसदेव

टींडी—देखो 'टींडसी' (रू भे)

टींडू–स०पु०—काले रग का वृक्ष विशेष, इसके पत्तो से वीडिया वनती है।

टींडौ—देखो 'टींडसी' (मह, रू.भे)

टींप—देखो 'टीप' (रू भे)

टींबरू—देखो 'टीमरू' (रू भे) उ०—टोकर टीट्ट टींबरू, टाहुलोआ

नइ टोट। टहि टटिवटिण टहिकला, टाक टपाली सोट।—मा.का प्र

टींवणो, टींववो—देखो 'टीगणो, 'टीगवो' (रू भे)

टींवाणो, टींवावो—देखो 'टीगाणो, टीगावो' (रू भे)

टींवायोडो—देखो 'टीगायोडो' (रू भे)

(स्त्री० टींवायोडी)

टींवियोडो—देखो 'टीगियोडो' (रू भे)

(स्त्री० टींवियोडी)

टी-सं०पु०—१ आकाश. २ बादल ३ पर्वत

सं०स्त्री०—४ पृथ्वी ५ गर्दन. ६ हानि।

टीकडी—१ देखो 'टिकडी' (रू भे.) २ देखो 'ठीकरी' (रू भे.)

टीकणो, टीकवो–क्रि०स०—तिलक करना।

टीकम, टीकमो–सं०पु० [सं० त्रिविक्रम] १ वामनावतार। उ०—बदरी टीकम परस बुध, जगमोहण जैकार। घण दाता आणदघण, स्रीपति सब आधार।—ह र

२ विष्णु। उ०—टीकमादेस अनत सिध तारण, उदाहरण अेळा असमान।—अज्ञात

३ श्रीकृष्ण। उ०—सतवार जरासध आगळ स्रीरग, विमहा टीकम दीध वग। मेलि घात मारे मधुसूदन, असुर घात नाखे अळग।—जमणजी सोदो

टीकर–सं०पु०—बबूल का वृक्ष (तोरावाटी, मेवात)

टीकली कमेडो–नि०यौ०—१ मुख्या, प्रमुख व्यक्ति २ दक्ष, प्रवीण, हर्फनमौला।

क्रि०प्र०—होणो।

टीकलो–वि०पु० (स्त्री० टीकली) १ वह बैल जिसके सिर पर टीका हो। (अशुभ)

२ वह पशु जिसके सिर मे सफेद चिन्ह हो. ३ जिसके सिर पर तिलक किया हुआ हो, तिलकधारी।

टीका–सं०स्त्री०—वह व्याख्या, ग्रथ या वाक्य जो किसी पद, ग्रथ या वाक्य का अर्थ स्पष्ट करे।

क्रि०प्र०—करणी।

मुहा०—टीका टिप्पणी करणी—आलोचना करना।

यौ०—टीका-टिप्पणी।

टीकाइत, टीकाइस, टीकाई—देखो 'टीकायत' (रू भे)

उ०—१ वरे मेहराज कह्यो—राव राणगदे रो वेटो टीकाइत सादो ...माहिला रै दिना दोय नै परणीजसी।—नैणसी

उ०—२ रावळ केहरण, रावळ केहर रो वडो वेटो टीकाइत हुतो, लाछा देवडी रै पेट रो।—नैणसी

उ०—३ राजा भगवांतदास भारमल रो, आवेर टीकाई, वडो ठाकुर हुवो।—नैणसी

उ०—४ राणो पतो टीकाई।—नैणसी

टीकाकार–सं०पु०—टीका करने वाला, व्याख्याकार।

टीका-दौड़–सं०स्त्री०यौ०—नये राजा के गद्दीनशीन होते ही विपक्षी देश पर हमला करने की एक रस्म।

वि०वि०—राजा गद्दीनशीन होकर किसी दुश्मन के शहर या इलाके को लूटे। अगर कोई बडा दुश्मन उस वक्त न हो तो मेवाड के महाराणा अपने ही देश के भील, मेर आदि के ग्रामो पर इस रीति को पूरा करते थे।

टीकायत–सं०पु०—१ राज्याधिकारी पट्टाधिकारी, राजा का उत्तराधिकारी, टिकैत। उ०—मडोवर गढ राव चूडोजी राज करै। तिणरै १४ कवर, तिण मे राजपाट टीकायत राव रिणमलजी।

—राव रिणमल री वात

२ ज्येष्ठ पुत्र. ३ किसी महत या मठ का उत्तराधिकारी, पट्ट शिष्य ४ तिलकधारी ५ मुखिया, प्रधान, नायक, नेता।

उ०—वारै म्हाको कूचिया तुडावो ताळा रे, झगडो आदरियो, वा वा' झगडो आदरियो टोळी रै टीकायत मायै रे, झगडो आदरियो।

—लो.गी

रू०भे०—टिकाई, टिकैत, टीकाइत, टीकाइस, टीकाई, टीकाळ, टीकैत, टीकोइत।

टीकाळ—१ देखो 'टिकायत' (रू भे) उ०—सग लोक सीस सुचग आदेस तोवह अग। परमेस पाव पताळ कहि किमन घर टीकाळ।

—पीरदान लाळस

२ वह जिसके भाल मे तिलक हो।

टीकियोडो–भू०का०कृ०—तिलक किया हुआ।

(स्त्री० टीकियोडी)

टीकी–सं०स्त्री०—१ गोल बिन्दु, बिंदी, बेंदा २ ललाट पर लगाया जाने वाला छोटा गोल टीका।

क्रि०प्र०—देणी, लगाणी।

यौ०—टीकी-टमको।

३ वह भैंस या गाय जिसके ललाट पर सफेद गोल बिंदु या तिलक हो ४ लडकियो द्वारा गाया जाने वाला एक लोक गीत.

५ स्त्रियो के ललाट पर धारण करने का एक आभूषण विशेष।

उ०—वादळा मे वीजळी रो झळको ज्यू घूगट मे टीकी को पळको

—पना वीरमदे री वात

टीकैत, टीकोइत—देखो 'टीकायत' (रू भे)

टीको–सं०पु०—१ श्रृगार या साम्प्रदायिक सकेत के लिए ललाट व शरीर के अन्य अगो पर गोल चदन, केशर, रोली, मिट्टी, आदि से बनाया हुआ चिन्ह, तिलक। उ०—१ सद्धु नारि तणे सिर टीको।

—श्रीपाळ रास

उ०—२ तोरण आया करै आरती टीको काढ नै सासू-खाचै नाको रे।—जयवाणी

क्रि०प्र०—काडणो, लगाणो ।

मुहा०—१ टीको काडणो, टीको लगाणो—बहुत खर्च करवाना, व्यर्थ खर्च कराना, धोखा दे कर खर्च करवाना । २ टीको लागणो—कलक लगना, धब्बा लगना ।

२ विवाह से पूर्व मॅगनी करते समय कन्या पक्ष वालो की ओर से वर पक्ष वालो को दी जाने वाली नक़दी, जेवर, पशु आदि ।

उ०—कुवर विजयसिहजी पण आ सामल हुवा, वडी जान बणाय जयसळमेर जाय डेरा किया, उठै रावळजी री टीको आइयो ।
—मारवाड रा अमरावा री वारता

क्रि०प्र०—दैणो, भेजणो, मेलणो, लैणो ।

३ राजसिहासन, गद्दी । उ०—१ वासं कान्हो निबळो सो ठाकुर हुवो तरै सतै चूडावत कान्है कन्हा टीको उरो लियो ।
—राव रिणमल री वात

उ०—२ वणवीर रै कवर दो हुवा, वडा कवर रो नाम कानडदे । छोटो राणगदे । टीकै कानडदेजी सोवनगीर राज करै छै ।
—वीरमदे सोनीगरा री वात

उ०—३ राजा मोखरो काम आयो । पछै मोखरा रो वेटो वहुवन टीकै वैठो ।—नैणसी

मुहा०—टीकै वैठणो—राजगद्दी पर वैठना, राज्य-सिहासनारूढ होना ।

४ राज तिलक । उ०—राव जैतसिघ युद्ध करि वैकूठ सिघायो । राव कल्याणमलजी नू ठकुरीयासर ग्राम टीको हुयो पर बिखो हुओ ।
—द वि

५ ललाट का मध्य भाग (जहा तिलक लगाते हैं) ६ प्रजा या साहूकारो द्वारा राजा या जमीदार को दी जाने वाली भेंट ।

७ स्त्रियो के मस्तक पर धारण करने का एक स्वर्णाभूषण ।

क्रि०प्र०—गूथाणो, घडाणो, वाधणो, लगाणो ।

८ पुरुषो की पगडी के साथ लगाया जाने वाला एक आभूषण विशेष ९ घोडे का ललाट जहाँ भावरी या चिन्ह होता है १० चिकित्सा करने की युक्ति जिसमे बीमारी विशेष से बचने के लिए सुइयों द्वारा शरीर मे ओषध पहुँचाई जाती है । ज्यू हैजे रो टीको, चेचक रो टीको, प्लेग रो टीको ।

क्रि०प्र०—दैणो, लगाणो ।

११ मृत्यु के वारहवें दिन सम्बन्धियो या मित्रो द्वारा दिया जाने वाला रुपया ।

१२ राजा, अधिपति । उ०—राणो ईसरदास, ऊमरकोट टीको छो । पछै समत १७१० रावळ सवळसिघ इणनू परो काढ नै जैसिघ नू टीकै वैसाणियो ।—नैणसी

टीचियो—स०पु०—१ चोट लगने से होने वाला घाव या चिन्ह ।

क्रि०प्र०—दैणो, लगणो, लगाणो ।

मुहा०—टीचियो दैणो—कटु शब्द वोलना, व्यग्य कसना ।

२ वह चिन्ह जो घाव मिलने के पश्चात् वना रहता है ।

रू०भे०—टीचियो ।

टीटण—स०स्त्री०—१ एक प्रकार का छोटा जानवर (शेखावाटी)

टीटभ, टीटीं, टीटूडी, टीटोडो—देखो 'टीटोडी' (रू.भे.)

उ०—थियो सदय सुण निज थुई, टीटभ हू त रूसान । उणरा बाळ उवारिया, महामत्र जन मान ।—बा.दा

मुहा०—टीटूडी समद उळीचणो—तुच्छ या छोटे द्वारा वहुत बडा कार्य करने का साहस करना ।

मि०—'ठीकरी घडो फोडणो' ।

टीड —देखो 'तीड' (रू भे)

टीडी—स०स्त्री०—देखो 'तीड' (रू भे)

टीडी-भळको—स०पु०यो०—स्त्रियो के भाल पर लगाया जाने वाला अर्द्ध-चन्द्राकार आकृति का एक स्वर्ण आभूषण, इसमे नगीने जडे रहते हैं ।

मि०—सिवतिलक ।

टीडूर, टीडूरो—स०पु०—टीडसी ।

उ०—मोगरी उढवी कइरा ककोडा कारेला रायकारेला तोरईआ सीघोडा सेलरा राइआ टीडूरा सउसउती डोडी, कळकळता कसूमा ।
—व स

टीन—स०स्त्री० (अ० टिन) १ रागे की कलई की हुई लोहे की पतली चद्दर २ इस प्रकार की चद्दर का वतन ।

टीप—स०स्त्री०—१ दीवार के दो पत्थरो की सधिस्थान मे लगाई जाने वाली पतली चूने या सीमेट की लकीर या लेप ।

क्रि०प्र०—करणो ।

२ पतला चूना या सीमेट जो दीवार के पत्थरो की जोड पर मजवूती के लिए लगाया जाता है ।

यौ०—टीप-टाप ।

३ चूने की गच कूटने का कार्य, पिटाई ४ गाने का ऊँचा स्वर, तान (सगीत)

क्रि०प्र०—दैणी, लगणी, लगाणी ।

५ वह धन जो किसी कार्य को करने या जारी रखने के लिए लोगो अथवा सदस्यो से लिया जाय, चदा ।

६ चदा देने वालो के नाम का सूची-पत्र ७ स्मरण के लिए जल्दी-जल्दी लिखने की क्रिया ८ (खर्चे आदि का) ब्योरा, आकडा ।

उ०—आप सारू दारू की-भटी कढाई छै, लाख रुपिया री टीप चढाई छै, लाख लाख लागा छै, मुसाला जिका तो अरोगै दोय प्याला'
—दरजी मयाराम री वात

९ सगीत मे वह स्वर जिस पर गायक स्वर की खोज मे जाते हैं ।

१० वाद्य की ध्वनि, आवाज । उ०—जवन्निय सेन प्रळै किर ज्वाळ, घमघम पक्खर घुघरमाळ । टमकि तवल्ल नफेरिय टीप, भूझाउ अवक्क वाज सजीप ।—रा रू

वि०—अत्यधिक ठडा । उ०—पण ओरी में ई वा छाट सू गिरिया-

गिरिया तक पाणी भरीजग्यो। सामनै सू ठडो-टीप वायरो ग्रावतो हो।—रातवासो
यौ०—ठडो-टीप।
टीप टाप–स०स्त्री० (ग्रनु०) ठाटवाट, सजावट, दिखावट।
रू०भे०—टाप-टीप, टीम-टाम।
टीपणी—१ देखो 'टिपणी' (रू भे) २ किसी कार्य को करने या जारी रखने के लिये लोगो से ग्रथवा सदस्यो से लिया जाने वाला धन, चदा ३ चदे का सूची-पत्र।
टीपणो–स०पु० [स० टिप्पनकम्] मान, वार, तिथि ग्रादि जानने की पुस्तक पचाग। उ०—सूर न पूछै टीपणो, सुकन न देखै सूर। मरणा नू मगळ गिणै, समर चढै मुख नूर।—वा दा
टीपणो, टीपवो–क्रि०स०—टाकना, ग्रकित करना, लिख लेना, टीपना।
टीपर—देखो 'टीपरो' (मह, रू भे)
टीपरियो—देखो 'टीपरो' (ग्रल्पा, रू भे)
टीपरी–स०स्त्री०—देखो 'टीपरो' (ग्रल्पा., रू भे)
टीपरो–स०पु०—घी, तेल, दूध ग्रादि तरल पदार्थ निकालने तथा नापने के लिए बना हुग्रा धातु का एक कटोरीनुमा बरतन जिसको पकडने के लिए लम्बी डडीनुमा ग्लास लगी रहती है।
ग्रल्पा०—टीपरियो, टीपरी।
मह०—टीपर।
टीपाटीप–वि०—१ पूर्ण भरा हुग्रा, परिपूर्ण. २ शौकीन।
टीपो–स०पु०—बद, कतरा।
टीब—देखो 'टीबो' (मह.) उ०—पावस हुवा व्यतीत, टिकै ना टीब ठिराणै। द्रुत गत भागा दौड, हेड रमवा हळ माणै।—दसदेव
टीबडो—देखो 'टीबो' (ग्रल्पा, रू भे) उ०—१ भूरा-भूरा भाखर भूलै, टीबडिया मू रौळ।—लो गी.
उ०—२ चाद किरण रात्यू रमी, कोरा टीबडिया।—लू
उ०—३ टीबो ग्रोलै टीबडो ग्रे, ज्या रह मवमी का पूत। वारी, म्हारा गूगा, भल रहो वो।—लो.गी
टीवर, टीवरण–स०स्त्री०—श्याम रग के तने वाला एक मध्य ग्राकार का वृक्ष जिसकी पत्तियो की बीडिया बनती हैं। इसके फलो मे बडे-बडे बीज निकलते हैं, यह दो प्रकार का होता है—कडुए फल वाला तथा मीठ फल वाला। इसके फल स्वादिष्ट होते है।
ग्रल्पा०—टीवरियो, टीबरू, टीवरो।
मह०—टीवर।
टीवरणी–स०स्त्री०—लगभग दो-तीन फुट लम्बा एक पौधा विशेष जिसकी पत्तिया ग्रोषध के रूप मे प्रयुक्त होती हैं।
टीबरू–स०पु०—१ टीवरण का फल २ देखो 'टीवरण'। (ग्रल्पा., रू भे)
टीबरो–स०पु०—१ फूटा हुग्रा मिट्टी का जल पात्र २ देखो 'टीवरण'। (ग्रल्पा, रू भे)

टीबो–स०स्त्री०—१ क्षय रोग २ देखो 'टीबो' (ग्रल्पा, रू.भे)
उ०—पग पग टीबी मारगा, रोकै ग्राडी ग्राय। पाछा फेरै पथिया, जाणै हेत दिखाय।—लू
३ देश का नाम (व स)
टीबो–स०पु०—१ वालू का ढेर, रेत का ढेर। उ०—१ टीबे तो ग्रोलै, ग्रे लाडो बेटा, टीबडी, ज्या तळ हाळीडै रो खेत, बावल नै कहियो ग्रे, हाळी नै बेटी क्यू दई ?—लो गी
उ०—२ टीबा वरसो उँरिया वरसो, हो चितरग ताळ विछायो वादळी। जेठ उतरियो ग्रसाढ उतरियो, हो सावण उतरियो जाय वादळी।—लो गी.
२ रेगिस्तानी, पहाडी।
ग्रल्पा०—टीवडियो, टीवडी, टीवडो।
मह०—टीव।
टीम–स०स्त्री० [ग्र०] खेलने वालो का दल।
टीमक–स०स्त्री०—रात्रि मे खरगोश की शिकार करने के हेतु काम मे ली जाने वाली कावड (मेवाड़)
वि०वि०—कावड के ग्रगले पलडे मे लालटेन रख कर उसके पीछे कागज का ठप्पा लगा दिया जाता है ताकि प्रकाश ग्रागे ही पडे पीछे नही पडे ग्रौर उसके पिछले पलडे मे पत्थर रख दिया जाता है ताकि सन्तुलन हो जाय। एक ग्रादमी कावड वाले ग्रादमी के पीछे बन्दूक लेकर चलता है। जब ग्रगले पलडे की लालटेन के प्रकाश मे खरगोश दिखाई देता है तो उस पर बन्दूक चलाई जाती है।
टीमटाम—देखो 'टीप-टाप' (रू.भे)
टीमडग्रो–स०पु०—लकडबग्घा। उ०—भूखो तिसियो भटकियो, जो सिह-सुत जोधार। टीमडग्रा री टाटळया, फोजा फाडणहार।
—रेवतसिह भाटी
टीमल–स०पु०—कृत्य, काम (व्यग्य) ? उ०—पण हाल पितरी मेळो ग्रर बारह महीना-रा टीमल तौ बाकी ई पडिया है।—वरसगाठ
टीला–स०स्त्री०—सोलकी वश की एक शाखा।
टीली–स०स्त्री०—१ बिन्दी, तिलक. २ एक प्रकार का ग्राभूषण (व स) ३ गिलहरी।
ग्रल्पा०—टीलोडी।
टीलु, टीलू—देखो 'टीलो' (रू भे) उ०—विवेक सोवन टीलु तपतपे, साचो साचो वचन तबोळ रे। सतोख काजळ नयणे भरचा, जीवदया कुकुम घोळ रे।—स कु
कहा०—टीलू तकदीर वाळा नै थाय—भाग्यशाली को ही तिलक होता है।
टीलोडी—देखो 'टीली' (ग्रल्पा., रू भ)
टीलो–स०पु०—१ ढेर २ वालू का ऊँचा ढेर।
३ राजतिलक। उ०—वाळक थकै लियो ग्रतुळीबळ, महपत त को

प्रताप मणी। सहित जोधपुर सूर कळोधर, टीलों राव मालदे तणी।
—महाराजा जसवंतसिंघ प्रथम जोधपुर रो गीत

४ सामने जा कर अगवानी करने का भाव. ५ तिलक, टीका।
उ०—पीळो तिलक बैसणी परगट, रुच सुद्रणी स्याम टीलो रट।
—र ज प्र.

५ एक प्रकार का आभूषण (व स)
रू०भे०—टीलु, टीलू।

टीवणो, टीववो—देखो 'टीगणो, टीगवो' (रू भे)
उ०—परजापतिया नह परजा नै पाळै। टुकडै टुकडै नै टीवै टक टाळै।—ऊ का

टीवाणो, टीवाबो—देखो 'टीगाणो, टीगावो' (रू भे)

टीवायोडो—देखो 'टीगायोडो' (रू.भे.)
(स्त्री० टीवायोडी)

टीवियोडो—देखो 'टीगियोडो' (रू भे)
(स्त्री० टीवियोडी)

टीस—स०स्त्री० (देश०) १ ठहर-ठहर कर उठने वाला दर्द, चुभती हुई पीडा, कसक।
क्रि०प्र०—चालणी, मारणी, हालणी।
२ अत्यधिक पीडा के कारण मुँह से निकलने वाली दर्दभरी ध्वनि।
उ०—१ पूत मोर जद कट पडयो, चौरग पाडी चीस। बहु अधकी हर खर बळी, दुक यक करी न टीस।—रेवतसिंह भाटी
उ०—२ चित हूत सूई चवडकै, टसकै पाडै टीस। रज वाको वा तो रहै, पळ झडिया पाडीस।—रेवतसिंह भाटी
क्रि०प्र०—ऊठणी, करणी, निकाळणी।

टीसणो, टीसवो—क्रि०अ०—१ पीडा होना, ठहर-ठहर कर दर्द होना, कसकना २ बहुत पीडा के कारण मुँह से दर्दभरी आवाज निकालना।

टीसियोडो—भू०का०कृ०—१ रह-रह कर उठने वाले दद के कारण पीडित हुवा हुआ. २ दर्दभरी ध्वनि निकाला हुआ।
(स्त्री० टीसियोडी)

टीसी—स०स्त्री०—१ ऊपर का सिरा, शिखर २ टहनी।
उ०—सो किण भांति रा वाकरा जिके कडकती सांध रा, वडकती नळी रा, भाहुरे साद रा, मादळिए पेट रा, माडि बोर काचर रा, बरडणहार, घणै कूमट नै वावळी री टीसीआ रा आडणहार।
—रा.सा स

३ (नाक का) अग्र भाग। उ०—देह रो विदेह होय गयो पण नाक री टीसी सू ओळख लियो।—पलक दरियाव री वात

टुकार—देखो 'टपकार' (रू भे)

टुगरी, टुगारी—वि०—बात-बात पर नाराज होने वाला, तुनक-मिजाजी।
मुहा०—टुगारी ओर भिखारी—बात बात पर नाराज होने वाला, हीन या असमर्थ व्यक्ति के प्रति व्यग्य।

टुटी—
उ०—बोलती छउड ऊतारइ, पाहण फाडइ, बगाई करता कठ ओढइ, जीभइ जव छोलइ, केसि बाधी ज्वर नी वहिन, धूमकेत कुंडो आहणइ कुहणी छेहि राम्र पाडइ, टुटि छेहि गाठि वोलइ, आखि हूतउ काजळ हरइ।—व स

टुटो—देखो 'टूटो' (रू भे) उ०—टुटो हुतो टाभिजु, वाघो भूख मरू ह। जावु ढोलाजी रै सासरै, तो नागरवेलि चरू ह।—ढो.मा.

टुडी—स०स्त्री० [स० तुण्ड] १ ठोडी २ नाभि।
रू०भे०—टुडी।

टु—स०पु०—१ हाथ २ सुहागा ३ मुर्गा. ४ मुकुट. ५ चांटी ६ सुदर्शन चक्र (एका)

टुक—वि०—किंचित्, थोडा, तनिक, जरा। उ०—कठै ही टुक बात सुणं तो तुरत आग जाय राजी कर दस्तो मेट आवं छै।
—कुंवरसी साखला री वारता

क्रि०वि०—१ किंचित सा, जरा सा २ क्षण भर, पलक भर।
उ०—मूवे पीड पुकारता, वैद्य न मिळिया आइ। दादू थोडी बात थी, जे टुक दरस दिखाइ।—दादू बाणी
३ देखो 'टक' (रू भे)
मुहा०—टुक टुक देखणो—देखो 'टक टक देखणो'।
यौ०—टुक-टुक।
४ देखो 'टूक' (रू भे) उ०—मुवा पछहु वोम न मान्यो, ऊभा पगा न दीदी थेक। चवता खुरा घैन घर चाली. टुक-टुक ऊपर पग टेक।—ईसरदास मोयल री गीत
स०स्त्री०—५ कचुकी का वह भाग जो स्तन की चूची के ठीक ऊपर रहता है। यह कचुकी के कपडे के रग से भिन्न रग का भी होता है और आगे से नुकीला होता है।
रू०भे०—टुग।
यौ०—टुक-टुक।

टुकड—वि०—१ मोटा, दृढ़, मजबूत (कपडा) २ देखो 'टुकडो'।
(मह, रू भे)
रू०भे०—टुक्कड।

टुकडगदाई—स०स्त्री०—टुकडा (रोटी) मागने या भीख मागने का कार्य

टुकडगदो—स०पु०—१ केवल अपनी उदर-पूर्ति का ध्यान रखने वाला, दूसरे के टुकडे (रोटी) पर आराम करने वाला २ रिश्वतखोर, टुकडैल ३ भिखारी।

टुकडतोड—स०पु० —दूसरो के टुकडे (रोटी) पर पलने वाला व्यक्ति।

टुकडियो—देखो 'टुकडो' (अल्पा., रू भे)

टुकडी—स०स्त्री०—१ एक प्रकार का करघे से बुना मोटा कपडा विशेष
उ०—त्रीभणा सू वायेरा लीजै छ। सू किण भान रा वीभणा छै? लाहोर रा, कियोडा छै, रूपै री डाडी जरी सू मढ़ी, टुकडी री झालरी
—रा.सा स.

२ मास रखने का बर्तन। उ०—तठा उपरायत हिरण खुलै छै सू

जाएँ धोबी रै घर कपडा मोकळा किया छै। माम उतार उतार टुकडिया मे घातजै छै।—रा सा स.

३ सेना का खण्ड, दल।

यौ०—फौजी-टुकडी।

४ देखो 'टुकडो' (३) (अल्पा, रू भे)

टुकडेल, टुकडैल-वि०—१ घर घर रोटी माग कर खाने वाला भिखारी, मगता २ घूसखोर, रिश्वतखोर।

टुकडो-स०पु० [स० स्तोक =थोडा] १ वह हिस्सा या भाग जो किसी वस्तु से टूट कर अलग हुआ हो, खण्ड। ज्यूं—पत्थर रो टुकडो, कागज या रोटी रो टुकडो।

मुहा०—टुकडा टुकडा करणा—चूर चूर करना।

२ चिन्ह आदि के द्वारा विभक्त अश। ज्यूं—खेत रो टुकडो।

३ रोटी का तोडा हुआ भाग, कौर, ग्रास। उ०—१ परजापतिया नह परजा नै पाळै। टुकडै टुकडै नै टीवै टक-टाळै।—ऊ का

उ०—२ डिगती डोकरिया टोकरिया डोलै। बावा टुकडो दो हावा कर बोलै।—ऊ का

मुहा०—१ टुकडा तोडणा—जीवन निर्वाह करना, किसी प्रकार जीविका चलाना. २ टुकडा देणा—रोटी देना, भिक्षुक को भिक्षा देना, आश्रित को रोटी देना ३ टुकडा मागणा—भिक्षावृत्ति करना, रोटी मागना. ४ टुकडो नाकणो—(कुत्ते को) रोटी देना अर्थात् घूस देना, रिश्वत देना ५ टुकडा पर पळणो—पराश्रित रहना, दूसरो की कमाई पर निर्वाह करना।

कहा०—टुकडा दे दे बछडा पाळ्या, सीग हुआ जद मारण चाल्या—खिला खिला कर बछडो का पालण-पोषण किया किन्तु जब वे बडे हुए तो पालने वाले ही को मारने लगे अर्थात् नमकहराम आश्रितो के प्रति उक्ति।

अल्पा०—टुकडी।

मह०—टुकड, टुवकड, टूक, टूकड।

टुकरी-स०स्त्री०—रोटी।

टुकियक-क्रि०वि०—१ थोडा सा, लेश मात्र, तनिक।

उ०—मुग खाणा है खीचडी, माहै टुकियक लूण। मास पराया खाय के, गळा कटावै कूण।—अज्ञात

२ क्षण, निमिष मात्र। उ०—साईं टेढी अखिया, वैरी खलक तमाम। टुकियक फोलो महर को, लयखू करै सलाम।—अज्ञात

टुकिया—देखो 'टुक' (५) (रू भे)

उ०—सिधायो सूरज धरती छोड, देख्यो सलाणी मे साझ। करै आथूण घणी अवेर, लुकावै पीळा टुकिया माझ।—साझ

टुक्कड—देखो 'टुकड' (रू भे)

टुग—देखो 'टुक' (रू भे) उ०—धोवडिया घर वाळापण धीर, उगेरै 'वीरो' ऊचो राग। जोवता टुग टुग तारी ओक, सरावै धरती रा सोभाग।—साझ

मुहा०—टुग टुग देखणो—देखो टुक टुक देखणो'।

यौ०—टुग-टुग।

टुगर-स०स्त्री०—स्थिर दृष्टि से देखने की क्रिया, एकटक देखने की क्रिया।

टुचकार-स०स्त्री०—पशुओ को हाकने के लिए मुह से की जाने वाली टचटच की ध्वनि विशेष। उ०—विणजारा रा अखभ ज्यू, टोळ्या दे टुचकार।—किसोरसिंह बारहठ

टुचकारणो, टुचकारबो-क्रि०स०—मुह से टिच टिच शब्द करते हुए पशुओ को चलने के लिए प्रेरित करना, हाकना।

टिचकारणो, टिचकारबो—रू भे.।

टुचकारियोडो-भू०का०कृ०—पशु को चलने के लिए प्रेरित किया हुआ।

(स्त्री० टुचकारियोडी)

टुचको, टुचियो-वि०—१ छोटे कद का, छोटा।

मि०—ठीगणो।

२ तुच्छ, मावारण।

टुच्चापण-स०पु०—धूर्तता, नीचता। उ०—अर बो सोचण लागो—गरीब बाळक सामा ऊभा रोटी रै टुकडै नै तरसै अर म्है वानै चिगाय माल उडावा। हिरदै री कित्ती गिरावट अर सभाव-री कित्तो टुच्चापण है।—वरसगाठ

टुच्चो-वि०—चालाक, नीच, धूर्त, कपटी, ओछा।

मि०—लुच्चो।

टुटरक—

उ०—सो आप आगा नू पधारजै, तमासो जोयजै है, काहु दोय गडकडा टुटरक सो लिया बैठिया छै।

—मारवाड रा अमरावा री वारता

टुटरूटू-स०स्त्री० (अनु०) पेंडकी या फाख्ता नामक पक्षी की बोली।

मि०—गटरगू।

टुडी—देखो 'टुडी' (रू भे)

टुणटुणाट, टुणटुणाटो-स०पु०—१ बकझक, बकवाद। उ०—तो काईं हू खायगी! काय रो टुणटुणाटो लगायो है?—वरसगाठ

२ टुन टुन की ध्वनि।

रू०भे०—टुरणाट, टुरणाटो।

टुणटुणी-स०स्त्री०—वाद्य विशेष। उ०—फेर ले आया गैनाश्री-रो लटको! कुण गरीवा री मदद करै है! सॅग ऊपरली टुणटुणी वजावै है।—वरसगाठ

टुणियो—देखो 'टणो' (अल्पा, रू भे)

टुनो—देखो 'टोनो' (रू भे)

टुबकियो-स०पु०—१ मिट्टी का छोटा जल-पात्र. २ छोटी बलिया टोकरी।

टुबको—देखो 'टबको' (रू भे)

टुरण-स०स्त्री०—१ इच्छा के प्रतिकूल कार्य होने पर उठने वाला क्रोधयुक्त मनोवेग।
क्रि०प्र०—आवणी।
टुरणाट, टुरणाटी—देखो 'टुणटुणाट' (रू भे)
टुरणी-वि०—१ तुनक-मिजाजी २ बात-बात पर बिगडने वाला।
टुरणो, टुरबो-क्रि०अ०—१ किसी पदार्थ की प्राप्ति के लिए लालायित होना, तकना। उ०—ईंठा पर कूकर ज्यू त्यागे टुररया।—अज्ञात
२ गिरना, ध्वस्त होना। उ०—टणका टणका तरु जरबं टुरि जावै, टुरब्बा गुरब्बा गुण गरबं दुर जावै।—ऊ का
३ खिसकना, चलता बनना, जाना। उ०—काम करता करता छव वजी। मजूरा आपरा सस्तर पाती सांभणा सरू किया। डोकरी मूडी मचकोळती बोली—ऊह! हर्णं ई टुरण लागग्या।
—वरसगाठ
टुराणो, टुराबो-क्रि०अ०—१ लालायित करना, तकाना २ गिराना, ध्वस्त करना. ३ खिसकाना, चलता बनाना।
टुरायोडो-भू०का०कृ०—१ लालायित किया हुआ, तकाया हुआ. २ ध्वस्त किया हुआ, गिराया हुआ ३ खिसकाया हुआ।
(स्त्री० टुरायोडी)
टुरियोडो-भू०का०कृ०—१ तका हुआ २ गिरा हुआ, ध्वस्त ३ खिसका हुआ।
(स्त्री० टुरियोडी)
टुळ-वि०—पृथक, अलग, विलग।
टुळकणो, टुळकबो-क्रि०अ०—१ मद मद गति से चलना, खिसकना। उ०—नगारा सख आरती धूप, धुम्र नै झार्प है झणकार। टुळकिया अेवड धोरै ओट, सुणीजै किलकारी उण पार।—साफ
२ इधर-उधर घूमना, फिरना। उ०—दिन मे वेळा दोय जगत मे मरै'र जीवै। बिगड जावै वाणि टुळक अमला नै टोवै।—ऊ.का.
२ टपकना, छलकना। उ०—रामलै री भूवा टुळक-टुळक आसू नाकण लागी।—वरसगाठ
टुळकाणो, टुळकाबो-क्रि०स०—मद गति से चलाना, खिसकाना २ इधर उधर घूमाना, फिराना, घिराना. ३ टपकाना, छलकाना।
टुळकायोडो-भू०का०कृ०—१ चलाया हुआ, खिसकाया हुआ. २ फिराया हुआ, घूमाया हुआ. ३ टपकाया हुआ, छलकाया हुआ।
(स्त्री० टुळकायोडी)
टुळकियोडो-भू०का०कृ०—१ चला हुआ, खिसका हुआ २ घूमा हुआ, फिरा हुआ ३ टपका हुआ, छलका हुआ।
(स्त्री० टुळकियोडी)
टुळणो, टुळबो-क्रि०अ०—१ (चित्त का) चलित होना, अस्थिर करना. २ देखो 'टुळकणो, टुळकबो' (रू भे.)
टुळाणो, टुळाबो-क्रि०स०—(चित्त को) चलित करना, अस्थिर होना. २ देखो 'टुळकाणो' (१) (रू भे.)
टुळायोडो-भू०का०कृ०—१ चलित किया हुआ, अस्थिर किया हुआ २ देखो 'टुळकायोडो' (रू.भे)
टुळियोडो-भू०का०कृ०—१ चलित बना हुआ, अस्थिर. २ देखो 'टुळकियोडो' (रू भे)
(स्त्री० टुळियोडी)
टुसी—देखो 'ठुसी' (रू भे)
टू-स०पु०—ध्वनि विशेष।
टूक-स०पु०—पर्वत की चोटी, शिखर। उ०—बावहिया मोर कोयला बोलै, मद आयो गिर हेक मन्नो। टूका गळ काठळ लपटाणी, वणियो अरवद नवल वनो।—नवलजी लाळस
रू०भे०—टूक।
अल्पा०—टूकली।
टूकको-स०पु०—एक जाति विशेष का घोडा (शा हो.)
टूकली—१ देखो 'टूक' (अल्पा, रू.भ) २ छोटी पहाडी। (शेखावाटी)
टूकलो—देखो 'टूक' (अल्पा. रू भे)
टूकियो, टूक्यो-स०पु०—१ वह ऊँचा स्थान जिस पर बैठ कर समीपवर्ती भू-भाग पर निगरानी का कार्य किया जा सके। उ०—एक जणो बदूक ले'र टूकियै बैठयो।—रातवासो
२ वह व्यक्ति जो किसी ऊँचे स्थान पर बैठ कर निकटवर्ती भू-भाग की निगरानी या चौकन्ना हो कर देख-रेख करता है। उ०—उठी नै टूकियै बदूक सभाळी अर अठी नै तरवार चमकी पळाक करती।
—रातवासो
३ किसी ऊँचे स्थान पर बैठ कर समीपवर्ती भू-भाग की चौकन्ना हो कर निगरानी रखने का कार्य या इस कार्य के बदले मे दिया जाने वाला पारिश्रमिक ४ भालू, रीछ (मेवाड)
रू०भे०—टूकियो, टूकीयो, टूक्यो।
टूगणो, टूगबो—देखो 'टीगणो, टीगबो' (रू भे)
टूगाणो, टूगाबो—देखो 'टीगाणो, टीगाबो' (रू भे)
टूगाटोडो—देखो 'टीगायोडो' (रू भे)
(स्त्री० टूगायोडी)
टूगियोडो—देखो 'टीगियोडो' (रू भे)
(स्त्री० टूगियोडी)
टूच-स०स्त्री० [स० त्रोटि] १ चोच।
मुहा०—टूच घालणी, टूच देणी—बनते हुए कार्य मे विक्षेप डालना।
२ नोक, अनी. ३ देखो 'टूचको' (मह, रू भे)
रू०भे०—टाच।
टूचको-स०पु०—१ किसी वस्तु पर निकला हुआ या उभरा हुआ तीक्ष्ण भाग २ छोटा काष्ठ-खण्ड ३ पत्ते या फलादि का वह उपरि भाग जो वृक्ष या लता से सटा हुआ हो।
रू०भे०—टोचको।

महु०—टूच ।
टूचणो, टूचबो—देखो 'टाचणो, टाचवो' (रू भे)
टूचरी—स०स्त्री०—हथौडे के समान एक औजार जिसका आगे का भाग नुकीला होता है ।
टूचरो—स०पु०—देखो 'टूचको' (रू.भे)
टूचियोड़ो—देखो टाचियोडो' (रू भे)
(स्त्री० टूचियोडी)
टूट—स०स्त्री०—१ वात रोग से हाथ पैरो मे पडने वाली मोड.
२ एहसान, आभार ३ मारवाड मे होने वाले फोग नामक वृक्ष का एक रोग विशेष । उ०—जे कदास कुवाव पडै तो, हाथां बासण छूटजै । जाळो टूट मे ना काडै, भाग मरू रा फूटजै ।—दसदेव
टूटउ—देखो 'टूटो' (रू भे) उ०—सम्य समरहित केतउ घाव वचइ, दुब्बळ केतउ माचइ टूटउ केतउ लाखइ, सत्पुरख केतउ झखइ ?
—व स
४ नकल ।
मि०—टूटियो (१)
टूटियो—स०पु—१ बारात जाने के पश्चात् दूल्हे के घर पर औरतो द्वारा आपस मे रचा जाने वाला नकली विवाह. २ एक प्रकार का बुखार ३ देखो 'टूटो' (अल्पा, रू भे)
रू०भे०—ठूठियो ।
टूटी—स०स्त्री० [स० त्रोटि] १ पानी निकालने के लिए धातु की बनी मुडी हुई नली विशेष जिसे आवश्यकतानुसार खोली व बन्द की जा सकती है । वह पानी की नली के एक छोर पर कसी जाती है.
२ बरतन के लगी हुई वह नली जिसके द्वारा द्रव पदार्थ उडेला जाता है ।
टूटो, टूट्यौ—वि० (स्त्री० टूटी) १ हाथो से अशक्त या कटे हुए हाथ वाला व्यक्ति । उ०—लूला टूटा फेरत डोळा ।—जयवाणी
रू०भे०—टूटो ।
यौ०—टूटो-पागळो ।
अल्पा०—टूटियो, टूट्यो ।
२ देखो 'टूटियो' (१, २) (रू.भे)
टूड—स०स्त्री० [स० तुण्डम्] सुअर के मुँह का अग्र भाग, थूथन ।
उ०—आडा फिरिया साग उनागा, डडाळा बागी डकर । आधा हू उडता भड आवै, टूड तणी लागी टकर ।—महादान महडू
टूडाळ, टूडाहळ—स०पु० [स० तुण्डम्+आलुच्] सुअर, वराह (डिं को.)
टूडी—स०स्त्री०—१ वह ढलवा मार्ग जिस पर कुए से पानी खीचते समय बैल चलते हैं २ देखो 'टूडाळ' (रू भे.)
टूडो—स०पु०—पेंदा, तल ।
टूणो—देखो 'टाणो' ।
टूपणो, टूपबो—क्रि०स०—१ गला घोटना २ गर्दन मे रस्सी आदि डाल कर इस प्रकार कसना कि मृत्यु हो जाय, फासी देना. ३ किसी कार्य को कराने के लिए बाध्य करना ।
टूपियोडो—भू०का०कृ०—१ गला घोटा हुआ २ फासी दिया हुआ.
३ बाध्य किया हुआ ।
(स्त्री० टूपियोडी)
टूपियो—स०पु०—कठ का आभूषण विशेष ।
टूपो—स०पु०—हाथो या रस्सी से फासी देने की क्रिया ।
उ०—आपरै ऊ ऊ री आवाज सू साफ मालम होवती हो कै कोई आपरै टूपो देय रह्यो है ।—रातवासो
रू०भे०—टूपो ।
टूम—स०स्त्री०—१ आभूषण, गहना २ मजाक, हँसी, नकल ।
रू०भे०—टूम ।
टू—स०पु०—१ वाहन २ गणेश ३ डर, भय. ४ भार, बोझा ।
[स०स्त्री०] ५ दौड ६ मारवाड. ७ छाया (एका)
टूक—स०पु० [स० स्तोक] १ खण्ड, टुकडा । उ०—ढूकै नह गढ ढूकडा, अकबर रा उमराव । करै वीर गढ रा कवच, दोय टूक इक घाव ।
—वा दा.
महु०—टूकड ।
२ देखो 'टूक' (रू.भे) । उ०—१ टूकै टूकै केतकी, झरणै झरणै जाय । अरबुद की छबि देखता, और न आवै दाय ।—अज्ञात
उ०—२ बनस्पती पाखर बणी, वणिया टूक विहद्द । परा बिछूटै नीझरण, आयौ मद अरबुद्द ।—अज्ञात
३ देखो 'टुकडो' (३) (मह रू भे)
उ०—१ नागजी मालपूवै री टूक रे, वैरी जीम्या अडियो नै ताळवै ओ नागजी ।—लो गी.
उ०—२ चूल्हा आगै टाबर रोवै, टूक नाही वासी एक । छपना ओजू मत पडयो म्हारै देस ।—लो गी
टूकड़—१ देखो 'टुकडो' (मह रू भे)
२ देखो 'टूक' (१) (मह.)
उ०—तिल तिल हुइ टूकड, वेलै तुरमड, मच्छक तडफड तुच्छ जळं ।
—गु रू.व.
टूकियो, टूकीयो, टूक्यो—स०पु०—१ जोर से पुकारने के लिए किया जाने वाला शब्द २ देखो 'टूकियो' (रू भे)
टूकू—स०पु०—एक प्रकार का वस्त्र (व स)
टूट—स०स्त्री०—किसी वस्तु का वह भाग जो टूट कर अलग हो गया हो, खंड, टूटन ।
टूटणो, टूटबो—क्रि०अ० [स० त्रुट] झटके या दबाव के कारण किसी वस्तु का एक ही समय मे दो या अधिक भागो मे विभक्त हो जाना, खण्ड-खण्ड होना, टुकडे-टुकडे होना ।
यौ०—टूटो-फूटो ।
२ शरीर के किसी अग का उखड जाना, जोड ढीला पड जाना अथवा बेकाम हो जाना ३ निरन्तर चलते हुए क्रम का बन्द हो जाना । ज्यू—मायै सैंत री डोरी दे दी धार टूटणी नहीं चाइजै ।

मुहा०—पाणी टूटणो—पानी के श्रोत का बद हो जाना। कूए मे पानी कम हो जाना।
४ किसी ओर तीव्र गति से जाना, झपटना, धावा करना, आक्रमण करना। उ०—कूआ सामा आवता, डरै न अब रोळा। खेळ्या मे डूट्या पड़े, काळा दिन धोळा।—लू
मुहा०—टूट पडणी—झपटना, आक्रमण करना।
५ मेळ न रहना, सम्बन्ध विच्छेद हो जाना ६ कमजोर होना, क्षीण होना, दुर्बल होना ७ दरिद्र होना, दीन होना, कगाल होना। उ०—सो परगना रो ही टको मागै चाकरी जे करावै सो इण भात तो टूटता जावा छा।—गौड गोपाळदास री वारता
८ कम होना, घाटा पडना, हानि होना।
ज्यू—मिरचा रा व्योपार मे म्हारा ५००) रुपिया टूट गिया।
९ शरीर मे आलस्य का अधिक होना, दर्द होना, पीडा होना।
मुहा०—डील टूटणो—शरीर के अग अग मे पीडा होना.
१०—क्षय होना। उ०—टूटती अमावस री जण्यो।—जयवाणी
११ भग होना, विक्षेप होना। उ०—उणरै लावा कियोडा हाथ पर वळद करडी करडी जीभ फेरी अर उणरो ध्यान टूटो।—रातवासो
१२ अपने स्थान से अलग होना, दूर होना, स्थान भ्रष्ट होना।
उ०—करै सरवरा काचडा ? स्याळ किसूकी सीह। काधा सेथी टूट कर, जमी पडी वा जीह।—वा दा.
टूटणहार, हारो (हारी), टूटणियौ—वि०।
टूटिम्रोडो, टूटियोडो, टूटोडो, टूटो, टूटचोडो—भू०का०कृ०।
टूटियोडो, टूटोडो, टूटचोडो, टूटो—भू०का०कृ०—१ टूटा हुआ, खडित, भग्न. २ शरीर का वह अग जो बेकाम, उखडा हुआ अथवा जोड मे से ढीला पडा हुआ हो ३ निरन्तर चलता हुआ वह क्रम जो बन्द हो गया हो. ४ झपटा हुआ, धावा किया हुआ, आक्रमण किया हुआ ५ विच्छेदित सम्बन्ध, टूटा हुआ मेल ६ कमजोर बना हुआ, क्षीण, दुर्बल ७ दरिद्र बना हुआ, दीन, कगाल. ८ वह कार्य या व्यापार जिसमे हानि हुई हो, घाटा पडा हुआ ९ आलस्य से पीडित बना हुआ। १० क्षय हुवा हुआ। ११ भग हुवा हुआ, विक्षेप हुवा हुआ। १२ अपने स्थान से अलग हुवा हुआ, दूर हुवा हुआ, स्थान भ्रष्ट हुवा हुआ। १३ देखो 'तूटियोडो'—(रू भे)
(स्त्री० टूटिम्रोडी, टूटी, टूटोडी)
टूटो-फूटो—वि०यौ०—टूटा-फूटा, भग्न, खडित।
टूंपो—देखो 'टूपी' (रू भे)
टूम—देखो 'टूम' (रू भे)
उ०—आप इनायत कीधी तिके पार्या, पिण माईजी म्हासू घणी महरवानी फुरमावै छै नै आप वाघेलजी रै महल पधारिया तरै सगळी टूमा (गैणो) मगावणी पडसी।—जादेव पवार री वात
टूमणढामण—देखो 'टामण-टूमण' (रू भे)
टूर—स०पु०—१ अधिक बच्चे (शेखावाटी) २ बहुत अधिक अफीम खाने वाला, अफीमची।
वि०—१ अतिवृद्ध २ मूर्ख।
टूलियो, टूळो—स०पु०—तनेदार करील का वृक्ष। उ०—तिण ऊपर घणा वडा पीपळा बोर बकायण नीव नाळेर आवा आवली सीसू सरेस खेजड जाळ आसापाळो, खिजूर गूदी लेसूडो केसूलो खिरणी मोळसिरी फरवास रायसेण महुवा ढाक कुभरा फोकर टूळा झूकने रह्या छै।—रा सा स.
टूव्हणो, टूव्हवो—देखो 'टीगणो, टीगवो' (रू भे)
उ०—सांट वळद हळ खोल्ह जाट री ढाणी जोवै, नासै टूव्हे निलज खास अपणू घर खोवै।—ऊ का
टूव्हियोडो—देखो 'टीगियोडो' (रू भे.)
(स्त्री० टूव्हियोडी)
टें—स०स्त्री० (अनु०) १ तोते की बोली, तोते की आवाज २ बकवाद, बकझक।
मुहा०—टें टें करणी—बकवाद करना, व्यर्थ बोलना।
यौ०—टें टें।
टेंकिका—स०स्त्री० [स०] ताल का एक मुख्य भेद।
टेंकी—स०स्त्री० [स०] १ एक प्रकार का नृत्य. २ शुद्ध राग का एक भेद।
टेंगण—स०पु०—१ ऊट (व्यग्य) २ देखो 'टैगण' (रू भे.)
टेंट—स०पु०—करील वृक्ष का फल (क्षेत्रीय)
वि० [अ० टाइट] मजबूत, जमा हुआ।
टेंटुम्रो, टेंटुवो—स०पु०—गर्दन के आगे उभरी हुई गाठ (कठ), स्वरयत्र।
रू०भे०—टेंटुम्रो, टेंटूवो।
टेंलम्रो, टेंलयो—देखो 'टें'लवो, टें'लियो' (रू भे)
टे—स०स्त्री०—१ स्त्री २ पक्षी (एका)
टेक—स०स्त्री०—१ हठ, जिद्द। उ०—१ सो सुणता ही भावी रै प्रमाण बारुणी रै वसीभूत हुवै समुद्रसिंघ विपरीत व्यवहार वतावण री टेक गही।—व भा
उ०—२ आखू न कही मानी न एक, कोप्यो नवाब नहि तजी टेक।
—ला रा
मुहा०—टेक झेलणी, टेक पकडणी—हठ पकडना, जिद्द पर अडा रहना।
२ प्रण, प्रतिज्ञा। उ०—१ आहुई वडो राठौड विसरामिया, तज गया दूसरा न सायत टेक। हसत नित वरीसण नको इळ रायहर, हसत बध कवि नही जग मैं हेक।—द्वारकादास दधवाडियो
उ०—२ इण विध चिहुवै टेक उतारू। असुर विलंद तदि जीव उवारू।—सू प्र उ०—३ अकबर जिसा अनेक, आहव अड अनेक अरि। असली तजै न एक, पकडी टेक प्रतापसी।—दुरसो आढ़ो
मुहा०—टेक निभाणी—सकल्प से नहीं टलना, प्रण के अनुसार कार्य करना, प्रतिज्ञा पूरी करना।

३ मान, प्रतिष्ठा। उ०—कोई वीर पुरख नीद में सूतो हो—इतरै दुसमण ऊपर आय गया तिका नै वीर री स्त्री कहै छै—रे नींद मे सूतो देख इण आपरी टेक आन रा निभावण वाळा नै थे मत छेडो, पुळ जावो।—वी.स टी

उ०—२ आपणै आपणै भेख की, सब कोई राखै टेक। निगम निसाणी एक है, गोळ दाज अनक।—सतवाणी

उ०—३ जगपति कुण थारी गति जाणै, अकळि तुहारी एक अनेक। जुध वाहिरो जगत सहि जीतो, नू राखै भगता री टेक।—पी ग्रं

मुहा०—१ टेक रैणी—बात निभ जाना, इज्जत रह जाना.

२ टेक राखणी—बात को निभा लेना, लज्जा रख लेना।

५ गीत की वह प्रारम्भिक पंक्ति जो बार बार गाई जाती है, पद या टुकड़ा, स्थायी ६ आश्रय, अवलम्ब।

टेकडो—देखो 'टेगडो' (रू भे)

टेकणौ, टेकबौ—क्रि०स०—तन्मय करना, मन लगाना, चित लगाना।

उ०—थे सारा अठै बैठिया टको भरो, दुख पावो, राज तौ छुटियो परगना उपर जीव टेकियो।—गौड गोपाळदास री वारता

२ स्थित करना, टिकाना, रखना। उ०—तिण समै सको देखै छै सरवहियो जैसो पातसाह ऊभो छो तठो नाखिया सु घोडै हाथी रै दातूसळा पग टेकिया।—नैणसी

३ अन्दर डालना, पैठाना, घुसाना ४ किसी पकडी हुई वस्तु को छोड देना, गिराना, डालना, फेंकना। ज्यू—उणां रै समै मे कबूतरा नै रोजीना की सवामण जवार टकीजती।

५ एक वस्तु को दूसरी वस्तु मे मिलाना, छोडना, डाल देना। ज्यू—ओ घाची भूठ बोलै, इणरै दूध मे जरूर पाणी टेकियोडो है, पाव घी टेकियोडो दाळ तो सवाद हुं तो सवाद हुंला इज।

६ किसी के जिम्मे छोड देना, थोपना, भार डाल देना

ज्यू—ये तो थारै आळो काम भी म्हारै माथै टेक दियो। इण काम रो सैंग खरचो म्हारै माथै टेक दियो ७ लगाना, उपयोग करना

ज्यू—इण व्योपार मे पाच हजार री रकम टेकियोडी है।

८ थकान दूर करने अथवा श्रम से बचने के लिए किसी वस्तु के सहारे शरीर पर लदे हुए बोझ या भार को रखना या टिकाना

९ सहारे आदि के लिए किसी अग को टिकाना, ठहराना, रखना.

१० सहारे के लिए थामना, पकडना। ज्यू—भाखर रो चढाव ऐंडो कोजो है के हाथ टेक टेक'र चढणो पडियो।

उ०—निनाण करती उणरी मा आमगी अर कस्सी रै हिचकी टेक नै ऊभी हुंगी।—रातवासो

टेकणहार, हारो (हारी), टेकणियो—वि०।

टेकवाडणो, टेकवाडबो, टेकवाणो, टेकवाबो, टेकवावणो, टेकवावणो, टेकाडणो, टेकाडबो, टेकाणो, टेकाबो, टेकावणो, टेकावबो—प्रे०रू०।

टेकिओडो, टेकियोडो, टेक्योडो—भू०का०कृ०।

टेकीजणो, टेकीजबो—कर्म वा०।

टिकणो, टिकबो—अक० रू०।

टेकर, टेकरी—सं०स्त्री०—छोटी पहाडी, टीला।

टेकलो—वि०—अपनी आन-मान पर मर मिटने वाला, अपना प्रण निभाने वाला। उ०—घर घर वैर वसाविया दिन दिन लूवे धाड। हेनी मो धव टेकलो, जडै न धाम किवाड।—वी स

टेकाण—स०पु०—किसी गिरने वाली छत, धरन आदि को सभालने के लिए उसके नीचे खडी की जाने वाली लकडी।

टेकियोडो—भू०का०कृ०—१ मन लगाया हुआ स्थित किया हुआ

२ टिका हुआ, रखा हुआ स्थित किया हुआ. ३ अन्दर डाला हुआ घुसा हुआ, पैठा हुआ ४ पकडी हुई वस्तु को छोड दी गई हो, गिराई हुई, डाली हुई, फेंकी हुई ५ दूसरी वस्तु मे मिलाई हुई, छोडी हुई, डाली हुई ६ किसी के जिम्मे छोडा हुआ, थोपा हुआ, भार डाला हुआ ७ लगाया हुआ, उपयोग किया हुआ.

८ किसी वस्तु का सहारा लिया हुआ. ९ सहारे के लिए अग का टिकाया हुआ, ठहराया हुआ, रखा हुआ. १० सहारे के लिए थमा हुआ, पकडा हुआ।

(स्त्री० टेकियोडी)

टेको—स०पु०—१ वह बडा और मोटा रस्सा जो प्राय गाडियो से सामान ढोने पर कसने के काम आता है। उ०—टेका कढिया बाध, टोवता घर पर आखो। फोगा हुदो फसल, गरीबा गायक लाखो।

—दसदेव

२ देखो 'टाको' (४, ५) (रू.भे)

३ देखो 'ठेको' (६) (रू भे)

उ०—प्रोहित की असवारी पीछोले आई। अलबेली नायका कै मन भाई। अलबेलिया असवार घोडा खिलावै छै, पाच पांच बरछी का टेका दिरावै छै।—बगसीराम प्रोहित री वात

४ आवेष्टन बन्धन। उ०—रावजी फूल महल मे पोढिया। जरै पघ आख मिळी, घोर निकळी सुणी तरै रजपूता आय नै रेसमी डोर धो आटा लिया। गिरिया बिचै नै गळा बिचै एक सरीखा टेका लिया

—राव रिणमल री वात

टेगडियो, टेगडो—स०पु० (स्त्री० टेगडी) कुत्ता, श्वान।

रू०भे०—टेकडो।

अल्पा०—टेगडियो।

टेटुवो—देखो 'टेंटुओ' (रू भे)

टेटूणी—स०पु०—बर्तन विशेष (शेखावाटी)

टेटो—देखो 'टाटो' (२) (रू भे)। उ०—टेटो कटता ठाकरा, वजै केम वारूह। बा'रू रण री वाजिया, निकळै पग नारूह।

—रेवतसिंह भाटी

टेडो—वि० (स्त्री० टेडी) १ जो सीधा न हो, इधर-उधर झुका हुआ हो, जो लगातार एक ही ओर को न गया हो, वक्र, कुटिल।

मुहा०—टेढी सुणाणी—देखो 'टेढी सीदी सुणाणी'
२ टेढी सीदी सुणाणी—भली-बुरी कहना, फटकारना, डाटना।
यौ०—टेढो-मेढो।
२ जो बिलकुल सीधा न हो गया हो, किसी एक ओर झुक गया हो अर्थात् आधार पर समकोण बनाता हुआ न गया हो, तिरछा
३ जो मुश्किल, कठिन या पेचीदा हो, जो सरल न हो.
मुहा०—टेढी खीर—दुष्कर कार्य, कठिन कार्य।
४ जो उद्दण्ड हो, गँवार हो, जो शिष्ट न हो, उग्र हो।
मुहा०—१ टेडो पडणी, टेडो होणो—कठोरता लाना, क्रोधित हो जाना उग्र होना, अकड जाना।
२ टेडो टेडो हालणी—स्वभाव मे कठोरता लाना, व्यवहार ठीक नही करना, अकडना, ऐंठना।
३ टेढी बात—कटु वाक्य, व्यग्यात्मक वाक्य, जो बात सीधी न हो।
रू०भे०—टेढो।

टेढ़—स०स्त्री०—१ वक्रता, तिरछापन, टेढापन. २ गँवारपन, उजड्डपन, अकड।
मि०—बाक।

टेढ़विडगो, टेढवेढ़गो—वि०—बेढगा, बेडोल, टेढा-मेढ़ा।

टेढ़ाई—स०स्त्री०—टेढा होने का भाव, वक्रता।

टेढ़ापण—स०पु०—टेढा होने का भाव।

टेढ़ो—देखो 'टेडो' (रू भे')। उ०—फंटा छोगाळा खाधा सिर फावै, टेढा डोढा ह्वै डिगतो नभ ढावै।—ऊ.का

टेणो, डेवो—क्रि०स०—चूल्हे पर चढ़ाना।
उ०—बावो ल्यायो मोठ बाजरी, मायड बैठ'र छुळक्यो। पाडोसण घर लूण मगायो, भरके हाडो टेयो।—लो गी

टेपो—वि० (ब० व० टेपा) मिलन की आशा मे मुडा हुआ (कान)
उ०—अणमणो करिया टेपा कान, चोवटे ऊभो हेकल साड।
—साझ

टेभो—स०पु०—सुअरनी का बच्चा, छोटा सूअर।

टेर—स०स्त्री०—१ शब्द, आवाज (ह.ना) २ बुलाने का ऊँचा स्वर
३ गाने मे ऊँचा स्वर।
क्रि०प्र०—लगाणी।
मि०—टेक (५)
४ पुकार, प्रार्थना, रट। उ०—पचाळी बेर वधायो पल्लव, करता टेर सिहाय करी।—र ज प्र
क्रि०प्र०—करणी, लगाणी।
मुहा०—टेर लगाणी—अनुनय-विनय करना, प्रार्थना करना।

टेरणो, टेरबो—कि०स०—१ पुकारना, प्रार्थना करना, रट लगाना।
उ०—पिया मोहि दरसण दीजै हो। बेर बेर मै टेरहु, अहे क्रिपा कीजै हो।—मीरा
२ ऊँचे स्वर से गाना, तान लगाना ३ ऊँचे स्वर से बुलाना।
४ किसी वस्तु को दीवार मे लगी कील या पेड की शाखा या किसी भी आधार से अधर मे लटकाना। उ०—हळथळ बाखळ में बळ बळ थळ हेरै। टणमण टोकरिया बळधा गळ टेरै।
—ऊ का.

टेरियोडो—भू०का०कृ०—१ प्रार्थना किया हुआ, पुकारा हुआ, रट लगाया हुआ. २ ऊँचे स्वर मे गाया हुआ, तान लगाया हुआ
३ ऊँचे स्वर से बुलाया हुआ ४ अधर मे लटकाया हुआ।
(स्त्री० टेरियोडी)

टेरो—स०पु०—किसी गाढे पेय पदार्थ अथवा ऐसे ही घोल की पडने वाली बूद।
वि०—१ मूर्ख, अविवेकी।
उ०—ढीलो मूडो मेलं ढेरा, टिकगा पाणी पीवण टेरा। डळा उठै कर दीधा डेरा, चाटै हिळगा चाटण चेरा।—ऊ का.
[स० टेर वलिर् केकरौ इति रभस] २ ऐचाताना, भेगा।
यौ०—वाडो-टेरो।

टेव—स०स्त्री० [स० स्थापयति, प्रा० ठवइ] १ आदत, बान।
उ०—रामति नी छइ मू घणी टेव। गरुया सघ नी नितु करउ सेव।
—चिहुगति चउपई
क्रि०प्र०—पडणी।
मुहा०—टेव टाळणी—शौचादि से निवृत्त होना।
कहा०—टाट्या नी टाट जाय, टेव नी जाये—शिर का गजापन दूर होने पर भी खुजलाने की आदत नही जाती है अर्थात् बुराई दूर होने पर भी बुरी आदतो का जाना सम्भव नही।
२ अभ्यास।
क्रि०प्र०—पडणी।
३ प्रकृति, स्वभाव। उ०—कुमर परीक्षा जोइवा, आयो तिहा वन देव। रूप कियो वग्गर तणो, तज पूरवली टेव।—वि कु
क्रि०प्र०—पडणी।
रू०भे०—ठेव।

टेवकी—स०स्त्री०—१ (एकमात्र) सहारा।
उ०—१ आ बात तै कैयी जकी ठीक, पण छोरो-ई हुवै। छोरो घर-रो चानणो, घर-री टेवकी हुवै।—वरसगाठ
उ०—२ तीनू घरा-मे वो अेक-अी तुरक-रो दातण, घर-री जा'ज, घर-री टेवकी हो।—वरसगाठ
२ मदद, सहारा।
३ किसी कार्य के निमित्त उकसाने का भाव।
मुहा०—१ टेवकी देणी (रखणी)—प्रेरित करना, उकसाना।
२ टेवकी सरकाणी—देखो 'टेवकी देणी'।
४ द्वार पर के चौड पत्थर के नीचे लगाया जाने वाला पत्थर।

५ किसी पदार्थ विशेष के लुढकने या गिरने से बचाने के लिये उसके नीचे लगाई जाने वाली वस्तु, सहारा ।
क्रि०प्र०—दंणी, लगाणी ।
रू०भे०—ठेवकी ।
टेवको-स०पु०—सहारा । उ०—टेपरियो डागडी रै टेवकै डिगतो डिगतो घरै पूग्यो अर रभा नै भाबी माचा मे घाल नै घरै लेग्या ।
—रातवासो
टेवटियो, टेवटो-स०पु०—१ स्त्रियों के गले में पहनने का आभूषण विशेष । उ०—१ ओ जी ओ मनै रांमूडा रो टेवटियो घडा दे, मोरी माय, लूग्रर रमवा म्है जास्यू ।—लो गी
उ०—२ तीजी सखी मेरी पहर टेवटो, नथली मू रूप सवारघो । चौथी सखी मेरी चूनड ओढी, गळै मे मोतीडा रो हारो ।—लो.गी.
२ तीन परत या साथ का चौडा कपडा जो ओढने या धोती की जगह पहनने के काम आता है ।
मुहा०—टेवटै जाणो —शौचादि से निवृत होना ।
टेवो-स०पु० [स० टिप्पन] जन्म लग्न व राशि लग्न (कुडली) का वह पत्र जिसमे जातक के जन्म दिन की तिथि, वार, नक्षत्र, योग और करण के साथ जन्म का समय (इष्ट) घटी पलो मे अकित रहता है जिसके आधार पर जन्म-पत्रिका बनाई जाती है।
टेसण-स०पु० [अ० स्टेशन] १ रेलगाडी के ठहरने का वह स्थान जहा यात्री चढते-उतरते हैं, ठहरने का स्थान ।
रू०भे०—ठेसण, ठेहण।
टेसू-स०पु० [स० किंशुक] पलाश या ढाक का फूल ।
टेंगण-स०पु०—१ टट्टू २ देखो 'टेंगणो' (मह, रू भे)
टेंगणियो—देखो 'टेंगणो' (अल्पा., रू भे)
टेंगणो-वि० (स्त्री० टेंगणी) छोटे कद का, ठिगना, नाटा, बौना ।
रू०भे०—टीगणो, टेंगणो, टेणो ।
अल्पा०—टीगणियो, टेंगणियो, टेंगणियो ।
मह०—टीगण, टेंगण, टेंगण ।
टेंगार-स०स्त्री० [वि० टेंगारी] मद, अहकार, गर्व ।
उ०—थयू बूडे रे बापडा, कर कर टेंगार ।—जयवाणी
टेंगारी-वि०—अहकारी, अभिमानी ।
टेंटो-स०पु०—वट वृक्ष तथा पीपल वृक्ष का फल
२ ककडी का कच्चा फल ।
टै-स०पु०—१ भाई का लडका, भतीजा २ आकाश, नभ ३ धन, द्रव्य ४ भोजन, भक्षण. ५ शत्रु, दुश्मन ६ अधा ७ पुत्र का पुत्र, पौत्र (एका)
टैकस, टैक्स-स०पु० [अ०] कर ।
टैंगण—देखो 'टेंगणो' (मह, रू.भे)
उ०—अलल वचेरा ऊपरै, भूल न चढ़िया 'म्यार' थेट्ट रहिया याहरै, टैंगण घोडा तरार ।—दरजी मयाराम री वात

टैंगणो—देखो 'टेंगणो' (रू.भे)
टैंणियो-स०पु०—१ बर्तन विशेष (शेखावाटी)
२ देखो 'टेंगणो' (अल्पा, रू भे)
टैं'णी-स०स्त्री०—पेड के ऊपर की छोटी डाली, टहनी ।
रू०भे०—टहणी ।
टैं'णो—१ देखो 'टणो' (रू भे)
२ देखो 'टेंगणो' (रू भे)
(स्त्री० टैं'णी)
टैम-स०स्त्री० [अ० टाइम] समय, वक्त । उ०—१ नही तार नहि टैम है, नही बती मे तेल । आ चालै मन रै मतै, मारवाड री रेल ।
उ०—२ जो कोई बम्बोई गयो व्हैना वो जाणतो व्हैला कै भूलेसर रोड पर किसीक भीड रैवै । जिण मे फेर सुबै अर साझ री टैम तो पछै पूछणो ईज काई ।—रातवासो
यौ०—टैमो-टैम ।
टैमो-टैम-क्रि०वि०—ठीक समय पर ।
टैरको-स०पु०—१ किसी महत्वपूर्ण बात का संक्षिप्त सकेत ।
ज्यू—उण खास बात पूरी तो कही कोनी, थोडो सो'क टैरको नाखियो
क्रि०प्र०—नाखणो ।
२ नखरा, चमक-दमक ।
उ०—नीवडै नीबोळी पाकी, ढालू पाका कैर का । जोवनियो जातो रह्यो, तू मत जाइजै टैरका ।—अज्ञात
क्रि०प्र०—करणो, रखणो ।
३ व्यग्यात्मक वाक्य, कटु शब्द । ज्यू—वो तो टैरका देतो ईज बोलै ।
क्रि०प्र०—दैणो, न्हाखणो ।
४ घमड, अभिमान, गर्व । ज्यू—उणरी काई बात, वो तो पूरो टैरको राखै ।
५ गुस्सा, कोप, क्रोध ।
रू०भे०—टहरको ।
टैरणो—देखो 'अटेरणो' (रू भे) (शेखावाटी)
टैं'रियो—देखो 'टसरियो' (रू भे)
टैं'ल—देखो 'टहल' (रू भे)
यौ०—टैं'ल-बदगी ।
टैं'लणो, टैं'लबो-क्रि०अ०—वायु सेवन करना, घूमना, फिरना ।
रू०भे०—टहलणो, टहलबो ।
टैलवार—१ देखो 'टहलदार' (रू.भे) २ कसाइयो का एक नाम । (मा म)
टैलवो, टैलियो-स०पु०—टहलुआ, चाकर, नौकर, सेवक ।
रू०भे०—टैलुओ, टैलवो ।
टैं'लियोडो-भू०का०कृ०—वायु सेवन किया हुआ, घूमा हुआ ।
(स्त्री० टैं'लियोडी)

टोक–स०पु०—तलवार का सबसे नीचे वाला नुकीला भाग।

टो–स०पु०—१ नारियल २ लगन ३ चपक ४ चोटी. ५ दाँत ६ गुरु (एका)

टो'—देखो 'टोह' (रू.भे)

टोक–स०स्त्री०—रोकने अथवा मना करने की क्रिया या भाव।
यौ०—टोक-टाक, रोक-टोक।

टोकणी—देखो 'टोकणो' (अल्पा., रू भे, शेखावाटी)

टोकणो–स०पु०—धातु का बना बर्तन विशेष। उ०—१ एक गव गवती गऊ दीनो, अवर सुरही बाछिया। टोकणा ए चरु ए तबोळ दीन्या, कळस वेल सवाइया।—लो गी.
उ०—२ माडा तो पोवा लवभवा जी, तीवण तीस वतीस। घीवर नरवा टोकणां जी, जाळा पर कीजी खाड, राणी सोरठी।—लो गी
अल्पा०—टोकणी।

टोकणो, टोकवो–क्रि०स०—मना करना, निषेध करना, रोकना।
टोकणहार, हारो (हारी), टोकणियो—वि०।
टोकवाडणो, टोकवाड़वो, टोकवाणो, टोकवावो, टोकवावणो, टोकवाववो, टोकाडणो, टोकाडवो, टोकाणो, टोकावो, टोकावणो, टोकाववो—प्रे०रू०।
टोकिश्रोडो, टोकियोडो, टोक्योडो—भू०का०कृ०।
टोकीजणो, टोकीजवो—कम वा०।

टोकर–स०पु०—१ आभूषण विशेष। उ०—भाट था त्यानू घोडा, ऊट, कडा, मुरकी, टोकर दीन्हा।
—कुवरसी साखला री वारता
२ देखो 'टोकरो' (मह, रू भे) उ०—ताहरा रावळजी वाघ ऊदं नू बगसियो, ताहरा ऊदं लियो नै गळ टोकर बाधि-नै छोडि दियो कह्यो जी वाघ म्हारो छै।—ऊदं उगमणावत री वात

टोकरियो—देखो 'टोकरो' (अल्पा., रू.भे) उ०—रूपा रो टोकरियो जाणै रे।—जयवाणी

टोकरी–स०स्त्री०—१ वह थोडी सी जमीन जो किसी वडे तालाब के पास स्थित हो. २ देखो 'टोकरो' (अल्पा, रू भे)
रू०भे०—टोपली।

टोकरो–स०पु०—१ वडी डलिया २ देखो 'टकोरो' (रू.भे)
रू०भे०—टोपलो।
अल्पा०—टोकरियो, टोकरी।
मह०—टोकर।

टोकळ, टोकळो–स०पु०—१ वडी जू, यूका २ किसी मनुष्य के प्रति व्यग्य के रूप मे कहा जाने वाला शब्द।
वि०—मूर्ख।
मह०—टोकळ।

टोकियोडो–भू०का०कृ०—मना किया हुआ निषेध किया हुआ, रोका हुआ।
(स्त्री० टोकियोडी)

टोको–स०स्त्री०—शिखर, चोटी। उ०—१ काती भलं दाती फेरी, लासू वन रा वाउता। भाड जुगत लादा लदावं, डिगला टोको काढता।—दसदेव
उ०—२ गरव स्मृति पुराण, सुवाणो लागो सूची। अवड ऊजळं रूप, ऊघाडो टोको ऊची।—दसदेव

टोगड़—देखो टोगडो' (मह, रू.भे.)
यौ०—टोघड-टोळी।

टोगड़ियो, टोगड़ो–स०पु० [स० तोक = टोक] (स्त्री० टोगडी) १ गाय का बच्चा, बछडा।
मुहा०—टोगडा टाळणा, टोगडिया टाळणा—साथ छोड देना, पृथक हो जाना।
२ मूर्ख, गंवार।
रू०भे०—टोघडो।
अल्पा०—टोगडियो, टोघडियो।
मह०—टोगड, टोघड।

टोघड—देखो 'टोगडो' (रू भे) उ०—होली लागा रा डेरा ढळकाता। टोघड टुकडा रा डेरा खळकाता।—ऊ.का

टोघडियो—देखो 'टोगडो' (अल्पा, रू भे)

टोघडो—देखो 'टोगडो' (रू.भे.) उ०—आदू तिवार मे सुगन ओ, देव अमल विन दोघडा। आ रसम फंनाई अमलिया, तार न सोचं टोघडा।—ऊ का
(स्त्री० टोघडी)

टोचको–स०पु०—१ अगुलियो को मोड कर प्रहार करने का भाव २ व्यग्य, टोट ३ सिर, मस्तक (अल्पा) ४ देखो 'टूचको'। (रू.भे)

टोट–वि०—हृष्टपुष्ट, शक्तिशाली। उ०—भेजी लिख जुध भिडण री, राणी कनं रपोट। प्रबळ विचारी तै 'पता' टक्कर लैण री टोट।
—जुगतीदान देथो
३ देखो 'टोटो' (मह, रू भे.) उ०—परणाई पीळा पोतडा, मेली ऊभा कोट। एक सनेहीसा रा सायवा, काई थारै कागदिया रा टोट। ओळू घणी आवै रे म्हारा सैण, नीद नही आवै छै।—लो गी

टोटकाचारय–स०पु०—शकर स्वामी का एक शिष्य विशेष जिसने उत्तर मे जोशी मठ की स्थापना की थी (मा म)

टोटको–स०पु०—१ किसी बाधा या व्याधि आदि को दूर करने के लिए किया जाने वाला तन्त्र-मन्त्र का प्रयोग।
क्रि०प्र०—करणो।
२ जादू, टोना। उ०—टामण-टूमण टोटका, कर देखो सब कोय। छदं चालं पीव कै, आपै ही वस होय।—अज्ञात
क्रि०प्र०—करणो।

टोटलो–स०पु०—भुना हुआ चना। उ०—गवा-चिणा की घूघरडी,

रघाय, चिणा का ग्रूपर टोटला जी, म्हारा राज ।—लो गी
टोटी-स०स्त्री० [स० ग्रोटि] (बहु व० टोटिया) १ स्त्रियो के कान के नीचे के भाग मे पहनने का ग्राभूषण ।
यौ०—टोटी-झूमरा, टोटी-साकळी ।
देखो 'टोट' (रू भे)
उ०—दुरद पगा दोटीह, तैं टोटी इण वसत मैं । मुरधर री मोटीह, खत्रवट 'पता' खताय दी ।—जुगतीदान देथो
टोटी-झूमर, टोटी झूमरो-स०स्त्री०यौ०—स्त्रियो के कान के ग्राभूषण टोटी के साथ लगाया जाने वाला लटकन ।
टोटी-साकळी-स०स्त्री०यौ०—स्त्रियो के कान का ग्राभूषण ।
टोटो-स०पु० [स० ग्रोट] १ घाटा, हानि, नुकसान ।
उ०—पोडो उपेजो थो जिको राज ही माहो टोटो ग्रायो ।
—राठोड राजसिंघ री वारता
क्रि०प्र०—उठाणो, खाणो, झेलणो, पडणो, भुगतणो, सेणो ।
२ ग्रभाव, कमी । उ०—१ खोटं टोटं नग कणिया वीखरगी । माहव मोटं दुख जाटणिया मरगी ।—ऊ का.
उ०—२ कछु दोस नहीं कुवज्या नैं, वीरो ग्रपणा स्याम खोटा । ग्राप न ग्रावैं पतिया न भेजै, कागद का काईं टोटा ।—मीरा
क्रि०प्र०—ग्राणो, पडणो ।
कहा०—टोटा नी टापरी माये रात-दा'डा राड—ग्रभाव ग्रोर कमी जिस घर मे होती है वहा हर वक्त झगडा होता रहता है ।
३ एक प्रकार का वाद्य जो शहनाई ही की तरह का होता है ।
मह०—टोट ।
टोड-स०स्त्री०—१ युवा मादा ऊँट ।
स०पु०—२ ऊँट (बीकानेर) । उ०—१ झोक भरी छै म्हारी टोडिया जे, जे मै म्हारो गल्लै वाळो टोड, ग्रो क वरसं वरसोदण होळी पामणी जे ।—लो गी.
टोडकी, टोडडी-स०स्त्री०—१ मादा ऊँट । उ०—डायया टोडा टोडडी, लोपी नदी वनास । ग्राडो गैलो उलगिया, जद घण छोडी ग्रास ।
—लो गी
२ देखो 'टोडती' (रू भे)
टोडडो—१ देखो 'टोडियो' (रू भे.) उ०—ग्रै हाथी घोडा थारै, थारी वरोवरी म्हे करा स कोई ऊट टोडडा म्हारै, गिरधारी हो लाल ।
—लो गी
२ देखो 'टोडो' (ग्रल्पा, रू भे) । उ०—वायस वइठउ टोडडै, ऊडाडइ करि पाणि । 'माधव क्या हरि ग्रावसी ?' ग्रेम कहती वाणि ।—मा का प्र
टोडती-स०स्त्री०—ऊँट का मादा वच्चा । उ०—मेरो देवरियो चरावैं साड, करला गाजणा । टोडियो चरावैं, टोडती चरावैं, वो तो ल्यावैं-ल्यावैं घरा ग्रे चराय, माडया गरजणा ।—लो गी.
रू०भे०—टोडकी, टोडडी ।
टोडर-स०पु०—१ हाथी २ पुरुष के पैरो मे धारण करने का गोल स्वर्णाभूषण जो राजा द्वारा मान या प्रतिष्ठा के लिये दिये जाते थे ।
टोडरमल, टोडरमल्ल, टोडरमाल—देखो 'तोडरमल' (रू.भे)
टोडरो-स०पु०—स्त्रियो के पैरो मे पहनने का ग्राभूषण विशेष ।
उ०—१ विणजारा रै लोभी, लेज्या गळा केरो हार, वावें पग को लेज्या टोडरो, विणजारा रे ।—लो गी
उ०—२ ग्रेक सखी मेरी पहरी पायल, विछिया री रमझोळ । दूजी सखी मेरी पहर टोडरो, पिवजी नैं जाय दिखायो ।—लो गी.
टोडारू—देखो 'तोडारू' (रू भे)
टोडियो-स०पु०—ऊँट का वच्चा । उ०—मेरो देवरियो चरावैं साड, करला गाजणा । टोडिया चरावैं टोडती चरावैं, वो तो ल्यावैं ल्यावैं घरा ग्रे चराय, साडिया गरजणा ।—लो गी
रू०भे०—टोडडो, टोरडो, तोडडो ।
ग्रल्पा०—टोरडियो, तोडियो ।
टोडी-स०स्त्री०—१ सगीत की एक रागिनी विशेष (सगीत)
२ कूए के ऊपरी भाग मे लम्बाई की ग्रोर लगा हुग्रा पत्थर जो रहट की लाट के सिरे को टिकाये रहता है ३ पत्थर का वह भाग जो कुए के ग्रन्दर की ग्रोर ऊपरी सतह पर कुए की चुनी हुई दीवार से कुछ वाहर निकला हुग्रा होता है जिस पर वह पात्र रखा जाता है, जिसमे रहट से निकला हुग्रा पानी गिर कर ग्रागे नाली मे जाता है.
४ देखो 'टोड' (१) (रू भे)
उ०—ऊची-नीची सरवरिया री पाळ, जठै नै मिळै टोडी टोडडा । साथीडा रै चढण टोड, पावू धणी रै चढण केमर काळका ।
—पावूजी राठोड री गीत
टोडो-स०पु०—१ छज्जे के सहारे के लिए लगाया जाने वाला पत्थर ।
२ वच्चे मकान की चौडाई की दीवार का वह भाग जो टाट के सुभीते के लिए लवाई की दीवार से त्रिकोण के ग्राकार का ग्रधिक ऊचा किया जाता है ग्रोर जिस पर वडेर का छोर रक्खा रहता है । ये सख्या मे दो होते है ३ मकान के दरवाजे के वाहर ग्राड लिए वनाई गई दीवार ४ प्राय· घोडे के मुख के ग्राकार के काठ के करीव हाथ दो हाथ लवे डडे जो घर की दीवार के वाहर की ग्रोर पक्ति मे वढी हुई छाजन के सहारा देने के लिये लगाए जाते है ५ जमीन की सरहद वताने वाला पत्थर ।
टोणौ—देखो 'टोनौ' (रू भे)
टोणौ, टोवौ-क्रि०स०—१ ग्राखो मे ग्रजन डालना, सँवारना ।
उ०—इदु वदन गोखडा ऊभी, टोया काजळ टीवी । गळती रात पुकारै गोरी, वावहिया ज्यू वीवी ।—ग्रमरसिंह राठौड रौ गीत
२ देखो 'टोहणौ, टोहवौ' (रू भे)
टोनौ-स०पु०—कोई वाधा, व्याधि ग्रादि दूर करने या मनोरथ पूर्ण करने के निमित्त किया जाने वाला प्रयोग जो किसी ग्रलौकिक या दैवी शक्ति पर विश्वास कर के किया जाता है । मत्र-तत्र का प्रयोग ।

उ०—हूँ जळ भरने जात थी सजनी, कळस माथै धरचौ । सावरी सी किसोर मूरत, कछुक टौनौ करचौ ।—मीरा

क्रि०प्र०—करणौ, चलाणौ, मारणौ ।

रू०भे०—टुनौ, टोणौ, टोनौ ।

यौ०—जादू-टौनौ ।

टोप-स०पु० [स० ष्टुप् उच्छ्राये] १ युद्ध के समय शिर पर पहनने की लोहे की टोपी, शिरत्राण । उ०—तीन वेळा उपाड-उपाड खगार रै हाथ मे नाखिया । साहिब नू झटको वाह्यो सु टोप लाग टळियो । —नैणसी

पर्या०—उतवग-पनाह, सिरत्राण, सीरसक ।

२ शिर पर धारण करने की कपडे अथवा पशुओ की खाल से बनी टोपी ३ शिर पर धारण करने की टोपी विशेष जिसको साधारणतया सरकारी अफसर अथवा अमीर लोग धूप से बचने के लिए पहनते हैं ४ तरल पदार्थ की बूद ।

५ देखो 'टोपी' (मह, रू भे)

६ देखो 'टोपो' (मह रू भे)

टोपरउ-स०पु० [स० टोपपर] (उ.र)

टोपरौ-स०पु०—फल विशेष ।

उ०—सदाफळ अम्रितफळ फाळसा सकरलीवु कमळ काकडी सीघोडा, टोपरा ना फटका, कुकणा केळा ।—व स

टोपली-स०स्त्री०—१ डलिया, टोकरी ।

२ देखो 'टोपी' (अल्पा, रू भे)

३ देखो 'टोपाळी' (रू भे)

टोपलौ-स०पु०—१ बडी डलिया । २ देखो 'टोपो' (अल्पा., रू भे)

टोपसी—देखो 'टोपाळी' (रू भे)

उ०—आगरीया मे प्रतापजी कोठारी बोल्यो, स्वामीनाथ ! आप जोडा किस तरै करो छो । जद स्वामीजी एक टोपसी मे सपेतो हुतो इतलै वायरो वाज्यो ।—भि द्र.

टोपाळी-स०स्त्री०—नारियल की गिरी के ऊपरी कठोर भाग का आधा हिस्सा । उ०—रावळो डाग हाथ मे अर धणिया री ऊपर मैं'र पछै पूछणोई काई । हाजरिया नै आभो टोपाळी जितरो निजर आवतो । —रातवासो

वि०वि०—नारियल की जटा उतारने के पश्चात कठोर भाग को गिरी निकालने के लिए तोड कर प्राय' दो भागो मे विभक्त किया जाता है जो प्राय. कटोरी के आकार के होते हैं किन्तु नीचे से चपटे नही होते हैं । इन दो भागो मे से एक मे तो तीन छिद्र होते हैं किन्तु दूसरे भाग मे छिद्र नही होने के कारण इससे किसी वडे वर्तन मे से वस्तु को निकालने अथवा कोई चीज उसमे रखने तथा अन्य कई कार्यों के लिए प्रयुक्त किया जाता है ।

रू०भे०—टोपनी, टोपसी ।

टोपिया-स०स्त्री०—पगडी, टोपी (जैन)

टोपियौ-स०पु०—१ बर्तन विशेष (शेखावाटी) २ देखो 'टोपो' (अल्पा, रू भे)

टोपी-स०स्त्री०—सिर ढाँकने का आच्छादन, छोटा टोपा ।

क्रि०प्र०—उतारणी, पटकणी, पै'रणी, पै'राणी, फेंकणी, मेलणी, राखणी ।

मुहा०—१ टोपी उतारणी—बेइज्जत करना, कगाल करना २ टोपी पटकणी—बहुत प्रयत्न करना ३ टोपी पहन लेना, सन्यास ले लेना ४ टोपी पै'राणी—निर्धन कर देना, फकीर बना देना. ५ टोपी फेंकणी—उत्तरदायित्व छोड देना, जिम्मेवारी से दूर हो जाना ६ टोपी राखणी—इज्जत रखना, प्रतिष्ठा रखना

२ अनाज के ऊपर का छिलका ।

क्रि०प्र०—उतारणी ।

३ गोल आकार की कटोरीनुमा वस्तु, ढक्कन आदि ।

क्रि०प्र०—लगाणी ।

४ बदूक छोडने के लिए धातु की बनी वस्तु, पटाखा ।

क्रि०प्र०—चडाणी, चाढणी ।

यौ०—टोपीदार ।

५ लिंग का अग्र भाग ६ विष्णु मूर्ति का शिर का आभूषण.

अल्पा०—टोपली ।

मह०—टोप ।

टोपौ-स०पु०—१ छोटे बच्चो के शिर मे पहनाने की टोपी विशेष ।

२ देखो 'टपको' (रू भे)

उ०—या सारा मे सार छाण नै पीजै पाणी, गाळो गरणो राख करै जळ मे जीवाणी । टोपौ हो ढोळै मती, धरती बिना विचार । करणी नै करतूत रो, क्यौं न आवै पार ।—सगरामदास

३ रहट के काष्ठ के मध्य स्थभ के नीचे के भाग मे लगा हुआ लोहे का टुकडा ।

४ देखो 'टोयौ' (२) (रू भे)

वि०—खण्ड, टुकडा ।

टोय—आख का वह छोर जो कनपटी की ओर होता है । उ०—फूला रा चोस पैहरिया थका टोय अणियाळा काजळ ठासिया थका वाका नैणा री भोख ।—रा मा स

२ देखो 'टोह' (रू भे)

उ०—ठिकाणा रा चुगलखोर इणी टोय मे रैवता ।—वाणी

टोयोडौ—भू०का०कृ०—१ (आखो मे अजन आदि) डाला हुआ, सँवारा हुआ । २ देखो 'टोहियोडौ' (रू भे.)

टोयौ-स०पु०—स्त्री की योनि के दोनो किनारो के मध्य का उभरा हुआ मास २ लोहे की कील जो खैंगद की लकडी के मध्य बाहर निकली रहती है ।

रू०भे०—टोपो ।

टोर-स०स्त्री०—कटारी । उ०—पातसाह-परगह प्रघण, जमा सकै की जोर । धरजे धक धाराळ की, टरड निभावै टोर ।

—रेवतसिंह भाटी

टोरडियो—देखो 'टोडियो' (अल्पा, रू भे)

उ०—म्हारा काकोजी चरावै टोरडिया, म्हारा भाऊजी लावै छकियार।—लो गी

टोरडो—देखो 'टोडियो' (रू भे.)

उ०—साड टोरडया टोड, कोड कर काट किंटाळी। लफलफ लेत वुगाळ, सूत खेजडना डाळी।—दसदेव

(स्त्री० टोरडी)

टोरणो, टोरबो–क्रि०स०—१ पद-चिन्हो को पहिचान कर चोर को ढूढने के निमित्त पीछा करना।

२ देखो 'टोळणो, टोळबो' (रू भे)

टोराबाज–वि०—जो डीग हाकता हो, गप्पी, झूठा।

टोरियोडो–१ पद-चिन्हो को पहिचान कर चोर को ढूढने के लिये पीछा किया हुआ। २ देखो 'टोळियोडो' (रू भे)

(स्त्री० टोरियोडी)

टोरियो, टोरो–स०पु०—१ असत्य वात, तथ्य रहित वात, डीग, गप्प।

क्रि०प्र०—देणा, हाकणा।

२ टक्कर, प्रहार (गेंद पर)

क्रि०प्र०—ठोकणो, देणो, मेलणो।

यौ०—टोराबाज।

अल्पा०—टोरियो।

टोळ–स०पु० [स० प्रतोली, प्रा० टोल्ल] १ निवास-स्थान, घर।

उ०—१ भला ठाकुर मान करी, नवा गाम वासति। डूगर तणै नींझरणै तेणइ, ताणिया टोळ घसति।—नळ दवदती रास

उ०—२ सस मुनिंद जिणि पूरिय भूरिय हरि मनि जपु। टोळ टळवळइ रैवत दैवत मनि आकपु।—नेमिनाथ फागु

उ०—३ भवि भवसउ ते बोलइ बोनइ गिरिसिर टोळ। सहजिइ परभव भेदन वेदन वदन विलोळ।—नेमिनाथ फागु

२ सम्पूर्ण जाति का एक राग।

३ देखो 'टोळो' (मह, रू भे)

उ०—१ टूटा मत रह टोळ सै, राव भीड के बीच। एक अकेले मिनख कू, सूझै ऊच न नीच।—अज्ञात

उ०—२ कळपव्रछ री डाळ, पारस रो टोळ, मेरु री महर, दरियावा री छोळ।—दरजी मयाराम रा वात

उ०—३ बोल के कुबोल भगी, टोळ तू भयो।—ऊ का

टोळउ—देखो 'टोळो' (रू भे)

टोळगइ–स०स्त्री० [स० टोलगति] तीड के समान कूदते-कूदते वदना करने का बत्तीस दोषो मे से पाचवा दोष (जैन)

टोळणो, टोळबो–क्रि०स०—चलने के लिए प्रेरित करना, हाकना (पशुओ को) उ०—पण एक दिन ईसडो दईव सजोग हुवो सो म्होकमसिघ तो हिरण री सिकार मूळ वैठो थो अर साथ रो रजपूत हिरण टोळवा नै वन माहि पैठो थो।

—प्रतापसिघ म्होकमसिघ री वात

टोळणहार, हारो (हारी), टोळणियो—वि०।

टोळवाडणो, टोळवाडबो, टोळवाणो, टोळवाबो, टोळवावणो, टोळवावबो, टोळाड़णो, टोळाडबो, टोळाणो, टोळाबो, टोळावणो, टोळावबो—प्रे०रू०।

टोळिओडो, टोळियोडो, टोळयोडो—भू०का०कृ०।

टोळीजणो, टोळीजबो—कर्म वा०।

टोरणो, टोरबो—रू०भे०।

टोळाटाळ–स०पु०—वह जैन साधु जो वदचलनी के कारण किसी दल से निष्कासित कर दिया गया हो।

टोळाटोळ–स०पु०यौ० (अनु०) भीड-भडक्का। उ०—नगर माहि निरखइ सहू, हूउ हाल कल्लोळ। टळवा किहि तिल को नही, जिहि तिहि टोळाटोळ।—मा का प्र

टोळियोडो–भू०का०कृ०—चलने के लिए प्रेरित किया हुआ, हाका हुआ।

(स्त्री० टोळियोडी)

टोळी–स०स्त्री०—१ समुदाय, झुण्ड समूह, मडली, जत्था, सघ, टुकडी।

उ०—१ तठा उपरायत देसोत राजान आपरा टोळी मजल रा जुवान लिया विराजमान हुवा छै।—रा सा स.

उ०—२ रातू दे रोडो लूला खोडा दुखियारा दीसदा है। झोळी झडकावै पोळी पावै टोळी सू टाळ दा है।—ऊ का

२ पक्ति, कतार। उ०—लागै घणी लुभावणी, टोवा री टोळीह। जाणक जोवण री प्रकृति, घड री घड खोलीह।—लू

टोळो–स०पु०—१ पशु विशेष का समूह (ऊट, गाय, मादा ऊट, हरिन)

२ समूह, झुण्ड। उ०—मऊ रा टोळा रा टोळा सहर कानी आग्या जा रह्या हा।—रातवासो

३ अनगढ वडा पत्थर। उ०—पाण मरकट हुनस गुरज रिम सिर पडै। झट कुलस हूत गिर जाण टोळा झडै।—र रू

४ घर (नळदवदती रास)

वि०—मूर्ख, गवार।

रू०भे०—टोळउ।

मह०—टोळ।

टोवण–स०स्त्री०—ऊट की नाक मे लगी काष्ट की लकडी पर लगा हुआ सूत का बना गोल घेरा (नाकी), जिसमे ऊट को बाधने या हाकने के लिए रस्सी बाधी जाती है।

टोवा-रव–स०पु०—ध्वनि, आवाज ? उ०—गोडीरव गैमरा जूह वहता तळ जोडा। घटारव पक्खरा हुय हिंसारव घोडा। टोवा-रव टिगटिगै गोम गैणारव गज्जै। गुजारव भेरिया धनक टकारव वज्जै।

—गु.रू व.

टोवाळी—देखो 'टवाळी' (रू भे)

टोह–स०स्त्री०—१ ध्यान, सजगता, तकन।

क्रि०प्र०—गाळणी, लगाणी।

२ खोज, तलाश।

क्रि०प्र०—मिळणी, राखणी, लगणी, लगाणी, लागणी, लैणी ।

मुहा०—टोह मे रैणी—खोज में रहना, तलाश मे रहना ।

३ खबर, पता ।

क्रि०प्र०—मिळणी, राखणी, लगणी, लगाणी, लागणी, लैणी ।

रू०भे०—टो', टोय।

टोहणो, टोहवो—क्रि०स०—१ दर्द के स्थान पर बार-बार सेक करना. २ दर्द के स्थान पर आक का दूध लगाना ।

रू०भे०—टोणो, टोवो ।

टाहियोडो—भू०का०कृ०—१ दर्द पर सेका हुआ. २ दर्द के स्थान पर आक का दूध लगाया हुआ ।

(स्त्री० टोहियोडी)

टौंस—स०स्त्री० [स० तमसा]- एक छोटी नदी जो अयोध्या के पश्चिम से निकल कर गगा मे मिलती है । इसी नाम की एक दूसरी नदी जो मैहर के पास कैमोरे के पहाड से निकल कर रीवा मे होती हुई इलाहबाद और मिर्जापुर के बीच गगा मे मिलती है ।

टौ—स०पु०—१ छत्र. २ वैल ३ समुद्र ४ पुरुष ५ दावानल. ६ नीति (एका)

टौनौ—देखो 'टोनो' (रू भे) उ०—भ्रकुटि कुटिल चपळ नैण चितवन से टौना, खजन अस मधुप मीन मोहे अगछौना ।—मीरा

ट्ठिइयास—वि० [स० स्थितिका] स्थिति वाली (जैन)

ठ

ठ—संस्कृत, राजस्थानी व देवनागरी वर्णमाला मे बारहवां व्यञ्जन जो टवर्ग का दूसरा वर्ण है। यह मूर्द्धन्य-स्पर्श व्यञ्जन है। इसके उच्चारण मे जिह्वा का अग्र भाग किंचित् मुड कर कठोर-तालु को स्पर्श करता है। यह अघोष महाप्राण है।

ठ-सं०पु०—१ शरद. २ पानी. ३ मदिरा. ४ अमृत. ५ वसत. ६ छिद्र (एका)
वि०—निर्मल (एका)

ठठ-वि० [सं० स्थाणु] सूखा हुआ या शाखाओ कटा हुआ (पेड), ठूंठा।
रू०भे०—ठठो।

ठठण—देखो 'ठण' (रू भे)
यौ०—ठठणपाळ।

ठठणपाळ-वि०यौ०—मूर्ख, गंवार। उ०—अक्षर भेद न जाणै मूढ, चाल रह्यौ छै कुळ री रूढ। ठोठ महारक ठठणपाळ।—जयवाणी

ठठाणौ, ठठाबौ-क्रि०स०—१ दूसरे का माल हडपना या अधिकार मे करना २ (वस्त्रादि) धारण करना (व्यग्य के रूप मे कहा जाता है)
ठैठाणौ, ठैठाबौ—रू०भे०।

ठठायोडौ-भू०का०कृ०—१ हडप किया हुआ, अधिकार मे किया हुआ. २ धारण किया हुआ।
(स्त्री० ठठायोडी)

ठठारी-सं०स्त्री०—जुकाम, ठंड, सर्दी। उ०—ठठारी लग जाय, डील करडौ पड जावै। आवै अळगो ओग, ऊकळै ताव तपावै।—दसदेव

ठठारु, ठठारौ, ठठारौ—देखो 'ठठारौ' (रू भे.)
उ०—१ तबोळी सुथार ठीक भैसात ठठारु।—ध व.ग्र.
उ०—२ राघण भटियारा कठियारा रे, भरावा कसारा ठठारा।
—जयवाणी

ठठियो-सं०पु०—सूखी लकडी, पेडी मात्र।

ठठेरणौ, ठठेरबौ-क्रि०स०—१ झटकना, हिलाना २ मारना, प्रहार करना।
ठठोरणौ, ठठोरबौ, ठठेरणौ, ठठेरबौ, ठठोरणौ, ठठोरबौ, ठमठोरणौ, ठमठोरबौ—रू०भे०।

ठठेरियोडौ-भू०का०कृ०—१ झटकाया हुआ, हिलाया हुआ २ मारा हुआ, प्रहार किया हुआ।
(स्त्री० ठठेरियोडी)

ठठेरौ—देखो 'ठठारौ' (रू भे.) उ०—पके ठूठिया ईंट, चूनौ, सुरखी हुळकी फूल घुट। ठठेरा लुहार सारा, लोह चढावै लाल चुट।
—दसदेव

ठठो—देखो 'ठठ' (रू भे)

ठठोरणौ, ठठोरबौ—देखो 'ठठेरणौ, ठठेरबौ' (रू भे)

ठठोरियोडौ—देखो 'ठठेरियोडौ' (रू भे)
(स्त्री० ठठेरियोडी)

ठड-सं०स्त्री०—जाडा, शीत, सरदी।
क्रि०प्र०—पडणी, लागणी, होणी।
मुहा०—१ ठंड पडणी—सर्दी का फैलना, शीत बढना।
२ ठड लगणी, लागणी—जुकाम हो जाना, सर्दी लग जाना, ठड का अनुभव होना।
रू०भे०—ठढ।

ठडक-सं०स्त्री०—१ शीतलता। उ०—उण नै आपरा सरीर पर ठडक मालम हुई। वो जाग्यो तो देख्यो मेह वरसण लागग्यो है।
—रातवासो
२ मनोरथ की पूर्ति या मनचाही वस्तु की प्राप्ति से होने वाला सतोप।
क्रि०प्र०—पडणी, वापरणी।
३ उष्णता की शान्ति, जलन या उष्णता की कमी, तरी।
क्रि०प्र०—आणी।
४ किसी महामारी, हलचल या उपद्रव की शान्ति।
क्रि०प्र०—पडणी।
५ देखो 'ठड' (रू भे)

ठडकार-सं०पु०—ठडा मौसम, शीतल, ठडा।

ठडाई-सं०स्त्री०—१ शरीर की उष्णता शान्त करने तथा तरी लाने का मसाला या दवा।
क्रि०प्र०—घोटणी, पीणी।
२ शीतलता।
रू०भे०—ठढाई।

ठडिल, ठडिल्ल—देखो 'थडिल' (रू भे.)

ठडी-सं०स्त्री०—१ शीतला. चेचक (शेखावाटी)
क्रि०प्र०—टमकणी, ढळणी, निकळणी।
२ देखो 'ठड' (रू भे)
उ०—ठंडी सेज हरम्मावती, ठडा वसन तमाम। पोस भई वेहोस मे, घर ना सिर का स्याम।—लो गी
रू०भे०—ठढि।

ठडोडौ—देखो 'ठडौ' (अल्पा.)
(स्त्री० ठडोडी)

ठडोळ—देखो 'ठाडोळ' (रू भे)

ठडौ-वि० [सं० स्तब्ध] (स्त्री० ठडी) १ शीतल, सर्द। उ०—सियाळा मे वारणा वद किया पछै जाणै गुफा मे घुस्या अर ऊनाळा री जिकी ठडी-ठडी लै'रा आवै कै वैठा-वैठा नै नींद आय जावै।—रातवासो
क्रि०प्र०—करणी, होणी।

मुहा०—१ ठडै ठडै—सूर्य की गर्मी बढ़ने से पहले, सवेरे, तडके । अथवा सूर्य की गर्मी के घटने के बाद का समय, सायकाल ।
२ ठडी सास भरणी, लैणी—मानसिक उद्वेग या दुख के कारण जोर से सास खीचना या सास छोडना ।
यौ०—ठडो-टीप, ठडो-ठरियो, ठडो-ताव, ठडो-पौ'र, ठडो-मीठो, ठडो-वासी, ठडो-हेम ।
२ जो प्रज्वलित न हो, बुझा हुआ. ३ जिसमे आवेश न हो, जो क्रोध नही करता हो ।
मुहा०—१ ठडी माटी रौ—शान्त, गम्भीर, ढीला.
२ ठडो करणौ—क्रोध शान्त करना, ढाढ़स देना. ३ ठडो-मीठो करणौ—क्रोध शान्त करना, चुप करना ।
४ नामर्द नपुसक. ५ जिसमे चचलता, स्फूर्ति तथा उत्साह की कमी हो ६ जो विरोध नही करे, इच्छा के प्रतिकूल कार्य होने पर भी हाथ पैर नही हिलाए, सुस्त, कमजोर ।
मुहा०—ठडै ठडै—बिना कुछ बोले, चुपचाप ।
७ मरा हुआ, प्राणरहित ।
मुहा०—१ ठडो करणौ—मार डालना, समाप्त कर देना २ ठडो पडणौ—समाप्त हो जाना, मर जाना, जोश समाप्त हो जाना.
३ ठडो पाडणौ—देखो 'ठडो करणौ'
४ ठडो राखणौ—देखो 'ठडो करणौ'
५ ठडो होणौ—देखो 'ठडो पडणौ'
स०पु०—शीतला को प्रसन्न करने के लिये बनाया हुआ भोजन जिसे पहले दिन बना कर दूसरे दिन खाया जाता है ।
उ०—माताजी चमकिया देस मे, ठडो रादो ओ, हालरिया री माय ।
—लो गी.

रू०भे०—ठढ़ो ।

ठडो-ठरियो, ठडो-वासी—वि०यौ० (स्त्री० ठडी-ठरी, ठडी-वासी) वह भोजन जो ताजा न हो, एक या एक से अधिक दिन पहले बना हुआ भोजन ।
रू०भे०—ठाडो-ठरियो, ठाढो-ठरियो, ठाढो-वासी ।

ठडो-ताव—स०पु०—शीत ज्वर ।

ठडो-पौ'र—स०पु०यौ०—सूर्योदय के पश्चात् व सूर्यास्त से पूर्व का वह समय जब गर्मी अधिक नही । उ०—ठडा-पौ'र री टैम ही अर रभा आपरा पोता प्रवीण कुमार रै साथै आटो लेजावण नै चक्की पर आई ।—रातवासो

ठढ़—देखो 'ठड' (रू.भे.)

ठढ़ाई—स०स्त्री०—१ विश्राम । उ०—गूजरी कह्यो म्हे तो पेसती दीसो न छै नै पेठी छै नै माहे छै तो राजि देस रा धणिया आगै कठै जायै ? सढी मोटी छै नै च्यारू मेर सढा ढोळा ऊतरो, विराजो, ठढ़ाई करो ।—राव रिणमल री वात
२ देखो 'ठडाई' (रू.भे.)

ठढि—देखो 'ठडी' (रू भे.)
उ०—सूरजजी ठढि रा मारीआ उतर पथ छोडो नै दक्षिण सामा वहण लागा ।—रा सा स.

ठढौ—देखो 'ठडो' (रू भे.)
(स्त्री० ठढ़ी)

ठाढो-ठरियो—देखो 'ठडो-ठरियो' (रू भे.)

ठमणौ, ठमबौ—देखो 'थमणौ, थमबौ' (रू भे.)

ठमाणौ, ठमावौ—देखो 'थमाणौ, थमावौ' (रू भे.)

ठमायोडौ—देखो 'थमायोडो' (रू भे.)
(स्त्री० ठमायोडी)

ठमियोडौ—देखो 'थमियोडो' (रू भे.)
(स्त्री० ठमियोडी)

ठ—स०पु०—१ चन्द्रमा. २ वृहस्पति ३ ज्ञानी ४ महादेव ५ श्रीकृष्ण ६ वेग ७ बादल, मेघ. ८ वाचाल (एका.)

ठइत—स०पु० [स० स्थापित] साधु के निमित्त पृथक रखा हुआ पदार्थ (जैन)

ठइय—वि० [स० स्थगित] ढका हुआ (जैन)

ठउडणौ, ठउडबौ—क्रि०स०—अपमान करना । उ०—सुद्धचारित्रिया तेहहइ अपमाननइ काजिइ, तेहे ठउडवा इम करइ ।
—षष्टिशतक प्रकरण

ठक—स०स्त्री०—वह शब्द जो एक वस्तु पर दूसरी वस्तु के आघात से होता है ।
रू०भे०—टक ।

ठकठकाणौ, ठकठकाबौ—क्रि०स०—१ एक वस्तु पर दूसरी वस्तु का प्रहार करना २ ठक ठक शब्द उत्पन्न करना ३ खटखटाना, ठोकना. ४ जाच के हेतु बजाना
रू०भे०—ठपकाणौ, ठपकावौ, टपकारणौ, ठपकारबौ ।

ठकठकायोडौ—भू०का०कृ०—१ किसी वस्तु पर प्रहार किया हुआ २ ठक ठक शब्द उत्पन्न किया हुआ. ३ खटखटाया हुआ, ठोका हुआ ४ जाच के हेतु बजाया हुआ ।
(स्त्री० ठकठकायोडी)

ठकठोळी—स०स्त्री०—हँसी, मजाक, दिल्लगी । उ०—गरथ तणै गारव हुओ गहिलौ विण होळी । नेट करै निवळ री ठेक हासी ठकठोळी ।
—ध व ग्र

ठकर—देखो 'ठाकर' (रू भे.)

ठकराणी—स०स्त्री०—१ ठाकुर की पत्नी । उ०—काइमि रो बारठ कहै, ठकराणी अे ठीक । साहिब राघव सारिखा, तू सीता सारीख ।
—पी ग्र.
२ स्वामिनी, मालकिन ।

ठकराई—देखो 'ठकुराई' (रू भे.)
उ०—राजाई कहीजै किना पातसाही राम, ठगाई तुम्हारी निमो

ठकराई ठीक ।—पी ग्र

ठकराहो—देखो 'ठाकर' (रू भे.)

उ०—ठाहर पग गाडो ठकराहा, हुग्रा यो सुण वाहर हको । मों ऊभा ग्रतरी छै मालम, 'सालम' धन ले जाय न मकौ ।

—ईसरदास मोयल रो गीत

ठकाणो—देखो 'ठिकाणो' (रू.भे)

उ०—गण सपत होइ गुरु ग्रति गाह, ठकाणो छट्ठे विप्र जगण ठाह ।

—ल पिं.

ठकार—स०पु०—'ठ' ग्रक्षर ।

ठकावळ—स०स्त्री०—धक्का ।

ठकुर—देखो 'ठाकर' (रू भे.)

ठकुर-सुहाती—स०स्त्री०यौ०—केवल किसी को प्रसन्न करने हेतु कही जाने वाली वात खुशामद ।

ठकुराणी—देखो 'ठकराणी' (रू भे)

उ०—दादू माया चेरी सत की, दासी उस दरवार । ठकुराणी सब जगत की, तीनो लोक मझार ।—दादू वाणी

ठकुराई—स०स्त्री० [स० ठक्कुर+रा०प्र०ई] १ शासन, हुकूमत ।

उ०—धरती थाहरे घरे हुयी । ग्रर थाहरे कुरसी दर कुरसी ठकुराई हुयी ।—नैणसी

क्रि०प्र०—करणी, राखणी, होणी ।

ढणहुण-सं०स्त्री०—किसी पदार्थ के चूने, टपकने, रिसने या गिरने की क्रिया या भाव। उ०—तउ कुमर निच्छय जणणि जाणेवि ढणहुण नयणि नीर झरती।—ऐ जै का स

ढ'णो, ढ'वो—देखो 'ढहणो, ढहवो' (रू भे.)
उ०—जप्र तत्र फरतो 'जसो', लिया खत्रवट लाज। छत्र हुतो छत्र धारियां, प्रब ढयो दिन प्राज।—ऊ का

ढपणो, ढपवो-क्रि०स०—प्राच्छादित करना, ढकना।
उ०—प्राप रहदे प्रब प्रळग, पर छिद्र निस दीह ढपदे।
ढप्पणो, ढप्पवो—रू०भे०। —केसोदास गाडण

ढपला-स०पु० (बहु व०) १ ढोग, आडम्बर, पाखण्ड।
उ०—१ दुनिया नै ठागो बतावण सारू प्रै झाडागर ढपला करै। प्रै तो फगत रिपिया कमावण री प्रटकळा है।—वाणी
उ०—२ राणो माडया ढपला नै सोगी रे, माहरै म्हाला को पडै वियोगी रे।—जयवाणी
क्रि०प्र०—करणा।
२ बहाना, हीला।
क्रि०प्र०—करणा।

ढपलागारो, ढपलाळो-वि० (स्त्री० ढपलागारी, ढपलाळी) १ ढोग करने वाला, प्राडम्बर करने वाला. २ बहाना करने वाला।
रू०भे०—ढफलागारो, ढफलाळो।

ढपियोडो-भू०का०कृ०—प्राच्छादित किया हुप्रा, ढका हुप्रा।
(स्त्री० ढपियोड़ी)

ढपोरसख, ढपोळसख—देखो 'डपोरसख' (रू.भे.)

ढप्पणो, ढप्पवो—देखो 'ढपणो, ढपवो' (रू भे)

ढप्पियोड़ो—देखो 'ढपियोडो' (रू भे.)
(स्त्री० ढप्पियोडी)

ढफ-वि०—मूर्ख, नासमझ।

ढफल-स०पु०—पाखण्ड, प्राडम्बर।

ढफलागारो, ढफलाळो—देखो 'ढपलागारो, ढपलाळो' (रू.भे)
(स्त्री० ढफलागारी, ढफलाळी)

ढवदो-स०पु०—किसी भारी वस्तु का ऊपर से पानी मे गिरने के कारण होने वाला शब्द।

क्रि०प्र०—करणौ, बोलणौ, होणौ।

ढब-स०पु०—१ मौका, अवसर। उ०—पीछे उठा सू कानो वहीर हुवौ। सू सागानेर आयौ। अर रतनसीजी सूणकरणोत सागंजी रा मामा ठिकाणै माजन रा तिणा नू कयौ, 'सागंजी सू म्हारो मुजरो करावौ।' तद रतनसीजी सागंजी सू काने रौ मुजरो करायो। सू हमें कानो सदा सागंजी खनै आवै। अर सागंजी कानै नू नानाणै री जाण अवरोसो राखियो नहीं। सू इण नू आयै नूं दिन दोय हुवा है। पण ढब लागो नहीं, नै तीजै दिन औ कमर में कटारी घाल सागंजी खनै गयो।—द दा

क्रि०प्र०—बैठणौ, लागणौ।

२ सहारा, मदद। उ०—१ ढबां खेती ढबां न्याव, ढबा रै है बूढां री ब्याव।

उ०—२ ढब तूटत दूटाड।—अज्ञात

३ तरकीब, उपाय, युक्ति। उ०—जवाहर जो ढब सूं नित रायरू जादा नै देखै। देखै ज्यौं डेरै नावा-गावा-सू उमेखै।—केहरप्रकास

४ ढग, रीति, तौर। उ०—सफरी पकडण सातरी, बैठौ ढब बुगलाह। कथा बुरी करवा तणौ, चोखौ ढब चुगलाह।—बां दा.

५ व्यवस्था, प्रबन्ध, इन्तजाम। उ०—ऊट च्यार री वांरूद, ऊट दोय री सीसौ, लोहो बीकानेर सू आपरै वळ ढब कर मगाय लियो।
—भाटी सुदरदास बीकूपुरी री वारता

६ मेल, मेल-जोल। ज्यू—औ काम म्हू कराय देसू, वो म्हारै ढब रो आदमी है।

क्रि०प्र०—करणौ, राखणौ, होणौ।

यौ०—ढबोढब।

७ फाल्गुन मास मे बजाया जाने वाला बकरी, भेड, भेडियां आदि के चमडे से मढा हुआ डफ।

रू०भे०—ढव।

ढबक-स०स्त्री०—१ पानी में जल-पात्र डुबाने का भाव २ पानी भरे जल-पात्र के हिलने से होने वाली ध्वनि ३ पानी में किसी ठोस वस्तु के गिरने से होने वाला शब्द ४ हल्की निद्रा, झपकी ५ कलक, दोष।

क्रि०वि०—झट, शीघ्र।

ढबकण-स०स्त्री०—कूए के अन्दर पानी की समान सतह पर बताने वाला माप-दण्ड।

ढबणौ, ढबबौ-क्रि०अ०—रुकना, ठहरना, थमना।

उ०—१ इसडो बचन सुणि विरोध री क्रोध विसारि विजयसूर री जोडायत कर मे कटार झालि साहस ढबण रै काज रीढ़क रै समीप आपरी पीठ फाडि नेत्र मूढ सूरछित बाळक नू काढि नणद रै हाथ दीधौ।—वं भा.

उ०—२ हू आपनै बुलावण सारू पच हारी, मैनत कर नै थाक गई, तूलसी वरण सारू वरमाळ ले केई वार हुलस चूकी, पण आप झगडो करता ढबौ नहीं।—वी.स.टी.

ढबणहार, हारौ (हारी), ढबणियौ—वि०।

ढबवाड़णौ, ढबवाडबौ, ढबवाणौ, ढबवाबौ, ढबवावणौ, ढबवावबौ, ढबाड़णौ, ढबाडबौ, ढबाणौ, ढबाबौ, ढबावणौ, ढबावबौ—प्रे०रू०।

ढबिग्रोड़ौ, ढबियोड़ौ, ढब्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ढबीजणौ, ढबीजबौ—भाव वा०।

ढबियोडौ-भू०का०कृ०—रुका हुआ, ठहरा हुआ, थमा हुआ।

(स्त्री० ढबियोडी)

ढब-स०पु०—१ तांबे का बना एक प्रकार का बड़ा और मोटा पैसा।

वि०वि०—मारवाड राज्य का तांबे का प्राचीन सिक्का विशेष जो महाराजा विजयसिंहजी के राज्य में प्रचलित हुआ था।

२ गुब्बारा।

रू०भे०—ढब्बू।

ढबूसाही—देखो 'ढबू' (१)

ढबूसो-स०पु०—हाथ को अर्द्धचन्द्राकार बना कर गर्दन पकड कर धक्का देने का भाव।

ढबोढब-क्रि०वि०यौ०—१ ठीक ढग से, उचित रीति मे.

२ व्यवस्थित ३ क्रमपूर्वक।

(मि० ढगोढग)

ढब्बण, ढब्बन-स०पु०—योद्धा (?)। उ०—ढब्बन भट भूमी वणत ढाल, करवाळ सत्रु काटन कराळ। स्वामी ससद सुवरण समान, जालमन कोह पै लोह जान।—ऊ का.

ढब्बू—देखो 'ढबू' (रू भे) उ०—सगळी चीजा दरी मायै बिखेरदी—सिगरेटा रा चिळकता जळपू, भात-भात री छापा, भात-भात रा गुळगुचिया, सीप रा बटण, रबड़ रा ढब्बू, चिडिया री रग-रगीली पाखा।—वाणी

ढभीड—देखो 'धमीडो' (मह, रू भे.)

ढभीडो—देखो 'धमीडो' (रू भे)

ढमक-स०स्त्री०—वाद्य की ध्वनि।

रू०भे०—डमक।

ढमकणौ, ढमकबौ—देखो 'डमकणौ, डमकबौ' (रू.भे)

उ०—१ निमट्टो 'जैत' घुरै नीसाण, खळभळ होय दळां सुरसाण। महा मुहि खेत्र चढे बिहु मल्ल, दुलद्दुल ढोल ढमकै ढल्ल।
—रा.ज रासो

उ०—२ ढमकिय वाहर वाहर ढोल।—गो रू

ढमकाडणौ, ढमकाडबौ—देखो 'ढमकाणौ, ढमकाबौ' (रू.भे.)

ढमकाडियोडौ—देखो 'ढमकायोडौ' (रू.भे.)

(स्त्री० ढमकाडियोडी)

ढमकाणौ, ढमकाबौ—देखो 'डमकाणौ, डमकाबौ' (रू भे.)

ढमकायोड़ौ—देखो 'डमकायोडौ' (रू भे)

(स्त्री० ढमकायोडी)

ढमकारो-स०पु० (अनु०) नक्कारे की ध्वनि, ढोल की आवाज।

उ०—रूपगा हेडाऊ सारा सुपात पावसी रीझा, ढमकारा मद्र गाज बजावसी ढोल। प्रथमी गावसी कीत थावसी समदा पाजा, वारा बंजावसी थारा रंजावसी बोल।—महादान महडू

रू०भे०—ढमकारो।

ढमकावणो, ढमकाववो—देखो 'ढमकाणो, ढमकावो' (रू.भे)

ढमकावियोडो—देखो 'ढमकायोडो' (रू.भे)
(स्त्री० ढमकावियोडी)

ढमकियोडो—देखो 'ढमक्रियोडो' (रू भे)
(स्त्री० ढमक्यियोडी)

ढमको—देखो 'ढमको' (रू भे)

ढमक्कणो ढमक्कवो—देखो 'ढमकणो, ढमकवो' (रू भे)
उ०—ढाणी रे ढाणी भ्रखडो ढहै उच्छव, गाळ कसूवो रे ढोल ढमक्कं। ढकं री चोट अ वाळ धमक्कं, घरती रा किरसाण घमकं।
—चेतमानखा

ढमक्कियोडो—देखो 'ढमक्यियोडो' (रू.भे)
(स्त्री० ढमक्यियोडी)

ढम-स०पु० (अनु०) नक्कारे, ढोल आदि की ध्वनि, आवाज।
उ०—विहु दाळि ढमढम ढोल ढमकई, वर्ण वाजिया रणतूर। गळी रात्रि प्रभात अवर, उदय ऊग्यो सूर।—रुकमणी मंगळ
यौ०—ढमढम, ढमाढम।

ढमक-स०स्त्री०—१ गति या चाल विशेष २ देखो 'ढमक' (रू भे)

ढमकणो ढमकवो-क्रि०अ०—(ढोल, नक्कारे आदि का) बजना, ध्वनि निकलना। उ०—१ साहण वसि सुरताण दळ, समुहरि जिम ढमकत। तिम तिम ईडर सिहर वरि, ढोल गहिर ढमकत।—स्रीधर
उ०—२ टीली वात म ढाहि, पुण्य री कारज पडता। ढीली वात म ढाहि, वहम सू पडियो टाहि, न्याय सूधो नीवडता। ढीली वात म ढाहि, वहम सू पडियो वोलै, ढीली वात म ढाहि ढमकिया वाहर ढोलै। सहुकरै पूछि आगै सुजस, ढीली तठै न ढाहिजै। आवियै दाव औढमता, कुळ धरमसीह कहाइजै।—घरमसीह
ढमकणहार, हारो (हारी), ढमकणियो—वि०।
ढमकवाडणो, ढमकवाडवो, ढमकवाणो, ढमकवायो, ढमकवाणो, ढमकाववो—प्रे०रू०।
ढमकाडणो, ढमकाडवो, ढमकाणो, ढमकावो, ढमकावणो, ढमकाववो—क्रि०स०।
ढमकिओडो, ढमकियोडो, ढमक्योडो—भू०का०कृ०।
ढमकीजणो, ढमकीजवो—भाव वा०।
ढमकणो, ढमकवो, ढमक्कणो, ढमक्कवो—रू०भे०।

ढमकाडणो, ढमकाडवो—देखो 'ढमकाणो, ढमकावो' (रू भे)
ढमकाडणहार, हारो (हारी), ढमकाडणियो—वि०।
ढमकाड़िओडो, ढमकाड़ियोडो, ढमकाड्योडो—भू०का०कृ०।
ढमकाडीजणो, ढमकाड़ीजवो—कर्म वा०।
ढमकणो, ढमकवो—अक०रू०।

ढमकाडियोडो—देखो 'ढमकायोडो' (रू.भे)
(स्त्री० ढमकाडियोडी)

ढमकाणो, ढमकावो-क्रि०स०—(नक्कारा, ढोल आदि) बजाना, ध्वनि करना।
ढमकाणहार, हारो (हारी), ढमकाणियो—वि०।
ढमकायोडो—भू०का०कृ०।
ढमकाईजणो ढमकाईजवो—कर्म वा०।
ढमकणो, ढमकवो—अक०रू०।
ढमकाडणो, ढमकाडवो, ढमकाणो, ढमकावो, ढमकावणो, ढमकायवो, ढमकाडणो, ढमकाडवो, ढमकावणो, ढमकाववो—रू०भे०।

ढमकायोडो-भू०का०कृ०—(नक्कारे, ढोल आदि) बजाया हुआ, ध्वनि किया हुआ।
(स्त्री० ढमकायोडी)

ढमकारो—देखो 'ढमकारो' (रू भे.)

ढमकावणो, ढमकाववो—देखो 'ढमकाणो, ढमकावो' (रू भे.)
ढमकावणहार, हारो (हारी), ढमकावणियो—वि०।
ढमकाविओडो, ढमकावियोडो, ढमकाव्योडो—भू०का०कृ०।
ढमकावीजणो, ढमकावीजवो—कर्म वा०।
ढमकणो, ढमकवो—अक०रू०।

ढमकावियोडो—देखो 'ढमकायोडो' (रू भे)
(स्त्री० ढमकावियोडी)

ढमकियोडो-भू०का०कृ०—(नक्कारा, ढोल आदि) बजा हुआ, ध्वनि किया हुआ।
(स्त्री० ढमकियोडी)

ढमको-स०पु० (अनु०) १ नक्कारे, ढोल आदि पर प्रहार करने पर उत्पन्न ध्वनि। उ०—१ कूवो पूज घर पाछी आई, फळसं वडता वोली यू। फळसं मे ढोला रै ढमकं, आरतडी करवायं तू।—लो गी.
उ०—२ हसती ये भल लाज्यो, जी वनडा, घुडला ये भल ल्याव। करवा मारू देस का, ढोला कं ढमकं आव।—लो गी
२ शोभा, चमक-दमक।
रू०भे०—ढमको।

ढमक्कणो, ढमक्कवो—देखो 'ढमकणो, ढमकवो' (रू.भे)
उ०—के ग्रगक ववक वजं के ढोल ढमक्कं। के जबुक मडै कवल के कक किलक्कं।—व भा

ढमक्कियोडो—देखो 'ढमकियोडो' (रू भे)
(स्त्री० ढमक्कियोडी)

ढमढमकार-स०स्त्री० (अनु०) नक्कारे, ढोल आदि की ध्वनि।
उ०—ढमढमइ ढमढमकार ढकर, ढोल ढोली जगिया। सरकरहि रणु सरणाइ समुहरि, सरस रसि समरंगिया।—स्रीधर

ढमढमणो, ढमढमवो-क्रि०अ०—ध्वनिमान होना, बजना।

उ०—१ उडी खेह थयू अधारू, गयणि न सूझइ भाण। चाली दळ मुहुजानइ मान्या, डमडमिया नीसाण।—का दे प्र

उ०—२ धापइ अति महुमाण, महिमुद सुरताण, भूपति भुजप्रमाण रहलि मग। डमडमइ ढोल नीसाण, पडइ कायर प्राण, सुहड युगति जाग अनुराग।—प ग

डमडमियोडौ-भू०का०कृ०—ध्वनिमान हुवा हुआ, बजा हुआ।
 (स्त्री० डमडमियोडी)

डमडेर-स०पु०—१ वह भवन जहा कोई आबाद न हो, सूना घर।
 उ०—लकडी थारी रीढ़, लास रोमावळ लै'रा। दिस्सा मठ डमडेर, ईन नळ ऊगा वरा।—दमदेव
 २ वह ढेर जो किसी वस्तु के गिरने से बन गया हो।
 उ०—१ गढ़ पाड कियो डमडेर। कागरा बुरज नाख्या बिखेर।
 —जयवाणी
 उ०—२ कोट करि चोट उपाडि अळगो करो, बुरज गुरजा करि करो हिवं भूक। ढाहि डमडेर गढ घेरि करि पाकडो, करो हिवं वदि दिन अध धूक।—प च चौ

डमडोळणौ, डमडोळवौ—देखो 'ढडोळणौ, ढडोळवौ' (रू भे)

डमडोळियोडौ—देखो 'ढडोळियोडौ' (रू भे)
 (स्त्री० डमडोळियोडी)

डमाडम-स०स्त्री०—ढोल आदि की ध्वनि।
 क्रि०प्र०—करणी, लागणी, होणी।

डयोडौ—देखो 'डहियोडौ' (रू भे.)
 (स्त्री० डयोडी)

डर-स०स्त्री० (अनु०) बकरी, भेड आदि को बुलाने की आवाज।
 रू०भे०—डरर।
 यौ०—डर-डर।

डरकणौ, डरकवौ—देखो 'ढळकणौ, ढळकवौ' (रू भे)
 डरकणहार, हारौ (हारी), डरकणियौ—वि०।
 डरकवाडणौ, डरकवाडवौ, डरकावणौ, डरकाववौ, डरकवावणौ, डरकवाववौ—प्रे०रू०।
 डरकाडणौ, डरकाडवौ, डरकाणौ, डरकावौ, डरकावणौ, डरकाववौ—क्रि०स०।
 डरकिप्रोडौ, डरकियोडौ, डरक्योडौ—भू०का०कृ०।
 डरकीजणौ, डरकीजवौ—भाव वा०।

डरकाडणौ, डरकाडवौ—देखो 'ढळकाणौ, ढळकावौ' (रू भे.)
 डरकाडणहार, हारौ (हारी), डरकाडणियौ—वि०।
 डरकाडिप्रोडौ, डरकाडियोडौ, डरकाड्योडौ—भू०का०कृ०।
 डरकाडीजणौ, डरकाडीजवौ—कर्म वा०।
 डरकणौ, डरकवौ—अक०रू०।

डरकाडियोडौ—देखो 'ढळकायोडौ' (रू भे)
 (स्त्री० डरकाडियोडी)

ढरकाणौ, ढरकावौ—देखो 'ढळकाणौ, ढळकावौ' (रू भे)
 ढरकाणहार, हारौ (हारी), ढरकाणियौ—वि०।
 ढरकायोडौ—भू०का०कृ०।
 ढरकाईजणौ ढरकाईजवौ—कर्म वा०।
 ढरकणौ, ढरकवौ—अक०रू०।

ढरकायोडौ—देखो 'ढळकायोडौ' (रू भे)
 (स्त्री० ढरकायोडी)

ढरकावणौ, ढरकाववौ—देखो 'ढळकाणौ, ढळकावौ' (रू भे.)
 ढरकावणहार, हारौ (हारी), ढरकावणियौ—वि०।
 ढरकाविप्रोडौ, ढरकावियोडौ, ढरकाव्योडौ—भू०का०कृ०।
 ढरकावीजणौ, ढरकावीजवौ—कर्म वा०।
 ढरकणौ, ढरकवौ—अक०रू०।

ढरकावियोडौ—देखो 'ढळकायोडौ' (रू भे)
 (स्त्री० ढरकावियोडी)

ढरकियोडौ—देखो 'ढळकियोडौ' (रू भे)
 (स्त्री० ढरकियोडी)

ढरक्कणौ, ढरक्कवौ—देखो 'ढळकणौ, ढळकवौ' (रू भे)
 उ०—कै वदी बुल्लं बिरद रसवीर उबक्कै। सूर ढरक्कै सम्मुही नभ हूर थरक्कै।—व भा

ढरक्कियोडौ—देखो 'ढळकियोडौ' (रू भे)
 (स्त्री० ढरक्कियोडी)

ढरडकौ-स०पु० (अनु०) ध्वनि विशेष।
 क्रि०प्र०—ऊठणौ, करणौ, होणौ।

ढरडौ—देखो 'ढररौ' (रू भे)

ढरणौ, ढरबौ-क्रि०अ०—१ गिरना, लुढ़कना। उ०—गुण को न लेस ताको बडे गुणवान कहै, दानी कहत जाकै कोडी फरतै ढरं नहीं। कहे रणधीर भग जाय पात खडका ते, उदर गभीर बात तनक जरं नहीं।—र रू
 २ देखो 'ढळणौ, ढळवौ' (रू भे)
 ढरणहार, हारौ (हारी), ढरणियौ—वि०।
 ढरवाडणौ, ढरवाडवौ, ढरवाणौ, ढरवावौ, ढरवावणौ, ढरवाववौ, ढराडणौ, ढराडवौ, ढराणौ, ढरावौ, ढरावणौ, ढराववौ—प्रे०रू०।
 ढरिप्रोडौ, ढरियोडौ, ढरचोडौ—भू०का०कृ०।
 ढरीजणौ, ढरीजवौ—भाव वा०।

ढरर—देखो 'ढर' (रू.भे)
 यौ०—ढरर-ढरर।

ढररौ-स०पु०—१ शैली, प्रणाली, तरीका, ढग. २ पथ, मार्ग. ३ चाल-चलन, चरित्र, आचरण।
 क्रि०प्र०—पडणौ।
 ४ उपाय, युक्ति।
 क्रि०प्र०—काढणौ।

रू०भे०—ढरडो ।

ढरियोडो-भू०का०कृ०—१ गिरा हुआ २ देखो 'ढळियोडो' (रू भे)
(स्त्री० ढरियोडी)

ढल-सं०पु०—१ पंवार वंश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति.
२ वह नीची भूमि या पहाडी ढाल जो उसके स्वामी अथवा सरकार द्वारा रक्षित हो ।
वि०वि०—इसमे से ग्राम लोग घास, लकडी आदि नही काट सकते तथा पशुओ को नही चरा सकते हैं ।
रू०भे०—ढळ ।
३ देखो 'ढळी' (मह , रू भे) (उ र) उ०—लूवै सळ लागाह, ढळ घेरे गड दोळियां । भागल पड भागाह, चिडिया ढळ पडियो 'चिमन' ।—लिखमीदान बारहठ

ढल-सं०स्त्री०—१ ढाल. २ देखो 'ढळ' (रू भे)

ढलकतो-सं०पु०—हाथी (ना डि को)

ढळक-सं०स्त्री०—१ ढीला चलने की क्रिया या भाव. २ वह स्थान जो लगातार नीचा होता गया हो, ढाल, उतार ३ लुढकने का भाव ४ आंसू गिरने का भाव ।
यौ०—ढळक ढळक ।
५ हिलने-डुलने की क्रिया या भाव ।

ढळकणो, ढळकबो-क्रि०अ०—१ इधर-उधर हिलना, हिलना-डुलना ।
उ०—१ नाजिक अग मे नार, साथ फूला भरि सारो । कटघज केहर लक, भार गहणा को भारी । मद हाम मुळकता, दात चूपा प्रति भळकै । वेसर भळकादार, ढोल नथ मोती ढळकै । सिणगार सारा सजै, वार गोर दूजी वणी । मूदडो भळकि कर मे इसो, जाण किरण सूरज तणी ।—पनां वीरमदे री वात
उ०—२ पासो ढुळै है, हाथ नुळै है, ढीलो नथ ढळकै है, प्रेम री भाई जाहर भळकै है ।—र हमीर
२ पानी या अन्य किसी द्रव पदार्थ का आधार से नीचे की ओर गिरना. ३ लुढकना । उ०—१ मड वच जेणि सेहुरा कामण, कर गेवर मालै फिरमाळ । ढूगी ढाल वेगि ढळकती, तोरण जंतारण रिणताळ ।—दूदो
उ०—२ पारसीपोस आहीन पोस, रेवत खेडि आया सरोस । तळहटी आइ रोडिय तवल्ल, ढइचाळ पूठि ढळकतो ढल्ल ।—रा ज सी
उ०—३ हिंदुळता गै जूह हमल्ला । ढळकै काळो पीळी ढल्ला ।
—गु रू व
उ०—४ वूढा हुवा हो तेजा जेठजी, थाहरै सळ पडिया गालै । कदै न आया पाहुणा, ए ढळकती ढालै ।—देवजी बगडावत री वात
४ भडा फहरना, लहरना । उ०—हुई दळ हूकळ हालि हमल्ल । ढळक्या नेजा आलव ढल्ल ।—रा ज रासो
५ आधार से नीचे की ओर सरकना, लुढकना ६ चलते समय हाथों का इधर-उधर हिलना । उ०—१ खळकतइ चूडइ, भळकते ककणि, ढळकतइ हाथि, सीति गयोदकि हस्तोदकु दीधा ।—व.स
७ वृत्ताकार घूमना, चक्कर लगाता हुआ घूमना, फिरना. ८ मोटाई की ओर से दूसरी ओर क्रमश पतला होता जाना ।
उ०—चउरगली पाली, जडी मूठि, सारऊ आर, त्रिहुत्रवधि जलोई, वीछडी खेलीन, सली खीली, भळकती पाली, अणीयाळी धाराळी ढळकती धार, भळकती मूठि इसी छुरी ।—व स.
ढळकणहार, हारो (हारी), ढळकणियो—वि० ।
ढळकवाडणो, ढळकवाडबो, ढळकवाणो, ढळकवाबो, ढळकवावणो, ढळकवावबो—प्रे०रू० ।
ढळकाड़णो, ढळकाडबो, ढळकाणो, ढळकाबो, ढळकावणो, ढळकावबो —क्रि०स० ।
ढळकिग्रोडो, ढळकियोडो, ढळक्योडो—भू०का०कृ० ।
ढळकीजणो, ढळकीजबो—भाव वा० ।
ढरकणो, ढरकबो, ढरक्कणो, ढरक्कबो, ढळक्कणो, ढळक्कबो—
रू०भे० ।

ढळकाणणो, ढळकाणबो —देखो 'ढळकाणो, ढळकाबो' (रू भे.)
उ०—अकळ थाट आसमान अर ऊपरै आणिया । दुहरी कुजरै ढाल ढळकाणियां । सिम्बर भुरजा चढी सखी साऊवाणिया । रायसिंघ सपेखं नदगिर राणिया ।—महाराज रायसिंघ बीकानेर रो गीत

ढळकाणियोडो—देखो 'ढळकायोडो' (रू भे)
(स्त्री० ढळकाणियोडी)

ढळकाडणो, ढळकाड़बो—देखो 'ढळकाणो, ढळकाबो' (रू भे.)
ढळकाड़णहार, हारो (हारी), ढळकाड़णियो—वि० ।
ढळकाड़िग्रोडो, ढळकाडियोड़ो, ढळकाड्योडो—भू०का०कृ० ।
ढळकाड़ीजणो, ढळकाड़ीजबो—कर्म वा० ।
ढळकणो, ढळकबो—अक०रू० ।

ढळकाडियोडो—देखो 'ढळकायोडो' (रू भे)
(स्त्री० ढळकाडियोडी)

ढळकाणो, ढळकाबो-क्रि०स०—१ वृत्ताकार घुमाना, फिराना ।
उ०—इत्यादिक मोवी आदित रा अळिया, थोथी थळवट रा थळिया वेथळिया । ढीली लागा रा ढेरा ढळकाता, टोघड टुकडा रा खेरा खळकाता ।—ऊ का
२ इधर-उधर हिलाना, हिलाना-डुलाना ३ पानी या अन्य किसी द्रव पदार्थ को आधार से नीचे की ओर गिराना.
४ भडा फहराना, लहराना ५ आधार से नीचे की ओर सरकाना, लुढकाना उ०—श्रीद्राव तणा घण के अपाल । ढळकाय चाचरा भमर ढाल ।—सू प्र
६ चलते समय हाथो को इधर-उधर हिलाना.
७ मोटाई की ओर से दूसरी ओर क्रमश पतला या ढालू करते जाना ।
ढळकाणहार, हारो (हारी), ढळकाणियो—वि० ।
ढळकायोडो—भू०का०कृ० ।

ढळकाईजणौ, ढळकाईजबौ—कर्म वा०।

ढळकणौ, ढळकबौ—अक०रू०।

ढरकाड़णौ, ढरकाड़बौ, ढरकाणौ ढरकाबौ, ढरकावणौ, ढरकावबौ, ढळकाड़णौ, ढळकाड़बौ, ढळकावणौ, ढळकावबौ—रू०भे०।

ढळकायोड़ो-भू०का०कृ०—१ वृत्ताकार घुमाया हुआ, फिराया हुआ. २ इधर-उधर हिलाया हुआ ३ पानी या अन्य किसी द्रव पदार्थ को आधार से नीचे की ओर गिराया हुआ ४ भंडा फहराया हुआ, लहराया हुआ ५ आधार से नीचे की ओर सरकाया हुआ, लुढकाया हुआ ६ चलते समय हाथों को इधर-उधर हिलाया हुआ ७ मोटाई की ओर से दूसरी ओर क्रमशः पतला या ढालू किया हुआ।

(स्त्री० ढळकायोड़ी)

ढळकावणौ, ढळकावबौ—देखो 'ढळकाणौ, ढळकाबौ' (रू.भे.)

उ०—१ नटियल ऊभी छाजस री छांह, हो आंसूड़ा ढळकावै कायर मोर ज्यूं।—लो गी

उ०—२ राजति अति गण पदाति कुंज रथ, हय माळ वधि लास हय। ढाळि चऊरि पूठि ढळकावै, गिरिवर सिणगारिया गय।—वेलि.

ढळकावणहार, हारौ (हारी), ढळकावणियौ—वि०।

ढळकाविओड़ो, ढळकावियोड़ो, ढळकाव्योड़ो—भू०का०कृ०।

ढळकावीजणौ, ढळकावीजबौ—कर्म वा०।

ढळकणौ, ढळकबौ—अक०रू०।

ढळकावियोड़ो—देखो 'ढळकायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ढळकावियोड़ी)

ढळकियोड़ो-भू०का०कृ०—१ इधर-उधर हिला हुआ, हिला डुला हुआ २ पानी या अन्य किसी द्रव पदार्थ का आधार से नीचे की ओर गिरा हुआ ३ भंडा फहरा हुआ, लहरा हुआ ४ आधार से नीचे की ओर सरका हुआ, लुढका हुआ. ५ चलते समय हाथ का इधर-उधर हिला हुआ. ६ वृत्ताकार घूमा हुआ, फिरा हुआ. ७ मोटाई की ओर से दूसरी ओर पतला हुआ हुआ।

(स्त्री० ढळकियोड़ी)

ढळकौ—सं०पु०—नेत्रों का एक रोग विशेष (अमरत)

ढळखणौ, ढळखबौ—देखो 'ढळकणौ, ढळकबौ' (रू.भे.)

उ०—१ ढळखकै गजा घम्मरा ढोल ढाला। भळक्कै अणी सम्मरा लोह भाला।—सू प्र.

उ०—२ तुरंगां हलविस्य, सिंधु सलविस्य, हर हुलविस्य हेर हर। ... ... ढळविस्य, ... ढळविस्य, ताळ नळविस्य ओन भर।

—ला रा.

ढळखियोड़ो—देखो 'ढळकियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० ढळखियोड़ी)

ढळखणौ, ढळखबौ—देखो 'ढळकणौ, ढळकबौ' (रू.भे.)

उ०—ढाल खवै ढळखती मूठ तरवार ग्रही कर'। कर दूजै रूमाल घर्क काळमी डोर घर।—पा प्र

ढळखाड़णौ, ढळखाड़बौ—देखो 'ढळकाणौ, ढळकाबौ' (रू भे.)

ढळखाड़ियोड़ो—देखो 'ढळकायोड़ो' (रू भे.)

(स्त्री० ढळखाड़ियोड़ी)

ढळखाणौ, ढळखाबौ—देखो 'ढळकाणौ, ढळकाबौ' (रू भे.)

ढळखायोड़ो—देखो 'ढळकायोड़ो' (रू भे)

(स्त्री० ढळखायोड़ी)

ढळखावणौ, ढळखावबौ—देखो 'ढळकाणौ, ढळकाबौ' (रू भे)

ढळखावियोड़ो—देखो 'ढळकायोड़ो' (रू भे)

(स्त्री० ढळखावियोड़ी)

ढळखियोड़ो—देखो 'ढळकियोड़ो' (रू.भे)

(स्त्री० ढळखियोड़ी)

ढळणौ, ढळबौ–क्रि०अ० [सं० ध्वरित] १ पानी या किसी तरल पदार्थ का नीचे की ओर ढरक जाना, बहना, गिरना, सरक जाना।

उ०—मोडकी मगरी री पाणी ढाळो ढाळ ढळियो रे। आवू थारै पा'ड़ा मे अंग्रेज वड़ियो रे, क काळी टोपी री। हा रे काळी टोपी री रे, देस मे छावणिया नाखै रे, क काळी टोपी री।—लो गी.

२ गिरना, पड़ना। उ०—१ साई दे दे सज्जना, रातइ इणि परि रूंन। उरि ऊपरि आर ढळइ, जाणि प्रवाळी चून।—ढो मा.

उ०—२ माधव वरसइ माहवठउ, सात सलिल एक ठाह। हूं धूजी धरणीइ ढळू, दिइ हरणाखी ! बाह।—मा का प्र.

३ रखा जाना। ज्यूं—आला ढळियोड़ा है।

४ बिछना (पलंग, जाजम आदि) ज्यूं—माचा ढळियोड़ा है, जाजम ढळियोड़ी है।

५ डेरा दिया जाना, पड़ाव डाला जाना।

उ०—१ हीलाकर हिमाकै ईला हुय आधा, लीला भगवत री लीला नहिं लाधा। ढाळा ढाळातर गातर ढळियोड़ा, वैठा नीरातर आतर वळियोड़ा।—ऊ का

उ०—२ पड़िया अस भड पाखती, घड न्यारा न्यारा। जाणक आय चोगान मे, ढळिया वणजारा।—वीरमायण

६ गमन करना, जाना। ज्यूं—फलाणो आदमी गाव सामी ढळग्यो।

७ लोटना। उ०—ढेढ़ नाम सुण पाछा ढळिया, वाट आवता उगहिज वळिया। टाळां अठी उठी नहिं टळिया, छळी 'रामलै' पाछा छळिया। ऊ का.

८ ऊट, घोड़े आदि का चरने के लिये छोड़ा जाना या चरने के लिये चल पड़ना। उ०—१ रेवारोड़ा सोजा सेग वीर, रैण अधारी करहा ढाळदै। मैं'लां ऊहुवड़ असल गिवार, करहा जचौड़ा अब ना ढळै।

—लो गी.

उ०—२ भूरा तिसिया थाकला, रार्गाजे नेटाह। ढळिया हाथ न सावती, सोगादे धाड़ाह।—सो रू.

६ सूर्य, चन्द्रमा, तारो आदि का अस्त की ओर गमन करना ।
उ०—१ चाद चढचो गिगनार, फिरत्या ढळ रहिया जी ढळ रहिया। अब वाई घरै पधार, माउजी मारैला जी मारैला। भाभोसा दैला गाळ, वडोडो वीरो वरजैला जी वरजैला। मत दो म्हारी वाई नै गाळ, म्हारी वाई परदेसण जी परदेसण। आ आज उडै परभात, तडकै सासरै जी सासरै ।—लो.गी.
उ०—२ छोड छोड यू काई करै नै'ला ? दिन ढळ्यो है अर म्हारै निनाण री डा' अधूरी पडी है ।—रातवासो
उ०—३ ढळग्यो दिनडो जोता वाट, बिताणो आधो सावण मास । आयो न लेवण मोटो वीर, वर्ना जद नाख्या घणा निसास ।—साझ
उ०—४ फिरतो माथै ढळ गई, हिरणी गई उलट्य । सुवै नचीतो गोरडी, उर माथै दे हत्थ ।—र.रा.
मुहा०—१ दिन ढळणो—सूर्य का अस्ताचल की ओर गमन करना। २ दिन ढळिया—सध्या को, सायकाल को।
३ सूरज ढळणो (चाद ढळणो)—सूर्य या चन्द्रमा का अस्त की ओर जाना ।
१० व्यतीत होना, बीतना, गुजरना। उ०—१ पिव परदेसा छा रह्यो, गया परी नै भूल । जोवनियो ढळ जायसी, थारी है दौलत मे धूळ ।—लो गी
उ०—२ जैसी ढळती छाया रे । रानै प्रीत सवाया रे ।—जयवाणी
उ०—३ चढचा भॅवरजी ढळतोडी माझल रात, सोया नै कोमा पर सूरज ऊगियो, हो म्हारा राज ।—लो गी.
उ०—४ चढचो राणो ढळती मांझल रात, दिनडो उगायो दूदाजी रै मेडतै हो राज ।—मदनगोपाल
उ०—५ चौमासै मे चवरी चढनै, सावण पूगी सासरै । भरै भादवै ढळी जवानी, आधी रै'गी आस रै ।—चेतमानखा
मुहा०—१ जवानी ढळणो—युवावस्था से सनै-सनै वृद्धावस्था मे प्रवेश होना। २ जोवन ढळणो—देखो 'जवानी ढळणो'
३ ढळता दिन—वृद्धावस्था। (मि० पडता दिन)
४ ढळती छाया—गुजरती हुई छाया। देखो 'ढळती-वळती छाया'।
५ ढळती जवानी—प्रौढावस्था। ६ ढळती रात—अर्ध रात्रि और उषा काल के बीच का समय। ७ ढळती-वळती छाया—छाया का चढ़ना-उतरना। हमेशा एक-सा समय नही रहना।
८ ढळतो दिन—तीसरा प्रहर, सायकाल का समय ।
११ खैराद पर उतारा जाना, रूप दिया जाना। उ०—खातीडा, तू गोळ घदण री रूख, वाठ घड लाज्यै रग गो ढोलियो। आया-पाया रतन जडाव, ईसा ढळावो जाझा ढोगळ् ।—लो.गी
१२ किसी पिघले हुए, गले हुए या लेह के रूप की सामग्री का साचे द्वारा रूप ग्रहण करना, ढाला जाना। उ०—विकसी भाता ले भतवारा वाली, चगी चोधरण्या सतवारा चाली । जोवन रायजादी सादी सिणगारी, नखसिख सचै मे ढळियोडी नारी ।—ऊ.का
मुहा०—साचा मे ढळणो—सुन्दर रूप ग्रहण करना, सुडौल बनना ।
१३ रोग विशेष की प्रचण्डता का कम होना, रोग विशेष के प्रकोप की उग्रता का मिटना । ज्यू—माता ढळणी, निकाळो ढळणो ।
१४ वीर गति को प्राप्त होना । उ०—जठै चामुडराज रा खडग आघात करि वाजी समेत गाजी नृसिंह आजी अगण मे खड खड होय ढळियो ।—व भा
१५ अवसान होना, मरना। उ०—छात ढळतै 'जसू' हुई नाका छिली, साक तजि साह सू करै साका। दाव पाका किया सुजस डाका दिया, जोध वाका करै नाव जाका ।—ध व ग्र.
१६ कट कर गिरना, कटना। उ०—चोटियाळा कूदै चौमठि चाचरि, ध्रू ढळिय ऊकसै धड। अनत अनै सिसुपाळ ओफडै, झड मातो माडियो झड ।—वेलि.
१७ प्रवृत्त होना, झुकना १८ आकर्षित होना १९ अनुकूल होना, रीझना २० लुढकना. २१ देखो 'ढुळणो ढुळवो' (रू भे)
उ०—१ मत्री तह्या मयण वसंत महीपति, सिला सिघासण थर सघर। माथै अब छत्र मडाणा, चलि वाइ मजरि ढळि चमर ।—वेलि.
उ०—२ सिर ऊपर चामर छत्र ढळइ ।—स कु
२२ निगला जाना। ज्यू—म्हारै तो रोटी री कवो ई को ढळै नी। पाणी री घूट को ढळै नी।
ढळणहार, हारो, (हारी), ढळणियो—वि०।
ढळवाडणो, ढळवाडवो, ढळवाणो, ढळवावो, ढळवावणो, ढळ-वाववो, ढळाडणो, ढळाडवो, ढळाणो, ढळावो, ढळावणो, ढळाववो —प्रे०रू०।
ढळिओडो, ढळियोडो, ढळ्योडो—भू०का०कृ०।
ढळीजणो, ढळीजवो—भाव वा०।

ढळपति-स०पु०—दिल्लीपति बादशाह। उ०—मद्दु हुवा आयो मुगळ, नाया ढळपति ढाल। पडियो दिल्ली पॉटणो, गो रण तोडै गाळ। —नैणसी
रू०भे०—ढलीपत।

ढळहळणो, ढळहळवो-क्रि०अ०—शिथिल होना ?
उ०—करुणा नउ निधि, वात्सल्य नउ समुद्र, नासाजाळ व्यक्ता दीसइ, अस्थिवध ढीला ढळहळता, जिसा गामटि अजाणि सूत्रधारि ठगठगतउ माल सचउ मेलिउ जिसिउ ।—व स

ढळहळियोडो—भू०का०कृ०—शिथिल हुवा हुआ ?

ढळाख, ढळात-स०स्त्री०—ढालू स्थान, ढाल। उ०—धोरा ढिगे ढळाख, धूप आमो सोनळियो। झिळकै झोळ धुवाख, चादणी रूपै रळियो। —दसदेव

ढळाई-स०स्त्री०—१ ढालने की क्रिया या भाव।
क्रि०प्र०—करणी, होणी।
२ ढालने की मजदूरी।

ढळावो-स०पु०—गिरती दशा, बुरा समय।

ढळियोडो-भू०का०कृ०—१ पानी या अन्य किसी द्रव पदार्थ का नीचे की ओर ढरक गया हुआ, बहा हुआ, गिरा हुआ, सरक गया हुआ २ कट कर गिरा हुआ, कटा हुआ. ३ गिरा हुआ, पडा हुआ. ४ रखा गया हुआ ५ बिछा हुआ (पलग, जाजम आदि) ६ डेरा डला हुआ, पडाव डला हुआ ७ गमन किया हुआ, गया हुआ ८ लौटा हुआ ९ ऊंट, घोडे आदि का चरने के लिये छोडा गया हुआ, चरने के लिये निकल गया हुआ १० सूर्य, चद्रमा, तारो आदि का अस्त की ओर गमन किया हुआ ११ व्यतीत हुवा हुआ, बीता हुआ, गुजरा हुआ १२ खैराद पर उतारा गया हुआ, रूप दिया हुआ १३ किसी पिघले हुए, गले हुए या लेह के रूप की सामग्री का साचे द्वारा रूप ग्रहण किया हुआ, ढाला गया हुआ. १४ किसी रोग विशेष के प्रचण्ड रूप का कम हुवा हुआ, रोग विशेष के उग्र रूप का मिटने की ओर गया हुआ १५ वीरगति को प्राप्त हुवा हुआ १६ अवसान प्राप्त हुवा हुआ, मरा हुआ. १७ प्रवृत्त हुवा हुआ, झुका हुआ १८ आकर्षित हुवा हुआ १९ अनुकूल हुवा हुआ, रीझा हुआ. २० लुढका हुआ २१ देखो 'ढुळियोडो' (रू भे)

(स्त्री० ढळियोडी)

ढळियौ—१ देखो 'ढळौ' (अल्पा, रू भे) २ देखो 'ढाळियौ' (रू.भे)

ढलीपत—देखो 'ढलपति' (रू भे)

ढलैत, ढलैती-स०पु०—ढाल बाधने वाला, योद्धा।

उ०—तिणसू चौदह हजार असवार अेका मोजूद पास रहै नै लाख अेक रिपिया छैमाहिया देवौ। तिण मे सात हजार ढलैत राखू नै हजार सात बरकमदाज रहै।—जलाल बूबना री वात

ढळौ-स०पु० [स० ढलि] ढेला।

वि०—मूर्ख, गँवार।

रू०भे०—डगळौ, डळौ, ढकोळौ, ढगळौ।

अल्पा०—ढळियौ

मह०—डगळ, डळ, ढगळ, ढळ।

ढल्ल—१ देखो 'ढाल' (रू.भे)। उ०—१ 'अखई' वाला आभरण, रिणमाला रिण ढल्ल। कीधा मेर प्रमाण चित, लीधा व्रत 'अजमल्ल'।—रा रू

उ०—२ रिण 'अचळ' जोड दळ ढल्ल राम। जादम सग्राम कज गिणत जाम। रिप जोर सोर प्रगट्टौ दहन्न। कनवज्ज समर कज्ज फिर अडर कन्न।—रा रू

उ०—३ हिंडळुता गंजूह हमल्ला, ढळके काळी पीळी ढला—गु रू ब.

२ देखो 'ढोल' (रू भे) उ०—१ निहट्टौ 'जैत' घुरै नीसाण, खळब्भळ होय दळा खुरसाण। महामुहि खेत्र चढै बिहु मल्ल, ढुळद्दुळ ढोल ढमक्कै ढल्ल।—रा ज रासौ

ढल्ली—देखो 'दिल्ली' (रू भे.)

ढल्लीप-स०पु० (रा० ढल्ली+स०प) सम्राट।

उ०—कही ग्रहफळ जद कह्या पित्थ ढल्लीप प्रमाणै। कवरपदौ घण कह्यौ, आयु कहि घण उपराणै।—केहरप्रकास

ढल्लीस-स०पु० [रा० ढल्ली+स० ईश] बादशाह।

उ०—चाळीसो कर पातसाह पदवी नै ईं चहियौ। जो बैठ तखत ढल्लीस सूं अमानणौ व्है रहियौ।—केहरप्रकास

ढल्लौ-वि० (स्त्री० ढल्ली) मुक्त।

क्रि०प्र०—करणौ।

ढव—देखो 'ढब' (रू भे)

ढसणौ, ढसबौ-क्रि०अ०—१ ढहना, गिरना, पडना।

उ०—पाथर चूनो ढग पडै, सिरज्या भुरज न सार। धूळ कोट मह ढसण दे, गोळा गिटणी गार।—रेवतसिंह भाटी

२ देखो 'धसणौ, धसबौ' (रू भे)

ढसणहार, हारौ (हारी), ढसणियौ—वि०।

ढसवाडणौ, ढसवाडबौ, ढसवाणौ, ढसवाबौ, ढसवावणौ, ढसवावबौ—प्रे०रू०।

ढसाडणौ, ढसाडबौ, ढसाणौ, ढसाबौ, ढसावणौ, ढसावबौ—क्रि०स०।

ढसिओडौ, ढसियोडौ, ढस्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ढसीजणौ, ढसीजबौ—भाव वा०।

ढसाडणौ, ढसाडबौ—देखो 'ढसाणौ, ढसाबौ' (रू भे)

ढसाडणहार, हारौ (हारी), ढसाडणियौ—वि०।

ढसाडिओडौ, ढसाडियोडौ, ढसाड्योडौ—भू०का०कृ०।

ढसाडीजणौ, ढसाडीजबौ—भाव वा०।

ढसणौ, ढसबौ—अक०रू०।

ढसाडियोडौ—देखो 'ढसायोडौ' (रू भे)

(स्त्री० ढसाडियोडी)

ढसाणौ, ढसाबौ-क्रि०स०—१ ढहाना, गिराना.

२ देखो 'धसाणौ, धसाबौ' (रू भे)

ढसाणहार, हारौ (हारी), ढसाणियौ—वि०।

ढसायोडौ—भू०का०कृ०।

ढसाईजणौ, ढसाईजबौ—कर्म वा०।

ढसणौ, ढसबौ—अक०रू०।

ढसाडणौ, ढसाडबौ, ढसावणौ, ढसावबौ—रू०भे०।

ढसायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ ढहाया हुआ, गिराया हुआ।

२ देखो 'धसायोडौ' (रू भे)

(स्त्री० ढसायोडी)

ढसावणौ, ढसावबौ—देखो 'ढसाणौ, ढसाबौ' (रू.भे)

ढसावणहार, हारौ (हारी), ढसावणियौ—वि०।

ढसाविओडौ, ढसावियोडौ, ढसाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

ढसावीजणौ, ढसावीजबौ—कर्म वा०।

ढसणौ, ढसबौ—अक०रू०।

ढसावियोडौ—देखो 'ढसायोडौ' (रू भे)

(स्त्री० ढसावियोडी)

ढसियोड़ो-भू०का०कृ०—१ ढहा हुआ, गिरा हुआ, पडा हुआ.
२ देखो 'धसियोड़ो' (रू भे)
(स्त्री० ढसियोड़ी)

ढहकणो, ढहकबो-क्रि०अ०—१ गिरना, पटना. २ धँसना, गडना।
ढहकणहार, हारो (हारी), ढहकणियो—वि०।
ढहकवाड़णो, ढहकवाडबो, ढहकवाणो, ढहकवाबो, ढहकवावणो, ढहकवावबो—प्रे०रू०।
ढहकाड़णो, ढहकाडबो, ढहकाणो, ढहकाबो, ढहकावणो, ढहकाववो—क्रि०स०।
ढहकिग्रोड़ो, ढहकियोड़ो, ढहक्योड़ो—भू०का०कृ०।
ढहकीजणो, ढहकीजबो—भाव वा०।

ढहकाड़णो, ढहकाडबो—देखो 'ढहकाणो, ढहकाबो' (रू भे)
ढहकाडणहार, हारो (हारी), ढहकाडणियो—वि०।
ढहकाड़िग्रोड़ो, ढहकाड़ियोड़ो, ढहकाड्योड़ो—भू०का०कृ०।
ढहकाड़ीजणो, ढहकाड़ीजबो—कर्म वा०।
ढहकणो, ढहकबो—ग्रक०रू०।

ढहकाणो, ढहकाबो-क्रि०स०—१ गिराना २ धँसाना, गडाना।
ढहकाणहार, हारो (हारी), ढहकाणियो—वि०।
ढहकायोड़ो—भू०का०कृ०।
ढहकाड़ीजणो, ढहकाडीजबो—कर्म वा०।
ढहकणो, ढहकबो—ग्रक०रू०।
ढहकाड़णो, ढहकाडबो, ढहकावणो, ढहकाववो—रू०भे०।

ढहकायोड़ो-भू०का०कृ०—१ गिराया हुआ. २ धँसाया हुआ, गडाया हुआ।
(स्त्री० ढहकायोड़ी)

ढहकावणो, ढहकावबो—देखो 'ढहकाणो, ढहकाबो' (रू भे)
ढहकावणहार, हारो (हारी), ढहकावणियो—वि०।
ढहकाविग्रोड़ो, ढहकावियोड़ो, ढहकाव्योड़ो—भू०का०कृ०।
ढहकावीजणो, ढहकावीजबो—कर्म वा०।
ढहकणो, ढहकबो—ग्रक०रू०।

ढहकावियोड़ो—देखो 'ढहकायोड़ो' (रू भे)
(स्त्री० ढहकावियोड़ी)

ढहकियोड़ो-भू०का०कृ०—१ गिरा हुआ, पडा हुआ २ धँसा हुआ, गडा हुआ।
(स्त्री० ढहकियोड़ी)

ढहढहणो, ढहढहबो—देखो 'ढहणो, ढहबो' (रू भे.)
उ०—ग्रादित्यकिरण निरुद्ध हुआ, हुसमस हय दळ हैसारवि हरिण कन्हा हरिण ग्राठठ, उच्चैस्रवा ऊकनिउ, ऐरावण ऊमदिठिउ, दिग्गज ढहढह्या, बूब वाजो।—व स

ढहढहियोड़ो—देखो 'ढहियोड़ो' (रू भे)
(स्त्री० ढहढहियोड़ी)

ढहणो, ढहबो-क्रि०अ०—१ घर, दीवार ग्रादि का गिर पडना, ध्वस्त होना। उ०—१ जेहल ताल खड़ीए हूँ, तरवर लाकड होय। हरम ढहे ढूढा हुवै, जस ग्रविकारी जोय।—वा दा
उ०—२ जाडी किलै सफील, माय ज नर निवळा वसै। ढूढो ढहता ढील, रती न लागै राजिया।—किरपाराम
मुहा०—ढहियोड़ा घर बतावणा—ढहे हुए मकान दिखाना, निराशा-जनक बातें करना।
२ गिरना, पडना। उ०—सूहप सीस गुमाय कर, चदै दिस मत जोय। कदैक चदो ढह पडै, रैण ग्रधारी होय।—र रा
३ ग्रवसान होना, मरना ४ नष्ट होना ५ वीरगति को प्राप्त होना, धराशायी होना। उ०—१ खहै 'जमक्कन्न' तणो 'खडगेस'। जिकै खग झाट ढहै जवनेस।—सू प्र
उ०—२ ढहै गयद भ्ळ ढहै प्रेत भख लहै ग्रीध पळ।—सू प्र
६ कटना। उ०—१ गुडै गज्ज पाहड टूक ढहिया कूभाथळ। वज्र-पात करमाळ ग्रुडि तूटै कवू-थळ।—गु रू व.
उ०—२ ढहै ढीचाळ रत खाळ खळकै धरा, जुडै घड पडै भड दड जडाळै। 'सता' विण ग्रवर कुण साह सू समवडै, पावरै पैज मैदान पाळै।—नैणसी
७ मिटना ८ दूर होना ९ दमन होना।
ढहणहार, हारो (हारी), ढहणियो—वि०।
ढहवाड़णो, ढहवाडबो, ढहवाणो, ढहवाबो, ढहवावणो, ढहवाववो—प्रे०रू०।
ढहाड़णो, ढहाडबो, ढहाणो, ढहाबो, ढहावणो, ढहाववो—क्रि०स०।
ढहिग्रोड़ो, ढहियोड़ो, ढह्योड़ो—भू०का०कृ०।
ढहीजणो, ढहीजबो—भाव वा०।
ढंणो, ढंबो, ढूंणो, ढेंबो—रू०भे०।

ढहाड़णो, ढहाडबो—देखो 'ढहाणो, ढहाबो' (रू भे)
उ०—सीधुरा ढहाड़ सूवा दहाड विभाड सत्रा, धाव सिम्र विरदाई प्रवाडा धरेस। तुरगा कव्यदा वाग्रराड भडा राम ताखा, निखंगा रीझणा धाड जानकी नरेस।—र.ज.प्र.
ढहाडणहार, हारो (हारी), ढहाडणियो—वि०।
ढहाड़िग्रोड़ो, ढहाड़ियोड़ो, ढहाड्योड़ो—भू०का०कृ०।
ढहाड़ीजणो, ढहाडीजबो—कर्म वा०।
ढहणो, ढहबो—ग्रक० रू०।

ढहाड़ियोड़ो—देखो 'ढहायोड़ो' (रू भे)
(स्त्री० ढहाड़ियोड़ी)

ढहाणो, ढहाबो-क्रि०स०. ('ढहणो' क्रिया का प्रे०रू०) १ घर, दीवार ग्रादि गिरवा देना, ध्वस्त करवा देना। उ०—ग्ररु मिंदर रै लारै लारै महजीद कराई। सू ग्रब तळक मौजूद है। ग्ररु व्रिंदावन वा गिरराज ऊपर मिंदर था सो ढहाय दीना।—द दा
२ गिरवाना. ३ मरवाना. ४ सहार करवाना. ५ नाश कर-

वाना ६ धराशायी करवाना. ७ कटवाना ८ मिटवाना ९ दूर करवाना १० कहलवाना ।

ढहायोडौ–भू०का०कृ०—१ घर, दीवार आदि गिरवाया हुआ. २ गिरवाया हुआ, पटकाया हुआ ३ मरवाया हुआ ४ धराशायी कराया हुआ ५ कटवाया हुआ ।
(स्त्री० ढहायोडी)

ढहावणौ, ढहाववौ—'ढहाणौ, ढहावौ' (रू भे)
ढहावणहार, हारौ (हारी), ढहावणियौ—वि० ।
ढहाविप्रोडौ, ढहावियोडौ, ढहाव्योडौ—भू०का०कृ० ।
ढहावीजणौ, ढहावीजवौ—कर्म वा० ।
ढहणौ, ढहबौ—अक० रू० ।

ढहावियोडौ—देखो 'ढहायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० ढहावियोडी)

ढहियोडौ–भू०का०कृ०—१ घर, दीवार आदि गिरा हुआ, ध्वस्त हुवा हुआ २ गिरा हुआ, पडा हुआ. ३ अवसान हुवा हुआ, मरा हुवा ४ वीर गति को प्राप्त हुवा हुआ, धराशायी हुवा हुआ ५ कटा हुआ ।
(स्त्री० ढहियोडी)

ढाक–स०स्त्री०—१ कलक, धव्वा । उ०—देवळ मन मे जाणियौ आज पावू मारीजसी अर हूमै पालियौ पिण रय नही जद दूजी सगता नै कह्यौ आपा माथै मोटी ढाक आसी ।—पा प्र
२ देखो 'ढाकणौ' (मह, रू भे)

ढाकण—देखो 'ढाकणौ' (मह, रू.भे)
उ०—१ राखण कुळ मरजाद, अघपतिया ढाकण अडिग । आवै वर वर याद, भूला किम भीमेण रा ।—अवादान रतनू
उ०—२ निज गुण ढाकण नेक नित, पर गुण गिण गावत । असा जग मे सुजण जण, विरळा ही पावत ।—अज्ञात

ढाकणउ—देखो 'ढाकणौ' (रू भे)

ढांकणी–स०स्त्री०—१ देखो 'ढाकणौ' (अल्पा, रू भे)
उ०—ढाकणी मै ढोकळी, मेह वावौ मोकळौ ।—लो गी.
२ देखो 'ढाकणी' (रू भे)

ढाकणियौ—देखो 'ढाकणौ' (अल्पा, रू भे.)

ढाकणौ—देखो 'ढाकणौ' (रू भे)
उ०—सवर रूपी करौ ढाकणौ, ग्यान रूपियौ तेल । आठू ही करम परजाळ नै, दौ रे अधारौ ठेल ।—जयवाणी

ढाकणौ, ढांकवौ—देखो 'ढाकणौ, ढाकवौ' (रू भे)
उ०—१ कै किण सू वाता करै, कै किण नै ल्यै तेड हो चित्ता । कै आख्या दोनू ढाक दै, कै गरदन देवै फेर हो चित्ता ।—जयवाणी
उ०—२ आपणा दोख ढाकण नै काज, छोड देवै मरजादा लाज ।
—जयवाणी

उ०—३ रुकम साची कही, ढाकिया न रहै धरम । करम सभळावसो जेम छूटै करम ।—रुखमणी हरण
उ०—४ भूका पोसण हार यूं, ज्यू जग कमळाकत । नागा ढाकण-हार इम, जिम तरवरा वसत ।—वा दा
उ०—५ रमणौ रमण सिकार, सझै दळ पूर सकाजा । नौवति वाजा निहसि, रजा ढाकै ग्रहराजा ।—सू प्र

ढाकियोडौ—भू०का०कृ०
देखो 'ढाकियोडौ' (रू भे)
(स्त्री० ढाकियोडी)

ढाग–स०पु०—१ वाह्याडम्वर, पाखण्ड, ढकोसला ।
उ०—जागरणा जागै लाज न लागै, ढागा ढिग कूकदा है । सुर झीण न साजै, वीण न वाजै, करमहीण कूकदा है ।—ऊ.का
क्रि०प्र०—करणौ, रचणौ ।
२ कपट, छल ।

ढागी–वि०—ढोग रचने वाला, पाखण्डी २ कपटी, छली, धूर्त ।

ढागौ–वि० (स्त्री० ढागी) आपत्तियुक्त, बुरा, खराब ।
उ०—ढहती डूलीसी भूली ढग ढागै, मोटी आख्या री रोटी मुख मगै । तोता वोता मे रै'ता तुतळाता, वाता वीसरगा वै'ता वतळाता ।
—ऊ का

ढाच–स०स्त्री०—१ पालना लटकाने का लकडी का वना उपकरण ।
२ देखो 'ढाचौ' (मह, रू भे)

ढाचियौ—देखो 'ढाचौ' (अल्पा, रू भे)

ढाचौ–स०पु०—१ लकडी का वना उपकरण विशेष जिसमे सामान भर कर पशुओ की पीठ पर लादा जाता है । उ०—१ वूठा वीतोडा जाझरकै जाता, लादा विसनोई ऊटा पर लाता । ढाचा खाना सू कळसा जळ ढारा, जोगी जाभै रा घुरता जसवारा ।—ऊ का
उ०—२ छुरी पासु परसु पट्टिस सक्ति, करमुक्त, यत्रमुक्त, मुक्तामुक्त, दुस्फोट तरवारि अग्नि तेल लोहवद्ध लुडि एवविध आयुद्ध विसेखी ढाचा भरिया ।—व स
२ ठठरी, पजर ३ किसी वस्तु के अगो की स्थूल रूप से सयोजित वह समष्टि जो उसकी रचना की प्रारभिक अवस्था होती है ।
अल्पा०—ढाचियौ ।
मह०—ढाच ।

ढाढ—देखो 'ढाढ़ौ' (मह, रू भे)

ढाढ़की—देखो 'ढाढ़ी' (अल्पा, रू भे)

ढाढ़वाड, ढाढ़वेड–स०स्त्री०—पशुधन, चौपाये पशु ।
रू०भे०—डाढवेड ।

ढाढापणौ–स०पु०—पशुता । उ०—वोलो, काई इसी जूण पूरी करण री नाव ई 'जीवण' है ? इयै-नै मिनखापणौ कैवू कन ढाढ़ापणौ ।
—वरसगाठ

ढाढ़ियौ—देखो 'ढाढौ' (अल्पा, रू भे.)

ढांडी-सं०स्त्री०—१ बुड्ढी गाय २ छोटी तलैया, पोखरा।
वि०—मूर्ख, गँवारन।
अल्पा०—ढाडकी।

ढांडो-सं०पु०—चौपाया पशु।
वि० (स्त्री० ढांडी) मूर्ख, नासमझ। उ०—वात मानली लपै वाडा, नीत विगाडी निलजा नाडा। मिळगी जोडी जाना माटा, टेढ कह्यो ज्यू मुणियो ढांडा।—ऊ का
रू०भे०—ढाडो।
अल्पा०—ढाडियो।
मह०—ढाड।

ढाण-सं०स्त्री०—१ ऊंट की चाल या गति विशेष। उ०—१ तरै जवढै रण साढ नै सारणी माडी। तिका मास एक माहे सभाई। तिका कोस पचास जाय नै एकै ढाण पाछी आवै।
—जलउा मुमडा भाटी री वात

उ०—क्रम ग्रम ढोला पथ कर, ढांण म चूकै ढाळ। आ मारू बीजी महळ, आखड भूठ एवाळ।—ढो मा
२ मार्ग, रास्ता. ३ नाश, सहार. ४ युद्ध, लड़ाई. ५ गढ।
उ०—टदोळग ढिल्ली हेवै ढाण। सभोडिम जेह वडा सुरताण।
—रा ज रासो

६ समूह ७ ढग, प्रकार, भाति ८
उ०—बदूक घोर उडै सोर भाण धूधळो रह्यो। वाराह ऊठ सैग पूठ भूपती ऊभो ग्रह्यो। मई न वाह गैक राह चाह चेत मे रही। करोड प्राण द्वार ढांण भाण मढळो ग्रह्यो।—पा प्र
९ टेर। उ०—सावणी मढी हुकार मींह, तोखरा वडा हींडै सवीह। ढळियाक गूजुए दघर ढाण, जोगद्र कोयले घूप जाण।
—पा प्र

१० प्रहार ? उ०—जुडै अर तटळ राण दूजा 'जगड', ढाहण ढळा वोजूढळा ढाण। अभग राग तणा नमस अजुआळियो, पमग आता लियो वीज पीठाण।—भाटी माहसिह मोही रो गीत
११ कूए पर बैल जोतने का स्थान १२ स्थान आवाग।
उ०—ढाण सतपुर वसी छोट रजढाणिया, सूर अथमाणिया सुकव साखी। करै वन होम उमगाणिया कथ कज, राणिया वात अखियात राखी।—किसनो आढो

ढाणी-सं०स्त्री० [स० स्थान+रा०प्र०ई] १ एक या एक से अधिक कच्चे मकानों की वह बस्ती जो गाव स दूर खेत मे बसी हुई होती है।
उ०—सुदर सुकुलीणी भीणी साडी मे, जुलफा सपणी जिम अपणी आडी मे। मूनी ढाणी मे सेठाणी सोती, रैंगी विणियाणी पाणी नै रोती।—ऊ का
२ वह भूमि जहा रेत के बहुत से टीबे हो (मालाणी)

ढाणो-सं०पु०—१ वह स्थान जहा कूए से निकाला हुआ पानी खाली होता है. २ बहुत सी 'ढाणिया' का समूह, देखो 'ढाणी'।
३ डेरा, पडाव।
क्रि०प्र०—देणो।

ढाप, ढापण—देखो 'ढाकणो' (मह., रू.भे.)

ढापणउ—देखो 'टाकणो' (रू.भे.)

ढापणियो—देखो 'ढाकणो' (अल्पा., रू भे.)

ढापणी-सं०स्त्री०—१ 'ढाकणी' (अल्पा रू भे)
२ देखो—'ढाकणी' (रू.भे)

ढापणी—देखो 'ढाकणो' (रू भे)

ढापणी, ढापवो—देखो 'ढाकणो, ढाकवो' (रू भे)
उ०—१ जिको वादसाह गरीबा रा छिद्र ढाकै उणरा ऐब प्रभू ढापै।—नी प्र
उ०—२ परणी रै बगैर साम्हो नही देखै, अजोग काम देखण सू आख ढापै।—नी प्र
ढापणहार, हारो (हारी), ढापणियो—वि०।
ढांपवाडणो, ढापवाडवो, ढापवाणो, ढापवावो, ढापवावणो, ढापवावो, ढापाडणो, ढांपाडवो, ढापाणो, ढापावो, ढापावणो, ढापावो
—प्रे०रू०

ढापिग्रोडो, ढांपियोडो, ढाप्योडो—भू०का०कृ०।
ढांपीजणो ढापीजवो—कर्म वा०।

ढापियोडो—देखो 'ढाकियोडो' (रू भे.)
(स्त्री० ढापियोडी)

ढामक-सं०पु०—१ ढोल. २ नगारा ३ ढोल, नगारे आदि का शब्द।

ढांहर-सं०पु०—काटेदार वृक्ष या झाड़ी की शाखा या टहनी।
उ०—भलाइ अर गाव माहै खेजडी हुती तिण सेती च्यारे वाघा मुहकम तिण ऊपरि ढाहर वधाडिया। ढाहर वाधि अर पछै कुवर स्त्री दळपतजी आपरै हाथ सरै मारिया।—द वि

ढा-सं०स्त्री०—१ सरस्वती, वाणी २ नाभि ३ गदा।
सं०पु०—४ ब्रह्मा ५ सुमेरु पर्वत ६ पलाश वृक्ष। (एका०)

ढाई-वि० [स० अर्द्धद्वितीय, प्रा० अड्ढाइय] जो गिनती मे दो से आधा अधिक हो। दो और आधा।
सं०पु०—वालको द्वारा कौडियो से खेला जाने वाला एक प्रकार का खेल विशेष।
मुहा०—ढाई लागणी—अनुकूल अवसर मिलना।

ढाउ—देखो 'दाव' (रू.भे)। उ०—जाणहार हु इ तिहा अछउ मझ मनि लागउ ढाउ। तुम्ह साथिइ आवउ जउ तेडउ घणउ करी सुपसाउ।
—विद्याविलास पवाडउ

ढाक-सं०पु०—१ पलाश का वृक्ष। उ०—ऊपर वरसात आई, तरै वघू ढाक-पळासिया रा आसरा किया छै।—नैणसी
२ कुम्हार का चाक।
मुहा०—ढाक चाढ़णो—भौंचक्का करना, हक्का-बक्का करना।
३ कूल्हे की हड्डी।

मुहा०—ढाक चाढणी—कुश्ती का एक पेच विशेष जिसमे गिराने के लिये कूल्हे की हड्डी पर चढ़ाना।

४ ढोल। उ०—विसम ढाक स ढूकस ढमढमी, भरहरी भर भेरि विहामणि। उच्चरी तुररी कूकरी जसी, सुभट ना सवि रोम ज उद्ठसी।—विराटपर्व

५ रणचण्डी का वाद्य विशेष। उ०—वीर नाच रहिया छै, जोगण ढाक वजावै छै, खप्पर भरै छै।—सूरे खीवे कांधळोत री वात

६ देखो 'ढाकणी' (मह, रू भे)

ढाकण—देखो 'ढाकणी' (मह, रू भे.)

उ०—जगत री हुतौ ढाकण जिको, मान मडोवर मेलियौ।

—वुधजी ग्रासियौ

मुहा०—घर री ढाकण—घर की मर्यादा रखने वाला।

ढाकणउ—देखो 'ढाकणी' (रू.भे)

ढाकण-पूछौ-स०पु०यौ०—वह बैल जिसके पूछ के सफेद वालो के ऊपर का भाग काले वालो वाला हो या काले वालो के ऊपर का भाग सफेद वालो वाला हो।—अशुभ

ढाकणियौ—देखो 'ढाकणी' (अल्पा, रू भे)

ढाकणी-स०स्त्री०—१ मिट्टी का वना ढकने का उपकरण जिसके एक ओर वीच मे पकडने के लिये उभरा हुआ भाग होता है।

मुहा०—ढाकणी मे नाक डुवोणी—लज्जा के मारे मर जाना, शरम के मारे मुह न दिखाना।

२ आच्छादन, ढकन।

उ०—अला एकण ढाकणी, सव दुनिया ढाकी।—केसोदास गाडण

३ घुटने के जोड पर की गोल हड्डी, जावील।

४ देखो 'ढाकणौ' (अल्पा, रू भे)

रू०भे०—ढकणी, ढकणी, ढाकणी, ढापणी।

ढाकणौ-वि०—१ ढकने वाला २ आच्छादित करने वाला ३ छुपाने वाला. ४ वन्द करने वाला. ५ रक्षा करने वाला. ६ मर्यादा रखने वाला।

स०पु०—किसी वर्तन का मुह वद करने के लिये लगाया जाने वाला आच्छादन, ढक्कन।

रू०भे०—ढकणउ, ढकणौ, ढकणउ, ढकणौ, ढाकणउ, ढाकणौ, ढापणउ, ढापणौ, ढाकणउ।

अल्पा०—ढकणियौ, ढकणी, ढकणियौ, ढकणी, ढाकणियौ, ढाकणी, ढापणियौ, ढापणी, ढाकणियौ, ढाकणी।

मह०—ढक, ढकण, ढक, ढकण, ढक्कण, ढाक, ढाकण, ढाप, ढापण, ढाक, ढाकण।

ढाकणौ, ढाकबौ-क्रि०स०—१ (किसी वर्तन आदि पर) ढक्कन लगाना, वन्द करना।

२ (किसी छिद्र आदि को) रोकना, वन्द करना।

३ (कपाट, आख, मुह आदि) वन्द करना।

उ०—टग टग म्हला जी क चनणा ऊतरी जी, कोई, गई गई रामुडै री हाट, ढाक्यो तो फळसो खोल दै जी।—लो.गी.

४ आच्छादित करना, ढकना ५ छुपाना।

उ०—अै नेता लोग डूगर बळती देखै, पण बळती को देखै नी, खुदरा दोसण ढाकै; लोगा रा दोसण उघाडै।—वाणी

ढाकणहार, हारौ (हारी), ढाकणियौ—वि०।

ढकवाडणौ, ढकवाडबौ, ढकवाणौ, ढकवाबौ, ढकवावणौ, ढकवाववौ, ढकाडणौ, ढकाडबौ, ढकाणौ, ढकाबौ, ढकावणौ, ढकावबौ—प्रे०रू०

ढाकिग्रोडौ, ढाकियोडौ, ढाक्योडौ—भू०का०कृ०।

ढाकीजणौ, ढाकीजबौ—कर्म वा०।

ढकणौ, ढकबौ, ढकणौ, ढकबौ, ढाकणौ, ढाकबौ, ढापणौ, ढापबौ —रू०भे०।

ढाकियोडौ-भू०का०कृ०—१ (किसी वर्तन आदि पर) ढक्कन लगाया हुआ, वन्द किया हुआ।

२ (किसी छिद्र आदि को) रोका हुआ, वन्द किया हुआ।

३ (कपाट, आख, मुह आदि) वन्द किया हुआ।

४ आच्छादित किया हुआ, ढका हुआ ५ छुपाया हुआ। (स्त्री० ढाकियोडी)

ढाग—१ देखो 'ढागौ' (मह, रू.भे) २ देखो 'ढागी' (मह, रू भे)

३ देखो 'ढाक' (३) (रू.भे.)

ढागलियौ—देखो 'ढागौ' (अल्पा, रू भे)

ढागली—देखो 'ढागी' (अल्पा, रू भे)

ढागलौ—देखो 'ढागौ' (अल्पा, रू भे)

ढागियौ—देखो 'ढागौ' (अल्पा, रू भे)

ढागी-स०स्त्री०—१ वृद्ध गाय २ वृद्ध मादा ऊट।

अल्पा०—ढागली।

मह०—ढाग।

ढागीड—१ देखो 'ढागौ' (मह, रू भे.) २ देखो 'ढागी' (मह, रू भे)

ढागौ-स०पु० (स्त्री० ढागी) १ वृद्ध वैल २ वृद्ध ऊँट।

अल्पा०—ढागलियौ, ढागलौ, ढागियौ।

मह०—ढाग, ढागीड।

ढाड—देखो 'डाड' (रू भे)

ढाडी—देखो 'ढाढी (रू भे.)

ढाडीड—देखो 'ढाढी' (मह., रू भे.)

ढाडीडौ—देखो 'ढाढी' (अल्पा, रू.भे.)

ढाढस-सं०पु० [स० दृढ, प्रा० डिढ) धैर्य, सान्त्वना धीरज।

उ०—गीध दास झडपै घणा, झडप परा हुत जग। ढस्यौ वर न ढाढस ढस्यौ ढस्यौ न राजस ढग।—रेवतसिंह भाटी

क्रि०प्र०—देणौ, वधाणौ, राखणौ, होणौ।

ढाढी-स०पु० (स्त्री० ढाढण) विवाह, जन्मोत्सव आदि मागलिक अवसरो पर गायन करने वाली एक मुसलमान जाति या इस जाति का व्यक्ति। उ०—ढाढी, एक सदेसडउ, प्रीतम कहिया जाइ। सा धण

वळि कुइला भई, भसम ढढोळिसि ग्राइ ।—टो मा
रू०भे०—टाडी ।
ग्रल्पा०—डाडीडो, डाडोट ।
मह०—टाडोड, ढाडीड ।
डाढ़ोड—देखो 'टाडी' (मह , रू भे)
डाढ़ोडो—देखो 'डाढ़ी' (ग्रल्पा , रू.भे)
उ०—डाढ़ीडा त घरम री है रीग, डाडी म्हारा गो। म्हानें रे बता दे राणो काढ्वो जो म्हारा राज ।—ना गी
डा'णो—देखो 'डाहणो' (रू भे)
उ०—छिनियाणी वधतो कळा, डा'णी सत्रवा दून। सिंह पवाणी साढुळो, ताणी हात सिगळ ।—नानाबरश बारहठ
(स्त्री० डा'णी)
डा'णो, डा'बो—देखो 'डाहणो, डाहबो' (रू भे)
उ०—१ द्रस्टा सिरया द्रस्य नहिं पावें, द्रस्य मिटया द्रस्टाजी। जो कोई मनकू सउपा चावो, पाच दिनें कू डाजी।
—श्री हरीरामजी महाराज
उ०—२ ऐसे भगाएल्ल एकळगिड वराह डाए। ऐते मे केतैक सिर-मोर सिंग सामरू के चूथ ग्राए।—सू प्र
उ०—३ हुरम सायजादी ये हिंदू रो छोडयो कोनी देव, दिनज्यानी वेगम चु ग युग तो डाण ये मदिर दवरा ।—लो गी.
ढाब-स०पु०—छोटी तलैया । उ०—ग्रा रतनागर सागर थारें, थारी वरोवरी म्हे करा स, कोई ढाव नरचा है म्हारें, गिरधारी हो लाल ।—लो गी
ढाबणो, ढाबबो-क्रि०स०—१ ठहराना, रोकना ।
२ थामना, रोकना । उ०—ग्रोछी ग्रगरख्या दुपटी छिन देनो, गोडें वरछी जे पूरा गामेती। फेटा छोगाळा खागा सिर फावे, टेढा डोटावें दिगतो नभ डावें ।—ऊ का
३ निभाना, रखना । उ०—एक नारी रो काई ढावणो, नारी होवें घर को सिणगार। नारी विना मदिर किसो, क्रस्णजी परण्या वत्तीस हजार ।—जयवाणी
४ सहारा देना, ग्राश्रय देना । उ०—सुतन 'सावत' मयद सुणे थारा सवद, मद ग्ररद जिकै सुध गाढ भाजै। वाह छोटा जिकै गिरद ढकावसे, वाह ढावो जिकै नरद वाजें ।
—नीवाज ठाकुर सवाईसिह रो गीत
५ पकड़ना । उ०—ग्रारत स्रवण सुणी ग्रणदा री, पडता कूप ज पाव। दमी रूप तुरत हो ग्राई, ले मुख ढावो लाव ।
—हिंगळाज दान बारहठ
ढावणहार, हारो (हारी), ढावणियौ—वि० ।
ढववाड़णो, ढववाउवो, ढववाणो, ढववाबो, ढववावणो, ढववाववो, ढवाडणो, ढवाडवो, ढवाणो, ढवावो, ढवावणो, ढवाववो—प्रे०रू० ।
ढाविग्रोड़ो, ढावियोडो, ढाव्योडो—भू०का०कृ० ।
ढाबीजणो, ढाबीजवो—कर्म वा० ।
ढवणो, ढववो—ग्रक०रू० ।
ढावियोडो—भू०का०कृ०—१ ठहराया हुग्रा, रोका हुग्रा. २ थामा हुग्रा, रोका हुग्रा ३ निभाया हुग्रा, रखा हुग्रा ४ सहारा दिया हुग्रा, ग्राश्रय दिया हुग्रा ५ पकड़ा हुग्रा ।
(स्त्री० ढावियोडी)
ढावो—स०पु०—१ वह स्थान जहा पैसे देकर भोजन करने व ठहरने का प्रबन्ध होता है २ पक्षियों ग्रादि को पकडने का उपकरण
३ चिथडो व कागजों ग्रादि की लुग्दी से बनाया हुग्रा वर्तन ।
४ भैंस को पैर से बाधने की लोह की बनी साकल विशेष (शेखावाटी)
५ रगीन ग्रोढ़नी के बीच मे लगने वाली बडी छाप ।
उ०—पाली तो जावो तो म्हारै पीळी लाइजो ग्रो क हरिया ढावा रो।—लो गी
६ ग्ररावली पर्वत (?) उ०—वीजळिया सळभळिया, ढावा-थी ढळियाह। काठी मीढे वल्लहा, घण दीहे मिळियाह।—जसराज
ढावो—स०पु०—घास-फूस रखने का कच्चा मकान (शेखावाटी)
वि०—मूर्ख ।
ढाळ—स०स्त्री०—१ वह स्थान जो क्रमश बराबर नीचा होता गया हो, उतार। उ०—क्रम-क्रम ढीला पग्र कर, ढाण म चूकै ढाळ । ग्रा मारू बीजी महूळ, ग्राखड़ भूठ एवाळ ।—ढो.मा.
२ सगीत मे नाच, गाने ग्रौर वाद्यो का मेल, लय, तर्ज ।
क्रि०प्र०—लेणी ।
३ रीति, ढग। उ०—कीता खेत कवोज वाल्हीक कच्छी। उडै फाळ लै लै फिरै ढाळ ग्रच्छी।—व भा.
४ पड़ाव, डेरा ।
वि०—घटिया किस्म का, हल्का ।
क्रि०वि०—तरह, प्रकार, भांति। उ०—काळ वरस मे भूखा धाया, हुयग्या एकण ढाळ। घोरा नें पूछै रूखड़ला, लासा नें ग्रगनी री भाळ ।—चेतमानखा
ढाल—स०स्त्री०—१ चमड़े, धातु, सिलहट के कपड़े ग्रादि से बना हुग्रा थाली के ग्राकार का गोल ग्रस्त्र जो युद्ध के समय ग्रस्त्र-शस्त्रो के प्रहारो को रोकने के काम मे लिया जाता है ।
पर्या०—ग्राडण, ग्रावरण, खेटक, चरम, तुरस, सिपर ।
२ युद्ध के समय हाथी के ललाट पर बाधा जाने वाला एक उपकरण विशेष जिस पर तलवार, भाला, तीर, बन्दूक ग्रादि का ग्रसर नहीं होता है ।
उ०—ग्रर हजारा वैरिया नें वसुधा माथै विछाइ ढाला समेत कई गजराजा नू ढाळिया ।—व भा.
३ वडा भडा । उ०—तुली ढाल रूडी घली काळ ग्रोपा। ग्रली जोट जूड़ी हली ज्वाळ तोपा ।—व भा
४ रक्षक । उ०—१ 'पतो' 'जगा' रो विरद पत, वीरम रो 'जैमाल'। केळपुरो कमधज दहु, हुग्रा चीत गढ ढाल ।—वा दा.

उ०—२ घणी स अग्र होत ढाल, जूटि घामज्जग मे। इसा वसत के अपार, गाढ पूर नग्र मे।—सू प्र

रू०भे०—ढल्ल, ढालि।

ढालगर–स०पु०—ढाल नामक अस्त्र बनाने वाली जाति या इस जाति का व्यक्ति। (मा म)

ढालडियौ–स०पु०—१ कागज, कपडे आदि की लुग्दी से बना हुआ बरतन विशेष। २

उ०—कुळ करसण करै बरीसण कोडी, ढीक कनक मभ ढालडिया। 'अडसी' सभ्रम ठोड सिचै इम, हुम्म महादत हाथडिया।

—महाराणा हम्मीरसिंह री गीत

ढालडौ–स०पु०—देखो 'ढाल' (अल्पा, रू भे.)

उ०—विसर रा नगारा नाद वाजिया। आ वात सुणता इसा दूला सीह ज्यु गाजिया। सिलह भीडिया। ढालडा खडभडिया।

—पना वीरमदे री वात

ढाळणौ, ढाळबौ–क्रि०स० [स० ध्वर्] १ पानी या अन्य किसी द्रव पदार्थ को गिराना, बहाना। उ०—१ बिरमाजी नै घणी तरह सू दोस लगाय नै आख्या सू आसू ढाळण ढूकी।

—ठाकुर श्यामसिंह सिंधल

उ०—२ सात जनम आगइ सामळिया, तिणि कारणि मन मोहइ। आसू ढाळइ चिहुँ दिसि न्हाळइ, गोख चढी दळ जोवइ।

—रुकमणी मगळ

उ०—३ एहवा वचन कहीनी, धामणी नयणे ते ढाळि नीर। तुहि चित वाळि नहो, कळियुगि वाध्यु वीर।—नळाख्यान

२ अभिसिंचन करना। उ०—आणी नव नव तीरथ तोय, कनक कुभ भरइ सवि कोय। तिम वळि दूध तणा भ्रंगार, स्नान भणी सुर भालइ सार। कनक कुभ सुर ढाळइजस्यइ, हरि ससय ऊपन्नउ तस्यइ। अति लहुडउ ए जिणवर वीर, किम सहस्यइ कळसा ना नीर।—स.कु

मुहा०—१ तेल ढाळणौ—मन्नत की प्रतिज्ञा पूरी करने के लिये भैरव, हनुमान आदि देवताओ पर तेल का अभिसिंचन करना

२ पांणी ढाळणौ—'वायासा' (ऊपरलिया) लोक देवियो के प्रसन्नार्थ जल का अभिसिंचन करना। मृतक प्राणी के फूल (अस्थियो) पर जल का अभिसिंचन करना ३ दारू ढाळणी (ढाळणौ)—देवी, दुर्गा, भैरव आदि देवताओं के प्रसन्नार्थ शराब का अभिसिंचन करना. ४ बोतल ढाळणी—देखो 'दारू ढाळणी'।

३ उँडेलना ४ गिराना, पटकना. ५ रखना ६ बिछाना (पलग, जाजम, आसन आदि) उ०—१ मन जाणे बूडलो हुवा, (ऊगा) वेणप री थळिसाह। वीभो ढाळै ढोलियो, वळती छाहडियाह।

—र रा

उ०—२ लाल लगोटो तिलक सिंदूर को, बैठा आसण ढाळ। बाबा बजरगी री बगळी हद बण्यो।—लो गी.

७ डेरा डालना, पडाव डालना ८ लौटाना, भेजना ९ घोडे, ऊँट, बैल आदि को चरने के लिये छोडना।

उ०—रैवारीडा सोजा मेरा वीर, रैण अधारी करहा ढाळ दै। गैली बहुवड असल गिवार, करहा लद्योडा अब ना ढळै।—लो.गी.

उ०—इयै कह्यो—म्हे आगलै सहर जाय बळद ढाळसा।

—बिसनी वेखरच री वात

१० व्यतीत करना, बिताना, गुजारना ११ खैराद पर उतारना, रूप देना १२ किसी पिघले हुए पदार्थ या लुग्दी को साचे मे डाल कर किसी वस्तु की रचना करना। उ०—पेट मूमल रौ पीपळियै री पान, कोई पसवाडा मूमल रा सचै ढाळिया।—लो गी.

१३ अर्पण करना, चढ़ाना। उ०—एक वाम अगुंम्ठ आधारै, नव दिन रात रहै निरहारै। कमध मतो सिर ढाळण कीधो, दरसण सकति प्रतखि तदि दीधो।—सू प्र

१४ दूर करना। उ०—ताहरा मेघै घाव कियो, सो दूदै ढाल सू ढाळि दियो।—दूदै जोधावत री वात

१५ मारना, सहार करना, काटना। उ०—अर हजारा ही वैरिया नू वसुधा माथै बिछाय ढाला समेत केई गजराज ढाळिया।—व भा

१६ आच्छादित करना, ढकना। उ०— ऊचो हाथ करै न, मुख दै पल्लो ढाळ हो चित्ता।—जयवाणी

१७ ओढ़ाना १८ देखो 'ढोळणौ, ढोळबौ' (रू भे)

उ०—१ निछरावळि कीध नाखि नजीक, मोताहळ ऊच्छाळ ए। राठौडा 'गजण' देव मैं राजा, चिहु दिसि चम्मर ढाळ ए।—गु रू व

उ०—२ सेसनाग गजछत्र धरइ, गगा यमुना चमर ढाळइ, व्रिहस्पति घडि आलउ वायइ।—व स

१९ नीचे करना, भुकाना। उ०—मारग पिण मिळिया साध सू जावै मूढो ढाळ हो।—जयवाणी

२० निगलना। ज्यू—कवो ई को ढाळीजै नी। घूट ई को ढाळीजै नी।

उ०—आगै भोपतजी समाधिया हुया हुता। काचो पाको वारो ढाळियो हुतो। पथ्य लियै हुता। पथ्य गोवळजी आपरै हाथि आरोगाडता।

—द वि

२१ देखो 'ढळणौ, ढळबौ' १३ (रू भे)

ढाळणहार, हारो (हारी), ढाळणियो—वि०।

ढळवाडणौ, ढळवाडबौ, ढळवाणौ, ढळवाबौ, ढळवावणौ, ढळवावबौ, ढळाडणौ, ढळाड़बौ, ढळाणौ, ढळाबौ, ढळावणौ, ढळावबौ—प्रे०रू०।

ढाळिओडौ, ढाळियोडौ, ढाळयोडौ—भू०का०कृ०।

ढाळीजणौ, ढाळीजबौ—कर्म वा०।

ढळणौ, ढळबौ—अक रू०।

ढाळमौ, ढाळवौ—देखो 'ढळवौ, ढळमौ' (रू भे)

ढालाळ, ढालाळौ–स०पु०—ढाल धारण करने वाला, ढलैत, योद्धा।

उ०—जाहर सारै जगत मे, अजरैल भालाळा। मेवासी वाका मरद, थळ भोम विचाळा। चावै ढेवै सारखा, जबरैल ढालाळा। मेवासै डूगर मही सोहड़ कळचाळा।—पा प्र

ढालि—देखो 'ढाल' (रू भे.) उ०—राजति ग्रति एण पदाति कज रथ, हंसमाळ वधि लास हय। ढालि खजूरि पूठि ढळकावें, गिरिवर सिणगारिया गय।—वेलि

ढालियोड़ो—भू०का०कृ०—१ पानी या ग्रन्य किसी द्रव पदार्थ को गिराया हुग्रा, बहाया हुग्रा. २ ग्रभिसिचन किया हुग्रा. ३ उंडेला हुग्रा. ४ गिराया हुग्रा, पटका हुग्रा ५ रखा हुग्रा. ६ बिछाया हुग्रा, (पलंग, जाजम, ग्रासन ग्रादि) ७ डेरा डाला हुग्रा, पड़ाव डाला हुग्रा. ८ लौटाया हुग्रा, भेजा हुग्रा. ९ घोड़े, ऊंट, बैल ग्रादि को चरने के लिये छोड़ा हुग्रा १० व्यतीत किया हुग्रा, बिताया हुग्रा, गुजारा हुग्रा. ११ खैराद पर उतारा हुग्रा, रूप दिया हुग्रा १२ किसी पिघले हुए पदार्थ या लुग्दी को साँचे में डाल कर बनाया हुग्रा. १३ ग्रर्पण किया हुग्रा, चढाया हुग्रा १४ दूर किया हुग्रा १५ सहार किया हुग्रा, मारा हुग्रा, काटा हुग्रा १६ ग्राच्छादित किया हुग्रा, ढका हुग्रा. १७ ग्रोढ़ाया हुग्रा १८ देखो 'ढोळियोडो' (रू भे) १९ नीचे किया हुग्रा, झुकाया हुग्रा २० देखो 'ढळियोड़ो' १३ (रू भे) (स्त्री० ढालियोडी)

ढालियो—स०पु०—१ ऊपर से लोहे की चद्दरों या घास-फूस से छाया हुग्रा प्रायः मकान के ग्रागे का खुला भाग, छप्पर।
क्रि०प्र०—उतारणो, करणो।
२ सिंचाई के खेत का एक भाग. ३ छोटा ढालू घास।
रू०भे०—ढळियो।

ढाळु, ढाळू—वि०—१ जो क्रमशः बराबर नीचा होता गया हो, ढालदार, ढालू। उ०—ससारचक्र तणउ इण परि ढाळु चडतउ पडतउ वरतइ काळु, कल्पद्रुम मनवछित होइ जुगळाधरम तिहां वरतइ सोइ।
—चिहुगति चउपई

ढालू—स०पु०—करील का पका हुग्रा फल।

ढालेत, ढालेती—स०पु०—ढाल रखने वाला, ढलैत, योद्धा। उ०—ग्राप भमर ग्रसवार, ढालेती पैदल घणं। तेरह सथ तोखार, मणधारी ग्रायो मिळण।—पा प्र.

ढाळे—वि०—ठीक, ग्रच्छा।
क्रि०वि०—तरह, प्रकार। उ०—ग्रागे लाठा माणसा सू कजियो छै, सो जाणं किस ढाळे ऊतरं।—कुवरसी साखला री वारता

ढाळोढाळ—क्रि०वि०—ढाल की ग्रोर।
उ०—मोडकी मगरी रो पाणी ढाळोढाळ ढळियो रे। ग्रावू थारे पा'डा मे ग्रगरेज वुड़ियो रे क काळी टोपी रो। हा रे काळी टोपी रो रे, देस मे छावणियां नाखे रे क काळी टोपी रो।—लो.गी.
वि०—ठीक, उचित।

ढाळो—स०पु०—१ पडाव, डेरा। उ०—किय ढाळो पूनागर कनै, ग्राय खबर यण रैविया। सो तुरग ग्रसी ग्रोठा सहित, है वोळावो खीचिया
—पा.प्र.

२ देखो 'ढाळियो' (रू भे)
३ प्रकार, भांति, तरह। उ०—ग्रापरै ढाळा रो वो सगळा चोखळा मे एक ई हो।—वाणी
४ हालत, दशा ५ शक्ल, रूप, ग्राकृति. ६ ढग।
उ०—थू तो काई, म्हारी होळी माता गरभ री। थू तो देख गँवरिया रो ढाळो रे, ढाल्या ढळकर चाल्यो ठेलणी, मोल्या मळक'र चालै मोरडी।—लो गी.

ढावणो, ढावबो—देखो 'ढाहणो, ढाहबो' (रू.भे.) उ०—१ जोर सू कई जणा भेळा-ई कूक ऊठिया—घर फूटै नै कारी कोयनी, घरभेदू ई लका ढावै।—वरसगाठ
उ०—२ दिल्लीसर वादस्या फौजा तो दीनी हुकवाय। हीलेडो वादस्या ऊपर चढ़ ग्रायो रे ढावण देवरा।—लो.गी.

ढावियोडो—देखो 'ढाहियोडो' (रू भे)
(स्त्री० ढावियोडी)

ढावो—स०पु०—तट, किनारा (नदी का) उ०—सारस केळ करै संजोडै, ऊचा भमग चढै तर ग्रोडै। दिस पिछमाण वादळा दोडै, तद जळ नदिया ढावा-तोडै।—वर्षा विज्ञान
रू०भे०—ढाहो।

ढाहढह, ढाहडोह—स०पु०—हाथी, गज (ना.डि.को)

ढाहणो—वि० (स्त्री० ढाहणी) १ मकान, दीवार ग्रादि ध्वस्त करने वाला. २ गिराने वाला. ३ मारने वाला। उ०—भाजणो ग्रिवेघी घडा भेळणो भिडज भाळै, ढाहणो गयदा खेति ढढोळणो ढाल। ग्रागळी दळा ग्रभग जैतखभ हुग्रो जुधं, 'जोधाहरो' जगजेठ जोध जगमाल।—जगमाल राठोड री गीत
४ सहार करने वाला. ५ नाश करने वाला. ६ काटने वाला.
७ मिटाने वाला ८ दूर करने वाला. ९ कहने वाला।
१० दमन करने वाला।

ढाहणो, ढाहबो—क्रि०स०—१ मकान, दीवार ग्रादि गिराना, ध्वस्त करना। उ०—चकतो ग्रकबर चयकवै, पतसाहा पतसाह। चतुरगी फौजा चढ़े, दिए दुरगा ढाह।—वा.दा.
२ गिराना, पटकना। उ०—नदी किनारै ग्राय रथी लात सू ढाय नाखी।—पचदडी री वारता
३ मारना। उ०—सूग्ररा रो सिकार माणीजै छै। एकल ढाहीजै छै।—रा सा.स.
४ नष्ट करना, उजाडना ५ संहार करना, मारना।
उ०—१ चख मुख ग्ररुण सचोळ, विळकुळतो वाकारतो। घीव झडा घमरोळ, ग्ररिदळ ढाहे हरिदउत।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात
उ०—२ महावळ मुग्गळ ढाहि ग्रमाप। पटाझर सेल जडे 'परताप'।
—सू.प्र.
६ मिटाना। उ०—दादू ग्ररस खुदाय कर, ग्रजरावर का थान। दादू सो क्यू ढाहिये, साहिव का नीसाण।—दादू वाणी

७ दूर करना ८ कहना। उ०—ढीली वात म ढाहि, पुण्य री कारज पडता। ढीली वात म ढाहि, न्याय सूधी नीवडता। ढीली वात म ढाहि, बहस सूं पडियो बोलै। ढीली वात म ढाहि, ढमकिए वाहर ढोलै। सहु करै पूछि आगै सूजस, ढीली तठै न ढाहिजै। आवियै दाव ओठभता, कुळ धरमसीह कहाइजै।

९ दमन करना। —ध व ग्र

१० देखो 'ढहणो, ढहवो' (रू भे) उ०—राजा अपूठो आयो, राणी बैठी छै। इतरै राजा आयो। राणी वात पूछी। राजा बात कही। राणी धरि ढाहि पडी। सहेलिया सचेत की। विलाप करण लागी। राजा धीरज देण लागो। हूणहार मिटै नही।—चौबोली

ढाहणहार, हारो (हारी), ढाहणियो—वि०।

ढहवाडणो, ढहवाडवो, ढहवाणो, ढहवावो, ढहवावणो, ढहवाववो, ढहाडणो, ढहाडवो, ढहाणो, ढहावो, ढहावणो, ढहाववो—प्रे०रू०।

ढाहिओडो, ढाहियोडो, ढाह्योडो—भू०का०कृ०।

ढाहीजणो, ढाहीजवो—कर्म वा०।

ढहणो, ढहवो—अक०रू०।

ढा'णो, ढा'वो, ढावणो, ढाववो, ढाहवणो, ढाहववो—रू०भे०।

ढाहवणो, ढाहववो—देखो 'ढाहणो, ढाहवो' (रू भे)

उ०—ढाहेवा गजढाल, जसवत छळि मातै जुडणि। पाटोधर पडि ऊपडै, समहरि रायासाल।—वचनिका

ढाहवियोडो—देखो 'ढाहियोडो' (रू भ)

(स्त्री० ढाहवियोडी)

ढाहिक-वि०—१ मकान, दीवार आदि गिराने वाला, ध्वस्त करने वाला। उ०—दत रा टिला ढाहिक दुरग, ऊधरा चाचरा मसत अग।—सू प्र

२ गिराने वाला ३ मारने वाला. ४ सहार करने वाला ५ नष्ट करने वाला ६ काटने वाला. ७ मिटाने वाला. ८ दूर करने वाला. ९ कहने वाला।

ढाहियोडो-भू०का०कृ०—१ मकान, दीवार आदि गिराया हुआ, ध्वस्त किया हुआ २ गिराया हुआ, पटका हुआ ३ मारा हुआ नष्ट किया हुआ, उजाडा हुआ. ५ सहार किया हुआ, मारा हुआ ६ मिटाया हुआ. ७ दूर किया हुआ ८ कहा हुआ ९ दमन किया हुआ १० देखो 'ढहियोडो' (रू भे)

(स्त्री० ढाहियोडी)

ढाही-स०स्त्री—गाय।

कहा०—ढाही नू डोबी नीचे, डोबी नू ढाही नीचे करवू है—गाय का भैंस के नीचे और भैंस का गाय के नीचे करता है अर्थात् भैंस के लाभ से गाय का काम चलाना और गाय के लाभ से भैंस का काम चलाना। तात्पर्य यह है कि ससार मे इधर का उधर और उधर का इधर करने से ही काम चलता है।

(मि०— डाढी)

ढाहो-स०पु० (स्त्री० ढाही) १ बैल।

कहा०—ढाहो तो हाकी न लेवो, डोबी दोई न लेवो—बैल को हल मे जोत कर लेना चाहिये और भैंस को दुहने के बाद अर्थात् प्रत्येक वस्तु की जाच कर के लेना चाहिए।

२ देखो 'ढावो' (रू भे.) उ०—१ तद आप गोयद मूळाणी नू कही—गोयंद, आज री लोह विगडियो तिणसू तू इण नदी रै ढाहै चढ देखवो कर, गिणती कर, म्हारी कितरो हाथ वाह हुवै।

—पदमसिह री वात

उ०—२ उठै माधोसिहजी री मेल्नियो सदासिव भट आइयो, च्यार हजार फौज लेय उठा री कूच कर नागलै डेरो कियो, जोधा सारा खारी रै ढाहै मिळिया।—मारवाड रा अमरावा री वारता

ढिक ढिकण, ढिकुण-स०पु०—१ पक्षी विशेष. २ खटमल।

ढिढोरणो, ढिढोरबो-क्रि०स०—तलाश करना, ढूढना।

ढिढोरियोडो-भू०का०कृ०—तलाश किया हुआ, ढूढा हुआ।

(स्त्री० ढिढोरियोडी)

ढिढोरो—देखो 'ढढोरो' (रू भे) उ०—१ जो मैं ऐसी जाणती, प्रीत कियै दुख होय। नगर ढिढोरो फेरती, प्रीत न कीजो कोय।

—मीरा

उ०—२ तरै वादसाह फरमाई जे इण देस माही ढिढोरो फेरो। विगर फरयादी कोई माथै ऊपर लाल कपडो न पहरै।—नी प्र

ढि-स०स्त्री०—१ पतग २ मोरनी ३ निंदा ४ गदा ५ भूख.

स०पु०—६ लिंग (एका)

ढिकडियो—देखो 'ढीकडो' (अल्पा, रू भे)

ढिकोर-स०स्त्री०—१ मिट्टी का पात्र विशेष ?

ढिग-क्रि०वि०—१ ओर, तरफ। उ०—मची घन लूबी कूह कराळ, चहो ढिग होय रह्यो ढकचाळ।—राज विलास

२ निकट, पास। उ०—खोली खोला री डेढा ढिग ढोली, पोली सेढा री लीला विण-पीळी।—ऊ का.

३ देखो 'ढिगलो' (मह., रू भे) उ०—तद ओर हाथी नाठ गया ताहरा कुवर हाथी री माथो चीर अर गजमोती काढ फूलमती रै मोहडै आगळ ढिग कियो।—चौवोली

रू०भे०—ढिग।

ढिगलियो—देखो 'ढिगलो' (अल्पा, रू भे)

तिकडम-स०पु०—उपाय, तरकीब।

क्रि०प्र०—बैठाणी, भिडाणी, लगाणी।

रू०भे०—तिगडम।

तिकण-सर्व०—उस, वह । उ०—१ वुहा बडेरा वाट, वाट तिकण वहणी विसद । दाग, त्याग, खत्रवाट, पूरो राण प्रतापसी ।—दुरसो आढ़ो, उ०—२ कुळ खेती हीज जुद्ध करणी मारणी मरणी इज है जिणसू पण पती वाज नैं काम आवसी तद अपछरा वरसी सो वा सुरग री वेस्या तिकण सौक रो च्यार मईना कुसग रहसी ।—वी स टी

तिकत-वि० [स० तिक्त] १ तीक्ष्ण, तेज २ चुस्त. ३ चरपरा (जैन)

तिकम—देखो 'टीकम' (रू भे) उ०—तन अरहट रचे अनोखा तिकम आयुस बळ जळ भरियो आण । माळ अहो ! जिण मे निस मेली, जिण बाघी घडिया वोह जाण ।—ओपो आढो

तिकर-स०स्त्री०—कटारी ।

तिकरण—देखो 'त्रिकरण' (रू.भे)

तिकरि-सर्व० -उस, वह ।

क्रि०वि०—के लिए । उ०—सरसती कठि स्री अहि मुखि सोभा, भावी मुगति तिकरि भुगति । उवरि ग्यान हरि भगति आतमा, जपै वेल त्या ए जुगति ।—वेलि

तिका-सर्व० (बहु व०) वे, उन । उ०—लागी हर हू ता लगन, जागी क्रीत जिकाह । वडभागी वे 'वाकला', त्यागी नाम तिकांह ।—वा.दा. रू०भे०—तका ।

तिका-सर्व०स्त्री०—१ वह, उस । उ०—आभा तेणि छाह मझि आवै, दुति घर तिका कनक दरसावै ।—सू प्र

तिकाळ—देखो 'त्रिकाळ' (रू भे)

तिकावरवतक-स०पु०—एक प्रकार का घोडा जिसकी कटि पर तीन भौंरी होती है (शुभ, शा हो)

तिकी-सर्व०स्त्री०—१ वह, उस ।

रू०भे०—तिक्की ।

२ देखो 'तिगी' (रू भे)

तिकु-सर्व०—वह, उस । उ०—तरै रावजी मन माहे दळगीर हू ण लागा तरै जैतेजी कह्यौ—थे दलगीर मत हुवो, थे कहस्यो तिक्कु काम करस्यां ।—राव मालदे री वात

रू०भे०—तिकू ।

तिकूणो-वि०—तीन कोने वाला, त्रिकोण ।

स०पु०—जयसलमेर के दुर्ग का नाम ।

रू०भे०—तिखूटो, तिखूणो ।

तिकू—देखो 'तिकु' (रू भे)

तिकूड-स०पु० [स० त्रिकूट] १ जवू द्वीप के मेरु के पूर्व मे आई हुई शितोदा महानदी के दक्षिण दिशा मे आया हुआ एक पर्वत (जैन)

२ देखो 'त्रिकूट' (रू भे)

तिके, तिकै-सर्व०—वे, उन । उ०—समझावा सौ वार जिके समझण नह जाणै । दिन ऊगैरै दौर तिकै नित ऊधी ताणै ।—ऊ.का.

तिकोरी-स०पु०—१ फौलाद का वना एक औजार जिसके तीन तरफ धार लगती है २ वढई का एक औजार ।

तिको-सर्व० (स्त्री० तिका) वह, उस । उ०—१ सिव कहाय जग सघरै, अग पुजावै और । तो रासै सिर पर तिको, तज जबरी रा तौर ।—वा दा.

उ०—२ जवन अनेक वैर धक जुडसी, मरसी तिको काय जुध मुडसी —सू प्र

तिक्की—१ देखो 'तिकी' (रू भे)

२ देखो 'तिगी' (रू भे)

तिक्ख-वि० [स० तीक्ष्ण] १ तीक्ष्ण, तेज २ वेगवान ३ कठोर (जैन) उ०—पर माहम्मी नइ भवे, दीधा नारिक दुक्ख । छेदन भेदन वेदना, ताडना अति तिक्ख ।—स कु.

तिक्खुत्तो-स०पु० [स० त्रिकृत्वस] तीन वार । उ०—जद वे मोटा पुरख मत्थेन वदामि तिक्खुत्तो आया हिण पयाहिण इम कहि वाद्यो । इसा अजाण हे पिण न्याय निरणो नही ।—भि.द्र.

तिक्खुत्ता-स०स्त्री० [स० त्रिकृत्वस्] सूत्र मे कहे हुए पाठ के अनुसार सविधि तीन प्रदक्षिणा देकर वन्दना करने की क्रिया । उ०—सिंघासण थी राणी ऊठ नैं जी, सात-आठ पग साम्ही जाय । तिक्खुता रो पाठ गिणी करीजी, लुळ लुळ नीची जी थाय ।—जयवाणी

तिक्त-वि० [स०] तीता, कडुआ ।

स०पु० [स०] १ पित्त पापडा २ कुटज ।

तिक्षण-स०पु० [स० तीक्ष्ण] १ तीर, वाण

२ देखो तीक्ष्ण' १ (रू.भे)

तिखग-स०पु० [स० तक्षक] सर्प, नाग । उ०—परा खॅगा उरड झलूसा पाखरे, विजड झड वाहि घड गजा वोळै । 'अभा' राजेस कासव सुतन आगळी, अर तिखग ऊबरै गिरा ओळै ।—महाराजा अभैसिंह रो गीत

तिखडौ-वि०—तीन मजिल वाला ।

तिख-वि०—१ तीक्ष्ण । उ०—चलतो खडग तिख धार—जयवाणी

२ देखो 'तक्षक' (रू भे)

यौ०—तिखराव

तिखट-स०पु०—तराने के समान गाए जाने वाला गीत जिसमे पखावज के बोल काम मे लाये जाते हैं ।

तिखण-स०स्त्री० [स० तीक्ष्ण] मिर्च, मिरची । उ०—जद आ बोली काचरी रा स्वाद री तो तिखण मिळी हुती तो खवर पडती ।—भि.द्र

रू०भे०—तीखण ।

तिखता-स०स्त्री [स० तीक्ष्ण] काली मिर्च (अ मा)

तिखनख-स०पु०—तीखे पैर वाला घोडा ।

तिखराव-स०पु० [स० तक्षक+राज] १ शेषनाग, नागराज.

२ तक्षक नाग ३ कद्रू पुत्र कालिय नाग जिसको कृष्ण ने नाथा था । उ०—दडै काज जळ डोहि, नाग नाथियो निभै नरि । पुठै चढियो प्रभु तुरत, तिखराव गयो तरि ।—पी ग्रं

तिखूटो, तिखूणो-स०पु०—१ सोने-चादी के आभूषणो आदि पर खुदाई

करने का लोहे का कीलनुमा ग्रोजार. २ देखो 'तिकूणौ' (रू भे)

उ०—तुग हुतै 'छाडै' तजडा-हत, थायौ माभी भोम थडी । रावळ खड ग्रायौ सिर रावळ, पोळ तिखूणं भीड पडी ।—राव छाडा रो गीत

तिखणी-वि० [स० तीक्ष्ण] तीखा । उ०—दुत(तं) लोचन काज लं रीख दीनें, धणं कामदेय विख(खं) पाण मीनें । वणे नासिका कीर लुड(डे) विमोय, लसते किधू तिख्खणी दीप लोय ।

—वगसीराम प्रोहित री वात

तिग-स०स्त्री०—१ कमर, कटि । उ०—क्रितराहेका का तिग तूट गया छै तिका रिगमता थका लफ-लफ कोटरै जाय-जाय कटारी लगावै छै ।

— प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

२ हिलने-डुलने की क्रिया, लडखडाने की क्रिया ।

उ०—तावड बैठ तिग तिग तिरै, रमौ सिरारा रावतौ । उतरै ग्रमल वस ह्वै नही, जूवा री ई जावतौ ।—ऊ का

स०पु०—३ तीन मार्ग का संगम (जैन)

तिगडम—देखो 'तिकडम' (रू भे,)

तिगता-स०स्त्री० [स० तिक्तम्] कालीमिर्च (ग्र मा)

तिगतिगणौ, तिगतिगबौ-क्रि०ग्र०—१ लडखडाना, डगमगाना ।
२ लटकना ।

तिगतिगाड़णौ, तिगतिगाडबौ, तिगतिगाणौ, तिगतिगावौ, तिगतिगावणौ, तिगतिगावबौ-क्रि०स०—१ लटकाना । उ०—मोती तणा झूमखा ढवाव्या, माहि पद्मरागपटळ लवाव्या, केळि ने स्तभे तोरण तिगतिगाव्या ।—व स.

२ (हाथ पकड कर इस प्रकार खीचना ग्रथवा भटका देना जिससे) लडखडाते हुए चल पडना ।

क्रि०ग्र०—३ लडखडाना, डगमगाना ।

तगतगाडणौ, तगतगाडबौ, तगतगाणौ, तगतगावौ, तगतगावणौ, तगतगावबौ—रू०भे० ।

तिगम-स०पु० [स० तिग्म] १ वज्र (ग्र मा) २ पिप्पली (ग्र मा)
३ प्रत्येक चरण मे २६ मात्रा का छद विशेष ।
[स० तिग्मगो] ४ सूर्य (ह ना)
रू०भे०—तिग्म ।
वि० [म० तिग्म] तीक्ष्ण, तेज ।

तिगमग्रस, तिगमग्रभीसु, तिगमासु तिगमहर-स०पु० [स० तिग्माशु, तिग्माभिसु] सूय (डि को , ना मा, क कु बो)

तिगरण-स०पु० [स० त्रिकरण] मन, वचन ग्रौर काया (जैन)

तिगरी-स०स्त्री० [स० तुग्रही] १ सकट, कष्ट, पीडा
२ जल का ग्रभाव ।
रू०भे०—तगरी ।

तिगिच्छकूड-स०पु० [स० त्रिगिच्छकूट] पर्वत विशेष (जैन)

तिगिछिद्दह-स०पु० [स० त्रिगिच्छद्रह] निषेध पवत के ऊपर का भाग (जैन)

तिगिच्छ, तिगिच्छग-स०पु०—चिकित्सक (जैन)

तिगिच्छा-स०स्त्री०—चिकित्सा (जैन)

तिगी-स०स्त्री०—१ ताश का वह पत्ता जिस पर तीन बूटिया बनी हो ।
रू०भे०—१ तिकी, तिक्की, तिग्गी ।
२ ग्रत्यन्त पतली टहनी ।
रू०भे०—तिग्गी ।

तिगुडय-स०स्त्री० [स० त्रिकटुक] सूठ, पीपर ग्रौर कालीमिर्च (जैन)

तिगुणौ-वि० (स्त्री० तिगुणी) तीन गुना, तिगुना ।

तिगुत्त, तिगुत्ति-स०पु० [स० त्रिगुप्ति] मन, वचन और काया से गुप्त, सुरक्षित (जैन)

तिगूमिगू-स०पु०—सूर्यास्त होने के कुछ पहले का समय ।

तिगौ-स०पु०—३ का वर्ष, ३ का अक ।

तिग्गी—देखो 'तिगी' (रू भे)

तिग्म [स०] देखो 'तिगम' (रू.भे)

तिग्मकर-स०पु० [स०] सूर्य ।

तिग्मकेतु-स०पु० [स०] भागवत के ग्रनुसार वत्सर ग्रौर सुवीथी के पुत्र जो एक राजा हो चुके हैं ।

तिग्मता-स०स्त्री० [स०] तीक्ष्णता, तेजी ।

तिग्मदीधिति-स०पु० [स०] सूर्य ।

तिग्ममन्यु-स०पु० [स०] शिव, महादेव ।

तिग्मरस्मि-स०पु० [स० तिग्मरश्मि] सूर्य ।

तिग्मासु—देखो 'तिगमासु' (रू भे)

तिघट—देखो 'तिवट' (रू भे) उ०—उलट सुलट मिति वट झपट, दुघट तिघट चढ पाइ । परख विकट ग्रस गति लगै, नट नटवर उर लाइ ।—रा.रू

तिड-स०पु०—१ स्थान, निवास २ जलाशय ३ भाग, हिस्सा

तिडकणौ, तिडकबौ-क्रि०ग्र०—देखो 'तडकणौ, तडकबौ' (रू.भे)

उ०—छप्पर पुराणा पिया पड गया रे, कोई तिडकण लागा तिडकण लागा थोडा वास, हो जी ढोला वास, ग्रब घर ग्राजा फूल गुलाब रा हो ।—लो गी

तिडकणहार, हारौ (हारी), तिडकणियौ—वि० ।

तिडकाणौ, तिडकावौ, तिडकावणौ, तिडकावबौ—प्रे०रू० ।

तिडकिग्रोडौ, तिडकियोडौ, तिडक्योडौ—भू०का०कृ० ।

तिडकीजणौ, तिडकीजबौ—भाव वा० ।

तिडक्यिोडौ—देखो 'तडकियोडौ' (रू भे)
(स्त्री० तिडक्रियोडी)

तिडकी-स०स्त्री०—सूर्य की किरणो की तेजी, धूप की प्रखरता ।
ज्यू—तावडा री तिडकी ।
रू०भे०—तडकी ।

तिडकौ—देखो 'तडकौ' (रू भे) उ०—जणा कुवरसी कही थाळ जोम चढ्ज्यो, सियाळो छै, धूप तिडकौ काई नही छै ।

—कुवरसी साखला री वारता

ग्रल्पा०—तिडकी ।

तिडणौ, तिडबौ—देखो 'तडणौ, तडबौ' (रू भे)

उ०—किडकी कारायण कनफडिया कूटी। तिडगी तारायण सो पुरसा तूटी।—ऊ का.

तिडियोडौ—देखो 'तडियोडौ' (रू भे)

तिडोतरसउ, तिडोतरसौ–वि० [तिड=स० त्रि=तीन+उत्तर=उत्तर=बाद+सौ=शत] सौ के बाद तीन और अर्थात् १०३।

रू०भे०—तिसय-तिडुत्तर।

तिचक्खु–स०पु० [स० त्रिचक्षु] चक्षु-ज्ञान, परमश्रुत ज्ञान एव परम अवधि ज्ञान को रखने वाला साधु (जैन)

तिजड, तिजडा–सं०स्त्री०—१ तलवार। उ०—ताए मूछ तोले तिजड, विसन सकति कर वद। कूच नगारा हुय कटक, चवै हुकम जयचद।

२ कटार। —सू प्र

यौ०—तिजडहथौ।

तिजरौ—देखो 'तिजारौ' (रू भे) उ०—जब गेहू चणा री क्यारिया माही नै खुसबू छाय रही छै, तिजरौ फूल रह्यो छै।

—डाढाळा सूर री वात

तिजणौ, तिजबौ—देखो 'तजणौ, तजबौ' (रू भे)

उ०—नयणि करइ न पयोधर, योवर सुरत सग्रामि। कचुक तिजइ सनाहु रे, नाहु महाभडु पामि।—व वि

तिजाव–सं०पु० [फा० तेजाव] किसी क्षार पदार्थ का अम्ल सार जो तरल रूप मे होता है।

रू०भे०—तेजाव।

तिजावी–वि० [फा० तेजाबी] तेजाव सम्बन्धी।

रू०भे०—तेजावी।

तिजारत–स०स्त्री० [अ०] १ वाणिज्य, व्यापार, रोजगार।

रू०भे०—तेजारत।

तिजारती–वि० [अ०] व्यापार या रोजगार सम्बन्धी।

तिजारसी–स०पु० [रा०] अफीम। उ०—जीवतौ हुवौ मुरदे ज्यू ही, अवै देख मुख आरसी। कह कत सोच तार न कियौ, तै जद लियौ तिजारसी।—ऊ का.

तिजारी—देखो 'तेजरी' (रू भे.)

तिजारौ–सं०पु० [रा०] १ खस-खस। उ०—पछै दारू री तुगा मण ५०-६० री भराई, कसूबौ मणा-बध कढायौ। तिजारौ मणा-बध कढायौ। तिसै राति घडी च्यार गई।—जगमाल मालावत री वारता

क्रि०प्र०—काढणौ, देणौ, लैणौ।

२ खस खस के दाने रहने का फल। वि० वि०—देखो 'डोडौ'।

उ०—तठा उपरायत राजाना मलूक कुवरारै साथ सारू कलाळी रौ हुकम हुवौ छै। तिजारौ मगायजै छै। तिको तिजारौ किण भात रौ छै? तासणी री वाडी रौ नीपनौ, इकतीस ताडी रौ नाळेर सो मोटौ खोपरा वड रौ, गरी रै दळ रौ, हाथ सु छूट पडै तौ काच री सीसी ज्यू किरचा किरचा हुइ जावै।—रा सा स

रू०भे०—तजारौ, तिजरौ, तेजारौ।

३ तीसरी वार निकाला हुआ शराव।

तिजोडी, तिजोरी–स०स्त्री०—फौलाद के मोटे चद्दर की बनी वह सदूक जो धन, जेवर आदि सुरक्षित रखने के लिए काम मे ली जाती है।

रू०भे०—तजोरी।

तिड, तिडु–सं०पु०—१ पक्ष। उ०—जाणै अकबर जोर, तौ पिण ताणै तोर तिड। आ बलाय है ओर, पिसण खोर प्रतापसी।

—दुरसौ आढौ

२ देखो 'तीड' (रू भे) उ०—मारू थाकइ देसडइ अेक न भाजइ रिड्ड। ऊचाळउ क अबरसणउ, कइ फाकउ कइ तिड्ड।—ढो मा.

तिणग–स०स्त्री०—चिनगारी। उ०—अवै क्यू पूछौ? बारूद रा कोठार मे जाणै तिणग पडी।—वाणी

रू०भे०—तिणगार, तिणगारी।

मह०—तिणगारौ।

तिण–स०पु० [स० तृण] तिनका, तृण। उ०—अरिया जिकै आपरा झूपडा रा तिणखला मूढा मूढा प्रतै पकडिया पण घव धणी, वेही तिण लेनै जावण दीधा नही और पाछा पडाय लीधा।—वी स टी

रू०भे०—तिन।

अल्पा०—तिणकलौ, तिणकौ, तिणखलौ, तिणगौ, तिनकलौ, तिनकौ।

वि० [स० त्रीणि] तीन। उ०—अविल करी पूजा करइ, तिण टक सूध आचारी जी।—स कु

सर्व०—१ उस, वह। उ०—राति जु सारस कुरळिया, गुजि रहे सब ताल। जिणकी जोडी बीछडी, तिण का कवण हवाल।—ढो.मा

२ इस। उ०—हमारी साढिया लेवेगा तो वडौ रजपूत विरद-धारी जाणेगो। तिण ऊपर महवेची कह्यौ—तुम्हारी साढिया लेजाय तो तुम रजपूत जाणजी।—रा सा स

क्रि०वि०—इसलिये। उ०—तिण तोरे चरणे हू आवियौ।

—वृहत स्तोत्र

तिणकलौ, तिणकौ, तिणखलौ—देखो 'तिण' (अल्पा, रू भे)

उ०—१ तिणकौ व्है तो तोडलू, प्रीत न तोडी जाय। प्रीत लगै छूटै नही, ज्या लग जीव न जाय।—र रा

उ०—२ अठै इण झूपडै तिणखला री ही घाडौ खटै नही।

—वी.स टी,

मुहा०—१ तिणकला चुगणा, तिणकला वीणणा—तिनके चुगना अर्थात् वेसुध होना, पागल होना २ तिणका तोडणा—तिनके तोडना, लज्जित होना, पागल होना ३ तिणका री ओट मे भाखर—तिनके की ओट मे पहाड। छोटी वात मे बडी वात का रहस्य छिपा रहना। ४ तिणका री सा'रौ—तिनके का सहारा, थोडा सहारा ५ तिणका मूडे लैणा—तिनका मुह मे लेना, दया की भीख मागना। ६ तिणखला चुगतौ करणौ—दरिद्र बनाना, कगाल कर देना।

तिणगार, तिणगारी—देखो 'तिणग' (रू भे)

तिणगारौ–स०पु०—देखो 'तिणग' (मह, रू भे)

तिणगौ—१ देखो 'तिण' (अल्पा, रू भे)

२ देखो 'तिणग' (मह, रू भे) उ०—धड धड वलय धारू-

जळ धार, चमकं बीजळ जिम जळ धार। तूटं सन्नाद्रे तलवार, ऊडइ तिणगा अगन सुझाळ।—प.च.चो

तिणावत-स०पु०—एक राक्षस का नाम।

तिणि-क्रि०वि०—१ इससे, इसलिए।

उ०—आरोपित हार घणौ थियौ अतर, उरस्थळ कुभस्थळ आज। सु जु मोती लहि नहीं सोभा, रज तिणि सिर नाखे गजराज।—वेलि.

२ देखो 'तिण' (रू भे) उ०—ते देखि तिणि पूछियउ, कुण अे राजकुमारी।—ढो मा

तिणी—१ देखो 'तिरणी' (रू भे)

२ देखो 'तणी' (रू भे)

तिणै-प्रत्य०—के। उ०—प्रभ मेघा रै परणिया, रिमा तिणै सिरि रीस। वारट ईसर बोलिया, जमो करो जगदीस।—पीं ग्रं

तिणौ-वि०—दुबला, पतला, कृश।

स०पु० [स० तृण] तिनका, तृण। उ०—सूरा होइ सुमेर उलघं, सब गुण बध्या छूटै। दादू निरभय ह्वं रहे, कायर तिणा न टूटं।
—दादू बाणी

मुहा०—तिणौ मेलिया आग उठै—तिनका रखते ही आग प्रज्वलित होती है। थोडी सी ही बात पर क्रोधित होना।

कहा०—तिणौ तोड नै दो तिणा को करै नी—तिनका तोड कर भी दो तिनके नही करता अर्थात पूर्ण निठल्ला है। अकमण्य व्यक्ति के प्रति।

तिण्णि-वि०—तीन (जैन)

तिण्हा-स०स्त्री०—तृष्णा (जैन)

तित-क्रि०वि०—१ वहा, तहा। उ०—प्रभु पथ एण पधारजे, तित नार गोतम तारजे।—र रू.

२ देखो 'तिथि' (रू.भे.)

तितकार-स०स्त्री०—नृत्य के शब्द, नाच के बोल। उ०—विसतार ग्यान जैकार वाच, नितकार करै तितकार नाच।—वि स

तितरइ—देखो 'तितरै' (रू भे) उ०—तितरइ तउवात कहता वार लागइ।—अ वचनिका

तितरउ-क्रि०वि०—इतने मे।

वि०—उतना।

तितर-बितर-वि०—१ जो इधर-उधर बिखर गया हो, बिखरा हुआ, २ अव्यवस्थित।

तितरै-क्रि०वि०—१ इतने ही मे, तब। उ०—बेटो तो इयारोहीज ह्वं। तितरै साह कह्यो—रे कपूत ! कासू कहै छै कै'रो बेटो छै ?
—पलक दरियाव री वात

२ तब तक। उ०—म्हे महासरोवर न्हाय आवा छा तितरै तू बैठो रहजे।—पचदडी री वारता

तितरौ-वि० (स्त्री० तितरी) उतना। उ०—१ राणी जितरी मन माहे तेवडी, तितरी दीधी परकास रे लाला।—जयवाणी

उ०—२ सो जितरी साथ हुतो तितरो जे हुवै और उणसू कजियो करा जणा तो खबर पड जाय।—सूरे खीवे काधळोत री वात

तितली-स०स्त्री०—एक उडने वाला सुन्दर कीडा या पतगा जो प्राय बागो मे फूलो के पराग के लिए उन पर मडराता है।

पर्या०—तीतरी, पुत्तिका।

तितलौ-वि० (स्त्री० तितली) उतना। उ०—तितलो सकट सुघाट।
—वि कु.

तितिकसा-स०स्त्री० [स० तितिक्षा] क्षमता, सहनशीलता (जैन)

तितिक्ख-वि० [स० तितिक्षा] धैर्यवान, सहनशील (जैन)

रू०भे०—तितिक्खिय।

तितिक्खण-स०पु० [स० तितिक्षण] सहिष्णुता, धैर्य (जैन)

तितिक्खा-स०स्त्री० [स० तितिक्षा] सहनशीलता।

तितिक्खिय-वि०—देखो 'तितिक्ख' (रू भे)

तितिक्षा-स०स्त्री० [स०] क्षमा, सहनशीलता। उ०—हिम्मत का ह्रासकारी, विद्या को विणासकारी। तितिक्षा को तासकारी, भीड भडवाई फो।—ऊ का

तितिक्षु-वि० [स०] १ क्षमाशील, शात प्रवृत्ति वाला, सहिष्णु।

स०पु०—पुरुवशीय एक राजा जो महामना का पुत्र था।

तितिल—देखो 'तैतिल' (रू भे)

तितै-क्रि०वि०—१ तब तक, उस समय तक। उ०—परमेस भगत जितरै प्रगट, जो गमाय सकर जितै। उचरू दवा जितरै 'अभा', तूझ राज रहजो तितै।—सू प्र

२ वहा, उधर।

तितौ-वि० (स्त्री० तिती) उतना, उस मात्रा या परिमाण का।

उ०—आदि ग्रथ रै स्री अक्षर, सुकवि कहै बुद्धि सार। तठै अगण दूखण तिता, लगै न हेक लगार।—सू प्र

रू०भे०—तित्तो, तिथौ।

तित्त-वि० [स० तृप्त] १ तृप्त, सतुष्ट (जैन)

[स० तिक्त] २ जिसका स्वाद नीम, चिरायते आदि के समान हो, कड आ (जैन) ३ मिरची के समान चरपरा, तीक्ष्ण।

रू०भे०—तित्तो।

तित्तणाम-स०पु० [स० तिक्तनामन] नाम और कर्म की एक प्रकृति।

तित्तरि, तित्तिर—देखो 'तीतर' (रू भे.) (जैन)

तित्तो—१ देखो 'तितौ' (रू भे) उ०—फळ तित्तो ही पामीयै, जितो लिख्यो नीलाडि।—स्रीपाळ रास

२ देखो 'तित्त' (रू भे)

तित्थकर—देखो 'तीरथकर' (रू भे) उ०—तित्थकर त्रिभुवन तिलो, कर जोडी हे करि सुरनर सेव।—स कु

तित्थ [स० त्रिस्थ] १ साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविकाओ का समूह, जैन-सघ (जैन)

[स० तीर्थ] २ देखो 'तीरथ' (रू भे) उ०—अट्ठावयपमुह सवि नमीय तित्थ जा घरि पहुच्चई।—प प.च

तित्थकर, तित्थगर—देखो 'तीरथकर' (रू भे)

तित्थनाह—स०पु० [स० तीर्थनाथ] तीर्थंकर, तीर्थनाथ।

तित्थयर—देखो 'तीरथकर' (रू भे) उ०—सिद्धि जेहिं सइ वर वरिय, ते तित्थयर नमेवि। फागु वधि पहुनेमि जिणु, गुण गाएसउ केवि। —प्राचीन फागु सग्रह

तित्थाधिव—स०पु० [स० तीर्थाधिप] चार प्रकार के तीर्थों के अधिपति, तीर्थंकर (जैन)।

तित्थी—क्रि०वि०—१ वहा। उ०--जित्थै-जित्थै जोइये, तित्थी दरसदा।—सू प्र

२ देखो 'तिथ' (रू भे) उ०—तर्कं भादवी माह उपात तित्थी पडै माय रैं पाय प्रयीप प्रथी।—मे म

तित्थीय—वि० [स० तीर्थीय] दर्शन शास्त्र सम्बन्धी, दार्शनिक।

तित्थु—देखो 'तीरथ' (रू.भे) उ०—तित्थु रणुद्ध स मुणिरयणु, जुगप्रधान क्रमि पत्तु। जिणवल्लह सूरि जुगपवर, जसु निम्मलउ चरित्तु। —ऐ जै का स.

तित्थुगाळीय—वि० [स० तीर्थोद्गालिक] किसी भी दर्शन का ज्ञाता व अनुभवी (जैन)।

तिथकर—देखो 'तीरथकर' (रू भे) उ०—लह्यो अवतार भयो चक्रधार। तिथकर ह्वं पदवी दोइ पामि।—ध व ग्र

तिथ, तिथि—स०स्त्री० [स० तिथि] १ चन्द्रमा की कला के घटने बढने के क्रम से गिने जाने वाले महिनो का एक-एक दिन, तिथि, तारीख। उ०—१ तिथ चतुरदसी सनवार तव, रयण पहर बीता अरध। —रा रू

उ०—२ तिथि नौमी चैत्र महिनौ ताम।—रा रा

२ पन्द्रह की सख्या*। उ०—कीजै दूहो प्रथम यक, सतरह मत्ता पाय। तिथ रिव तिथ सिव तिथ सुपय, रडु छद कहाय।—र ज प्र.

३ वृत्तान्त, गाथा।

मुहा०—तिथ बाचणी—गाथा कहना, हाल सुनाना।

रू०भे०— तथ, तित, तित्थी, तिथी, तिही।

तिथिए—क्रि०वि०—वहा।

तिथिनक्षत्रदोख (दोस)—फलित ज्योतिष के अनुसार तिथि व नक्षत्र सबधी तृतीय योग।

तिथिपति—स०पु० [स०] तिथियो के स्वामी, देवता।

तिथिपत्र—स०पु० [स०] पत्रा, पचाग।

तिथी—देखो 'तिथ' (रू भे)

तिथैं—क्रि०वि०—वहा।

तियो—देखो 'तितौ' (रू भे)

तिदड—स०पु० [स० त्रिदण्ड] सन्यासियो का एक उपकरण, त्रिदडी का एक दड विशेष (जैन)

तिदडि, तिदडी—स०पु० [स० त्रिदडिन्] सन्यासी, त्रिदडी (जैन)

तिदिसा, तिदिसी—देखो 'त्रिदिस' (रू०भे०)

तिदुग—देखो 'तिदुय' (रू भे)

तिदुळ—वि० [स० त्रिदोल] मन, वचन और काया को डुलाने वाला (जैन)

तिद्र—स०स्त्री०—हल्की नीद, तन्द्रा।

तिधारी—स०पु०—बढई का एक औजार जिसके तीन और धार लगी होती है।

तिधारीकटणी—स०स्त्री०यौ०—आभूषणो मे जाली के समान खुदाई करने का औजार।

तिधारो—स०पु० [स० त्रिधार] १ थूहर जाति का एक वृक्ष जिसकी शाखाओ मे पत्ते नही निकलते। इसकी जड से केवल डडो के रूप मे शाखायें ही निकलती हैं २ एक प्रकार का भाला।

तिन—सर्व०—१ उन। उ०—तिन के सम या जगत मे, नरपति नाही आन।—सिंघासण बत्तीसी

२ देखो 'तिण' (रू भे) उ०—सब ही सौं डरै दात लियैं तिन रहै है।—स कु

तिनकळो, तिनको—स०पु०—देखो 'तिण' (अल्पा, रू भे)

तिनगनी—स०स्त्री०—एक प्रकार की मिठाई।

तिनवइ—वि० [स० त्रिनवति] ९३ की सख्या (जैन)

तिना—स०पु०—प्रत्येक चरण मे एक मगण और एक दीर्घ वर्ण का छद विशेष।

तिनि—वि० [स० त्रीणि] तीन। उ०—एकि अरजनि करया तिनि कुची। आधि ऊडी हूया ति निकुची।—विराट पर्व

तिन्न—वि०—१ नम, तर, आर्द्र (जैन) २ देखो 'तिन' (रू भे) उ०—अट्ठ पहर अरस मे, ऊभोई आहे। दादू पसे तिन्न के, अल्लह गाल्हाये।—दादू बाणी

तिन्नि—वि० [स० त्रिणि] तीन (जैन)

तिन्नाण—स०पु० [स० त्रिज्ञान] मति, श्रुति और अवधि ये तीन ज्ञान (जैन)

तिन्ह, तिन्हं, तिन्हा—सर्व०—उन। उ०—जिन्हा खेत न सपजेउ, तिन्हा दीन्हो गाव।—द दा

तिपच—वि० [स० त्रिपञ्च] पन्द्रह, १५ (जैन)

तिपडो—स०पु०—१ भवन की तीसरी मजिल २ भवन मे दूसरी मजिल के ऊपर की खुली छत।

तिपति—स०स्त्री० [स० तृप्ति] सतोष, तृप्ति।

तिपनी—स०स्त्री०—घास विशेष।

वि० [स० त्रि+पत्री] तीन पत्तो वाली।

तिपाई—स०स्त्री० [स० त्रि+पाद+रा प्र ई] १ बैठने या वस्तु आदि रखने के लिए तीन पायो की बनी छोटी परन्तु कुछ ऊची चौकी, स्टूल २ पानी का घडा रखने की काष्ठ या लोहे की बनी तीन पायो की चौकी।

तिपाट—स०पु०—क्रम से तीसरी बार लिया जाने वाला अफीम।

तिपाटो—स०पु०—१ वह स्थान जहा तीन गावो की सीमा मिलती है।

वि०—१ तीन तह वाला २ तीन हिस्सो वाला।

तिपुज—स०पु० [स० त्रिपुञ्ज] शुद्ध, अशुद्ध तथा मिश्र इस प्रकार तीन पुद्गल का समूह (जैन)

तिपुर—देखो 'त्रिपुर' (रू भे)। उ०—महण मयण रावो वाग संवार माळी। तिपुर घडण भजे वाजता हेक ताळी।—र ज प्र

तिपुरारि, तिपुरारी—देखो 'त्रिपुरारि' (रू भे)

तिपोकड-उ०लिं०—वह लडका जो तीन लडकियो के बाद जन्मे या वह पुत्री जो तीन पुत्रों के बाद जन्म ले (ग्रनुभ)

तिपोळियो-स०पु० [सं० त्रि-प्रतोली] १ वह स्थान जहा एक साथ और एक ही कतार मे तीन बडे-बडे द्वार हो जिनमे होकर सभी प्रकार की सवारिया ग्रासानी से निकल सकें २ राजमहल का प्रथम प्रवेशद्वार।

तिफास-स०पु० [सं० त्रिस्पर्श] ग्राठ स्पर्श दोषो मे से तीन स्पर्श दोष (जैन)

तिवणो, तिववो-क्रि०ग्र०—'तीवणो, तीववो' का ग्रक०रू०।

रू०भे०—तुवणो, तुववो।

तिवर-वि० [स० तीव्र] तेज, तीव्र।

तिवरसो-स०पु० [स त्रि+वर्ष+रा प्र ग्रो] ऊटो मे होने वाला एक राग विशेष जिससे ऊट १५ दिवस बीमार रहता है ग्रोर १५ दिन स्वस्थ। यह रोग तीन वर्ष तक रहता है ग्रोर ऐसा माना जाता है कि इसके बाद ऊट या तो ठीक हो जाता है या फिर मर जाता है।

रू०भे०—तिवरसो।

तिवारियो—देखो 'तिवारो' (ग्रल्पा, रू भे)

तिबारी-स०स्त्री० [सं त्रिद्वार] १ तीर, बदूक ग्रादि चलाने के लिए दीवार मे बना छेद २ तीन खिडकी या तीन द्वार वाला कमरा।

तिबारो-स०पु०—१ तीसरी बार लिया जाने वाला ग्रफीम।

(मि० तिपाट)

२ तीसरी बार निकाला हुग्रा मद्य ३ तीन द्वार या खिडकी वाला कमरा।

रू०भे०—तिवारो, तीवारो।

ग्रल्पा०—तिवारियो, तिवारी।

तिब्बत-स०पु०—एक देश जो हिमालय के उत्तर मे स्थित है।

तिब्बती-स०स्त्री०—तिब्बत देश की भाषा।

वि०—तिब्बत सबधी, तिब्बत का।

तिब्र-स०पु०—पान (ग्र मा)

वि० [स० तीव्र] तेज, तीव्र।

तिभवण—देखो 'त्रिभुवन' (रू भे)

तिमगळ-स०पु० [स० तिमिंगल] १ वडा मत्स्य, एक वडी मछली जो तिमि नामक मछली को भी निगल सकती है। उ०—१ ग्राठ दिसा वितहरै उताळा, नाता जाग्ग तिमगळ वाळा।—रा रू.

उ०—२ इलोळत सोग्ग विचे मळ एम, जळाधर वीच तिमगळ जेम।—सू प्र.

२ ठाट-बाट, ग्राडम्बर। उ०—हरवळा फेर कोतल हले, साजिया मुजरा जोत रा। मोहकमा क्वध मोटा मिनख, तिमगळ सारा तोत रा।—ग्ररजुणजी वारहठ

रू०भे०—तिममगळ, तिमिंगिळ।

तिमजळो, तिमजिळो-वि०—तीन खड का, तीन मजिल का।

(मि० तिखडो)

तिम-क्रि०वि०—१ तैसे, वैसे। उ०—सूरवीर गोयद सहित, बढिया कुळ वट्टी। तूटा मोती हार तिम, मड पडिया मट्टी।—सू प्र

२ त्योंही, तैसे ही। उ०—चिंतातुर चित इम चितवती, थई छींक तिम धीर थई।—वेलि

स०स्त्री० [स० तिमि] १ एक बडी मछली।

२ देखो 'तम' (रू भे)

रू०भे०—तिमि।

तिमग-स०पु० [स० तिग्मगो] सूर्य (ना मा)

तिमची—देखो 'तिमची' (रू भे.)

तिमणियो—देखो 'तमणियो' (रू भे) उ०—हिवडै नै हार घडाय भँवर म्हारै हिवडै नै हार घडाय, होजी म्हारो तिमणियो रतन जडाय भँवर म्हानै खेलग्ग दो गिणगोर।—लो गी

तिमणो-वि०—तिगुना।

तिमतिमाट-स०स्त्री०—१ तमतमाहट, क्रोधित होने का भाव २ प्रबल चमक।

तिममगळ—देखो 'तिमगळ' (रू भे)

तिमर-स०पु० [स० तिमिर] १ अंधेरा, अधकार। उ०—ग्रहारै तिमर विख नजर ग्राका पिये। घूमरा सत्रा खग धजर घावै।
—कविराजा करणीदान

उ०—२ ग्राठ पो'र जळ इदु री, जिग्ग घर दुत जागत। तिग्ग घर मू ग्रपजस तिमर, ग्रळगा यो भागत।—वा दा

२ तैमूरलग वादशाह। उ०—तिमर हर तणा ग्राभरग्ग मवळा तखत, 'राग्ग' हर ग्राभरग्ग तूझीज राखै।—ग्रज्ञात

३ गुफा, खोह, कन्दरा।

तिमरखतंन, तिमरत, तिमरहर-स०पु०—सूर्य, भानु (ना मा, ग्र मा)

तिमराण-स०पु० [स तिमिर+रा प्र ग्राग्ग] अधेरा, तम। उ०—नदी वहनाळ ग्रूटे जळ ताळ। मिळै रजभाग्ग, मडै तिमराण—सू प्र

तिमरार, तिमरारि, तिमराहर-स०पु० [स० तिमरारि] सूर्य (ग्र मा, ना मा)

उ०—निमो तिमराहर कारज कव्य।—सूरज ग्रसतुत

तिमरि—देखो 'तिमर' (रू भे) उ०—धूळि नइ तिमरि ग्रबर रोळिउ। सूरय बिंब ससि माहि कि बोळिउ।—विराटपर्व

तिमरी—देखो 'तिंवरी' (रू भे) उ०—वीच खचइ चातुक लवइ, दादुर तिमरी तेख। विरहिणिग्रा तनि वेदना, सावग्ग सरइ विसेख।
—मा का प्र

तिमहर-स०पु०—सूर्य (ना डिं को.)

तिमहुर-स०पु० [स० त्रिमधुर] घी, शक्कर ग्रोर शहद (जैन)

तिमासिय-वि० [स० त्रैमासिक] तीन मास का।

तिमासियभत्त-स०पु० [स० त्रिमासिक भक्त] तीन मास का उपवास। (जैन)

तिमासियो-स०पु०—१ वह बच्चा जो गर्भ में तीन माह रह कर जन्म चुका हो।
   वि०—तीन मास का।

तिमिगिळ—देखो 'तिमिगळ' (रू भे)

तिमिगिळगिळ-स०पु०—तिमिगल नामक बड़े मत्स्य को भी निगल जाने वाला दीर्घकाय मत्स्य।

तिमि—देखो 'तिम' (रू भे) उ०—बापड़ा कटक बूडिसै, आइए पारि उतारि। ताहरा सेवग तारिया, तिमि मुनाई तारि।—पी ग्र.

तिमिकोस—स०पु० [सं० तिमिकोश] समुद्र।

तिमिज-स०पु० [सं०] तिमि नामक मछली से प्राप्त होने वाला मोती।

तिमिध्वज-स०पु०—शंबर नामक एक दैत्य।

तिमिर—देखो 'तिमर' (रू भे)
   उ०—गो तिमिर गच्छ सूझत स्वच्छ। दरसन दयाळ क्रपया क्रपाळ।
   —ऊ का

तिमिरनुद, तिमिरभिद, तिमिररिपु, तिमिरहर, तिमिरार, तिमिरारि—स०पु० [सं० तिमिरनुद्, तिमिरभिद्, तिमिररिपु, तिमिरहर, तिमिरारि] सूर्य। (डिं को, ना मा)
   उ०—१ नर माधवनळ निरमि करि, काम कदळा नारि। कुडाळया धि कमळ भूह, तुहिन किरण तिमिरार।—मा का प्र
   उ०—२ वस तिमिरारि पुर अवध मघवान वर। धनुस धर राम अवतार धर।—र रू

तिमिरास्त्र-स०पु०—एक प्रकार का अस्त्र (व स.)

तिमिसा, तिमिस्सा-स०स्त्री० [सं० तिमिस्रा] वैताढ्य पर्वत की एक गुफा (जैन)।

तिमीस-स०पु० [सं० तिमि+ईश] १ समुद्र २ बड़ा मत्स्य, तिमिंगल। उ०—गज ठणिया वण ग्राह, बाह जणिया बादाळक। तणिया करन तिमीस, चरम भणिया चउ चातक।—व भा

तिमुह-स०पु० [सं० त्रिमुख] तीसरे संभवनाथ तीर्थंकर के यक्ष का नाम (जैन)

तिमोतर—देखो 'तिहोतर' (रू भे)

तिमोतरो—देखो 'तिहोतरो' (रू भे)

तिय, तिय-स०स्त्री० [सं० स्त्री] १ स्त्री, औरत, पत्नी। उ०—ढळता आगी रातड़ी, जागै और न लोग। कै तो जागै मत जन, कै तिय पिय वियोग।—र ग
   रू०भे०—त्रिया, तिया, तीय, तीया।
   २ देखो 'त्रिक' (रू भे) (जैन)
   वि० [सं० तृतीय] तीन। उ०—प्रथम वार मत्त पनर दुवै पद, वळ तिय वार पनर चौथै पद।—र ज प्र
   सर्व०—उस, वह। उ०—रमता थका गेंद जाइनै एक डोकरी छाणा चुगती थी तिय रै पगां माहे जाय पड़ी।—नैणसी

तियउ—सर्व०—उस। उ०—राजा कउ जण पाठवइ, ढालइ तिरति न होइ। माढवणी मारइ तियउ, पूगळ पथ जिकोइ।—ढो मा

तियलोय—देखो 'त्रिलोक' (रू.भे., जैन)

तियस-स०पु० [सं० त्रिदश] देव, देवता (जैन)। उ०—ससिहर उप्परि तियस तियस उप्परि जिम सुर वर। इदुप्परि नवगीय गीय उप्परि पचुत्तर।—ऐ जै का स

तियह-स०पु० [सं० त्रि+अहन्] तीन दिन (जैन)

तिया-क्रि०वि०—१ तैसे, इस प्रकार २ वहां, उस जगह।
   उ०—किता केइ मारग माहि कळेस, आवै केइ यात्री लोग असेस। सरै छै काम तिया सतमेव, दीयै सुख वंछित रिखभ देव।—ध व.ग्र
   सर्व०—१ उस। उ०—अरक जसो जगि आथमै, गौ चकवा गुणियाह। भुवण अधारो भाजिसी, त्रिभुवण पति कुणि त्याह। तिया कुण भाजिसी भुवण अधियार तण। भमै नर सजोगी विजोगी इणि भुवण।—हा झा.
   (बहु व०) २ उन, वे। उ०—मारुवणी भगताविया, मारू राग निपाइ। दूहा सदेसा तणा, दीया तिया सिखाइ।—ढो मा.

तिया—देखो 'तिय' (रू भे) उ०—तिया पिया पै ही हुती, अपने सुख के काज। परि गौ दिठ पद्मारिसो, ढिग आयो गजराज।—गज उद्धार

तियाग—देखो 'त्याग' (रू भे) उ०—भारा तो धन भाग, जाडेचा दाखै जगत। तीखो खाग तियाग, 'जेहल' वेटो जनमियो।—बा दा

तियागणो, तियागबो—देखो 'त्यागणो, त्यागबो' (रू भे.)

तियागियोडो—देखो 'त्यागियोडो' (रू भे)
   (स्त्री० तियागियोडी)

तियागी—देखो 'त्यागी' (रू भे) उ०—रिणमलोत कहै रिण रूघा, अचड तियागी बोल इसो।—नापा साखला री वारता

तियार-क्रि०वि०—१ उस समय, तब। उ०—वटै घट मुगळ द्रव्य विचार। अखै वनि रातळ दाद तियार।—सू प्र
   २ देखो 'तैयार' (रू भे)

तियारी—देखो 'तैयारी' (रू भे.)

तियाळीस—देखो 'तगाळीस' (रू भे)

तियै-सर्व०—उस, उसको। उ०—१ नरसिंघ री वेटी मेघो तियै नू जाय मारि।—दूदे जोधावत री वात
   उ०—२ तियै रै पाट छोटो भाई महिपाळदे वरस १३ मास २ दिन ७ राज कियो।—नैणसी

तियोतर—देखो 'तिहोतर' (रू भे)

तियोतरो—देखो 'तिहोतरो' (रू भे)

तियो-स०पु०—१ तीन। उ०—१ सिरोरुह कौमेय काळा सरीसा, तियो आक भू बाकड़ा नेत तीखा।—मे म
   २ देखो 'तीयो' (रू भे) उ०—तद वखतसिंहजी कही ठाकुरां री तियो करि पछै लागस्यां।—मारवाड रा अमरावा री वारता
   वि०—१ तीसरा। उ०—दस अठ मत विसराम दो, चवद तियो विसराम।—र.ज प्र
   २ प्यासा, तृषातुर। उ०—एक दिन तियो अर एक दिन पियो, ब्याव रो दिन कियो।—कहावत

सव०—उस । उ०—तियै रो नाम बादसाह लाखावट दियो ।

—सोमसातल री वात

तिरगो-वि०— तीन रंगो वाला, तिरगा ।
(स्त्री० तिरगी)

तिरवो-वि०—तैरने वाला, तैराक । उ०—बोहत तिरदा डूब ही, डूबदा तारै ।—केसोदास गाडण

तिर—देखो 'तिरस' (रू भे)

तिरकाळ-स०पु० [स० त्रिकाल] १ तीनो काल-भूत, भविष्यत् और वर्तमान २ प्रात, मध्यान्ह और साय का समय, त्रिकाल ।
वि०—पागल, मूर्ख ।

तिरख, तिरखा—देखो 'तिरमा' (रू भे) उ०—१ तिरख न खमणी जाय ।—वि कु.
उ०—२ साधुजी साता पामिया, तिरखा दोधि निवार हो ।

—जयवाणी

तिरगस—देखो 'तरगस' (रू भे)

तिरगुण—देखो 'त्रिगुण' (रू भे) उ०—१ ख्याल मायँ नही ख्याल स्वरूपी, रहता आप निराळा । तिरगुण नही रे खोज्या खवर करं ।

—श्री सुखरामजी महाराज

उ०—२ आतम सुद्ध अचित सदाई, भेदाभेद जहा नाही । भेदाभेदा भयो तिरगुण मे, तिरगुण चित के माही ।—स्री सुखरामजी महाराज

तिरछउडी-स०स्त्री०—मालखभ की एक कसरत ।

तिरछाई-स०स्त्री०—तिरछापन, वक्रता ।

तिरछी बैठक-स०स्त्री०— मालखभ की एक कसरत जिसमे दोनो पैरो को ऊपर कर परस्पर गूथ कर धड को ऊपर उठाते हैं ।

तिरछोळ-वि०—१ दुष्ट, वदमाश २ कठोर हृदय ।

तिरछो-वि० [स० तिरश्चीन] (स्त्री० तिरछी) जो अपने आधार पर लम्बवत् न हो । उ०—अजडी धक घूण तकी तिरछी । बुरची तोग देवळ ना विरची ।—पा प्र
मुहा०—१ तिरछा वैण—तिरछे वचन, कटु वाक्य, अप्रिय वात
२ तिरछी नजर, तिरछी चितवन—वगल से देखना, लोगो की दृष्टि वचा कर देखना ।
रू०भे०—तरच्छो, तरछो ।

तिरजच, तिरजचो, तिरजक-स०पु० [स० तिर्यञ्च, तिर्यक] १ पशु, पक्षी । उ०—१ सात आठ भव लगता नर तिरजच मे रहियो ।

—ध व ग्र

उ०—२ गुरु ऊपर जे राचइ नही, ते माणस तिरजचो रे ।—स कु.
२ सर्प ३ मृत्यु लोक या मध्यलोक (जैन) ४ मध्य ।
वि०—तिरछा, टेढ़ा ।
रू०भे०—तिरि, तिरिग्र, तिरिक्ख, तिरिच्छ, तिरियच, तिरिय ।

तिरणी-स०स्त्री०—१ कुछ अधिक खा कर पानी पी लेने पर पेट के तनने की अवस्था ।
रू०भे०—तिरणी ।
२ तैरने का कार्य, तैरने का ढग ।

तिरणू, तिरणो-स०पु०—तृण, तिनका । उ०—सीवरी कासली वीच काटीव जग जूटा । घोडा रजपूत का तिरणा ज्या सीस तूटा ।

—सि व.

तिरणो, तिरबो—क्रि०अ० [स० तृ] १ हाथ पैर या अग सचालित कर के पानी पर चलना, तैरना । उ०—फिरिया नही फेरू, मारग मेरू तेरू पार तिरदा है ।—ऊ का.
२ पानी पर ठहरना, उतराना । उ०—घडो न डूबै वेवडो ए पणिहारी ए लो, ईडाणी तिर तिर जाय वाला जी ओ ।—लो गी.
३ उद्धार होना, मोक्ष पाना । उ०—१ जो थारै सिरणो हुवै तो समगत निरमळी पाळ ।—जयवाणी
उ०—२ गळि अमलदार तिरणू गिणै, मरणू डूवि सु माणसा ।—ऊ का
४ क्षुद्र प्राणियों का ऊपर-ऊपर हिलना-डुलना । उ०—तावड बैठ तिग-तिग तिरै, रमो मिकारा रावतो । ऊतरै अमल वस व्है नही, जूवा री ई जावतो ।—ऊ का
(मि० टळवळणो, टळवळवो)
तिरणहार, हारो (हारी), तिरणियो—वि० ।
तिरवाडणो, तिरवाडवो, तिरवाणो, तिरवावो, तिरवावणो, तिरवाववो—प्रे०रू० ।
तिराडणो, तिराडवो, तिराणो, तिरावो, तिरावणो, तिराववो—स०रू० ।
तिरिओडो, तिरियोडो, तिरचोडो—भू०का०कृ० ।
तिरीजणो, तिरीजवो—भाव वा० ।
तरणो, तरवो, तैरणो, तैरवो—रू०भे० ।

तिरथ—देखो 'तीरथ' (रू भे)

तिरप-स० [स० त्रि] १ नृत्य मे एक प्रकार का ताल ।
उ०—आगणि जळ तिरप उरप अलि पिंग्रति, मरुत चक्र फिरि लियत मरू । रामसरी खुमरी लागी रट, घूमा माठा चद धरू ।

—वेलि

२ नृत्य मे पैरो को टेढा करके खडा होना, तिर्यक पद भगिमा ।
उ०—नृत पलग रुच लावै नूपर । उरप तिरप जग बाजी ऊपर ।

—सू प्र

तिरपण—१ देखो 'तिरेपन' (रू भे) २ देखो 'तरपण' (रू भे)

तिरपत-वि० [स० तृप्त] १ तुष्ट, तृप्त । उ०—राजा भात-भात रा भोजन लेय गर्या छै सु वानै जिमाय तिरपत किया छै ।

—पलक दरियाव री वात

२ प्रसन्न, खुश ।

तिरफळो—देखो 'त्रिफळो' (रू भे)

तिरवड-वि०—वदमाश, धूर्त ।

तिरवेणी, तिरवेनी—देखो 'त्रिवेणी' (रू भे.)

तिरमाळौ—देखो 'तरवाळौ' १ (रू भे)

तिरमिरा [स० तिमिर] शारीरिक कमजोरी के कारण दृष्टि मे होने वाला एक दोष जिससे अधिक चमक या तीक्ष्ण प्रकाश के सामने दृष्टि स्थिर नही रह सकती।

तिरमिराणौ, तिरमिराबौ-क्रि०अ०—दृष्टि का चकाचौंध होना, चौंधियाना।

तिरमिरायोडौ-भू०का०कृ०—चकाचौंध हुवा हुआ।
(स्त्री० तिरमिरायोडी)

तिरयग—देखो 'तिरजक' (रू भे)

तिरयण-स०पु० [स० त्रिरत्न] सम्यग् ज्ञान, सम्यग् दर्शन तथा सम्यग् चरित्र—ये मोक्ष साधन रूप तीन रत्न (जैन)

तिरलोई, तिरलोक [स० त्रिलोक] त्रिलोक, तीन लोक।
उ०—नवग्रह आसण आवि वइट्ठा, सुभ सातिक होई। रिख वेद भणति वाणी साभळे तिरलोई।—रुकमणी मगळ

तिरलोकमिण-स०पु० [स० त्रिलोकमणि] सूर्य। उ०—मेरु रगे तिरलोकमिण, पुणग वार मिट पाय। गजवी रगं गिरवरा, जमी गेरु न्है जाय।—रेवतसिह भाटी

तिरलोकी—देखो 'तिरलोक'। उ०—साचं मन राखै घर साख, वंठै सहज घणी वरदास। वेटो इसो मिळै जे-वरळी, तिरलोकी मा किया तलास।—हिंगळाजदान कवियौ

तिरवाडी—देखो 'तिवाडी' (रू भे)

तिरवाळी-स०स्त्री०—देखो 'तरवाळौ' (अल्पा., रू भे.)

तिरवट—देखो 'तिवट' (रू भे)

तिरवाळौ-स०पु०—१ मूर्च्छा, गस। उ०—खाय तिरवाळौ मिरगी ढे' पडी, कोई श्रौ दुख सह्यौ न जाय। मिरगा विन मिरगी ग्रेकलडी, मिरगौ छोड गयौ वन माय।—लो.गी.
२ देखो तरवाळौ' १ (रू भे) उ०—तरै सोनगरी पूछियौ—'पाणी माहे इसडौ सुवास, इसडौ तिरवाळौ किण भात पडै छै।
—नैणसी

तिरवेणा—देखो 'त्रिवेणी' (रू भे)। उ०—दरसी जोत दीदार, तिरवेणा री ताक मे। छूटा सकल विकार, आया मन माग मे।
—स्री सुखरामजी महाराज

तिरस, तिरसइ, तिरसई—देखो 'तिरसा' (रू भे)
उ०—१ चतुर पुरुख चातक तणी सखि मिट गई तिरस तुरत।
—वि.कु.
उ०—२ आगइ एक ढळवळइ तिरसइ, बीजी लागइ भूख।
—का.दे.प्र
रू०भे०—तिर।

तिरसडी—देखो 'तिरसा' (अल्पा, रू भे)

तिरसठ—देखो 'तिरेसठ' (रू भे)

तिरसठौ—देखो 'तिरेसठौ' (रू भे)

तिरसणौ, तिरसबौ—देखो 'तरसणौ, तरसबौ' (रू भे)
उ०—खारक पाक्या खोपरा स रै, म्हू कामण करती कोड। जद विलसण रुत हुई स रै, गया तिरसती छोड।—लो गी.

तिरसा-स०स्त्री० [स० तृषा] तृषा, प्यास। उ०—जावै न तिरसा पीधा सुजळ। निज ध्रम कीधा नह फळं।—चौथ वीठू
रू०भे०—तिरख, तिरखा, तिरस, तिरसइ, तिरसई, तिरास।
अल्पा०—तिरसडी।

तिरसाणौ, तिरसाबौ—देखो 'तरसाणौ, तरसाबौ' (रू भे.)

तिरसायोडौ—देखो तरसायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० तिरसायोडी)

तिरसाळु-वि० [स० तृष=तृषा+आलुच] तृषावान, प्यासा।

तिरसावणौ, तिरसावबौ—देखो 'तरसाणौ, तरसाबौ' (रू भे)
उ०—गगा ब्रह्मा कमडळी, पावनता विण पार। तू मो नू तिरसावही, कै देसी दीदार।—बा दा

तिरसिंघ-वि०—१ शक्तिशाली, समर्थ २ वीर।

तिरसू-क्रि०वि०—तीसरे दिन।

तिरसूळ—देखो 'त्रिसूल' (रू भे)

तिरसूळियाळीलगाम-स०स्त्री० यौ० [स० त्रिशूल+आलुच+फा० लगाम] उद्दड घोडो को वश मे करने के लिए उनके मुह मे डाली जाने वाली लगाम जिसमे त्रिशूल के आकार के नुकीले कीले होते है।

तिरसौ-वि० [स० तृषित] प्यासा, तृषावान।
रू०भे० —तिरस्यौ।

तिरस्कार-स०पु० [स०] अपमान, अनादर।

तिरस्यौ—देखो 'तिरसौ' (रू भे) उ०—कइ घरि आव्या अतिथ न पूज्या, तिरस्या नीर न पायौ।—का दे प्र

तिरहुत-स०पु० [स० तीरभुक्ति] मिथिला प्रदेश जो विहार के अन्तर्गत है।

तिरहुतियौ-वि०—तिरहुत प्रदेश का।

तिरा-क्रि०वि०—१ तब २ पास, निकट।

तिराणवे—देखो 'तेराणू' (रू भे)

तिराणवौं—देखो 'तेराणमौं' (रू भे)

तिराणू—देखो 'तेराणू' (रू भे)

तिराई—देखो 'तैराई'।

तिराक—देखो 'तैराक' (रू भे)

तिराडणौ, तिराडबौ—देखो 'तिराणौ, तिराबौ' (रू भे)
तिराडणहार, हारौ (हारी), तिराडणियौ—वि०।
तिराडिओडौ, तिराडियोडौ, तिराड्योडौ—भू०का०कृ०।
तिराडीजणौ, तिराडीजबौ—कर्म वा०।
तिरणौ, तिरबौ—अक०रू०।

तिराडियोडौ—देखो 'तिरायोडौ' (रू.भे)
(स्त्री० तिराडियोडी)

तिराणो, तिराबो–क्रि०स० ('तिरणो' क्रिया का प्रे०रू०) १ हाथ, पैर या अग सञ्चालित करा कर पानी पर चलाना २ पानी पर ठहराना, तैराना ३ उद्धार करना ।
तिराणहार, हारो (हारी), तिराणियो—वि० ।
तिरायोडो—भू०का०कृ० ।
तिराईजणो, तिराईजबो—कर्म वा० ।
तिरणो, तिरबो—अक०रू० ।
तराडणो, तराडबो, तराणो, तराबो, तरावणो, तराववो, तिराडणो, तिराडबो, तिरावणो, तिराववो, तैराड़णो, तैराडबो, तैराणो, तैराबो, तैरावणो, तैराववो—रू०भे० ।

तिरायोडो–भू०का०कृ०—१ हाथ, पैर या अग सञ्चालित करा कर पानी पर चलाया हुआ. २ पानी पर ठहराया हुआ, तैराया हुआ ३ उद्धार किया हुआ ।
(स्त्री० तिरायोडी)
तिरावणो, तिराववो—देखो 'तिराणो, तिराबो' (रू भे)
तिरावणहार, हारो (हारी), तिरावणियो—वि० ।
तिराविप्रोडो, तिरावियोडो, तिराव्योडो—भू०का०कृ० ।
तिरावीजणो, तिरावीजबो—कर्म वा० ।
तिरणो, तिरबो—अक०रू० ।

तिरावियोडो—देखो 'तिरायोडो' (रू भे)
(स्त्री० तिरावियोडी)

तिरास–स०स्त्री०—१ कष्ट, पीडा २ देखो 'तिरसा' (रू भे)

तिराह–अव्य० [स० त्राहि] रक्षार्थ पुकारने का भाव, त्राहि-त्राहि ।

तिराही–स०स्त्री०—तिराह नामक स्थान की बनी कटारी या तलवार

तिरि, तिरिग्र, तिरिक्ख—देखो 'तिरजच' (रू भे)
उ०—सुर नर तिरिग्र प्रजापति, जागति मइ किम जाइ। तिणि त्रिणि जित कळकठ रे, रेखा व(च)ह्र माइ ।—प्राचीन फागु सग्रह

तिरिक्खगइ–स०स्त्री० [स० तिर्यग्गति] तिर्यकगति (जैन)

तिरिक्खजोणि, तिरिक्खजोणी–स०स्त्री० [स० तिर्यग्योनि] तिर्यकयोनि । (जैन)

तिरिक्खजोणीय–वि०—तिर्यकयोनि मे उत्पन्न ।

तिरिच्छ—देखो 'तिरजच' (रू भे)

तिरियच—१ देखो 'तिरजच' (रू भे) उ० १ देवता तिरियंच नार की, च्यार च्यार प्रकासी । चउदह लाख मनुस्य ना, ए लाख चउरासी ।—स कु

तिरिय—१ देखो 'तिरजच' (रू भे) उ०—२ सुर नर तिरिय श्राऊ तित्थकर पुण्य वायाल ।— वृहद स्तोत्र
२ देखो 'तिरिया' (रू भे)

तिरियलोग, तिरियलोय–स०पु० [स० तिर्यग्लोक] मृत्युलोक ।

तिरिया–स०स्त्री० [स० स्त्री] स्त्री, ग्रौरत, पत्नी । उ०—१ मोरा विन डूगर किसा, मेह विन किसा मल्हार । तिरिया विन तीजा किसी, पिव विन किसा सिंगार ।—र रा.
उ०—२ तजै मती तिरिया, पितु, माता, छोडि न घोरी छोटा । घोती छोडि बनै मति धूरत, लेकर घोट लगोटा ।—ऊ का
मुहा०—तिरिया चरित—त्रिया चरित्र, स्त्री का रहस्य या कौशल ।
रू०भे०—तिरिय ।

तिरियोडो–भू०का०कृ०—१ हाथ पैर हिला कर या अग सञ्चालित कर के पानी पर चला हुआ २ पानी पर ठहरा हुआ, उतराया हुआ ३ मोक्ष प्राप्त।

तिरीड–स०पु० [स० किरीट] मुकुट (जैन)

तिरीडी–वि० [स० किरीटी] मुकुट धारण करने वाला (जैन)

तिरुडि–स०स्त्री०—१ उपजाऊ भूमि । उ०—हिवि युगलिया ना सुख साभळउ; तिरुडि नित्योद्योति रत्नमय भूमि ।—व स.
२ जितनी दूर तीर जा सके उतनी दूरी की भूमि ।

तिरेपन–वि० [स० त्रिपञ्चाशत्] पचास ग्रौर तीन का योग, त्रेपन ।
स०पु०—५३ की सख्या ।
रू०भे०—तिरपण, तेपन, त्रेपन ।

तिरेपनमों, तिरेपनवों–वि०—५३ वा ।
रू०भे०—तेपनमों, तेपनवों ।

तिरेपनेक–वि०—त्रेपन के लगभग ।
रू०भे०—तेपने'क ।

तिरेपनो–स०पु०—५३ की सख्या का वर्ष ।
रू०भे०—तेपनो, तेपन्नो ।

तिरेसठ–वि० [स० त्रय षष्टि, त्रिषष्टि, प्रा० तेसट्ठि ग्रसट्ठि] साठ ग्रौर तीन का योग, तिरसठ ।
रू०भे०—तिरसठ, तेसठ ।
स०पु०—साठ से तीन ग्रधिक की सख्या, ६३ ।

तिरेसठमों–वि०—तिरेसठवा ।
रू०भे०—तेसठमों ।

तिरेसठे'क–वि०—तिरेसठ के लगभग ।
रू०भे०—तेसठे'क ।

तिरेसठो–स०पु०—६३ की सख्या का वर्ष ।
रू०भे०—तिरसठो, तेसठो ।

तिरेहण–वि०—१ पार लगाने वाला, उद्धार करने वाला २ रक्षक ।

तिरै–क्रि०वि०—तब ।
स०पु०—फीलवानो का एक शब्द जिसे वे नहाते हुये हाथियो को लेटाने के लिए बोलते है ।

तिरोतर, तिरोतरइ—देखो 'तिहोतर' (रू भे.)

तिरोभाव–स०पु० [स०] अतर्ध्यान, ग्रदर्शन, गोपन ।

तिरोभूत–वि० [स०] गुप्त, ग्रदृष्ट ।

तिरोहित–वि० [स०] छिपा हुग्रा, ग्रतर्हित, गुप्त (ग्र.मा.)
स०पु० [स० तीर भुक्ति] मिथिला प्रदेश जिस के ग्रन्तर्गत मुजफ्फरपुर ग्रौर दरभगा जिला है ।

उ०—केसा केरळियाह, वखाण न कीजही। किसू तिरोहित नारि क. कच्छ कहीजही।—बा दा

तिलग-स०पु०—१ अंग्रेजी फौज का भारतीय सिपाही।

वि०वि०—भारत मे ईस्ट इण्डिया कम्पनी की स्थापना के बाद सर्व प्रथम कम्पनी के अधिकारियो ने मद्रास मे किला बना कर वहा के तेलगियो को अपनी सेना में भरती किया था। इससे अंग्रेजी फौज के देशी सिपाही तिलग कहे जाते है २ तैलग देश-वासी।

उ०—वामा भार नितब तिलगी वारिया। नही इस अग वासक सिहल नारिया।—बा दा.

३ देखो 'तैलग' (रू भे)

रू०भे०—तिलगाण, तिलगी, तिलगाण, तिल्यग, तेलग, तेलगी, तेलगू।

तिलगणी-स०स्त्री०—तिलपपडी (शेखावाटी)

तिलगाण, तिलगी, तिलगौ—देखो 'तिलग' (रू भे)

तिल-स०पु० [स० तिल] १ वर्षा ऋतु मे बोया जाने वाला डेढ दो हाथ ऊचा पौधा जिसकी खेती ससार के प्राय सभी गर्म देशो मे तेल के लिए होती है २ इसी पौधे के बीज जो दो प्रकार के होते हैं सफेद व काले।

रू०भे०—तिली, तिल्ली।

मुहा०—१ काळा तिल खाणा—पूर्व जन्म मे किसी के प्रति किए कुकृत्यो का फल भोगना २ तिल-तिल—थोडा-थोडा. ३ तिल मात्र—किंचित, जरा सा ४ तिल रौ ताड करणौ—तिल का ताड बनाना, बात का बतगड़ करना। (मि० राई री भाखर करणौ) ४ तिला मे तेल होणौ—तिलो मे तेल होना, सार होना, तत्व होना ५ बाडिया तिला मे जाणौ—व्यर्थ भटकना।

यौ०—तिलपापडी।

२ शरीर पर पाया जाने वाला काले रग का छोटा दाग ३ काली बिंदी के आकार का गोदना जिसे स्त्रिया शोभा के लिए गाल, ठुड्डी आदि पर गोदाती हैं। उ०—वणियौ तिल थारै वदन, नेह रसिक मन नार। तिल ऊपर तिल्लोतमा, वार दई सो वार।—बा दा

४ आख की पुतली के बीचोंबीच की गोल काली बिंदी।

[स० तिलक, प्रा० तिलउ] ५ तिलक। उ०—धरपत सीहे तई मुरद्धर, आसथान तिल पाट उजागर।—रा.रू.

५ देखो 'तिलौ' (मह, रू भे.)

रू०भे०—तल।

तिलउ—देखो 'तिलक' (रू भे) (उ र) उ०—नयण सलूणिय काजळरेह, निलउ कसतूरी यम णिधडीय। करयले ककण मणि झमकार, जादर फालीय पहिरण ए।—प प च

तिलकठ-स०पु०—एक प्रकार का घास।

तिलक-स०पु० [स०] मस्तक पर केसर चदन या गोरोचन आदि का लगाया जाने वाला चिन्ह जो किसी साम्प्रदायिक सकेत या शोभा के अभिप्राय से मागलिक अवसरो पर लगाया जाता है, टीका।

उ०—बादळ ज्यू सुर धनुख विण, तिलक विना दुजपूत। वनो न सोभै मौड विन, घाव विना रजपूत।—बा दा.

मुहा०—१ तिलक उघडणौ—तिलक का प्रकट होना। किसी के कपट का धीरे-धीरे पता चलना. २ तिलक काडणौ (लागणौ)—नुकसान पहुचाना, क्षति पहुचाना।

२ राज्याभिषेक, राजसिंहासन पर प्रतिष्ठा।

क्रि०प्र०—करणौ।

३ विवाह सम्बन्ध स्थिर करने पर कन्या पक्ष की ओर से वर के माथे पर अक्षत कुकुम का तिलक कर उसके हाथ मे कुछ द्रव्य देने की एक रीति. ४ विवाह सम्बन्ध स्थिर करने पर कन्या पक्ष की ओर से वर को दिया जाने वाला द्रव्य।

क्रि०प्र०—चढाणौ, देणौ।

(मि० 'टीकौ')

५ माथे पर पहिनने का स्त्रियों का एक आभूषण।

उ०—मुख सिख सधि तिलक रतन मैं मडित, गयौ जु हूतौ पूठि गळि। आयै क्रिमन माग मग आयौ, भाग कि जाणै भाळियळि।

—वेलि

(मि० 'टीकौ')

६ श्रेष्ठ व्यक्ति ७ एक जाति का एक घोडा ८ सगीत मे ध्रुवक का एक भेद जिसमे एक-एक चरण पच्चीस अक्षरो का होता है ९ दो सगण का एक वृत्त विशेष

[तु० तिरलीक] १० मुसलमान स्त्रियो द्वारा सूथन के ऊपर पहिने जाने वाला ढीला लहँगा।

रू०भे०—तलक, तिलउ, तिलक्क, तिलिक, तिलौ, तिल्लक, तीलक।

अल्पा०—तिलकडौ।

तिलक कामोद-स०पु० [स० तिलक कामोद] एक रागिनी जो कामोद और विचित्र अथवा कान्हडा कामोद और पड्योग से बनती है।

तिलकड़ौ-स०पु०—१ एक प्रकार का घोडा विशेष (शा हो)

२ देखो 'तिलक' (अल्पा, रू भे)

तिळकणौ, तिळकबौ-क्रि०अ०—१ फिसलना। उ०—नदिया नाळा नीझरण, पावस चढिया पूर। करहउ कादिम तिळकस्यइ, पयौ पूगळ दूर।—ढो मा

२ प्रज्वलित होना। उ०—तन पर लूआ आगसी, अन्तर तिळकी आग। दो आगा री आच मे, पडिया प्राण अभाग।—लू.

तिलकणौ, तिलकबौ-क्रि०स०—तिलक करना, टीका लगाना।

तिलक पिछेवडौ-स०पु०यौ०—साले के द्वारा दिया जाने वाला वस्त्र विशेष।

उ०—ए तौ ओढै बा रा साळाजी रो तिलक पिछेवड़ौ।—लो गी.

तिलकमग-स०पु०—नासिका, नाक (अ मा)

रू०भे०—तिलक मारग ।

तिलकमणी–स०स्त्री०—चूडामणि, शिरोभूषण ।

तिलकमारग—देखो 'तिलक मग' (रू भे) (ह ना.)

तिलकमुद्रा–स०स्त्री० [स०] चदन ग्रादि का टीका ग्रौर शख चक्रादि का छापा जिसे प्राय भक्त लोग लगाते हैं ।

तिलका–स०पु०—दो सगण (।।ऽ) युक्त ६ वर्णों का छद विशेष ।

तिलकायत–स०पु०—१ वल्लभ कुल सम्प्रदाय के पीठाधीश । २ देखो 'टीकायत' ।

तिलकारक–स०पु० [स० तिल कालक] देह पर तिल के ग्राकार का काला चिन्ह ।

तिळकियोड़ो–भू०का०कृ०—१ फिसला हुग्रा. २ प्रज्वलित हुवा हुग्रा । (स्त्री० तिळकियोडी)

तिलकियोडो–भू०का०कृ०—तिलक किया हुग्रा । (स्त्री० तिलकियोडी)

तिलक्क—देखो 'तिलक' (रू भे) उ०—करत कुकम तिलक्क पाणि राज प्रोहित ।—सू प्र.

तिलगाण—देखो 'तिलग' (रू भे)

तिलडो—देखो १ 'तील' (ग्रल्पा, रू भे) २ तीन लडकी ।

तिलडो–वि०—१ जिसमे तीन लड हो २ तीन लडो का । (स्त्री० तिलडी)

तिलचावळी–स०स्त्री०यौ०—तिल ग्रौर चावल के मेल से बनाई जाने वाली खिचडी ।

तिलट–स०पु०—तिल, तिलहन ।

तिलताम–स०स्त्री० [स० तिलोत्तमा] १ ग्रप्सरा (डि नां.) २ तिलोत्तमा नामक ग्रप्सरा ।

तिलपपडी, तिलपापडी–स०स्त्री०यौ०—तिल के साथ गुड या शक्कर मिला कर बनाया जाने वाला खाद्य पदार्थ, तिलपट्टी । रू०भे०—तिलगणी ।

तिलभगक–स०पु०—एक प्रकार का ग्राभूषण (व स.)

तिलम–वि०—१ ग्रमूल्य २ ग्रद्भुत, विचित्र ।

तिलमडेस्वरी–स०स्त्री० —प्रयाग वट के पास शिवजी का स्थान । (बा.दा. ख्यात)

तिलवट्ट–स०पु०—सहार, नाश । उ०—बाबा सुणि बादळ कहै, छोड रहो सुभट्ट । तो भत्रीज हुं ताहरो, खळा करू तिलवट्ट ।—प च चौ (मि० खळवट)

तिलवठ–१ तेल या तिल युक्त ? उ०—खप्पर ग्रो भैरव खप्पर भरावू तिलवठ बाकळा । ऊपर ग्रो भैरव मद री जी धार ।—लो गी. २ देखो 'तिलवट्ट' (रू भे)

तिलवडी–स०स्त्री०—एक प्रकार का वृक्ष । उ०—ताल तमालीय तणच्छ घणा, तिहा तुळसी नइ ताड । तज तटिल नइ तिलवडी, ताळीसा ना भाड ।—मा का प्र

तिलवा–स०पु०—वह खेत जिसमे प्रथम बार तिल बोये गये हो । ग्रल्पा०—तिलवाडो ।

तिलवाड़ा–स०स्त्री०—मन्द गति का एक १६ मात्रा का ताल ।

तिलवाड़ियो–स०पु०—तिलवट का वशज, चौहान वश की शाखा का व्यक्ति ।

तिलवाडो—देखो 'तिलवा' (ग्रल्पा. रू.भे.)

तिलवाय–वि०—तरवतर, सराबोर । उ०—घणा मीह जामा ग्रतर मे तिलवाय कीधा तिका रा वध छाती उपरास खोल दीधा छै ।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

तिलवास–स०पु०—एक प्रकार का वस्त्र ।—व स.

तिलसकरात, तिलसकराती–स०स्त्री०—मकर राशि मे सूर्य के ग्राने पर तिल दान का एक पर्व, मकर सक्रान्ति ।

तिलसर–स०पु०—तिल के डठल ।

तिलसाकळी–स०स्त्री०यौ०—खाजे के ग्राकार का तिल मिश्रित व्यजन । वि०वि०—देखो 'साकळी' (रू भे)

तिलागणि–स०स्त्री० [स० तिलाग्नि] तिल के पौधे की ग्रग्नि (जैन)

तिलाजळी–स०स्त्री० [स० तिलाजलि] मृतक सस्कार के बाद की जाने वाली एक क्रिया जिसमे ग्रजली मे जल भर कर उसमे तिल, डाभ ग्रादि डाल कर मृतक को ग्रर्पित करते हैं ।

मुहा०—तिलाजळी देणी—तिलाजली देना, बिल्कुल त्याग देना, कोई सम्बन्ध नहीं रखना ।

तिलाक—देखो 'तलाक' (रू भे)

तिलाकारी–स०स्त्री० [ग्र०+फा] सोने पर मुलम्मा चढ़ाने का कार्य । उ०—तिलाकारी के पडदे जोति के जहूर जरबफती चिगं का बणाव ।—सू प्र

तिलाकूटी–स०स्त्री०—तिलो को कूट कर उसमें शक्कर या गुड मिला कर बनाया जाने वाला एक खाद्य पदार्थ ।

तिलार—पक्षी विशेष जिसका शिकार मास के लिये करते हैं । उ०—हमें तीतरां ऊपर बाज छूटे छै, करवान का ऊपर जुर्रा छूटे छै, तिलारा ऊपर बासा छूटे छै ।—रा सा स.

तिलिक—देखो 'तिलक' (रू.भे.)

तिलिम, तिलिमा–स०पु०—एक प्रकार का वाद्य विशेष (जैन) उ०—भभा मउग मद्दल कउत्र झल्लरि हुडुक्क कमाळा । काहल तिलिमा वसो भम्भो पणवो य वारसमो ।—व.स

तिलियक–वि०—किंचित, जरा । उ०—ग्रकबर खीम लियौ इण ग्रांटै, मारण हुकिया क्रिताक मीर । ग्रै तो दिली न लै इण ग्राटै, तिलियक लूण तणी तासीर ।—वीर दुरगादास राठौड री गीत

तिलियो–वि०—१ दुर्बल, क्षीण, कृश २ तिल सम्बन्धी ।

तिली—१ देखो 'तिल' १, २ (रू भे) २ देखो 'तिल्ली' (रू भे.) ३ देखो 'तीली' (रू भे)

तिलुक्क–स०पु० [स० त्रैलोक्य] स्वर्ग, मृत्यु ग्रौर पाताल इन तीनो

लोको का जन-समुदाय (जैन)।

तिलू-स०पु०—१ घास मे रहने वाला एक दुबला-पतला कीड़ा।
२ तृण, तिनका।

तिलेक-वि०—कुछ, थोडा, किंचित।

तिलोअ—देखो 'त्रिलोक' (रू भे.)

तिलोई-स०पु० [स० त्रिलोकी] स्वर्ग, मृत्यु और पाताल लोक (जैन)

तिलोक—देखो 'त्रिलोक' (रू भे)

तिलोकपति—देखो 'त्रिलोकपति' (रू.भे)

तिलोकी-स०स्त्री०—१ इक्कीस मात्राओ का एक उपजाति छद जो प्लवगम और चाद्रायण के मेल से बनता है। इसके प्रत्येक चरण के अत मे लघु गुरु ।ऽ होता है।
२ देखो 'त्रिलोक' (रू.भे) उ०—तीन तिलोकी सू हैं व्है निराळा, मरुधर थारा रूख।—

तिलोडी-स०स्त्री० [स० तैलकुटी] १ तेल रखने का पात्र विशेष।
२ देखो 'टीली' (अल्पा, रू भे)

तिलोचण—देखो 'त्रिलोचन' (रू भे)

तिलोट-स०स्त्री०—तिलो को कूट कर उसमे गुड या शक्कर मिला कर बनाया हुआ खाद्य पदार्थ।

तिलोतमा, तिलोत्तमा-स०स्त्री० [स० तिलोत्तमा] १ एक परम रूपवती अप्सरा जिसे सृष्टि रचना के समय उत्तम पदार्थो मे से एक-एक तिल लेकर बनाया गया (पौराणिक)।
उ०—तिलोत्तमा मेंणका सची उरवसी सरोतरी। सुरपती सेवता ईढ न घरै तिण ओसरी।—रा रू
२ अप्सरा। (डि ना ना.मा)
रू०भे०—तिल्लोतमा।

तिलोय—देखो 'त्रिलोक' (जैन)

तिलोर-स०स्त्री०—शीतकाल मे उत्तर एशिया से राजस्थान के रेतीले या ककरीले भाग मे आने वाला एक पक्षी जिसका शिकार किया जाता है।
रू०भे०—तिल्लोर।

तिलो—१ देखो 'तिलक' (रू भे.) उ०—न्याय निपुण पुहवी तिलो रे लाल, रूपे जाणे काम।—स्रीपाळ रास
२ देखो 'तिल्लो' (रू भे)

तिल्यग—दखो 'तिलग' (रू भे) (जैन)

तिल्लक—देखो 'तिलक' (रू भे.)

तिल्ला-स०पु०—प्रत्येक चरण मे दो सगण का वर्णिक छद विशष।

तिल्ली-स०स्त्री०—१ पेट मे बाईं ओर पसलियों के नीचे का एक अवयव जो मास की पोली गुठली के आकार का होता है, प्लीहा
२ देखो 'तिल' १, २ (रू भे) उ०—जिणि दीहे तिल्ली त्रिडइ, हिरणी झालइ गाभ। ताह दिहा री गोरडी, पडतउ झालइ आभ।
—ढो मा.

रू०भे०—तिली।

तिल्लोतमा—देखो 'तिलोत्तमा' (रू भे) उ०—वणियो तिलपारं वदन, नेह रसिक मन नार। तिरा ऊपर तिल्लोतमा, वार दई सौ वार।
—बा.दा

तिल्लोर—देखो 'तिलोर' (रू भे)

तिल्लो-स०पु०—१ कलाबत्तू या बादले आदि का काम।
यौ०—तिल्लादार, तिल्लेदार।
२ वह तेल जो लिंगेंद्रिय पर उसकी शिथिलता दूर करने के लिए लगाया जाता है, तिल्ला ३ एक जगली वृक्ष जो पहाड़ी भूमि मे अधिक पाया जाता है।
रू०भे०—तिलो।

तिवग्ग—देखो 'त्रिवग्ग' (जैन)

तिवट—देखो 'त्रिवट'।

तिविट्ठु-स०पु०—भरत खड के भविष्य के नौवें वासुदेव (जैन)
रू०भे०—तिविट्ठ।

तिवडो-स०पु०—एक प्रकार का वृक्ष। उ०—तिल तदुल नइ ताड खर, तिवडा त्रिपुसी चग। तिदुग ततणि तिय वळी, तगर तणा तिहा तुग।—मा का प्र

तिवणो-वि०—तिगुना।

तिवरस-स०पु० [स० त्रिवर्ष] तीन वर्षो की दीक्षा वाले साधु, साध्वी (जैन)

तिवरसो—देखो 'तिवरसो' (रू भे)

तिवरस्यो-वि०—तीन वर्ष का।

तिवरारि—देखो 'त्रिपुरारि' (रू.भे) उ०—अरे साव सलखण राजल, रूपि नही अनु नारि। अरे के सावत्रीय ब्रह्मा, के गवरी तिवरारि।
—प्राचीन फागु सग्रह

तिवल-स०पु०—१ एक प्रकार का वाद्य। उ०—तिवल ददामा दड-वडी, निरदोस्या नीसाण। रेणू असखित ऊछळी, भूतळि छाहिउ भाण।—मा का प्र.
रू०भे०—तिविल।
२ देखो 'त्रिवलि' (रू भे) उ०—सरळ तरळ भुयवल्लरिय, सिहण पीण घण तुग। उदर देसि लंकाउळि, सोहइ तिवल तुरगु।
—प्राचीन फागु सग्रह

तिवळि, तिवळिया, तिवळी—देखो 'त्रिवलि' (रू भे)

तिवहार—देखो 'तिवार' (रू भे)

तिवाअ-स०पु० [स० त्रिपात] मन, वचन तथा काया इन तीनों को गिराना (जैन)

तिवाडी-स०पु०—त्रिपाठी।
(स्त्री० तिवाडण)
रू०भे०—तिरवाडी, तिवारी।

तिवायण, तिवायणा-स०पु० [स० त्रिपातन] मन, वचन और काया का

नाश करना (जैन)

तिवारी—देखो 'तिवाडी' (रू भे)
(स्त्री० तिवारण)

तिवारौ—देखो 'तिवारी' (रू भे)

तिवाव-स०पु० [सं० त्रिपाद] तिपाई। उ०—जिकै खदक भरवा नू आवै आडा, लकडिया रा तिवाव। तिका सू भुरजा खोदवा रा दाव।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

तिविट्ट—देखो 'तिवट्ट' (रू भे)

तिविल—देखो 'तिवल' (रू भे) उ०—भेर भुगळ भरहरइ, करइ भाट जयकार। तूर तिविल वाजा सुणइ, तति तणा टमकार।—मा का प्र

तिविह—देखो 'त्रिविध' (रू भे, जैन)

तिव्व—देखो 'तीव्र' (रू भे., जैन)

तिव्हार—देखो 'तिवार' (रू.भे) उ०—सावणिये री ग्रे माम, तीज तिव्हारा मा, वावडी जे।—लो.गी

तिसज्झ, तिसझ, तिसझा-स०स्त्री० [सं० त्रिसन्ध्य, त्रिसन्ध्या] प्रात-काल, मध्यानकाल एव सायकाल इन तीनों सध्याम्रो का समूह।
उ०—नाम मत्र जे मुख जपइ ए मगु तणु सुद्धि तिसझ।
—ऐ जै.का स

तिसधि-स०स्त्री० [सं० त्रिसन्धि] आदि, मध्य एवं अन्त (जैन)

तिस-स०स्त्री० [सं० तर्ष, तृषा] प्यास, तृषा। उ०—माणस कही अमल आरोगस्यो, तद कही तिस लागी छै पाणी हुवै तो पावो।
—मारवाड रा अमरावा री वारता

सर्व०—उस। उ०—सहर की तारीफ कुण कर सकै। अमरावती के अमर तिस शहर कू तर्क।—र रू.

तिसडे-क्रि०वि०—तब। उ०—तिसडै सै पातसाहजी नू खवरि हुई ताहरा पातिसाहजी हैमू रा डेरा ऊपर आवता हुता।—द वि

तिसडौ-वि० (स्त्री० तिसडी) १ वैसा, तैसा। उ०—१ आप जीमतो तिसडो खाणो फकीरा नू दीजै।—नैणसी
उ०—२ मन राखण नू वात करो खुशामद नू नही। होवै जिसडी वात जे कहि देवो तिसडी सही।—ठाकुर जैतसिंह री वारता
२ देखो 'तिसौ' (अल्पा, रू भे)

तिसटणौ, तिसटवौ-क्रि०अ०—१ स्थिर रहना। उ०—ज्यारै थोडा सैण जग, वैरी घणा वसत। तिसटै दिन थोडा तिके, अर्ख सत अमत।
—वा दा

२ अनुकूल होना ३ तुष्टमान होना, अनुकम्पा प्रकट करना।
तिसटणहार, हारौ (हारी), तिसटणियौ—वि०।
तिसटवाडणौ, तिसटवाडवौ, तिसटवाणौ, तिसटवावौ, तिसटवावणौ, तिसटवाववौ, तिसटाडणौ, तिसटाडवौ, तिसटाणौ, तिसटावौ, तिसटा-वणौ, तिसटाववौ—प्रे०रू०।
तिसटिग्रोडौ, तिसटियोडौ, तिसटचोडौ—भू०का०कृ०।
तिसटीजणौ, तिसटीजवौ—भाव वा०।

तिसटाडणौ, तिसटाडवौ-क्रि०स०—अनुकूल बनाना।

तिसटियोडौ-भू०का०कृ०—१ स्थिर २ अनुकूल बना हुआ. ३ तुष्टमान।
(स्त्री० तिसटियोडी)

तिसणा, तिसना-स०स्त्री० [सं० तृष्णा] १ प्यास, तृषा २ प्राप्त करने के लिए आकुल करने वाली इच्छा, लालच, लोभ।
उ०—उर नभ जितै न ऊगयै, श्री सतोस अदीत। नर तिसना किसना निसा, मिटै इतै नह मीत।—वा दा
रू०भे०—तिस्णा।

तिसमारी-स०स्त्री० [सं० तृषा+मारी] प्यास, तृषा।
उ०—मारग लूवा लपट मचाई। अत्र ऊपर तिसमारी आई।
—ऊ का.

तिसय-तिडुत्तर—देखो 'तिडोतरसौ' (रू.भे) उ०—मणुया तिसय-तिडुत्तर, नारय चउदसय तिरिय अडयाळा।—स कु.

तिसर-स०पु० [सं० त्रिशिरस्] खर और दूषण नामक राक्षसों का सेनापति। उ०—खर सधर दैत दूखण तिसर, दही वेल दहसीस री। चउदह हजार खळ चूरिया, जैत जैत जगदीस री।—पी ग्रं

तिसळणौ, तिसळवौ-क्रि०अ०—फिसलना। उ०—घडै चीकणै छाट, रवै ना तिसळै नीचै। घट काचे पट रचै, जचै रग सोणी सींचै।—दसदेव
तिसळणहार, हारौ (हारी), तिसळणियौ—वि०।
तिसळवाडणौ, तिसळवाडवौ, तिसळवाणौ, तिसळवावौ, तिसळवावणौ, तिसळवाववौ—प्रे०रू०।
तिसळाडणौ, तसळाडवौ, तिसळाणौ, तिसळावौ तिसळावणौ, तिस-ळाववौ—क्रि०स०।
तिसळिग्रोडौ, तिसळियोडौ, तिसळयोडौ—भू०का०कृ०।
तिसळीजणौ, तिसळीजवौ—भाव वा०।
तरसळणौ, तरसळवौ, तीसळणौ, तीसळवौ—रू०भे०।

तिसला-स०स्त्री० [सं० त्रिशला] भगवान महावीर की माता का नाम (जैन)

तिसळाणौ, तिसळावौ-क्रि०स०—फिसलाना, गिराना।

तिसळायोडौ-भू०का०कृ०—फिसलाया हुआ, गिराया हुआ।
(स्त्री० तिसळायोडी)

तिसळियोडौ-भू०का०कृ०—फिसला हुआ।
(स्त्री० तिसळियोडी)

तिसाइयउ, तिसाइयौ-वि०—तृषित, प्यासा। उ०—१ करहउ पाणि तिसाइयउ, आयउ पुहकर तीर। ढोलइ उतर पाइयउ, निरमळ सरवर नीर।—ढो मा
उ०—२ ऊफळै उपराळा आखो, ताळा धान तिसाइयो।—दसदेव

तिसायोडौ, तिसायौ-भू०का०कृ० [सं० तृषित] प्यासा।
उ०—हिरण भागतो तिसायो होय एक वस्ती मे मरणं गयो।
—नी प्र
(स्त्री० तिसायोडी, तिसायी)

तिसाळवौ, तिसाळु, तिसाळुवौ [सं० तृषा+आलुच्] प्यासा।

उ०—तेरा रे वीरा तिसाळुवा घण देवा नै सरवत घोळ पिलाय।
—लो गी

तिसालौ–स०पु०—१ तीन वर्ष का सम्मिलित रूप से लिया जाने वाला कर या लगान. २ ऊट का एक रोग जो तीन वर्ष की अवधि का होता है।

तिसाहियौ, तिसियौ–वि० [स० तृपित] प्यासा, तृषित।
उ०—भूखा तिसिया थाकडा, राखीजे नैडाह। ढळिया हाथ न आवसी, 'गोगादे' घोडाह।—गो.रू

तिसै–क्रि०वि०—तब। उ०—तिसै रावजी अठी उठी देख नै बोलिया।
—वीरमदे सोनगरा री वात

तिसोतरी–स०स्त्री०—तृषा, प्यास। उ०—(तरवार तांण'र) मा! आज थारी तिसोतरी धाप'र मिटाय लीजे।—वरसगाठ

तिसोता–स०स्त्री० [स० त्रिश्रोता] गगा नदी। उ०—तिसोता जिसौ नीर गम्भीर टांकौ। बिलूमे बिचै जाळ भुज्जाळ वाकौ।—मे म

तिसोवण–स०पु० [स० त्रिसोपन] जीने की तीन सीढ़ियो का समूह (जैन)

तिसौ–वि० (स्त्री० तिसी) १ तैसा, वैसा, जैसा।
उ०—तक लीधौ सोना तिसौ, पातर वाळौ प्रेम।—वा दा.
२ वही. ३ प्यासा।

तिस्टौ–वि० [स० तुष्ट] सतुष्ट, खुश, प्रसन्न। उ०—चेतन परम प्रकासी द्रस्टा, कारण कारज मे नहिं रुस्टा रु तिस्टा।
—स्री सुखरामजी महाराज

तिस्णा—देखो 'तिसणा' (रू भे)

तिस्या–क्रि०वि०—वैसे, उसी प्रकार।

तिस्त्रनायक–स०पु०—एक आभूषण विशेष (व स)

तिह–क्रि०वि०—वहा। उ०—वाण्या बभण निवसइ घणा, लाख एक छइ हाटा तणा। वरणावरण लोक तिह बहू, जाति प्रजा निवसइ छइ सहू।—हम्मीरायण

तिह—सर्व उस (रू भे) उ०—विरह सहू तिह भागलउ, कागलउ कुरळतउ पेखि। वायसना गुण वरणए, अरणए'स्यजीग्र विसेखि।
—व वि.

तिहतरि, तिहत्तर—देखो 'तिहोतर' (रू भे)

तिहवर, तिहवार—देखो 'तिवार' (रू भे) उ०—उण चौथाई री पईसौ वार तिहवार वेस्यावा नू दिरीजतौ, राज रै हराम हुतौ।
—वा दा ख्यात

तिहां–क्रि०वि०—वहा। उ०—सउदागर राजा तिहा, बइठा मदिर माभ।—ढो मा.

तिहारडौ, तिहारौ–सर्व० (स्त्री० तिहारडी, तिहारी) तेरा, तुम्हारा।
उ०—१ दोस नही थारा मे दोसत, दोस तिहारी दाई नै।
—ऊ.का.
उ०—२ ब्राम्हण ना कुळ भूप जे, मुखि तिहारडा मयक। समवडि किम बईसी सकइ, राउ सरीसू रक।—मा का प्र

अल्पा०—तिहारड़ौ, तिहारडौ।

तिहिं, तिहि–सर्व०—उस। उ०—१ दादू देख्या एक मन, सो मन सब ही माहि। तिहि मन सौं मन मानिया, दूजा भावे नाहि।
—दादू वाणी
उ०—२ कुसुमित कुसुमायुध ओटि केळि क्रत, तिहि देखे थिउ खीण तन। कत सजोगणि किसुक कहिया, विरहणि कहै पळास वन।
—वेलि.

तिही—देखो 'तिथि' (रू.भे)

तिहु—देखो 'तिहु' (रू भे) उ०—कर दोनो कटि ऊपरै, पुरुख फिरै चौफेर। ओ आकार तिहु लोक नो, काढचो ग्रथ निहेर।—जयवाणी

तिहुअण, तिहुग्रण, तिहुयण–स०पु० [स० त्रिभुवन] त्रिभुवन, तीनो लोक। उ०—१ सुयस तिहुअण छाय।—वि कु.
उ०—२ तिहुग्रण तारण सिख सुख कारण। वछित पूरण कल्पतरौ।—ऐ जै का स.
उ०—३ तिहुयणि ए मगळा चारु जय जय कारु।—ऐ जै का स

तिहू, तिहू—देखो 'तिहु' (रू भे) उ०—तिहू लोका मही जोड 'सागा' तणी। हेक रिव दुवौ जटधर अरोडौ।
—कविराजा करणीदान

तिहूप्रण, तिहूअणि, तिहूयण, तिहूयणि—देखो 'तिहुअण' (रू भे)
उ०—१ गान सूसर मुखि गाय करि, वायसि पचइ वाच्य। तिहूयण श्रणवत लेखवउ, आज्ज नइ उन्मादि।—मा का प्र
उ०—२ वळी आ तुझ विरुदावळी। परदुख भंजन भूप। तिहूयणि को तोल नही, काम कदळा रूप।—मा का प्र
उ०—३ अेक अेक पाहि भली, रूप तणी जे आलि। तिहूयण तेजइ तप तपइ, कोडि निसाकर भालि।—मा का प्र.

तिहोतरे'क–वि०—तिहोतर के लगभग।
रू०भ०—तेवोतरे'क, तेहोतरे'क।

तिहोत्तर–वि० [स० त्रयस्सप्तति, प्रा० तेसत्तरि अर्ध मा तेवत्तरि अप. त्रेत्तरि] सत्तर और तीन का योग।
स०पु०—तिहोत्तर की सख्या।
रू०भे०—तिग्रोतर, तिमोतर, तियोतर, तिरोतर, तिरोतरइ, तिहतरि, तिहत्तर, तीडोतर, तेग्रोतर, तेवोतर, तेहतर, तेहुत्तर, तेहोतर।

तिहोत्तरौ–स०पु०—७३ वां वर्ष।
रू०भे०—तिग्रोतरौ, तियोतरौ, तेवोतरौ, तेहतरौ, तेहोतरौ।

तीं–सर्व०—१ उस। उ०—उवे दोनू नोकर दरवाजे जाय बैठा छै तीं पथी री वाट जोवै छै।—साह रामदत्त री वारता
२ इस।

तींखोळी–स०स्त्री०—१ शिखर, शृ ग २ वृक्ष की चोटी।

तींछे–क्रि०वि०—वहां। उ०—ता वणि पेखइ मणिमइ भूयणु, तींछे निवसइ नारी रयणु।—प प.च.

तींडसी, तींडो—देखो 'टीडसी' (रू.भे)

तींण—देखो 'तीण' (रू भे.)

तुरतांण-क्रि०वि०—शीघ्र, त्वरित। उ०—तेजल धनख चढै तुरताणा, वादळ तीतर पख वखाणा।—वर्षा-विज्ञान

तुरती-स०स्त्री०—१ गली (ग्र मा) २ देखो 'तुरत' (रू भे)

तुरतुरियौ-स०पु०—भीगी दाल या वेसन मे ममाला मिला कर खौलते घी ग्रथवा तेल मे तला हुग्रा खाद्य पदार्थ, वडा, पकौडा।
(मि० वडौ)
मुहा०—तुरतुरिया ज्यू कूदणौ—खौलते तेल मे बडे के समान कूदना। शीघ्रता करना, जल्दबाजी करना, छिछलापन दिखाना।
वि०—जल्दबाज, उतावला।

तुरपग-स०पु०—नृत्य का एक भेद? उ०—नवरग कटाच्छ रस रग नृत, जग जग वाजिय जगत। हूं रमिय उरप तुरपग हद, लाग दाट ग्रैवट लगत।—सू प्र

तुरप—देखो 'तुरुप' (रू भे)

तुरपण-स०पु०—हाथ से की जाने वाली एक विशेष सिलाई, तुरपाई।

तुरपणौ, तुरपवौ-क्रि०स०—तुरपन (तुरपाई) की सिलाई करना।
तुरपणहार, हारौ (हारी), तुरपणियौ—वि०।
तुरपवाडणौ, तुरपवाडवौ, तुरपवाणौ, तरपवाग्रौ, तुरपवावणौ, तुरपवाववौ, तुरपाडणौ, तुरपाडवौ, तुरपाणौ, तुरपावौ, तुरपावणौ, तुरपाववौ—प्रे०रू०।
तुरपिग्रोडौ, तुरपियोडौ, तुरप्योडौ—भू०का०कृ०।
तुरपीजणौ, तुरपीजवौ—कर्म वा०।
तुरुपणौ, तुरुपवौ—रू०भे०।

तुरपाई-स०स्त्री०—महीन टाको की एक प्रकार की सिलाई।
रू०भे०—तुरपाई।

तुरपियोडौ-भू०का०कृ०—तुरपाई की सिलाई किया हुग्रा।
(स्त्री० तुरपियोडी)

तुरफ—देखो 'तुरुप' (रू.भे.)

तुरफरी-स०पु० (स्त्री०) ग्रंकुश का वह भाग जो सामने सीधी नोक की ग्रोर होता है।

तुरमती-स०स्त्री० [स० तुरमता] बाज की तरह शिकार करने वाली एक छोटी चिडिया। उ०—लवा ऊपर सिकरा छूटै छै, वटेरा ऊपर तुरमती छूटै छै।—रा सा स.

तुरमनामो-स०पु०—एक वाद्य का नाम। उ०—तुरमनामो अगरेजा रै वाजो हुवै।—बा दा. ख्यात

तुरय—देखो 'तुरग' (रू भे.)

तुरय्या-स०पु० [स० तुर्य्या] वह ज्ञान जिससे मुक्ति प्राप्त हो, तुरीय ज्ञान।

तुररी-स०स्त्री० [स० तूर] मुह से फूक देकर बजाने का एक वाद्य विशेष। उ०—उच्चरी तुररी कुररी जसी, सुभट ना सवि रोम उद्वसी।—विराट पर्व

रू०भे०—तुरइ, तुरहा, तुरही, तुरैया, तूरही।

तुररो-स०पु० [ग्र० तुर्रा] १ घुघराले बालो की लट जो सिर मे लटकती हो, अलक. २ टोपी, पगडी आदि पर लगाई जाने वाली कलगी। उ०—कसि जडित जवाहर खग कटार, तुररा स जवाहर रूप तार।—सू.प्र

३ पर या फुदना जो कलगी के स्थान पर लगाया जाता है ४ पुष्प विशेष, गुलतुर्रा ५ दूल्हे के शिर पर बाधे जाने वाले सेहरे के साथ लगाई जाने वाली कलगी विशेष ६ फूलो का गुथा हुआ गुच्छा। उ०—वाग री सैल फिरै छै। अैस रस विना महामगरूर फळ करै छै। वोही मोती वागवान तुररा वणाय-वणाय ल्यावै छै। जिकै तुररै रै तुररै मोहर पावै छै।—पना वीरमदे री वात ७ श्मश्रु, मूछ। उ०—तुररा हूत भटतारा भलौ, पागा हू त भली कोपीद।—बुधजी आसियो

रू०भे०—तुरो।

वि०—श्रेष्ठ, शिरमौर। उ०—मदवी को मछोळी, हाथ की हाल, तीजणियां को तुररो।—मयाराम दरजी री वात

मुहा०—तुररो होणो—तुर्रा होना, श्रेष्ठ बनना, सर्वोपरि होना।

तुरळ-स०पु०—बवण्डर, प्रचण्ड वायु-गोल। उ०—वणी गजा तणै सिरवाना, मिळिया तुरळ रजी असमाना।—रा रू

तुरवसु-स०पु० [स० तुर्वसु] राजा ययाति का देवयानी के गर्भ से उत्पन्न पुत्र।

तुरस-वि० [फा० तुर्श] खट्टा।

स०स्त्री०—ढाल। उ०—पीठ तुरस केवाण कर, आसपास रजपूत। मावडिया सोहै नही, मुख मूछा सिर सूत।—वा दा

रू०भे०—तुरस्स।

तुरसाई, तुरसाही-स०स्त्री० [फा० तुर्शी=खटाई] १ जायका, स्वाद. २ खटाई, खट्टापन।

रू०भे०—तुरहाही।

तुरस्स—देखो 'तुरस' (रू.भे.) उ०—विधे धज सावळ चोळ वरन्न। तुरस्स जरद अगारक तन्न।—सू.प्र

तुरह-क्रि०वि० [स० त्वर] शीघ्र, जल्दी (ह.ना)

तुरहाही—देखो 'तुरसाई' (रू भे.)

तुरही—देखो 'तुररी' (रू भे) उ०—सवद उग्र करनाळ सवाई, सुर वरधू तुरही सहनाई।—रा रू

तुराण-स०पु० [स० तुरग] घोड़ा। उ०—हय ठाण घुपाण खोवाण हलासिसे, भाण तुराण भुताण विये।—पा प्र.

तुरान-स०पु०—फारस के उत्तर पूर्व मे पड़ने वाला मध्य एशिया का भाग जो तुर्क, तातारी, मुगल आदि जातियो का निवास-स्थान है।

तुरानी-स०पु०—तुरान देश का निवासी, यवन, मुसलमान।

उ०—उजबकि इरानी गोळ थाप, चगताह तुरानी दस्त चाप।
—वि स.

तुरा-स०स्त्री० [स० त्वरा] शीघ्रता, जल्दबाजी (ह ना)

तुराखाट, तुराखाउ-स०पु० [स० तुराषाट्] इन्द्र, सुरराज (ह ना.)

तुराट-स०पु०—घोडा। उ०—भूप तुराटा भेळिया, जुध कारण जाकी।—वी मा.

तुराटी-स०स्त्री०—हलका नशा।

क्रि०प्र०—आणी।

तुरातुर-क्रि०वि० [स० त्वर] शीघ्र, जल्दी। उ०—तुरातुर नोसरजा भवतीर। विरे विस वीसरजा वरवीर।—ऊ.का.

तुरापाचम-स०स्त्री०—माघ मास के शुक्लपक्ष की पचमी तिथि, बसन्तपचमी।

तुरायण-स०पु० [स०] एक यज्ञ जो चैत्र शुक्ला पचमी और वैशाख शुक्ला पचमी को होता है।

तुरावत-वि० [स० त्वरावत्] वेगवान, वेगयुक्त।

(स्त्री० तुरावती)

तुरासाट, तुरासाह-स०पु० [स० तुरासाह, कर्ता एक बचन तुराषाट् या तुराषाड्] इद्र (डि.को.)

तुरि, तुरिउ-क्रि०वि० [स० त्वरा] १ शीघ्र. २ देखो 'तुरग' (रू भे.)

उ०—तती नाद तबोळ रस, सुरहि सुगधह जाह। आसण तुरि घरि गोरडी, किसउ दिसाउर त्याह।—ढो मा

तुरिए, तुरित-क्रि०वि० [स० त्वरित] शीघ्र, जल्दी।

तुरियव—देखो 'तुरग' (रू.भे)

तुरिय-क्रि०वि० [स० त्वरित्] १ शीघ्र, तुरन्त.

२ देखो 'तुरग' (रू भे) उ०—गज तुरिय न लाभइ पार, सघर सुहड सार, छाजति अवनिसार तुज्झ करो।—व.स.

तुरिया-स०स्त्री० [स० तुरीय] १ ज्ञान की चतुर्थावस्था जिसे मोक्ष समझा जाता है। उ०—यु ही खट चक्कर भेद अघाव। पछै त्रिपुटी तुरिया पद पाव।—ऊ.का

२ घोडा।

वि०—चतुर्थ*।

रू०भे०—तुरिय, तुरीय।

तुरियो—देखो 'तुरग' (अल्पा, रू भे) उ०—जाणीय दुरयोधनि बाहु वाह्या। रहइ किमइ ते तुरिया न साह्या।—विराट पर्व

तुरी-स०पु० [स० तुरग] १ घोडा। उ०—जिणि दीहे पाळउ पडइ, टापर तुरी सहाइ। तिणि रिति बूढ़ी ही भुरइ, तरुणी केम रहाइ।
—ढो.मा.

स०स्त्री०—२ घोडी। उ०—जद हरियाळी वनडो तोरण आयो श्रे, तोरण तुरी डकाई श्रे बाई जी म्हारा राज।—लो गी.

३ लगाम, वाग. ४ तुरही नामक वाद्य। उ०—अवका अहका वजै भेर तुरी। घणवासुर को अधरात घुरी।—गो रू

५ देखो 'तुररी' (२) (अल्पा, रू भे)

तुरीजत्र-स०पु० [स० तुरीयत्र] सूर्य की गति बताने वाला यत्र।

तुरीय—१ देखो 'तुरग' (रू.भे.) उ०—तुरीय सहइस पचास, दोय सइ महगळ मता।—प च चो

देखो 'तुरिया' (रू भे.)

तुरीयतरग-स०पु०—दो नलियो का एक वाद्य विशेष जिसकी नलियो को चिकुर के नीचे गले के लगा कर अद्भुत तरीके से वजाई जाती है।

तुरीया—देखो 'तुरिया' (रू भे) उ०—जाग्रत स्वप्न सुसुपती तुरीया, इनते अलग रहाया।—स्री हरिरामजी महाराज

तुरीस-क्रि०वि०—शीघ्र (ह ना.)

स०पु०—घोडा। उ०—करी उर टक्कर ऊडत केक। अरी जरदंत तुरीस अनेक।—सु प्र.

तुरुक—देखो 'तुरक' (रू.भे)

तुरुप-स०पु० [अ० ट्रप] ताश के खेल विशेष मे कोई एक प्रधान माना जाने वाला रग। इस रग का छोटे से छोटा पत्ता दूसरे रग के बडे से वडे पत्ते को मार सकता है।

क्रि०प्र०—बोलणी, बोलाणी, राखणी।

रू०भे०—तुरप, तुरफ।

तुरुपणी, तुरुपबो—देखो 'तुरपणी, तुरपवी' (रू भे)

तुरुपाई—देखो 'तुरपाई' (रू भे)

तुरुस्क—देखो 'तुरक' (रू भे)

तुरुस्कगोड—देखो 'तुरगगोड' (रू भे)

तुरुही—देखो 'तुररी' (रू भे)

तुरेस-स०पु० [स० तुरग+ईश] श्रेष्ठ घोडा। उ०—पडे भगाण देस देस अग्रवाण पीडणी। सलाह पाछले पुरे मिटी तुरेस भीडणी।—रा रू

तुरेया—देखो 'तुररो' (रू.भे)

तुरो—देखो 'तुररो' (रू भे)

तुळ, तुल-स०पु०—१ एक लगन का नाम। उ०—श्रद करणसिघ रै वडा कवर अनोपसिघजी री जनम सवत् १६६५ चैत सुद ६ रोहणी। इस्ट ३४-२- तुल लगन।—द.दा

२ घास। उ०—अवरग तणो सुरग आवटियो, जादव तै करता घण जग। मेछा तुळ घातिया मुहडै, काडे तांम साकडा कुरग।

—रांमसिह भाटी री गीत

स०स्त्री०—३ तुला राशि। उ०—दिन रात सम तुल रासि दिन कर सरकि अनुक्रम सरवरी।—रा रू

४ तुला, तराजू। उ०—१ छळ छिद्र 'खीचीडोह' तुल जोहै तोलीजतो। 'धाधळ' तणौ धडोह, हव चेळै भारी हुवौ।—पा प्र.

उ०—२ जसरी तुल पग दे ललका ले जावै, हीरा माणक सब हळका ह्वै जावै।—ऊ.का

वि० [स० तुल्य] समान।

तुळछ, तुळछां—देखो 'तुळसी' (रू.भे) उ०—१ वादळा कनक रा गंग वार, घूमरा मजरा तुळछ धार।—वि स

उ० —२ धन बाई तुळछा धन थारो नाम।—लो गी

तुळछातेला-स०पु०—कार्तिक शुक्ला अष्टमी से एकादशी तक किया जाने वाला स्त्रियो का एक व्रत, तुलसीव्रत।

तुळछी—देखो 'तुळसी' (रू भे) उ०—घर घर मे तुळछी को विडलो दरसण माधवजी को रे।—मीरा

तुळछीवळ—देखो 'तुळसीदळ' (रू भे) उ०—जळ गगा जमना पुह-कर जळ, दळ ग्रह दरम छिडक तुळछीवळ।—रा रू.

तुळछीपतियौ—देखो 'तुळसीपतियौ' (रू भे)

तुलजा, तुलजाउ तुलज्जा, तुलज्या-स०स्त्री० [स० तुल्य+ज्या] पार्वती, दुर्गा (ह ना)

वि०—वृद्धा, बूढी।

तुलणी, तुलबौ-क्रि०अ० [स० तुल] १ तोला जाना, तुलना, तराजू पर अदाजा जाना। उ०—काळी घणी कुरूप, कसतूरी काटा तुलै। सक्कर वडी सरूप, रोडा तुलै राजिया।—किरपाराम खिडियौ

२ तोल या मान मे बराबर उतरना, तुल्य होना. ३ अदाज होना, वधे हुए मान का अभ्यास होना. ४ किसी अस्त्र को भली प्रकार से चलाना जिससे वह लक्ष्य पर वार कर सके, सधना ५ उद्यत होना, तैयार होना।

मुहा०—वात माथै तुलणी—अपनी वात को पक्का करने के लिए उद्यत होना।

६ किसी आधार पर इस प्रकार टिकना कि आधार के वाहर निकला हुआ भाग किसी ओर को झुका न हो। ठीक अनुमान के साथ टिकना। उ०—अणी कढ जवाना अनै सुरताण ऊत। खडै चढ हटो घोडा भडा खूर। जबर चेळा तुलै आठ ममला जठी। वोह जठी हुवै वेहु श्रे वरापूर।—जसजी आढो

७ समझ मे वैठना, ध्यान मे उतरना। उ०—आप कहो हो कै धणी री फौज सत्रुआ ऊपरै जावै है सो धणी म्हासू रूठा रहै है तिण सारू वणियं झगडै हू दूसरा जोधारा नै मालक नै छोड आय जावसू सो आ म्हारै तुलै नही।—वी स टो

८ समान होना, तुल्य होना। उ०—'अहह रूप असभम भूवलइ। कवण कामिनि एह समी तुलइ।—विराटपर्व

तुलणहार, हारो (हारी), तुलणियो—वि०।

तुलवाडणो, तुलवाडबो, तुलवाणो, तुलवाबो, तुलवावणो, तुलवावबो, तुलाडणो, तुलाडबो, तुलाणो, तुलाबो, तुलावणो, तुलाववो—प्रे०रू०।

तुलिग्रोडो, तुलियोडो, तुल्योडो—भू०का०कृ०।

तुलीजणो, तुलीजबो—भाव वा० ।
तुलना-स०स्त्री० [स०] १ मिलान, समता, सादृश्य. २ उपमा ।
तुलनी-स०स्त्री० [स० तुला] तराजू की डंडी ।
तुलवाई—देखो 'तुलाई' (रू भे)
तुलसक्रांत, तुलसक्रांति—देखो 'तिलसकरात' (रू भे.)
तुळसी-स०स्त्री० [स० तुलसी] १ एक छोटा पौधा जिसकी ऊंचाई दो तीन फीट के लगभग होती है और जिसकी पत्तियो से एक तीक्ष्ण गंध निकलती है। हिन्दू लोग इसे बहुत पवित्र मानते है और इसकी पत्तिया देव मूर्तियो पर चढाते है। वैद्यक मे बहुत से रोगो के लिए भी यह लाभदायक मानी जाती है। मथुरा के आस-पास इसका पौधा प्रचुरता मे पाया जाता है। वृन्दा, वैष्णवी। उ०—वळिबधण मूंफ स्याळ सिंघ बळि, प्रासे जो बीजी परणे। कपिळ धेनु दिन पात्र कसाई, तुळसी करि चाडाळ तणे।—वेलि
यौ०—तुळसीठाणो, तुळसीठावडो, तुळसीतेला, तुळसीदळ, तुळसीदान, तुळसीवन।
रू०भे०—तुळछ, तुळछा, तुळछी।
स०पु०—२ प्रसिद्ध कवि तुलसीदास. ३ एक मारवाडी लोकगीत।
तुळसीठाणो, तुळसीठावडो-स०पु० [स० तुलसी+स्थान] तुलसी के पौधे को लगाने का कुंड जो प्राय घर के आगन या मन्दिर के चौक आदि मे लगाया जाता है।
रू०भे०—तुळसीथाणो।
तुळसीतेला-स०पु०—कार्तिक शुक्ला एकादशी से तीन दिन तक स्त्रियो द्वारा किया जाने वाला उपवास जिसमे स्त्रिया तुलसी के निकट दीपक जलाती हैं और अखण्ड व्रत रखती हैं।
तुळसीथाणो—देखो 'तुळसीठाणो' (रू भे)
तुळसीदळ-स०पु० [स० तुलसीदल] तुलसीपत्र। उ०—पोते रावराजा छानो थको लारै ऊभो, जद दुरगा री मत्र पढ़नै सीजी तुळसीदळ रगनाथजी नू चढायो।—बा दा ख्यात
रू०भे०—तुळछीदळ।
तुळसीदाणो-स०पु०—एक स्वर्ण आभूषण।
तुळसीदास-स०पु० [स० तुलसीदास] 'रामचरित मानस' के रचयिता एक श्रेष्ठ भक्त कवि जिनका जीवनकाल स० १५८९ से १६८० माना गया है। इनकी अनेक रचनायें हिन्दी मे प्रसिद्ध हो चुकी हैं।
तुळसीपत—देखो 'तुळसीदळ'।
तुळसीपतियो-स०पु०—स्त्रियो के गले का एक आभूषण विशेष।
रू०भे०—तुळछीपतियौ।
तुळसीपान, तुळसीपानि—देखो 'तुळसीदळ'।
तुळसीमजर-स०पु० [स० तुलसी+मजरि] तुलसी के पौधे की बालें, तुलसीमजरी। उ०—वेणी पवित्र करिस लिखमीवर। मसतग चाढै तुळसीमजर।—ह र
तुळसीवन-स०पु० [स० तुलसी+वन] वह वन खण्ड जहाँ तुलसी की अधिकता हो।

तुला-स०स्त्री०—१ तकडी, तराजू, काटा। उ०—असपत तणो चीत आहाटा, तुला चढता हुवै तुना।—महाराणा जगतसिंह रो गीत
यौ०—तुलादड।
२ गुजा (अ.मा) ३ ज्योतिष की बारह राशियो मे से सातवीं राशि ४ मान, तोल।
तुलाई-स०स्त्री०—१ तौलने की क्रिया अथवा तौलने के कार्य की मज़दूरी।
रू०भे०—तुलवाई, तोलाई, तौलाई।
[स० तूलिका] २ तूलिका, तूली (उ र)
तुलाकोट, तुलाकोटि-स०पु०—एक आभूषण, नूपुर।
तुलाजत्र-स०पु० [स० तुलायत्र] तराजू, काटा।
तुलाडड—देखो 'तुलादड' (रू भे)
तुलाडणो, तुलाडबो—देखो 'तुलाणो, तुलाबो' (रू भे)
तुलाडियोडो—देखो 'तुलायोडो' (रू भे)
(स्त्री० तुलाडियोडी)
तुलाणो, तुलाबो-क्रि०स० ('तुलणो' क्रिया का प्रे०रू०) तुलाने का कार्य अन्य से कराना, तुलाना, तुलवाना।
तुलाणहार, हारो (हारी), तुलाणियो—वि०।
तुलायोडो—भू०का०कृ०।
तुलाईजणो, तुलाईजबो—कर्म वा०।
तुलणो, तुलबो—अक०रू०।
तुलाडणो, तुलाडबो, तुलावणो, तुलावबो, तोलाडणो, तोलाडबो, तोलाणो, तोलाबो, तोलावणो, तोलावबो, तौलाडणो, तौलाडबो, तौलाणो, तौलाबो, तौलावणो, तौलावबो—रू०भे०।
तुलादड-स०स्त्री०—तराजू या काटे की डडी जिसके दोनो छोरो पर पलडे बधे रहते हैं।
रू०भे०—तुलाडड।
तुळादान, तुलादान-स०पु० [स० तुलादान] सोलह महादानों मे से एक प्रकार का दान जिसमे मनुष्य अपने स्वय के तौल के बराबर द्रव्य या पदार्थ का दान करता है।
तुलाधार-स०स्त्री० [स०] १ तुलाराशि २ तराजू की रस्सी जिससे पलडे बधे रहते हैं।
स०पु०—३ वणिक्, बनिया. ४ काशी का प्रसिद्ध व्याध जो माता-पिता की सेवा मे सदैव तैयार रहता था।
तुलापुरुसदान—देखो 'तुलादान'।
तुलामान-स०पु० [स० तुलामान] १ तोल का अभ्यास, अदाज, अनुमान २ बाट, तोल।
तुलायोडो-भू०का०कृ०—तोल कराया हुआ, तुलाया हुआ।
(स्त्री० तुलायोडी)
तुलावट-वि०—तोलने वाला। उ०—चौधरी चोकडती रे, तुलावट खाती रे, कायथ कानूगा रे, केई लेता चूगा रे।—जयवाणी

स०स्त्री०—तोलने की क्रिया।
तुलावणी, तुलावबौ—देखो 'तुलाणी, तुलावौ' (रू भे)
तुलावियोडौ—देखो 'तुलायोडौ' (रू भे)
(स्त्री० तुलावियोडी)
तुलि-वि० [स० तुल्य] तुल्य, समान, सदृश।
स०स्त्री०—१ तराजू। उ०—वाहुडि ग्राय मत्री इम बोलै। तुलि मेघा धरि धरि वीहू तोलै।—सू प्र
२ तुला राशि। उ०—तुलि वैठौ तरणि तेज तम तुलिया, भूप कणय तुलता भू भाति। दिणि दिणि तिणि लघुता ग्रामै दिन, राति राति तिणि गौरव राति।—वेलि
रू०भे०—तुलि।
तुलियोडौ-भू०का०कृ०—१ तराजू पर अदाजा हुग्रा, तोला हुग्रा २ तौल या मान मे बरावर उतरा हुग्रा ३ बधे हुए मान का अभ्यास हुवा हुग्रा, अदाज हुवा हुग्रा ४ किसी शस्त्र को भली प्रकार चलाया हुग्रा, सधा हुग्रा ५ तैयार हुवा हुग्रा, उद्यत ६ किसी ग्राधार पर टिका हुग्रा, ठीक अनुमान के साथ टिका हुग्रा. ७ समझ मे वैठा हुग्रा, ध्यान मे उतरा हुग्रा. ८ समान हुवा हुग्रा, तुल्य हुवा हुग्रा।
(स्त्री० तुलियोडी)
तुलौ-स०पु०—तराजू का पलडा। उ०—तुके भुज रास नीवाज भाला तठी। जोधपुर भुकै वाजी तुला जेम।—जसजी ग्राढौ
तुल्य-वि० [स०] समान, बरावर (रू भे)
तुल्यजोग—देखो 'तुल्ययोग' (रू भे)
तुल्यता-स०स्त्री० [स०] बरावरी, समता, सादृश्य।
तुल्यप्रधानव्यग-स०पु० [स० तुल्यप्रधानव्यग्य] वह व्यग्य जिसमे वाच्यार्थ ग्रौर व्यग्यार्थ समान हो।
तुल्ययोग, तुल्ययोगिता-स०स्त्री० [स०] एक अलकार जिसमे अनेक उपमेयो अथवा अनेक उपमानो का एक ही धर्म कहा जाय। इसके तीन भेद होते हैं।
रू०भे०—तुल्यजोग।
तुल्ययोगी-वि०—समान सवध रखने वाला।
तुल्ल—देखो 'तुल्य' (रू भे) उ०—मव्वे भला मासडा पण वइसाह न तुल्ल। जे दवि दाधा रू खडा, तीह मायइ फुल्ल।—रा.सा स
तुव-सर्व०—१ तुम २ तेरा, तुम्हारा ३ तुझे, तुझको।
उ०—नर नाग असुर सुर नीम वण, अलख पुरुस ग्रादेस तुव।
—ह र
तुवर—देखो 'तवर' (रू भे)
तुवाळौ—देखो 'तुग्राळौ' (रू भे)
तुसडा-सर्व०—तेरा, तुम्हारा। उ०—फुरियदा फुरमाण नर, रहमाण तुसडा।—केसोदास गाडण
तुसडौ-स०पु०—अपराध, गुनाह।

सर्व०—तेरा, तुम्हारा।
तुस-स०पु० [स० तुष] १ अन्न के ऊपर का छिलका, भूसी।
उ०—ग्राना ग्रव ग्राना ग्ररथ, तुरत विगाडे तान। बदळै तुस रै वाणियौ, धुर गोढा लै धान।—वा दा
मुहा०—तुस उतारणौ—तुष उतारना, कूट-पीट कर साफ करना।
कहा०—ग्राख मे पडियौ तुस ग्रोही हुग्रो मिस—ग्राख मे गिरा तुष यही बना मिस। छोटा सा सहारा मिलने पर बहाना बना लेने पर कही जाने वाली कहावत।
२ सोने-चादी का छोटा कण।
वि०—तुच्छ थोडा, कम। उ०—सह वाता समरथ्थ करै तुस रक नै राजा। सह वाता समरथ्थ पर्व तारण दघ पाजा।—ज खि
रू०भे०—तुमी।
अल्पा०—तुसियौ।
तुसग्रह-स०पु० [स० तुषग्रह] अग्नि।
तुसर-स०पु०—तृण, तिनका। उ०—हरी तुसर ना नाव, छाट भर जळ न कोसा। ऐडी ग्रापत मडा खेजडा राखै होसा।—दसदेव
तुसल्यौ-स०पु०—एक प्रकार के अशुभ रग का घोडा (शा हो)
तुसाग—देखो 'तुसानळ'।
तुसाड, तुसाडौ, तुसाड, तुसाडौ-सर्व० (स्त्री० तुसाडी, तुसाडी) तेरा।
उ०—सच्ची एक तुसाडी सेवा, दूजी गल्ल न दिल्ल।—घ व ग्र
तुसानळ-स०पु० [स० तुषानल] भूसी अथवा घासफूस की ग्राग।
तुसार-स०पु० [स० तुषार] १ हवा मे मिली भाप जो अत्यधिक शीत के कारण सूक्ष्म जलकण के रूप मे हवा से पृथक होकर वस्तुग्रो पर जमती है, पाला २ हिम, वर्फ। उ०—तर तुसार दव जळै, सीस माघव रुत ग्रावै। ग्रीखम रैणा गात जळण वरसात मिटावै।
—रा रू.
३ ठडक। उ०—जग सतोस तुसार नर, वर्स निरंतर वरू। तिया लोभ ग्रीखम तणी, सुपनै ही नहि सक।—वा दा
४ एक प्राचीन देश का नाम जहाँ के घोडे प्रसिद्ध है ५ तुषार देश का घोडा।
वि०—वरफ की भाति पूर्ण ठडा।
तुसारकर, तुसारकाति-स०पु० [स० तुषारकर, तुषारकाति] हिमकर, चद्रमा।
तुसारपाखाण-स०पु० [स० तुषारपाषाण] १ ग्रोलो २ वरफ।
तुसारमूरति, तुसाररसमि, तुसारासु-स०पु० [स० तुषारमूर्ति, तुषाररश्मि, तुषारांशु] चन्द्रमा (ग्र मा ना मा)
तुसाराद्रि-स०पु० [स० तुषाराद्रि] हिमालय पर्वत।
तुसिणीग्र-स०स्त्री० [स० तूष्णीक] मौन भाव, मौनवृत्ति (जैन)
तुसित-स०पु० [स० तुषित] १ एक प्रकार के गण देवता जो सख्या मे १२ है. २ विष्णु ३ एक स्वर्ग का नाम (बौद्ध)
तुसियौ—देखो 'तुष' (अल्पा, रू.भे) उ०—अन्नित भोजन छोडनै हो

मुनिवर, तुसिया को कुण खाय। देव लोक रा सुख देखनै हो मुनिवर, नरक न आवै दाय।—जयवाणी

तुसी—देखो 'तस' (रू भे)

तुसै-सर्व०—तुम्हारा, तेरा।

तुस्ट-वि० [स० तुष्ट] १ सतोप-प्राप्त, सतुष्ट, तृप्त २ प्रसन्न, खुश। रू०भे०—तुट्ठ।

तुस्टणौ, तुस्टवौ—देखो 'तूठणौ, तूठवौ' (रू भे)

तुस्टता-स०स्त्री० [स० तुष्टता] १ सतोप, तृप्ति २ प्रसन्नता।

तुस्टमान-वि० [स० तुष्टमान] १ अनुकूल. २ प्रसन्न। उ०—तठै स्री गोरखनाथजी तुष्टमान हुयनै बोलिया—राजा! माग, तनै तूठौ चाहीजै सो मागलै।—रीसाळू री वात

तुस्टि-स०स्त्री० [स० तुष्टि] १ सतोप, तृप्ति २ अनुकूलता ३ प्रसन्नता।

रू०भे०—तुठि।

तुस्टियोडौ—देखो 'तूठियोडौ' (रू.भे)
(स्त्री० तुस्टियोडी)

तुस्णि-वि० [स० तूषीण] शान्त मौन। उ०—यती सुसील डील मे न तुस्णि सील योग मे।—ऊ का

तुस्ततुरग-स०पु०—घोडा।

तुस्साडौ-सर्व० (स्त्री० तुस्साडी) तेरा। उ०—तरै कागडै कह्यौ तुस्साडे जोवने चैन रख अस्साडा लेख है त्यू व्हैगा।

—जखडा मुखडा भाटी री वात

तुह-सर्व०—तुझ (जैन) उ०—तुह मुह चद विलो अरोण मह नाह सुहकर।—स कु

क्रि०वि० [स० तत खलु=प्रा० तश्रो खु=तश्रोहु=अप तउहु=राज तउह=तुह] तदपि, तो भी। उ०—तेह नू रूप ते तुह ज सरू जु थाइ पटराणि।—नळाख्यान

तुहइ-अव्य०—तदपि, तो भी (उ र)

तुहफौ—देखो 'तोफौ' (रू भे)

तुहमत—देखो 'तोहमत' (रू भे)

तुहा-सर्व०—आप, तू। उ०—सब तुझ मझ तुहा विय सव्व। उपज्जहि जेम सु अवुद अव्व।—ह र.

तुहाइळौ—देखो 'तुहाळौ' (रू.भे) उ०—तारण नाम तुहाइळौ, अइयो केवळ आप।—पी ग्र

तुहार, तुहारइ, तुहारौ-सर्व० (स्त्री० तुहारी) तेरा, तुम्हारा।

उ०—१ ढोला आमण दूमणउ, नख ती खूदइ भीति। हम थां कुण ल्यइ आगळी, वसी तुहारइ चीत।—ढो मा

उ०—२ ध्यान कर थारो धरम, अलख अपपर आप। महादेव सरीखा मरद, जपै तुहारौ जाप।—पी ग्र

तुहाळ, तुहाळोय, तुहाळौ-सर्व० (स्त्री० तुहाळी) तेरा, तुम्हारा।

उ०—१ अछै सव्र माझ तु आप अळूझ। गोविंद! तुहाळ लवौ हिव गूझ।—ह र

उ०—२ तुहीज समद तुहीज तरंग, अनीयन मांय तुहाळा अस।

—ह र

उ०—३ जग मे राम तुहाळै जोडै, हुवौ न कोई फेर हुवै।—र रू

उ०—४ एकण आस तुहाळी ऊपर, सीसोदा आवै सह कोय।

—महाराणा हमीर री गीत

रू०भे०—तुहाइळौ।

तुहिन-स०पु० [स०] १ पाला, हिमकण २ हिम, वरफ।

उ०—नर माधवनळ निरमि करि, काम कदळा नारि। कुडाल्या वि कमळ भूह, तुहिन किरण तिमिरारि।—मा.का प्र.

३ चादनी।

स०स्त्री०—४ शीतलता।

रू०भे०—तूहिन, तूहीन।

तुहिनगिरि-स०पु० [स०] हिमालय पर्वत।

तुहिनासु, तुहिनास्तु-स०पु० [स० तुहिनाशु] चद्रमा।

तुहैं-सर्व०—तुम्हें।

तुह्मारडौ—देखो 'तुम्हारौ' (अल्पा, रू भे) उ०—१ लेखण ताहरइ लेखवइ, चौद लोक नी चाल। चित्र विचित्र? तुह्मारडौ, हू छउ नाह नी वाल।—मा का प्र

उ०—२ हू लूकिउ रे लाडकी? दिहाडी दूरि पीयाण। माहरू भमइ तुह्मारडा, पजर पूठइ प्राण।—मा.का.प्र

(स्त्री० तुह्मारडी)

तुह्य-सर्व—तुम्हारा, तेरा। उ०—हळधर वधव गोकुळवाळ, खिमावत साधुन दुस्ट खंगाल। तवै जै नाम अहोनिस तुह्य, जरातक काळ न व्यापै जम्म।—ह र

तू-सर्व० [स० त्वम] तू, तुम। उ०—प्राणी तू डूवौ पुखत, मोह नदी रे माहि। देव नदी मे डूविधौ, नख पग हुदो नाहि।—बा.दा

मुहा०—१ तूतडाक—अशिष्ट शब्दो मे वाद-विवाद, बोलचाल २ तू तू मैं मैं—झगडा फिसाद करना अशिष्ट शब्दों मे वाद-विवाद करना।

रू०भे०—तु, तुअ, तुह, तु, तुम्र।

तूअर—देखो 'तवर' (रू.भे) उ०—भजि जात प्रजा मय वात भगेला, पाटण तूअर कप पुरौ। वडगूजर जाट अहीर तजै वळ दाट लगा पुर राट दुरै।—रा रू

तूअरइ, तूअरि-स०स्त्री०—तुवरि, तूवी (उ र)

तूकार, तूकारयउ—देखो 'तुकारौ' (रू.भे) उ०—जिण कीधउ हो सदा हाल हुकम्म, तउ वे तूकारयउ किम खमइ।—स कु.

तूकारणौ, तूकारवौ—देखो 'तुकारणौ, तुकारवौ' (रू.भे)

तूकारौ—देखो 'तुकारौ' (रू भे) उ०—ते तूकारो किम खमैं।

—वृहत् स्तोत्र

तूग-स०स्त्री०—१ आग की चिनगारी। उ०—धीर जवाहर अडिर

आगि झड़ै छै। जिकै तूग उडि उडि कापडा मे पडै छै।

—पना वीरमदे री वात

रू०भे०—तुगार, तुगारी।

२ देखो 'तुग' (रू भे) उ०—१ घणा नीदाळवा नींद वारो घणी तूग नह छै भली, होस घोडा तणी।—हा.झा.

उ०—२ पाच अथवा छ रौ मण धान रधायो। पछै दारू री तूगा मण ५०-६० री भराई, कसूभो मणावध कढायो।—रा सा.स

तूगणौ, तूगवौ—देखो 'तुगणौ, तुगवौ' (रू भे)

तूगिम-स०स्त्री० [स० तुग] १ महिमा, गौरव। उ०—भगवत सुतन हुवो त्रिहु भुवण घणा दीहा लगि नाम घणो। ब्रह्मा विसन महेस वदीतो तप तूगिम जस तूझ तणौ।—गोपाळ मीसण

२ ऊंचाई, उच्चता।

तूगियरौ-स०पु०—फौज का एक भाग, दल, टुकडी। उ०—घक साभळ चाक चढी घर यू, भुरिया गिर पाधर झगर यू। पनसा लुळ लेवण वित्त परा, असवार खडै अस तूगियरा।—पा प्र.

तूगियोडौ-भू०का०कृ०—छोटे छोटे टाको द्वारा ठीक किया हुआ।

(मि० तोबियोडौ)

(स्त्री० तूगियोडी)

तूगियौ—देखो 'तूग' (अल्पा, रू भे)

तूगी-स०स्त्री०—१ पृथ्वी, भूमि २ नाव, नौका (डि को)

तूगौ-स०पु०—सेना, फौज की टुकडी। उ०—१ भिडियौ मालौ अउव भत्त, रौदा सगत रही न। किल तेरे तूगा किया, अजडा तेरे तीन।

—वा दा.

तूछणौ, तूछवौ-क्रि०अ० [स० तुष्ट] तृषित होना, प्यासा होना।

उ०—कुती जळ विणू तूछीइ। तहि हिडंव जळु लेउ आवइ।

—प प.च

तूछियोडौ-भू०का०कृ०—तृषित, प्यासा।

(स्त्री० तूछियोडी)

तूज-स०पु०—एक प्रकार का वर्तन विशेष ? उ०—तठा उपराति करि नै राजान सिलामति इकबीसमी तार रा पुराणा पोसत। मडवाई रा नीपना, आगै वखाणिआ तिण भाति रा, तजारी तूज, घणी कासमीरी केसर, घणी ऊजळी मिसरी रै मेळि कपूर वासिअै पाणी री कल्हारी झारीजै छै।—रा मा स.

तूजी—देखो 'तुजीह'।

तूझ-सर्व०—१ तुझको, तुझे २ तुम्हारा।

तूड—देखो 'तुड' (रू भे) उ०—दुसमण सगळा रोळदे, खूब चला तू तूड। तो डाढाळा वाछडा, गुड सू भरस्यू रुड।

—डाढाळा सूर री वात

तूडी-स०स्त्री०—१ नाव, नौका। उ०—तव तणी पय धार लेवता, सगत वधारे पाण सिताव। तूडी उदध तणै डूवता, ग्राढे सुत तारियो ग्राव।—चौथ वीठू

२ पैदा।

तूडौ-स०पु०—तल, पैदा।

तूण-स०पु० [स० तूण] तर्कश। उ०—कटी तूण पाण सर चाप अमाप तेज कळासं।—र ज प्र.

तूणणौ, तूणवौ—देखो 'तुणणौ तुणवौ' (रू.भे.)

तूणी-स०स्त्री०—कमर, कटि।

रू०भे०—तूनी।

तूणौ-स०पु०—समय के पूर्व ही गिरा हुआ गर्भ (पशु)

तूतड, तूतडौ, तूतड्यौ-स०पु०—१ बाजरी की बाल या भुट्टा २ बाल के अन्दर का कच्चा दाना। उ०—त्रिया कहै पणि तुरत गरासे, सूखिम बीर चलावै। काचा तूतडा कानै डारै, सार सकळ चुणि खावै।—ह पु वा.

३ निकम्मी वस्तु ४ घास विशेष।

वि०—दुर्बल, पतला, क्षीण।

रू०भे०—तूतड, तूतडौ।

तूतळौ-स०पु०—१ बाजरी या ज्वार के भुट्टे का वह अग जिसमे दाना लगा रहता है। इसके हटाने पर दाना साफ होता है २ तुरई की वेल से मिलती-जुलती देवदाली नामक एक लता जिसके फल ककोडे की तरह काटेदार होते हैं।

तूद—देखो 'तुद' (रू भे.)

तूना-सर्व०—तेरा, तुम्हारा। उ०—जडो रूप तूना अणावत जेहो, कुहाडो अणा ऊपरं मात्र केहो।—ना द.

रू०भे०—तूना।

तूबडियाळौ-स०पु०—१ 'तूबडी' नामक वाद्य को बजाने वाला.

२ साधु, फकीर।

तूबडियौ—देखो 'तुबक' (अल्पा, रू भे) उ०—पाचरिया चुग ऊचा मेलै, तूबडिया गुड जावै। तूबडिया री सिर मे लागै, सूरदास गरळावै।

—रतनौ खाती

तूबडी—देखो 'तुबी' (अल्पा., रू भे)

तूबडौ—देखो 'तुबक' (अल्पा. रू भे)

उ०—मटका जेहो मूडडो. पड्यो पाछटे खाग। तोउ उछट तूबडो, दडो कि दोटे लाग।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

तूबर—देखो 'तोमर' (रू भे) उ०—राणी मिरघावती जिकण पूठै देरावर। राजा मिण राणिया तेण कुळ मोटो तूबर।—रा.रू

तूबिणि-स०स्त्री०—एक प्रकार की लता या इसका फल कद्दू।

उ०—तूबिणि तूरी आगडी, आहिमाण त्रिपुरारि। तूरफळ तरसाउळी, त्रिजटा नइ त्रिवितारि।—मा.को.प्र.

तूबी—देखो 'तुबी' (रू भे)

तूबु—देखो 'तुबुक' (रू भे) उ०—भवि पहिलेरइ वभणि हूती। कडुउ तूबु मुणिवर दिती।—प प च

तूबेल-स०पु०—१ चारणो की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति

२ दोहा छंद का भेद विशेष जिसमे तुकांत दूसरे और तीसरे चरण से मिलाया जाता है।

तूबो—१ देखो 'तुम्बक' (अल्पा, रू भे) २ देखो 'तमतूबो' (रू भे)
उ०—उख गिरी घर ऊपरै, यळ साडा मय आव। तूबा मीठम होय तो सूना होय सबाव।—बा दा

तूमण—देखो 'तुंबी' (अल्पा, रू भे) (शेखावाटी)

तूर-स०पु०—गौड वश के अन्तर्गत एक राजपूत वश।

तूराटी—देखो 'तवरावटी' (रू भे) उ०—दिल्ली तूराटी बीच रोकवा न पाया। तूराटी तार तीर ज्या सतेज आया।—सि व

तूवर—देखो 'तवर' (रू भे.) उ०—घरि उच्छव पाटण घणी, तूवर वगसीराम।—रा रू

तूहह-सर्व०—तेरा।

तू—देखो 'तू' (रू भे) उ०—जग नायक चा नाह, विच जट जूट वसावियो। पावन गग प्रवाह, पाणी तू फद परसही।—बा दा
रा०पु०—१ तू तू कर कुत्ते को पुकारने की ध्वनि।
मुहा०—तू तू करतो फिरणो—आवारा फिरना, भटकना।
वि०—२ युद्ध ३ अंगुली ४ हाथ ५ कटाक्ष (एका)
वि०—१ अशुद्ध. २ तुच्छ।

तूईजणो, तूईजबो-क्रि० भाव वा०—(पशु का) गर्भस्राव होना, गर्भपात होना।
कहा०—सो लरडिया मासू एक तूईज जावै तो काई डर—सौ भेड मे से यदि एक का गर्भस्राव हो भी जाय तो कोई हानि नही। अधिक व्यक्तियो के कार्य मे यदि एक का सहयोग प्राप्त न भी हो तो उसमे कोई हानि नहीं होती।
तुईजणो, तुईजबो, तूणो, तूवो, तू'णो, तू'बो—रू०भे०।

तूईजियोडो-भू०का०कृ०—(वह मादा पशु) जिसका गर्भपात हो गया हो।
रू०भे०—तूईजियोडी।

तूकार—देखो 'तुकारो' (रू भे)

तूकारणो, तूकारबो-क्रि०स० [स० त्वकार] तू तू कह कर सम्बोधन करना, अशिष्ट सम्बोधन करना। उ०—तू, तूकारेह सु कवि विरदावै सदा। दत तू हैवर दह, नू जेहल जोकारा दिए।—बा दा
तुकारणो, तुकारबो, तुकारणो, तुकारबो, तूकारणो, तूकारबो—रू०भे०

तूग-स०पु० [स० तुष] तिनके का वह छोटा तिनका जिससे दोना बनाने के काम मे लिया जाता है।

तूत्री, तू'डी—देखो 'तमतूबो' (रू भे.)

तूछ—देखो 'तुच्छ' (रू भे) उ०—अत उछाह रिम राहि उर आणियो, गुडतै वहळ दळ तूछ जाणियो।—गिरधाम री गीत

तूछरेळ-वि०—तुच्छ। उ०—तंहो लक सागा सो जोजना गिणै तूछरेळ।—र ज प्र

तूज—देखो 'तुझ' (रू भे) उ०—अति विरद बहादर तव अबूज। तरवार बहादुर विरद तूज।—वि स

तूजो—देखो 'तुजीह' (रू भे) (अ मा) उ०—गुपत छुरा पासिया कटारा, चुगा चकर तूजीया कूत भूधाण हवाई।—वखतो खिडियो

तूझ, तूझ्झ—देखो 'तुझ' (रू भे) उ०—१ गळ मुंडमाळ मसाण ग्रह, सग पिसाच समाज। पावन तूझ प्रभाव सू, सभु अपावन साज।
—बा दा
उ०—२ धूप दान क्रीत राम माह वाह मोटा धणी। तीनू बाता तूझ तणी मोख री दातार।—रा रू

तूटणी-स०स्त्री०—नसो मे होने वाला दर्द।

तूटणो, तूटबो—देखो 'टूटणो, टूटबो' (रू भे) उ०—१ कमालदी गढ आय घेरियो, घणा दिन हुवा पण गढ तूटो नही।—नैणसी
उ०—२ पछै पडिहार तूट गया, सारी खरड केलणा रै हेठै आई।
—नैणसी
उ०—३ तूटै नीर तळाव रो, खूटै आका खीर। भाणू वन पावै भुटो, नगियो पालर नीर।—बा दा. ख्यात
उ०—४ छत्रपति तुग गमा गम छूटा, तिकरि गयण सु नाखत्र तूटा।
—रा रू.

तूटियोडो, तूटोडो, तूटो—देखो 'टूटियोडो' (रू भे)
(स्त्री० तूटियोडी, तूटोडी, तूटी)

तूठ—देखो 'तुस्ट' (रू भे) उ०—रिभा सग झाट हुएं जमरूठ। तठै 'वखतेस' दलावत तूठ।—सू प्र

तूठणो, तूठबो-क्रि०अ० [स० तुष्ट, प्रा० तुट्ठ] १ प्रसन्न होना, खुश होना।
उ०—१ राव नासण नू नाडूल देवी आसापुरी तूठी नाडूळ रो राज दियो।—नैणसी
२ अनुकूल होना ३ तुष्टमान होना। उ०—जेहनै तूठारे मोज लहीजीयै रे (वि कु)
तूठणहार, हारो (हारी), तूठणियो—वि०।
तूठवाडणो, तूठवाडबो, तूठवाणो, तूठवावो, तूठवावणो, तूठवावबो, तूठाडणो, तूठाडबो, तूठाणो, तूठावो तूठावणो, तूठावबो—प्रे०रू०।
तूठिओडो, तूठियोडो, तूठयोडो—भू०का०कृ०।
तूठीजणो, तूठीजबो—भाव वा०।
तुस्टणो, तुस्टबो—रू०भे०।

तूठियोडो, तूठो-भू०का०कृ०—१ प्रसन्न हुवा हुआ २ अनुकूल हुवा हुआ
(स्त्री० तूठियोडी, तूठी)

तूण-स०पु० [स० तूण] तीर रखने का चोगा, तर्कश। उ०—कडिया खग खजर तूण कसै, तद पाण कबाण लई तरसै।—रा.रू.
रू०भे०—तून।

तूणियउ-वि० [स० तूणित] बुना हुआ (उ र)

तूणी-स०स्त्री० [स०] १ तरकश, तूणीर २ मूत्राशय से सम्बन्धित एक वात रोग जिसमे गुदा और पेडू तक दर्द होता है।

तूणीर-स०पु० [स०] तरकश, निषग।
रू०भे०—तूनीर।

तूणो-वि०—तिगुना। उ०—लूटैं खावैं धन धन मे धर लेवैं। दोढा दूणा रा तूणा कर लेवैं।—ऊ.का

तूणो, तूबो—देखो 'तुईजणो, तुईजवो' (रू भे.)

तूत-स०पु०—१ स्तम्भ, खम्भा। [स० तूद] २ शहतूत।

तूतक-वि०—१ मूर्ख, अज्ञानी. २ लम्बा।

तूतड, तूतडो—देखो 'तूतड' (रू भे) उ०—पराकिरत पढ रामदास, सैसकरत ले जोय। सबही कूकस तुतडा, राम नाम कण होय।
—रामदास की वाणी

तूताड़ियौ-स०पु०—भेड व बकरी के छोटे बच्चो को रखने का स्थान विशेष।

तूताडी-सं०स्त्री०—बालको का मुंह से फूक देकर बजाया जाने वाला बाजा या वाद्य विशेष जो किसी वृक्ष के चौडे पत्ते या सरकडे की नली आदि से बनाया जाता है।

तूतियौ-स०पु०—नीला थोथा, मोर थोथा।

तूती-स०स्त्री०—१ मुँह से बजाया जाने वाला एक वाद्य जो प्राय नौबत के साथ बजाया जाता है, शहनाई।

मुहा०—तूती बोलणी, तूती बाजणी—किसी की तूती बोलना, प्रभाव के कारण अधिक चलना, प्रभाव का जमना।

२ एक मटमैले रग की चिडिया जो बहुत अच्छी बोलती है।

उ०—दरखता ऊपर मोर कुहक रह्या छै, सुवा केळ करै छै, तूती बोल रही छै, लाल हाक मार रह्यो छै।—रा सा स.

३ हाहाकार, चीत्कार।

उ०—धरमी नर ऊपर कोमळ कर धारै। पापी पुरखा नै सदव्रत सहारै। तद अनुग्रह विन हा ग्रिहग्रिह तूती। जिण तिण विग्रह मे निग्रह री जूती।—ऊ का

तूदाग्र-म०पु० [स०] उदर का आगे बढा हुआ भाग, तोद (ह.ना.)

तून—देखो 'तूण' (रू भे)

तूना, तूना-सर्व०—देखो 'तूना' (रू भे) उ०—जम रा जम तूना जयौ, बडा धिणी तूं वाह वाह।—पी ग्र

तूनारा-स०स्त्री०—एक जाति विशेष जो फटे हुए कपडे मे तागे भर कर ठीक करती है (व स)

तूनारो-स०पु०—तूनारा जाति का व्यक्ति।

तूनी-स०स्त्री०—१ एक रोग विशेष २ देखो 'तूणी' (रू भे)

तूनीर—देखो 'तूणीर' (रू भे) (अ मा) उ०—निज कटि सुघट तट तूनीर, सर धनु सकर धार सुधीर। भजण कोड सता भार रे, मन गाव स्री रघुवीर।—र ज प्र

तूप-स०पु० [स० स्तुप समुच्छ्राये] घृत, घी (ह ना) उ०—मिडर भूप नागोर समर झोकै दळ सव्वळ। क्रोध रूप कळकळै तूप सीचै किर मगळ।—सू प्र

तूफान-स०पु० [अ० तूफान] १ वायु के वेग का उपद्रव, वात-चक्र २ डुबाने वाली बाढ। उ०—मयदी वर्ण कान्ह रै थाप मारी, तरी साह तूफान रै माह तारी।—मे.म.

क्रि०प्र०—आणो, ऊठणो।

३ प्रलय ४ आपत्ति, सकट ५ उपद्रव, झगडा, फिसाद।

मुहा०—तूफान मचाणो—तूफान मचाना, उपद्रव करना, शोरगुल मचाना।

रू०भे०—तोफान।

तूफानी-वि० [फा०] तूफान खडा करने वाला, उपद्रवी, उग्र, प्रचड।

तूबणो, तूबवो—देखो 'तीवणो, तीववो' (रू भे)

तूबियोडो—देखो 'तीवियोडो' (रू भे.)
(स्त्री० तूबियोडी)

तूमडी—देखो 'तुबी' (अल्पा, रू.भे)

तूमडो—देखो 'तुबुक' (अल्पा, रू भे.)

तूमा-सर्व०—तुम।

तूमार—देखो 'तुमार' (रू भे)

तूमो—देखो 'तुबुक' (अल्पा, रू भे)

तूयोडो—देखो 'तूईजियोडो' (रू भे)

तूरग, तूरगम—देखो 'तुरग' (रू भे)

तूर-स०पु० [स० तूर्य] १ एक प्रकार का बाजा जो मुह से बजाया जाता है। उ०—विराण सब्द सुणिया विहद्द। नीसाण तूर अनहद्द नद्द।
—धि सं.

[स० तुवरी] २ अरहर नामक द्विदल अनाज।

स०स्त्री०—देखो 'तुर' (रू.भे.)

तूरण-क्रि०वि० [स० तूर्णम्] शीघ्र (ह ना)

तूरही—देखो 'तुररी' (रू भे)

तूरान—देखो 'तुरान' (रू भे) उ०—तिणरी धाक ईरान, तूरान, रूम, स्याम फिरग, रूस, चीन्ह, महाचीन देस देसा रा पातसाह इण रा हुकम रा आधीन सारा डरै।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

तूरानी—देखो 'तुरानी' (रू भे) उ०—धर हिंदू दूजा रजधानी। तुरक 'इरान' अनै 'तूरानी'।—सू.प्र

तूराटी—देखो 'तवरावटी' (रू भे)

तूरी-स०पु०—१ भाट जाति की एक शाखा जिसके लोग मोचा व चमारो की विरुदावली गा कर उनसे अपनी जीविका प्राप्त करते है
(मा म)

[स० तुरग] २ घोडा (ह ना) ३ देखो 'तुअर'।

४ देखो 'तोरू' (रू.भे) उ०—तूविणि तूरी आगडी, आहिमाण त्रिपुरारि। तूरफळी तरसाउळी, त्रिजटा नइ त्रिग्रितारि।
—मा.का प्र.

तूरीउ-वि०—चतुर्थ, चौथा। उ०—सिखा फरहरती, उत्तरासगी धोती, हाथि प्रवीत्रीसऊ, तूरीउ जनोई, सिर भद्रिउ तिलक वधारिउ।
—व.स.

तूरय—देखो 'तूर' (रू भे) उ०—प्रभात समउ हुउ, अधकार, फीटइ,

गाय तणा गाळा खूटा, तारागण विरळ हुइ, चद्रमा विच्छाय थिउ, कूकडा तणी उलि लवइ, देव तणा बार उघडिया, प्रभातिक तूरच वाजिया।—व स.

तूळ, तूल–स०पु० [स० तूल] १ कदम का वृक्ष (अ मा.) २ शहतूत का वृक्ष. ३ रूई। उ०—१ जाडा पापा दाहे जेही, तिलकण दहण अगण मण तूल।—र.ज प्र

उ०—२ कासी की हासी करी, लाखी दे ललकार। पिजण पार्ख तूल जिम, उडतै फिरे अगार।—ऊ,का

तूळक–स०स्त्री० [स० तूल] रूई।

तूलता–स०स्त्री० [स० तुल्यता] तुल्यता, समानता।

तूळिका, तूळी, तूली–स०स्त्री० [स० तूलि] १ चितेरे की कूची २ सीक ३ तार आदि का छोटा व सीधा टुकडा ४ आग जलाने की तिली।

तूस–स०पु०—१ एक प्रकार की लता तथा उसका फल जो कच्ची अवस्था मे तो सफेद धारीयुक्त हरा रग और पकने पर पीले रग का होता है। इद्रायण का फल। उ०—खळ न तजै मन खार, जरा हुई बूढो जोइ। पीळो हुवो पाकि, तूस खारो फळ तोइ।—ध.व.ग्र

२ भय, डर। उ०—उत्तम मूसे अेक झड़, मध्यम दूहा मूस। अधम गीत मूसे अड़र, त्रिविध कुकवि विण तूस।—बा दा.

रू०भे०—तूह।

३ खुरासान का एक शहर ४ खुरासान का एक प्रदेश जहाँ पर तूस शहर है।

तूसडौ—देखो 'तमतूबो' (अल्पा, रू भे,)

तूसण—देखो 'तूस' (रू भे)

तूसणौ, तूसबौ–क्रि०अ० [स० तूष=तप] खुश होना, प्रसन्न होना, सतुष्ट होना (उ र) उ०—कबहू रूसै कबहू तूसै, नेह मिरदग बजावती। कबहू तामी कबहू सीली, जीवा जेर गिरावती।—ह.पु.वा

तूसी–वि०—१ तूस देश का उ०—वलखी हिनबी बावरी, रूसी तूसी रोद। अै ले अकबर आवियो, सझ ऊभा सीसोद।—बा दा

२ देखो 'तूस' (३, ४)

तूह—देखो 'तूस' (रू भे)

तूहिन, तूहीन–स०पु० [स० तुहिन] १ शीत, जाडा। उ०— तूहिन कठीरव तन कुजर तावै। डग डगि चढ़ियोडा मरिया डुमकावै।—ऊ का

२ देखो 'तुहिन' (रू भे)

तें—देखो 'ते' (रू.भे.) उ०—थूळ उथापिया साद तें थापिया। किलग रा सेन तरुआरि सा कापिया।—पी ग्र

तेंण–सर्व०—उस।

क्रि०वि०—उसमे। उ०—चाल सखी तिण मदिरइ, सज्जण रहियउ जेंण। कोइक मीठउ बोलडइ, लागो होसइ तेंण।—ढो मा.

तेंतीस—देखो 'तेतीस' (रू भे)

तेंतीसौ—देखो 'तेतीसो' (रू भे)

तेंदुओ–स०पु०—बिल्ली या चीते की जाति का एक बडा हिंसक पशु।

तेंदिय, तेंद्रिय—देखो 'त्रीद्रिय' (रू भे, जैन)

तेंहवार—देखो 'तिवार' (रू भे) उ०—वडला आयो आयो राखडियो तेंहवार, कुण नै बाधै ओ थारै राखडी।—लो.गी.

ते–स०पु०—१ यमुना का जल २ नासिका, नाक. ३ देवता. ४ राक्षस ५ पुत्र. ६ ज्ञान (एका)

[फा० तह] ७ वर्षा के कारण जमीन के अन्दर तक होने वाली नमी या आर्द्रता।

क्रि०प्र०—जमणौ, जाणौ, पैठणौ, बैठणौ, लागणौ, होणौ।

मुहा०—ते देणौ—१ अपनी थाह को प्रकट करना. २ ते होणौ—थाह होना, गाम्भीर्य होना।

[स० तेज, प्रा० तेय] ८ देवी-देवताओ को दूध चढाने का मुकर्रर दिन।

रू०भे०—तेह, त्रेह।

सर्व० [स० एप, प्रा० एहो] १ तू, तुम, आप। उ०—१ वहता रहै विमाण, ले तट मू बैकुठ लग। ते इम करडी ताण; अवक लोक उजाडियो।—बा दा

उ०—२ तिण करमे करि साध री, ते खाल हो उतारी राय।

—जयवाणी

२ इस। उ०—ते माटइ करिनइ मया रे, आणी मन उपगार। आवी नइ मुझ थी मिळउ, दरसण द्यो इक वार।—वि कु

३ वह। उ०—ऊनमियउ उत्तर दिसइ, मंडी ऊपर मेह। ते विरहिण किम जीवसे, ज्यारा दूर सनेह।—ढो मा

४ व। उ०—१ विरळा इसडा ब्रह्मचारी रे, ते तो नैणे न निरखै नारी रे।—जयवाणी

उ०—२ हित सू कमठा कत हरी, सेवै पुळक सरीर। वदन छिपावण देह विच, ते मागै तदवीर।—बा दा

उ०—३ चिंता बध्यउ सयळ जग, चिंता किणहि न बध्ध। जे नर चिंता वस करइ, ते माणस नहिं सिध्ध।—ढो मा

उ०—४ सुरदेव व्यास जैदेव सारिखा सुकवि अनेक ते एक सथ श्री वरणण पहिलो कीजै तिणि, गूथियै जेणि सिंगार ग्रथ।—वेलि.

५ उन। उ०—सउदागर-सदेसडा साभळिया स्रवणेहि। मारुवणी ते मन दहइ, मूक्यउ जळ नयणेहि।—ढो मा

६ अपने। उ०—बोलति मुहुरमुह विरह गर्भ वे, तिसी सुकळ निसि सरद तणी। हमणी ते न पासै देखै, हस हस न देखै हसणी।

—वेलि

क्रि०वि०—इसलिये। उ०—वे हरि हर भजै अताल बोळै, ते अब भागीरथी म तू। एक देस वाहणी न आणा, सुरसरि सम सरि वेलि सू।—वेलि

प्रत्य०—तृतीया या पचमी विभक्ति का चिन्ह से। उ०—१ सब ही रमता राम हे, ता ते राम कहाया हो। गुप्त होता प्रगट किया, सतगुरु दरसाया हो।—श्री हरिरामजी महाराज

उ०—२ माया मायँ ग्रभास चेतन का, ता ते तिरगुण जाना। सत-गुण ग्रधिक सोई है ग्याना, रज तम दोई ग्रग्याना।
—श्री सुखरामजी महाराज

रू०भे०—तेह ग्रेह।

तेग्र-देखो 'तेज' (रू भे) (जैन)

तेइंदिय, तेइद्रिय—देखो 'ग्रीद्रिय' (रू भे) (जैन)

तेइयौ—देखो 'तीयो' (रू भे) उ०—खापरे री वह ग्ररज कीवी छै-धणिया री वेळा छै क्यूं खबर लेसो तो तेइयँ किरिगा री सरवरा हुसी।—राजा भोज ग्रर खापरै चोर री वात

तेइस—देखो 'तेईस' (रू भे)

तेइसमौं, तेइसवौं—देखो 'तेईसमौं' (रू.भे)
(स्त्री० तेइसमी, तेइसवी)

तेईस-वि० [स० त्रयोविंशति, प्रा० तेवीसा] बीस ग्रौर तीन का योग, तेवीस।

स०पु०—२३ की सख्या।

रू०भे०—तेइस, तेवीस, ग्रेवीस।

तेईसमौं, तेईसवौं-वि०—२३ वा, तेवीसवां।
(स्त्री० तेईसमी तेईसवी)

रू०भे०—तेइसमौं, तेइसवौं, तेवीसमउ, तेवीसमौं।

तेईसेक-वि०—तेवीस के लगभग।

तेईसो-स०पु०—तेवीसवां वर्ष। उ०—प्रथम तेईसे, पछै ग्रठाईसे तीजक फेर छतीसे, चौथा फेर तयाळीसे जुमले चार वार नाथजी दुवारे वडा महाराज पधारिया।—बा दा ख्यात

रू०भे०—तेवीसो, ग्रेवीसो

तेग्रोतर—देखो 'तिहोतर' (रू भे)

तेग्रोतरमौं, तेग्रोतरवौं-वि०—तिहत्तरवा।
(स्त्री० तेग्रोतरमी, तेग्रोतरवी)

तेउ-सर्व०—१ उस। उ०—१ नरवपात ऊवेलइ जेउ, मोटा सकट छोडिउ तेउ।—का दे प्र

उ०—२ मत्रीसर नदन मनमोहन, नामिइ लच्छिनिवास। तेउ तीहइ भणइ मनखति, लहूउ लीलविलास।—विद्याविलासपवाडउ

२ देखो 'तेज' (रू भे) (जैन)

रू०भे०—तेऊ।

तेउकाय, तेउक्काय—देखो 'तेजकाय' (रू भे) (जैन)

रू०भे०—तेऊकाय।

तेऊ—देखो 'तेउ' (रू भे) (जैन)

तेऊकाय—देखो 'तेजकाय' (रू भे)

तेग्रोतरो-स०पु०—७३ की सख्या का वर्ष।

तेग्रो-लेसा—देखो 'तेजो-लेश्या (रू भे) (जैन)

तेख-स०पु०—१ मान, इज्जत, प्रतिष्ठा [स० तीक्ष्ण] २ क्रोध, गुस्सा
उ०—सरणो ग्रजरो सपज्या, ताकै कुण कर तेख। तारख जिम तण तिलमळै, ग्रह ग्रज गळ ग्रवरेख।—रेवतसिंह भाटी

३ घमड, ग्रभिमान (ग्र मा)

उ०—१ गुरु लघु विप्लुत करी, व्यजन वरण विसेख। धूया माठा पड-मठा, ताल तणा तिहा तेख।—मा का प्र.

उ०—२ कस्तूरी। चूरी करिउ, ऊगटि ग्रग विसेख। ग्रबर। ग्रति घण वीनवउ, तूय म छडिसि तेख।—मा का प्र.

स०स्त्री०—४ बढ़ई के ग्रौजार 'रन्दे' के ग्रन्दर की तेज धार वाली लोहे की पत्ती।

रू०भे०—ग्रेख।

तेखट, तेखटियो-स०पु०—ग्राभूषणो की खुदाई करने का एक उपकरण।

ग्रल्पा०—तेखटियो।

तेखडियो-भू०का०कृ०—१ क्रुद्ध हुवा हुग्रा. २ बिगडा हुग्रा ३ नाराज हुवा हुग्रा।
(स्त्री० तेखियोडी)

तेखणौं, तेखवौं-क्रि०ग्र०—१ क्रुद्ध होना. २ नाराज होना ३ बिगडना।

तेखळ, तेखळौ-स०पु० [स० त्रिशृखल] १ घोडे या गधे के दो पैर ग्रगले ग्रौर एक पैर पिछला शामिल बाधने की क्रिया. २ ऊंट के पिछले ग्रौर एक ग्रागे के पैर को बांधने का बधन या इस प्रकार बधे हुए पैर. ३ एक दिन छोड कर फिर दो दिन किया जाने वाला दधि-मथन।

तेखानो-स०पु० [फा० तहखाना] भूमि के ग्रन्दर बना कोठा, तहखाना।

तेखा-स०पु०—ढोली जाति की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति जो पवारो से निकले कहे जाते हैं।

तेखियौ-वि०—पापी, दुरात्मा।

तेखी, तेखीलौ-वि०—क्रोधयुक्त। उ०—१ दिस लक ग्रगद ग्राद द्वादस तहकिया तेखी। इक ग्ररण सो विच त्रिसा ग्रातुर दरि दृग देखी।
—र रू.

उ०—२ थे ग्रणखोला म्हे तेखीला, थासू म्हारै नही काज। मारूडा जी म्हारा ग्राया माभल रात।—लो गी

तेग-स०स्त्री० [ग्र०] तलवार, कृपाण। उ०—जाहरा तेग तू सब जिहान। खोटड ग्रमीर सिर विलद खान।—वि स.

ग्रल्पा०—तेगो।

मह०—तेगाळ।

तेगझाट-स०पु०—युद्ध (ग्रसि युद्ध) (ग्र.मा)

तेगधर-वि०—खडगधारी, योद्धा। उ०—चमू मेल गज चढै 'विजसाह' ढुळ ते चवर, तेगधर जोधहर जवर ताळै।
—महाराजा विजयसिंह रो गीत

तेगबध-वि०—खडग रखने वाला, तलवारधारी, योद्धा।

तेगाळ—देखो 'तेग' (मह., रू भे) उ०—गाळै माण कायरा सोकिया तीर बाण गोळा, गजाकध ढाळै पाण तोकिया तेगाळ। भाण रथा रोकिया गैणाग खेल रीधा भाळै, 'गीध' वाळै सत्रा धाण झोकिया वेगाळ।—जालमसिंह चापावत रो गीत

तेगिच्छ-स०पु०—रोग का प्रतिकार, चिकित्सा (जैन)

तेगून-स०स्त्री०—तलवार। उ०—घडी चार ला सावठी सोर दगी। तप्यो लोक तेगून की रीठ वगी।—ला रा

तेगो—१ देखो 'तेग' (अल्पा, रू भे) उ०—मरणं सू जे डरं, लोटिया तोपा को भं खाय। तेगो तेरो करे म्यान मे, पूठो घर नै जाय।
—डूगजी जवारजी री पड

२ तलवार का धारदार पूरा भाग, तलवार की पाती।

उ०—खीया थू खुरसाण, घण तेगो तरवार रो। मुखमल हूदै म्यान, खवै विलूवू खीवजी —र रा

तेघड–स०स्त्री०—स्त्री के पैर का आभूषण विशेष। उ०—दूजी बार नृत्य करती कुलाच मारी सु पग री तेघड थी तेरी कोल उछळ पडी।
—पचदडी री वारता

तेड–स०स्त्री०—१ वह खाली स्थान जो किसी वस्तु के फटने पर सीधी लकीर सी हो जाती है, दरार।

क्रि०प्र०—आणी, आवणी, पडणी, पटकणी।

२ किसी भोज आदि के अवसर पर आमन्त्रित, समीपवर्ती गावो के जाति बन्धुओं का समूह ३ बडे भोज का आयोजन जिसमे दूर-दूर से अतिथि निमन्त्रित किये जाते हैं ४ योनि, भग। उ०—तार री नही सुख तेड मे, पावे दुख अपार रो। सार री बाण खटकै सदा, नेह पराई नार रो।—ऊ का

तेडणो, तेडवो, तेडवणो, तेडववो–क्रि०स०—१ बुलाना।

उ०—१ बादसाह चाही कोल आपरो पाळजे, सो खजानची नू तेड नै कह्यो–नकद खजाने रो लेखो करो।—नी प्र

उ०—२ चाढ़ि छाक मद भख ले चवियो, तवि कथ मुझ केम तेडवियो।—सू प्र

[स० तट उच्छ्राये] २ बच्चे को उठा कर गोद मे लेना।

तेडणहार, हारो (हारी), तेडणियो—वि०।

तेडवाडणो, तेडवाडवो, तेडवाणो, तेडवाबो, तेडवावणो, तेडवाववो, तेडाडणो, तेडाडवो, तेडाणो, तेड़ावो, तेडावणो, तेडाववो—प्रे०रू०।

तेडिग्रोडो, तेडियोडो, तेडयोडो—भू०का०कृ०।

तेडीजणो, तेडीजवो –कर्म वा०।

तेढवणो, तेउववो, तेडणो, तेडवो—रू०भे०।

तेडवियोडो—देखो 'तेडियोडो' (रू भे)।

(स्त्री० तेडवियोडी)

तेडाडणो, तेडाडवो—देखो 'तेडाणो, तेडावो' (रू भे)

तेडाडियोडो—देखो 'तेडायोडो' (रू भे)

(स्त्री० तेडाडियोडी)

तेडाणो, तेड़ावो–क्रि०स० ('तेडणो' क्रिया का प्रे०रू०) १ बुलवाना।

उ०—ओ किसो उपद्रव। ताहरा पडित तेडाया, कहियो ओ किसो उपद्रव।—देवजी बगडावता री वात

२ गोद मे उठवाना

तेडाडणो, तेडाड़वो, तेडायणो, तेडाववो, तेउाणो, तेडाबो—रू०भे०

तेडायोडो–भू०का०कृ०—१ बुलवाया हुआ. २ गोद मे उठवाया हुआ

(स्त्री० तेडायोडी)

तेडावणो, तेडाववो–देखो 'तेडाणो, तेडावो' (रू भे)

उ०—बोलइ बीसळदे परधान, राय कुवर आयो बहुमान। राज कुवर तेडावियो, पाट पटोला कुलह कवाई।—वी दे

तेडावियोडो—देखो 'तेडायोडो' (रू भ)

(स्त्री० तेडावियोडी)

तेडियोडो–भू०का०कृ०—१ बुलाया हुआ, आमन्त्रित. २ गोदी मे लिया हुआ।

(स्त्री० तेडियोडी)

तेडियो–स०पु०—स्त्रियो का गले मे पहिनने का एक स्वर्ण आभूषण।

(मि० तिमणियो)

तेडी–स०पु०—एक जाति विशेष का घोडा (शा हो)

तेडो–स०पु०—१ बुलाने की क्रिया या भाव, बुलावा।

उ०—१ कदोई कह्यो हू तो राह्यू उडीकतो रह्यो पण तेडो कोई आयो नही, नै साह नै फिकर हुवो।
—राजा भोज नै खापरा चोर री वात

उ०—२ हर मत छाडे रे हिया, लिया चाहे जो लाह। दिल साचै तेडो दिया, नेडो लिछमी नाह।—र ज प्र.

क्रि०प्र०—आणो, मेलणो।

२ बाजरी के साथ खरीफ की फसल के अन्य अनाजो का सम्मिश्रण.

३ घाटा, कमी, अन्तर।

तेजगी–वि० [स० तेजोऽअगी] तेजस्वी, जोशीला, पराक्रमी।

तेज–स०पु० [स तेजस्] १ दीप्ति, काति, चमक। उ०—गिणका रो जे नर ग्रहै, कवरी डड करेण। खाग ग्रहै किमि दळण खळ, तेज विहीणा तेण।—बा दा

२ पराक्रम, शौर्यबल, ओजस्विता। उ०—सुणिया 'पातल' समर रा, नीधसता नीसाण। तेज न मावै तन्न में, तन्न न मावै त्राण।
—किसोरदान बारहठ

मुहा०—तेज दिखाणो—तेज प्रकट करना, शौर्यबल दिखाना, बहादुरी का कार्य करना।

३ वीर्य, ओज।

यौ०—तेजधारी, तेजवान।

४ पचभूत तत्वो मे से तीसरा, अग्नि (अ.मा)

उ०—१ प्रथी अप तेज वायू अकास। नही कुछ जेथ स तेथ निवास।
—ह र.

उ०—२ धरणी नीर तेज वायू नभ, सबै सता प्रकासी। निराकार आकार मे पूरण, नहि आवै नहि जासी।—स्री सुखरामजी महाराज

५ प्रकाश, ज्योति। उ०—आखै कवि ईसर तेज अबार। प्रभूजी टाळो जम्म प्रहार।—ह र

यौ०—तेजपुञ्ज।

६ वस्तु या पदार्थ का सार, तत्व।

क्रि०प्र०—निकाळणो।

७ गर्मी, ताप ८ सूर्य (अ मा.) ९ किरण (अ मा)
१० स्वर्ण, सोना। उ०—तेज सोळमी जूभियौ हिंदू तुरक। 'अमर' अकबर तणं तखत आगं।—अमरसिंह राठोड री वात
११ तारा (अ मा) १२ सत्वगुण से उत्पन्न लिंग शरीर.
१३ प्रताप, रौब १४ तेजी, प्रचडता, प्रबलता. १५ घोडा (डि ना मा)
(स्त्री० तेजण)
१६ पित्त १७ मक्खन १८ घोडे का वेग या चलने की तेजी
१९ दीपक (ह ना)
वि०—१ तीक्ष्ण धार का २ तीक्ष्ण, तीखा. ३ चलने मे शीघ्रगामी, वेगवान, फुर्तीला ४ चचल, चपल ५ महगा ६ उग्र, प्रचड. ७ कातियुक्त, चमकीला. ८ सुन्दर (अ मा) ९ शीघ्र प्रभाव डालने वाला, अधिक असर डालने वाला. १० कुशाग्र बुद्धि वाला, बुद्धिमान ११ अधिक।
रू०भे०—तेअ, तेउ, तेऊ, तेजइ, तेजि।
[स० तेज+फा० अवार] १२ सूर्य (ह ना)

तेजआनूप-स०पु०यौ०—नृप, राजा (डि को)

तेजइ—देखो 'तेज' (रू भे) उ०—तेजइ पटळि सूरय निवारइ। स्वेत छत्र कि इद्र ज डारइ।—विराटपर्व

तेजकाय-स०स्त्री० [स० तेजस्काय] तेजस्काय, अग्नि।
रू०भे०—तेउकाय, तेउवकाय, तेउक्काय।

तेजकिरण-स०पु०यौ० [स तेजस् किरण] सूर्य।

तेजगळ-वि०—तेजगति से चलने वाला। उ०—सेवक सिउ राइ कहिउ, सीख कही ते सार। पान पटवर पाठव्या, तेजगळ तोखार। —मा का प्र.

तेजग्रह-स०पु०यौ०[स० तेज+गृह] १ दीपक. प्रकाश, ज्योति (ना.मा)

तेजचड-स०पु०यौ० [स०] सूर्य।

तेजण-स०स्त्री०—घोडी।

तेजधार, तेजधारी-वि० [स० तेजधारिन्] ओजयुक्त, तेजस्वी।
स०पु०—सूर्य।

तेजपत्तौ, तेजपात-स०पु० [स० तेजपत्र] दालचीनी की जाति का एक पेड व उसका पत्ता। इसकी पत्तिया व छाल अनेक ओषधियो मे काम आती हैं। तेजपत्र।

तेजपुज-स०पु०यौ० [स० तेज+पुञ्ज] सूर्य (डि को)
वि०—अप्रतिहत, तेजस्वी। उ०—आगळी उन्नत पाछलि विनत त्रिक्ष भाजई चमकतउ चालइ वाहीयउ देखी न सहइ न सहइ ताज्यउ न सहइ वाज्यउ न सहइ रूप न सहइ प्रति रूप जिमउ तेजपुज प्रत्यक्ष जिसउ जमराउ।—व स

तेजबळ-स०पु०यौ० १ पराक्रम, तेज २ प्रताप।
[स० तेजोवती] ३ एक काटेदार जगली वृक्ष जिसकी छाल चरपरी होती है। उ०—तठा उपरात इलूरा री कूडी तेजबळ रो घोटो घोय तैयार कीजै छै।—रा सा स.
४ तुरई की लता और उसका फल (अमृत)

तेजमालोत-स०पु०—भाटी वश की एक शाखा और उसका व्यक्ति।

तेजरौ-स०पु० [स० त्रिज्वर] १ हर तीसरे दिन आने वाला ज्वर।
उ०—ज्यू वैद कहै लौ तेजरा री गोळी २। तौ तेजरौ गमाव री अरथो तिण नै तेजरा री गोळी विसेस प्यारी लागै।—मि द्र.
कहा०—तेजरा री कैवै जणा ताव री हाकारी भरै—त्रिज्वर का कहे जब कही साधारण ज्वर के लिए हा भरता है। कार्य के कष्ट से बचने वाले व्यक्ति से साधारण कार्य कराने के लिए पहिले बहुत बडा कार्य बताया जाता है ताकि मना करते-करते साधारण के लिए तो तैयार हो ही।
रू०भे०—तिजारी, तेजारौ।
२ कोप की अवस्था मे ललाट मे होने वाली तीन शिलवटें
३ देखो—'तिजारौ' (रू भे)

तेजल-स०पु० [स०] चातक, पपीहा।

तेजवत, तेजवती-वि०—१ तेजस्वी, प्रतापी। उ०—१ अग तेजवत सोभा अनग। 'अजमाल' पाट अभमल अभग।—सू प्र
उ०—२ सनागा रमा चख अरु ढाल जेहा। तके तेजवत्ती अरी साल तेहा।—शि सु.रू
रू०भे०—तेजवान।
स०पु०—१ घृत, घी (ह ना मा)
स०स्त्री०—२ आग्नेय दिशा का नाम।

तेजवान—देखो 'तेजवत' (रू भे)

तेजस-वि० [स० तेजस्वी] बहादुर, पराक्रमी, तेजस्वी। उ०—सेवग पयपे तेजस मोह, विसभ रखे हिव थाय विछोह।—ह र
२ तेज धार वाला. ३ शीघ्रगामी, वेगवान, फुर्तीला. ४ महगा।
स०पु०—सूर्य (ह.ना)
रू०भे०—तैजस।

तेजसपुज-वि०—१ तेजस्वी, प्रकाशवान। उ०—मुनीस महेस कोपन्नल मज। प्रसिद्ध महाबळ तेजसपुज।
स०पु०—देखो 'तेजपुज' (रू भे)

तेजसवती, तेजसवी—देखो 'तेजस्वी' (रू भे)

तेजस-सरीर-स०पु०—ग्रहण किये आहार को तथा कर्म पुद्गलो को पाचन कर रस रूप बनाने वाला, आभ्यतर सूक्ष्म शरीर (जैन)
रू०भे०—तेयससरीर।

तेजसिहोत-स०पु०—'बीकावत' राठोड वश की उपशाखा या इस शाखा का व्यक्ति।
रू०भे०—तेजसियोत।

तेजसी-स०पु०—१ सूर्य (ह ना) २ देखो 'तेजस्वी' (रू भे)

तेजसियोत—देखो 'तेजसिहोत' (रू भे.)

तेजस्व-स०पु० [स०] महादेव, शिव।

तेजस्वत्–वि० [सं०] तेजस्वी ।
तेजस्विनी–सं०स्त्री० [सं०] मालकगनी ।
तेजस्वी–वि० [सं० तेजस्विन्] कांतिमान, प्रतापी, तेजयुक्त ।
सं०पु०—इन्द्र के एक पुत्र का नाम ।
रू०भे०—तेजसवती, तेजसवी, तेजस्वत् ।
तेजागळ—देखो तेजगळ' (रू भे) उ०—नळ वाजि विडगा राग नरै । पारेवर वोलै जेण परै । तेजागळ तेज तुरग तिडै, नाखअव जाण निहग खिडै ।—गु रू.व
तेजाव—देखो 'तिजाव' (रू भे)
तेजावी—देखो 'तिजावी' (रू भे.)
तेजारत—देखो 'तिजारत' (रू भे)
तेजारती—देखो 'तिजारती' (रू भे.)
तेजारो—१ देखो 'तिजारो' (रू भे) उ०—खुरिया करता खूद, हुवै तुरिया होकारा । घिरिया दुसमण घडा, तिकण वेळा तेजारा ।
—ऊ का
२ देखो 'तिजारी' (रू भे)
तेजाळ, तेजाळू, तेजाळो–सं०पु०—१ तेज, प्रताप । उ०—तेजाळ जागिया कमध तोर, आगिया दवै भूपाळ ओर ।—वि स
२ घोडा ३ सूर्य ।
वि०—१ तेजस्वी २ तेज गति वाला । उ०—घण तेजाळ घोडलो, तुरी करै बह तान । होरै जडित पिलाणियो, दे वारट ना दान ।—पी ग्र
तेजावत–सं०पु०—देवडा वश की एक शाखा या इस शाखा का व्यक्ति ।
तेजि—देखो 'तेज' (रू भे) उ०—पोळि पहुतउ पडु, तेजि तरणि पयडु । सीसि चमर ववाळ, अनु कटि कुसुमह माळ ।—प प च.
तेजिउ–वि० [सं० उत्तेजितम्] उत्तेजित । (उ. र)
तेजिय–सं०पु०—घोडा, अश्व । उ०—तुड पडै तेजिया नृपति, वळ वड निहट्टो । प्रळैमड कारणै काळ परचन्ड कि जुट्टो ।—रा रू.
तेजी–सं०स्त्री० [फा०] १ तेज होने का भाव, तीव्रता २ उग्रता, प्रबलता ३ गुस्सा, क्रोध. ४ महगाई ५ शीघ्रता ६ तीव्र गति ।
सं०पु०—७ एक प्रकार का घोडा (डिं ना.मा)
उ०—वाजै वजै तीन लाख, लाख लाख अभिलाख । तजि के चोरासी लाख, तेजी रथ दति दति ।—ध व.ग्र
तेजेयु–सं०पु० [सं०] रौद्राक्ष राजा के एक पुत्र का नाम ।
तेजो-मडळ–सं०पु० [सं० तेजो मडल] सूर्य चद्रमा आदि आकाशीय पिंडो के चारो ओर का मडल ।
तेजोमई, तेजोमय–वि०—१ तेजस्वी, प्रतापी । उ०—१ जिकै वार तेजोमई थाट जाडो उभै, वीस कोसा जितो कीध आडो ।—सू प्र.
उ०—२ जे सुत ब्रहदस्त्र भूप करण जय । ते सुत भानु मानु तेजोमय ।—सू प्र
२ सूर्य, भानु । उ०—१ कान जडाऊ काम रा, कुडळ धारण कीन्ह । झळहळ तारा झूमका, दुहु पासा ससि दीन्ह । दुहु पासा ससि दीन्ह, अधार निकदवा, तेजोमय रथ तास, निघात वही नवा । माग फूल जडाऊ मडिया, जिण जिण निरखै भाहे हित दुख खडिया ।
—बा दा.
तेजो-लेस्या–सं०स्त्री० [तेजो लेश्या] तपोवल से उत्पन्न होने वाले तेज की ज्वाला, कांति (जैन)
तेजो–सं०पु०—राजस्थान मे जाटो, गूजरो आदि द्वारा विशेष रूप से पूजा जाने वाला एक जूझार ।
वि०वि०—तेजा का जन्म राजस्थान के नागोर परगने के 'खडनाळ' नामक ग्राम मे हुआ था । इसके पिता का नाम 'बखतो' और माता का नाम 'लछमा' था । राजस्थान के जाटो मे यह एक परोपकार-परायण, प्रतिज्ञापालक, सत्यनिष्ठ जुझार हुआ है । इसका विवाह किशनगढ राज्य के 'पनेर' गाव मे हुआ था । यह अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया हुआ था । वहाँ गूजरो की गायें मेर जाति के लोग घेर कर ले गए । गूजरो की प्रार्थना पर 'तेजा' ने मेरो का पीछा किया और उनसे युद्ध कर के गायो को छुडाने मे सफल हुआ । युद्ध मे यह बहुत घायल हो गया था, उसी दशा मे एक सर्प के काटने से इसकी मृत्यु हो गई । 'तेजा' की स्त्री उसके साथ सती हुई । गाँव वालो ने तेजा की 'देवली' बना कर पूजना शुरू कर दिया । आज भी उसकी मृत्यु तिथि भादवा सुदि १० को परवतसर मे एक बहुत बडा मेला लगता है जिसमे लोग अपने पशुओ को साथ ले जाते है और वहाँ उनका क्रय-विक्रय होता है २ 'तेजा' से सम्बन्धित राजस्थान में गाया जाने वाला एक लोक गीत ।
यौ०—तेजो-घोळो ।
तेजो-वितान–सं०पु० [सं० तेजस्+वितान] सूर्य (ना मा.)
तेटलि–क्रि०वि० [सं० तत्तुल्यके] वहाँ (जैन)
तेटलो–वि०—उतना । उ०—तेटला गजवर सार ।—धर्म पत्र
तेडणो, तेडवो—देखो 'तेडणो, तेडवो' (रू भे.)
उ०—पाडव तेडी एम कहे ।—धर्म पत्र
तेडाणो, तेडावो—देखो 'तेडाणो, तेडावो' (रू भे.)
उ०—सयवर मडप मडाउ, सहू देसाधिप तेडाउ ।—सीपाळ
तेडो—देखो 'टेडो' (रू.भे)
तेढ़क–वि०—१ टेढा, वक्र । उ०—कनै होत जो उठै अजमाल वेढक, अकळ लडण तेढ़क खळा दळा लाडो ।—बदरीदास खिडियो
तेढ़, तेढीमणो, तेढो–वि०—१ बाका, बहादुर । उ०—१ देवीदास विसन्न तणः जाणै विसन्न भुजान । गाजेवा तेढ़ा भडा, वेढा तणो 'विसन्न' ।
—रा रू.
उ०—२ चालसी जुध गयण धोम चेढीमणो, मुगळा गाळसी जोम वेढीमणो, तरह लकाळ सी घाट तेढ़ीमणो, वाळमी वया कसर दाट वेढ़ीमणो ।—बदरीदास खिडियो

२ देखो 'टेढो' (रू भे.) उ०—हूं जाणी नै पूछिया, आडा तेढा वैण। ग्यान तणी प्रापत हुई, थे साचा लागी सैण।—जयवाणी

तेण, तेणि–सर्व० [सं० तस्मिन्] १ उस। उ०—धवळ लध भूसर दिया, धवळ करै नह त्याग। तेण धवळ सिर सींग है, तेण धणी सिर भाग।—बा.दा.

क्रि०वि०—उससे। उ०—१ घर नयर वघूसे तेण रिय घूघळी, अमरवत आद सेवरै अणभग।—भल्लो गाघरिणयो।

उ०—२ ऊठिया जगतपति अंतरजामी, दूरतरी आवती देखि। करि वदण आतिथ्य भ्रम कीधी, वेदे कहियौ तेणि विसेखि।
—वेलि

२ इससे, इसलिए। उ०—पहर-रंग रत्तउ हुवइ, मुख काजळ मसि-ब्रन्न। जाण्यउ गुजाहळ अछइ, तेण न दूरुउ मन्न।—ढो मा.

स०पु० [सं० स्तेन] चोर, तस्कर (जैन)

तेतउ–वि०—उतना। उ०—जाउ जागइ ताउ मागइ, जाउ जोयणउ तांउ भोयणउ। जेतिय राति तेतउ जागर, जेवडउ खाडउ तेवडउ घाउ।—व स

तेतजुग—देखो 'त्रेतायुग' (रू भे)

तेतळइ, तेतळई–क्रि०वि०—वहा, तहा। उ०—करी सजाई दीया दमामा, त्रीजइ दिवस विहाणइ। अलूखान ना कटक तेतळइ, चाली गया सिराणइ।—का दे प्र

तेतलउ—देखो 'तेतलौ' (रू भे) उ०—तेहनउ पुण्य हुवई तेतलउ। सामायक लीधं तेतलउ।—स कु

तेतला–वि०—उतने। उ०—जेतला दिहाडा तेतला प्रवाडा।
—रा.सा स

तेतलु, तेतलौ–वि० [सं० तत्रत्य] (स्त्री० तेतली) १ वहा का २ उतना।

उ०—१ जेतलाइ वन तेतलाइ चदन।—व स

उ०—२ अम्हि किम ए जाणिसु तुहितउ वनवासु जु तेतलु ए।
—प प च

रू०भे०—तेतलउ।

तेता—देखो 'त्रेता' (रू भे)

वि०—देखो 'तेते' (रू भे),

(स्त्री० तेती)

तेताळीस—देखो 'तयाळीस' (रू भे.)

तेतीस–वि० [सं० त्रयस्त्रिंशत्, प्रा० तेत्तीस, अप० तेत्तिस] तीस और तीन का योग।

स०पु०—तेतीस की सख्या, ३३।

रू०भे०—तेंतीस, तेतीसू, तेत्रिस, तेत्रीस, त्रेतीस।

तेतीसमौं, तेतीसवौं–वि०—तेतीसवा।

(स्त्री० तेतीसमी, तेतीसवी)

रू०भे०—तेत्रीसमौं।

तेतीसू—देखो 'तेतीस' (रू भे) उ०—जपै नर नार उभै कर जोड। करै सुर सेव तेतीसू कोड।—ह र.

तेतीसे'क–वि०—तेंतीस के लगभग।

तेतीसो–स०पु०—३३ की सख्या का वर्ष।

रू०भे०—तेंतीसो।

तेते–वि०—उतने। उ०—तेते पाव पसारिये, जेती लाबी सौर।

क्रि०वि०—तब, तक। उ०—प्राण गाठ जेते प्रबत, इण तन माफळ ऐह। क्यावर तेते नाम कर, दाम गाठ मत देह।—बा.दा.

वि० (स्त्री० तेती) उतना। उ०—दाता धन जेतौ दिये, जस तेतौ धर पीठ।—बा दा.

अल्पा०—तेतलौ।

तेत्रिस, तेत्रीस—देखो 'तेतीस' (रू.भे.)

तेत्रीसमौं—देखो 'तेतीसमौ' (रू.भे.)

तेथ, तेथि, तेथी, तेथो–क्रि०वि० [सं० तत्र] वहा, वहा।

उ०—१ सहर अजमेर वडो गढ। तेथ राजा वीसळदे चहुवाण राज्य करै।—देवजी वगडावता री वात

उ०—२ मधू मास आसोज मे रास मडै। तिहू लोक री डोकरी तेथि तडै।—मे म

उ०—३ एकौ लाखा आगमै, सीह कहीजे सोय। सूरा जेथी रोडियै, कळहळ तेथी होय।—हा झा

उ०—४ सावक थयउ चित्र सारथी, ते लेइ गयउ तेथो जी। पर-देसी पापी हुतउ, कहइ जीव जुदउ न केथो जी।—स कु.

तेन–स०पु० [सं० स्तेन] चोर (ह ना.)

तेनाळ—देखो 'तहनाळ' (रू.भे)

तेनेता–स०पु० [सं० त्रिनेत्र] महादेव, शिव।

तेपन—देखो 'तिरेपन' (रू भे)

तेपनमौं, तेपनवौं—देखो 'तिरेपनमौ' (रू.भे)

(स्त्री० तेपनमी, तेपनवी)

तेपने'क—देखो 'तिरेपनेक' (रू भे)

तेपनौ, तेपन्नौं—देखो 'तिरेपनौ' (रू भे) उ०—इम सतरैसै तेपनै वरसै दीप परव सुदीसए।—ध व ग्र.

तेपरार—देखो 'तैपरार' (रू भे)

तेपैंलेदिन—देखो 'तैपैंलेदिन' (रू भे)

तेम–क्रि०वि०—इस प्रकार, तैसे। उ०—अभपती जती गोरख अेम। तंरै सख बारह पथ तेम।—वि स.

तेमडा, तेमडाराय–स०स्त्री०—चारणकुलोत्पन्न प्रसिद्ध आवड देवी का एक नाम। उ०—भालाळ पीठ रछपाळ भाळ, तेमडाराय तीसरी ताळ।—पा प्र.

तेमडो–स०पु०—जैसलमेर का एक पर्वत जिस पर आवड देवी का एक मन्दिर स्थित है।

तेमण—देखो 'तींवण' (रू भे)

तेमरू–स०पु०—आबनूस का वृक्ष।

तेमा–क्रि०वि०—तैसा। उ०—नही नेमा अेमा यम नहिन तेमा दगन मे।—ऊ का

तेयसी—देखो 'तेजसी' (रू भे.) (जैन)

तेय—१ देखो 'तेज' (रू भे) उ०—तेय परिक्कमि आगळउ, पुणि नारिविरत्तउ। सामि सुलक्खण सामळउ, सिवसिरिअणुरत्तउ।
—प्राचीन फागु सग्रह

तेयलेस्सा—देखो 'तेजोलेश्या' (रू भे) (जैन)

तेयस्सरीर—देखो 'तेजस-सरीर' (रू भे) (जैन)

तेयाळ—देखो 'तयाळीस' (रू भे)

तेयो—देखो 'तीयो' (रू भे)

तेर, तेरइ—देखो 'तेरै' (रू भे) उ०—सवत तेर इकोतरइ, देस लहर अधिकारी जी।—स कु

तेरतेरम, तेरमउ, तेरमो-वि० [स० त्रयोदशम्] तेरहवा।
उ०—१ तेरम विमळ अज्जा लज उपर आठसै जाण।—ध.व ग्र.
उ०—२ तेरम सयोगी गुणधाम।—वृहत स्तोत्र
उ०—३ मत्स्यदेसि जाई नइ रमउ। ए तेरमउ वरसु तीगमउ।
—प प च
उ०—४ वारै वेला नै तेरमों तेलो।—जयवाणी
रू०भे०—तेरहमो।

तेरस, तेरसि, तेरसी-स०स्त्री० [स० त्रयोदशी] प्रत्येक मास के किसी पक्ष की तेरहवी तिथि।

तेरह—देखो 'तेरै' (रू भे)

तेरहमों, तेहरवों—देखो 'तेरमों' (रू भे)
(स्त्री० तेरहमी, तेरहवी)

तेरही-स०स्त्री०—मृतक की दाह क्रिया के बाद प्रेत कर्म की तेरहवीं तिथि जिसमें पिंड दान कर ब्राह्मणभोज दिया जाता है।

तेराणमों, तेराणवों—वि०—६३ वां, तिरानुवा, क्रम मे ६३ के स्थान पर पडने वाला।
स०पु०—६३ का वर्ष।
रू०भे०—ताणूमों, तेराणूमों, तिराणवों, तेराणूवों।

